भारत
वर्तमान और भावी

लेखक

रजनी पाम दत्त

पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस (प्रा.) लिमिटेड

नयी दिल्ली ११००५५

पहला हिन्दी संस्करण : जून, १९५६
दूसरा हिन्दी संस्करण : जनवरी, १९७६

(P.H.51)

अनुवादक

ओमप्रकाश संगल

मूल्य : २१ रु. ४० पैसे

उदय सेन गुप्ता द्वारा न्यू एज प्रिंटिंग प्रेस, रानी झांसी रोड, नई दिल्ली में मुद्रित और उन्हीं के द्वारा पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस (प्रा.) लिमिटेड, नई दिल्ली की तरफ से प्रकाशित.

प्रस्तावना

भारत की समस्याओं का यह संक्षिप्त अध्ययन लेखक की पूर्व प्रकाशित पुस्तक *आज का भारत* पर आधारित है, जिसकी अंग्रेज़ी आवृत्ति सर्व प्रथम १९४० में, और उसके बाद १९४७ और १९४९ मे प्रकाशित हुई। पहला हिन्दी संस्करण दिसम्बर १९४८ में प्रकाशित हुआ।

प्रस्तुत संक्षिप्त संस्करण को दोहराया गया है और १९५५ के आरम्भ काल तक की घटनाओं का विवरण इसमें और जोड़ दिया गया है। अध्ययन का मुख्य भाग साम्राज्यवादी रिकार्ड तथा १९४७ में साम्राज्यवादी शासन के अन्त तक राष्ट्रीय आन्दोलन के विकास से सम्बंधित है; किन्तु पहले के भागों में कुछ ऐसे नये तथ्यों और आंकड़ों को, जो पहले हासिल नही थे, जोड देने के साथ-साथ १९४७ के बाद के काल की अत्यंत महत्वपूर्ण घटनाओं पर एक नया अध्याय और जोड़ दिया गया है।

संक्षिप्त संस्करण के पहले खाके को तैयार करने में देवी प्रसाद चटर्जी और दिलीप बोस ने जो काम किया है, उसके प्रति मैं आभारी हूं।

यह बता देना आवश्यक है कि यह सक्षिप्त संस्करण, जो मौलिक पुस्तक से लगभग आधा रह गया है, *आज का भारत* का स्थान नही ले सकता। केवल *आज का भारत* में ही ज्यादा मुकम्मिल विश्लेषण और प्रमाण हैं। उद्धरणो और अन्य सामग्री के श्रोतों का यहां जहां-जहां स्थानाभाव के कारण उल्लेख नही किया गया है, वे मूल पुस्तक *आज का भारत* में मिल सकते हैं।

जुलाई, १९५५ रजनी पाम दत्त

प्रकाशक की ओर से

स्वर्गीय आदरणीय रजनी पाम दत्त की यह पुस्तक उनकी मूल पुस्तक आज का भारत के संशोधित तथा संक्षिप्त संस्करण के रूप में हिन्दी में जून १९५६ में प्रकाशित की गयी थी। स्वर्गीय रजनी पाम दत्त एक महान विचारक तथा लेखक थे। वे अन्तर्राष्ट्रीय कम्युनिस्ट आन्दोलन के अत्यन्त ख्यातिपूर्ण नेता रहे हैं। ब्रिटेन से निकलने वाली अंग्रेजी मासिक पत्रिका **लेबर मंथली** में उनकी लिखी गयी टिप्पणियों ने मार्क्सवादी विचारधारा और मीमांसा से कई पीढ़ियों को शिक्षित किया है।

स्वर्गीय रजनी पाम दत्त का भारत से निकटतम सम्बन्ध रहा है। भारत की राजनीतिक तथा आर्थिक स्थितियों और उनके विकास का उनका अध्ययन बहुत गहरा, पैना और शिक्षाप्रद था। भारत पर लिखे गये उनके लेखों, उनकी महान पुस्तक **आज का भारत** तथा उसी के संक्षिप्त संस्करण **भारत : वर्तमान और भावी** ने भारत के नौजवानों की कई पीढ़ियों को मार्क्सवाद तथा मार्क्सवादी-लेनिनवादी नजरिये से भारतीय हालात को समझने और आत्मसात करने में चिरस्मरणीय योगदान दिया है। इस पुस्तक का यह द्वितीय हिन्दी संस्करण निकालते हुए हम हार्दिक प्रसन्नता और गौरव अनुभव कर रहे हैं।

स्वर्गीय रजनी पाम दत्त ने इस संशोधित तथा संक्षिप्त संस्करण को १९५५ में तैयार किया था। पुस्तक में भारत की घटनाओं के मूल्यांकन में उस समय अंतर्राष्ट्रीय कम्युनिस्ट आन्दोलन तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी में जो संकीर्णतावादी विचार-रुझान थी उसका प्रभाव है। १९५१ में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा स्वीकृत कार्यक्रम भी इसी कमजोरी और खामी का शिकार था। उक्त कार्यक्रम में उसके पहले के काल की समझ की कई घोर संकीर्णतावादी खामियों को दुरुस्त कर लिया गया था, फिर भी १९४७ में भारत में हुए सत्ता परिवर्तन के मूल्यांकन के तथा भारत में स्थापित राज्यसत्ता के वर्ग विश्लेषण के प्रश्न इत्यादि मामलों में उक्त कार्यक्रम में गंभीर संकीर्णतावादी भटकाव मौजूद थे।

उस कार्यक्रम की समझ के अनुसार १९४७ में हुए परिवर्तनों के बारे में यह माना गया था कि "ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने अपने आर्थिक प्रभुत्व को कायम रखने का प्रयास किया है और ऐसी व्यवस्था की है जिसमें भारत के आर्थिक विकास पर नियंत्रण रख सके और साम्राज्यवाद के हितों में उसे रोक सके।"

आजादी के बाद भारत में कायम हुई सरकार को "अब भी उन्हीं पुराने

एकाधिकार पूंजीपतियों और जमींदारों पर आधारित'' सरकार माना है ''जिन्होंने साम्राज्यवाद से सम्बन्ध बनाये रखा है।''

१९४७ के परिवर्तन को ''दोनों पक्षों के ऊपरी वर्ग की शक्तियों का संयुक्त मोर्चा'' माना है और ''सौदों और समझौते से भारत का औद्योगीकरण कदापि नहीं हो सकता।''

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने इस संकीर्णतावादी समझ के विरुद्ध गंभीर और कट्टर आन्तरिक सैद्धान्तिक संघर्ष कर १९६४ में पार्टी का नया कार्यक्रम स्वीकार किया। उस कार्यक्रम में १९४७ के परिवर्तन को भारतीय आजादी के संघर्ष की महान सफलता माना गया है। आजादी के बाद भारत में जो सरकार कायम हुई वह पूंजीपति वर्ग की सरकार है। हालांकि उसके निर्माण में और उसकी नीतियों के निर्धारण में इजारेदार पूंजीपतियों और जमींदारों-जागीरदारों का महत्वपूर्ण प्रभाव रहता है, लेकिन राज्यसत्ता बुनियादी रूप से पूंजीपति वर्ग के हाथ में है।

यह वर्ग दोमुंही नीतियों का वर्ग है। इसका साम्राज्यवाद, सामंतवाद और इजारेदार पूंजी से वर्ग टकराव और अन्तर्विरोध है और इस अन्तर्विरोध का प्रभाव उसकी नीतियों पर पड़ता है, लेकिन साथ ही यह वर्ग समझौतावादी और ढुलमुल वर्ग है और जहां तक मेहनतकश जनता के वर्ग-हितों का प्रश्न है, उनसे इस वर्ग का घोर टकराव भी है। यही मूल आधार है जिसकी मदद से घटनाक्रम को सही ढंग से समझा जा सकता है।

आजादी के बाद के वर्षों में भारत के औद्योगीकरण तथा विशेषकर बुनियादी उद्योगों के निर्माण, सार्वजनिक क्षेत्र के निर्माण तथा विस्तार, समाजवादी देशों से सहयोग, तथा मोटे तौर पर अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में साम्राज्यवाद-विरोधी नीति, चाहे सीमित और त्रुटिपूर्ण क्यों न हो लेकिन रजवाड़ों की समाप्ति, भूमिसुधार तथा इजारेदारों के हितों पर चोट इत्यादि के जो कदम उठाये गये हैं उन्हें इसी आधार पर समझा जा सकता है।

साथ ही पूंजीवादी तरीके से विकास के इस रास्ते के परिणामस्वरूप न सिर्फ यह कि विकास जन आवश्यकताओं और संभावनाओं की तुलना में बहुत सीमित और धीमा हुआ है और उसका बोझा भी मेहनतकश जनता पर डाला गया है जिसके कारण लोगों के जीवन में सुधार न हो, ज्यादातर उनकी कठिनाइयां बढ़ी हैं, मंहगाई, बेरोजगारी की हालत गंभीर हुई है तथा देश के अर्थतंत्र को संकटों के दौर से गुजरना पड़ता है।

यह पुस्तक १९५५ में लिखी गयी थी जब इन प्रश्नों पर नव रूप से चिंतन की शुरुआत हुई थी। इसीलिए इस पुस्तक में इस बात का संकेत किया गया है कि ''संसार की राजनीति में भारत नया रुख अपनाने लगा है। वह शान्ति की रक्षा के लिए अधिकाधिक सक्रिय भूमिका अदा करने लगा है। देश की अदरूनी राजनीतिक स्थिति में भी नयी धाराएं नजर आने लगी हैं।''

लेकिन पुस्तक में शुरू के राष्ट्रीय आन्दोलन के मूल्यांकन, १९४६ के

संघर्षों तथा विशेषकर १९४७ के परिवर्तनों व बाद की घटनाओं की जो मीमांसा की गयी है उनमें जगह-जगह उस समय की विश्व कम्यूनिस्ट आन्दोलन की समझ तथा भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के १९५१ के कार्यक्रम की स्थापनाओं का प्रभाव मौजूद है। पुस्तक का अध्ययन करते समय मार्क्सवादी-लेनिनवादी मीमांसा के गंभीर अध्ययन के लिए यत्नशील पाठक इस बात का ध्यान रखेंगे।

इस एक सीमा के बावजूद आदरणीय स्वर्गीय रजनी पाम दत्त की इस पुस्तक में की गयी तथ्यपूर्ण स्थापनाएं, गंभीर अन्वेषणात्मक विवेचन तथा मार्गदर्शक मूल्यांकन अपना विशेष महत्व रखते हैं। इस पुस्तक का एक विशेष ऐतिहासिक महत्व है इसीलिए हम इस पुस्तक को ठीक इसके मूलरूप में पुनः प्रकाशित कर रहे हैं।

हिन्दी प्रकाशन
संपादकीय समिति

विषय-सूची

१

भारत और आधुनिक संसार

भारत ने आज बड़े महान और गम्भीर परिवर्तनों के युग में प्रवेश किया है। इन परिवर्तनों का क्या स्वरूप है और भविष्य में उनका विकास किस तरह होगा—इस प्रश्न को लेकर अभी तीव्र वाद-विवाद चल रहा है। इन परिवर्तनों का अन्तिम फल क्या होगा, यह केवल उन सामाजिक और राजनीतिक संघर्षों के दौरान में तै होगा जो आज भारत में चल रहे हैं, और जिनका पूरे एशिया में होनेवाली नयी घटनाओं से गहरा सम्बंध है। भारत का भविष्य आज विश्व की राजनीति का एक प्रमुख प्रश्न बना हुआ है।

भारतीय महाद्वीप (जिसमें १९४७ के बाद से भारत संघ और पाकिस्तान नाम के दो राज्य क़ायम हो गये हैं) में रहनेवाले ४५ करोड़ लोग पूरी मानव जाति का लगभग पाचवां हिस्सा होते हैं। दो सदियों से उन पर विदेशी राज करते आये हैं। अब प्रत्यक्ष विदेशी शासन समाप्त हो गया है, हालांकि साम्राज्यवादी शोषण अभी नहीं मिटा है। लेकिन वह भी समाप्त होनेवाला है।

दुनिया के पैमाने पर देखा जाय तो आधुनिक ससार में साम्राज्यवादी प्रभुत्व का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण आधार भारत की दासता रही है। सदियों से इस विशाल भूमि-खंड की सम्पत्ति और साधन, उसके निवासियों का जीवन और श्रम पश्चिम के पूंजीवादियों के हस्तक्षेप, आक्रमण और लूट का लक्ष्य रहे हैं; और अन्त में तो यहां पर उनका पूर्ण आधिपत्य कायम हो गया था और वे उसका तीव्र शोषण करने लगे थे। इस व्यवस्था का अन्त होने पर न सिर्फ़ मानत जाति के पांचवें हिस्से के लिए एक नये भविष्य के द्वार खुल जायेंगे; बल्कि उसमें दुनिया के सम्बंधों का संतुलन निर्णायक रूप से बदल जायगा, साम्राज्यवाद की मसारव्यापी व्यवस्था और कमज़ोर हो जायगी, और दुनिया भर में जनता की आज़ादी की शक्तियां और आगे बढ़ेंगी तथा और मज़बूत होंगी। स्वतंत्र चीन के साथ-साथ, भारत के भी आज़ाद हो जाने पर, एशिया

की सभी क़ौमों और दुनिया की तमाम गुलाम क़ौमों की आज़ादी का रास्ता खुल जायगा।

आधुनिक संसार की मानो सभी समस्याएं और संघर्ष भारत में आकर केन्द्रीभूत हो गये हैं। यहां एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक सभ्यता के भग्नावशेषों के बीच, जो आधुनिक विजेताओं के असहनीय बोझ के नीचे दबकर सांस तक नहीं ले पा रही है, बंक-पूंजी के सबसे आधुनिक ढंग के शोषण के साथ-साथ सबसे नीचे दर्जे की, आदिम ढंग की अर्थ-व्यवस्था, ग़रीबी और गुलामी भी मौजूद है। यहां की खेती सदा संकट में रहती है। नित नये अकाल पड़ते हैं। लोग कर्ज़ न चुका पाने के बदले में महाजनों की गुलामी करते हैं। यहां इंसान छूत और अछूत के बंधनों में जकड़ा हुआ है। यहां के उद्योग-धंधों में मज़दूरों का ऐसा शोषण होता है जिसकी कोई सीमा नहीं रहती। यहां दौलत और ग़रीबी के बीच जितनी चौड़ी और गहरी खाई है, वैसी दुनिया के किसी और देश में नहीं दिखाई देती। यहां धार्मिक संघर्ष, वर्ग संघर्ष, और नये जातीय प्रश्न खड़े हो रहे हैं। भारत पर चूंकि सदियों से एक औपनिवेशिक शक्ति शासन करती आयी है, इसलिए उसका विकास रुक गया है और ये तमाम समस्याएं उसके इस रुके हुए विकास तथा पिछड़ेपन को ही व्यक्त करती हैं। आज ये सभी समस्याएं उभरकर सामने आ रही हैं और उनके कारण वे परिस्थितियां और भी उलझ जाती हैं जिनमें भारत की मुक्ति का संघर्ष चल रहा है।

आज भारत एक गम्भीर आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक क्रान्ति के युग में प्रवेश कर रहा है। राष्ट्रीय मुक्ति के लिए भारतीय जनता का वीरतापूर्ण संघर्ष एक लम्बे समय से जारी है। दूसरा महायुद्ध समाप्त होते-होते और उसके बाद के दिनों में वह इतना अधिक विकास कर गया कि अंग्रेज़ साम्राज्यवादियों को मजबूर होकर भारत पर अपना प्रत्यक्ष शासन और सैनिक क़ब्ज़ा खतम कर देना पड़ा। लेकिन भारत की जनता के साधनों तथा जीवन पर से साम्राज्यवाद का पंजा अभी नहीं हटाया जा सका है। भारत के आर्थिक साधनों पर आज भी ब्रिटेन की उस बंक-पूंजी का ज़बर्दस्त आधिपत्य है, जिसने भारत के ज़मींदारों और एकाधिकारी पूंजीपतियों को अपना छोटा साझीदार बना रखा है। उधर अमरीका की बंक-पूंजी, जो भारत के व्यापार का बड़ा हिस्सा ब्रिटेन से छीनने में कामयाब हो गयी है, भारत के आर्थिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक जीवन में घुसने की बहुत तेज़ कोशिश कर रही है। साम्राज्यवाद से विरासत के रूप में जो आम सामाजिक, आर्थिक और सरकारी ढांचा मिला है, वह आज भी क़ायम है। जनता आज भी औपनिवेशिक अर्ध-व्यवस्था के शिकंजे में जकड़ी हुई तड़प रही है। वह अब भी स्थानीय ज़मींदारों तथा देशी एकाधिकारी पूंजीपतियों और विदेशी एकाधिकारी पूंजीपतियों के दोहरे शोषण की चक्की में पिस रही

है। उसकी ग़रीबी उस स्तर पर पहुंच गयी है जिससे नीचा स्तर दुनिया में कोई नहीं है; और तथ्य तथा आंकड़े बताते हैं कि पिछले दिनों में हालत और खराब हो गयी है। खेती का संकट बराबर गहरा होता जा रहा है और भूमि-सुधार के जो बहुत ही सीमित क़दम अभी तक उठाये गये हैं, उनसे खेती के संकट में कमी नहीं आयी है।

इस प्रकार, भारत की सभी परिस्थितियां बहुत बुनियादी परिवर्तनों के लिए परिपक्व हो रही हैं। ये परिवर्तन उस अस्थायी समझौते से बहुत आगे जायेंगे जो अंग्रेज़ी साम्राज्यवाद और भारत के ऊपरी तबक़ों के बीच १९४७ में हुआ था।

भारत में इस बात के लिए परिस्थितिया परिपक्व हो रही हैं कि जनवादी साम्राज्य-विरोधी क्रान्ति को पूरा कर दिया जाय, ज़मींदारी प्रथा तथा सामन्ती अवशेषों को मिटा दिया जाय, साम्राज्यवाद के सहायक एकाधिकारी पूंजीपतियों का शासन समाप्त कर दिया जाय और भारत के आर्थिक साधनों को साम्राज्य-वादियों के पंजे से छुड़ा लिया जाय। जनता के जनवादी आन्दोलन की विजय के फलस्वरूप जब भारत इस प्रकार सच्ची स्वतंत्रता प्राप्त कर लेगा, तब आर्थिक पुनर्निर्माण के विशाल कार्य के लिए द्वार खुल जायेंगे; तब उद्योग-धंधों का विकास करने, खेती में रूपान्तर करने, जनवाद का विस्तार करने, पुरानी प्रति-क्रियावादी व्यवस्था की विरासत को दूर करने और देश का सामाजिक तथा सांस्कृतिक पुनरुत्थान करने के काम भारतीय जनता के सामने आयेंगे।

विश्व इतिहास के जिस युग में भारतीय जनता को ये काम करने पड़ेंगे, वह एक ऐसा युग है जिसमें संसार के प्रत्येक महाद्वीप में, और विशेषकर एशिया में बड़े गम्भीर परिवर्तन हो रहे हैं। यह साम्राज्यवाद के कमज़ोर होने का और निकट भविष्य में साम्राज्यवाद के पतन का युग है, दुनिया भर में जनता की आज़ादी की ताक़तों के आगे बढ़ने का युग है। मानव जाति के एक-तिहाई भाग ने साम्राज्यवाद की जंजीरों से अपने को पूर्णतया मुक्त कर लिया है। सोवियत संघ में संसार का पहला पूर्ण समाजवादी समाज क़ायम हुआ है। करीब चालीस साल हुए जब सोवियत संघ में ज़ारशाही साम्राज्यवाद का तख्ता उलटा गया था। तब से अब तक वहां राष्ट्रीय तथा सामाजिक मुक्ति का कार्य पूरा हो चुका है और जनता को हद दर्जे की ग़रीबी और पतन की हालत से निकालकर आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक प्रगति के उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया है। और अब सोवियत संघ कम्युनिज़्म की ओर बढ़ रहा है। पूर्वी योरप में, जनता के सच्चे जनवादी राज्यों में समाजवाद की नींव डाली जा रही है। एशिया में चीनी क्रान्ति की विजय और चीनी जनता के लोकतंत्र की स्थापना के फलस्वरूप एक नये युग का श्रीगणेश हो गया है। रूस में समाजवादी

की विजय से दुनिया में जो गम्भीर परिवर्तन शुरू हुए थे, वे इस युग में एक नयी मंजिल पर पहुंच रहे हैं। दक्षिण-पूर्वी एशिया में साम्राज्यवाद से मुक्ति प्राप्त करने का संघर्ष आंधी की तरह बढ़ रहा है। मध्य-पूर्व में बेचैनी फैल रही है, और अफ्रीका के प्रत्येक भाग में एक नया राजनीतिक उभार आ रहा है।

दुनिया भर में साम्राज्य-विरोधी शक्तियों की जो विराट प्रगति हो रही है, उससे भारत के भविष्य को अलग नहीं किया जा सकता। सबसे बड़ी बात यह है कि चीन की सफल जनवादी क्रान्ति के उदाहरण का भारत पर बहुत गहरा प्रभाव पड रहा है। संसार के शक्ति-संतुलन में जो बड़ा परिवर्तन हुआ है, उसने भारत की वैदेशिक नीति को नयी दिशा में मोड दिया है। भारत की अन्दरूनी राजनीति में भी नयी धाराएं जोर पकड़ रही हैं। पुरानी शक्तियां कमजोर पड़ रही हैं। नयी जनवादी ताकतें आगे बढ़ रही हैं। उनमें सबसे आगे भारत की कम्युनिस्ट पार्टी है।

भारत में जो संकट जोर पकड रहा है, उसमें बडे गम्भीर अन्दरूनी सामाजिक संघर्ष तथा समस्याएं सामने आ रही हैं। भारतीय जनता के सामने आज जैसे बुनियादी क्रान्तिकारी काम हैं, वैसे मानवता के और किसी हिस्से के सामने नहीं हैं। जब भारत राष्ट्रीय मुक्ति प्राप्त करेगा, तब भारत के पिछड़ेपन से पैदा होनेवाली अधिक गहरी समस्याएं, युगों पुरानी दासता, रुके हुए विकास तथा रूढ़िवादी सामाजिक रीति-रिवाजों की तमाम गंदगी और सड़ांध को दूर करने की समस्याएं, उसी क्षण हल नहीं हो जायेंगी; बल्कि उस समय ये तमाम समस्याएं केवल अपनी पूर्णता में सामने आयेंगी और उनको हल करने के लिए जो परिस्थितियां आवश्यक हैं, देश उनकी ओर बढ़ना आरम्भ करेगा।

जैसे-जैसे भारत की श्रमजीवी जनता की चेतना बढ़ेगी और वह अपना भाग्य स्वयं अपने हाथों में लेगी, वैसे-वैसे ये संघर्ष और समस्याएं हल होती जायेंगी तथा भारत अपने मौजूदा आर्थिक एवं सांस्कृतिक पिछड़ेपन से उठकर संसार के सबसे उन्नत देशों के स्तर पर पहुंच जायेगा। सारी दुनिया में समाजवाद स्थापित करने, और पूर्व तथा पश्चिम के बीच, दुनिया की उन्नत जातियों और पिछड़ी हुई जातियों के बीच आज जो अन्तर पाया जाता है, उसे अन्तिम रूप से दूर करने के महान काम में भारत की जनता को एक बहुत प्रमुख भूमिका अदा करनी है।

भारत के लोग इसके पहले भी संसार के इतिहास में बहुत बड़ा हिस्सा ले चुके हैं—विजेताओं के रूप में नहीं, बल्कि संस्कृति, चिन्तन, कला और उद्योग-धंधों के क्षेत्र में। भारतीय जनता की राष्ट्रीय एवं सामाजिक मुक्ति से मानवता को बहुत बड़ी और नयी देन प्राप्त होगी।

दूसरा अध्याय

भारत की दौलत और उसकी गरीबी

भारत की मौजूदा हालत के बारे में दो बातें एकदम सामने आकर खड़ी हो जाती हैं।

पहली बात है भारत की दौलत — उसके अतुलित साधन जिनमें उसकी आजकल की पूरी आबादी को, और उससे भी बड़ी आबादी को, सुखी और समृद्ध बनाने की शक्ति है।

दूसरी बात है भारत की गरीबी—उसकी अधिकांश जनता की गरीबी, ऐसी गरीबी जिसकी वे लोग कल्पना तक नहीं कर सकते जो पश्चिमी संसार की परिस्थितियों के आदी हैं।

इन दो बातों के बीच में खड़ी है भारत की, मौजूदा सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था की समस्या।

१. भारत की दौलत

भारत गरीब लोगों का देश है। लेकिन वह गरीब देश नहीं है।

न सिर्फ भारत के प्राकृतिक साधन इतने अधिक हैं कि यदि खेती और उद्योग-धंधे दोनों का मिला-जुला विकास किया जाय तो देश समृद्धि के शिखर पर पहुंच सकता है, बल्कि इसके साथ-साथ यह बात भी सच है कि अंग्रेजी राज्य के पहले यदि दुनिया के पैमाने पर देखा जाता, तो भारत आर्थिक विकास में सबसे आगे था।

यह एक जानी-मानी बात है कि पुराने जमाने में दूसरे देशों के रहनेवाले भारत को बेशुमार दौलतवाला देश समझते थे। १७५७ में क्लाइव ने [illegible] था कि बंगाल की पुरानी राजधानी मुर्शिदाबाद "उतना ही फैला हुआ, [illegible] ही अधिक आबादीवाला और उतना ही धनी नगर है जितना कि लन्दन।

वर्णनों को थोड़े सन्देह के साथ स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि उस जमाने के लोग चन्द धनी और ताक़तवर लोगों के हाथों में दौलत के जमा हो जाने को अधिक महत्व देते थे और दौलत के बटवारे को कम महत्व देते थे। उस जमाने में भारत आनेवाले विदेशी यात्रियों की जितनी रिपोर्टें मिलती हैं, उनमें काफी बातों में भेद भी पाया जाता है और लगता है कि उनमें काफ़ी नमक-मिर्च लगा कर वास्तविकता को पेश किया गया है। लेकिन इन दोनों बातों का ख़याल रखते हुए भी यह देखने में आता है कि सत्रहवीं और अठारहवीं सदी के शुरू में भारत में आनेवाले तॅवर्नियर, मनूची, बर्नियर, आदि यात्रियों ने अक्सर यह बताया है कि उस जमाने में गांवों में भी लोग आम तौर पर सुखी और सम्पन्न थे। आजकल हालत बिलकुल उल्टी है। यह बात विवाद से बिलकुल परे है कि अंग्रेजी राज्य के पहले भारत का औद्योगिक विकास दुनिया के उस जमाने के मापदंड से बहुत बढ़ा-चढ़ा था। १९१६-१८ के भारतीय औद्योगिक कमीशन की रिपोर्ट इस सचाई को मानकर शुरू होती है, और कमीशन के अध्यक्ष और भारत की खनिज सम्पत्ति के अधिकारी विद्वान सर थौमस हौलेंड की रिपोर्ट (१९०८) से पता चलता है कि अंग्रेज़ी राज्य के पहले भारत में लोहे और इस्पात का उत्पादन काफी ऊंचे स्तर तक विकास कर चुका था। इससे पता चलता है कि भारत में आधुनिक उद्योग-धंधों के विकास के लिए आवश्यक भौतिक परिस्थितियां किस हद तक तैयार थीं।

यह बात भी सभी लोग मानते हैं कि आधुनिक ढंग के ऊंचे से ऊंचे आर्थिक विकास के लिए जरूरी सभी प्राकृतिक साधन भारत में मौजूद हैं। भारत सरकार को आर्थिक पैदावार के सम्बंध में सलाह देनेवाले अफसर सर जार्ज वाट ने १८९४ में कहा था कि "यदि केवल अविकसित साधनों के मूल्य और विस्तार को देखा जाय, तो संसार के बहुत कम देशों में खेती का इतने शानदार ढंग से विकास करने की क्षमता है, जैसी भारत में है।" और उद्योग-धंधों के विकास के लिए जो साधन जरूरी हैं, वे तो और भी बड़ी मात्रा में भारत में मौजूद हैं। भारत में कोयला, लोहा, तेल, मैंगनीज, सोना, सीसा, चांदी और तांबा बड़े परिमाण में मौजूद हैं। १९४२ में एक अमरीकी टेक्निकल मिशन भारत आया था। उसने अनुमान लगाया था कि भारत में २५ करोड़ टन बौक्साइट मौजूद है, और केवल बंगाल और बिहार में ६० अरब टन कोयला मौजूद है, जिसमें से २० अरब टन काम में आ सकता है। इससे भी अधिक महत्व लोहे की खनिज का है। बहुत सम्भलकर अनुमान लगाने पर भी भारत में ३ अरब टन से कम लोहा नहीं है। इसके मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन में केवल २ अरब २५ करोड़ ४० लाख टन, और जर्मनी में १ अरब ३७ करोड़ ४० लाख टन लोहा मौजूद है। भारत से ज्यादा लोहे की खनिज केवल अमरीका और फ्रांस में है।

अमरीका में ६ अरब ८८ करोड़ ५० लाख टन और फ्रांस में ४ अरब ३६ करोड़ ६० लाख टन लोहा है। यह बात ध्यान देने योग्य है कि भारत के भूगर्भ पर्यालोकन विभाग (जिओलोजिकल सर्वे डिपार्टमेंट) को "अपने प्रबंध का खर्चा चलाने तथा खनिज पदार्थों का पता लगानेवाली मशीनें खरीदने के लिए बहुत कम पैसा दिया गया है।" यह इसलिए कि वह खोज-बीन का अपना काम इस हद तक न कर सके जिससे इन अतुलित प्राकृतिक साधनों का उपयोग भारत का धन बढ़ाने के लिए होने लगे। इस प्रकार, भारत की खनिज सम्पत्ति का हिसाब केवल कागजों में ही दर्ज है, मानो किसी ज्योतिषी ने अपने पत्रे में आकाश के तारों का नक्शा खींच रखा हो।

इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात भारत की जल-शक्ति के साधन हैं, जिनका उपयोग करके सारे देश में बिजली के तारों का जाल फैलाया जा सकता है और जिनका उपयोग नहीं किया जा रहा है। जल-शक्ति के साधनों में भारत केवल अमरीका से ही पीछे है। फिर भी १९३९ में भारत अपने इन साधनों के केवल १·३ प्रतिशत भाग का ही उपयोग करता था, जब कि उसके मुकाबले में अमरीका उस वर्ष अपने साधनों का ५२ प्रतिशत, जापान ७२ प्रतिशत, और फ्रांस ८८ प्रतिशत भाग इस्तेमाल कर रहे थे। (वर्ल्ड अलमनेक, १९३९)

भारत की अर्थ-व्यवस्था के किसी भी पहलू को लीजिए, तो यही चित्र सामने आता है कि यहां प्राकृतिक साधनों की कोई सीमा नहीं है, पर अभी तक उनके विकास की अवहेलना की गयी है। साम्राज्यवादी खुद भी इस परिस्थिति के संकटजनक रूप को स्वीकार करते थे, हालांकि उनके पास इस समस्या का कोई हल नहीं था। कलकत्ते के दैनिक स्टेट्समैन के सम्पादक सर एल्फ्रेड वाट्सन ने १९३३ में रॉयल एम्पायर सोसायटी की एक बैठक में कहा था: "यद्यपि भारत में एक महान औद्योगिक देश बनने के लिए सभी आवश्यक बातें इफरात के साथ मौजूद हैं; मगर फिर भी आज वह आर्थिक दृष्टि से दुनिया का एक पिछड़ा हुआ देश है, और उद्योग-धंधों की दृष्टि से तो बहुत ही पीछे है...। भारत में उद्योग-धंधों का विकास करने की क्षमता असंदिग्ध रूप से मौजूद है, लेकिन हमने इस समस्या को हल करने की कोई गम्भीर कोशिश कभी नहीं की।... यदि आनेवाले वर्षों में भारत अपनी विशाल आबादी की बढ़ी हुई मांग के आधार पर एक अभूतपूर्व ढग से अपना औद्योगिक विकास नहीं कर सकेगा, तो देश का जीवन-निर्वाह का स्तर, जो आज भी हद दर्जे नीचा है, भूखों मरने के स्तर से भी नीचे गिर जायेगा।"

२. भारत की ग़रीबी

भारत के वास्तविक प्राकृतिक धन और उसके जरा भी विकास न किये जाने की इस पृष्ठभूमि में भारत के लोगों की भयानक गरीबी खास तौर पर डरावनी मालूम पड़ने लगती है।

भारत के सरकारी आंकड़े शासन की मशीन चलाने के लिए तो जरूरत से ज्यादा हैं, पर जब जनता की हालत पता लगाने का कोई सवाल उठता है, तो वे बहुत ही बेकार और अनुपयोगी साबित होते हैं। १९५१ के पहले भारत में सरकारी तौर पर इसका कभी कोई अनुमान नहीं लगाया गया था कि देश की राष्ट्रीय आय अथवा औसत आय क्या है (केवल कभी-कभी बहुत ही हवाई ढंग से कुछ आंकड़े मान लिये गये थे, जैसे कि १९३० में साइमन कमीशन ने एक आंकड़ा माना था, जिस पर हम बाद में विचार करेंगे)। और यहां तक कि १९५१ में राष्ट्रीय आय समिति ने भी जो अनुमान प्रकाशित किया, उसके बारे में कहा गया कि वह एक "आरजी" चीज है, क्योंकि वह "ऐसी सामग्री पर आधारित है जिस पर यह नहीं कहा जा सकता कि कितना भरोसा किया जा सकता है, या फिर कुछ अन्य बातों में वह ऐसी गणना पर आधारित है जो कुछ ऐसी बातें पहले से मान लेता है जिनकी सचाई के बारे में पूरा यकीन नहीं है।" *मजूरी, काम के घंटे, मजदूरी की शर्तें, मजदूरों का स्वास्थ्य, रहने के* मकानों की सुविधा—इन सब बातों के बारे में भी इसी प्रकार पर्याप्त आंकड़ों की बड़ी कमी है।

भारत के रहनेवालों की फी आदमी कितनी औसत आमदनी है, इसके अभी तक अनेक अनुमान लगाये जा चुके हैं, और उनको लेकर काफी गरम बहस चलती रही है। १९३० में साइमन कमीशन ने एक अनुमान लगाया था। इस कमीशन की रिपोर्ट का पहला भाग भारत में साम्राज्यवादी शासन का औचित्य साबित करने के लिए बड़ी संख्या में वितरित करने के उद्देश्य से लिखा गया था। उसमें भारतीयों की औसत आय को जबर्दस्ती बढ़ा-चढ़ाकर लगभग ८ पौंड प्रति वर्ष बताया गया था; और इस अनुमान का बाद में खूब प्रचार किया गया। साइमन कमीशन ने अपनी रिपोर्ट १९३० में तैयार की थी, लेकिन उसने अपने हिसाब का आधार बनाया था पहले महायुद्ध के फौरन बाद के वर्षों को, अर्थात् १९१९-२०, १९२०-२१ और १९२१-२२ को, जब कि मुद्रा-प्रसार के कारण चीजों के दाम बहुत महंगे हो गये थे। और फिर कमीशन ने इन वर्षों की भी सबसे ऊंची संख्या को पुनरुक्त उस असाधारण संख्या को (कमीशन के शब्दों में, "सबसे अधिक आशावादी संख्या" को) पूरे काल की प्रतिनिधि संख्या मान लिया था। लेकिन इन सबके बाद भी, सरकार के नियुक्त

किये हुए इस साइमन कमीशन ने १९२१–२२ में भारतीयों की औसत आय का जो "सबसे अधिक आशावादी" अनुमान लगाया, वह ५ पैसे रोजाना से ज्यादा नहीं बैठता था।

परन्तु, सचाई तक पहुंचने के लिए जरूरी है कि जिन बातों की तरफ कमीशन ने ध्यान नहीं दिया था, हम उनको ध्यान में रखते हुए उसका हिसाब ठीक कर लें। भारत सरकार चीजों के दामों का जो सूचक अंक रखती है, वह १९२१ में २३६ था और १९३६ तक १२५ रह गया था — यानी लगभग आधा हो गया था। इस मंदी का सबसे ज्यादा असर खेती की पैदावार के दामों पर पड़ा था, जो कि भारतीयों की आमदनी का मुख्य आधार है। १९२१ और १९३६ के बीच अनाज के फुटकर दामों का सूचक अंक आधे से भी कम रह गया था। इस प्रकार, यदि खेती की पैदावार के दामों की इस गिरावट का भी हिसाब में ख्याल रखा जाय, तो साइमन कमीशन ने १९२१–२२ में औसत आय जो ५ पैसे रोजाना का अनुमान लगाया था, वह १९३१–४० में आकर ढाई पैसे रोजाना रह जाता है। लेकिन, यह संख्या केवल पूरी आबादी की आय का औसत बताती है। उससे अधिकांश आबादी की वास्तविक आय का कोई पता नहीं चलता। इस संख्या में से वह रकम घटानी होगी जो साम्राज्यवाद घरेलू खर्च के नाम पर और अपने खिराज के तौर पर वसूल कर लेता है (इन मदों में कर्ज़ों का सूद, भारत में लगी अंग्रेजी पूंजी से होनेवाला मुनाफ़ा, बैंकों तथा महाजनों की दलाली, आदि शामिल हैं), और जिसके बदले में ब्रिटेन से भारत में कोई माल नहीं आता था। शाह और खम्भाता नामक अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया था कि कुल राष्ट्रीय आय का दसवें से कुछ अधिक भाग इस तरह देश के बाहर चला जाता है। यानी, वह ढाई पैसे रोजाना की आय, इस प्रकार केवल सवा दो पैसे रोजाना रह जाती है। इसके बाद हमें इस तरफ ध्यान देना पड़ता है कि औसत आय के पीछे बहुत ही असमान आमदनियां छिपी होती हैं। शाह और खम्भाता ने साबित किया था कि राष्ट्रीय आय का एक-तिहाई हिस्सा आबादी के केवल १ प्रतिशत लोग ले जाते हैं, और ६० प्रतिशत आबादी के हिस्से में राष्ट्रीय आय का सिर्फ ३० प्रतिशत भाग पड़ता है। इसका मतलब यह हुआ कि जहां तक आबादी के ६० प्रतिशत भाग या अधिकांश का सम्बंध है, फी आदमी औसत राष्ट्रीय आय को आधा करने पर ही यह पता चल सकता है कि आबादी के इस ६० प्रतिशत की सचमुच कितनी औसत आय है।

इस प्रकार, यदि हम साइमन कमीशन के "सबसे अधिक आशावादी अनुमान" को भी लें और उस पर आय के बंटवारे के आंकड़ों को लागू करें तथा बाद में आनेवाली मंदी और घरेलू खर्च तथा साम्राज्यवादी खिराज के

इसी प्रकार यह बात भी महत्व से खाली नहीं है कि भारत सरकार की पंच-वर्षीय योजना ने, जो १९५१ में प्रकाशित हुई थी, अपना प्रारम्भिक लक्ष्य भारतीयों के रहन-सहन के स्तर को फिर से पुरानी अवस्था में ले आना निश्चित किया था। इस तरह पंच-वर्षीय योजना में भारत सरकार ने स्वीकार किया था कि पिछले वर्षों में भारतीयों का जीवन-स्तर गिर गया है। १९५१ में राष्ट्र संघ के खाद्य तथा कृषि संगठन ने पोषण सम्बन्धी एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। उसमें ३४ देशों की स्थिति की जांच बतायी गयी थी। उससे पता चला कि दस देशों में पोषण का औसत स्तर रोजाना ३,००० कैलोरी फ़ी आदमी से ज्यादा था; २२ देशों में २,००० से लेकर ३,००० कैलोरी तक था; और दो देश, भारत और इंडोनेशिया, सूची में सबसे नीचे थे। वहां पोषण का औसत स्तर २,००० कैलोरी से भी कम था। राष्ट्र संघ ने १९५३ की जो आंकडों की वार्षिकी प्रकाशित की है, उसमें भारत के पोषण के स्तर को दुनिया में सबसे नीचे बताया गया है। वार्षिकी का अनुमान है कि यहां हर आदमी को भोजन के रूप में औसतन रोज़ाना केवल १,५९० कैलोरी मिलती है।

इन आकड़ों का महत्व केवल इतना ही है कि उनसे हमें भारत की भयंकर ग़रीबी का एक प्रारम्भिक आभास मिल जाता है। रहन-सहन की परिस्थितियों के रूप में इन आंकड़ों का क्या अर्थ होता है? भारत के प्रमुख अर्थशास्त्री शाह और खम्भाता ने (१९२४ में) इसे इन शब्दों में व्यक्त किया है: "भारतीय लोगों की औसत आय इतनी होती है कि उससे या तो आबादी के हर तीन आदमियों में से दो को रोटी दे दी जाय, और या पूरी आबादी को जितनी बार भोजन की आवश्यकता होती है, उनमें हर तीन बार में से केवल दो बार उसे रोटी दी जाय; और इतना भी सिर्फ़ इस शर्त पर मिल सकता है कि पूरी आबादी नंगे घूमना क़बूल करे, बारहों महीने घर के बाहर खुले में रहे, किसी प्रकार के मनोरंजन या खेल-कूद में भाग न ले तथा भोजन के सिवा—और वह भी सबसे नीचे स्तर के, सबसे ज्यादा मोटे ढंग के और सबसे कम पोषण-शक्तिवाले भोजन के सिवा—और किसी चीज की मांग न करे।"

जहां तक जनता की हालत का सवाल है, हमारे सामने आधा पेट खाकर गंदी और संकरी कोठरियों में रहनेवाले इंसानों का भयानक चित्र आता है। १९३३ में भारत के डॉक्टरी विभाग के संचालक मेजर जनरल सर जॉन मेगो ने अनुमान लगाया था कि आबादी के ६१ प्रतिशत को भोजन में आवश्यक पोषण-शक्ति नहीं मिलती। १९२६ में सरकार ने भारत की खेती की जांच करने के लिए एक शाही कमीशन नियुक्त किया था। खुद सरकारी अफ़सरों ने कमीशन के दफ़्तर में किसानों की भयानक हालत के प्रमाणों का ढेर लगा

दिया। कर्नल ग्राहम ने कमीशन को बताया कि "खेती में सुधार करने के रास्ते में एक बहुत बड़ी कठिनाई यह है कि किसानों को भोजन में बहुत कम पोषण-शक्ति मिलती है।" कून्नूर के पैस्चयर इस्टीट्यूट मे अभावजन्य बीमारियों के अनुसंधान के सचालक लेफ्टिनेंट-कर्नल एम मकहैरिसन ने तो और भी जोरदार शब्दों का प्रयोग किया था · "भारत मे जनता जिन अनेक अभावो से दुखी है, उनमें शायद सबसे बड़ा पोषण-शक्ति का अभाव है।"

१९२९ में सरकार ने भारत के मजदूरों की हालत की जाच करने के लिए एक शाही कमीशन नियुक्त किया था। इस कमीशन ने पता लगाया कि "अधिकतर औद्योगिक केन्द्रो मे ऐसे परिवारो और व्यक्तियो की सख्या, जो कर्जे से दबे है, कुल आबादी की दो-तिहाई से कम नही है... अधिकतर लोगों का कर्ज उनकी तीन महीने की तनखा से ज्यादा है और अक्सर तो वह उससे भी ज्यादा होता है।"

जहां तक रहने के मकानो का सम्बध है, औसत मजदूर परिवार के पास एक कोठरी भी नही होती, बल्कि अक्सर तो कई-कई परिवार एक कोठरी मे रहते हैं। १९३१ की जन-गणना से पता चला था कि बम्बई में आबादी का एक-तिहाई भाग एक-एक कोठरी में पाच से भी ज्यादा आदमियो के हिसाब से रहता था, २५६,३७९ लोग एक कोठरी मे छः से लेकर नौ आदमियो तक के हिसाब से रहते थे; ८१३३ लोग एक कोठरी में दस से लेकर उन्नीस आदमियो तक के हिसाब से रहते थे; और १५,४९० लोग ऐसे थे जो एक-एक कोठरी में बीस या उससे भी ज्यादा के हिसाब से रहते थे।

१९३१ के बाद और खास तौर पर दूसरे महायुद्ध के बाद से रहन-सहन की हालत बहुत ज्यादा खराब हो गयी है। वातावरण स्वच्छता समिति (ऐनवायरनमेंटल हाइजीन कमिटी) की रिपोर्ट में, जो १९४८ में निकली थी, बताया गया था कि उसके पहले के आठ वर्षों में लोगो के रहन-सहन की परिस्थितियां बहुत अधिक बिगड़ गयी हैं। इस समिति ने अनुमान लगाया था कि १९४१ से लेकर १९५१ तक के दस वर्षों मे शहरों की आबादी ६६ प्रतिशत बढ़ जायेगी, जब कि रहने के मकानों की तादाद २७ प्रतिशत से अधिक नहीं बढ़ेगी।

जहां तक सफाई का ताल्लुक है, ह्विटले कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में बताया था : "सफाई की तरफ जो लापरवाही बरती जा रही है, वह अक्सर सड़ते हुए कूड़े के ढेर और मैले से भरे गढ़ों के रूप में जाहिर होती है; और पाखानों के अभाव के कारण हवा और मिट्टी में आम तौर पर गन्दगी बढ़ जाती है। मकान के नाम पर अक्सर केवल एक कोठरी होती है जिसमें न तो कोई मोरी होती है, न उसमें खिड़कियां होती हैं और न ही हवा के आने-जाने का काफी रास्ता होता है। कोठरी का दरवाजा इतना नीचा होता है कि बिना झुके उसमें

से,निकला नहीं जा सकता। पर्दा करने के लिए मिट्टी के तेल के पुराने टिनों की दीवार उठा दी जाती है और कोई पुराना बोरा टांग दिया जाता है, जिससे रोशनी और हवा का अन्दर आना और भी मुश्किल हो जाता है। इस तरह की कोठरियों में इंसान पैदा होते हैं, सोते और खाते हैं, जीवन बसर करते हैं और मर जाते हैं।"

१९३२-३३ में बम्बई सरकार के मजदूर विभाग ने मजदूर वर्ग की आमदनी और खर्च के हिसाब की जाच की थी। उसने पता लगाया कि मजदूरों के घरों मे से २६ प्रतिशत ऐसे हैं जिनमें पानी का एक नल आठ या आठ से कम घरो के बीच में है, ४४ प्रतिशत घर ऐसे हैं जिनमें नौ से लेकर पन्द्रह घरो तक के बीच एक नल है; और २९ प्रतिशत घर ऐसे है जिनमें सोलह या उससे भी ज्यादा घरों के बीच एक नल है। ६५ प्रतिशत घरों में आठ या उससे कम घरो के बीच एक पाखाना है, १२ प्रतिशत घरो में नौ से लेकर पन्द्रह घरों के बीच एक पाखाना है, और २४ प्रतिशत घरों मे सोलह या उससे भी ज्यादा घरों के बीच एक पाखाना है। ऐसी रिपोर्टें और विवरण और भी हैं; उनकी सख्या की कोई सीमा नही है।

इन परिस्थितियो का लोगों के स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पडेगा, इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है। यह इन्ही परिस्थितियों का प्रताप था कि १९३७ मे भारत में सरकारी तौर पर जो मौतें दर्ज की गयीं, उनका अनुपात २२·४ फी हज़ार था (१९४९ मे वह १६·४ फ़ी हज़ार हो गया)। इसके मुकाबले में इगलंड और वेल्स मे मौतो का अनुपात १२·४ फी हज़ार था (जो कि १९५२ मे ११·३ फी हज़ार हो गया था)। इगलैंड और वेल्स में रहनेवाला आदमी औसतन जितने वर्ष ज़िन्दा रहने की आशा करता है, भारत में रहनेवाला उसके केवल आधे समय तक ज़िन्दा रहता है। यह भी इन्हीं परिस्थितियों का प्रताप है कि भारत में यदि एक हज़ार बच्चे पैदा होते हैं, तो उनको पैदा करने मे २४·५ माएं मर जाती हैं, जब कि उसके मुकाबले में इंगलैंड और वेल्स में माओं की मृत्यु का अनुपात ४·१ फी हज़ार है। यह भी इन्ही परिस्थितियो का प्रताप है कि १९४३ मे भारत मे एक साल मे जितने बच्चे पैदा हुए, उनमें से हर हज़ार बच्चो मे से १६३ मर गये; जब कि इगलंड और वेल्स में मरनेवाले बच्चो की संख्या ४६ फी हज़ार रही। और फी हज़ार पर मौतो की यह सख्या कलकत्ते मे २३९, बम्बई मे २४८ और मद्रास मे २२७ तक पहुच गयी थी।

सरकारी कागज़ो में मौत का कारण प्राय. "बुखार" बताया जाता है। आधा पेट खाकर रहने और गरीबी की ज़िन्दगी बिताने के बुरे स्वास्थ्य के रूप मे जो परिणाम होते है, वे सब इसी गोल-मोल शब्द की मद में आ जाते हैं। भारत की आर्थिक परिस्थितियो की मानी हुई विद्वान वेरा एन्स्टे की सहानुभूति

साम्राज्यवाद के साथ है। पर वह भी इस नतीजे पर पहुंची हैं कि भारत में जितने लोग मरते हैं, उनमें चार में से तीन आदमी "गरीबी की बीमारियों" से मरते है। जी. इमेर्सन एक भारतीय गांव में रहने के लिए गये। उन्होंने पाया कि गांववालों को डाक्टरी मदद या अन्य प्रकार की सहायता पहुंचाने के तमाम प्रयत्न गरीबी की बुनियादी समस्या से टकराकर बेकार हो जाते हैं (१९३१)। यहां तक कि टाइम्स के अनुदारदली साम्राज्यवादी कलकत्ता सम्वाददाता को भी कुछ इसी तरह की बात कहनी पड़ी। उसे भी यह मत प्रकट करना पड़ा कि निकट से देखने पर भारत "अर्ध-भुखमरी" का ऐसा चित्र पेश करता है जो आंखों में चुभने लगता है।" (१ फरवरी, १९२७)

क्या हाल के दिनों में हालत कुछ बदल गयी है? समुद्र पार के देशों का आर्थिक सिंहावलोकन नामक पुस्तक में, जो १९५३ में प्रकाशित हुआ था, भारत की १९५२ की हालत का यह चित्र खींचा गया है:

> "अनुमान लगाया गया है कि इस पूरे भूखंड में कम से कम दस करोड़ आदमी हर साल मलेरिया से बीमार पड़ते हैं; और इस मर्ज से मरनेवालों की संख्या भारत में हर साल शायद दस या पन्द्रह लाख तक पहुंच जाती है। अनुमान किया जाता है कि हर साल लगभग २५ लाख आदमी तपेदिक से बीमार रहते हैं और अकेले इस मर्ज से हर साल पांच लाख आदमी मर जाते हैं...।
>
> "बुरा भोजन खाने या कम भोजन मिलने के कारण जनता के एक काफी बड़े भाग के बदन में जीवन-शक्ति और बीमारियों से बचने की ताक़त कम हो जाती है। लोगों के भोजन की जांच-पड़ताल करने पर पता चला कि ३० प्रतिशत परिवार ऐसा भोजन खाते हैं जो बदन में आवश्यक शक्ति पैदा करने के लिए अपर्याप्त होता है।"

इस बात की ओर भी ध्यान देना अत्यन्त आवश्यक है कि गरीबी की यह परिस्थिति एक स्तर पर नहीं ठहरी रहती। वह बराबर बदलती और विकसित होती जाती है। बंगाल के स्वास्थ्य संचालक ने १९२७–२८ की जो रिपोर्ट दी थी, उसमें लिखा था कि "बंगाल में आजकल के किसानों का अधिकांश भाग ऐसा भोजन खाने लगा है जिसे खाकर चूहे भी पांच सप्ताह से ज्यादा जिन्दा नहीं रह सकते," और "अब अपर्याप्त भोजन मिलने के कारण उनके बदन में इतनी कम जीवन-शक्ति रह गयी है कि वे घातक बीमारियों के सामने में पाते ही उनके शिकार हो जाते हैं।" इसी प्रकार १९३३ में भारत के डाक्टरी विभाग के संचालक ने रिपोर्ट दी थी कि "भारत भर में" बीमारियां "बराबर बढ़ रही हैं, और लगता है कि बहुत तेजी से बढ़ रही हैं।" हालत

के इस तरह बिगड़ने जाने का सम्बंध इस बात से है कि साम्राज्यवादी शोषण की परिस्थितियों में खेती का संकट बराबर तेज़ होता जा रहा है। यह संकट बुनियादी सामाजिक तथा राजनीतिक परिवर्तन लानेवाली एक जबर्दस्त प्रेरक शक्ति का काम कर रहा है। हमारे सामने जितने भी तथ्य है, उनसे यही प्रकट होता है कि एकदम हाल के दिनो में भी हालत बराबर गिरती ही गयी है।

३. आबादी बहुत ज्यादा होने का भ्रम

भारतीय जनता की इस भयंकर गरीबी का क्या कारण है ?

समस्या का गम्भीरता से विश्लेषण करने के बजाय अक्सर कुछ बहुत सतही वजहें बता दी जाती हैं। इसकी एक अच्छी मिसाल यह दलील है कि भारतीय जनता चूंकि अज्ञान, अंधविश्वास और सामाजिक पिछड़ेपन का शिकार है, इसलिए वह ग़रीब है। निस्सदेह, भारत की गरीबी में इन बातों का भी बहुत बड़ा हाथ है, और भारतीय जनता के सामने आज पुनर्निर्माण का जो काम है, उसका एक प्रमुख अंग देश को पीछे घसीटनेवाली इन बुराइयों को दूर करना होगा। लेकिन जब इन बुराइयों को भारत की गरीबी का मूल कारण बताया जाता है, तब वास्तव में गाडी को घोडे के आगे रख दिया जाता है। सामाजिक और सांस्कृतिक पिछड़ापन लोगो की गिरी हुई आर्थिक हालत तथा राजनीतिक पराधीनता का प्रतिबिम्ब एव परिणाम होता है, न कि लोगों की गिरी हुई आर्थिक हालत तथा राजनीतिक पराधीनता उनके सामाजिक और सांस्कृतिक पिछड़ेपन का परिणाम होती है। संगठन के भौतिक आधार में परिवर्तन के जरिए ही इस पिछड़ेपन को दूर किया जा सकता है। यही दूसरे सभी दरवाजों की कुंजी है। केवल एक शक्तिशाली जन-आन्दोलन ही साम्राज्यवादी और सामन्ती सम्बंधों की जजीरों को तोड़कर भौतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए एक मात्र रास्ता खोल सकता है। यह विश्लेषण सही है, इसका सोवियत संघ के उदाहरण से काफी प्रमाण मिल जाता है। जब वहा के मजदूरों और किसानों ने एक बार मिलकर अपने शोषकों का तख्ता उलट दिया, तो फिर उन्होंने औद्योगिक एव सांस्कृतिक प्रगति की ऐसी क्षमता का परिचय दिया जिसने दुनिया के सबसे अधिक उन्नत देशों को भी पीछे छोड़ दिया। भारत में विकास की इस क्रिया को भले ही किन्हीं भिन्न रूपों और मंजिलों में से गुजरना पड़े, पर यहा के मजदूर और किसान भी उसी क्षमता का परिचय देंगे, इसमें तनिक भी संदेह नहीं है।

भारत की गरीबी की अक्सर एक और वजह बतायी जाती है, जिसका इसमें कम प्रचार नहीं है। वह यह कि भारत की गरीबी यहा की "ज़रूरत

से ज्यादा आबादी की वजह से है।" दुनिया में बेरहम लोगों की मदद के लिए जितने झूठ गढ़े गये हैं, उनमें सबसे बड़ा झूठ यह है कि आबादी के जरूरत से ज्यादा बढ़ जाने के कारण पूंजीवादी समाज में जनता की गरीबी बढ़ जाती है। आधुनिक काल में यह झूठ माल्थस नामक उस प्रतिक्रियावादी पादरी के समय से प्रचलित हुआ है, जिसने कोई नया आविष्कार नहीं किया था, बल्कि जिसने १७९८ में फ्रांसीसी क्रान्ति और उदारतावादी सिद्धान्तों के खिलाफ प्रचार करने के लिए एक राजनीतिक अस्त्र के रूप में अपने इस सिद्धान्त को गढ़ा था, और जिसको इसके इनाम में ईस्ट इंडिया कम्पनी के कालेज में प्रोफेसरी मिली थी। इंगलैंड के धनिक वर्ग ने उसके इस सिद्धान्त का "मानव विकास की समस्त आकांक्षाओं को नष्ट कर देनेवाली एक महान शक्ति के रूप में बड़ी खुशिया मनाकर स्वागत किया था।" (मार्क्स, पूंजी, खंड १, पचीसवां अध्याय) आज भी माल्थस का सिद्धान्त प्रतिक्रियावादियों का बड़ा प्यारा सिद्धान्त है। यह सिद्धान्त उत्पादन के विकास की सम्भावनाओं पर मनमाने तौर पर कुछ लोह-सीमाएं थोप देता है, और इस बात को मानकर चलता है कि किसी भी हालत में इन सीमाओं के आगे उत्पादन का विकास नहीं हो सकता। यही इस सिद्धान्त के तर्क का आधार है। और माल्थस ने यह मनगढ़न्त धारणा ठीक उस समय बनायी थी जब उत्पादन का विकास सबसे तेज विस्तार के युग में प्रवेश कर रहा था। उन्नीसवीं सदी के अनुभव ने इस सिद्धान्त को चकनाचूर कर दिया। उस सदी में आबादी जिस रफ्तार से बढ़ी, उसके मुकाबले में दौलत कहीं ज्यादा तेज रफ्तार से बढ़ी और यह बात साफ हो गयी कि गरीबी की कोई और वजह है। बीसवीं सदी में, खास तौर पर पहले महायुद्ध के बाद और संसार-व्यापी अर्थ-संकट आने पर, इस सिद्धान्त को फिर से जिलाने की कोशिश की गयी। परन्तु अन्तरराष्ट्रीय आंकड़ों ने उसे फिर खतम कर दिया। युद्ध में और उसके बाद, पैदावार का और पैदावार के साधनों का बड़े विशाल पैमाने पर विनाश हुआ था, मगर उसके बावजूद आंकड़ों से पता चला कि दुनिया की आबादी जितनी बढ़ रही है, खाने-पीने की चीजों, कच्चे मालों और औद्योगिक मालों की पैदावार दुनिया में लगातार उससे कहीं अधिक तेजी से बढ़ रही है। इससे लोगों को मजबूर होकर मानने पड़ा कि कष्टों और दुखों का कारण समाज-व्यवस्था में ढूंढना पड़ेगा। शासक वर्ग के सामने यह समस्या खड़ी हो गयी कि दौलत की पैदावार को कैसे रोका जाय। इसके उसने अनेक बड़े चतुर उपाय निकाले। जहां तक आबादी का सम्बन्ध था, शासक वर्ग को यह शिकायत होने लगी कि योरप और अमरीका के लोग तोपों का चारा बनने के लिए काफी बच्चे नहीं पैदा कर रहे हैं। माल्थस के सिद्धान्त को उलट कर आधुनिक शासक वर्ग ने यह नया नारा लगाया कि दौलत कम पैदा करो और बच्चे ज्यादा!

पुराने ढर के प्रतिक्रियावादियों का यह दिवालिया सिद्धान्त अब योरप और अमरीका से निकाल दिये जाने पर एशिया में अपने लिए अन्तिम आश्रय खोज रहा है। कहा जाता है कि भारत की ग़रीबी का एकमात्र कारण वहां की समाज-व्यवस्था नही, बल्कि आबादी का जरूरत से ज्यादा हो जाना है। कहा जाता है कि आबादी के बढने पर जो कुछ पवित्र "प्राकृतिक बंधन" लगे हुए थे (जैसे युद्ध, महामारी और अकाल), साम्राज्यवादी शासन के जन-हितकारी प्रभाव ने उनको दूर कर दिया है और इस कारण अदूरदर्शी हिन्दुस्तानी इतने अधिक बच्चे पैदा करने लगे जिनके लिए जीवन-निर्वाह के साधन जुटाना असम्भव था। अर्थशास्त्र के एक प्रमुख साम्राज्यवादी विशेषज्ञ (एन्स्टे) ने बड़े नाटकीय ढंग से चिल्लाकर कहा : "वह भारतीय माल्थस कहां है जो बच्चों की इस सत्यानाशी बाढ़ को रोकेगा?" साम्राज्य के अर्थ-शास्त्र के एक दूसरे विशेषज्ञ (नोल्स) ने घोषणा की : "भारत माल्थस के इस सिद्धान्त को चरितार्थ कर रहा है कि जब युद्ध, महामारी अथवा अकाल आबादी की बढ़ती रोकने के लिए नहीं होते, तब वह इस हद तक बढ़ जाती है कि लोगों को जिन्दा रहने लायक़ भी खाने को नहीं मिलता।" १९३३ में लन्दन के स्वास्थ्य विज्ञान तथा उष्ण कटिबंध की बीमारियों के स्कूल में गर्भ-निरोध विश्व केन्द्र के तत्वावधान में एक सम्मेलन हुआ था। उसका विषय था "एशिया में गर्भ-निरोध।" इस सम्मेलन का उद्देश्य यह था कि न केवल चिकित्सा विज्ञान के एक प्रश्न के रूप में, बल्कि एशिया की ग़रीबी की समस्याओं को हल करने के एक आर्थिक उपाय के रूप में गर्भ-निरोध का समर्थन किया जाय। इसका परिणाम यह हुआ है कि अभी हाल में भारत सरकार ने भी ग़रीबी का मुकाबला करने के एक तथाकथित अस्त्र के रूप में गर्भ-निरोध का सरकारी तौर पर प्रचार करना शुरू कर दिया है।

तथ्य क्या कहते हैं ?

पहली बात तो यह है कि ऊपर दी गयी तमाम दलीलों से कुछ ऐसी तसवीर सामने आती है मानो अंग्रेजों के राज्य में भारत की आबादी और देशों के मुक़ाबले में हद से ज्यादा तेज़ रफ़्तार से बढ़ती गयी है, और अब हालत यहां तक पहुंच गयी कि आबादी के इस तरह अंधाधुंध बढने की वजह से यह देश हद से ज्यादा ग़रीब हो गया है। लेकिन, असलियत यह है कि अंग्रेजों के राज्य में भारत की आबादी सचमुच जिस रफ़्तार से बढ़ी है, वह योरप के किसी भी देश की रफ़्तार से बहुत कम है। बल्कि, सच पूछा जाय तो दुनिया के अलग-अलग देशों में जिस रफ्तार से आबादी बढ़ी है, उसकी सूची में भारत बिलकुल नीचे की तरफ़ आता है। चाहे आप अंग्रेजी राज्य के पूरे युग को ले लीजिए और चाहे पिछले पचास वर्षों को, यह बात दोनों सूरतों में सच निकलेगी।

मोरलैंड ने अनुमान लगाया था कि सोलवीं सदी के अन्त में भारत की आबादी १० करोड थी। १९५१ तक भारत और पाकिस्तान की आबादी ४३ करोड ३० लाख हो गयी थी। १७०० में इगलैंड और वेल्स की आबादी ५१ लाख थी। १९५१ तक वह बढकर ४ करोड ३७ लाख हो गयी थी। इसका मतलब यह हुआ कि वहा थोड़े समय में ही आबादी आठ-गुनी बढ़ गयी थी। यानी, भारत में जिस रफ़्तार से आबादी बढ़ी है, इंगलैंड और वेल्स में उसकी दुगनी से भी ज्यादा रफ़्तार रही है।

आधुनिक युग का अधिक महत्व है। औद्योगिक क्रान्ति के साथ-साथ योरप मे आबादी बहुत तेजी से बढी थी। पर आधुनिक काल में रफ़्तार धीमी पड गयी है। नीचे के आकडे देखिए; उनमे यह पता चल जाता है कि १८७० और १९१० के बीच भारत में और योरप के प्रमुख देशो में आबादी किस रफ़्तार से बढी है

				प्रतिशत बढ़ती
भारत	...	...	...	१८·६
इगलैंड और वेल्स	...	...	...	५८·०
जर्मनी	..	..	...	५६·०
बेल्जियम	...	...	...	४७·८
हालैंड	...	...	...	६२·०
रूस	...	...	..	७३·६
योरप का औसत	...	...	...	४५·४

एक फ्रांस को छोड़कर, बाकी सभी योरपीय देशों के मुकाबले भारत में आबादी के बढ़ने की रफ़्तार कम रही है।

यदि १८७१ से १९४१ तक के काल को लिया जाय, तो पता चलता है कि भारत में आबादी के बढ़ने की रफ़्तार ५२ प्रतिशत रही, जब कि उसके मुकाबले ब्रिटिश द्वीपों में आबादी में ५७ प्रतिशत की बढ़ती हुई।

"१८७१ से लेकर १९४१ तक भारत की आबादी के बढ़ने की औसत रफ़्तार लगभग ०.६० प्रतिशत सालाना रही। १८५० से लेकर १९४० तक के काल में पूरी दुनिया की आबादी के बढ़ने की रफ़्तार का जो अनुमान लगाया गया है (यानी ०.६९ प्रतिशत), उससे भारत की रफ़्तार थोड़ी कम थी।" (प्रोफेसर किंग्सले डेविस, भारत और पाकिस्तान की आबादी, १९५१)

१६३१ में केन्द्रीय बैंकिंग जाच समिति को भी यह आवश्यकता महसूस हुई कि भारत की ग़रीबी का कारण जरूरत से ज्यादा आबादी को बताने की जो प्रथा चली आ रही थी, उसका अपनी रिपोर्ट में खडन करे। उसने लिखा :

"इन परिस्थितियो का केवल एक यही कारण नही है कि आबादी अनुचित रूप से बढ गयी है और उसके फलस्वरूप ज़मीन पर आबादी का दबाव बढ गया है। भारत की आबादी की इंगलैंड की आबादी से तुलना कीजिए। हमारे पास दोनों देशो के तीन दशकों के आंकड़े मौजूद हैं। उनको देखने पर पता चलता है कि इंगलैंड और वेल्स की आबादी में १८६१ और १६०१ के बीच १२·१७% की बढती हुई थी, १६०१ और १६११ के बीच १०·६१% की, और १६११ और १६२१ के बीच ४·८% की। इसके मुकाबले में ब्रिटिश भारत की आबादी में क्रमश: २·४%, ५·५% और १·३% की बढती हुई थी।"

आबादी का घनापन कितना था ? १६४१ मे पूरे भारत मे २४६ आदमी प्रति वर्ग-मील की आबादी थी, जब कि इगलैंड और वेल्स में ७०३, बेल्जियम में ७०२, हालेंड में ६३६ और जर्मनी मे ३४८ आदमी प्रति वर्ग-मील की आबादी थी।

क्या आबादी की बढती खाने-पीने की चीजो की पैदावार की बढती से आगे निकल गयी है ? भारत में हालाकि खेती के विकास की तरफ मुजरिमाना लापरवाही बरती गयी है, और जितनी जमीन पर खेती हो सकती है, उसके सिर्फ़ एक हिस्से पर ही खेती होती है, फिर भी आधुनिक काल के जो आकडे मिलते है, उनमे यह बात नही निकलती कि आबादी की बढती, पैदावार की बढती से आगे निकल गयी हो। देश मे पैदा होनेवाली खाने-पीने की चीजो की कुल मात्रा अब भी बहुत अपर्याप्त है। लेकिन इसका कारण यह नहीं है कि आबादी की बढती ने पैदावार की बढ़ती को पीछे छोड़ दिया है, बल्कि इसका कारण यह है कि भारत में पैदावार के अब भी बहुत पिछड़े हुए तरीके बरते जाते है, यहा जमीन के स्वामित्व का पुराना ढर्रा आज भी कायम है, और तरह-तरह के भारी बोझो ने खेती की कमर तोड रखी है।

१८६१ और १६२१ के बीच आबादी ६·३ प्रतिशत बढी। इसी काल मे वह रकबा जिस पर अनाज बोया जाता था, १६ प्रतिशत यानी आबादी की बढती के मुकाबले दुगनी रफ्तार से बढ गया। १६२१ से १६३१ तक के काल के लिए हमारे पास प्रोफेसर पी. जे. थोमस के आकडे है। उनके अनुसार, इस काल मे आबादी मे जब कि १०·६ प्रतिशत की बढती हुई, तब खेती की पैदावार मे १६ प्रतिशत की और औद्योगिक पैदावार में ५१ प्रतिशत की बढती हो गयी।

मोरलैंड ने अनुमान लगाया था कि सोलवीं सदी के अन्त में भारत की आबादी १० करोड़ थी। १९५१ तक भारत और पाकिस्तान की आबादी ४३ करोड़ ३० लाख हो गयी थी। १७०० में इगलैंड और वेल्स की आबादी ५१ लाख थी। १९५१ तक वह बढ़कर ४ करोड़ ३७ लाख हो गयी थी। इसका मतलब यह हुआ कि यहा थोड़े समय में ही आबादी आठ-गुनी बढ़ गयी थी। यानी, भारत मे जिस रफ्तार से आबादी बढ़ी है, इगलैंड और वेल्स में उसकी दुगनी से भी ज्यादा रफ्तार रही है।

आधुनिक युग का अधिक महत्व है। औद्योगिक क्रान्ति के साथ-साथ योरप में आबादी बहुत तेजी से बढ़ी थी। पर आधुनिक काल में रफ़्तार धीमी पड़ गयी है। नीचे के आकड़े देखिए; उनसे यह पता चल जाता है कि १८७० और १९१० के बीच भारत में और योरप के प्रमुख देशों में आबादी किस रफ़्तार से बढ़ी है

	प्रतिशत बढ़ती
भारत	१८·९
इगलैंड और वेल्स	५८·०
जर्मनी	५९·०
बेल्जियम	४७·८
हालैंड	६२·०
रूस	७३·९
योरप का औसत	४५·४

एक फ्रास को छोड़कर, बाकी सभी योरपीय देशों के मुकाबले भारत में आबादी के बढ़ने की रफ्तार कम रही है।

यदि १८७१ से १९४१ तक के काल को लिया जाय, तो पता चलता है कि भारत में आबादी के बढ़ने की रफ्तार ५२ प्रतिशत रही, जब कि उसके मुकाबले ब्रिटिश द्वीपों में आबादी में ५७ प्रतिशत की बढ़ती हुई।

> "१८७१ से लेकर १९४१ तक भारत की आबादी के बढ़ने की औसत रफ्तार लगभग ०.६० प्रतिशत सालाना रही। १८५० से लेकर १९४० तक के काल में पूरी दुनिया की आबादी के बढ़ने की रफ़्तार का जो अनुमान लगाया गया है (यानी ०.६९ प्रतिशत), उससे भारत की रफ्तार थोड़ी कम थी।" (प्रोफ़ेसर किंग्सले डेविस, **भारत और पाकिस्तान की आबादी, १९५१**)

१६३१ में केन्द्रीय बैंकिंग जाच समिति को भी यह आवश्यकता महसूस हुई कि भारत की गरीबी का कारण जरूरत से ज्यादा आबादी को बताने की जो प्रथा चली आ रही थी, उसका अपनी रिपोर्ट में खडन करे। उसने लिखा :

> "इन परिस्थितियो का केवल एक यही कारण नही है कि आबादी अनुचित रूप से बढ़ गयी है और उसके फलस्वरूप जमीन पर आबादी का दबाव बढ गया है। भारत की आबादी की इंगलैंड की आबादी से तुलना कीजिए। हमारे पास दोनों देशों के तीन दशको के आकड़े मौजूद हैं। उनको देखने पर पता चलता है कि इंगलैंड और वेल्स की आबादी मे १८६१ और १६०१ के बीच १२·१७% की बढती हुई थी, १६०१ और १६११ के बीच १०·६१% की, और १६११ और १६२१ के बीच ४·८% की। इसके मुकाबले में ब्रिटिश भारत की आबादी में क्रमश: २·४%, ५·५% और १·३% की बढती हुई थी।"

आबादी का घनापन कितना था ? १६४१ मे पूरे भारत मे २४६ आदमी प्रति वर्ग-मील की आबादी थी, जब कि इगलैंड और वेल्स में ७०३, बेल्जियम में ७०२, हालैंड में ६३६ और जर्मनी में ३४८ आदमी प्रति वर्ग-मील की आबादी थी।

क्या आबादी की बढती खाने-पीने की चीजो की पैदावार की बढती मे आगे निकल गयी है ? भारत में हालाकि खेती के विकास की तरफ मुजरिमाना लापरवाही बरती गयी है, और जितनी जमीन पर खेती हो सकती हैं, उसके सिर्फ एक हिस्से पर ही खेती होती है, फिर भी आधुनिक काल के जो आकडे मिलते हैं, उनसे यह बात नही निकलती कि आबादी की बढती, पैदावार की बढती से आगे निकल गयी हो। देश मे पैदा होनेवाली खाने-पीने की चीजों की कुल मात्रा अब भी बहुत अपर्याप्त है। लेकिन इसका कारण यह नहीं है कि आबादी की बढ़ती ने पैदावार की बढती को पीछे छोड दिया है, बल्कि इसका कारण यह है कि भारत में पैदावार के अब भी बहुत पिछडे हुए तरीके बरते जाते हैं, यहा जमीन के स्वामित्व का पुराना ढर्रा आज भी कायम है, और तरह-तरह के भारी बोझों ने खेती की कमर तोड रखी है।

१८६१ और १६२१ के बीच आबादी ६·३ प्रतिशत बढी। इसी काल मे वह रकबा जिस पर अनाज बोया जाता था, १६ प्रतिशत यानी आबादी की बढती के मुकाबले दुगनी रफ्तार मे बढ गया। १६२१ से १६३१ तक के काल के लिए हमारे पास प्रोफ़ेसर पी. जे. थोमस के आकडे है। उनके अनुसार, इस काल की आबादी मे जब कि १०·४ प्रतिशत की बढती हुई, तब खेती की पैदावार मे १६ प्रतिशत की और औद्योगिक पैदावार मे ५१ प्रतिशत की बढती हो गयी।

प्रोफेसर राधाकमल मुकर्जी माल्थस के पक्के शिष्य हैं, लेकिन वह भी यह मानने पर मजबूर हैं कि "आबादी में जितनी बढ़ती हुई है, उससे खेतों की कुल पैदावार की बढ़ती आगे निकल गयी है।" (१६३८)

भारत की मौजूदा हालतों में, जब कि जमीन पर एक खास किस्म का स्वामित्व कायम है और किसानों को केवल कुछ विशेष प्रकार के सीमित अधिकार ही प्राप्त हैं, जब कि पैदावार का ढर्रा बाबा आदम के जमाने का है और तरह-तरह के मुफ्तखोर किसानों की पीठ पर चढ़े हुए हैं, और जब कि देश में जितने लोग मेहनत करने की स्थिति में हैं, उनका अपव्यय हो रहा है—ऐसी हालतों में यहां जीवन-निर्वाह के जितने साधन पैदा होते हैं, वे जनता की आवश्यकताओं के लिए काफी हैं, यह कोई नहीं कहता। नहीं, मौजूदा पैदावार तो बहुत ही नाकाफी है। डॉ. ऐकरॉयड ने (१६४१ में) बताया है कि मर्द हो या औरत, यदि कोई व्यक्ति बिना मशक्कत किये साधारण ढंग का जीवन बिताता है, तो उसे हजम हो जानेवाले भोजन के रूप में रोजाना २,४०० कैलोरी जीवन-शक्ति मिलनी चाहिए, मगर भारत में लाखों और करोड़ों लोग ऐसे हैं जिनको केवल १,७५० कैलोरी रोजाना ही मयस्सर होती है। इसके अलावा, चर्बीवाले पदार्थों, प्रोटीनवाले पदार्थों, और शरीर की रक्षा करनेवाले पदार्थों की आम तौर पर भोजन में सख्त कमी रहती है।

इन तथ्यों से भारत की उस मौजूदा सामाजिक तथा आर्थिक व्यवस्था का दिवालियापन साबित हो जाता है, जो यहां के बेशुमार प्राकृतिक साधनों को जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए विकसित नहीं करती। लेकिन इन तथ्यों से यह नहीं साबित होता कि भारत की आबादी जरूरत से ज्यादा बढ़ गयी है। इसके विपरीत, सभी विशेषज्ञ यह बात मानते हैं कि यदि भारत के साधनों का सही ढंग से उपयोग किया जाय, तो आज इस देश की जितनी आबादी है, या निकट भविष्य में कभी भी जितनी हो सकती है, उससे कहीं बड़ी आबादी इन साधनों के सहारे बड़ी खुशहाल जीवन बिता सकती है। भारत में आज खेती के लायक जितनी जमीन है, उसका लगभग एक-तिहाई भाग अभी तक तोड़ा नहीं गया है। और जिस भाग पर खेती होती भी है, उसे ऐसी आदिम ढंग की पिछड़ी हुई परिस्थितियों में जोता-बोया जाता है कि बहुत ही कम पैदावार होती है। यदि गेहूं की फसल को लें, तो इंगलैंड और स्काटलैंड में कम आदमियों से काम लेते हुए फी एकड़ जितनी उपज होती है, भारत में उसकी लगभग एक-तिहाई उपज होती है।

साम्राज्यवाद के अर्थशास्त्री और साम्राज्यवाद के प्रचारक किस तरह असली सवाल से साफ कन्नी काट जाते हैं, उसकी सबसे अच्छी मिसाल यहीं मिलती है। ये लोग कहते हैं कि "मौजूदा हालतों में" होनेवाली पैदावार

नाकाफी है और इसलिए भारत में "जरूरत से ज्यादा आबादी" है। "मौजूदा हालतों में" कहने का यह मतलब हुआ कि ये महानुभाव यह मानकर चलते हैं कि भारतीय जनता पर लदा हुआ साम्राज्यवादी और सामन्ती बोझा, सूदखोर महाजनों की लूट, विकास का गला घोंटा जाना, और आर्थिक अव्यवस्था, आदि भगवान के दिये हुए ऐसे वरदान हैं—जो जैसे आज हैं सदा वैसे ही बने रहेंगे। डॉ. एन्स्टे ने भी इसी तरह की दलीलें दी हैं। और भारत में खेती की जांच करने के लिए जो भारी-भरकम शाही कमीशन नियुक्त किया गया था, उसे जमीन के स्वामित्व, किसानों के अधिकारों तथा लगान और मालगुजारी की व्यवस्था जैसे बुनियादी सवालों की जांच करने की मनाही कर दी गयी थी।

१९३३ में लन्दन के स्वास्थ्य विज्ञान तथा उष्ण कटिबंध की बीमारियों के स्कूल में "एशिया में गर्भ-निरोध" पर विचार करने के लिए जो सम्मेलन हुआ था, उसके अध्यक्ष ने कहा था कि डॉ. कुक्जिस्की "आबादी की समस्याओं के जीवित विद्वानों में सबसे अधिक प्रतिष्ठित और अधिकारी विद्वान हैं।" इन्हीं डॉ. कुक्जिस्की ने इस सम्मेलन में भारत सम्बधी इस मिथ्या धारणा का निर्ममता से खंडन किया था। उन्होंने कहा था :

> "इन चीजों की तरफ हमें स्थिर और अपरिवर्तनवादी दृष्टिकोण से नहीं देखना चाहिए। हमसे कहा जाता है कि भारत में इस समय २० करोड़ एकड़ जमीन पर खेती हो रही है, और उसकी आबादी को अच्छी तरह खिलाने के लिए ३५·३ करोड़ एकड़ जमीन पर खेती करने की आवश्यकता है। लेकिन इतनी सारी जमीन पर खेती करना क्यों आवश्यक है, और किन परिस्थितियों में इतनी सारी जमीन पर खेती करना आवश्यक है? वह तभी आवश्यक है जब हम रासायनिक खादों का इस्तेमाल नहीं करें और जब हम खेती में सुधार नहीं करें। जिस आदमी को आधुनिक खेती का जरा भी ज्ञान है, वह इस बात से इनकार नहीं कर सकता कि २० करोड़ एकड़ जमीन पर सभी भारतीयों के लिए ढेरों खाने-पीने की चीजें पैदा की जा सकती हैं; और इसके लिए हमें भारतीय किसानों को कोई बहुत शिक्षा देने की भी आवश्यकता न होगी। एक-दो साल में वे आसानी से जितना सीख सकते हैं, उतना ही इसके लिए पर्याप्त होगा। जिस प्रकार स्वास्थ्य-रक्षा के उपाय के जरिए भारत में मौतों की ऊंची रफ्तार को कम किया जा सकता है, उसी प्रकार खेती में सुधार करके खाने-पीने की चीजों के अभाव को दूर किया जा सकता है।"

भारत और योरप के देशों में निर्णायक भेद आबादी के बढ़ने की रफ्तार का नहीं है। आबादी के बढ़ने की रफ्तार तो योरप के देशों में यहां से ऊंची

प्रोफेसर राधाकमल मुकर्जी माल्थस के पक्के शिष्य हैं, लेकिन वह भी यह मानने पर मजबूर हैं कि "आबादी में जितनी बढती हुई है, उससे खेती की कुल पैदावार की बढती आगे निकल गयी है।" (१९३८)

भारत की मौजूदा हालतों में, जब कि जमीन पर एक खास किस्म का स्वामित्व कायम है और किसानों को केवल कुछ विशेष प्रकार के सीमित अधिकार ही प्राप्त हैं, जब कि पैदावार का ढर्रा बाबा आदम के जमाने का है और तरह-तरह के मुफ्तखोर किसानों की पीठ पर चढ़े हुए हैं, और जब कि देश में जितने लोग मेहनत करने की स्थिति में है, उनका अपव्यय हो रहा है—ऐसी हालतो में यहां जीवन-निर्वाह के जितने साधन पैदा होते हैं, वे जनता की आवश्यकताओं के लिए काफी हैं, यह कोई नहीं कहता। नहीं, मौजूदा पैदावार तो बहुत ही नाकाफी है। डॉ. ऐकरॉयड ने (१९४१ में) बताया है कि मर्द हो या औरत, यदि कोई व्यक्ति बिना मसक्कत किये साधारण ढग का जीवन बिताता है, तो उसे हजम हो जानेवाले भोजन के रूप में रोजाना २,४०० कैलोरी जीवन-शक्ति मिलनी चाहिए, मगर भारत में लाखों और करोड़ों लोग ऐसे हैं जिनको केवल १,७५० कैलोरी रोजाना ही मयस्सर होती है। इसके अलावा, चर्बीवाले पदार्थों, प्रोटीनवाले पदार्थों, और शरीर की रक्षा करनेवाले पदार्थों की आम तौर पर भोजन में सख्त कमी रहती है।

इन तथ्यों से भारत की उस मौजूदा सामाजिक तथा आर्थिक व्यवस्था का दिवालियापन साबित हो जाता है, जो यहां के बेशुमार प्राकृतिक साधनों को जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए विकसित नहीं करती। लेकिन इन तथ्यों से यह नहीं साबित होता कि भारत की आबादी जरूरत से ज्यादा बढ गयी है। इसके विपरीत, सभी विशेषज्ञ यह बात मानते हैं कि यदि भारत के साधनों का सही ढग से उपयोग किया जाय, तो आज इस देश की जितनी आबादी है, या निकट भविष्य में कभी भी जितनी हो सकती है, उससे कही बडी आबादी इन साधनों के सहारे बड़ी खुशहाल जीवन बिता सकती है। भारत में आज खेती के लायक जितनी जमीन है, उसका लगभग एक-तिहाई भाग अभी तक तोड़ा नहीं गया है। और जिस भाग पर खेती होती भी है, उसे ऐसी आदिम ढंग की पिछडी हुई परिस्थितियों में जोता-बोया जाता है कि बहुत ही कम पैदावार होती है। यदि गेहूं की फसल को ले, तो इगलैंड और स्काटलैंड में कम आदमियों से काम लेते हुए फी एकड जितनी उपज होती है, भारत में उसकी लगभग एक-तिहाई उपज होती है।

साम्राज्यवाद के अर्थशास्त्री और साम्राज्यवाद के प्रचारक किस तरह असली सवाल से साफ कन्नी काट जाते हैं, उसकी सबसे अच्छी मिसाल यही मिलती है। ये लोग कहते है कि "मौजूदा हालतों में" होनेवाली पैदावार

नाकाफ़ी है और इसलिए भारत में "ज़रूरत से ज्यादा आबादी" है। "मौजूदा हालतो मे" कहने का यह मतलब हुआ कि ये महानुभाव यह मानकर चलते हैं कि भारतीय जनता पर लदा हुआ साम्राज्यवादी और सामन्ती बोझा, सूदखोर महाजनो की लूट, विकास का गला घोटा जाना, और आर्थिक अव्यवस्था, आदि भगवान के दिये हुए ऐसे वरदान हैं—जो जैसे आज हैं सदा वैसे ही बने रहेंगे। डॉ. एंस्टे ने भी इसी तरह की दलीलें दी हैं। और भारत में खेती की जांच करने के लिए जो भारी-भरकम शाही कमीशन नियुक्त किया गया था, उसे जमीन के स्वामित्व, किसानों के अधिकारों तथा लगान और मालगुज़ारी की व्यवस्था जैसे बुनियादी सवालों की जाच करने की मनाही कर दी गयी थी।

१६३३ में लन्दन के स्वास्थ्य विज्ञान तथा उष्ण कटिबंध की बीमारियों के स्कूल में "एशिया में गर्भ-निरोध" पर विचार करने के लिए जो सम्मेलन हुआ था, उसके अध्यक्ष ने कहा था कि डॉ. कुक्जिस्की "आबादी की समस्याओं के जीवित विद्वानों में सबसे अधिक प्रतिष्ठित और अधिकारी विद्वान हैं।" इन्ही डॉ. कुक्जिस्की ने इस सम्मेलन में भारत सम्बंधी इस मिथ्या धारणा का निर्ममता से खंडन किया था। उन्होंने कहा था :

> "इन चीजों की तरफ हमें स्थिर और अपरिवर्तनवादी दृष्टिकोण से नही देखना चाहिए। हमसे कहा जाता है कि भारत मे इस समय २० करोड़ एकड़ जमीन पर खेती हो रही है, और उसकी आबादी को अच्छी तरह खिलाने के लिए ३५·३ करोड़ एकड़ जमीन पर खेती करने की आवश्यकता है। लेकिन इतनी सारी ज़मीन पर खेती करना क्यों आवश्यक है, और किन परिस्थितियो मे इतनी सारी जमीन पर खेती करना आवश्यक है? वह तभी आवश्यक है जब हम रासायनिक खादो का इस्तेमाल नही करे और जब हम खेती मे सुधार नही करें। जिस आदमी को आधुनिक खेती का ज़रा भी ज्ञान है, वह इस बात से इनकार नही कर सकता कि २० करोड़ एकड़ ज़मीन पर सभी भारतीयो के लिए ढेरों खाने-पीने की चीज़े पैदा की जा सकती हैं; और इसके लिए हमे भारतीय *किसानो को कोई बहुत शिक्षा देने की भी आवश्यकता न होगी। एक-दो* साल में वे आसानी से जितना सीख सकते हैं, उतना ही इसके लिए पर्याप्त होगा। जिस प्रकार स्वास्थ्य-रक्षा के उपाय के जरिए भारत में मौतो की ऊची रफ़्तार को कम किया जा सकता है, उसी प्रकार खेती मे सुधार करके खाने-पीने की चीज़ो के अभाव को दूर किया जा सकता है।"

भारत और योरप के देशों में निर्णायक भेद आबादी के बढने की रफ़्तार का नही है। आबादी के बढ़ने की रफ़्तार तो योरप के देशो मे यहा से ऊची

है। भारत और योरप की हालतों में जो भेद है, वह इस कारण पैदा हुआ है कि योरप में जो आर्थिक विकास तथा उत्पादन का विस्तार हो चुका है और जिसने आबादी के तेजी से बढ़ने के लिए उपयुक्त परिस्थितियां पैदा कर दी हैं, वह आर्थिक विकास और उत्पादन का विस्तार भारत में नहीं हुआ है; बल्कि जैसा कि हम आगे देखेंगे, वह ब्रिटिश पूंजीवाद की कार्रवाइयों के कारण और उसकी जरूरतों को पूरा करने के लिए रोक दिया गया है। इसीका नतीजा है कि आबादी के एक अधिकाधिक बढ़ते हुए भाग को लाचार होकर आदिम ढंग की, बहुत ही पिछड़ी हुई और तरह-तरह के बोझों से दबी हुई खेती का सहारा लेना पड़ता है। एक ओर देश की दौलत खिंचकर बाहर चली गयी है और औद्योगिक विकास तथा तरक्की के अन्य रास्ते बन्द कर दिये गये हैं; और दूसरी ओर, उस खेती की भी कमर तोड़ दी गयी जिसे अधिकांश जनता के लिए जीवका का एकमात्र साधन बना दिया गया है। खेती की ओर भी लापरवाही दिखायी जा रही है, उसका भी पतन हो रहा है।

भारत के लोगों की भयंकर ग़रीबी का यही रहस्य है। उसका कोई ऐसा प्राकृतिक कारण नहीं है जो मनुष्य की क्षमता या नियंत्रण के बाहर हो। न ही उसका कारण आबादी के बढ़ने की मनगढ़ंत कहानी है। उसका कारण वे सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियां हैं, जो साम्राज्यवादी शासन से उत्पन्न हुई हैं। इसके प्रमाण, और उन प्रमाणों से निकलनेवाले राजनीतिक निष्कर्ष को हम आनेवाले अध्यायों में पेश करेंगे।

तीसरा अध्याय

दो दुनियाएं

१९१७ के पहले यह दलील देना सम्भव था कि भारत के साधनों का विकास न करने और जनता का स्तर ऊपर न उठाने के लिए सिद्धान्त की दृष्टि से साम्राज्यवाद की निन्दा करना, एक कल्पनावादी दृष्टिकोण से आलोचना करने के समान है। उस समय तक यह कहना मुमकिन था कि जो लोग इस तरह की आलोचना करते हैं, वे यह नहीं देखते कि हद से ज्यादा अविकसित उत्पादन कौशल और एक विशाल, पिछड़ी हुई तथा मुख्यतया निरक्षर जनसंख्या के कारण किसी भी एशियाई देश के विकास के रास्ते में कितनी भयानक कठिनाइयों का *सामना करना पड़ता है। लेकिन आज इस तरह की दलील देने का कोई साहस* नहीं कर सकता। ख़ास तौर पर १९१७ के बाद से सोवियत संघ में समाजवादी क्रान्ति ने जो सफलताएं प्राप्त की हैं, और एक ऐसे विशाल देश में जहां उत्पादन का कौशल बहुत ही पिछड़ा हुआ था, हद दर्जे की अव्यवस्था फैली हुई थी, लोग प्रायः निरक्षर थे, और जहां योरपीय तथा एशियाई दोनों तरह की कौमें रहती थीं, उसने जैसे महान परिवर्तन कर दिखाये हैं, उनसे सबके सामने इस बात का एक व्यावहारिक उदाहरण पेश हो गया है कि ऐसे देशों में भी क्या किया जा सकता है। सोवियत संघ का अनुभव सभी देशों की जनता की आंखें खोल रहा है, और भारत की जनता इस चीज़ से अलग नहीं है।

१. समाजवाद और साम्राज्यवाद के बीस वर्ष

समाजवादी क्रान्ति की विजय के पैंतीस वर्ष बाद, १९५३ के आते-आते, सोवियत संघ और भारत के आर्थिक विकास में जो भयानक अन्तर दिखाई देता है, वह दर्शक को चकित कर देता है। सोवियत संघ आज दुनिया की उत्पादक शक्तियों की सबसे अगली पांत में, अमरीका के साथ खड़ा हुआ है, और उसने उन

तमाम देशों को पीछे छोड़ दिया है, जहां आधुनिक उद्योग-धंधों का विकास बहुत पहले शुरू हो गया था। भारत आज भी दुनिया के औपनिवेशिक तथा अर्ध-औपनिवेशिक देशों के निचले आर्थिक स्तर पर पड़ा हुआ है।

इस पूरे काल में दोनों देशों का कितना विकास हुआ, इसकी आकड़ों के द्वारा तुलना करना किसी हद तक कठिन है, क्योंकि १६४७ के पहले के संयुक्त भारत के अलग-अलग क्षेत्रों के और १६४७ के बाद के भारत और पाकिस्तान के कोई ऐसे आकड़े नहीं मिलते जिनकी सोवियत संघ के आकड़ों से तुलना की जा सके। लेकिन यदि हम दूसरे महायुद्ध के पूर्व के बीस वर्षों के आकड़ों को लें, और कभी-कभार बाद के आकड़ों पर भी एक नजर डाल लें, तो साम्राज्यवाद और समाजवाद के अन्तर्गत होनेवाले विकास का तुलनात्मक अध्ययन ज्यादा सही ढग से किया सकता है।

इस तुलनात्मक अध्ययन के लिए हम १६१७ के जारशाही रूस को नहीं लेंगे, जब कि उसकी पूरी व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गयी थी, हालाकि समाजवादी शासन को देश इसी हालत मे मिला था। बल्कि हम १६१३–१४ के जारशाही रूस को लेंगे जब कि वह उन्नति के शिखर पर था और उसका मुकाबला १६३७ के रूस से करेंगे। उससे हमें मालूम हो जायगा कि बीस वर्ष में समाजवाद ने देश का क्या किया। उसके बाद हम पहले महायुद्ध के पहले के, यानी १६१४ के भारत को लेंगे और देखेंगे कि बीस वर्ष मे, यानी बीसवी सदी के चौथे दशक तक, साम्राज्यवाद ने क्या करके दिखाया। अन्त मे, हम एक और भी अधिक उपयोगी तुलना करेंगे। हम देखेंगे कि इसी काल मे सोवियत संघ के मध्य-एशियाई प्रजातंत्रो मे कितना विकास हुआ है। इन प्रजातंत्रो मे वे तमाम विशेष कठिनाइयां और समस्याएं मौजूद थी जो भारत में पायी जाती हैं और वहा की जनता के विकास का साधारण स्तर शुरू में भारत से कही अधिक पिछड़ा हुआ था।

उत्पादक शक्तियो के विकास की जो मूल कसौटी है, हम यहा उसी बात से आरम्भ करेंगे।

सोवियत संघ में औद्योगिक पैदावार का सूचक अंक १६१३ में १०० था; १६३७ तक वह बढकर ८१६ (और १६५१ तक २,४१२) हो गया। राष्ट्र की कुल पैदावार मे उद्योग-धधो की पैदावार का भाग १६१३ मे ४२ प्रतिशत था। १६३७ तक वह बढकर ७७ प्रतिशत हो गया, यानी रूस जो पहले प्रधानतया खेतिहर देश था, वह प्रधानतया औद्योगिक देश बन गया। देश मे कुल जितने काम करनेवाले लोग थे १६१३ में उनके १६ प्रतिशत लोग कल-कारखानो मे काम करते थे, १६३७ तक ३१ प्रतिशत लोग कल-कारखानो में काम करने लगे। १६१३ मे राष्ट्रीय आय (यदि १६२६–२७ के दामो को आधार माना

जाय तो) २१ अरब रूबल थी; १९३७ तक वह बढकर ९६ अरब रूबल हो गयी, अर्थात पहले से साढे चार-गुनी हो गयी। फिर १९५१ तक राष्ट्रीय आय १९३८ की सवा दो-गुनी हो गयी; यानी १९१३ से १९५१ तक राष्ट्रीय आय दस-गुनी हो गयी।

भारत मे अभी हाल तक औद्योगिक पैदावार का, या कुल राष्ट्रीय उत्पादन अथवा राष्ट्रीय आय का साधारण सूचक अक निकालने का कोई प्रयत्न ही नही किया गया था। मुख्य उद्योगो मे औद्योगिक पैदावार का सूचक अंक निकालने का एक गैर-सरकारी प्रयत्न डी. बी. मीक ने किया था। उन्होने १९१०–११ से लेकर १९१४–१५ तक के पाच वर्षों के सूचक अक को १०० मानकर हिसाब लगाया था कि १९३२–३३ का सूचक अक १५६ था, यानी कुल ५६ प्रतिशत बढती हुई थी, जो कि सोवियत सघ मे हुई बढ़ती की रफ़्तार का सोलहवां हिस्सा होती है। १९११ और १९२१ मे जन-गणना के साथ-साथ उद्योग-धंधो में काम करनेवालो की भी गणना हुई थी, हालाकि १९३१ मे वह नही हुई। उससे पता चला था कि "सगठित उद्योगो" मे, अथवा २० से अधिक मज़दूरो से काम लेनेवाले कारखानो मे, १९११ में २१ लाख आदमी काम करते थे, और १९२१ तक उनकी सख्या २६ लाख हो गयी थी। इसका मतलब यह हुआ कि ऐसे मजदूरो की सख्या मे हर साल २·४ प्रतिशत की बढ़ती होती थी, जो यदि २० वर्ष तक बराबर होती रहती, तो कुल ४८ प्रतिशत की बढती के बराबर होती (असल में, युद्ध और उसके तुरन्त बाद के वर्षों में बढती की जो रफ्तार थी, वह उसके बाद क़ायम नही रही)। यह सोवियत बढती की रफ़्तार का उन्नीसवा भाग होती है। सरकारी कागजो में उद्योग-धंधो मे काम करनेवाले मजदूरो की सख्या १९११ मे १७५ लाख बतायी गयी थी और १९३१ मे १५३ लाख, जिसका मतलब यह हुआ कि आबादी के बढने के बावजूद उद्योग-धधो में काम करनेवाले मजदूरों की सख्या में निर्पेक्ष रूप से १२.६ प्रतिशत की कमी हो गयी। यह इस बात की झलक थी कि छोटे पैमाने के हाथ के उद्योग अब भी नष्ट होते जा रहे थे, और उसके अनुरूप आधुनिक उद्योगों का विकास नही हो रहा था। इसका परिणाम यह हुआ कि खेती पर निर्भर करनेवाले लोगों की संख्या, जो कि १९११ में कुल आबादी की ७२ प्रतिशत थी, १९२१ में बढ़कर ७३ प्रतिशत हो गयी, और १९३१ मे भी इसी स्तर पर रही, लेकिन उद्योग-धधो मे काम करनेवालो की संख्या, जो कि १९११ में कुल काम करने वालों की सख्या की ११.७ प्रतिशत थी, १९३१ तक १० प्रतिशत रह गयी (बाद के आकडो के लिए पृष्ठ ७८ देखिए)।

यह तो हुआ साधारण चित्र। दोनो देशो की सबसे महत्वपूर्ण भौतिक उपज के आकड़ो की और सही-सही तुलना करके इस चित्र को और ठोस बनाया

जा सकता है। जिन बीस वर्षों की हम चर्चा कर रहे थे, उनमें भारत में कोयले की पैदावार में ३४ प्रतिशत की बढ़ती हुई, जब कि रूस में इन्हीं वर्षों में ३४० प्रतिशत की बढ़ती हुई थी। इस्पात की पैदावार भारत में युद्ध के पहले आरम्भ ही हुई थी, और १९३४–३५ तक वह १० लाख टन तक नहीं पहुंची थी। सोवियत संघ में इस्पात की पैदावार १९३७ तक १७५ लाख टन तक पहुंच गयी थी, जो कि युद्ध के पहले की पैदावार से १३० लाख टन ज्यादा थी। १९५२ तक सोवियत सघ की इस्पात की पैदावार ३५० लाख टन तक पहुंच गयी, जब कि भारत में उसकी पैदावार १९५१ में भी केवल १५ लाख टन ही थी। १९१३ में रूस में १९० करोड़ किलोवाट-घंटे बिजली तैयार होती थी; १९३७ तक वहां ३,६५० करोड़ किलोवाट-घंटे बिजली तैयार होने लगी। भारत में इस काल में कितनी बिजली तैयार होती थी, इसके कोई आंकड़े नहीं मिलते, हालांकि इतना मालूम है कि १९३५ में अनुमान लगाया गया था कि यहां २५० करोड़ किलोवाट-घंटे बिजली पैदा होती है। १९५२ तक सोवियत संघ में बिजली की पैदावार ११,७०० करोड़ किलोवाट-घंटे तक पहुंच गयी थी, जब कि भारत में वह १९५२ तक केवल ६२१ करोड़ किलोवाट-घंटे तक ही पहुंची थी। यानी सोवियत संघ में भारत से उन्नीस-गुनी अधिक बिजली तैयार होती थी।

खेती के क्षेत्र मे यह अन्तर और भी तीखा हो जाता है, क्योंकि सोवियत सघ की अधिकतर आबादी में जो रूपान्तर हुआ है, उसका मौलिक महत्व है। जारशाही रूस में गरीबी के मारे, ज़मीन के भूखे किसान सदा ज़मींदारो, सूदखोर महाजनों और धनी किसानो की दया पर निर्भर रहते थे। आज वे ही सामूहिक खेती करनेवाले स्वतत्र और समृद्ध किसान बन गये हैं और वे अपने बड़े पैमाने के पंचायती खेतों पर अधिक से अधिक उन्नत मशीनों और कौशल का प्रयोग करते हुए खेती करते हैं। जब से खेतों का सामूहीकरण पूरा हुआ, तब से पाच बरस के अन्दर इन किसानों ने अपनी नक़द आय तिगुनी कर ली थी। १९१३ और १९३७ के बीच सोवियत सघ मे फ़सल के रक़बे में एक-तिहाई की बढती हुई, अनाज की फसल डेढ़-गुनी हो गयी, और कपास की पैदावार साढ़े तीन-गुनी हो गयी। भारत में खेती का संकट वर्ष-प्रति-वर्ष अधिक गहरा होता जा रहा है। अगले अध्यायों में हम उसका विस्तार से अध्ययन करेंगे। ज़मींदारों, सूदखोर महाजनो और तहसील उगाहनेवालो के मिले-जुले दबाव ने किसानों की कमर तोड़ दी है, उनका दिवाला निकाल दिया है, और अधिकाधिक किसानों की ज़मीनें छिनती जा रही हैं। जिस काल पर हम विचार कर रहे हैं, उस काल में फसल के रकबे और फ़सल के परिमाण में जो बढती हुई है, वह आबादी की बढती से मुश्किल से ही बढ़ पायी है।

आइए, अब हम उन सामाजिक उपायों पर विचार करें जो इन दोनों देशों में राज्यों ने शिक्षा, स्वास्थ्य और जन-कल्याण के लिए किये हैं।

जारशाही रूस में ७८ प्रतिशत से अधिक आबादी निरक्षर थी। १९३० में सोवियत सरकार ने एक आदेश के द्वारा सार्वजनिक अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा की स्थापना की और १९३४ के आदेश के द्वारा सभी लोगों के लिए सात वर्ष की शिक्षा अनिवार्य बना दी गयी। अब वहां के सभी बड़े शहरों में सार्वजनिक माध्यमिक शिक्षा (अर्थात दस वर्ष की शिक्षा जो सत्रह वर्ष की आयु तक चलती है) अनिवार्य कर दी गयी है। १९६० तक वह देश के सभी हिस्सों में अनिवार्य हो जायगी। भारत मे १९११ में ९४ प्रतिशत लोग निरक्षर थे और १९३१ तक भी ९२ प्रतिशत लोग निरक्षर रहे। १९५१ तक निरक्षर लोगों की संख्या थोड़ी कम होकर ८४ प्रतिशत हो गयी। सोवियत संघ में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करनेवाले बच्चों की संख्या १९३७ में कुल आबादी की १७·२ प्रतिशत थी। भारत में जिन बच्चों को सरकारी कागजों में किसी भी प्रकार की शिक्षा प्राप्त करते हुए दिखाया गया है, उनकी संख्या १९३४–३५ में कुल आबादी की ४·९ प्रतिशत थी। लेकिन जांच करने पर प्रकट हुआ कि जिन बच्चों को केवल चार वर्ष की सीमित प्राथमिक शिक्षा मिल रही थी, उनकी भी असली संख्या कुल आबादी की केवल ०·८ प्रतिशत थी। यदि विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा-संस्थाओं के विद्यार्थियों की संख्या को लिया जाय तो १९३४–३५ के ब्रिटिश भारत में कुल आबादी के साथ उसका जो अनुपात था, वह १९३७ के सोवियत अनुपात का आठवां हिस्सा होता था। औद्योगिक कौशल की शिक्षा का किसी भी अविकसित देश के लिए बड़ा महत्व होता है। इस क्षेत्र में, भारत में कुल आबादी के अनुपात में विद्यार्थियों की संख्या सोवियत संघ की संख्या का ७८वां हिस्सा थी।

जहां तक अखबारों और प्रकाशनों का सम्बंध है, इन बीस वर्षों में सोवियत संघ में अखबारों की संख्या ८५९ से बढ़कर ८,५२१ हो गयी थी, जब कि भारत में यह ८२७ से बढ़कर १,७४८ ही हुई थी; और सोवियत संघ में पुस्तकों की संख्या ८६७ लाख से बढ़कर ६,७३० लाख तक पहुंच गयी थी, जब कि भारत में पुस्तकों की संख्या में बीस बरस के अरसे में केवल एक-तिहाई की बढ़ती हुई थी।

जारशाही रूस में १९१३ में जन-स्वास्थ्य पर १,२८० लाख रूबल खर्च किये गये थे। सोवियत संघ में १९२८ में इस मद पर ६,९९० लाख रूबल और १९३७ में ९०,५०० लाख रूबल खर्च किये गये; यानी इस मद के खर्चे में सत्तर-गुनी बढ़ती हुई। और १९५२ तक तो इस मद का खर्चा २२८,००० लाख रूबल तक पहुंच गया। भारत में केन्द्रीय सरकार और प्रांतीय सरकारें

सब मिलाकर सार्वजनिक स्वास्थ्य पर जो खर्चा करनी थी, वह १९२१–२२ में ४७३ लाख रुपये बैठा था और १९३५–३६ में ५७२ लाख रुपये। १९१३ में जारशाही रूस के अस्पतालों में १३८,००० बीमारों के रहने का इन्तजाम था; १९३७ तक सोवियत रूस के अस्पतालों में ५८३,००० बीमारों के रहने का इन्तजाम हो गया। ब्रिटिश भारत में १९१४ में ४८,४३५ बीमारों के रहने का इन्तजाम था, और १९३४ तक केवल ७२,७७१ बीमारों के रहने का इन्तजाम हो पाया। जारशाही रूस में १९१३ में मृत्यु-संख्या २८·३ फी हजार थी। भारत में १९१४ में मृत्यु-संख्या ३० फी हजार थी; यानी, दोनों देशों में मृत्यु-संख्या लगभग बराबर थी। लेकिन सोवियत संघ में यह गिरकर १९२६ में २०.६ फी हजार पर आ गयी, जब कि भारत में वह उस साल भी २६·७ फी हजार रही। १९५३ तक सोवियत संघ में मृत्यु-संख्या ८.६ फी हजार रह गयी, लेकिन १९४६ तक वह भारत में १६ फी हजार बनी रही। या सार्वजनिक सफाई और छूत की बीमारियों पर उसके प्रभाव को लीजिए। १९१३ और १९२६ के बीच सोवियत संघ में टाइफस बुखार में ७२ प्रतिशत की कमी हो गयी, डिप्थीरिया में ८० प्रतिशत की, और चेचक में ६० प्रतिशत की। भारत में टाइफस बुखार और डिप्थीरिया के कोई आंकड़े नहीं मिलते। चेचक से होनेवाली मौतों में वहां १९१४ और १९३४ के बीच केवल इतनी कमी आयी कि उनकी संख्या आबादी के अनुपात में ३२ फी १० हजार से ३० फी १० हजार हो गयी। जारशाही रूस में १९१३ में डॉक्टरों की संख्या १९,८०० थी। सोवियत रूस में १९३७ तक उनकी संख्या ६७,००० हो गयी। भारत में १९३४–३५ में जितने डॉक्टर विश्वविद्यालयों से परीक्षा पास करके निकले थे, उनकी कुल तादाद ६३० थी, जिसमें इंगलैंड में शिक्षा लेकर लौटनेवाले चन्द लोग और जोड़े जा सकते थे।

अन्त में, हम मजदूरों की हालत पर विचार कर लें। सोवियत संघ में १९२२ में सब उद्योगों में आठ घंटे का दिन जारी किया गया और १९२७ में सब उद्योगों में सात घंटे का दिन। खतरनाक पेशों में या जमीन के नीचे काम करनेवाले मजदूरों के लिए, दिमाग से काम करनेवालों के लिए और १६ तथा १८ वर्ष के बीच के नाबालिगों के लिए उसी साल छः घंटे का दिन नियत किया गया (युद्ध आरम्भ होने तक यह व्यवस्था कायम रही)। वहां १४ वर्ष से कम के बच्चे किसी भी हालत में नौकर नहीं रखे जा सकते, और १४ से १६ साल के बच्चों से केवल कुछ विशेष परिस्थितियों में ही काम लिया जा सकता है, और वह भी ४ घंटे से ज्यादा नहीं।

भारत में १९२२ के फैक्टरी एक्ट के द्वारा ग्यारह घंटे का दिन जारी किया गया और १९३४ के फैक्टरी एक्ट ने उसकी जगह दस घंटे का दिन जारी

किया और बारह वर्ष से कम उम्र के बच्चो को नौकर रखने की मनाही कर दी गयी'। लेकिन कारखानो की जांच करनेवाले इंस्पेक्टरो की संख्या इतनी कम रखी गयी (व्हिटले कमीशन की रिपोर्ट के अनुसार १६२६ में उनकी संख्या पूरे भारत मे केवल ३६ थी) कि एक साल मे एक बार भी इस्पेक्टर का हर कारखाने में पहुंचना नामुमकिन था। नतीजा यह हुआ कि कारखानो के मालिक खुलेआम क़ानून तोडते रहे। इसके अलावा, फैक्टरी ऐक्ट औद्योगिक मजदूरों के केवल एक छोटे से भाग पर लागू है (१६३१ की जन-गणना मे पता चला था कि भारत मे कुल १७७ लाख आदमी उद्योग-धधो तथा यानायात में काम करते हैं, १६३६ मे इनमे मे सिर्फ़ १६ लाख पर फैक्टरी ऐक्ट लागू था)। भारत के अधिकतर मजदूरो के लिए काम के घटों की कोई सीमा नही है। उनके अधिकारो की रक्षा की कोई व्यवस्था नही है। छोटे से छोटे बच्चों के शोषण की भी कोई सीमा नही है। व्हिटले कमीशन की रिपोर्ट मे कहा गया था कि कमीशन को पाच-पाच बरस के बच्चे बारह-बारह घटे काम करते हुए मिले थे।

यह तुलनात्मक चित्र ठोस वास्तविकता और निर्विवाद तथ्यो का चित्र है।

फिर भी प्रथम महायुद्ध के पहले जारशाही रूस और अग्रेजो द्वारा शासित भारत की जनता की हालत में कोई बहुत बडा अन्तर नही था। यह परिवर्तन बीस साल के समाजवादी शासन से पैदा हुआ। इसलिए, जाहिर बात है कि भारत मे भी ऐसा ही परिवर्तन हो सकता है, बशर्ते कि यहा आवश्यक राजनीतिक परीस्थितिया पैदा हो जायं और वर्ग-शक्तियों के सम्बध मे जरूरी तब्दीलियां हो जाये।

२. मध्य-एशियाई प्रजातंत्रों का अनुभव

सोवियत संघ के मध्य-एशियाई प्रजातत्रो के अनुभव से यह अन्तर और भी स्पष्ट हो जाता है। भारत जितना पिछडा हुआ है, २० वर्ष पहले ये प्रजातंत्र उससे कही अधिक पिछडे हुए थे। इसलिए, उन्होने जो उन्नति की है और आज वे विकास की जिस अवस्था में हैं, उसमे भारत के लिए विशेष रूप से मूल्यवान सबक़ मिलते हैं। एशियाई अर्थ-व्यवस्था और एशियाई सामाजिक परिस्थितियो मे, तथा स्त्रियो की स्थिति और धर्म, आदि मे सम्बधित सभी विशेष प्रकार की समस्याएं इन प्रजातत्रो में अपने बहुत ही उग्र रूप में मौजूद थी। इसलिए साम्राज्यवाद की औपनिवेशिक नीति और पिछडी हुई जातियो के प्रति समाजवाद की नीति मे जो भारी अन्तर है, वह जितना इन प्रजातत्रो मे स्पष्ट होता है उतना और कही नही होता। क्रान्ति के पहले मध्य एशिया अर्ध-गुलाम और

औपनिवेशिक मजदूरों की भूमि थी। अब वह समान अधिकारवाली जातियों, समाजवादी खेती और नव-निर्मित उद्योग-धंधों की भूमि बन गयी है।

सोवियत संघ में पांच मध्य-एशियाई सोवियत समाजवादी प्रजातंत्र हैं: तुर्कमानिस्तान, उज़बेकिस्तान, ताजिकिस्तान, किरग़ीज़िया और अज़रबैजान। ताजिकिस्तान भारत से चन्द मील की दूरी पर है। पहले उसीसे शुरू करें।

पुराने जमाने में ताज़िक लोगों का जीवन सुखी नहीं था। क्रान्ति के समय तक वे रूसी ज़ारशाही और बुखारा के अमीर की सामन्ती-मज़हबी तानाशाही की गुलामी में जकड़े हुए थे। ज़ारशाही साम्राज्य के टूटने के बाद जो गृह-युद्ध आरम्भ हुए, वे अन्तिम रूप से १९२५ तक समाप्त नहीं हुए। १९२५ में ताज़िकिस्तान एक स्वायत्तशासी प्रजातंत्र बन गया और १९२९ में वह एक स्वतंत्र संघबद्ध प्रजातंत्र के रूप में सोवियत समाजवादी प्रजातंत्र संघ में शामिल हुआ।

ताज़िक लोगों को ज़ारशाही ने कितने घोर पिछड़ेपन की हालत में रस छोड़ा थी, इसका कुछ अनुमान इस बात से लग सकता है कि क्रान्ति से पहले वहां के केवल ०·५ प्रतिशत लोग ही पढ़-लिख सकते थे (भारत में, इसके मुकाबले १९११ में ६ प्रतिशत लोग साक्षर थे)। १९३३ तक वहां के ६० प्रतिशत लोग साक्षर हो गये (जब कि भारत में १९३१ तक केवल ८ प्रतिशत साक्षर हो पाये थे), और १९४३ तक तो वहां साक्षरों की सख्या ७५ प्रतिशत हो गयी। १९३६ तक ताज़िक प्रजातंत्र में '३,००० स्कूल (यानी, आबादी के हर ५०० लोगो के लिए १ स्कूल), ५ उच्च शिक्षा की संस्थाएं, और ३० से ज्यादा औद्योगिक कौशल के (टेक्निकल) स्कूल हो गये थे। १९३९ तक वहां स्कूलों के विद्यार्थियो की सख्या ३२८,००० तक पहुच गयी थी (जब कि १९१४ में यह संख्या १०० थी) और उच्च शिक्षा की संस्थाओं की संख्या २१ हो गयी थी। १९५२ तक पूरा समय देनेवाले विद्यार्थियो की सख्या कुल आबादी के अनुपात में ५८० फी लाख हो गयी थी, जब कि भारत में यह सख्या केवल ६० फ़ी लाख ही थी।

१९२४ में ताज़िकिस्तान में कुल १,००५,००० एकड़ ज़मीन जोती-बोयी गयी थी। १९३६ तक १,६२६,००० एकड ज़मीन जोती-बोयी जाने लगी। अधिकतर किसान परिवारो ने खेती का सामूहिक तरीक़ा अपना लिया है। कपास की खेती की प्रायः पूरी क्रिया में अब मशीनों का उपयोग होने लगा है। सिचाई का विकास विशेष महत्व रखता है। १९२९ में ताज़िकिस्तान ने सिचाई पर ३० लाख रूबल खर्च किये, १९३० में १२० लाख रूबल और १९३१ के बजट में इस मद में ६१० लाख रूबल रखे गये थे, जो कि ५० रूबल प्रति निवासी बैठता था। और इस सब में जो रुपया खर्च हुआ, उसमें से अधिकतर स्थानीय जनता पर कर लगाकर नही वसूल किया गया था, बल्कि सोवियत संघ

की केन्द्रीय सरकार से मिला था। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस देश में कोई उद्योग-धंधों को जानता तक न था, वहां बड़ी तेजी से औद्योगिक विकास हुआ, और जहां एक भी सड़क न थी, वहां आधुनिक सड़कों का जाल बिछ गया।

अब सार्वजनिक स्वास्थ को लीजिए। १९१४ में ताजिकिस्तान में १३ डाक्टर थे, और १९३९ तक ४४० हो गये। १९१४ में वहां पूरी आबादी के लिए अस्पतालों में केवल १०० बीमारो के रहने का इन्तजाम था, १९३९ तक वहां ३,६७५ बीमारों के रहने का इन्तजाम हो गया। १९१४ में यहा के जच्चा-खानों में एक भी मरीज के रहने का इन्तजाम नहीं था, १९३७ में २४० मरीजों के रहने का इन्तजाम हो गया। १९१४ में वहां जच्चाओं और बच्चों की सहायता का एक भी केन्द्र न था, १९३७ तक ऐसे केन्द्रों की संख्या ३६ तक पहुच गयी।

अब आइए, उज़बेकिस्तान को देखें जो इन प्रजातंत्रो में सबसे बड़ा है और जिसकी आबादी ५५ लाख है। क्रान्ति से पहले वहां के केवल ३ या ५ प्रतिशत लोग साक्षर थे। १९३२ तक वहा के प्राथमिक स्कूलो में विद्यार्थियों की संख्या ५३१,००० और माध्यमिक स्कूलों में १३०,००० तक पहुंच गयी थी, और उसी वर्ष ७१०,००० व्यक्ति निरक्षरता-निवारण संस्थाओं में पढ़ रहे थे। सामूहिक खेती के तेज विकास के अलावा, उद्योग-धंधों की भी इतनी अधिक उन्नति हुई कि जहा १९१३ मे उद्योग-धंधो से केवल २,६९० लाख रूबल के मूल्य की पैदावार हुई थी, वहां १९३६ में उनसे ११,७५० लाख रूबल की पैदावार हुई; और जहा १९२८ में ३४० लाख यूनिट बिजली पैदा हुई थी, वहां १९३६ में २,३०० लाख यूनिट बिजली पैदा हुई। १९१४ और १९३७ के बीच उज़बेकिस्तान मे डाक्टरों की सख्या १२८ से बढ़कर २,१८५ हो गयी। क्रान्ति से पहले इस प्रदेश के पास अपनी कोई वर्णमाला तक न थी। लैटिन के ढंग की एक नयी वर्णमाला के द्वारा यह कठिनाई हल कर दी गयी। और १९३५ तक इस प्रजातंत्र में पांच भाषाओं में ११८ अखबार निकलने लगे, जिनकी साल भर में १० करोड़ से ज्यादा प्रतियां निकलती थी।

इस विराट परिवर्तन का ख़र्चा कहां से आया? इस सवाल का जवाब एकदम साफ़ कर देता है कि पिछड़ी हुई जातियो का औपनिवेशिक शोषण करने के साम्राज्यवादी तरीक़े में और समाजवाद के अन्तर्गत समानता के आधार पर जातियों के सहयोग में कितना भारी अन्तर है। साम्राज्यवादी शासन में औपनिवेशिक देशो की पिछड़ी हुई, ग़रीबी की मार से दुखी जातियों से हर साल बेशुमार ख़िराज वसूला जाता है, जो साम्राज्यवादी देशों के शोषक वर्ग की दौलत को बढ़ाता है। समाजवाद में पिछड़ी हुई जातियों के तेजी से उन्नति करने में जो अतिरिक्त खर्चा होता है, वह सोवियत संघ के बजट में उनके लिए

अनुपात से अधिक रुपया रखकर पूरा किया जाता है। इसका मतलब यह होता है कि परिवर्तन के इस काल में ये पिछड़ी जातियां राज्य को जितना देती हैं, उससे कहीं अधिक उनको हर साल मिलता जाता है। आगे दी गयी तालिका से मालूम होगा कि १९२७–२८ में सोवियत संघ के अलग-अलग प्रजातंत्रों में फी आदमी किस मद पर कितना रूबल खर्च करने की व्यवस्था की गयी थी।

१९२७–२८ में सोवियत प्रजातंत्रों का प्रति आदमी खर्च का बजट

मद	रूसी प्रजातंत्र	युक्रैन	श्वेत-रूस	ट्रांस-काकेशिया	उजबेकिस्तान	तुर्कमानिस्तान	औसत
शासन प्रबंध	० ६६	० ८६	१ ०६	२ २३	१·६०	२ ४५	१·०२
आर्थिक प्रबंध	१·०८	० ८८	१·५७	१·१३	१ ०४	१·४६	१·०६
सामाजिक-सांस्कृतिक	२·१६	१ ९२	२ ५७	३·५९	२·४८	३·८४	२·२०
राष्ट्रीय अर्थ-व्यवस्था	१ ६५	१·६२	२·३७	४·९५	३·३९	८·६०	१·९१
स्थानीय बजट	५·८७	५·५६	५·५७	६·७०	५·७७	५·५८	५·८३
अन्य खर्चे	०·०४	—	—	०·५३	०·२०	—	०·०६
कुल जोड़	११·७६	१०·८४	१३·१४	१९·१३	१४·४८	२२·२३	१२·०८

सोवियत संघ का १९३९ का बजट भी इसी प्रकार का चित्र उपस्थित करता है। उससे प्रकट होता है कि जहां पूरे सोवियत संघ तथा प्रजातंत्रों के कुल बजट में गुजरे साल के मुकाबले में १२·४ प्रतिशत की बढ़ती हुई थी, वहां कजाकिस्तान के बजट में २०·१ प्रतिशत और तुर्कमानिस्तान के बजट में २२·४ प्रतिशत की बढ़ती हुई थी। १९२८–२९ और १९३९ के बीच पूरे सोवियत संघ का सामाजिक तथा सांस्कृतिक खर्चा २५ गुना हो गया था, लेकिन तुर्कमानिस्तान का इन मदों का खर्चा इसी काल में २९ गुना और कजाकिस्तान का ३१ गुना हो गया था। नये कल-कारखाने बनाने के मामले में भी इसी प्रकार पिछड़े हुए इलाकों के प्रति विशेष ध्यान दिया जाता था। १९२३ में

रूसी कम्युनिस्ट पार्टी की बारहवीं कांग्रेस में स्तालिन ने घोषणा की थी : "सरहदी इलाकों में, सांस्कृतिक दृष्टि से पिछड़े हुए प्रजातंत्रों में—और ध्यान रहे कि ये प्रजातंत्र अपने किसी दोष के कारण पिछड़े हुए नहीं हैं, बल्कि इसलिए पिछड़े हुए हैं कि पहले इन्हें कच्चा माल सप्लाई करनेवाले प्रदेश समझा जाता था—स्कूलों और भाषा का विकास करने के अलावा, रूसी मजदूर वर्ग को ऐसे तमाम उपाय करने होंगे जिनसे इन प्रजातंत्रों में उद्योग-धंधों के केन्द्रों का निर्माण हो सके।"

मध्य-एशियाई सोवियत प्रजातंत्रों के समान अधिकारों और तेज उन्नति का यह चित्र देखकर और उसका भारत के विकास में आये हुए ठहराव तथा उसके शोषण से मुकाबला करके हरेक आदमी का दिल कटुता से भर उठेगा। लेकिन यह एक ऐसा चित्र है जो इसके साथ-साथ हमारे मन में यह उत्कट आशा और दृढ़ विश्वास भी पैदा करता है कि भविष्य में, जब साम्राज्यवादी शासन के जुए को उतार फेंकने के बाद भारत की मेहनतकश जनता खुद अपने देश की मालिक बन जायगी, तब भारत में भी इतनी ही तेजी से उन्नति हो सकेगी।

चौथा अध्याय

भारत की ग़रीबी का रहस्य

भारत में साम्राज्यवाद की भूमिका को समझने के लिए जरूरी है कि कुछ इतिहास पर नज़र डाली जाय और बीते हुए ज़माने का अध्ययन करके उन गतिशील शक्तियों का पता लगाया जाय जो आज के ज़माने में भी ज़िन्दा हैं। भारत के इतिहास का इस गतिशील दृष्टिकोण से सबसे पहले आधुनिक समाजवाद के संस्थापक कार्ल मार्क्स ने अध्ययन किया था। उन्होंने सबसे पहले उन सामाजिक शक्तियों पर वैज्ञानिक प्रणाली की तेज रोशनी डाली थी जिनकी प्रेरणा से ब्रिटिश शासन के पहले भी और बाद में भी भारत का विकास हुआ था। उन्होंने सबसे पहले भारत में ब्रिटिश शासन की विनाशकारी भूमिका को खोलकर बताया था और साथ ही उसकी भारत को पुनः जीवन देनेवाली भूमिका को और भविष्य के लिए उसके क्रान्तिकारी महत्व को स्पष्ट किया था।

१. भारत पर मार्क्स के विचार

इंगलैंड की लेबर पार्टी के प्रमुख सिद्धान्तवेत्ता हेराल्ड लास्की ने १९२७ में भी यह मत प्रकट किया था कि "मार्क्सवाद की बनी-बनायी स्थापनाओं की दृष्टि से भारत की समस्या का अध्ययन करना समाजवाद की प्रगति में गम्भीर बौद्धिक मदद देना नहीं, बल्कि केवल कल्पना के घोड़े दौड़ाना है।"

लास्की साहब को इस बात की ज़रा भी जानकारी न होना कि मार्क्स ने अपने चिन्तन तथा कार्य का एक बड़ा भाग निरन्तर भारत का अध्ययन करने में लगाया था, पश्चिमी योरप के समाजवादी चिन्तन की सीमाओं का एक अच्छा उदाहरण है। सच तो यह है कि भारत पर मार्क्स के प्रसिद्ध लेख उनकी वैसी रचनाओं में गिने जाते हैं जो विचारों को सबसे अधिक उत्तेजना देती हैं; और उनमें जिन प्रश्नों की चर्चा की गयी है, उनके सम्बध में आधुनिक चिन्तन का

श्रीगणेश मार्क्स के इन लेखों से ही होता है। मार्क्स ने ये लेख १८५३ में एक लेख-माला के रूप में लिखे थे जब कि *ईस्ट इंडिया कम्पनी का चार्टर* (*अनुमति-पत्र*) आखिरी बार पार्लामेंट के सामने स्वीकृति के लिए आया था। मार्क्स की रचनाओं का अधिक पूर्ण अध्ययन करने पर पता चलेगा कि एशियाई अर्थ-व्यवस्था, विशेषकर भारत और चीन में पायी जानेवाली एशियाई अर्थ-व्यवस्था की खास-खास विशेषताओं पर उन्होंने सदा बहुत ध्यान दिया था और वह इस बात का अध्ययन कर रहे थे कि योरप के पूंजीवाद का इस व्यवस्था पर क्या प्रभाव हुआ था और संसार के भावी विकास के लिए तथा साथ ही भारतीय एवं चीनी जनता की मुक्ति के लिए उससे क्या नतीजे निकाले जा सकते हैं। मार्क्स ने कितने ध्यान के साथ भारत की समस्याओं का अध्ययन किया था, इसका एक उदाहरण यही बात है कि *पूंजी* में भारत का पचास बार ज़िक्र आया है और मार्क्स-एंगेल्स के पत्र-व्यवहार में तो इससे भी ज्यादा बार भारत की चर्चा की गयी है।

कम्युनिस्ट घोषणापत्र (जिसमें मार्क्स और एंगेल्स ने इस ओर ध्यान दिलाया था कि पूंजीवादी उत्पादन के विकास के लिए भारत और चीन के बाज़ारों के खुल जाने का कितना भारी महत्व है) लिखने के बाद, और १८४८ *की क्रान्तिकारी लहर के दब जाने के बाद, शीघ्र ही मार्क्स ने इस बात की* खोज-बीन में अपना ध्यान लगाया कि यह लहर क्यों दब गयी। उन्होंने पाया कि इसका सबसे बड़ा कारण पूंजीवाद का योरप के बाहर, एशिया, आस्ट्रेलिया और कैलिफ़ोर्निया में फैल जाना था।

> "हम इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि पूंजीवादी समाज *एक बार फिर सोलहवी सदी में से गुज़र रहा है। मुझे आशा है कि जिस* प्रकार पहली सोलहवी सदी ने पूजीवादी समाज को जन्म दिया था, उसी प्रकार यह दूसरी सोलहवी सदी उसकी मौत की घंटी बजायेगी। पूंजीवादी समाज का ख़ास काम है संसारव्यापी बाज़ार को क़ायम कर देना, या कम-से-कम उसका ढांचा खड़ा कर देना और उसके आधार पर उत्पादन का संगठन करना। चूंकि दुनिया गोल है, इसलिए कैलिफ़ोर्निया और आस्ट्रेलिया में उपनिवेश क़ायम हो जाने तथा चीन और जापान के बाज़ारों के खुल जाने के बाद मालूम होता है कि यह काम पूरा हो गया है। अब हमारे लिए वज़नदार सवाल यह है: योरप में क्रान्ति होने ही वाली है और शुरू से ही उसका समाजवादी रूप होगा। लेकिन दुनिया के इससे कहीं अधिक बड़े भाग में चूंकि अब भी पूंजीवादी समाज की प्रगति का बोलबाला है, इसलिए क्या इस छोटे से कोने में यह क्रान्ति लाज़िमी तौर पर कुचल नहीं दी जायगी?"

योरप के बाहर पूंजीवाद के प्रसार का पूंजीवाद के विकास के लिए तथा योरप में समाजवादी क्रान्ति के लिए क्या महत्व है—यही वह मुख्य विचार है जिसे मार्क्स ने उन्नीसवी सदी के छठे दशक में ही समझ लिया था और जिसे बाद के एक सौ वर्षों की घटनाओं ने पूर्णतया सही साबित कर दिया है।

२. भारत की ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था का विनाश

मार्क्स ने अपना विश्लेषण "एशियाई अर्थ-व्यवस्था" की विशेषताओं से शुरू किया, जिसको सबसे पहले पूंजीवाद के धक्के ने उखाड़ा था। एंगेल्स ने जून १८५३ में लिखा था : "सारे पूरब को समझने की कुंजी यह है कि वहा जमीन पर व्यक्तिगत अधिकार नही है।" लेकिन जमीन पर व्यक्तिगत स्वामित्व का न होना कोई अनोखी बात नही है। योरप की अर्थ-व्यवस्था का आदिम प्रारम्भिक स्वरूप इससे भिन्न नही था। उसमें भेद बाद के विकास से पैदा हुआ। मार्क्स ने लिखा था :

> "कुछ दिनों से लोगों मे यह बेसिर-पैर की धारणा फैल गयी है कि अपने आदिम रूप में सामूहिक सम्पत्ति स्लाव जातियो की या शायद *केवल रूसियों की ही विशेषता है। हम साबित कर सकते हैं कि वही* आदिम रूप रोमन, ट्यूटन तथा कैल्ट लोगो मे था, और उसके अनेक उदाहरण हिन्दुस्तान मे आज भी मिल सकते हैं, हालाकि अब वे कुछ हद तक तबाही की हालत में हैं। सामूहिक स्वामित्व के एशियाई और विशेष कर भारतीय रूपो का अध्ययन करने से हमें पता चलेगा कि आदिम साम्य-वाद के विभिन्न रूपों से किस तरह भिन्न-भिन्न प्रकार की ऐसी धाराएं फूट निकली जिन्होंने उस समाज को नष्ट कर दिया। उदाहरण के लिए, हम पायेंगे कि रोमन और ट्यूटन व्यक्तिगत सम्पत्ति के जो विविध प्रकार के मूल रूप थे, उनका सम्बंध भारतीय साम्यवाद के विभिन्न रूपो से है।"

तब फिर पश्चिम की तरह पूरब मे भी आदिम साम्यवाद से भू-सम्पत्ति और सामन्तवाद का विकास क्यो नहीं हुआ ? एंगेल्स का सुझाव है कि इसका कारण वहां की जलवायु और भौगोलिक परिस्थिति है।

> "यह कैसे हुआ कि पूरब के लोग भू-सम्पत्ति और सामन्तवाद तक नही पहुंचे ? मेरी समझ मे इसका मुख्य कारण वहां की जलवायु है। इसके साथ ही वहा की खास तरह की धरती भी इसका एक कारण है। विशेष रूप मे, उन बड़े रेगिस्तानी इलाको का इस सम्बंध में बहुत महत्व है जो सहारा से लेकर अरब, ईरान, भारत और तातारों के प्रदेश से होते

हुए एशिया के सबसे ऊंचे पठारों तक फैले हुए हैं। यहा खेती की पहली शर्त यह है कि मनुष्य खुद सिंचाई का प्रबंध करे; और यह काम या तो गांव की पंचायत के जिम्मे होता है या प्रान्तीय अथवा केन्द्रीय सरकार के।"

खेती जिन परिस्थितियों में होती थी, उनमें भूमि पर निजी स्वामित्व होना सम्भव नही था। इसीलिए यहां उस विशेष प्रकार की "एशियाई अर्थ-व्यवस्था" का जन्म हुआ, जिसमे नीचे गांवो में तो आदिम साम्यवाद के अवशेष पाये जाते थे और ऊपर निरंकुश केन्द्रीय सरकार होती थी, जिसका काम लडाई और लूटमार के साथ-साथ सिंचाई का प्रबंध करना और सार्वजनिक उपयोग के निर्माण-कार्य करना भी था।

अतः, भारत को समझने की कुंजी वहां की ग्राम-व्यवस्था है। ग्राम-व्यवस्था का सबसे अच्छा वर्णन मार्क्स ने पूंजी में दिया है:

"भारत की ये छोटी-छोटी और अत्यन्त प्राचीन बस्तियां, जिनमें से कुछ आज तक चली आती हैं, ज़मीन के सामूहिक स्वामित्व, खेती तथा दस्तकारी की मिलावट, और एक ऐसे श्रम-विभाजन पर आधारित हैं जो कभी नही बदलता और जो नयी बस्ती शुरू करने के समय पहले से बनी-बनायी और तैयार योजना के रूप में काम में आता है। ये बस्तियां सौ से लगाकर कई हजार एकड तक के रकबे में फैली रहती हैं, और हर बस्ती खूब गठी हुई और अपने में पूर्ण होती है तथा अपनी जरूरत की सभी चीजें पैदा कर लेती है। पैदावार का मुख्य भाग सीधे बस्ती के ही काम मे आता है और वह बाजार मे बिकनेवाले माल का रूप नही धारण करता। इसलिए भारतीय समाज में मोटे तौर पर, मालो के विनिमय से जो श्रम-विभाजन पैदा हुआ, उससे यहां उत्पादन स्वतंत्र है। केवल फालतू पैदावार ही बाज़ार में बिकनेवाला माल बनती है और उसका भी एक हिस्सा उस वक्त तक बाजार में बिकने नही जाता जब तक कि वह राज्य के हाथो में नही पहुंच जाता। बाबा आदम के ज़माने से यह रीति चली आ रही है कि पैदावार का एक निश्चित भाग बतौर लगान के जिन्स की शक्ल में ही राज्य को दे दिया जाता है।

"भारत के अलग-अलग हिस्सो मे इन प्राचीन बस्तियों का विधान अलग-अलग ढग का है। जिनका सबसे सरल विधान है, उनमें सब लोग मिलकर खेती करते हैं, और पैदावार आपस में बांट लेते है। इसके साथ-साथ कातने और बुनने का काम हर कुनबे में सहायक धधे के रूप में होता है। इस प्रकार, एक ओर गांव के आम लोग होते हैं जो एक ही

प्रकार के काम में लगे रहते हैं। दूसरी ओर, 'मुखिया' होता है जो जज, पुलिस और तहसीलदार का काम एक साथ करता है। पटवारी खेती-बारी का हिसाब रखता है और उसके बारे में हर बात अपने कागज़ों में दर्ज करता है। एक दूसरे कर्मचारी का काम होता है कि अपराधियों पर मुकदमा चलाये, अजनबी मुसाफिरो की हिफाज़त करे और उन्हें अगले गाव तक सकुशल पहुंचा आये। पहरेदार पड़ोस की बस्तियों से गांव की सरहद की रक्षा करता है। आबपाशी का हाकिम सिंचाई के लिए सार्वजनिक तालाबों से पानी बाटता है। ब्राह्मण धार्मिक अनुष्ठान कराता है। पाठशाला का पंडित बच्चों को बालू में लिखना-पढना सिखाता है। ज्योतिषी जोतने-बोने, फसल काटने और खेती के दूसरे कामो के लिए मुहूरत विचारता है। लोहार और बढ़ई खेती के औज़ार बनाते हैं और उनकी मरम्मत करते हैं। कुम्हार सारे गाव के लिए बरतन-भाडे तैयार करता है। इनके साथ नाई, धोबी, सुनार, और कही-कही कवि भी होता है जो कुछ बस्तियों में सुनार का और कुछ मे पाठशाला के पडित का भी काम करता है। इन दस-बारह आदमियो की जीविका पूरी बस्ती के सहारे चलती है। अगर आबादी बढी तो खाली ज़मीन पर, उसी पुराने ढांचे के मुताबिक एक नयी बस्ती खड़ी हो जाती है।

"अपने में पूर्ण, इन बस्तियो में उत्पादन का सगठन बहुत ही सरल ढंग से किया जाता है। ये बस्तिया लगातार एक ही ढंग की बस्तियों को जन्म देती रहती हैं और जब कोई बस्ती अकस्मात बरबाद हो जाती है, तो उसी जगह पर और उसी नाम से, वैसी ही दूसरी बस्ती उठ खड़ी होती है। एशियाई समाजों मे जो कभी कोई परिवर्तन नही होता दिखाई देता, उसकी कुंजी इन बस्तियो में उत्पादन के सगठन की यह सरलता ही है। एशियाई समाजों की अपरिवर्तन-शीलता के बिलकुल विपरीत एशियाई राज्य लगातार बिगडते और बनते रहते हैं और हुकूमत करने वाले राजवशो में होनेवाले परिवर्तन तो मानो कभी रुकते ही नही। पर राजनीति के आकाश मे जो तूफानी बादल उठते हैं, वे समाज के आर्थिक तत्वो के ढाचे को नही छू पाते।"

ऐसी थी वह परम्परागत भारतीय अर्थ-व्यवस्था जिसे ब्रिटिश शासन के रूप मे विदेशी पूजीवाद ने जड-मूल से चकनाचूर कर दिया। अंग्रेजों से पहले और लोगो ने भी भारत को जीता था, लेकिन एक बात मे अंग्रेजो की जीत और उनके पहले के विजेताओ की जीतों में अन्तर था। वह यह कि जहा पहले के विदेशी विजेताओं ने यहा के आर्थिक आधार को हाथ नही लगाया था और

अन्त में वे उसी मे घुल-मिल गये थे, वहां अंग्रेजों की जीत ने इस आधार को चकनाचूर कर दिया और वे ऐसी विदेशी ताकत ही बने रहे, जो बाहर से काम करती थी और भारत से खिराज वसूल करके बाहर ले जाती थी। एक मामले में भारत में विदेशी पूंजीवाद की जीत, योरप में पूंजीवाद की जीत से भी भिन्न थी। वह इस बात में कि यहां ध्वंसात्मक क्रिया के साथ-साथ उसी पैमाने की नयी शक्तियों का उदय नही हुआ। इसीलिए, ब्रिटिश शासन के नीचे भारतीय जनता के दुखो के साथ "एक विशेष प्रकार की उदासी" आ मिली; क्योंकि उसकी "पुरानी दुनिया तो बिछुड़ गयी थी, मगर नयी का कही पता न था।"

> "लेकिन इस बात में कोई सन्देह नहीं हो सकता कि हिन्दुस्तान पर अंग्रेजो ने जो मुसीबत ढायी है, वह हिन्दुस्तान पर अब तक पड़ी तमाम मुसीबतों से बुनियादी तौर पर भिन्न और कही ज्यादा गहरी मुसीबत है। मेरा संकेत योरप की उस निरकुश तानाशाही की तरफ नही है जिसे अंग्रेजों की ईस्ट इंडिया कम्पनी ने एशियाई तानाशाही पर ऊपर से थोप दिया है, और जो एशिया की अपनी तानाशाही से मिलकर एक ऐसा भयानक दैत्य बन गयी है कि उसके सामने सालसेट के मन्दिरो की भयंकर मूर्तियां भी फीकी पड़ जाती हैं।...
>
> "हिन्दुस्तान में अनेक गृह-युद्ध छिड़े हैं, विदेशी आक्रमण हुए हैं, क्रान्तियां हुई हैं, देश को विदेशियों ने बार-बार जीता है, अकाल पड़े हैं। एक के बाद दूसरी होनेवाली घटनाएं ऊपर से देखने में भले ही अजीबोग़रीब ढंग से पेचीदा, जल्दी-जल्दी होनेवाली, और सत्यानाशी मालूम पड़ती हों, परन्तु वे हिन्दुस्तान में सतह के नीचे नही जाती थी। लेकिन इगलैंड ने तो भारतीय समाज के पूरे ढांचे को तोड डाला है, और उसके पुनर्निर्माण के अभी तक कोई चिन्ह नही दिखाई दे रहे हैं। पुरानी दुनिया का इस तरह बिछुड़ जाना और नयी का कही पता न लगना—यह हिन्दुस्तानियों के वर्तमान दुखो पर एक विशेष प्रकार की उदासी की परत चढा देता है, और ब्रिटिश शासन के नीचे हिन्दुस्तान को उसकी समस्त प्राचीन परम्पराओ और उसके सम्पूर्ण पुराने इतिहास से काट देता है।"

३. भारत में ब्रिटिश शासन की विनाशकारी भूमिका

यह विनाशकारी भूमिका किस प्रकार पूर्ण हुई, इसका मार्क्स ने बड़े ध्यान से अध्ययन किया था और १८१३ के पहले के और उसके बाद के युगो का अन्तर बखूबी स्पष्ट कर दिया था। १८१३ के पहले भारत पर ईस्ट इंडिया कम्पनी को

एकाधिकार मिला हुआ था। १८१३ के बाद यह एकाधिकार तोड़ दिया गया और इंगलैंड के पूजीवादी उद्योग-धंधों के माल ने भारत पर चढ़ाई बोलकर रही-सही कसर भी पूरी कर दी।

पहले युग में विनाश के प्रारम्भिक क़दम उठाये गये। एक तो ईस्ट इडिया कम्पनी ने सीधे-सीधे भारत को बेतहाशा लूटा। दूसरे, उसने सिंचाई और सार्वजनिक उपयोग के निर्माण-कार्यों की ओर ध्यान देना बन्द कर दिया। पहले की सरकारें इन कामों की ओर ध्यान देती थीं और नहरों, सड़कों, आदि को अच्छी हालत मे रखती थी। अब उनकी ओर से आंखे मूद ली गयी। तीसरे, कम्पनी ने जमीदारी की अंग्रेज़ी प्रथा, ज़मीन पर व्यक्तिगत अधिकार, तथा ज़मीन को बेचने और खरीदने की रीति जारी कर दी और इंगलैंड का पूरा फ़ौजदारी क़ानून यहा लागू कर दिया। चौथे, भारत मे बने हुए मालों पर सीधे-सीधे प्रतिबंध लगाकर या उसके आयात पर भारी चुगी लगाकर, पहले इंगलैंड मे और फिर योरप में भी आने से उन्हे रोक दिया गया।

लेकिन इस सबसे भी "अन्तिम आहुति नही पड़ी।" वह उन्नीसवी सदी के पूजीवाद के युग मे पड़ी।

ईस्ट इडिया कम्पनी के एकाधिकार का अंग्रेज़ धन-कुबेरो के उस गुट से घनिष्ठ सम्बंध था जिसने ह्विग-क्रान्ति के द्वारा इगलैंड में अन्तिम रूप से अपनी सत्ता स्थापित कर ली थी।

> "पॉर्लमेंट ने ईस्ट इडिया कम्पनी के अस्तित्व को उस डच राजा के अभ्युदय के काल मे स्वीकार किया जब कि ह्विग-दल वाले ब्रिटिश साम्राज्य के विभिन्न भागो से राज्य-कर वसूल करनेवाले बन चुके थे, 'बैंक ऑफ इंगलैंड' का जन्म हो चुका था, इगलैंड मे बाहर से आनेवाले माल पर भारी चुगी लगा कर देशी उद्योगों की रक्षा करने की व्यवस्था बाक़ायदा जारी हो गयी थी, और योरप में निश्चित रूप से शक्ति-संतुलन कायम हो चुका था। दिखावटी स्वतंत्रता का यह युग, वास्तव मे, उन इजारेदारियो का युग था जो एलिज़ाबेथ और चार्ल्स प्रथम के काल की तरह अब शाही आज्ञापत्र से नहीं बनती थी, बल्कि जिनको पार्लमेंट ने यह अधिकार दिया था और जिनका उसने राष्ट्रीकरण कर दिया था।"

इस एकाधिकार के ख़िलाफ इंगलेंड के कारखानेदार बराबर आन्दोलन कर रहे थे। उनकी माग थी कि भारत के बने हुए माल को इंगलैंड में न आने दिया जाय और उनकी यह मांग मान भी ली गयी। उनके अलावा वे व्यापारी लोग भी इस एकाधिकार के खिलाफ़ आन्दोलन कर रहे थे जो भारतीय व्यापार से लाभ उठाने से वंचित रह गये थे। इंडिया-बिल के सवाल पर १७८३ में फ़ौक्स

की सरकार के पतन के पीछे यही संघर्ष काम कर रहा था। यह बिल कम्पनी के डायरेक्टरों तथा मालिको के कोर्टों को तोड़ देना चाहता था। बाद में १७८६ से लेकर १७९५ तक, वारेन हेस्टिग्ज के मुकदमे को लेकर जो लम्बा संग्राम चला, उसके पीछे भी यही बात थी। लेकिन जब तक औद्योगिक क्रान्ति पूरी नहीं हो गयी और उसके कारण इंगलैंड का कारखानेदार पूंजीवाद सामने नही आया, तब तक यह एकाधिकार खतम नही हुआ। यही कारण है कि कम्पनी की इजारेदारी कही १८१३ मे जाकर टूट पायी और वह अन्तिम रूप से तो १८३३ मे जाकर समाप्त हुई।

भारत का आर्थिक ढांचा भी १८१३ के बाद ही निर्णायक ढंग से तब टूटा जब इंगलैंड के कारखानो में बने हुए माल ने उस पर धावा बोला। उन्नीसवीं सदी के पूर्वार्ध मे भारत के आर्थिक ढांचे के इस तरह टूटने का क्या प्रभाव हुआ, इसका मार्क्स ने अकाट्य तथ्य देते हुए चित्र खीचा है। १७८० और १८५० के बीच इंगलैंड से भारत में आनेवाले माल की कीमत ३८६,१५२ पौंड से बढकर ८,०२४,००० पौंड हो गयी। यानी, इंगलैंड से जितना माल दूसरे देशो को जाता था, १७८० में उसका केवल बत्तीसवां भाग भारत गया था, जब कि १८५० तक उसका आठवा भाग वहां जाने लगा। १८५० में ब्रिटेन के सूती उद्योग का बना हुआ जो माल विदेशी बाजारों मे जाता था, उसका चौथाई हिस्सा अकेले भारत के बाजार में खपता था; और उस समय ब्रिटेन की आबादी का आठवा हिस्सा सूती उद्योग में लगा हुआ था और इस उद्योग से ब्रिटेन की सम्पूर्ण राष्ट्रीय आय को बारहवां हिस्सा मिलता था।

भारत में ग्राम-व्यवस्था की रचना "खेती-बारी और उद्योग-धंधों के घरेलू एके" के आधार पर हुई थी। "करघा और चर्खा पुराने भारतीय समाज की धुरी थे।" लेकिन "जब अंग्रेजों के चरण भारत में पडे तो उन्होने भारत के करघे को तोड़ डाला और चर्खे को नष्ट कर दिया।" और ऐसा करके ब्रिटेन ने "एशिया की महानतम और सच कहा जाय तो एशिया की एकमात्र सामाजिक क्रान्ति कर डाली।" इस क्रान्ति ने न केवल उद्योग-धधों के पुराने नगरो को नष्ट कर दिया और उनके रहनेवालो को गावों में खदेड दिया तथा इस तरह गावो की आबादी बहुत बढा दी, बल्कि उसने गावो के आर्थिक जीवन का संतुलन भी नष्ट कर दिया। इससे खेती के लिए बुरी तरह छीना-झपटी होने लगी, जो आज दिन तक बराबर बढ़ती ही गयी है। इसके साथ ही काश्तकारो से बड़ी बेरहमी के साथ ज्यादा से ज्यादा मालगुजारी वसूल की जाने लगी, लेकिन बदले में खेती और सिंचाई वगैरा की बढती के लिए कुछ भी नही किया गया। इसका नतीजा यह हुआ कि खेती का विकास रुक गया (१८५०–५१ में राज्य की आमदनी का केवल ०·८ प्रतिशत सार्वजनिक निर्माण-कार्य पर खर्च किया गया था)।

लेकिन क्या मार्क्स ग्राम-व्यवस्था के पतन और भारतीय समाज के पुराने आधार के विनाश पर आमू बहाते हैं ? मार्क्स ने देखा था कि हर देश की तरह भारत में भी पूजीवादी सामाजिक क्रान्ति से जनता को अपार कष्ट हुआ है और वह जानते थे कि भारत में तो और भयानक कष्ट हुआ है, क्योकि यहा यह क्रान्ति ऊपर वतायी हुई परिस्थितियों में हुई है। परन्तु, इसके साथ-साथ मार्क्स ग्राम-व्यवस्था के घोर प्रतिक्रियावादी स्वरूप को भी देखते थे और समझते थे कि यदि मानवता को प्रगति करना है, तो इस व्यवस्था का नष्ट होना लाजिमी है। उन्होंने वड़े जोरदार शब्दो मे बताया है कि इन "सुन्दर ग्रामीण वस्तियो" में मानवता का कैसा भयानक पतन हुआ था। योरप की तरह भारत में भी जो लोग आगे की ओर देखने की बजाय पीछे की ओर देखा करते हैं, और जो लोग भारत में अग्रेज़ी हुकूमत से लड़ने का तरीका यह समझते हैं कि अग्रेज़ों के पहले के चर्खे और करघेवाले भारत को फिर से जीवित किया जाय, उनके लिए मार्क्स के ये शब्द आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने मार्क्स के समय मे थे :

"इसमें सन्देह नही कि उन असख्य, मेहनती, पितृ-सत्तात्मक एवं निरीह सामाजिक संगठनों का टूटना और बिखर जाना और दुखों के सागर में डूबने-उतराने लगना, तथा उनके अलग-अलग सदस्यों का अपनी प्राचीन सभ्यता को और जीविका कमाने के अपने पुश्तैनी साधनो को खो बैठना—ऐसी घटनाएं हैं जिन्हे देखकर मनुष्य का हृदय ग्लानि से भर जाता है। परन्तु, साथ ही हमे यह न भूलना चाहिए कि ये सुन्दर ग्रामीण बस्तियां, जो ऊपर से भले ही वड़ी निर्दोष दिखती हों, सदा पूरब की तानाशाहियो के ठोस आधार का काम करती आयी हैं। उन्होंने मानव मस्तिष्क को संकुचित से संकुचित सीमाओ में जकड रखा था; उसे अध-विश्वास का निस्सहाय साधन और पुराने रीति-रिवाजों का गुलाम बना रखा था; उन्होंने उसके सम्पूर्ण गौरव तथा गरिमा और उसकी ऐतिहासिक शक्तियों को नष्ट कर दिया था।

"हमे उस बर्बर अहमन्यता को न भूलना चाहिए जो अपना सारा ध्यान ज़मीन के एक छोटे से टुकड़े पर लगाये हुए, बड़े-बड़े साम्राज्यों को टूटते और मिटते देखती रही, जो अवर्णनीय अत्याचारों को बिना एक शब्द भी मुंह से निकाले सहन करती रही, जिसने बड़े-बड़े शहरों में कत्लेआम होते देखा और देखकर इस तरह मुंह फेर लिया मानो कोई स्वाभाविक घटना हो रही हो, और जो स्वय भी हर उस आक्रमणकारी का शिकार बनती रही, जिसने उसकी ओर किंचितमात्र भी ध्यान दिया।

"हमें यह न भूलना चाहिए कि प्रतिष्ठा और गौरव से हीन इस निश्चल और सर्वथा जड़-जीवन ने, इस निष्क्रिय ढंग के अस्तित्व ने, दूसरी ओर अपने से बिलकुल भिन्न, विनाश की विवेकहीन, उद्देश्यहीन, और उच्छृंखल शक्तियों को जन्म दे रखा था और मनुष्य-हत्या को भी हिन्दुस्तान की एक धार्मिक प्रथा बना दिया था।

"हमें यह न भूलना चाहिए कि इन नन्ही बस्तियों को जात-पांत के भेद-भाव और दासता की प्रथा ने दूषित कर रखा था। उन्होंने मनुष्य को वाह्य परिस्थितियों का स्वामी बनाने के बजाय, उनका दास बना दिया था; उन्होंने स्वयं अपना विकास करनेवाली एक सामाजिक व्यवस्था को कभी न बदलनेवाली प्राकृतिक नियति का रूप दे दिया था, और इस प्रकार एक ऐसी प्रकृति-पूजा को जन्म दिया था कि मनुष्य अपनी मनुष्यता खोता जा रहा था और प्रकृति का स्वामी इंसान, वानर हनुमान और गऊ शवला के सामने घुटने टेकता था।"

इसलिए, मार्क्स ने हालाकि भारत में अंग्रेजों की आर्थिक नीति को "सुअरपन" कहा है, परन्तु इसके साथ ही, वह अंग्रेजों की जीत को "इतिहास का अचेतन साधन" समझते है।

"यह सच है कि हिन्दुस्तान में एक सामाजिक क्रान्ति लाने में इंगलंड निकृष्टतम उद्देश्यों से प्रेरित होकर काम कर रहा था, और अपने इन उद्देश्यों को पूर्ण करने का उसका ढंग अति मूर्खतापूर्ण था। परन्तु प्रश्न यह नही है। प्रश्न तो यह है: क्या एशिया की सामाजिक अवस्था में बिना एक बुनियादी क्रान्ति के मानव जाति अपने लक्ष्य तक पहुंच सकती थी? यदि नही, तो मानना पडेगा कि इंगलंड ने चाहे जितने पाप किये हों, इस क्रान्ति को लाने में उसने इतिहास के एक अचेतन साधन का काम किया है।"

४. ब्रिटिश शासन की "पुनः जीवन देनेवाली" भूमिका

मार्क्स की राय में, इंगलंड को भारत में "दो काम करने थे: एक ध्वंसात्मक काम था; दूसरा रचनात्मक। उसे पुराने एशियाई समाज को नष्ट करना था और एशिया में पश्चिमी समाज का भौतिक आधार तैयार करना था।"

मार्क्स ने "पुन: जीवन देने" की शुरूआत किन बातों में देखी? उन्होने इसके कई चिन्ह बताये हैं:

१) "राजनीतिक एकता . . . मुगल बादशाहो के शासन काल में स्थापित एकता से कही अधिक मजबूत और व्यापक एकता" जिसे "बिजली का तार और मजबूत करेगा तथा स्थायी बना देगा;"

२) "देशी सेना" (यह १८५७ के विद्रोह के पहले मार्क्स ने लिखा था। १८५७ के बाद यह सेना तोड़ दी गयी और अंग्रेजी फ़ौजो की सख्या जान-बूझकर बढ़ा दी गयी। उनकी तादाद पूरी सेना की एक-तिहाई तक पहुच गयी, और सभी फौजों पर अंग्रेजों का कड़ा नियंत्रण कायम हो गया),

३) "एशियाई समाज में पहली बार स्वतंत्र अख़बार और छापेखाने क़ायम हुए" (मार्क्स ने यह बात १८३५ की उस घोषणा के बाद लिखी थी जिसमें भारत के लिए अख़बारों और छापेख़ानों की स्वतंत्रता का ऐलान किया गया था। परन्तु बाद मे, १८७३ से ब्रिटिश सरकार अख़बारों और छापेखानों का गला घोटनेवाले एक के बाद दूसरे अनेक कानून बनाती गयी; और पतनोन्मुख साम्राज्यवादी शासन के आधुनिक युग में तो वह लगातार अपना शिकंजा मजबूत करती गयी);

४) "एशियाई समाज में जिस चीज़ की सबसे बड़ी कमी थी—यानी, ज़मीन पर व्यक्तिगत स्वामित्व की — वह चालू हो गया;"

५) अंग्रेजो ने, चाहे जितनी कम संख्या में और चाहे जितना मन मसोसकर क्यों न हो, भारतीय लोगो का एक शिक्षित वर्ग तैयार किया, "जिसे सरकार चलाने के लिए आवश्यक ज्ञान और योरपीय विज्ञान की जानकारी प्राप्त थी;"

६) भाप से चलनेवाले जहाज़ों ने भारत का "योरप के साथ नियमित और आसान सम्पर्क स्थापित कर दिया।"

इन सबसे अधिक महत्वपूर्ण बात यह थी कि औद्योगिक पूजीवाद द्वारा भारत के शोषण का एक लाजिमी नतीजा यह हुआ कि अंग्रेजों के लिए भारत में रेलो, सडको और सिचाई के साधनो का विकास करना जरूरी हो गया। इस नवीन विकास के परिणामों को ध्यान में रखकर ही मार्क्स ने वह भविष्यवाणी की थी जो उनकी भारत-सम्बंधी घोषणाओं में सबसे अधिक प्रसिद्ध है :

> "मै जानता हू कि अग्रेज कारखानेदार केवल इसी उद्देश्य को सामने रखकर भारत में रेले बनवा रहे हैं कि उनके द्वारा कम खर्चे में अधिक कपास और दूसरा कच्चा माल अपने उद्योग-धंधो के लिए निकाल सकें। लेकिन, यदि आप एक बार किसी देश के आवागमन के साधनों में मशीनों का इस्तेमाल शुरू कर देते हैं, और यदि उस देश में कोयला और

लोहा भी मिलते हैं, तो फिर आप उस देश को मशीनें बनाने से नही रोक सकते। यह नही हो सकता कि आप एक विशाल देश में रेलो का जाल बिछाये रहें और उन औद्योगिक प्रक्रियाओं को वहा आरम्भ न करे, जो रेल-यातायात की तात्कालिक और रोजमर्रा की आवश्यकताओ को पूरा करने के लिए जरूरी होती है, और जिनका यह परिणाम होना लाजिमी है कि उद्योग की जिन शाखाओं का रेलो से कोई सीधा सम्वध नही है, उनमें भी मशीनो का उपयोग होने लगे। इसलिए, रेल-व्यवस्था से हिन्दुस्तान में सचमुच आधुनिक उद्योग-धधो की नीव पड गयी है।...रेल-व्यवस्था से उत्पन्न होनेवाले ये उद्योग-धधे उस/पुश्तैनी श्रम-विभाजन को भग कर देंगे, जिस पर भारत की प्रगति और उसकी शक्ति के रास्ते में सबसे बड़ी रुकावट, भारत की वर्ण-व्यवस्था टिकी हुई है।"

तो इसका क्या यह मतलब है कि मार्क्स भारत में साम्राज्यवाद को एक प्रगतिशील शक्ति समझते थे? क्या उनकी दृष्टि मे साम्राज्यवाद में भारतीय जनता को आजाद करने और उसे सामाजिक प्रगति के पथ पर ले जाने की सामर्थ्य थी? नही; मार्क्स की राय उल्टी थी। जब मार्क्स ने भारत में अंग्रेजों के पूजीवादी शासन की "पुन: जीवन देनेवाली" भूमिका की चर्चा की थी, तो उन्होंने यह बात साफ कर दी थी कि वह साम्राज्यवाद की केवल इस भूमिका का जिक्र कर रहे हैं कि उसने नवीन प्रगति के लिए आवश्यक भौतिक परिस्थितियां तैयार कर दी हैं। लेकिन यह नवीन प्रगति स्वयं भारतीय जनता ही कर सकती थी, और वह भी इस शर्त पर कि या तो खुद सफल क्रान्ति करके या ब्रिटेन में औद्योगिक मजदूर वर्ग की विजय के परिणामस्वरूप—जो भारतीय जनता को भी आजाद करेगी—वह साम्राज्यवादी शासन से मुक्त हो जाय। मार्क्स ने लिखा था :

> "अंग्रेज़ पूजीपति वर्ग ने हिन्दुस्तानियो के बीच समाज के जो नये बीज बिखेरे हैं, उनके फल हिन्दुस्तानी उस वक्त तक नही चख सकेंगे जब तक कि या तो स्वयं ब्रिटेन में वर्तमान शासक वर्गो का स्थान औद्योगिक मजदूर वर्ग न ले लेगा, या हिन्दुस्तानी खुद इतने ताक़तवर न हो जायेंगे कि अंग्रेज़ों की ग़ुलामी के जुए को एकदम उतार फेंकें।"

एक शताब्दी पहले मार्क्स ने भारत में साम्राज्यवाद का जो विश्लेषण किया था, वह इस अचूक भविष्यवाणी के साथ समाप्त हुआ था।

पांचवां अध्याय

भारत में ब्रिटिश शासन का पुराना आधार

आज हम मार्क्स के विश्लेषण को आगे ले जा सकते हैं और विकास के एक पूरे नये युग पर उसे लागू कर सकते हैं।

भारत में साम्राज्यवादी शासन के इस इतिहास में तीन मुख्य युग सामने आते हैं। पहला युग प्रारम्भिक पूंजीवाद का युग है जिसकी प्रतिनिधि ईस्ट इंडिया कम्पनी थी। जहा तक साम्राज्यवादी व्यवस्था के साधारण स्वरूप का सम्बध है, यह युग अठारहवीं सदी के अन्त तक चला जाता है। दूसरा, औद्योगिक पूंजी का (यानी, मशीनें इस्तेमाल करनेवाले पूंजीवादी उद्योगो का) युग है, जिसने उन्नीसवी सदी मे भारत के शोषण का एक नया आधार तैयार किया। तीसरा, बैंक-पूंजी का आधुनिक युग है, जिसने शोषण की पुरानी व्यवस्था के खंडहरों पर भारत को लूटने की अपनी एक खास ढंग की व्यवस्था जारी की, और जो कि उन्नीसवी सदी के अन्तिम वर्षों में पहले-पहल शुरू होकर बीसवी सदी मे विकास को प्राप्त हुई।

१. भारत की लूट

ईस्ट इंडिया कम्पनी का युग आम तौर पर १६०० से १८५८ तक माना जाता है। १६०० मे उसे पहला चार्टर (सरकारी अनुमति-पत्र) मिला था और १८५८ में उसका राज्य अन्तिम रूप से सम्राट के अधिकार में चला गया। पर वास्तव मे १६९८ में, जब से उसका पुनर्गठन हुआ और उसे नया चार्टर मिला, तब से वह उस महाजनी शासक वर्ग की बनायी हुई एकाधिकारी कम्पनियों का एक अच्छा नमूना बन गयी थी, जिसने ह्विग-क्रान्ति के द्वारा इंगलैंड पर अपना पंजा जमा लिया था। भारत पर कम्पनी के प्रभुत्व का मुख्य काल अठारहवी सदी का उत्तरार्ध था।

भारत के साथ व्यापार करने में ईस्ट इंडिया कम्पनी का मूल उद्देश्य वही था जो सौदागरी मत की एकाधिकारी कम्पनियों का सदा हुआ करता था—अर्थात, समुद्र पार के किसी देश के माल और पैदावार के व्यापार पर अपना इजारा (एकाधिकार) क़ायम करके मुनाफ़ा कमाना। ईस्ट इंडिया कम्पनी का प्रधान लक्ष्य अंग्रेजी माल के लिए बाज़ार की तलाश करना नही था, बल्कि उसकी कोशिश यह थी कि भारत और पूर्वी द्वीप-समूह की पैदावार (खास कर मसाले, और सूती तथा रेशमी सामान) उसे मिल जाय, क्योंकि इन चीज़ों की इंगलैंड और योरप में बड़ी मांग थी, और इसलिए पूरब का हर फेरा करने पर बड़ा मोटा मुनाफ़ा कमाया जा सकता था।

परन्तु कम्पनी के सामने शुरू से ही यह समस्या थी कि व्यापार के ज़रिए भारत से यह सब माल लेने के लिए जरूरी था कि बदले में भारत को कुछ दिया जाय। सत्रहवी सदी के शुरू में इंगलैंड विकास की जिस मंज़िल तक पहुंच पाया था, उसमें उसके पास भारत को देने के लिए कोई भी मूल्यवान चीज़ न थी। उसकी पैदावार इतनी अच्छी न थी कि भारत की पैदावार का मुकाबला कर सके। उस वक्त तक इंगलैंड मे केवल एक उद्योग का विकास हुआ था। वह था ऊनी सामान तैयार करने का उद्योग। लेकिन ऊनी सामान भारत के किसी काम का न था। इसलिए, भारत मे माल खरीदने के लिए अंग्रेजो को बहुमूल्य धातुएं निकालनी पड़ती थी। लेकिन प्रारम्भिक पूजीवाद के व्यापारिक दृष्टिकोण से यह एक बहुत ही शोचनीय और घृणित बात समझी जाती थी, क्योकि उस ज़माने मे तो इन बहुमूल्य धातुओं को ही देश की एकमात्र असली दौलत समझा जाता था, और व्यापार का जरूरी उद्देश्य यह माना जाता था कि लेन-देन पूरा करने के बाद अपने देश में बाहर से बहुमूल्य धातुए आयें, यानी उसकी असली दौलत में बढती हो।

ईस्ट इंडिया कम्पनी के "उठाई-गीर" सौदागर शुरू से ही इस समस्या का कोई हल खोजने की चेष्टा कर रहे थे। वे कोई ऐसी तरकीब निकालना चाहते थे कि अपनी जेब से कुछ भी नही या बहुत कम देना पड़े और भारत का माल हाथ लग जाय। शुरू में उन्होंने घुमा-फिराकर व्यापार करने की तरकीब निकाली। खास तौर पर वे यह तरकीब करते कि अपने बाकी उपनिवेशो से, अफ्रीका और अमरीका से वे लूट का जो माल जमा करते थे, उससे भारत में उनका खर्चा पूरा हो जाता था, जहां कि अभी उनके पास सीधे-सीधे लूटने की ताक़त नही थी।

परन्तु जैसे ही, कोई अठारहवी सदी के बीच तक, भारत पर कम्पनी का प्रभुत्व क़ायम होने लगा, वैसे ही ज़ोर-जबर्दस्ती के तरीके भी अधिकाधिक इस्तेमाल होने लगे। ऐसे तरीको से विनिमय में अपना पलड़ा भारी रखा जाता

२. भारत और औद्योगिक क्रान्ति

अठारहवी सदी के उत्तरार्ध मे भारत को लूटकर जो दौलत मिली, उसी की नीव पर आधुनिक इंगलैंड की इमारत खडी की गयी।

अठारहवी सदी के वीच के दिनों तक इंगलैंड मुख्यतया एक खेतिहर देश ही बना हुआ था। ऊनी उद्योग उन दिनों का खास उद्योग था। सामाजिक दृष्टि से, जहा तक वर्ग-विभाजन, सर्वहारा की उत्पत्ति तथा सुरक्षित पूंजीवादी शासन की स्थापना का सम्बध है, औद्योगिक पूजीवाद की ओर वढ़ने के लिए परिस्थितिया परिपक्व हो गयी थी। उसका व्यापारिक आधार तैयार हो गया था। लेकिन औद्योगिक पूजीवाद की अवस्था की ओर बढ़ने के लिए यह भी आवश्यक था कि एक काफी वड़े पैमाने पर पहले से पूजी इकट्ठा हो जाय। अठारहवी सदी के वीच के दिनों तक इंगलैंड में इस पैमाने पर पूजी इकट्ठा नहीं हो पायी थी।

तभी १७५७ में प्लासी की लड़ाई हुई, और उसके बाद भारत की दौलत बरसाती नदी की तरह इ गलैड की तरफ बह चली।

इसके कुछ ही समय बाद वड़े-बड़े आविष्कारो का एक तांता सा लग गया, जिनसे औद्योगिक क्रान्ति आरम्भ हुई। १७६४ मे हारग्रीव्ज ने कातने की जेनी का आविष्कार किया। १७६५ में वाट ने भाप से चलनेवाला इ जिन बनाया और १७६९ मे उसका पेटेंट रजिस्टरी कराया। १७६९ में आर्कराइट ने वाटर-फ्रेम तैयार किया और १७७५ में रुई सफाई, खिंचाई और कताई की मशीनों के पेटेंट रजिस्टरी कराये। १७७९ में क्रौम्पटन ने म्यूल नामक काटने की मशीन का आविष्कार किया। १७८५ में कार्टराइट ने मशीन का करघा (पौवर लूम) बनाया। और १७८८ मे लोहा गलाने की भट्टियों में भाप का इजिन इस्तेमाल किया गया।

इस काल मे इन आविष्कारो का तांता लग गया। इससे मालूम होता है कि उनसे काम लेने के लिए सामाजिक परिस्थितिया परिपक्व हो गयी थी। पहले जो आविष्कार हुए थे, उनको उपयोगी ढंग से काम मे नहीं लाया गया था : "१७३३ में के ने फ्लाई-शटल नामक बुनने की मशीन का पेटेंट रजिस्टरी करा लिया था, और १७३८ में व्याट्ट पानी की ताकत से चलनेवाली रोलरदार कातने की मशीन का पेटेंट रजिस्टरी करा चुका था; लेकिन मालूम होता है कि इन आविष्कारों में से कोई भी काम में नही लाया गया।"

इंगलैंड के औद्योगिक इतिहास के अधिकारी विद्वानो मे डॉ. कनिंघम प्रमुख हैं। उन्होने बताया है कि आविष्कारों का यह युग "अचानक और अकारण आविष्कारक प्रतिभा के फूट पड़ने के कारण" नहीं आरम्भ हुआ था,

बल्कि उसके पीछे यह बात काम कर रही थी कि इंगलैंड मे इस वक्त तक इतनी काफी पूंजी जमा हो चुकी थी, जिससे इन आविष्कारों का बड़े पैमाने पर उपयोग करना सम्भव हो गया था। लेकिन कनिंघम का विचार है कि "बक ऑफ इगलैंड तथा अन्य बैंकों की स्थापना से पूजी के निर्माण में बड़ी सहायता मिली थी।" किन्तु, १६९४ में केवल बैंक ऑफ इंगलैंड की स्थापना से ही शुरू में पूजी जमा नही हो सकती थी। अठारहवी सदी के बीच के दिनो तक बंक-पूजी और चल-पूजी फिर भी कम थी। तब फिर अठारहवी सदी के उत्तरार्ध में यकायक पूजी का संचय कैसे होने लगा? मार्क्स ने बताया है कि आधुनिक दुनिया में पूजी का प्राथमिक सचय, चाहे वह पूजीवाद के विकास की शुरू की मजिलों में होनेवाला प्राथमिक संचय हो, और चाहे वाद की मजिलो मे, सबसे ज्यादा उपनिवेशों की लूट से हुआ है। मार्क्स ने दिखाया है कि शुरू की यह पूजी मैक्सिको और दक्षिणी अफ्रीका की चांदी, दासों के व्यापार और भारत की लूट से जमा हुई थी। अठारहवी सदी के उत्तरार्ध मे इंगलैंड में अचानक पूजी को जो बाढ़ आयी थी, उसका सबसे बड़ा कारण भारत में लूटी हुई दौलत थी।

इस प्रकार, भारत की लूट ने इंगलैंड में औद्योगिक क्रान्ति को सम्भव बनाने में एक अति-महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

लेकिन, जब एक बार भारत की लूट की मदद से इंगलैंड में औद्योगिक क्रान्ति हो गयी, तो उसके बाद नयी समस्या यह पैदा हुई कि कारखानो में बने ढेरों माल के लिए कही बाजार मिले। इससे आर्थिक व्यवस्था मे एक क्रान्ति करना आवश्यक हो गया। प्रारम्भिक पूजीवाद के व्यापारवादी सिद्धान्तों की जगह पर औद्योगीकरण के युग के स्वतंत्र व्यापार के सिद्धान्तों की स्थापना करना जरूरी हो गया। और इसका फिर यह परिणाम हुआ कि औपनिवेशिक व्यवस्था के तौर-तरीके भी पूरी तरह बदल गये।

नयी जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक था कि भारत में पुराने एकाधिकार की जगह एक स्वतंत्र बाजार का निर्माण किया जाय। उसके लिए जरूरी हो गया कि भारत, जो सारी दुनिया को अपना सूती माल भेजा करता था, अब खुद सूती माल बाहर से मगाने लगे। इसका मतलब यह था कि ईस्ट इडिया कम्पनी की पुरानी व्यवस्था पूरी की पूरी बदल दी जाय। अतएव, अठारहवी सदी के आखिरी पच्चीस वर्षों में राज्य की केन्द्रीय सरकार से अनुरोध किया गया कि वह भारत में कम्पनी की कार्रवाइयो को व्यवस्थित करे। भारत के व्यापार पर अकेली ईस्ट इडिया कम्पनी के एकाधिकार के खिलाफ जितने भी विभिन्न प्रकार के लोग थे, वे सब मिल गये और उन्होंने संगठित रूप मे कम्पनी के खिलाफ एक जबर्दस्त जिहाद छेड़ दिया। इस जिहाद को न केवल इगलैंड के

उठते हुए कारखानेदारों का समर्थन प्राप्त था, बल्कि वे ताकतवर व्यापारी भी उसका समर्थन कर रहे थे जिनका ईस्ट इंडिया कम्पनी के एकाधिकार में कोई हिस्सा नही था। यह जिहाद नये, बढ़ते हुए, औद्योगिक पूजीवाद के आने की सूचना दे रहा था, जो यह मांग कर रहा था कि भारत के बाज़ार मे सबको घुसने की छूट होनी चाहिए और अफसरों के भ्रष्टाचार और लूटमार के कारण वहां के बाजार का भली-भांति शोषण करने के मार्ग में जितनी कठिनाइया पैदा हो गयी हैं, उनको दूर किया जाना चाहिए।

यह ध्यान देने की बात है कि कम्पनी के खिलाफ़ इस जिहाद का श्रीगणेश १७७६ में एडम स्मिथ ने किया था, जो स्वतंत्र व्यापार के क्लासिकी अर्थशास्त्र के पिता और नये युग के अग्रदूत माने जाते हैं।

१७८२–८३ मे ईस्ट इंडिया कम्पनी के पुराने आधार का विरोध और उसमे परिवर्तन की मांग, कौमन्स सभा (हाउस ऑफ कौमन्स) की सेलेक्ट कमिटी की बैठको मे होती रही। १७८३ मे फौक्स ने अपना इंडिया बिल पेश किया जिसका उद्देश्य यह था कि डायरेक्टरो और मालिकों के कोर्टों को खतम करके पार्लमेंट उनकी जगह पर कुछ कमिश्नरों को नियुक्त कर दे। कम्पनी के विरोध के कारण यह बिल पास नही हो सका। बिल गिर जाने के परिणामस्वरूप फ़ौक्स की सरकार ने इस्तीफा दे दिया और उसकी जगह पिट ने नयी सरकार बनायी। अगली दो पीढियो तक पिट के हाथ मे ताक़त रही। इस नाज़ुक मौके पर पता चला कि भारत इंगलैंड की राजनीति की एक मूल समस्या बन गया है। १७८४ में, हेस्टिंग्ज तथा कम्पनी के विरोध के बावजूद पिट का इंडिया ऐक्ट पास हो गया। उसमें हालांकि फौक्स के सुझाव के बदले भद्दी दोहरी व्यवस्था कायम करके पुरानी व्यवस्था से समझौता किया गया था, लेकिन फिर भी, उसमें राज्य द्वारा सीधे नियंत्रण के उसी मूल सिद्धान्त की स्थापना की गयी थी, जिसकी स्थापना करना फौक्स के सुझावों का उद्देश्य था। १७८८ में वारेन हेस्टिंग्ज पर मुकदमा चलाया गया। यह मुकदमा असल में सरकार की तरफ से चलाया गया था और वह व्यक्ति के खिलाफ इतना नही, जितना कि एक व्यवस्था के खिलाफ चलाया गया था। १७८६ मे लार्ड कार्नवालिस को गवर्नर-जनरल बनाकर भेजा गया कि वह शासन-प्रबंध में भारी परिवर्तन करें और अलग-अलग अफसरों द्वारा मनमानी लूट और भ्रष्टाचार के तरीके की जगह पर अच्छी तनखा पानेवाली सिविल सर्विस क़ायम करें। पहले जिस मनमाने ढग से मालगुज़ारी लगातार बढायी जा रही थी, उससे देश वीरान बनता जा रहा था और शोषण का आधार ही मिटता जा रहा था। लार्ड कार्नवालिस ने इस प्रथा को खतम करने की कोशिश की, बगाल में ज़मीन का इस्तमरारी बन्दोबस्त किया, जिससे ज़मीदारो का एक नया वर्ग ब्रिटिश हुकूमत के सामा-

जिक आधार के रूप में पैदा हो गया, और सरकार को एक बंधी रकम हर साल देने लगा।

इन सब परिवर्तनों का उद्देश्य सुधार करना था। वास्तव में इन परिवर्तनों के द्वारा भारत का अधिक वैज्ञानिक ढग से शोषण करने के लिए जमीन साफ की गयी थी, जो कि पूरे पूंजीपति वर्ग के हित मे था। इन परिवर्तनों ने एक नये युग के लिए मार्ग प्रशस्त किया, जिसमे औद्योगिक पूजी भारत का शोषण करनेवाली थी, और पहले की अव्यवस्थित लूट-खसोट के मुकाबले में भारत की समूची आर्थिक व्यवस्था को कही ज्यादा तबाह कर देनेवाली थी।

३. उद्योग-धंधों का नाश

१८१३ में आखिर कारखानेदारों और दूसरे व्यापारियो का हमला कामयाब हो गया, और भारत के व्यापार पर ईस्ट इडिया कम्पनी का एकाधिकार खतम कर दिया गया। इसलिए कहा जा सकता है कि औद्योगिक पूजीवाद के द्वारा भारत के शोषण का नया काल १८१३ से आरम्भ हुआ। १८१३ की पार्लमेंटी जाच की कार्यवाही से पता चलता है कि उस समय तक चिन्तन की दिशा किस प्रकार एकदम बदल गयी थी और सबका ध्यान केवल ब्रिटेन के नये, उठते हुए, और मशीनों से चलनेवाले उद्योग-धंधो मे बने माल के बाजार के रूप मे भारत का विकास करने पर केन्द्रित हो गया था।

१८१३ के पहले भारत के साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार होता था। लेकिन १८१४ और १८३५ के बीच, भारत में इंगलैंड के बने सूती कपडे की खपत १० लाख गज से कुछ कम से बढ़कर ५१० लाख गज से अधिक हो गयी। इसी काल मे इगलैंड मे भारत के बने सूती कपडे के कटपीस के टुकडो की खपत साढे १२ लाख से गिरकर ३ लाख ६ हज़ार हो गयी, और १८४४ तक तो इगलैंड मे केवल ६३,००० टुकडों की ही खपत रह गयी। भारत कई शताब्दियो से अपना कपड़ा सारी दुनिया को भेजता आया था; लेकिन १८५० तक यह हालत पैदा हो गयी कि वह उल्टे विदेशी कपडा मगाने लगा; और ब्रिटेन कुल जितना कपड़ा बाहर भेजता था, उसका चौथाई अकेले भारत मे खपने लगा। लेकिन भारतीय बाजार मे अंग्रेजी माल का बोलबाला कायम हो जाने और भारत के उद्योगो के चौपट हो जाने का केवल एक यही कारण नहीं था कि मशीनो से काम लेनेवाले उद्योग कौशल की दृष्टि से आगे बढे हुए होते हैं। इस काम में राज्य ने भी सीधे-सीधे मदद की और एक-तरफा स्वतंत्र व्यापार चालू कर दिया (इसका मतलब यह था कि अंग्रेजी माल को तो भारत मे आने की पूर्ण स्वतन्त्रता थी या उस पर महज़ नाममात्र की बन्दिश थी, लेकिन ब्रिटेन में आनेवाले भार-

तीय मालो पर भारी चुंगी लगी हुई थी और जहाजी कानूनों के द्वारा भारत और योरप अथवा अन्य विदेशी क्षेत्रों के बीच प्रत्यक्ष व्यापार पर रोक लगा दी गयी थी)।

एक तरफ जहां इगलैड के मशीन मे बने कपड़े ने भारत के बुनकरों को बरबाद किया, वहा दूसरी तरफ, मशीन के बने सूत ने भारत के चरखेवालो को मिटा दिया। १८१८ और १८३६ के बीच भारत मे इंगलैंड के बने सूत की खपत ५,२०० गुनी बढ़ गयी। रेशमी कपडे, ऊनी कपड़े, लोहे, बर्तन, कांच और कागज के साथ भी यही हुआ।

भारत के उद्योग-धंधो के इस तरह जड़ से नेस्तनाबूद हो जाने का देश की अर्थ-व्यवस्था पर क्या प्रभाव पडा होगा, इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है। इंगलैंड मे भी हाथ के करघे से काम करनेवाले पुराने बुनकर तबाह हुए थे; लेकिन वहा उनकी तबाही के साथ-साथ मशीन से चलनेवाला नया उद्योग क़ायम हो गया था। मगर भारत में लाखो और करोडो कारीगरों और दस्तकारों के तबाह हो जाने पर भी किसी नये प्रकार के धधो का विकास नही हुआ। पुराने औद्योगिक नगर—ढाका, मुर्शिदाबाद, सूरत, आदि—जो पहले बहुत घने बसे हुए थे, अंग्रेजी राज की कृपा से चन्द बरसो के अन्दर ही ऐसे उजाड हो गये कि भयानक से भयानक युद्ध होने पर या विदेशी विजेताओं का शिकार होने पर भी उनकी वैसी दशा न होती। १८६० में सर हेनरी कौटन ने लिखा : "ऐसा कोई साल नही जाता जब कमिश्नर और जिलो के अफसर इस बात की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित नही करते कि देश के सभी हिस्सो मे उद्योग-धधो से जीविका चलानेवाले वर्ग चौपट होते जा रहे हैं।" और १६११ में जो जन-गणना हुई, उसकी रिपोर्ट से पता चला कि यह क्रिया उस समय भी जारी थी।

न केवल पुराने औद्योगिक केन्द्र और नगर वीरान हो गये और उनकी आबादी उजड़कर गावो मे भर गयी, बल्कि सबसे बड़ी बात यह हुई कि पुरानी ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था का आधार मिट गया। खेती और घरेलू उद्योगो की उस एकता पर मर्मान्तिक प्रहार हुआ जो पुरानी व्यवस्था की नीव थी। लाखों तबाह और बरबाद कारीगरो और दस्तकारो के लिए, कातनेवालो, बुनकरो, कुम्हारों, चमडे का काम करनेवाले चर्मकारों, लुहारों, सुनारो आदि के लिए, वे चाहे शहरों के हों चाहे देहात के, इसके सिवा और कोई चारा न रह गया कि वे खेती के धधे में जाकर भीड लगायें। इस तरह जो भारत, खेती और उद्योग-धंधो की मिली-जुली व्यवस्था का देश था, उसे जबर्दस्ती ब्रिटेन के कल-कारखानोंवाले पूंजीवाद का खेतिहर उपनिवेश बना दिया गया। ब्रिटिश शासन के इसी काल से, और अंग्रेजी राज्य के प्रत्यक्ष प्रभाव के परिणामस्वरूप, भारत में खेती पर आबादी का वह जबर्दस्त और घातक दबाव शुरू होता है, जिसे सरकारी साहित्य

में लीप-पोत कर "जरूरत से ज्यादा आबादी बढ़ जाने" के एक चिन्ह के रूप में पेश किया जाता है।

ब्रिटेन के औद्योगिक पूंजीपतियों की यह नीति, अर्थात भारत को ब्रिटिश पूंजीवाद का एक ऐसा खेतिहर उपनिवेश बना देने की नीति, जो ब्रिटेन को अपना कच्चा माल दिया करे और उससे कल-कारखानों का बना माल खरीदा करे, १८४० में मैंचेस्टर के व्यापार मंडल (चैम्बर्स आफ कौमर्स) के अध्यक्ष थौमस बेंजले ने बिलकुल स्पष्ट कर दी थी। उन्होंने कहा था :

> "भारत एक बहुत ही विशाल देश है और वहा की आबादी इतना अधिक अंग्रेज़ी माल खरीदा करेगी कि उसकी कोई सीमा न होगी। हमारे भारतीय व्यापार की पूरी समस्या यह है कि हम जो माल वहां भेजने को तैयार हैं, उसकी कीमत क्या भारत के लोग अपनी धरती की पैदावार देकर अदा कर सकते है।"

७५ बरस पहले क्लाइव ने जिस स्पष्ट और बेट्रक ढंग से भारत के पुराने युग के शोषण का हिसाब लगाया था, ठीक उसी ढग से यहा नये युग के शोषण का हिसाब लगाया गया है।

अंग्रेज पूंजीपतियों की नीति एक नयी अवस्था में प्रवेश कर चुकी है, इसका संकेत १८३३ मे मिला जब अंग्रेज़ो को भारत में ज़मीन खरीदकर बागानों के मालिको के रूप में वहां बस जाने की इजाज़त दी गयी। उसी साल पश्चिमी द्वीप-समूह मे गुलामी की प्रथा खतम कर दी गयी थी। उसके बाद तुरन्त ही भारत में बागानो की यह नयी प्रथा जारी कर दी गयी, जो एक झीने आवरण से ढकी गुलामी के सिवा और कुछ न थी। और यह बात महत्व से खाली नहीं है कि भारत में जिन लोगो ने पहले-पहल जाकर बागानों का काम शुरू किया, उनमें से बहुत से पश्चिमी द्वीप-समूह के गुलामों के मालिक थे। इस प्रथा के जो भयानक नतीजे हुए, उनका पर्दाफाश १८६० के नील-कमीशन के सामने हुआ। आज दस लाख से अधिक मज़दूर चाय, रबड़ और कॉफी के बागानों से बंधे हुए हैं; यानी कपड़ा-मिलों, कोयला-खानो, इंजीनियरिंग के कारखानो और लोहे तथा इस्पात के उद्योगों में सब मिलाकर जितने मज़दूर काम करते हैं, उनकी लगभग दो-तिहाई संख्या बागानो में काम करती है।

१८३३ के बाद कच्चे मालों का निर्यात खास तौर पर एकदम बढ़ गया। १८१३ में भारत से ९० लाख पाउंड कपास बाहर गयी थी, १८३३ में ३२० लाख पाउंड बाहर गयी, १८४४ मे ८८० लाख पाउंड और १९१४ में ६,६३० लाख पाउंड। १८३३ में ३,७०० पाउंड भेड़ का ऊन बाहर गया था, १८४४ में २७ लाख पाउंड बाहर गया। १८३३ में २,१०० बुशल तिलहन बाहर गया था, १८४४ में २३७,००० बुशल बाहर गया।

इससे भी ज्यादा महत्व की बात यह थी कि भूखो मरनेवाले भारत से अधिकाधिक माल बाहर भेजा जाने लगा। १८४९ में ८५८,००० पौंड की कीमत का अनाज बाहर गया था, १८५८ मे ३८ लाख पौड की कीमत का अनाज बाहर गया—१८७७ मे ७९ लाख पौड का, १९०१ मे ९३ लाख पौड का और १९१४ में १९३ लाख पौड का।

इसके साथ-साथ, उन्नीसवी सदी के उत्तरार्ध में अकालो की सख्या और भयंकरता में भारी बढती हो गयी। डब्ल्यू. एस लिली ने अपनी पुस्तक **भारत और उसकी समस्याएं** में सरकारी अनुमानों के आधार पर अकालों में होनेवाली मौतो के ये आकड़े दिये थे :

वर्ष	अकाल से होनेवाली मौतो की सख्या
१८००–२५	१,०००,०००
१८२५–५०	४००,०००
१८५०–७५	५,०००,०००
१८७५–१९००	१५,०००,०००

१८८० मे भारतीय अकाल कमीशन ने अपनी रिपोर्ट मे कहा था :

"भारत के लोगो की गरीबी, और अन्न संकट के समय उनको जिन खतरो का सामना करना पडता है, उनकी जड में सबसे बडी बात यह शोचनीय परिस्थिति है कि आबादी के अधिकाश भाग का एकमात्र व्यवसाय खेती है, और मौजूदा बुराइयो को दूर करने के लिए ऐसा कोई भी उपाय पूरी तरह कारगर नही हो सकता जिसमें लोगों के लिए तरह-तरह के बहुत से धधे जारी करना शामिल नही हो। कारण कि आज जो फालतू आबादी खेती के धधे में लगी हुई है, उसे वहा से हटाने और उद्योग-धधो मे या ऐसे ही किसी और काम में लगाने का यही तरीका है।"

इन शब्दों में औद्योगिक पूजी ने भारत में अपने कारनामों पर खुद ही फ़तवा दे दिया है।

छठा अध्याय

भारत में आधुनिक साम्राज्यवाद

उन्नीसवीं सदी में भारत पर ब्रिटेन की औद्योगिक पूंजी का आधिपत्य था। बीसवीं सदी में उसकी जगह, भारत पर ब्रिटेन की बैंक-पूंजी का आधिपत्य कायम हुआ। इसके बहुत महत्वपूर्ण आर्थिक और राजनीतिक नतीजे हुए। इस बात को समझने के लिए सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि औद्योगिक पूंजी का युग बैंक-पूंजी के युग में किस तरह बदला और उसके क्या परिणाम हुए।

१. बैंक-पूंजी युग का श्रीगणेश

उन्नीसवीं सदी में औद्योगिक पूंजी जिस विशेष ढंग से भारत का शोषण करती थी, उसमें सीधी लूट-मार के पुराने तरीके एकदम खतम नहीं हो गये थे। वे भी जारी थे और साथ ही उनका रूप बदल गया था।

जिसे उस वक्त खुल्लमखुल्ला "खिराज" कहा जाता था, वह लूट का पैसा बराबर भारत से जाता रहा, और उन्नीसवीं सदी में व्यापार के विकास के साथ-साथ यह "खिराज" भी लगातार बढ़ता गया। बीसवीं सदी में वह और भी तेजी से बढ़ा, हालांकि व्यापार में अपेक्षाकृत गिराव आ गया। आधुनिक काल में इंगलैंड के द्वारा भारत का शोषण किस प्रकार बढ़ता गया है, इसका प्रमाण नीचे की तालिका में मिलेगा :

भारत से इंगलैंड जानेवाले खिराज में बढ़ती (लाख पौंडों में)

	१८५१	१९०१	१९१३-१४	१९३३-३४
घरेलू खर्च की मद में ...	२५	१७३	१९४	२७५
आयात से निर्यात कितना ज्यादा हुआ ...	३३	११०	१८२	५९०

तालिका से पता चलता है कि भारत से इंगलैंड जानेवाला खिराज अधिकाधिक बढता गया है। वास्तव में, इन आकडो से इस बात पर पर्दा पड़ जाता है कि इस बीच शोषण के एक नये रूप ने जन्म ले लिया था। यह रूप स्वतत्र व्यापार पर आधारित उन्नीसवी सदी के पूजीवाद की परिस्थितियो में ही विकसित हुआ था, मगर अब वह बक-पूजी द्वारा भारत का शोषण बनता जा रहा था। यह बीसवी सदी की नयी मजिल थी।

उन्नीसवी सदी के स्वतत्र व्यापार पर आधारित पूजीवाद की कुछ ऐसी आवश्यकताए थी, जिनसे मजबूर होकर अग्रेजो को भारत मे अपनी नीति में कुछ परिवर्तन करने पडे।

एक तो इस बात की आवश्यकता थी कि कम्पनी को एक बार सदा के लिए खतम कर दिया जाय, और उसकी जगह पर, ब्रिटेन के पूरे पूजीपति वर्ग के प्रतिनिधि के रूप मे ब्रिटिश सरकार का सीधा शासन स्थापित कर दिया जाय। यह काम अतिम रूप से १८५८ में पूरा हुआ।

दूसरे, व्यापार के लिए भारत को एकदम खोल देना जरूरी था। उसके लिए आवश्यक था कि रेल की लाइनों का जाल देश में बिछा दिया जाय, सडकों का विकास हो; सिंचाई की व्यवस्था की तरफ अग्रेजी राज्य मे जो एकदम लापरवाही दिखायी गयी थी, उसकी तरफ फिर ध्यान देना शुरू किया जाय; बिजली से काम करनेवाले तार की व्यवस्था की जाय; सारे देश मे एक सी डाक-व्यवस्था कायम हो; क्लर्कों और मातहत एजेन्टो की भर्ती के लिए थोड़ी अग्रेजी ढंग की शिक्षा की शुरूआत की जाय; और योरपीय ढंग की बैंक-व्यवस्था जारी की जाय।

लेकिन सक्रिय विकास की इस क्रिया का, विशेषकर रेल-निर्माण का एक और भी नतीजा लाजिमी रूप से होना था। भारत मे अपना व्यापार फैलाने के उद्देश्य से औद्योगिक पूजी को विकास के जो काम करने पड़े, जो रेलें, आदि बनानी पड़ी, उनसे एक नयी मजिल की नीव पड़ गयी। उनके कारण भारत में अंग्रेजो ने अपनी पूजी लगानी शुरू कर दी।

साम्राज्यवादी विस्तार के सामान्य क्रम में इस क्रिया को पूजी का निर्यात कहा जायगा। लेकिन, जहां तक भारत का सम्बध है, यहा इंगलैंड से बहुत कम पूजी आयी। १९१४ तक का जो पूरा काल है, उसमें केवल १८५६ से लेकर १८६२ तक के सात वर्ष ही ऐसे हैं जब कि भारत से जितना माल इंगलैंड गया, उससे ज्यादा माल वहा से भारत आया, यानी निर्यात से आयात अधिक रहा। वरना आम तौर पर तो सदा निर्यात ही अधिक रहता था। इन सात वर्षों में जितनी कीमत का माल भारत से इगलैंड गया, उससे २२५ लाख पौंड ज्यादा क़ीमत का माल इंगलैंड से भारत आया। यह देखते हुए कि अन्त में जाकर

भारत में लगी हुई अंग्रेज़ी पूंजी १९१४ तक अनुमानतः ५,००० लाख पौंड के लगभग पहुंच गयी थी, यह कोई बहुत बड़ी रक़म नहीं थी। इसलिए, भारत में अंग्रेज़ों ने जो पूंजी लगायी, वास्तव में, उसे पहले उन्होंने भारत में ही, वहां की जनता को लूटकर जमा किया और फिर उसे भारत पर ब्रिटेन के कर्ज़ के रूप मे हिसाब मे चढ़ा दिया। इस पर तभी से भारत को बराबर सूद और मुनाफ़ा देना पड़ रहा है।

भारत मे लगायी गयी अंग्रेज़ी पूंजी का केन्द्र था सार्वजनिक कर्ज़। जब १८५८ में शासन की बागडोर अंग्रेज़ी सरकार ने संभाली तो उसे ईस्ट इंडिया कम्पनी से विरासत मे ७०० लाख पौंड का कर्ज़ा मिला था। लेकिन यदि हिसाब ठीक-ठीक किया जाता तो इंगलैंड पर भारत का कर्ज़ निकलता। पर इससे कोई फ़र्क नही पड़ा। ब्रिटिश सरकार के हिसाब में भारत ही कर्ज़दार रहा और उसका यह कर्ज़ तेज़ी से बढ़ता गया। ब्रिटिश सरकार के हाथों में, यह कर्ज लगभग ७५ वर्ष के अन्दर बारह-गुने से ज़्यादा हो गया। १९३९ तक वह ८,८४२ लाख पौंड तक पहुंच गया था, जिसमें से ५,३२४ लाख पौंड भारतीय कर्ज़ था और ३,५१८ लाख पौंड कर्ज़ इंगलैंड में था।

विशेष महत्व की बात यह थी कि इंगलैंड में जो स्टर्लिंग कर्ज़ था, वह तेज़ी से बढ़ रहा था। १८५६ तक वह ४० लाख पौंड के नीचे ही था; लेकिन १९३९ तक वह ३,५१८ लाख पौंड हो गया था।

यह कर्ज़ हुआ कैसे? एक तो युद्ध, आदि के उन खर्चों के कारण जो भारत के नाम चढ़ा दिये जाते थे (अक्सर ये ऐसे युद्ध और ऐसी फ़ौजी कार्रवाइयां होती थीं, जो भारत के बाहर होती थीं), और बाद में रेल-निर्माण तथा सार्वजनिक निर्माण के अन्य ऐसे कामों के कारण जो ब्रिटिश सरकार ने भारत मे शुरू किये थे।

रेल-निर्माण, और चाय, कॉफ़ी, तथा रबड़ के बागानों और चन्द छोटे-छोटे कारखानों के विकास के साथ-साथ, उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध मे अंग्रेज पूंजीपति बड़ी तेज़ी से अपनी निजी पूंजी भारत में लगाने लगे। इसी काल में अंग्रेज़ों ने अपने अनेक निजी बैंक भी भारत में खोले। कम्पनी के एकाधिकार की बन्दिशें चूंकि अब हट गयी थीं, इसलिए बैंक खोलना मुमकिन था। १९०९-१० मे सर जार्ज पैश ने अनुमान लगाया था कि भारत और लंका मे कुल ३,६५० लाख पौंड की ब्रिटिश पूंजी लगी हुई है। लेकिन यदि यह देखा जाता कि यह पूंजी किन व्यवसायों में लगी हुई थी, तो साफ़ पता चल जाता कि भारत में ब्रिटिश पूंजी लगने का, या तथाकथित "पूंजी के निर्यात" का यह मतलब कतई न था कि भारत में आधुनिक उद्योग-धंधों का विकास हो गया था। १९१४ की लड़ाई के पहले भारत में जितनी ब्रिटिश पूंजी लगी थी, उसका ९७ प्रतिशत भाग

सरकारी कामों में, यातायात मे, बागानो मे और बैंको मे लगा हुआ था। मतलब यह हुआ कि अंग्रेजो की अधिकतर पूजी ऐसे कामों मे लगी हुई थी जिनसे केवल उनको भारत मे अपना व्यापार फैलाने में और कच्चे मालो के भडार तथा अंग्रेजी माल के बाजार के रूप मे उसका शोषण करने मे मदद मिलती थी, और जिन कामो का औद्योगिक विकास से कोई सम्बध न था।

२. बैंक-पूंजी और भारत

उन्नीसवीं सदी मे अंग्रेजो का उद्योग-धधो का क्षेत्र में एकाधिकार कायम हो गया था और वे दुनिया के बाजार पर राज करते थे। लेकिन १८७५ के बाद यह प्रभुत्व कमजोर पडने लगा। यहा तक कि इस काल मे भारत मे भी उनका कारबार धीरे-धीरे किन्तु अनवरत गति से ढीला पडने लगा।

१८७४ से १८७९ तक के पाच वर्षों मे भारत मे जो कुल माल विदेशों मे आया, उसका ८२ प्रतिशत भाग ब्रिटेन मे आया था। इसके अलावा ११ प्रतिशत ब्रिटिश साम्राज्य के दूसरे भागो मे आया था, और बाकी दुनिया के हिस्से में भारत के बाजार का $\frac{1}{14}$ से भी कम हिस्सा पडा था। लेकिन १८८४-८९ तक ब्रिटेन का हिस्सा ८२ प्रतिशत से ७९ प्रतिशत हो गया, १८९९-१९०४ तक ६६ प्रतिशत रह गया, और १९०९-१४ तक तो केवल ६३ प्रतिशत रह गया।

लेकिन, इसके साथ-साथ भारत में लगी हुई ब्रिटिश पूजी से होनेवाले मुनाफे और घरेलू खर्च की रकम बराबर बढती जा रही थी। १९१३-१४ मे ब्रिटेन और भारत के बीच कुल १,१७० लाख पौंड का व्यापार हुआ था, जिसमें अंग्रेज व्यापारियो, कारखानेदारो और जहाजो के मालिकों को १९१३ मे अनुमानतः अधिक से अधिक कुल २८० लाख पौंड का मुनाफा हुआ था।

परन्तु भारत में लगी ब्रिटिश पूजी १९११ तक अनुमानत ४,५०० लाख पौंड तक, और १९१४ तक ५,००० लाख पौंड तक पहुच गयी थी। यदि इस पूजी पर सूद की दर बहुत कम करके केवल ५ प्रतिशत ही रखी जाय, तो भी उससे २५० लाख पौंड की आमदनी जरूर होती होगी। इसमें उस पूजी से होने वाला मुनाफा और आय जोडनी होगी जिसका प्रतिनिधित्व भारत में काम करने वाली गैर-व्यापारी कम्पनिया करती थी। इसके अलावा, उसमे बैंकों का कमीशन, एक्सचेंज के लेन-देन की आमदनी, और बैंको तथा बीमा कम्पनियों की अन्य आय जोडनी होगी। सब मिलाकर ४०० लाख पौंड की आमदनी होती थी। इसलिए, जाहिर है कि १९१४ तक भारत के साथ व्यापार करनेवाली व्यापारी कम्पनियों, कारखानेदारों, और जहाजी कम्पनियो को कुल मिलाकर जितना मुनाफा होता था, उससे कही ज्यादा बडी रकम यहा लगी हुई ब्रिटिश पूजी के मुनाफे तथा

सीधे खिराज के रूप में चली जाती थी। अर्थात, **बीसवीं सदी में बंक-पूंजी द्वारा भारत का शोषण ही इस देश की लूट का मुख्य रूप बन गया था।**

१९१४-१८ की लडाई के समय और उसके बाद के काल मे इस क्रिया में बहुत ज्यादा तेजी आयी, और भारत के बाजार मे ब्रिटेन का हिस्सा एकदम गिर गया।

लेकिन जहा एक ओर, शोषण का पुराना आधार मिट रहा था, वहा दूसरी ओर बक-पूजी के शोषण से होनेवाले मुनाफे का नया आधार बराबर तैयार होता और फैलता जा रहा था। यदि बहुत कम करके भी अनुमान लगाया जाय तो १९२९ तक भारत मे कुल ५,७३० लाख पौंड की ब्रिटिश पूजी लग गयी थी और १९३३ तक वह १०,००० लाख पौंड पर पहुच गयी थी। उस समय विदेशो में अग्रेजो की जितनी पूजी लगी हुई थी, उसका पूरे ससार का जोड अनुमानतया ४०,००० लाख पौंड था। भारत में लगी हुई पूजी इस जोड के चौथाई से कम नही होती थी। मगर १९११ मे सर जौर्ज पैश ने हिसाब लगाया था कि भारत मे लगी हुई ब्रिटिश पूजी, विदेशो मे लगी हुई कुल ब्रिटिश पूजी का केवल ११ प्रतिशत होती थी। नवे हिस्से का इस तरह बढ़कर चौथाई हो जाना, ११ प्रतिशत का बढकर २५ प्रतिशत हो जाना—यह बताता है कि आधुनिक काल मे ब्रिटिश बक-पूजी के लिए भारत का महत्व किस तरह बढता गया है। साम्राज्यवाद की आधुनिक नीति को समझने की भी यही कुजी है। इस नीति के जरिए भारत मे ब्रिटेन की बक-पूजी के हितो की रक्षा करने के लिए विशेष उपायो की व्यवस्था की गयी थी।

भारत से इगलंड जो खिराज वसूलता था, उसकी कुल कितनी कीमत होती थी? शाह और खम्भाता का अनुमान था कि १९२१–२२ मे इंगलंड ने भारत से १,५०० लाख पौंड का खिराज वसूला था। सर एम. विश्वेश्वरैया ने हिसाब लगाया था कि १९३४ मे यह रकम १,०१० लाख पौंड तक पहुची थी (उन्होने कई महत्वपूर्ण बातो को ध्यान मे नही रखा था, जिनको हिसाब में शामिल करने पर पूरी रकम कम से कम ०,३५० लाख पौंड हो जाती)। और लारेंस के रोज़िंजर ने १९४५ में हिसाब लगाया था कि इंगलंड भारत से हर साल १,३५० लाख पौंड का खिराज वसूलता है।

जिन मदों का बिलकुल ठीक-ठीक हिसाब नही लगाया जा सकता, उनसे जो थोडा-बहुत अन्तर हो सकता है, उसका पूरा-पूरा ध्यान रखने पर भी, इस आम नतीजे पर पहुचने मे कोई नही बच सकता कि आधुनिक काल मे भारत का पहले काल से कही अधिक तीव्र शोषण हुआ है। हिसाब लगाया गया था कि जिस समय ब्रिटिश सम्राट ने खुद भारत के शासन की बागडोर संभाली, उसके पहले के ७५ बरसों में इंगलंड ने कुल १,५०० लाख पौंड भारत से

खिराज के रूप मे वसूले थे। आधुनिक काल में, दूसरा महायुद्ध शुरू होने के पहले के बीस वरसो मे, अनुमान लगाया जाता है कि इंगलैंड ने भारत से हर साल १,३५० लाख से लेकर १,५०० लाख पौंड तक खिराज वसूला। इस काल मे भारत मे राजनीतिक सकट जो इतना गहरा हो गया और साम्राज्यवाद के खिलाफ भारत मे विद्रोह ने जो इतना जोर पकड़ लिया, उसका मूल कारण शोषण की यह अत्यधिक बढ़ती थी।

३. औद्योगीकरण का मसला

कभी-कभी यह मत प्रकट किया जाता है कि भारत मे ब्रिटिश शासन के बंक-पूजी वाले आधुनिक रूप से कम से कम इतना लाभ तो हुआ ही कि भारत के उद्योग-धधों की उन्नति हो गयी और उसका आर्थिक विकास हुआ। तथ्यों को देखने से पता चलता है कि यह मत सचाई से काफ़ी दूर है। यह सही है कि आधुनिक काल मे भारत मे उद्योगों का किसी कदर विकास हुआ है; लेकिन इसी काल में ससार के अन्य प्रमुख गैर-योरपीय देशो मे जितना विकास हुआ है, उसके साथ भारत के विकास की किन्ही भी मायनो में तुलना नही की जा सकती। (देखिए अध्याय ३) भारत का जो कुछ औद्योगिक विकास हुआ भी है, वह आर्थिक तथा राजनीतिक, दोनों ही क्षेत्रों मे ब्रिटिश बंक-पूजी के सख्त विरोध का सामना करके और उससे सघर्ष करके हुआ है।

१९१४ तक साम्राज्यवाद भारत के औद्योगिक विकास का खुल्लमखुल्ला और बिना किसी लाग-लपेट के विरोध करता था। भारत के औद्योगिक विकास को तब सिर्फ सरकारी फरमानों या सरकारी उदासीनता से ही नही रोका जाता था, बल्कि चुगी के मामले में एक खास तरह की नीति बरतकर भी औद्योगिक विकास पर बंदिश लगा दी गयी थी। इसलिए, १९१४ तक औद्योगिक विकास बहुत ही धीरे-धीरे और बहुत ही कम हुआ।

पहले महायुद्ध के शुरू होने पर सरकार ने अपनी नीति मे मौलिक परिवर्तन की घोषणा की। सरकारी तौर पर ऐलान किया गया कि जिस प्रकार राजनीतिक क्षेत्र मे ब्रिटिश शासन का लक्ष्य भारत में जिम्मेदार सरकार कायम करना है, उसी प्रकार आर्थिक क्षेत्र में उसका लक्ष्य भारत का औद्योगीकरण करना है।

नीति मे परिवर्तन की इस घोषणा के कारण युद्ध की परिस्थितियों से उत्पन्न हुए थे। उसके तीन प्रकार के कारण बताये जा सकते हैं।

सबसे पहले, सैनिक और सामरिक कारण थे। भारत मे आधुनिक उद्योग-धंधों का चूंकि बहुत मामूली विकास भी नही हुआ था, इसलिए बहुत ही जरूरी

फ़ौजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भी सात समुद्र पार से आनेवाले सामान पर ही भरोसा करना पड़ता था।

दूसरे, आर्थिक होड़ से पैदा होनेवाले कारण थे। भारत के बाजार पर अंग्रजों ने जो एकाधिकार क़ायम कर रखा था, उसे उनके विदेशी प्रतिद्वंदी नष्ट किये डाल रहे थे। उनको रोकने के लिए भारत में बाहर से आनेवाले माल पर चुंगी लगाना जरूरी था। चुंगी की इस प्रणाली से दो काम बनते थे। एक तो उससे जिस हद तक विदेशी उद्योगपतियों के देश में घुसने के बजाय खुद भारत के अन्दर उद्योग-धंधो का विकास होता था, उस हद तक अंग्रेज़ो के लिए इस बात की गुंजायश रहती थी कि अपने आर्थिक तथा राजनीतिक प्रभुत्व के कारण वे अन्त में ब्रिटिश पूंजी के लिए ही मुनाफा खींच सके। इसके विपरीत, यदि भारत का बाज़ार एक स्वतंत्र विदेशी पूंजीवादी शक्ति के हाथो मे चला जाता, तो इसकी कोई गुंजायश न रहती। दूसरे, एक बार चुंगी की व्यवस्था हो जाने पर फिर इस बात के लिए भी ज़मीन तैयार हो जाती थी कि ब्रिटेन से आनेवाले माल पर चुंगी कम कराके अंग्रेज़ फिर भारत के बाज़ार को हथिया ले।

तीसरे, अन्दरूनी राजनीतिक कारण थे। लड़ाई के ज़माने मे, और लडाई के बाद के अशान्त काल मे, भारत पर अपना क़ब्ज़ा जमाये रखने की खातिर अंग्रेज़ो के वास्ते ज़रूरी था कि वे भारत के पूंजीपति वर्ग का सहयोग प्राप्त करें और इसके लिए आवश्यक था कि वे यहां के पूंजीपति वर्ग को कुछ आर्थिक तथा राजनीतिक सुविधाएं दे तथा और सुविधाएं देने का वादा करे। तभी अंग्रेज़ो को यहां के पूंजीपतियो का समर्थन मिल सकता था।

इस समय भारत के औद्योगिक पूंजीपतियों को बड़ी आशाएं हो गयी कि सरकार अब उद्योगो के विकास मे मदद करने की नीति पर चलेगी। लेकिन आनेवाले वर्षों में उनकी इन आशाओ पर निर्मम तुषारापात होनेवाला था।

४. औद्योगीकरण में अड़चनें

१९१४–१८ के युद्ध के बाद सरकार ने औद्योगिक विकास में जो मदद दी, उसकी चरम सीमा यह थी कि १९२४ मे उसने लोहे और इस्पात के उद्योग को संरक्षण और आर्थिक सहायता दी। इसके बाद सरकारी मदद कम होती गयी।

भारतीय औद्योगिक कमीशन ने एक लम्बी-चौडी योजना बनायी थी कि केन्द्र में एक शाही उद्योग-विभाग खोला जाय, जिसके मातहत हर प्रांत में काम करनेवाले प्रान्तीय विभागों का एक जाल बिछा दिया जाय। पर यह योजना यों ही रह गयी। केन्द्रीय संगठन तो कभी बना हो नहीं, प्रान्तीय विभागों को, शिक्षा-विभाग की तरह, "हस्तान्तरित" विभागो की सूची में शामिल कर

दिया गया। इसका मतलब यह था कि उनको खर्चे के लिए पैसा न मिले और जब उनकी तरफ़ से कोई काम न हो, तो उसकी जिम्मेदारी भारतीय मंत्रियों के सर डाल दी जाय।

१९२४ में लोहे और इस्पात के उद्योग को संरक्षण मिल जाने पर चुंगी-बोर्ड के पास कई और उद्योगों की भी दरखास्तें आयीं कि उन्हें भी संरक्षण दिया जाय। उनमें से केवल एक दरखास्त मंजूर की गयी। वह माचिस-उद्योग की दरखास्त थी। उसके मंजूर होने का कारण यह था कि भारत के माचिस-उद्योग में विदेशी पूंजी लगी हुई थी। सबसे अधिक महत्व की बात यह हुई कि एक नये सिद्धान्त की स्थापना कर दी गयी। यह ब्रिटेन से आनेवाले माल पर कम चुंगी लगाने या साम्राज्य के माल पर रियायत के साथ चुंगी लगाने का सिद्धान्त था। यह रियायती चुंगी, चुंगी की पूरी व्यवस्था का मुख्य सूत्र बन गयी। उससे ब्रिटिश उद्योगों को अपने प्रतिद्वन्दियों से होड़ करने में जो सीधी मदद मिली वह अलग है। उसके अलावा, चुंगी की व्यवस्था का भारत में उद्योगों के विकास पर जो प्रभाव पड़ा, उससे भी प्रधानतया विदेशी हितों का, और सबसे अधिक ब्रिटिश हितों का ही फायदा हुआ है। इस प्रकार, शुरू में जो व्यवस्था भारतीय उद्योगों को मदद पहुंचाने के साधन के रूप में जारी की गयी थी, वह जल्द ही ब्रिटिश उद्योगों को मदद पहुंचानेवाली रियायती चुंगी की व्यवस्था में बदल गयी।

१९१४–१८ की लड़ाई के खतम होते ही दुनिया के अलग-अलग देशों में व्यापार में जो तेजी आयी थी, उसका रूप भारत में और जगहों से अधिक उग्र था। सूती कपड़े और जूट की मिलों ने बेशुमार मुनाफा कमाया, और युद्ध खतम होने के फौरन बाद के उन वर्षों में इस बेशुमार मुनाफे में हिस्सा बटाने की उम्मीद से काफी अंग्रेजी पूंजी भारत चली आयी।

लेकिन १९२० और १९२१ के खतम होते-होते तेजी एकबारगी मन्दी में बदल गयी। सरकार की एक्सचेंज (मुद्रा के विनिमय से सम्बंधित) नीति ने तबाही की क्रिया को और तेज कर दिया। युद्ध के बाद की तेजी के दिनों में बनी बहुत सी भारतीय कम्पनियों का बाद के वर्षों में दिवाला निकल गया। नीचे लिखे आंकड़े बड़े महत्व के हैं। १९०८ से १९१० तक भारत और लंका में ब्रिटेन से १४७ लाख पौंड की पूंजी आयी थी, १९२१ से १९२३ तक ३०२ लाख पौंड की आयी, १९२५ से १९२७ तक २१ लाख पौंड की आयी, १९३२ से १९३४ तक ४२ लाख पौंड की आयी, और १९३४ से १९३६ तक केवल १० लाख पौंड की आयी। ब्रिटिश भारत में रजिस्ट्री-शुदा कम्पनियों की परिदत्त पूंजी (पेड-अप कैपिटल) १९१४–१५ में ७,४४० लाख रुपये थी, और १९२४–२५ तक वह २३,९८० लाख रुपये हो गयी थी। इस प्रकार १९१४ में

१६२४ तक के दस वर्षों में भारत में रजिस्टरी-शुदा कम्पनियों की पूंजी में २२२ प्रतिशत की बढ़ती हुई थी। लेकिन, इसके बाद के दस वर्षों मे, यानी १६२४ से १६३४ तक की पूजी मे केवल १ प्रतिशत की औसत वार्षिक बढती हुई और उसके बाद के पाच वर्षों में केवल डेढ प्रतिशत की।

इससे यह बात जाहिर है कि १६२६ का ससारव्यापी अर्थ-संकट आने के पहले ही भारत के औद्योगिक विकास में बहुत अड़चनें पडने लगी थी। भारतीय उद्योगों को एक नया और बहुत ज़बर्दस्त धक्का १६२७ में तब लगा जब सरकार ने भारतीय रुपये का मूल्य, जो युद्ध के पहले १ शिलिंग ४ पेंस था, स्थायी रूप से १ शिलिंग ६ पेंस नियत कर दिया। इस प्रकार, जब परिस्थितिया पहले से ही कठिन हो गयी थीं, तब ससारव्यापी आर्थिक सकट आया, और उसकी चोट भारत पर और देशों से अधिक गहरी लगी, क्योकि भारत प्राथमिक उत्पादन पर बहुत ज्यादा निर्भर करता था। १६२८-२६ में भारत से ३३,६०० लाख रुपये का सामान बाहर गया था। १६३२-३३ तक यह हालत पैदा हो गयी कि उस साल केवल १३,५०० लाख रुपये का माल बाहर गया। लेकिन भारत से इंगलैंड जानेवाले खिराज, कर्ज़े के सूद, और घरेलू खर्च की मद की रकम में कोई कमी नही आयी। उल्टे, दामो के गिर जाने के कारण उसका बोझ अब पहले से दुगुना हो गया था। और यह पूरी रकम भारत से बेरहमी के साथ वसूल की गयी। उसके एवज़ में खज़ाना इंगलैंड भेजा गया। १६३१-३५ के दौरान में ३२० लाख आउंस से कम सोना भारत से इंगलैंड नहीं गया। अर्थ-संकट के पहले इंगलैंड के खज़ाने में कुल जितना सोना था, उससे ज्यादा इन चार वर्षों मे भारत से इंगलैंड चला गया। १६३६ और १६३७ में और सोना यहां से गया, जिसकी क़ीमत ३८० लाख पौंड होती थी। भारत के किसानों और ग्राम ग़रीब लोगों में अपनी बचत का पैसा बैंकों में जमा करने का चलन नही है। यहां का प्रचलित ढंग यह है कि जो पैसा बचता है, उससे लोग सोना खरीद लेते हैं। वही सोना, यानी भारत के किसानो और ग्राम ग़रीब लोगों की गाढ़ी मेहनत की कमाई की बचत, इस तरह इंगलैंड पहुच गयी। जिस प्रकार औद्योगिक क्रान्ति के दिनों में हुआ था, उसी प्रकार एक बार फिर १६३३-३७ में ब्रिटिश पूजीवाद ने भारत को लूटकर दुनिया में अपने पैर जमाये।

५. दूसरे महायुद्ध के पहले के बीस वर्षों का [illegible]

दो महायुद्धों के बीच जो बीस वर्ष गुजरे, उनमें भार[illegible]
अवरुद्ध हुआ, यह निर्विवाद बात है। [illegible]
विकास हो था। लेकिन [illegible]

कपड़ा-उद्योग का विकास नही होता । । औद्योगीकरण के लिए निर्णायक महत्व भारी उद्योगो के विकास का होता है, लोहे तथा इस्पात और मशीनों के उत्पादन का होता है । और इसी क्षेत्र मे भारत की कमजोरी बिलकुल स्पष्ट थी । सच्चे औद्योगीकरण के लिए पहले भारी उद्योगो से, लोहे तथा इस्पात और मशीनों के उत्पादन से शुरू करना होता है । यह बात सोवियत सघ की महान समाजवादी औद्योगिक क्रान्ति मे साबित हो चुकी है । सोवियत सघ ने अपनी पहली पच-वर्षीय योजना मे भारी उद्योगो पर जोर दिया और यह उसीका परिणाम था कि वह अपनी दूसरी पच-वर्षीय योजना मे हल्के उद्योगो का विकास कर सका । **एक पराधीन, औपनिवेशिक देश का आर्थिक विकास किस प्रकार बिलकुल उल्टे क्रम से होता है, इसका भारत एक अच्छा उदाहरण है ।**

यदि हम इस बात की तुलना करके देखें कि १९१४ के पहले के मुकाबले में इस काल मे उद्योग-धधों तथा खेती में आबादी किस अनुपात में बंटी हुई है, तो औद्योगिक विकास का नीचा स्तर और भी स्पष्ट हो जाता है । जन-गणना के आकडो के अनुसार, १९११ और १९३१ के बीच उन लोगो की संख्या वास्तव में कम हो गयी जो उद्योग-धधो पर निर्भर करते थे, और खेती के सहारे रहनेवालो की सख्या इस बीच बढ़ गयी । यहा तक कि सरकारी कागजो में भी उद्योग-धंधों में काम करनेवाले मजदूरो की जो सख्या दर्ज की गयी है, उसमें इन बीस वर्षों में २० लाख की कमी आ गयी । इस प्रकार, दूसरा महायुद्ध शुरू होने के पहले, भारत का जो सच्चा चित्र हमारे सामने आता है, उसके लिए "अनुद्योगीकरण" का उपयुक्त शब्द इस्तेमाल हुआ है । सचमुच, साम्राज्यवादी शासन में भारत का "औद्योगीकरण" नही हुआ है, बल्कि "अनुद्योगीकरण" हुआ है । १९१४ के बाद यहा विकास की जो गति रही, उसे तेज औद्योगीकरण हरगिज नही कहा जा सकता । कुछ बातों में तो यह गति १९१४ के पहले की गति से भी धीमी थी । १८९७ और १९१४ के बीच कल-कारखानों में काम करनेवाले मजदूरों की सख्या में ५,३०,००० की बढती हुई थी, जब कि १९१४ और १९३१ के बीच उनकी सख्या मे केवल ४८०,००० की ही बढती हुई । इस प्रकार न सिर्फ पहले के मुकाबले मे १९१४ के बाद विकास की गति धीमी रही, बल्कि कुल बढती भी पहले से कम हुई ।

भारत मे औद्योगीकरण की इस धीमी गति के क्या कारण हैं ? इसका मुख्य कारण खुद साम्राज्यवादी व्यवस्था मे निहित है । यह व्यवस्था ऐसे विरोधों को जन्म देती है जो भारतीय उद्योगो का विकास नहीं होने देते । ये विरोध न केवल इस रूप मे प्रकट होते हैं कि साम्राज्यवाद भारत के औद्योगिक विकास का सीधे-सीधे विरोध करता है, बल्कि वे इस रूप में भी प्रकट होते हैं कि साम्राज्यवादी शोषण के एक लाजिमी नतीजे के तौर पर देश की खेतिहर

आबादी हद से ज्यादा गरीब हो जाती है और उसकी वजह से भारतीय उद्योगों में बने हुए माल के लिए देश का अन्दरूनी बाजार बेहद सिकुड़ जाता है। इस प्रकार, भारत में उद्योग-धंधों का सवाल खेती के सवाल से अलग करके हल नहीं किया जा सकता, और खेती का सवाल साम्राज्यवादी शोषण के मूल आधार से सम्बंधित है। अन्त में, ये विरोध ब्रिटिश बैंक-पूंजी के नागफास के रूप में प्रकट होते हैं। देश की अर्थ-व्यवस्था के सभी निर्णायक महत्व के स्थानों पर अंग्रेज़ी बैंक-पूजी का क़ब्ज़ा रहता है। इसलिए, प्रत्येक भारतीय व्यवसाय उसकी दया पर निर्भर रहता है।

६. बैंक-पूंजी का नागफांस

भारतीय पूजी के विकास के बावजूद, भारत की अर्थ-व्यवस्था पर ब्रिटिश पूजी का एकाधिकार सुरक्षित है। पूरी राजनीतिक व्यवस्था ऐसी है जो इस एकाधिकार को क़ायम रखती है, और १९४७ में औपनिवेशिक शासन खतम हो जाने के बाद भी यह बात सच रहती है। लोहे और इस्पात के उद्योग के क्षेत्र में भारतीय पूजी को ब्रिटिश पूंजी से समझौता कर लेना पड़ा। यहां तक कि कपड़ा-उद्योग में भी, जो भारतीय पूजी का मूल स्थान है, "मैनेजिंग एजेंसी" प्रथा के जरिए ब्रिटिश पूजी का काफ़ी नियंत्रण कायम रहा।

अंग्रेज़ी राज में, मैनेजिंग एजेंसी प्रथा का विकास भारत के औद्योगिक विकास पर अंग्रेजों का नियंत्रण रखने के एक प्रधान अस्त्र के रूप मे हुआ। इस प्रथा के द्वारा मैनेजिंग एजेंसी का काम करनेवाली थोड़ी कम्पनिया बहुत सी औद्योगिक कम्पनियों और कल-कारखानों को चालू करती हैं, उन पर नियंत्रण रखती हैं, बहुत हद तक उनके लिए पूजी इकट्ठा करती हैं, और साथ ही उनकी तमाम कारवाइयों का और पैदावार का संचालन करती हैं तथा पैदावार को बेचती हैं। मुनाफे की मलाई इन कम्पनियों के हिस्सेदारो को नहीं मिलती, बल्कि उसे मैनेजिंग एजेंसिया डकार जाती हैं।

मैनेजिंग एजेंसी का काम करनेवाली कम्पनियां भारतीय और अंग्रेज़ी दोनो प्रकार की हैं। लेकिन सबसे ताकतवर और सबसे पुरानी और जमी हुई मैनेजिंग एजेंसिया अंग्रेजों की हैं। जाहिर है कि लन्दन के साथ सबसे घनिष्ठ सम्बंध भी इन्ही एजेंसियों के हैं। १९२९-३२ के सर्वव्यापी अर्थ-सकट के समय, इन मैनेजिंग एजेंसियो को सूती कपड़े की मिलों पर अपने पंजे जमाने का मौक़ा मिला, और कुछ ने तो भारतीय हिस्सेदारों से पूरी कम्पनिया ही छीन लीं। १९३१ की भारतीय केन्द्रीय बैंकिंग जाच समिति ने अपनी रिपोर्ट में इसका विवरण दिया है।

भारतीय उद्योगो पर ब्रिटिश पूजी का शिकंजा आज भी कसा हुआ है। १९४७ से लेकर १९५२ के अन्त तक, भारत मे लगी हुई ८६० लाख पौड की ब्रिटिश पूजी अपने देश को लौट गयी। लेकिन, दूसरी तरफ उल्टी क्रिया चलती हुई दिखाई दे रही है। नयी ब्रिटिश और अमरीकी पूजी भारत में आ रही है। विदेशी कम्पनियो ने भारत मे अपनी मातहत कम्पनिना खोल दी हैं और उनकी भारत में रजिस्टरी करा ली है। लिवर ब्रदर्स, डनलप, इम्पीरियल कैमिकल, जैसी भीमाकार कम्पनियो ने भारत मे अपनी मातहत कम्पनिया कायम कर दी हैं। हाल के दिनो मे अमरीकी पूजी अधिकाधिक तेजी से भारत में घुसती आ रही है।

देश की अर्थ-व्यवस्था पर ब्रिटिश बक-पूजी का नियत्रण मजबूत बनाने मे विदेशी बैंको की वडी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ये बैंक सरकार की आर्थिक एव मुद्रा सम्बधी नीति के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हैं। दूसरे महायुद्ध के पहले भारत की बैंक-व्यवस्था चार प्रकार के बैंको में सगठित थी।

(१) भारत का रिजर्व बैंक—इसकी स्थापना १९३५ में हुई (और राष्ट्रीकरण १९४९ मे हुआ)। इसे कायम करने का उद्देश्य यह था कि वह सरकार के बैंक के रूप मे "बैंक आफ इगलैंड" की तरह काम करे और कर्ज की व्यवस्था पर नियत्रण रखे। इसका विधान शुरू मे इस तरह का बनाया गया था कि यदि वैधानिक सुधारो के मार्ग पर चलकर कभी कुछ भारतीय प्रतिनिधि केन्द्रीय सरकार में आ भी जाये, तो आर्थिक शक्ति का यह दुर्ग उनकी पहुच के बाहर रहे, अथवा लन्दन के टाइम्स (११ फरवरी, १९२८) के शब्दों मे यह "उस राजनीतिक दवाव से सुरक्षित रहे जिससे कर्ज और मुद्रा की व्यवस्था को पूर्णतया स्वतत्र रहना चाहिए।"

(२) भारत का इम्पीरियल बैंक, जो रिजर्व बैंक के साथ मिलकर काम करता है। साथ ही उसकी व्यापारिक कार्रवाइया भी जारी हैं। इसकी लगभग चार सौ शाखाएं और उपशाखाए हैं और भारत के तमाम बैंको मे जितनी रकमें जमा हैं, उनकी एक-तिहाई इस बैंक में जमा हैं। इस प्रकार, यह भारत की पूरी बैंक-व्यवस्था पर छाया हुआ है। १९३६ मे इसके ग्यारह डायरेक्टर अग्रेज थे और चार हिन्दुस्तानी।

(३) एक्सचेंज बैंक, अथवा भारत में काम करनेवाले ब्रिटिश या विदेशी निजी बैंक। इन तमाम बैंको के केन्द्रीय दफ्तर भारत के बाहर हैं, और इनका स्वरूप पूरी तरह गैर-हिन्दुस्तानी है। दूसरे महायुद्ध के ठीक पहले भारत के तमाम बैंको में कुल जितनी रकमें जमा थी, उनका पाचवा हिस्सा इन बैंको में जमा था।

(४) सम्मिलित पूंजी के भारतीय बैंक, या ऐसे निजी बैंक जिनकी रजिस्टरी भारत में हुई है। इनका दर्जा बैंकों की व्यवस्था में सबसे नीचे है। भारतीय पूंजी केवल इसी एक क्षेत्र में कुछ हाथ-पैर मार पायी, लेकिन इनमें से भी कुछ बैंकों पर विदेशी नियंत्रण क़ायम हो गया था।

बैंकों के इन अन्तिम तीन गुटों के पास कितनी रक़में जमा थीं, उनकी यदि तुलना की जाय़ तो साफ मालूम हो जाता है कि सम्मिलित पूंजी के भारतीय बैंकों की तुलना में १९४३ तक भारत में इम्पीरियल बैंक और एक्सचेंज बैंकों की ही तूती बोलती थी।

भारत की बैंक-व्यवस्था पर अंग्रेजों का जो नियंत्रण क़ायम था, वह भारत के औद्योगिक एवं स्वतंत्र आर्थिक विकास को रोकने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। भारत के कारखानेदार अक्सर बड़े जोरदार शब्दों में इसकी शिकायत किया करते थे। भारतीय केन्द्रीय बैंकिंग जांच समिति के अल्पमत की रिपोर्ट (१९३१) में और टी. सी. गोस्वामी तथा सर एम. विश्वेश्वरैया (१९३४) के बयानों में यह बात कही जा चुकी है।

७. बैंक-पूंजी और दूसरा महायुद्ध

दूसरा महायुद्ध आरम्भ हो जाने पर साम्राज्यवादियों को यह आवश्यकता महसूस हुई कि पूरब में लड़ाई का सामान सप्लाई करनेवाले अपने मुख्य अड्डे के रूप में भारत का विकास किया जाय। लेकिन इससे भी भारत के उद्योगों का विकास करने के सवाल पर साम्राज्यवादियों के रुख में कोई बुनियादी परिवर्तन नहीं हुआ। लेकिन, फिर भी यह लाजिमी हो गया कि लड़ाई के जमाने में औद्योगिक कारबार में थोड़ी तेजी आये। मगर, जैसा कि भारतीय व्यापार एवं उद्योग सभाओं के संघ (फ़ेडरेशन आफ़ इंडियन चेम्बर आफ़ कामर्स एंड इंडस्ट्री) के अध्यक्ष सर बद्रीदास गोयनका ने कहा था कि लड़ाई के जमाने में भारत में उत्पादन में जो कुछ भी उन्नति हुई, वह "मौजूदा कल-कारखानों और मशीनों को अंधाधुंध चलाकर और मजदूरों से कई-कई पालियों में काम कराके हुई है। लड़ाई में शामिल दूसरे देशों में जिस तरह नये कल-कारखाने खोलकर उत्पादन बढ़ाया गया, उस तरह हमारे यहां नहीं हुआ। हमारे यहां यह चीज नहीं के बराबर हुई।" इस बात की भी कोई परवाह न की गयी कि यदि भारत के विशाल साधनों का उपयोग नहीं किया जाता, तो युद्ध-उद्योग संकट में पड़ सकता था। अमरीकी टेक्निकल मिशन ने जो सिफ़ारिशें की थीं, भारत सरकार ने उन्हें नहीं माना, बल्कि उसने कमीशन की रिपोर्ट को प्रकाशित हूं नहीं किया और उसे ताले में बन्द कर दिया।

भारत के विकास को रोकने की इस नीति को अमल में लाने के लिए पूर्वी क्षेत्र की सप्लाई काउंसिल की सेवाओं का खास तौर पर इस्तेमाल किया गया। इस संस्था का दफ़्तर भारत में था। उसे इस उद्देश्य से क़ायम किया गया था कि वह ब्रिटिश साम्राज्य के विभिन्न देशों से लड़ाई का सामान और रसद वगैरा एक जगह इकट्ठा करे और वितरण करे। इसके लिए दलील यह दी गयी कि साम्राज्यके कई-कई देशों को एक ही चीज के उत्पादन में लगकर अपनी शक्ति का अपव्यय नही करना चाहिए। और इस दलील की बुनियाद पर ब्रिटिश सरकार ने इस काउंसिल के ज़रिए इसकी पक्की व्यवस्था कर दी कि भारत के उद्योग आगे न बढने पायें। पूर्वी-क्षेत्र की सप्लाई काउसिल जिस प्रतिक्रिया-वादी लक्ष्य को सामने रखकर काम कर रही थी और जिस तरह काम कर रही थी, उसे देखकर अग्रेज पूजीपतियों ने दिसम्बर १६४० मे ही सन्तोष प्रकट किया था।

युद्ध के इस पूरे काल मे भारत में जरा भी वास्तविक औद्योगिक विकास नही हुआ। उल्टे, इस काल मे भारत का जैसा भयंकर शोषण हुआ, वैसा ब्रिटिश शासन के पूरे इतिहास में कभी नही हुआ था। इस बार पिछली लड़ाइयों से भी ज्यादा भारी बोझा भारतीय जनता के कधों पर डाल दिया गया। भारतीय अर्थ-व्यवस्था को इस काल मे कितना भारी बोझा घसीटना पडा, इसका पता लगाने के लिए भारत के सैनिक रक्षा के खर्च और ब्रिटिश सरकार के सैनिक रक्षा के खर्च को जोड़कर कुछ अन्दाज लगाया जा सकता है। १६३६ के आर्थिक समझौते मे जिन मदों के खर्चे को भारत की सैनिक रक्षा का खर्च माना गया था, वह बेहद बढ गया। यहां तक कि कुछ वर्षों मे तो यह युद्ध के पहले की कुल राष्ट्रीय आय का एक-तिहाई तक हो गया। क़रीब इतना ही वह खर्चा था, जो ब्रिटिश सरकार से भारत को वापिस मिलनेवाला था। लेकिन इस रकम को भारत अपने किसी काम मे नही ला सकता था—न तो सोने के रूप में और न किसी सामान की शक्ल में। रकम बराबर बढ़ती जा रही थी, लेकिन भारत उसमें से एक पाई भी अपनी ज़रूरत की मशीनें, वग़ैरा खरीदने के लिए इस्तेमाल नही कर सकता था।

भारत के मालिक की हैसियत से ब्रिटेन ने पूरा-पूरा फायदा उठाया। दूसरे देशों में इस तरह की रक़म के बदले में—इस पौंड-पावने के बदले में—वहां लगी हुई ब्रिटिश तथा अन्य विदेशी पूजी ले ली गयी। पर भारत को इसकी भी इजाजत नही मिली।

इसके अलावा, साम्राज्यवादी शासकों ने भारत के डालर-कोष को भी हड़प कर लिया। लड़ाई के जमाने में "डॉलर पूल एरेंजमेंट" नामक एक व्यवस्था की गयी थी। इसके मातहत "स्टर्लिंग क्षेत्र" के सभी देशों को इसके लिए मजबूर

किया गया कि अमरीका के हाथ सामान बेचकर वे जितने डालर कमायें, सबको एक जगह इकट्ठा करते जायें। अपने इन डालरों के बल पर भारत और अन्य देश अमरीका से सीधे कुछ नहीं खरीद सकते थे। इन डालरों का केवल ब्रिटिश सरकार ही लड़ाई का सामान खरीदने के लिए इस्तेमाल कर सकती थी।

लडाई का खर्चा चलाने का यह साम्राज्यवादी तरीक़ा पूरी तौर पर अंधाधुंध मुद्रा-प्रसार पर आधारित था। १९३९ और १९४५ के बीच ६ गुने ज्यादा नोट जारी किये गये, जब कि औद्योगिक कारबार का सूचक अंक १९३९–४० में ११४ से १९४५ में केवल १३२·५ तक ही बढ़ा। इस मुद्रा-प्रसार से कल कारखानों के मालिकों और फौजी ठेकेदारों को बेशुमार मुनाफ़ा लूटने में मदद मिली, मगर भारत की अर्थ-व्यवस्था पर उसका भयंकर प्रभाव पड़ा। युद्ध का असली बोझा उस जनता पर पड़ा जो पहले से ही भूखों मर रही थी। मजूरियों और तनखाओं में बार-बार कटौती, खाने-पहनने की चीजों का अभाव, देश-व्यापी अकाल और तबाही और बरबादी—छः बरस तक भारतीय जनता को तरह-तरह की मुसीबतें उठानी पड़ी।

इस प्रकार मुख्यतया भारत की अर्थ-व्यवस्था के प्रति साम्राज्यवाद के रुख के कारण भारत पहले से भी अधिक गरीब होकर युद्ध में से निकला। न सिर्फ़ भारत की आर्थिक व्यवस्था का विकास करने का एक बड़ा अच्छा मौका हाथ से निकल गया, बल्कि युद्ध-कालीन बोझे के कारण दूसरे महायुद्ध के समाप्त होने पर भारत की आर्थिक हालत बहुत ही नाज़ुक हो गयी और वह आसमान को छूनेवाले मुद्रा-प्रसार, महंगाई और आम तबाही का शिकार हो गया।

८. साम्राज्यवादी और भारतीय [illegible] का गठबंधन

भारत में साम्राज्यवादी नीति का सदा यही उद्देश्य रहा है कि किसी न किसी तरह अंग्रेजों के साम्राज्यवादी स्वार्थों को कायम रखा जाय, उनकी रक्षा की जाय, तथा उनको और मजबूत बनाया जाय। भारत में समय समय पर जितनी भी वैधानिक योजनाएं चालू की गई या राजनीतिक सुधार किये गये, उनका मुख्य उद्देश्य यही था। यहां तक कि सबसे बाद में १९४७ का जो माउंटबेटन-समझौता हुआ और भारत तथा पाकिस्तान के डोमीनियनों की जो स्थापना हुई, यदि उसके पीछे छिपे हुए वास्तविक आर्थिक सम्बंधों का अध्ययन किया जाय, तो पता चलेगा कि भारत संघ और पाकिस्तान की दिखावटी आजादी की आड़ में दरअसल ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने अपने आर्थिक प्रभुत्व को कायम रखने का प्रयास किया है और ऐसी व्यवस्था की है जिसमें वह भारत के आर्थिक विकास पर नियंत्रण रख सके और साम्राज्यवाद के हितों में उसे रोक सके।

लेकिन दूसरे महायुद्ध के बाद जो नाज़ुक ज़माना आया, उसमें साम्राज्य-वाद की मूल नीति को न सिर्फ़ राजनीतिक क्षेत्र में, बल्कि आर्थिक क्षेत्र में भी नये रूपों और तरीक़ों की तलाश करनी पड़ी। अब आर्थिक परिस्थितियों में बड़ा परिवर्तन हो गया था। ख़ास तौर पर, ब्रिटिश पूंजीवाद पहले से बहुत कमज़ोर हो गया था। अमरीकी पूंजीवाद बड़े हमलावर ढंग से बढ़ा चला आ रहा था। और भारतीय पूंजीपति वर्ग की ताक़त में भी, बहुत नीचे स्तर पर ही सही, कुछ इज़ाफ़ा हो गया था। इन बदली हुई परिस्थितियों में साम्राज्यवादी नीति में भी परिवर्तन करना आवश्यक था। इसलिए, साम्राज्यवाद के हितों की रक्षा करने के वास्ते भारत के आर्थिक विकास पर लगाम कड़ी रखने और उसे रोकने की नीति, युद्ध के बाद के काल में नये ढंग से और नयी शक्ल में लागू की गयी। इन नये रूपों का सबसे अच्छा उदाहरण भारतीय कारख़ानेदारों के साथ किये गये वे सौदे हैं जिनके द्वारा मिली-जुली भारतीय-अंग्रेज़ी और भारतीय-अमरीकी कम्पनियां खोलने की व्यवस्था की गयी है।

भारतीय इजारेदारों (एकाधिकारी पूंजीपतियों) और साम्राज्यवादी इजारेदारों के बीच विरोध की आज भी बहुत सी बातें हैं। लेकिन, इसके बावजूद सबसे ताक़तवर साम्राज्यवादी इजारेदारों और प्रमुख भारतीय इजारेदारों के बीच किसी माने में गठबंधन भी क़ायम हो गया है। यह गठबंधन बराबरी के आधार पर नहीं हुआ है, बल्कि उसमें भारतीय इजारेदारों की हैसियत नीची रखी गयी है। और इस गठबंधन के भीतर भी विरोध क़ायम है। लेकिन साथ ही, इस गठबंधन से यह भी प्रकट होता है कि व्यवसाय के क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है और राजनीतिक क्षेत्र में दोनों ने मिलकर उभरते हुए जन-विद्रोह को दबाने का निश्चय कर लिया है। बड़े पूंजीपतियों के बीच इस तरह के सौदे १९४५ से ही शुरू हो गये थे। इनसे वह आर्थिक पृष्ठभूमि तैयार हुई जिसमें नये वैधानिक समझौते किये गये और भारत तथा पाकिस्तान के डोमीनियनों की स्थापना हुई।

युद्ध से हालांकि भारतीय जनता की ग़रीबी और मुसीबत बहुत बढ़ गयी, लेकिन उससे पूंजीपतियों के ऊपर के स्तर का बड़ा फ़ायदा हुआ। बड़े-बड़े व्यापारियों, सौदागरों, ठेकेदारों और कारख़ानेदारों की दौलत हद से ज़्यादा बढ़ गयी। लड़ाई के कारण उन्होंने बेशुमार मुनाफ़े कमाये। युद्ध के ख़तम होते-होते भारत के पूंजीपति वर्ग के पास विशाल परिमाण में पूंजी इकट्ठा हो गयी थी; लेकिन पूंजी के इस संचय का आधार यह नहीं था कि युद्ध-काल में भारत की उत्पादक शक्तियों का बहुत विकास हुआ हो, या कोई ख़ास औद्योगिक उन्नति हुई हो। इसलिए युद्ध समाप्त होने पर भारतीय पूंजीपति वर्ग की इस मांग ने हद से ज़्यादा ज़ोर पकड़ लिया कि भारत का औद्योगीकरण होना चाहिए और

पूंजीपतियों को अपनी पूंजी लगाने के नये मौके मिलने चाहिए। भारत का बड़े पैमाने पर औद्योगिक विकास करने के लिए अनेक ग़ैर-सरकारी योजनाएं तैयार की गयी। इनमें सबसे प्रसिद्ध वह योजना है जिसे टाटा गुट के प्रतिनिधियों और दूसरे बड़े पूंजीपतियों ने पेश किया था, और जो आम तौर पर बम्बई-योजना कहलाती है। अपनी अनेक कमजोरियों के बावजूद इस योजना ने सारे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा, क्योंकि उसमें भारत के लोगों की अपने देश का औद्योगीकरण करने की जबर्दस्त इच्छा की झलक थी।

अतएव, साम्राज्यवाद ने नये युग के अनुरूप अपने को ढालने का प्रयत्न किया। अब भारत में ब्रिटिश स्वार्थों की रक्षा करने का एक यही तरीक़ा था कि भारत के बड़े पूंजीपति वर्ग से समझौता कर लिया जाय। अब भारतीय औद्योगीकरण पर बाहर से नहीं, बल्कि अन्दर से हमला करने के लिए तैयारी आवश्यक थी। अब केवल भारतीय इजारेदारों की मदद से ही भारत को अंग्रेज़ी माल के बाजार के रूप में सुरक्षित रखा जा सकता था।

सर आर्किबाल्ड रोलैंड्स ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के राजनीतिक सम्बंध भविष्य में कैसे भी रहें, यह दोनों के हित में है कि "उद्योग-धंधों, व्यापार तथा संस्कृति के क्षेत्रों में उनके सम्बंध को पहले से अधिक घनिष्ठ बनाया जाय।" लार्ड वेवेल ब्रिटेन के पूंजीपतियों को यह आश्वासन देते थे कि १९३५ के इंडिया ऐक्ट में "व्यापारिक हितों की सुरक्षा" की जो धाराएं हैं, वे हटायी नहीं जायेंगी। उसके साथ-साथ उन्होंने यह मत भी प्रकट किया कि भविष्य में अंग्रेजों के आर्थिक हितों की पूर्ण सुरक्षा का सबसे अच्छा उपाय यह है कि भारत और ब्रिटेन के पूंजीपति साझे में व्यवसाय करें।

१९४५ के बाद से ही भारतीय तथा अंग्रेज इजारेदारों के बीच, और भारतीय तथा अमरीकी इजारेदारों के बीच भी, बहुत से सौदे होते आये थे। जून १९४५ में बिड़ला ब्रदर्स लिमिटेड और इंगलैंड के नफ़ील्ड गुट के बीच एक समझौता हुआ। दिसम्बर १९४५ में टाटा गुट और इम्पीरियल कैमिकल इंडस्ट्रीज के बीच इसी तरह का एक समझौता हुआ। बिड़ला-स्टूडेबेकर समझौते, वालचन्द-क्राइस्लर समझौते और नेशनल रेयौन कार्पोरेशन की स्थापना के रूप में इसी प्रकार भारतीय और अमरीकी पूंजीपतियों के साझे में व्यवसाय करने की व्यवस्था की गयी।

भारत के बड़े और मझोले दर्जे के पूंजीपतियों के साथ इस तरह के सौदे करने के अलावा, अंग्रेज साम्राज्यवादियों ने योजना बनायी थी कि वे भारत के तानाशाही देशी राज्यों का विकास भविष्य के अपने मुख्य अड्डों के रूप में करेंगे। अप्रैल १९४५ में भारत सरकार ने अपनी औद्योगिक नीति के बारे में जो ... निकाला था, उसमें देशी राज्यों के औद्योगिक विकास के लिए विशेष

की गयी थी। भारतीय नरेन्द्र-मंडल के मंत्री मीर मकबूल अहमद ने कहा था : "देशी रियासतों का विकास करने के मामले में भारतीयों और अंग्रेज़ों के साझे में काम करने की बड़ी सम्भावनाएं हैं।"

कई देशी रियासतें मैदान में आ भी गयी थी और उन्होंने अंग्रेज़ पूजी-पतियों से साझा कर लिया था। हैदराबाद राज्य ने अपनी गोदावरी घाटी योजना का ऐलान किया था। उसमें लगनेवाली कुल पूजी का ४० से लेकर ७० प्रतिशत तक भाग अंग्रेज़ों ने देने को कहा था। त्रावणकोर राज्य के रेत में बहुमूल्य थोरियम बहुत मिलता है। उसने थोरियम का विकास करने का पूरा अधिकार एक अंग्रेज़ कम्पनी के हाथों बेच दिया।

इस प्रकार, साम्राज्यवाद यह कोशिश कर रहा था कि भारत की धरती में अंग्रेज़ी बैंक-पूजी की जड़े और भी गहरे तक पहुचा दें ताकि भारत में उसका भविष्य पूर्णतया सुरक्षित हो जाय। भारतीय उद्योगपतियो से समझौता करके इस बात की व्यवस्था की जा रही थी कि भारत में लगी हुई ब्रिटिश पूजी हमेशा सुरक्षित रहे, और श्री घनश्यामदास बिड़ला ने, जो भारत के सबसे बड़े इजारेदारों में गिने जाते हैं, कहा था : "मै नही समझता कि कभी ब्रिटिश पूजी जब्त की जायेगी। अंग्रेज़ी कम्पनिया इसी तरह काम करती रहेंगी।"

लेकिन इन सौदों और समझौतो से भारत का औद्योगीकरण हरगिज नहीं हो सकता था। जैसा कि बिड़ला तथा नफील्ड और टाटा तथा इम्पीरियल कैमिकल इंडस्ट्रीज के दो महत्वपूर्ण सौदो की शर्तों से बिलकुल साफ है, साझे की इन दो कम्पनियों के बनने के फलस्वरूप भारत में बुनियादी और भारी उद्योग नही खुलेंगे; रासायनिक पदार्थ एक अनिश्चित समय तक इंगलैंड में ही बनते रहेंगे, और एक भारतीय कम्पनी के नाम से भारतीय जनता के हाथ बेचे जायेंगे। इसी प्रकार, भारत में केवल ब्रिटेन में बने औज़ारों और पुर्जों को जोड़ने के वर्कशाप खोले जायेंगे। जैसा कि २७ दिसम्बर, १९४५ को बाम्बे क्रॉनिकल ने एक सम्पादकीय लेख में कहा था : (इस तरह भारत में) "एक नये प्रकार के स्थिर स्वार्थ पैदा हो जायेंगे, जो इस देश का अच्छी तरह औद्योगीकरण करने के रास्ते में भारी रुकावटें डालेंगे।"

भारतीय और अंग्रेज इजारेदारों के बीच इस तरह के आर्थिक समझौते १९४५ में ही बड़े पैमाने पर होने शुरू हो गये थे। १९४६ में इन सौदों से मिलता-जुलता जो राजनीतिक समझौता हुआ और आगे चलकर १९४७ में भारत और पाकिस्तान के डोमीनियनों की जो स्थापना हुई, उसके लिए इन आर्थिक समझौतों ने एक महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि का काम किया था। बड़े-बड़े भारतीय और साम्राज्यवादी इजारेदारों के बीच आर्थिक सहयोग के इन समझौतों का आगे चलकर किस तरह विकास हुआ, यह नयी डोमीनियन सरकारों की आर्थिक

नीति के रूप में देखा जा सकता है; और यह इस बात में भी देखा जा सकता है कि इन सरकारों के संरक्षण में अंग्रेज़ी तथा अमरीकी पूंजी बढ़ती हुई तेज़ी के साथ भारत और पाकिस्तान में प्रवेश कर रही है।

६. भारत में साम्राज्यवाद का परिणाम

जब मार्क्स ने यह कहा था कि ब्रिटिश शासन भारत में "एक सामाजिक क्रान्ति का कारण बनेगा," तब उनका मतलब एक दोहरी क्रिया से था। एक तो पुरानी समाज व्यवस्था के विनाश की क्रिया; दूसरी, नयी समाज व्यवस्था के लिए भौतिक आधार तैयार करने की क्रिया। ये दोनों क्रियाएं आज भी जारी हैं, हालांकि आधुनिक साम्राज्यवाद की नयी मंजिलो की विशेषताओं के सामने उनका महत्व फीका पड़ गया है। आधुनिक साम्राज्यवाद की नयी मजिलें उस पुरानी क्रिया से ही पैदा हुई हैं। हाथ से चलनेवाले पुराने उद्योगो के चौपट हो जाने का एक नतीजा आज भी इस शक्ल में देखा जा सकता है कि औद्योगिक मजदूरों की संख्या बराबर कम होती जा रही है। आधुनिक उद्योग-धर्धों का प्रारम्भिक विकास हुआ है, मगर बहुत ही धीरे-धीरे।

लेकिन आज इसी क्रिया के जारी रहने के फलस्वरूप एक नयी परिस्थिति पैदा हो गयी है। भारत में उत्पादक शक्तियों के बड़े पैमाने पर विकास करने और आधुनिक स्तर तक पहुचने के लिए परिस्थितियां परिपक्व हो गयी हैं। पहले भारत में अंग्रेजों के पूजीवादी प्रभुत्व ने अनजाने में एक क्रान्तिकारी भूमिका अदा की थी। पर अब क्रान्तिकारी भूमिका की बात तो दूर रही आधुनिक साम्राज्यवाद उत्पादक शक्तियो के विकास के रास्ते में सबसे बड़ी रुकावट बन गया है और भारत की प्रतिक्रियावादी आर्थिक तथा सामाजिक शक्तियों के साथ जुड़ गया है।

इसलिए, आधुनिक काल में भारतीय समाज की सभी प्रगतिशील शक्तियां साम्राज्यवाद को अपना मुख्य शत्रु मानती हैं और उसके खिलाफ विद्रोह करने के लिए तथा उस दकियानूसी आर्थिक व्यवस्था को खतम करने के लिए, जिसे साम्राज्यवाद ने क़ायम रख छोड़ा है और जिसकी वह हिफाज़त करता है, एक अधिकाधिक शक्तिशाली राष्ट्रीय आन्दोलन में एकजुट हो रही हैं। यह संघर्ष खेती के संकट के रूप में प्रकट होता है, जो इस बात का मापदंड है कि साम्राज्यवादी अर्थ-व्यवस्था कितनी दिवालिया हो गयी है, और जो निर्णायक परिवर्तन के लिए प्रेरक शक्ति का काम करता है।

सातवां अध्याय

खेती का संकट

भारत की मौजूदा समाज-व्यवस्था, जो साम्राज्यवादी शासन के अन्तर्गत विकसित हुई है, जनता के जीवन के लिए गला घोंटनेवाला शिकंजा बन गयी है। इस व्यवस्था की नींव का पता लगाने के लिए खेती के सम्बंधों के क्षेत्र में चलना होगा। परिवर्तन की अत्यन्त शक्तिशाली प्रेरक शक्तियां भी इसी क्षेत्र में पैदा हो रही हैं और बल-संचय कर रही हैं। ये शक्तियां मौजूदा समाज-व्यवस्था को बदल डालेंगी और एक नयी व्यवस्था के लिए रास्ता खोल देंगी। लेकिन खेती की समस्या को देश की साधारण अर्थ-व्यवस्था से अलग करके उसका अध्ययन नहीं किया जा सकता। जब १९२६ में खेती की जांच करने के लिए एक शाही कमीशन नियुक्त किया गया, तो ब्रिटिश सरकार ने अपनी हिदायतों में उसे यह चेतावनी दी थी कि "भूमि के स्वामित्व तथा जोतों की मौजूदा व्यवस्था के विषय में, अथवा मालगुज़ारी तथा आबपाशी के बन्दोबस्त की मौजूदा प्रणाली के बारे में कोई सिफारिश करना कमीशन के क्षेत्र के बाहर होगा।" यह तो वैसे ही हुआ जैसे हैम्लेट नाटक में से डेनमार्क के राजकुमार को निकाल दिया जाय।

खेती के मौजूदा संकट के पीछे जो बुनियादी सवाल काम कर रहे हैं, वे इस प्रकार हैं :

(१) खेती पर आबादी का जरूरत से ज्यादा दबाव, क्योंकि लोगों के लिए दूसरे आर्थिक रास्ते सब बन्द हैं;

(२) जमीन के इजारे का असर और किसानों पर जो तरह-तरह के बोझे लदे हुए हैं, उनका प्रभाव;

(३) खेती के कौशल का नीचा स्तर और उसके विकास को रोकनेवाले कारण;

(४) औपनिवेशिक तथा अर्ध-औपनिवेशिक अर्थ-व्यवस्था की परिस्थितियों के कारण खेती में ठहराव आ जाना और उसका पतन होने लगना;

(५) किसानों की अधिकाधिक तेजी से बढ़ती हुई गरीबी, जोतों का छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटते जाना, और आम पैमाने पर किसानों के खेतों का उनके हाथों से निकलते जाना;

(६) इस सबके परिणामस्वरूप किसानों में वर्ग-भेदों का बढ़ना और उसके कारण किसानों की एक बढ़ती हुई संख्या का, जो कहीं-कहीं तो एक-तिहाई से लेकर आधी तक पहुंच जाती है, भूमिहीन सर्वहारा की हालत में पहुंच जाना।

इन तमाम कारणों का अध्ययन करके ही खेती के संकट का कोई हल निकाला जा सकता है।

१. खेती पर ज़रूरत से ज़्यादा दबाव

भारत में आबादी का अधिकतर भाग खेती पर निर्भर करता है; मगर पश्चिमी योरप के उन देशों में, जहां काफ़ी औद्योगीकरण हो चुका है, बिलकुल दूसरी हालत है। अक्सर इस फर्क को इस तरह पेश किया जाता है जैसे यह कोई प्राकृतिक घटना हो; इससे भारतीय समाज के पिछड़े हुए स्वरूप का प्रमाण मिलता है, और इसलिए जिसकी वजह से हमारे लिए यह जरूरी हो जाता है कि इस समाज में किसी परिवर्तन का सुझाव देने के पहले खूब सोच-समझ लिया जाय।

इसका सबसे अच्छा उदाहरण १९१८ की मांटेग्यू-चेम्सफ़ोर्ड रिपोर्ट का यह अंश है: "यदि पूरे भारत को लिया जाय तो २२ करोड़ ६० लाख आदमी धरती के सहारे जीते हैं, और २० करोड़ ८० लाख प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, अपनी या औरों की जमीन को जोत-बोकर जीविका कमाते हैं।" १९३० की साइमन कमीशन की रिपोर्ट में ऊपर का यह अंश उद्धृत करने के बाद यह आशाजनक निष्कर्ष निकाला गया था कि इस कारण परिवर्तन "सचमुच बहुत ही धीरे-धीरे होना चाहिए।"

साम्राज्यवाद परिस्थिति का सदा यही भोंडा चित्र पेश करता है। उससे यह बात कभी प्रकट नहीं होने पाती कि आबादी के तीन-चौथाई भाग के एकमात्र धंधे के रूप में खेती पर आज जो हद से ज्यादा बढ़ा हुआ, असंतुलित और अपव्ययी दबाव दिखाई देता है, वह इस पैमाने पर केवल आधुनिक काल में ही दिखाई पड़ा है और सीधे-सीधे साम्राज्यवादी शासन का परिणाम है। अंग्रेज़ी राज्य में आबादी का खेती पर निर्भर करनेवाला भाग बराबर बढ़ता गया है। यह इस बात का सूचक है कि साम्राज्यवाद के आने के पहले उद्योग-धंधों और खेती के बीच जो संतुलन था, वह नष्ट हो गया है और भारत साम्राज्यवाद का खेतिहर पिछलग्गू बनकर रह गया है।

असली चित्र पिछले पचास वर्षों की जन-गणना की सरकारी रिपोर्टों में मिलता है। १८९१ में आबादी का ६१·१ प्रतिशत भाग खेती पर निर्भर था; १९०१ में ऐसे लोगों की संख्या ६६·५ प्रतिशत हो गयी, १९११ में ७२·२ प्रतिशत और १९२१ में ७३ ० प्रतिशत। १९३१ की जन-गणना में ऐसे लोगों की संख्या ६५ ६ प्रतिशत दिखायी गयी है। लेकिन संख्या सचमुच कम नहीं हुई थी, केवल वर्गी-करण के तरीक़े में थोडा परिवर्तन हो जाने से यह दिखावटी कमी हो गयी थी। और १९३१ की जन-गणना के बाद सरकारी संख्या फिर बढ़ गयी और १९५१ में ६५·६ से बढकर ६९·८ हो गयी।

खेती पर इस तरह दवाव बढने के साथ-साथ, उन लोगों की संख्या कम होती गयी है जो उद्योग-धधों पर निर्भर करते हैं। ऐसे लोगों की सख्या १९११ में कुल आवादी की ५·५ प्रतिशत थी; वह १९३१ में ४·३ प्रतिशत रह गयी। १९४१ में लड़ाई का ज़माना होने के कारण वह थोडी बढ गयी थी और ५·१ प्रतिशत हो गयी थी, लेकिन १९५१ मे फिर ४·६ प्रतिशत रह गयी। १९११ में अविभाजित भारत की आवादी ३१ करोड़ ५० लाख थी। उसमें से १ करोड़ ७५ लाख आदमी उद्योग-धंधो में काम करनेवाले मज़दूर थे; जब कि १९५१ में भारत सघ की आवादी ३५ करोड ६० लाख हो जाने पर भी वहा केवल १ करोड़ ६७ लाख मज़दूर उद्योग-धधों में काम करते थे। इससे पता चलता है कि "अनुद्योगीकरण" की सत्यानाशी क्रिया अब भी जारी है। अर्थात, हाथ से चलनेवाले पुराने उद्योग-धंधे नष्ट हो गये हैं, लेकिन उनकी जगह लेने लायक आधुनिक उद्योगों का विकास नही हुआ है, जिसके फलस्वरूप खेती पर आवादी का दवाव वरावर वढता जा रहा है।

इसके साथ-साथ खाने-पीने की चीजों की फ़सलों के मुकाबले में देश से बाहर जानेवाली अन्य चीज़ों की फ़सलों की पैदावार बढ गयी है। १८९२-९३ और १९१९-२० के बीच खाने-पीने की चीजों की फ़सलों के रकबे में केवल ७ प्रतिशत की बढ़ती हुई, जब कि अन्य चीज़ों की फसलों का रकबा इसी अरसे में ४३ प्रतिशत बढ़ गया।

२. खेती पर ज़रूरत से ज़्यादा दवाव के नतीजे

खेती पर दवाव बढ़ जाने का यह मतलब होता है कि भारत की मौजूदा पिछड़ी हुई खेती को एक बढ़ती हुई आबादी के हर बरस पहले से बड़े भाग को जीविका के साधन देने पड़ते हैं।

दूसरी ओर, जमीन के इजारे तथा किसानों की पीठ पर लदे हुए शोषण के असहनीय बोझ के कारण खेती का विकास ऐसे बधनों में जकड़ कर रह गया

है जो खेती का गला घोंट डाल रहे हैं, और इस कारण मौजूदा ढंग की खेती बढ़ती हुई आबादी की इस बढ़ती हुई माग को पूरा करने में अधिकाधिक असमर्थ होती जाती है।

इसी भवर में फंसकर भारत की खेती दम तोड़ रही है। खेती के बढ़ते हुए संकट के पीछे यही चीज है। इसीका यह परिणाम हो रहा है कि खेती के विकास में ठहराव आ गया है; यहां तक कि खेती पर लदे हुए असहनीय बोझ के कारण पैदावार के वर्तमान स्तर के भी गिरने के चिन्ह दिखायी दे रहे हैं, और खेती करनेवालों की हालत तबाह और बरबाद होती जा रही है।

खेती पर बढ़ते हुए दबाव का यह मतलब होता है कि हर खेती करनेवाले को जितनी जमीन मिल सकती है, उसमें बराबर कमी आती जा रही है। १९११ में सर थोमस हॉल्डरनेस्स ने लिखा था :

> "भारत की जमीन न सिर्फ़ इस बड़ी भारी आबादी को भोजन देती है, बल्कि उसके एक काफ़ी बड़े हिस्से को उन चीजों की पैदावार के लिए अलग कर दिया गया है जो देश के बाहर भेजने के लिए बोयी जाती हैं... । इस तरह इस्तेमाल होनेवाली जमीन को घटाने पर जो जमीन बचती है... हम देखेंगे कि वह भारत की कुल आबादी [illegible] एकड़ फ़ी आदमी से ज्यादा नहीं पड़ती। इसलिए, [illegible] एकड़ [illegible] कुछ पैदा हो पाता है, उसी से भारत की आबादी को भोजन और [illegible] तक कपड़ा भी मिलता है।"

खेती के जितने भी आंकड़े मिलते हैं, उनसे [illegible] अत्यधिक दबाव का ही चित्र [illegible] कोई इनकार नहीं कर सकता। [illegible] पुरानी और बराबर बढ़ती जानेवाली [illegible] तथ्य केवल एक दिशा में [illegible] रूस की खेती के इसी प्रकार के तथ्य [illegible]।

३. खेती में ठहराव और खेती का [illegible]

किन्तु समस्या यह नहीं है कि भारत में जमीन की ऐसी कमी है [illegible] में और कभी भी पूरी हो ही नहीं सकती। भारत में जमीन की [illegible] पड़ती है, यह इस कारण पैदा हुई है कि आज भी खेती के लायक [illegible] जमीन मौजूद है, उसका पूरा-पूरा उपयोग नहीं किया जाता। इसकी [illegible] तरह के बंधन और विकास की तरफ लापरवाही। दूसरे, यह कमी पैदा हुई है कि जिस जमीन पर खेती होती भी है, उस पर [illegible]

बहुत नीचा है। इसकी वजह है मौजूदा समाज-व्यवस्था के असह्य बोझ जिन्होंने खेती के कौशल को पंगु बना रखा है, और कौशल की उन्नति तथा बड़े पैमाने के संगठन के रास्ते मे आनेवाली अनेक बाधाएं।

भारतीय अर्थशास्त्री आर. के. दास ने १९३० में अनुमान लगाया था कि खेती के लायक देश में जितनी जमीन है, उसका ७० प्रतिशत भाग बेकार पड़ा है और केवल ३० प्रतिशत भाग पैदावार के काम में लाया जाता है। "१९३९-४० में ब्रिटिश भारत में खेती का रकबा" शीर्षक सरकारी आकड़ो से पता चलता था कि उस साल देश मे कुल ३५ करोड ५० लाख एकड़ जमीन ऐसी थी जिस पर खेती हो सकती थी; लेकिन उसमें से केवल ५९ प्रतिशत *जमीन पर ही फसल बोयी गयी थी, १३·२ प्रतिशत जमीन को जोतकर बिना* बोये छोड दिया गया था, और २७·३ प्रतिशत जमीन खेती के योग्य होने पर भी एकदम बेकार पडी थी। १९४९-५० के भारत संघ के आकड़े बताते हैं कि जंगलों को छोड़ देने पर देश में जमीन का कुल रकबा ७१ करोड एकड़ था; उसमें से २८ करोड ३० लाख एकड, यानी ४० प्रतिशत पर फसल बोयी गयी थी, ५ करोड़ ९० लाख एकड, यानी ८ प्रतिशत को जोतकर बिना बोये छोड़ दिया गया था, और २३ करोड ३० लाख, यानी ३३ प्रतिशत जमीन एकदम खाली पडी थी, जिसे जोता भी नहीं गया था।

यह कैसी जमीन थी "जो एकदम खाली पड़ी थी" और "जिसे जोता भी नही गया था," और क्या कारण था जो उस पर खेती नही की गयी? इस प्रश्न का उत्तर सर जेम्स केर्ड की रिपोर्ट ने १८७९ में ही दे दिया था। उसमें कहा गया था : "देश के विभिन्न हिस्सो में ऐसी बहुत सी अच्छी जमीन बेकार पडी है जिस पर जंगल लगे हुए हैं और जिसे साफ करके खेती के योग्य बनाया जा सकता है। लेकिन इसके लिए पूजी की दरकार होगी और लोगों के पास बहुत कम पूजी है जो ऐसे कामो में लगा सकें।"

यह काम तो केवल एक सामूहिक सगठन ही कर सकता है और वह भी सरकारी मदद से। लेकिन साम्राज्यवाद ने इस जिम्मेदारी को कभी महसूस नहीं किया। शुरू में ब्रिटिश सरकार ने सिंचाई तथा सार्वजनिक निर्माण के कार्यों की ओर जो लापरवाही दिखायी थी, उसके लिए वह काफी कुख्याति प्राप्त कर चुकी है और मार्क्स ने तो बहुत दिन पहले उसका उल्लेख किया था। उन्होने लिखा था : "भारत में अंग्रेजों ने अपने पूर्वाधिकारियों से विरासत में मिले अर्थ तथा युद्ध विभागों की जिम्मेदारी तो अपने ऊपर ओढ़ी, मगर सार्वजनिक निर्माण के कार्यों की जिम्मेदारी की तरफ उन्होने एकदम लापरवाही बरती। खेती के पतन का यही कारण था ...।" १८३८ में जी. थौम्पसन ने, १८५४ में सर आर्थर कौटन ने, १८५८ में मौंटगोमरी मार्टिन ने और १८५८ में ही जोन ब्राइट

ने सार्वजनिक निर्माण के कार्यों के प्रति ईस्ट इंडिया कम्पनी की उदासीनता का उल्लेख किया था।

कोई यह न सोचे कि यह उदासीनता और लापरवाही केवल पुराने जमाने में ही दिखाई गयी थी और बाद के काल में अंग्रेज़ों का रुख यह नहीं रहा था। इसलिए, यहां बंगाल के सिंचाई-विभाग की समिति की १९३० की रिपोर्ट का उल्लेख कर देना अनुचित न होगा जिसमें साफ़-साफ़ कहा गया था कि इस प्रान्त के आर्थिक जीवन के लिए नहरों और नदियों का बहुत ही निर्णायक महत्व है, लेकिन उनकी ओर जो लापरवाही दिखायी गयी है, उससे हालत इतनी बिगड़ गयी है कि "अब उसे सम्भाला नहीं जा सकता और यह इलाक़ा लाज़िमी तौर पर धीरे-धीरे दलदल और जंगल में बदल जायगा।" १९३१ में पानी के प्रमुख इंजीनियर, सर विलियम विलकौक्स ने बंगाल की सिंचाई-व्यवस्था की बिगड़ी हुई हालत पर जो मत प्रकट किया था, वह भी कम महत्व-पूर्ण नहीं है। "उन आधुनिक प्रशासकों और अफ़सरों की सर विलियम विल-कौक्स ने सख्त आलोचना की है, जो हर मुमकिन मौक़े पर विशेषज्ञों से सलाह लेने तो बैठ जाते हैं, पर जिन्होंने इस सत्यानाशी परिस्थिति में सुधार करने के लिए—जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी बिगड़ती ही जा रही है—कुछ भी नहीं किया है।"

इसलिए, सरकारी लापरवाही और उसके फलस्वरूप हालत का बराबर बिगड़ते जाना—यह अंग्रेज़ी राज के केवल पहले डेढ़ सौ बरसों के पुराने इति-हास की ही विशेषता नहीं है। आधुनिक काल में भी यह बात बदस्तूर जारी रही है। १९३० की एक सरकारी रिपोर्ट के शब्दों में "ज़मीन खेती से निकलती जा रही थी"—और यह ठीक उस वक्त हो रहा था जब कि देश में ज़मीन की भयानक कमी थी और जितनी ज़मीन पर खेती हो रही थी उसके लिए किसानों में भयंकर छीना-झपटी चलती थी।

गावों में जरूरत से ज्यादा भीड़ लगाकर खेती करनेवाले भारतीय किसानों को न सिर्फ़ खेती के लायक ज़मीन के केवल दो-तिहाई भाग पर ही अपनी फ़सलें पैदा करनी पड़ती हैं, बल्कि इस सीमित रक़बे की खेती में भी समाज की परि-स्थितियों, किसानों पर लदे कमरतोड़ बोझ, उनकी हद दर्ज़े की ग़रीबी और पिछड़े हुए कौशल का यह मतलब होता है कि उस देश में—जहां ज़मीन के सहारे जीनेवालों की संख्या सभी देशों से अधिक है—पूरी अर्थ-व्यवस्था के असंतुलन के कारण, उत्पादन का स्तर अन्य किसी भी देश से नीचा है। १९४५ में भारत में गेहूं की उपज फ़ी एकड़ केवल ६७१ पाउंड (अर्थात लगभग ८ मन १५½ सेर) थी, जब कि उसी वर्ष अमरीका में गेहू की उपज फ़ी एकड़ १,०३३ पाउंड (अर्थात लगभग १३ मन) और फ्रांस में फ़ी एकड़ १,००६ पाउंड (अर्थात लगभग साढ़े १२ मन) थी। भारत में (बर्मा के साथ) धान की पैदावार फ़ी

मा ६

एकड ८०५ पाउड (अर्थात लगभग १० मन २३/४ सेर) थी, जब कि उसी साल अमरीका में फी एकड १,४८२ पाउड (अर्थात लगभग १८ मन २१ सेर) और जापान में २,३०७ पाउड (अर्थात लगभग २८ मन ३८३/४ सेर) की उपज हुई थी। खेती पर आबादी का जबर्दस्त दबाव और कौशल का पिछड़ापन श्रम के भयानक अपव्यय के रूप में प्रकट होते हैं। भारत मे २.६ एकड ज़मीन के पीछे एक आदमी खेती करने में लगा हुआ है, जब कि ब्रिटेन मे १७.३ एकड़ और जर्मनी में ५.४ एकड के पीछे एक आदमी खेती का काम करता है।

लेकिन भारत में कम उपज होने का कारण यह नही है कि यहां की धरती प्राकृतिक रूप से ही कम उपजाऊ है। १९३१ की भारतीय सेंट्रल बैंकिंग जाच कमिटी ने अपनी रिपोर्ट (मैक्डूगल स्मृतिपत्र) मे लिखा है : "कहा जाता है कि भारत की धरती कुदरती तौर पर कम उपजाऊ है। यह बात सही नही है। वह कम उपजाऊ हो गयी है, पहले मे ऐसी नहीं थी।" इसके अलावा, इसी स्मृतिपत्र मे यह भी कहा गया है कि यह बात नही भूलनी चाहिए कि "भारत में ज़मीन के एक हिस्से पर हर साल दो फसल लगायी जाती है . । इससे जो फ़ायदा होता है, उससे सूखे से होनेवाला नुकसान पूरा हो जाना चाहिए ...। अत. ग्रामीण भारत की गरीबी के लिए यहा की धरती जिम्मेदार नही है।"

खेती का उत्पादन न सिर्फ आज बहुत नीचे स्तर पर है, बल्कि साम्राज्य-वाद का पूरा इतिहास इस बात के प्रमाणों से भरा पडा है कि भारत की खेती की उत्पादन-शक्ति बराबर गिरती गयी है। यदि १९३६–३७ से लेकर १९३८–३९ तक का औसत निकाला जाय, तो दूसरे महायुद्ध के पहले भारत में अनाज की फी एकड उपज ५७७ पाउड (यानी, लगभग ७ मन साढे ८ सेर) थी, वह १९४४–४५ में ५३३ पाउंड (करीब ६ मन साढे २६ सेर) रह गयी, १९४९–५० में ५२० पाउड (करीब ६ मन २० सेर) हो गयी, और १९५०–५१ में तो वह ४८० पाउड (करीब ६ मन) पर पहुच गयी।

इस तरह, यदि हम केवल आम परिस्थितियों को देखें और खेती की पैदा-वार की प्रवृत्तियो पर ही विचार करें, और आगे बढते हुए सामाजिक विरोधों की ओर अभी ध्यान न दें, तो भी हर दृष्टिकोण से विकास के पूरे इतिहास से यही प्रकट होता है कि भारत की खेती का सकट दिन-ब-दिन अधिकाधिक गहरा होता जा रहा है। १९४७ के बाद हाल के जमाने में जो घटनाए हुई हैं, उन पर विचार करने पर भी यही पता चलेगा कि १९५१ के बाद पच-वर्षीय योजना के मातहत खेती की पैदावार में थोडी बढती हो जाने के बावजूद, यह सकट हल होने से अभी बहुत दूर है और उल्टे और विकट रूप धारण करता जा रहा है।

इस बढ़ते हुए संकट का कारण प्राकृतिक परिस्थितिया नहीं हैं। न ही उसका कारण किसानों में कौशल अथवा क्षमता का अभाव है। जिन सीमाओं

के भीतर उन्हें काम करना पड़ता है, उनको देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता कि भारतीय किसानों में इन गुणों का अभाव है। इस सकट का यह कारण भी नहीं है कि भारत के किसान स्वभाव से पिछड़े हुए हैं। नहीं; इस सकट का कारण साम्राज्यवादी शासन और वे सामाजिक सम्बंध हैं जिनको यह शासन क़ायम रखता है और जिनकी वजह से खेती पर आबादी का दबाव बढ़ता जाता है, जिनकी वजह से खेती के विकास में ठहराव आ गया है और उसका पतन होने लगा है, जिनके कारण अधिकतर किसानों को दिन-ब-दिन बढ़ती हुई परेशानी की जिन्दगी बितानी पड़ती है और आधा पेट खाकर रह जाना पड़ता है, और जिनके फल-स्वरूप ऐसी परिस्थितियां पैदा हो गयी हैं जिनका एकमात्र परिणाम और एकमात्र हल समाज की जड़ो तक जानेवाली एक क्रान्ति ही हो सकती है। अब आवश्यक है कि खेती के इन सामाजिक सम्बधों पर विचार किया जाय। उनसे हमें पता चलेगा कि भारतीय क्रान्ति की कौन सी प्रेरक-शक्तियां हैं।

आठवां अध्याय

किसानों पर बोझ

खेती की पैदावार में जो संकट दिखाई पड़ता है, वह खेती के सामाजिक सम्बंधों के अन्दरूनी संकट का केवल बाहरी स्वरूप है।

साम्राज्यवादी शोषण की परिस्थितियों में तरह-तरह के छोटे मुफ़्तख़ोरों की एक पूरी सेना तैयार हो जाती है, जो पूरी व्यवस्था पर निर्भर रहते हैं और उसके अभिन्न अंग बन जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप न केवल किसानों पर लदा हुआ बोझा बढ़ता जाता है, बल्कि उनमें वर्ग-भेद भी बराबर बढ़ते जाते हैं और अधिकतर किसानों से उनके खेत छिनते जाते हैं। जिन किसानों से ज़मीन छिन जाती है, उनकी हालत कम्मी या अर्ध-ग़ुलाम किसान जैसी हो जाती है या फिर वे भूमि-विहीन सर्वहारा की बढ़ती हुई सेना में भरती हो जाते हैं। यही वह क्रिया है जो आनेवाले तूफ़ान की सूचना दे रही है।

१. ज़मीन का इजारा

अंग्रेज़ी राज के पहले भारत में जो परम्परागत भूमि-व्यवस्था कायम थी, उसमें ज़मीन किसानों की समझी जाती थी और सरकार को उपज का एक हिस्सा मिल जाता था—जो हिन्दू राजाओं के राज में बारहवें भाग से लेकर छठे भाग तक हुआ करता था, और जिसे मुग़ल बादशाहों ने बढ़ाकर एक-तिहाई कर दिया था। जब मुग़ल साम्राज्य के खंडहरों पर अंग्रेज़ों ने अपने राज की इमारत खड़ी की, तो उन्होंने ज़मीन की आय से सरकारी ख़र्चा चलाने की प्राचीन पद्धति तो अपनायी, पर साथ ही उसका स्वरूप उन्होंने बदल दिया। और ऐसा करके दरअसल उन्होंने भारत की भूमि-व्यवस्था को ही बदल डाला। जिस समय उन्होंने शासन की बागडोर संभाली, उस समय तक भारत का पुराना शासन प्रबंध जर्जर और अव्यवस्थित हो चुका था। उस समय किसानों को हद से

ज्यादा चूसा और लूटा जाता था। लेकिन, फिर भी गांव की सामूहिक समाज-व्यवस्था और भूमि के साथ उसका परम्परागत सम्बध, मोटे तौर पर उस वक्त तक नही टूटा था। किसानों को जो कुछ राज्य को देना पड़ता था, वह उस वक्त भी वार्षिक उपज का एक हिस्सा ही होता था; और पैदावार चाहे कम हो या ज्यादा, हर साल एक निश्चित जोत की एक निश्चित मालगुजारी देने की प्रथा अभी नही जारी हुई थी।

अव्यवस्था और अराजकता के असामान्य काल में किसानों को जिस बुरी तरह चूसा जाता था, वह नये विजेताओ को सामान्य ढंग मालूम पडा। उन्होने समझा कि भारत में किसानो को कसकर चूसने का ही चलन है और उन्होने इसीसे शुरूआत की। उस काल के डॉ. बुकानन, बिशप हेबर, थौम्पसन और गैरट जैसे लेखकों की रचनाओं से मालूम पड़ता है कि शुरू में नये शासकों में पहले से ज्यादा वसूल करके दिखाने की प्रवृत्ति काम कर रही थी, या शायद वसूलयाबी की पहले से अधिक कुशल और कारगर व्यवस्था के कारण किसान पहले से ज्यादा चूसे जाने लगे थे। १६२१ में डॉ. हैरोल्ड मैन्न ने दकन के एक गांव के हर तरह के आंकड़े जमा किये। उन्होने पाया कि अंग्रेजों के पहले किसानों से ली जानेवाली मालगुजारी और अंग्रेजी राज क़ायम हो जाने के बाद ली जानेवाली मालगुजारी में बहुत फ़र्क है। उन्होने लिखा : "अंग्रेजों द्वारा जीत लिये जाने के बाद (गांव की) हालत एकदम बदल गयी, जब कि १८२३ में २,१२१ रुपये की मालगुजारी वसूल की गयी जो न पहले कभी सुनी गयी थी, न देखी गयी थी, और गाव का खर्चा १८१७ का आधा रह गया।"

बंगाल में, मुगल बादशाह के प्रतिनिधियों के शासन का अंतिम वर्ष १७६४–६५ था। उस साल वहा ८१८,००० पौंड की मालगुजारी वसूल हुई थी। जब बंगाल की दीवानी ईस्ट इंडिया कम्पनी के हाथों में आयी तो उसने पहले साल ही, १७६५–६६ में मालगुजारी को बढ़ाकर १,४७०,००० पौंड कर दिया। १७९३ में बंगाल में इस्तमरारी बन्दोबस्त हुआ। उस साल कम्पनी ने ३,०९१,००० की मालगुजारी वसूल की।

कम्पनी अपने पूरे राज से जो मालगुजारी वसूल करती थी, वह कुल मिलाकर १८००–०१ में ४२ लाख पौंड हुई थी और १८५७–५८ तक, जब भारत के शासन की बागडोर कम्पनी से लेकर खुद ब्रिटिश सरकार ने अपने हाथों में सभाली, वह बढ़कर १५३ लाख पौंड हो गयी थी (यह बढ़ती ज्यादातर इलाका बढ़ने से हुई थी, लेकिन साथ ही मालगुजारी की बढ़ी हुई दर भी उसका एक कारण थी)। ब्रिटिश सरकार के सीधे शासन में मालगुजारी की रक़म बढ़कर १९००–०१ में १७५ लाख पौंड और १९११–१२ में २०० लाख पौंड हो गयी। १९३६–३७ में मालगुजारी २३९ लाख पौंड हो गयी थी।

आधुनिक काल में ज़मीन के जो बंदोबस्त हुए हैं, उनके आंकड़ों को देखने पर लगेगा कि अंग्रेज़ी राज के शुरू के ज़माने के मुकाबले में बाद में उपज का पहले से कम भाग किसान से लिया जाने लगा था। लेकिन उस वक्त तक शोषण के दूसरे तरीक़ों का महत्व इसी अनुपात में बढ़ गया था। पुराने ज़माने के सीधे वसूल किये जानेवाले खिराज की जगह पर—जिसका कि मुख्य आधार किसानों से ली जानेवाली मालगुज़ारी थी—आधुनिक बंक-पूंजी के तरह-तरह के शोषण के रूपों का जाल देश में बिछ गया था और उसके कारण भारतीय अर्थ-व्यवस्था में छोटे मुफ्तखोरों की एक पूरी सेना पैदा हो गयी थी। फिर भी, आधुनिक काल में हर नये बंदोबस्त के समय मालगुज़ारी की दर को बढ़ा देने की ही प्रवृत्ति नजर आती है, जिसके फलस्वरूप जन-विद्रोह के आन्दोलन जन्म लेते हैं। १९२८ में कांग्रेस के नेतृत्व में नये बंदोबस्त के ज़रिए मालगुज़ारी बढ़ा देने के खिलाफ बारदोली में ८७,००० किसानों का एक सयुक्त आन्दोलन चला। इससे मजबूर होकर सरकार को यह मानना पडा कि मालगुज़ारी बढाना अनुचित था और उसने उसकी दर कम कर दी।

२. भूमि-व्यवस्था में रूपान्तर

शुरू के ज़माने में मालगुज़ारी की दर में जो बढ़ती हुई, उससे भी अधिक महत्व-पूर्ण बात यह थी कि भारत के अंग्रेज़ों द्वारा जीत लिये जाने के बाद यहा की भूमि-व्यवस्था में एक क्रान्तिकारी परिवर्तन हो गया। अंग्रेज़ों के आने से पहले भारत में एक परम्परा थी कि साल भर की उपज का एक हिस्सा "राजा का भाग" माना जाता था जो साझे में खेती करनेवाले किसान, जिनका ज़मीन पर संयुक्त स्वामित्व होता था, या अपने गांव का खुद प्रबंध करनेवाला ग्रामीण समाज, खिराज या कर के रूप में शासक को दे देता था। सालाना पैदावार के घटने-बढ़ने के साथ "राजा का भाग" भी अपने-आप घट-बढ़ जाता था। अंग्रेज़ों ने इस पुरानी परम्परा को खतम करके एक निश्चित नकद रक़म के रूप में मालगुज़ारी लेना शुरू किया। यह रक़म ज़मीन के हिसाब से तै की जाती थी, और साल भर में पैदावार चाहे कम हुई हो या ज्यादा, जो रकम पहले से तै कर दी गयी थी वही वसूल की जाती थी। और ज्यादातर माल-गुज़ारी अलग-अलग व्यक्तियों पर लगायी गयी थी, जो या तो खुद खेती करने वाले काश्तकार थे या सरकार द्वारा नियुक्त किये गये ज़मींदार थे। इसके बाद भी जो कसर बची थी, वह भारत में इंगलैंड के ढंग की ज़मींदारी प्रथा और वहां की पूंजीवादी कानून व्यवस्था जारी करके पूरी कर दी गयी। यह भारी भरकम व्यवस्था भारत की अर्थ-व्यवस्था के लिए एक बिलकुल परदेसी चीज थी;

और इस व्यवस्था को देश पर लागू करती थी एक ऐसी विदेशी नौकरशाही—जो कानून बनाना, क़ानून लागू करना और न्याय करना, ये तीनों काम करती थी। इस परिवर्तन के द्वारा व्यवहार में अंग्रेज विजेताओं की हुकूमत का सारी ज़मीन पर अन्तिम अधिकार कायम हो गया और किसान महज़ दूसरे की ज़मीन पर लगान देकर खेती करनेवाला बन गया। लगान न देने पर उसे ज़मीन से बेदखल किया जा सकता था। या, अंग्रेज़ी सरकार ने ज़मीनें कुछ ऐसे लोगों को दे दी जिनको उसने ज़मीदार नामजद करना पसन्द किया। ये लोग भी सरकार की मर्ज़ी से ही ज़मीन के मालिक थे और मालगुज़ारी न देने पर उनसे भी सारी ज़मीन छीन ली जा सकती थी। पुराने ज़माने में अपना प्रबंध अपने-आप करनेवाले ग्रामीण समाज के पास अब न तो कोई शासन-सम्बंधी काम रह गया और न कोई आर्थिक काम। दोनो तरह के अधिकार उससे छीन लिये गये और जो ज़मीन पहले पूरे गाव की सामूहिक सम्पत्ति समझी जाती थी, वह ज्यादातर अलग-अलग व्यक्तियों में बाट दी गयी।

इस प्रकार, औपनिवेशिक देशों में साम्राज्यवाद जो-जो काम करता है, वे सारे काम भारत में बड़ी बेरहमी के साथ और बड़े मुकम्मिल ढंग से किये गये। किसान ज़मीन के मालिक नहीं रहे, बल्कि लगान देकर दूसरे की ज़मीन पर खेती करनेवाले काश्तकार बन गये; और जब यह क्रिया और आगे बढ़ी तो किसानों का एक बढ़ता हुआ हिस्सा भूमि-हीन खेत-मजदूरों में या ग्रामीण सर्वहारा के नये वर्ग में शामिल होता गया; और यहां तक कि खेती पर निर्भर रहनेवाला आबादी का एक-तिहाई से ज्यादा भाग खेत-मज़दूर बन गया। मार्क्स ने कैसल में इसी परिवर्तन की शुरू की मंजिलों का हवाला दिया था; जब उन्होने इस बात पर जोर दिया था कि "इन छोटे-छोटे आर्थिक संगठनों को छिन्न-भिन्न करने के लिए अंग्रेज़ों ने भारत में शासकों और ज़मीदारों के रूप में अपनी प्रत्यक्ष राजनीतिक ताक़त और आर्थिक ताक़त दोनो का एक साथ इस्तेमाल किया।" इसके साथ मार्क्स ने यह फुटनोट भी जोड़ा था: "बंगाल में उन्होने इंगलैंड की ज़मीदारी प्रथा की एक भोंडी नकल बड़े पैमाने पर खड़ी की, दक्षिण-पूर्वी भारत में उन्होने लगान पर उठाये गये छोटे-छोटे खेतो की 'एलोटमेंट प्रथा' जारी की और उत्तर-पश्चिम में उन्होने भारतीय गावों के पचायती समाज को, जिसमें ज़मीन सब की साझे की सम्पत्ति हुआ करती थी, इस तरह बदल डालने का प्रयत्न किया कि वह खुद अपना ही व्यंग-चित्र बन जाय।"

३. ज़मींदारी प्रथा का जन्म

पश्चिमी विजेताओं ने भारत में ज़मीन का बन्दोबस्त पहले-पहल इस तरह करने की कोशिश की कि इंगलैंड की ज़मीदारी प्रथा थोड़े परिवर्तित रूप में वहा जारी कर दी जाय। १७९३ में लार्ड कार्नवालिस ने बंगाल, बिहार और उड़ीसा में जो मशहूर इस्तमरारी बन्दोबस्त किया था, वह इसी ढंग का था। बाद में, मद्रास प्रान्त के उत्तरी हिस्सो में भी इसी तरह का बन्दोबस्त किया गया। इन प्रान्तो में पहले से ज़मीदार चले आते थे, लेकिन वे ज़मीन के मालिक नही बल्कि कर या मालगुज़ारी वसूलनेवाले सरकारी कर्मचारी थे। उन्हे इन प्रान्तो के पुराने शासकों ने नियुक्त किया था। जितनी मालगुजारी वे वसूल करते थे, उसके हिसाब से उन्हें उनका कमीशन या दलाली मिल जाती थी। अंग्रेज़ी सरकार ने इन ज़मीदारों को सदा-सदा के लिए ज़मीन का मालिक बना दिया और तै कर दिया कि उन्हे सदा एक निश्चित रकम ही सरकार को देनी पड़ेगी, जो कभी घटेगी-बढ़ेगी नही।

उस ज़माने में ये शर्तें ज़मीदारो और काश्तकारों के लिए बहुत सख्त और तकलीफ़देह और सरकार के लिए बहुत ही फ़ायदेमन्द थी। सरकार ने तै कर दिया था कि अब से बंगाल के ज़मीदार हर साल ३० लाख पौंड किसानो से वसूल करके उसे दिया करेंगे। पुराने शासकों के राज में ज़मीदार सरकार के लिए जो कुछ वसूल किया करते थे, उससे यह रकम बहुत ज्यादा थी। बहुत से पुराने ज़मीदार परिवारों ने इस नये ज़माने में भी अपना पुराना ढग बरतना चाहा और मुसीबत के वक्त किसानो पर कुछ रहम दिखाया और वसूली में उनके साथ ढिलाई की। ये लोग मालगुज़ारी की पहले से निश्चित रकम के बोझ को नही उठा सके और फौरन उनकी ज़मीदारियां नीलाम कर दी गयी। और तब एक नयी तरह की जोकों ने, धन के लोभी ऐसे व्यापारियों ने इन ज़मीदारियो को खरीद लिया जो किसानों की आखिरी छदाम तक छीन लेने के लिए नीच से नीच हथकंडों को इस्तेमाल करने में भी न हिचकिचाते थे। ऐसा था वह "भद्र ज़मीदारों" का नया वर्ग जिसे उत्पन्न करना इस्तमरारी बन्दोबस्त का प्रधान लक्ष्य था।

बाद को यह व्यवस्था उल्टी दिशा में काम करने लगी और उससे ऐसे नतीजे होने लगे जिनकी सरकार ने पहले कभी कल्पना भी न की थी। एक तरफ़, मुद्रा का मूल्य गिर गया; दूसरी तरफ़, ज़मीदार किसानों का लगान बराबर बढ़ाते गये। इन दोनों बातों का यह नतीजा हुआ कि इस लूट में सरकार का हिस्सा, जो हमेशा के लिए ३० लाख पौंड तै हो चुका था, ज़मीदारों के मुक़ाबले में बराबर गिरता गया और ज़मीदारों का हिस्सा बढ़ता गया।

जब से यह बात हुई, तब से बंगाल में इस्तमरारी बन्दोबस्त की हर ओर से आलोचना और बुराई होने लगी। न सिर्फ किसान, बल्कि जमीदारों को छोड़कर बाक़ी समस्त भारतीय जनता इस्तमरारी बन्दोबस्त का विरोध करने लगी, यहा तक कि खुद साम्राज्यवादी भी उसकी निन्दा करने लगे। साम्राज्यवाद के आधुनिक समर्थक यह सफ़ाई देने की कोशिश करते हैं कि यह पूरा बन्दोबस्त ग़लती से हो गया था और गलती इसलिए हुई थी कि उस समय के अंग्रेज़ हाकिमो को यह नही मालूम था कि भारत में जमीदार लोग जमीन के मालिक नही थे। लेकिन यह परियो की कहानी सरासर झूठ है। उस ज़माने की दस्तावेज़ों को देखने से यह बात पूर्णतया स्पष्ट हो जाती है कि लार्ड कार्नवालिस और उस काल के दूसरे अंग्रेज़ राजनीतिज्ञों के दिमाग में यह बात बिलकुल साफ़ थी कि वे जमीदारो का एक नया वर्ग पैदा कर रहे हैं, और वे यह भी अच्छी तरह समझते थे कि वे किस उद्देश्य से इस नये वर्ग को पैदा कर रहे हैं। अंग्रेज़ शासको का विचार था कि अंग्रेजों की एक बहुत ही छोटी सी सख्या को चूँकि भारत की इतनी विशाल आबादी को दबाकर रखना पड़ता है, इसलिए उनके लिए यह नितान्त आवश्यक है कि वे एक नया वर्ग पैदा करके अपनी शक्ति के लिए एक सामाजिक आधार तैयार करें। यह वर्ग ऐसा होना चाहिए जिसे भारत की लूट में से चन्द टुकड़े मिलते रहें और इसलिए जिसका स्वार्थ भारत मे अंग्रेज़ी राज को क़ायम रखने में हो। यही कारण था कि जब भारत की जनता स्वतन्त्रता के लिए सघर्ष कर रही थी, और किसानो के सघर्ष राष्ट्रीय आन्दोलन की मुख्य प्रेरक शक्ति बने हुए थे, तब हर प्रान्त में जमीदार सघ, जमीदार एसोसियेशन, या ऐसी ही दूसरी सस्थाएं अंग्रेज़ी राज की वफ़ादारी की कसमें खाया करती थी। इसका एक उदाहरण १९२५ में वायसराय को बगाल लैंडओनर (जमीदार) एसोसियेशन के अध्यक्ष द्वारा दिया गया अभिनन्दन-पत्र है। उसमें कहा गया था: "महामहिम, इस बात पर भरोसा कर सकते हैं कि जमीदार लोग सरकार का निस्सकोच समर्थन करेंगे और सच्चे दिल से उसकी सहायता करेंगे।"

इस्तमरारी बन्दोबस्त के सिलसिले में जो "ग़लतियां" एक बार हो गयी थीं, उन्हें फिर दोहराया नहीं गया। इसके बाद जो जमीदारी ढग के बन्दोबस्त किये गये, वे सब "आरज़ी" थे—यानी, कुछ साल के अरसे के बाद जमीन का नये सिरे से बन्दोबस्त होता था ताकि सरकार चाहे तो हर बार अपनी मालगुज़ारी बढ़ाती जाय।

इस्तमरारी बन्दोबस्त के बाद जो काल आरम्भ होता है, उसमें कुछ इलाक़ों में एक नया तरीक़ा अपनाया गया, जिसे रैयतवारी बन्दोबस्त का नाम दिया गया था। यह बन्दोबस्त सबसे पहले मद्रास में शुरू हुआ। उसका सुर

३. ज़मींदारी प्रथा का जन्म

पश्चिमी विजेताओं ने भारत में ज़मीन का बन्दोबस्त पहले-पहल इस तरह करने की कोशिश की कि इंगलेंड की ज़मीदारी प्रथा थोड़े परिवर्तित रूप में वहां जारी कर दी जाय। १७९३ में लार्ड कार्नवालिस ने बंगाल, बिहार और उड़ीसा में जो मशहूर इस्तमरारी बन्दोबस्त किया था, वह इसी ढग का था। बाद मे, मद्रास प्रान्त के उत्तरी हिस्सो में भी इसी तरह का बन्दोबस्त किया गया। इन प्रान्तों में पहले से ज़मीदार चले आते थे, लेकिन वे ज़मीन के मालिक नही बल्कि कर या मालगुज़ारी वसूलनेवाले सरकारी कर्मचारी थे। उन्हें इन प्रान्तो के पुराने शासकों ने नियुक्त किया था। जितनी मालगुजारी वे वसूल करते थे, उसके हिसाब से उन्हे उनका कमीशन या दलाली मिल जाती थी। अंग्रेज़ी सरकार ने इन ज़मीदारो को सदा-सदा के लिए ज़मीन का मालिक बना दिया और तै कर दिया कि उन्हे सदा एक निश्चित रकम ही सरकार को देनी पड़ेगी, जो कभी घटेगी-बढ़ेगी नही।

उस ज़माने में ये शर्तें ज़मीदारो और काश्तकारो के लिए बहुत सख्त और तकलीफदेह और सरकार के लिए बहुत ही फ़ायदेमन्द थी। सरकार ने तै कर दिया था कि अब से बंगाल के ज़मीदार हर साल ३० लाख पौंड किसानों से वसूल करके उसे दिया करेंगे। पुराने शासको के राज में ज़मीदार सरकार के लिए जो कुछ वसूल किया करते थे, उससे यह रकम बहुत ज्यादा थी। बहुत से पुराने ज़मीदार परिवारों ने इस नये ज़माने मे भी अपना पुराना ढग बरतना चाहा और मुसीबत के वक्त किसानो पर कुछ रहम दिखाया और वसूली मे उनके साथ ढिलाई की। ये लोग मालगुज़ारी की पहले से निश्चित रकम के बोझ को नही उठा सके और फौरन उनकी ज़मीदारिया नीलाम कर दी गयी। और तब एक नयी तरह की जीको नें, धन के लोभी ऐसे व्यापारियो ने इन ज़मीदारियो को खरीद लिया जो किसानो की आखिरी छदाम तक छीन लेने के लिए नीच से नीच हथकडो को इस्तेमाल करने मे भी न हिचकिचाते थे। ऐसा था वह "भद्र ज़मीदारों" का नया वर्ग जिसे उत्पन्न करना इस्तमरारी बन्दोबस्त का प्रधान लक्ष्य था।

बाद को यह व्यवस्था उल्टी दिशा में काम करने लगी और उससे ऐसे नतीजे होने लगे जिनकी सरकार ने पहले कभी कल्पना भी न की थी। एक तरफ़, मुद्रा का मूल्य गिर गया; दूसरी तरफ, ज़मीदार किसानों का लगान बराबर बढ़ाते गये। इन दोनों बातो का यह नतीजा हुआ कि इस लूट में सरकार का हिस्सा, जो हमेशा के लिए ३० लाख पौंड तै हो चुका था, ज़मीदारो के मुकाबले में बराबर गिरता गया और ज़मीदारो का हिस्सा बढ़ता गया।

जब से यह बात हुई, तब से बंगाल में इस्तमरारी बन्दोबस्त की हर ओर से आलोचना और बुराई होने लगी। न सिर्फ किसान, बल्कि जमीदारों को छोड़कर बाकी समस्त भारतीय जनता इस्तमरारी बन्दोबस्त का विरोध करने लगी, यहा तक कि खुद साम्राज्यवादी भी उसकी निन्दा करने लगे। साम्राज्य-वाद के आधुनिक समर्थक यह सफ़ाई देने की कोशिश करते हैं कि यह पूरा बन्दोबस्त गलती से हो गया था और गलती इसलिए हुई थी कि उस समय के अंग्रेज हाकिमों को यह नहीं मालूम था कि भारत में जमीदार लोग जमीन के मालिक नहीं थे। लेकिन यह परियों की कहानी सरासर झूठ है। उस जमाने की दस्तावेज़ों को देखने से यह बात पूर्णतया स्पष्ट हो जाती है कि लार्ड कार्नवालिस और उस काल के दूसरे अंग्रेज राजनीतिज्ञों के दिमाग में यह बात बिलकुल साफ थी कि वे जमीदारो का एक नया वर्ग पैदा कर रहे हैं, और वे यह भी अच्छी तरह समझते थे कि वे किस उद्देश्य से इस नये वर्ग को पैदा कर रहे हैं। *अंग्रेज शासकों का विचार था कि अंग्रेजों की एक बहुत ही छोटी सी* सख्या को चूंकि भारत की इतनी विशाल आबादी को दबाकर रखना पडता है, इसलिए उनके लिए यह नितान्त आवश्यक है कि वे एक नया वर्ग पैदा करके *अपनी शक्ति के लिए एक सामाजिक आधार तैयार करें। यह वर्ग ऐसा होना* चाहिए जिसे भारत की लूट में से चन्द टुकड़े मिलते रहे और इसलिए जिसका *स्वार्थ भारत मे अंग्रेजी राज को क़ायम रखने में हो। यही कारण था कि जब* भारत की जनता स्वतन्त्रता के लिए सघर्ष कर रही थी, और किसानों के सघर्ष राष्ट्रीय आन्दोलन की मुख्य प्रेरक शक्ति बने हुए थे, तब हर प्रान्त मे जमीदार संघ, जमीदार एसोसियेशन, या ऐसी ही दूसरी सस्थाएं अंग्रेजी राज की वफ़ादारी की कसमें खाया करती थी। इसका एक उदाहरण १९२५ में वायसराय को बंगाल लैंडओनर (जमीदार) एसोसियेशन के अध्यक्ष द्वारा दिया गया अभिनन्दन-पत्र है। उसमें कहा गया था: "महामहिम, इस बात पर भरोसा कर सकते हैं कि जमीदार लोग सरकार का निस्संकोच समर्थन करेंगे और सच्चे दिल से उसकी सहायता करेंगे।"

इस्तमरारी बन्दोबस्त के सिलसिले में जो "गलतिया" एक बार हो गयी थी, उन्हें फिर दोहराया नही गया। इसके बाद जो जमीदारी ढंग के बन्दोबस्त किये गये, वे सब "आरजी" थे—*यानी,* कुछ साल के अरसे के बाद जमीन का नये सिरे से बन्दोबस्त होता था ताकि सरकार चाहे तो हर बार अपनी *मालगुजारी बढाती जाय।*

इस्तमरारी बन्दोबस्त के बाद जो काल आरम्भ होता है, उसमे कुछ इलाकों में *एक नया तरीका अपनाया गया, जिसे रैयतवारी बन्दोबस्त का नाम* दिया गया था। यह बन्दोबस्त सबसे पहले मद्रास में शुरू हुआ। उसका सर

३. ज़मींदारी प्रथा का जन्म

पश्चिमी विजेताओं ने भारत में ज़मीन का बन्दोबस्त पहले-पहल इस तरह करने की कोशिश की कि इंगलैंड की ज़मीदारी प्रथा थोड़े परिवर्तित रूप में वहां जारी कर दी जाय। १७९३ में लार्ड कार्नवालिस ने बंगाल, बिहार और उड़ीसा में जो मशहूर इस्तमरारी बन्दोबस्त किया था, वह इसी ढंग का था। बाद में, मद्रास प्रान्त के उत्तरी हिस्सों में भी इसी तरह का बन्दोबस्त किया गया। इन प्रान्तों में पहले से ज़मीदार चले आते थे, लेकिन वे ज़मीन के मालिक नहीं बल्कि कर या मालगुज़ारी वसूलनेवाले सरकारी कर्मचारी थे। उन्हें इन प्रान्तों के पुराने शासकों ने नियुक्त किया था। जितनी मालगुजारी वे वसूल करते थे, उसके हिसाब से उन्हें उनका कमीशन या दलाली मिल जाती थी। अंग्रेज़ी सरकार ने इन ज़मीदारों को सदा-सदा के लिए ज़मीन का मालिक बना दिया और तै कर दिया कि उन्हें सदा एक निश्चित रकम ही सरकार को देनी पड़ेगी, जो कभी घटेगी-बढ़ेगी नहीं।

उस ज़माने में ये शर्तें ज़मीदारों और काश्तकारों के लिए बहुत सख्त और तकलीफ़देह और सरकार के लिए बहुत ही फ़ायदेमन्द थी। सरकार ने तै कर दिया था कि अब से बंगाल के ज़मीदार हर साल ३० लाख पौंड किसानों से वसूल करके उसे दिया करेंगे। पुराने शासकों के राज में ज़मीदार सरकार के लिए जो कुछ वसूल किया करते थे, उससे यह रकम बहुत ज्यादा थी। बहुत से पुराने ज़मीदार परिवारों ने इस नये ज़माने में भी अपना पुराना ढंग बरतना चाहा और मुसीबत के वक्त किसानों पर कुछ रहम दिखाया और वसूली में उनके साथ ढिलाई की। ये लोग मालगुज़ारी की पहले से निश्चित रकम के बोझ को नहीं उठा सके और फौरन उनकी ज़मीदारियां नीलाम कर दी गयीं। और तब एक नयी तरह की जोंकों ने, धन के लोभी ऐसे व्यापारियों ने इन ज़मीदारियों को खरीद लिया जो किसानों की आखिरी छदाम तक छीन लेने के लिए नीच से नीच हथकंडों को इस्तेमाल करने में भी न हिचकिचाते थे। ऐसा था वह "भद्र ज़मीदारों" का नया वर्ग जिसे उत्पन्न करना इस्तमरारी बन्दोबस्त का प्रधान लक्ष्य था।

बाद को यह व्यवस्था उल्टी दिशा में काम करने लगी और उससे ऐसे नतीजे होने लगे जिनकी सरकार ने पहले कभी कल्पना भी न की थी। एक तरफ़, मुद्रा का मूल्य गिर गया; दूसरी तरफ़, ज़मीदार किसानों का लगान बराबर बढ़ाते गये। इन दोनों बातों का यह नतीजा हुआ कि इस लूट में सरकार का हिस्सा, जो हमेशा के लिए ३० लाख पौंड तै हो चुका था, ज़मीदारों के मुकाबले में बराबर गिरता गया और ज़मीदारों का हिस्सा बढ़ता गया।

जब से यह बात हुई, तब से बंगाल में इस्तमरारी बन्दोबस्त की हर ओर से आलोचना और बुराई होने लगी। न सिर्फ किसान, बल्कि जमीदारों को छोड़कर बाक़ी समस्त भारतीय जनता इस्तमरारी बन्दोबस्त का विरोध करने लगी, यहा तक कि खुद साम्राज्यवादी भी उसकी निन्दा करने लगे। साम्राज्यवाद के आधुनिक समर्थक यह सफाई देने की कोशिश करते हैं कि यह पूरा बन्दोबस्त ग़लती से हो गया था और ग़लती इसलिए हुई थी कि उस समय के अंग्रेज हाकिमो को यह नही मालूम था कि भारत में जमीदार लोग जमीन के मालिक नहीं थे। लेकिन यह परियों की कहानी सरासर झूठ है। उस ज़माने की दस्तावेज़ों को देखने से यह बात पूर्णतया स्पष्ट हो जाती है कि लार्ड कार्नवालिस और उस काल के दूसरे अंग्रेज राजनीतिज्ञों के दिमाग में यह बात बिलकुल साफ़ थी कि वे जमीदारो का एक नया वर्ग पैदा कर रहे हैं, और वे यह भी अच्छी तरह समझते थे कि वे किस उद्देश्य से इस नये वर्ग को पैदा कर रहे हैं। अंग्रेज शासकों का विचार था कि अंग्रेजों की एक बहुत ही छोटी सी संख्या को चूंकि भारत की इतनी विशाल आबादी को दबाकर रखना पड़ता है, इसलिए उनके लिए यह नितान्त आवश्यक है कि वे एक नया वर्ग पैदा करके अपनी शक्ति के लिए एक सामाजिक आधार तैयार करे। यह वर्ग ऐसा होना चाहिए जिसे भारत की लूट में से चन्द टुकड़े मिलते रहे और इसलिए जिसका स्वार्थ भारत मे अंग्रेजी राज को क़ायम रखने में हो। यही कारण था कि जब भारत की जनता स्वतंत्रता के लिए सघर्ष कर रही थी, और किसानों के सघर्ष राष्ट्रीय आन्दोलन की मुख्य प्रेरक शक्ति बने हुए थे, तब हर प्रान्त में जमीदार सघ, जमीदार एसोसियेशन, या ऐसी ही दूसरी सस्थाएं अंग्रेजी राज की वफ़ादारी की कसमें खाया करती थी। इसका एक उदाहरण १९२५ में वायसराय को बंगाल लैंडओनर (जमीदार) एसोसियेशन के अध्यक्ष द्वारा दिया गया अभिनन्दन-पत्र है। उसमे कहा गया था : "महामहिम, इस बात पर भरोसा कर सकते हैं कि जमीदार लोग सरकार का निस्संकोच समर्थन करेंगे और सच्चे दिल से उसकी सहायता करेंगे।"

इस्तमरारी बन्दोबस्त के सिलसिले में जो "ग़लतिया" एक बार हो गयी थी, उन्हे फिर दोहराया नही गया। इसके बाद जो जमीदारी ढग के बन्दोबस्त किये गये, वे सब "आरज़ी" थे—यानी, कुछ साल के अरसे के बाद जमीन का नये सिरे से बन्दोबस्त होता था ताकि सरकार चाहे तो हर बार अपनी मालगुज़ारी बढ़ाती जाय।

इस्तमरारी बन्दोबस्त के बाद जो काल आरम्भ होता है, उसमें कुछ इलाक़ो में एक नया तरीक़ा अपनाया गया, जिसे रैयतवारी बन्दोबस्त का नाम दिया गया था। यह बन्दोबस्त सबसे पहले मद्रास में शुरू हुआ। उसका सर

३. ज़मींदारी प्रथा का जन्म

पश्चिमी विजेताओं ने भारत में ज़मीन का बन्दोबस्त पहले-पहल इस तरह करने की कोशिश की कि इंगलैंड की ज़मींदारी प्रथा थोड़े परिवर्तित रूप मे वहा जारी कर दी जाय। १७९३ में लार्ड कार्नवालिस ने बंगाल, बिहार और उड़ीसा में जो मशहूर इस्तमरारी बन्दोबस्त किया था, वह इसी ढंग का था। बाद में, मद्रास प्रान्त के उत्तरी हिस्सों मे भी इसी तरह का बन्दोबस्त किया गया। इन प्रान्तो में पहले से जमीदार चले आते थे, लेकिन वे जमीन के मालिक नही बल्कि कर या मालगुज़ारी वसूलनेवाले सरकारी कर्मचारी थे। उन्हें इन प्रान्तों के पुराने शासकों ने नियुक्त किया था। जितनी मालगुज़ारी वे वसूल करते थे, उसके हिसाब से उन्हे उनका कमीशन या दलाली मिल जाती थी। अंग्रेज़ी सरकार ने इन ज़मीदारों को सदा-सदा के लिए ज़मीन का मालिक बना दिया और तै कर दिया कि उन्हें सदा एक निश्चित रक़म ही सरकार को देनी पड़ेगी, जो कभी घटेगी-बढेगी नही।

उस ज़माने में ये शर्तें ज़मीदारो और काश्तकारो के लिए बहुत सख्त और तकलीफ़देह और सरकार के लिए बहुत ही फ़ायदेमन्द थी। सरकार ने तै कर दिया था कि अब मे बंगाल के ज़मीदार हर साल ३० लाख पौंड किसानो से वसूल करके उसे दिया करेंगे। पुराने शासकों के राज मे जमीदार सरकार के लिए जो कुछ वसूल किया करते थे, उससे यह रकम बहुत ज्यादा थी। बहुत से पुराने ज़मीदार परिवारो ने इस नये ज़माने में भी अपना पुराना ढग बरतना चाहा और मुसीबत के वक्त किसानों पर कुछ रहम दिखाया और वसूली मे उनके साथ ढिलाई की। ये लोग मालगुज़ारी की पहले से निश्चित रकम के बोझ को नही उठा सके और फौरन उनकी ज़मीदारिया नीलाम कर दी गयी। और तब एक नयी तरह की जीकों ने, धन के लोभी ऐसे व्यापारियों ने इन ज़मीदारियो को खरीद लिया जो किसानो की आख़िरी छदाम तक छीन लेने के लिए नीच से नीच हथकंडो को इस्तेमाल करने मे भी न हिचकिचाते थे। ऐसा था वह "भद्र ज़मीदारों" का नया वर्ग जिसे उत्पन्न करना इस्तमरारी बन्दोबस्त का प्रधान लक्ष्य था।

बाद को यह व्यवस्था उल्टी दिशा में काम करने लगी और उससे ऐसे नतीजे होने लगे जिनकी सरकार ने पहले कभी कल्पना भी न की थी। एक तरफ़, मुद्रा का मूल्य गिर गया; दूसरी तरफ, ज़मीदार किसानो का लगान बराबर बढाते गये। इन दोनो बातो का यह नतीजा हुआ कि इस लूट में सरकार का हिस्सा, जो हमेशा के लिए ३० लाख पौंड तै हो चुका था, ज़मींदारो के मुकाबले में बराबर गिरता गया और जमीदारों का हिस्सा बढता गया।

जब से यह बात हुई, तब से बंगाल में इस्तमरारी बन्दोबस्त की हर ओर से आलोचना और बुराई होने लगी। न सिर्फ किसान, बल्कि जमीदारों को छोड़कर बाक़ी समस्त भारतीय जनता इस्तमरारी बन्दोबस्त का विरोध करने लगी, यहा तक कि खुद साम्राज्यवादी भी उसकी निन्दा करने लगे। साम्राज्यवाद के आधुनिक समर्थक यह सफ़ाई देने की कोशिश करते हैं कि यह पूरा बन्दोबस्त ग़लती से हो गया था और गलती इसलिए हुई थी कि उस समय के अंग्रेज हाकिमो को यह नही मालूम था कि भारत में जमीदार लोग जमीन के मालिक नही थे। लेकिन यह परियो की कहानी सरासर झूठ है। उस जमाने की दस्तावेजो को देखने से यह बात पूर्णतया स्पष्ट हो जाती है कि लार्ड कार्नवालिस और उस काल के दूसरे अंग्रेज राजनीतिज्ञो के दिमाग में यह बात बिलकुल साफ़ थी कि वे जमीदारो का एक नया वर्ग पैदा कर रहे हैं, और वे *यह भी अच्छी तरह समझते थे कि वे किस उद्देश्य से इस नये वर्ग को पैदा कर* रहे हैं। अंग्रेज शासको का विचार था कि अंग्रेजों की एक बहुत ही छोटी सी सख्या को चूंकि भारत की इतनी विशाल आबादी को दबाकर रखना पड़ता है, इसलिए उनके लिए यह नितान्त आवश्यक है कि वे एक नया वर्ग पैदा करके अपनी शक्ति के लिए एक सामाजिक आधार तैयार करें। यह वर्ग ऐसा होना चाहिए जिसे भारत की लूट में से चन्द टुकड़े मिलते रहे और इसलिए जिसका स्वार्थ भारत में अंग्रेजी राज को कायम रखने में हो। यही कारण था कि जब भारत की जनता स्वतन्त्रता के लिए सघर्ष कर रही थी, और किसानो के सघर्ष राष्ट्रीय आन्दोलन की मुख्य प्रेरक शक्ति बने हुए थे, तब हर प्रान्त मे जमीदार संघ, जमीदार एसोसियेशन, या ऐसी ही दूसरी संस्थाए अंग्रेजी राज की वफ़ादारी की कसमे खाया करती थी। इसका एक उदाहरण १९२५ में वायसराय को बंगाल लैंडओनर (जमीदार) एसोसियेशन के अध्यक्ष द्वारा दिया गया अभिनन्दन-पत्र है। उसमें कहा गया था: "महामहिम, इस बात पर भरोसा कर सकते हैं कि जमीदार लोग सरकार का निस्संकोच समर्थन करेंगे और सच्चे दिल से उसकी सहायता करेंगे।"

इस्तमरारी बन्दोबस्त के सिलसिले में जो "ग़लतियां" एक बार हो गयी थी, उन्हे फिर दोहराया नही गया। इसके बाद जो जमीदारी ढंग के बन्दोबस्त किये गये, वे सब "आरज़ी" थे—यानी, कुछ साल के अरसे के बाद जमीन का नये सिरे से बन्दोबस्त होता था ताकि सरकार चाहे तो हर बार अपनी मालगुजारी बढ़ाती जाय।

इस्तमरारी बन्दोबस्त के बाद जो काल आरम्भ होता है, उसमें कुछ इलाकों में एक नया तरीक़ा अपनाया गया, जिसे रैयतवारी बन्दोबस्त का नाम दिया गया था। यह बन्दोबस्त सबसे पहले मद्रास में शुरू हुआ। उसका सर

आम बना दिया गया है कि उससे खेती करनेवालों की जोतों के रकबे पर कोई प्रकाश नहीं पड़ता, और इसलिए उससे बड़े किसानों, मंझोले किसानो और छोटे किसानो के भेदो पर पर्दा पड़ जाता है। खास तौर पर इस विभाजन से यह नहीं मालूम होता कि किसानों के उस सबसे बड़े हिस्से की क्या संख्या है जिसके पास अपने गुज़र-बसर लायक भी ज़मीन नहीं है, जिसकी हालत खेत-मज़दूरों जैसी हो गयी है और जिसे आम तौर पर खेत-मज़दूरों की तरह दूसरों के खेतों मे जागर चलाकर जीविका कमानी पड़ती है। व्यवहार में, छोटे शिकमी किसान और खेत-मज़दूर मे बहुत कम फर्क रह जाता है, इसलिए किसानों की हालत की असली तसवीर पाने के वास्ते हमें आम जन-गणना के आकड़ों के अलावा सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्रीय तथा स्थानीय खोज और छान-बीन से मिले आकडो पर भी विचार करना होगा। और ऐसे आकडों से पता चलता है कि खेती न करनेवाले ज़मीदारों की संख्या मे कितनी बढ़ती हुई है, और भूमि-हीन खेत-मज़दूरों की सख्या कितनी तेजी से बढी है।

उदाहरण के लिए, मद्रास में १९०१ से लेकर १९३१ तक के तीस बरसो मे ऐसे लोगों की संख्या, जो कि काम नहीं करते और लगान वसूलते हैं, ढाई-गुनी हो गयी और भूमि-हीन खेत-मज़दूर, जो कि पहले खेती पर निर्भर पूरी आबादी के एक-तिहाई थे, इन तीस बरसो में बढ़कर आबादी के आधे हो गये। बगाल की जन-गणना के आकडो से भी यही चित्र सामने आता है कि खेती पर निर्भर करनेवाली पूरी आबादी मे बिना कुछ किये लगान वसूलनेवालों और भूमि-हीन खेत-मज़दूरों का हिस्सा बढ गया है।

सबसे ज्यादा महत्व भूमि-हीन खेत-मज़दूरो की सख्या के बढने का है। १८८१ की जन-गणना के पहले इस बात के कोई आंकड़े नहीं मिलते थे कि भारत में भूमि-हीन खेत-मज़दूरों की कितनी संख्या है। १८८२ में जन-गणना करनेवालों ने अनुमान लगाया कि खेती में ७५ लाख "भूमि-हीन दिन-मजूर" काम करते हैं। १९२१ की जन-गणना के समय खेत-मज़दूरों की संख्या २ करोड़ १० लाख बतायी गयी, जो खेती पर निर्भर करनेवाली पूरी आबादी का पाचवां हिस्सा होती थी। १९३१ की जन-गणना से पता चला कि खेत-मज़दूरों की सख्या ३ करोड ३० लाख हो गयी है। यह खेती में लगी हुई कुल आबादी का एक-तिहाई हिस्सा है। १९५१ में बटवारा हो जाने के बाद भारत संघ में खेत-मज़दूरों की संख्या (जिनके पास या तो ज़मीन बिलकुल नहीं थी, या गुज़र के लायक नही थी) ३ करोड़ ५० लाख पायी गयी, जो खेती के सहारे जीने-वाली कुल आबादी का $\frac{1}{5}$ होती थी। (इंडियन लेबर गजट, नवम्बर १९५४)

इन खेत-मज़दूरों को मज़दूरी कितनी मिलती थी, यह आगे दी गयी तालिका में देखिए :

	१८४२	१८५२	१८६२	१८७२	१९११	१९२२
			(आनों में)			
खेत-मजदूर की रोजाना मजदूरी, बिना भोजन के	१	१½	२	३	४	४-६
			(सेरो में)			
चावल का भाव (फी रुपया)	४०	३०	२७	२३	१५	५

इस प्रकार, जहां खेत-मजदूरों की नकद मजदूरी इस बीच में चार-गुनी या छ:-गुनी हो गयी, वहां चावल का भाव आठ-गुना बढ़ गया।

१९५०-५१ में सरकार ने खेत-मजदूरों की हालत की एक जांच की थी। उसकी रिपोर्ट (**खेत-मजदूर—उनका काम और उनका जीवन**) १९५४ मे प्रकाशित हुई थी। उससे पता चला कि खेत-मजदूरों की औसत रोजाना मजदूरी मर्दों के लिए साढ़े १७ आने और औरतों के लिए लगभग पौने ११ आने थी। साल भर में १०० दिन खेत-मजदूरों को बेकार रहना पड़ता था। एक साधारण आदमी के जिन्दा रहने के लिए कम से कम जितने भोजन की आवश्यकता है, खेत-मजदूरों को उससे २५ प्रतिशत कम मिलता था। और ३ करोड़ ५० लाख खेत-मजदूरों में से ४५ प्रतिशत कर्ज से लदे थे।

समाज की सीढ़ी पर और भी नीचे उतरने पर—यदि और नीचे उतरना संभव हो तो—हम अर्ध-गुलामी, हरी-बेगार और साहूकारों की दासता में पहुंच जाते हैं। यहां हमें ऐसे खेत-मजदूर मिलते हैं जिन्हें मजदूरी भी नही मिलती। ये भारत के सभी हिस्सो में पाये जाते हैं। बहुत से इलाकों में ये अर्ध-गुलाम और साहूकारो के दास आदिवासी जातियों के लोग हैं। लेकिन उस किसान की हालत भी कानूनी अर्ध-दास से बहुत अच्छी नही है, जिसकी जमीन छिन गयी है और जिसे कर्ज के नागफांस ने साहूकार की गुलामी में जकड़ दिया है, या जो बटाई पर खेती करने लगा है। इनसे बहुत-कुछ मिलती-जुलती हालत बागानों में काम करनेवाले गुलामो की है। चाय, कॉफी और रबड़ के बड़े-बड़े बागानों में दस लाख से ज्यादा मजदूर काम करते हैं। इन बागानो में से ९० प्रतिशत से अधिक की मालिक विलायती कम्पनिया हैं, जो इन दस लाख से ज्यादा गुलामों की मेहनत लूटकर मोटी हो रही हैं।

किसानों की तबाही का एक और सबूत छोटे किसानों की हालत है। इनमें से अधिकतर के पास इतनी कम जमीन है कि वे उस पर अपनी गुजर के लायक भी नही पैदा कर पाते। वैसी ही हालत शिकमी काश्तकारो की है और उन किसानों की है जिनको किसी प्रकार के अधिकार नही प्राप्त हैं। व्यवहार मे,

इन तमाम लोगों की हालत मे खेत-मजदूरों की हालत से कोई विशेष अन्तर नही है; और इन लोगो को एक-दूसरे से अलग करनेवाली रेखा बहुत ही धुंधली पड गयी है।

बंगाल मालगुजारी कमीशन (फ़्लाउड कमीशन) के सामने जो गवाहियां पेश हुई थी, उनमे आम तौर पर यह मत प्रकट किया गया था कि एक औसत परिवार के लिए अपना तमाम खर्चा चलाने के वास्ते कम से कम ५ एकड़ जमीन की आवश्यकता है। लेकिन कमीशन को जाच करने पर पता चला कि बंगाल के लगभग तीन-चौथाई किसान परिवारों के पास ५ एकड़ से कम जमीन है, और ५७·२ प्रतिशत जोतें तो ३ एकड से भी कम की हैं।

तब यह बहुसख्यक किसान जनता, जिसके पास गुज़र-बसर के लायक जमीन भी नही है, अपनी जीविका कैसे कमाती है ? वह नही कमा पाती। वह अधिकाधिक कर्ज़े के गढ़े मे गिरती जाती है, उसकी ज़मीन छिन जाती है, और अन्त मे वह भूमि-हीन खेत-मजदूरों की सेना मे शामिल हो जाती है।

५. कर्ज़े का बोझ

जैसे-जैसे किसान की कठिनाइया बढ़ती जाती हैं, वैसे-वैसे वह कर्ज़े के बोझ के नीचे अधिकाधिक दबता जाता है, जिससे उसकी कठिनाइयां और बढ़ जाती हैं। इस तरह वह एक ऐसे भंवर मे फस जाता है जिससे निकलने का कोई रास्ता नही है। और अन्त में वह भवर में डूब जाता है, यानी उसकी जमीन छिन जाती है।

यह बात सब लोग मानते है कि अंग्रेजी राज के साथ-साथ किसानो पर पर कर्ज़े का बोझा भी बढता गया है, और कर्ज़े का सवाल एक बहुत ही जरूरी और व्यापक सवाल बन गया है। अंग्रेज़ी राज में किसानो पर कर्ज़े का बोझा क्यो बढता गया ? खास तौर पर आधुनिक काल मे इस समस्या ने इतना विकट रूप क्यो धारण कर लिया ? साम्राज्यवाद के पापों पर पर्दा डालनेवाले लोग इसका अक्सर यह कारण बताया करते थे कि किसान चूकि दूरदर्शिता से काम नही लेते और बहुत फिज़ूलखर्ची करते हैं, इसलिए वे कर्ज़े के चंगुल मे फस जाते हैं। कर्ज़े के बोझ की वजह ये लोग किसानों के सामाजिक रीति-रिवाजों में देखते थे और कहते थे कि शादी, गमी और अन्य सामाजिक समारोहों पर और मुकदमेबाजी में किसान अपनी सामर्थ्य से ज्यादा रुपया खर्च कर देते हैं। यदि तथ्यों को देखा जाय तो यह बात सही नही उतरती। दकन के किसान विद्रोह के कारणों की जाच करनेवाले कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में १८७५ में ही लिख दिया था कि "ब्याह-शादी और तीज-त्यौहार पर जो खर्चा होता है, उसे मना-

वश्यक महत्व दिया गया है।...इस मद में किसान को काफ़ी रुपया खर्च करना पड़ता है, लेकिन ऐसा बहुत कम देखने में आता है कि इस मद के खर्चों के कारण किसान कभी कर्ज़े में फंसा हो।" बगाल प्रान्त की बैंकिंग जाच समिति भी "गांवों की हालत की बहुत गहरी छान-बीन" करने के बाद इस नतीजे पर पहुंची थी कि यह आरोप ग़लत है।

तथ्यो का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि भारत के किसानो के कर्ज़े की चक्की में पिसने के कारण आर्थिक हैं; और उनका किसानों के शोषण से गहरा सम्बंध है। किसान कर्ज़ा लेते हैं तो लगान देने के लिए, अपनी खेती मे कोई ऐसा सुधार करने के लिए जिसमें पूजी की आवश्यकता हो, पुराना कर्ज़ चुकाने के लिए, या ऐसे ही किसी अन्य काम के लिए। वम्बई सरकार के माल विभाग के एक अफसर सर टी. होप ने १८७६ में कहा था : "यदि सच पूछिए तो किसानों पर लदे हुए कर्ज़े का एक कारण हमारी मालगुज़ारी की व्यवस्था भी है।" बौघन नैश ने १६०० में लिखा था : "बम्बई यात्रा के बाद यह बात मेरे दिमाग़ में बिलकुल साफ हो गयी कि अधिकारी वर्ग की दृष्टि मे किसान मुख्यतया महाजन और साहूकार की मदद से ही मालगुज़ारी दे पाते हैं।"

साहूकार और कर्ज़ भारतीय समाज के लिए कोई सर्वथा नयी वस्तुएं नही हैं। लेकिन जब से भारत का पूजीवादी शोषण शुरू हुआ, खास तौर पर साम्राज्य के काल में, साहूकार की भूमिका आकार और विस्तार मे बहुत बढ़ गयी है। पहले साहूकार को गाव के जनमत का खयाल रखते हुए अपना कारबार चलाना पड़ता था। पुराने कानूनों के मातहत कोई महाजन कर्ज़े के एवज़ मे ज़मीन नही छीन सकता था। अंग्रेज़ी राज के आने पर ये सारी बाते बदल गयी। भारत में इंगलेंड के कानून जारी कर दिये गये, जिनके अनुसार कर्ज़दारो को जेल मे बन्द किया जा सकता है और ज़मीन एक आदमी के हाथ से निकल कर दूसरे आदमी के हाथ में जा सकती है। इन कानूनों से महाजन या साहूकार की चारो उंगलिया घी मे हो गयी और पुलिस और अदालत की पूरी ताक़त उसके पीछे-पीछे चलने लगी। साहूकार पूजीवादी शोषण की पूरी व्यवस्था की आवश्यक धुरी बन गया। कारण कि न केवल साहूकार की मदद के बिना मालगुज़ारी जमा नही हो सकती, बल्कि आम तौर पर साहूकार सूद पर क़र्ज़ देने के अलावा अनाज की खरीद और बिक्री भी करता है। जब फसल कटती है, तो किसानो की लगभग सारी उपज साहूकार खरीद लेता है। अक्सर वही फसल के शुरू में किसानों को बीज और हल, बैल, आदि देता है। और उसका बही-खाता किसानों के लिए जादू का पिटारा बना रहता है। साहूकार का उन पर कितना चाहिए था और वे उसमे से कितना अदा कर चुके हैं, इसका हिसाब प्रायः किसानो को नही मालूम होता। नतीजा यह होता है कि दिन-ब-दिन वे

उसके गुलाम बनते जाते हैं; और साहूकार गांव का तानाशाह बन जाता है। जैसे-जैसे किसानों की ज़मीन उसके हाथ मे आती जाती है, वैसे-वैसे यह क्रिया और आगे बढ़ती है। किसान खेत-मजदूर बन जाते हैं या बटाई पर साहूकार के खेत जोतने लगते हैं और जो कुछ पैदा करते हैं, उसका अधिकतर भाग लगान और सूद के रूप मे उसे सौंप देते हैं। साहूकार अधिकाधिक भारत की ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था मे छोटे पूंजीपति की भूमिका अदा करने लगता है और किसान मजदूरों की तरह उसकी नौकरी बजाने लगते हैं। शुरू-शुरू में, मुमकिन है कि किसानो का गुस्सा पहले साहूकार पर फूटे, क्योंकि उनकी नज़रो में वही सबसे बडा ज़ालिम और उनकी तमाम मुसीबतों की जड़ मालूम पडता है। लेकिन, बहुत जल्द किसानों को मालूम हो जाता है कि साहूकार के पीछे साम्राज्यवाद की पूरी ताक़त खडी है। साहूकार बक-पूंजी की शोषण-व्यवस्था का एक ऐसा पुर्ज़ा है, जो खास उस जगह का काम करता है जहां उत्पादन होता है, और जिसके बिना यह पूरी मशीन काम नही कर सकती।

जैसे-जैसे साहूकार का ज़ुल्म और शोषण बढता जाता है, वैसे-वैसे सरकार कानून बनाकर उसे कुछ रोकने की कोशिश करती हैं। सरकार को डर लगता है कि कही साहूकार इस सोने का अडा देनेवाली मुर्गी को एकदम हलाल न कर दे। सूद की दर को कम करने के लिए और खेती की ज़मीनो को किसानो के हाथ से निकलने से बचाने के लिए कानूनों के पोथे रग डाले गये हैं। लेकिन सरकार खुद भी मानती है कि ये सारे कानून बेकार साबित हुए हैं। इसका सबूत यह है कि किसानों पर कर्ज़ का बोझ बराबर बढता जाता है और यहा तक कि उसके बढने की रफ्तार दिन-ब-दिन ज्यादा तेज होती जाती है।

६. तीन तरह का बोझा

अब हम साराश में यह बता सकते हैं कि साम्राज्यवादी शोषण का किसानों पर कुल मिलाकर क्या प्रभाव हुआ है। साम्राज्यवादी शोषण का अन्त में यह परिणाम हुआ कि यदि किसान किसी तरह भूमि-हीन खेत-मजदूरों में मिलने से बच गया, तो उस पर तीन तरह का बोझा लद गया। सरकार की मालगुज़ारी का बोझा सभी पर पड़ता था। इसके अलावा अधिकतर किसानों पर ज़मीदार के लगान का बोझा भी पड़ता था। और साहूकार के सूद का बोझा उससे भी बड़ी संख्या को ढोना पड़ता था। इस तरह कुल मिलाकर किसान की पैदावार का कितना हिस्सा उसके हाथ से निकल जाता था? और खुद उसकी गुज़र के लिए कितना बचता था? यह भारत की खेती का एक बुनियादी सवाल है। मगर कोई ऐसे आकड़े नही मिलते जिनके आधार पर इस सवाल का जवाब

दिया जा सके। सही जानकारी के अभाव में केन्द्रीय बैंकिंग जांच कमिटी के अल्पमत की रिपोर्ट में एक बहुत मोटा सा अनुमान लगाने की कोशिश की गयी थी। यह बात बिलकुल साफ है और इसके लिए हमारे सामने स्पष्ट प्रमाण मौजूद हैं कि इस मोटे अनुमान से जो चित्र सामने आता है, वास्तव में किसानों की पीठ पर इससे कहीं अधिक बोझा लदा हुआ है। फिर भी, यह अनुमान भी, उसके साथ नमक-कर का बोझ जोड देने पर, २० रुपये फी किसान तक पहुंच जाता है। इसके मुक़ाबले में किसान का औसत आमदनी भी देखिए। केन्द्रीय बैंकिंग जाच कमिटी के बहुमत के रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि "ब्रिटिश भारत में किसान की औसत आमदनी ४२ रुपये सालाना से ज्यादा नही बैठती।"

शोषण की एक ज्यादा सही झलक एन. एस. सुब्रमन्यन की रचना, **दक्षिण भारत के एक गांव का अध्ययन** में मिलती है जो १९३६ में प्रकाशित हुई थी। इस रचना में हर चीज का बडे विस्तार से अध्ययन किया गया है। उससे पता चलता है कि **इस गांव का प्रत्येक निवासी हर साल औसतन ३८ रुपये कमाता था।** सरकार की मालगुजारी, जमीदार का लगान, और साहूकार का सूद देने के बाद उसके पास १३ रुपये बचते थे, जिनके सहारे उसे साल भर जीना पडता था। यानी, जो कुछ वह कमाता था, उसका केवल एक-तिहाई उसके पास बचता था और दो-तिहाई उसके हाथ से निकल जाता था।

महान फ्रांसीसी क्रान्ति के पहले फ्रास के किसानो की दशा का वर्णन करते हुए कार्लाईल ने लिखा था :

> "विधवा अपने बच्चों का पेट भरने के लिए जंगल में जड़े चुन रही हैं; और होटल के बरामदे मे नजाकत के साथ लेटे हुए चिकने-चुपडे भद्र पुरुष के पास एक ऐसा जादू है जिससे वह बुढिया की हर तीसरी जड़ छीन लेगा, और कहेगा कि यह लगान और कानून का जादू है!"

अंग्रेजी राज में भारत ने इससे भी बड़ा एक जादू देखा। यहा किसान के पास तीन में से केवल एक जड़ बचती थी और दो जड़ें भद्र पुरुष के पास पहुंच जाती थी।

नवां अध्याय

किसान-क्रान्ति की ओर

उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर अब संक्षेप में यह बताया जा सकता है कि खेती का संकट किन विशेषताओं के साथ बढ़ रहा है।

१. खेती के संकट में बढ़ती

पहली विशेषता यह है कि राष्ट्र की अर्थ-व्यवस्था में खेती का स्थान अधिकाधिक असंतुलित होता जाता है; उसके साथ-साथ खेती पर आबादी का दबाव जरूरत से ज्यादा बढता जाता है, देश का विकास नही होता और भारतीय अर्थ-व्यवस्था के औपनिवेशिक स्वरूप के कारण "अनुद्योगीकरण" की क्रिया जारी रहती है। इस आम परिस्थिति का दूसरी तमाम बातों पर भी प्रभाव पडता है और वे भी उग्र रूप धारण कर लेती हैं।

दूसरी विशेषता यह है कि खेती के विकास में ठहराव आ जाता है और उसका पतन होने लगता है, जमीन की उपज कम रहती है, श्रम का अपव्यय होता है, खेती के लायक जमीन पर भी खेती नही होती, जिस पर होती है उसका विकास नही होता, और यहा तक कि कुछ समय बाद खेती की उपज गिरने लगती है, जमीन खेती से निकलने लगती है और खेती के कुल रकबे में कमी आने लगती है।

तीसरी विशेषता यह है कि जमीन के लिए किसानो की भूख बढ़ती जाती है, उनकी जोते बराबर छोटी होती जाती हैं, और अधिकाधिक छोटे टुकड़ों में बटती जाती हैं, ऐसी जोतों का अनुपात बढता जाता है जिनके सहारे किसान के लिए अपनी गुजर करना असम्भव होता है, और अन्त में हालत यहां तक पहुचती है कि ज्यादातर जोतें इसी तरह की रह जाती है।

चौथी विशेषता यह है कि जमींदारी प्रथा का विस्तार बढ़ता जाता है, तरह-तरह के शिकमी और शिकमियों के शिकमी और फिर उनके शिकमी कायम

हो जाते हैं, ऐसे लोगों की संख्या बढ़ जाती है जो खेती नहीं करते और मुफ़्त में लगान वसूलते हैं, और अधिकाधिक किसानों की ज़मीनें इन मुफ़्तखोरो के हाथों में जाने लगती हैं।

पांचवीं विशेषता यह है कि जिन किसानों के पास थोड़ी-बहुत ज़मीन बचती है, उन पर कर्ज़ का बोझ बढता जाता है, और अभी हाल के कुछ वरसों में तो किसानों पर लदे कर्ज़े की कुल रक़म एकदम आसमान पर पहुंच गयी है।

छठी विशेषता यह है कि किसानो की जमीनें कर्ज़े के एवज में उनके हाथ से अधिकाधिक निकलकर साहूकारों और सट्टेबाज़ों के हाथों में पहुंचती जाती हैं।

सातवीं विशेषता यह है कि ऊपर बतायी गयी बातों के परिणामस्वरूप खेत-मज़दूरों की सख्या अधिकाधिक तेजी से बढ़ती जाती है। १९२१ मे तमाम खेती करनेवालों का पांचवां हिस्सा खेत-मजदूरो का था। दस वर्ष के अन्दर, यानी १९३१ में एक-तिहाई खेती करनेवाले खेत-मज़दूर बन गये। और तब से आज तक उनकी संख्या और भी बढ़ गयी है (१९५०-५१ में भारत सरकार के श्रम सचिवालय ने जो जांच करायी थी, उससे पता चला था कि ३६ प्रतिशत खेती करनेवाले खेत-मज़दूर बन गये हैं)।

खेती के पतन, किसानो की ज़मीनो के छिनने, और उनमें वर्ग-भेदों के बढ़ने की यह पूरी क्रिया संसारव्यापी अर्थ-सकट के कारण, खेती की पैदावार के दामों के यकायक एकदम गिर जाने के कारण, और उसके बाद दूसरे महायुद्ध तथा उसके फलस्वरूप देश में अकालों की लहर आने के कारण बहुत आगे बढ़ गयी है और बहुत तेज़ी से चल रही है। १९२८-२९ में फ़सल कटने के समय के औसत दामों को आधार मानने पर लगभग १,०३४ करोड़ रुपये के मूल्य की पैदावार खेती से हुई थी। १९३३-३४ में केवल ४७३ करोड़ की पैदावार हुई। यानी, उसमें ५५ प्रतिशत की कमी हो गयी। लेकिन मालगुज़ारी ज्यों की त्यों रही। १९२८-२९ में ३३ करोड़ १० लाख की मालगुज़ारी वसूल की गयी थी; १९३१-३२ में ३३ करोड़ की और १९३३-३४ में ३० करोड़ की। १९३३-३४ में जो करीब ९ प्रतिशत की थोडी सी कमी आयी, उसका भी केवल यह कारण था कि किसानों के लिए ज़्यादा देना असम्भव हो गया था और बहुतों ने मालगुज़ारी देने के बदले अपनी ज़मीनों से इस्तीफ़े दे दिये थे।

बंगाल में १९२०-२१ से लेकर १९२९-३० तक हर साल औसतन ७२ करोड़ ४० लाख रुपये की ऐसी फ़सल तैयार हुई थी जो बाज़ार में बेची जा सकती थी। १९३२-३३ मे केवल ३२ करोड़ ७० लाख की ऐसी फ़सल तैयार हुई। लेकिन किसानों पर नक़द बोझ कम नहीं हुआ, बल्कि उल्टा २७ करोड़ ९० लाख रुपये से बढ़कर २८ करोड़ ३० लाख रुपये हो गया। इसका मतलब

यह हुआ कि लगान, सूद, आबपाशी, आदि देने के बाद किसानो की जेब में जो पैसे बचते थे, या उनके पास जो "स्वतत्र खरीदने की शक्ति" बचती थी, वह अर्थ-संकट के कारण ४४ करोड ५० लाख रुपये से गिरकर केवल ४ करोड़ ४० लाख रुपये रह गयी।

किसान आम तौर पर जो पैसा बचाते हैं, उससे सोने के जेवर खरीद लेते हैं। अर्थ-सकट के दिनो मे दिवालिया वनने से बचने के लिए किसानों ने धड़ाधड सोने के जेवर बेचे। १६३१ और १६३७ के बीच कुछ नही तो २४ करोड़ १० लाख पौड का सोना भारत से निकल गया। लेकिन सोना बेचकर भी किसान केवल कुछ दिनो के लिए ही दिवाला निकलने की घड़ी को टाल सके। ऐसे किसानों की सख्या तेजी से बढती ही गयी जो लगान न दे पाने के कारण ज़मीनो से इस्तीफे दे रहे थे। १६३० में वगाल मे सिचाई की व्यवस्था की जांच करने वाली एक कमिटी ने बताया कि "ज़मीन खेती से निकल रही है।"

१६३४–३५ में खेती के आकड़ों से पता चला कि **खेती की जमीन के रक़बे में ५० लाख एकड़ की कमी** आ गयी है। अनाज की फसलो के रकबे में ५५ लाख ८६ हज़ार एकड की कमी आ गयी थी।

कर्ज़ का बोझ तिगुना हो गया। १६२१ मे किसानों पर कुल ४० करोड़ पौड का कर्ज़ा था। १६३७ में वह बढ़कर १३५ करोड पौड हो गया था।

भारत की ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था का दिवालियापन नग्न रूप में उस समय प्रकट हुआ जब जापान के लड़ाई मे शामिल हो जाने के बाद भारत में बर्मा से चावल आना वन्द हो गया। उसका नतीजा यह हुआ कि पूरा देश अकाल का ग्रास बन गया और हर तरफ भुखमरी फैल गयी। अकेले बंगाल में, प्रोफ़ेसर के. पी. चटोपाध्याय ने हिसाब लगाया है कि ३५ लाख आदमी अकाल के परिणाम-स्वरूप मौत के शिकार हुए। अकाल के बाद महामारी आयी और सितम्बर १६४४ तक बगाल में १२ लाख आदमी विभिन्न बीमारियों के शिकार हो गये। जनता का सारा जीवन छिन्न-भिन्न हो गया। मां-बाप अपने दूध-पीते बच्चो को इस आशा से सडक के किनारे छोड़कर चल देते थे कि किसी दयालु आदमी की उनपर दृष्टि पड़ गयी तो सम्भव है कि उनकी जान बच जाय। पुरुष अपने परिवारों को भाग्य के सहारे छोड़कर रोजी की तलाश में बाहर निकल जाते थे। स्त्रियां भूख की मार से विवश होकर अपनी देह का व्यापार करने लगी थी और वेश्यालयों में भरती हो रही थी।

यह अकाल "इंसान का पैदा किया हुआ" अकाल था। असल में, बगाल में केवल छः हफ्ते के राशन की कमी थी, और बाहर से अनाज मंगाकर और खाने-पीने की चीज़ों का सब में बराबर-बराबर वितरण करके इस कमी को आसानी से दूर किया जा सकता था। लेकिन, ऐसा किया जाने के बजाय बंगाल

में अकाल पड़ा, और अकाल भी ऐसा कि उसकी लपेट में प्रान्त की एक-तिहाई जनता आ गयी। अनाज का सारा स्टॉक बडे-बडे जमीदारो और व्यापारियों ने हथिया लिया था और घूसखोर नौकरशाही छिपा हुआ अनाज बाहर निकालने के बजाय, भाव बढ़ाने और करोडों आदमियों के जीवन से खिलवाड़ करने मे इन अनाजचोरो की मदद कर रही थी। जनवरी १९४२ में चावल का भाव ६ रुपये मन था, नवम्बर १९४२ तक वह ११ रुपये मन हो गया। फरवरी-अप्रैल १९४३ मे वह २४ रुपये मन, मई मे ३० रुपये मन, जुलाई में ३५ रुपये मन, अगस्त में ३८ रुपये मन, और अक्तूबर १९४३ मे ४० रुपये मन हो गया। मुफस्सिल के जिलों में तो भाव ५० से लेकर १०० रुपये मन तक चला गया था। अकाल के दिनो में भी चावल हर जगह मिलता था और चाहे जितने परिमाण में मिल सकता था, लेकिन १०० रुपये मन का भाव देने पर ही!

इस अकाल के परिणामस्वरूप किसान और गरीब हो गये, और धनी जमीदारो और साहूकारो के पास पहले से भी ज्यादा जमीन जमा हो गयी।

गांव की पूरी अर्थ-व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गयी। अकाल की मार सबसे ज्यादा गांव के दस्तकारो और कारीगरों पर पड़ी थी। मछुए, मोची, लुहार, कुम्हार, जुलाहे, आदि सबसे ज्यादा तबाह हुए थे। अकाल की चोट वास्तव मे सबसे पहले इन लोगो पर ही पड़ी थी और वे उसके कारण दिवालिया बन गये।

बगाल मे जो कुछ हुआ, वह उस सकट का केवल सबसे उग्र रूप था जो सारे देश को निगले जा रहा था।

२. किसान-क्रान्ति की आवश्यकता

इस प्रकार, भारत के किसानो के सामने आज यह सवाल पैदा हो गया है कि वे जिन्दा भी रहेगे या नही। और अब यह सवाल और टाला नही जा सकता। किसानों को उसे आज और अभी हल करना होगा।

क्या वर्तमान व्यवस्था के रहते हुए इस सवाल को हल किया जा सकता है? सभी लोग मानते हैं कि वर्तमान व्यवस्था में बहुत बुनियादी परिवर्तन करना आवश्यक है।

सिद्धान्त रूप में बहुत दिनो से लोग यह बात स्वीकार करते चले आये हैं कि जमीदारी प्रथा को मिटाये विना काम नही चल सकता। १९३८ में फ्लाउड कमीशन के बहुमत ने अपनी रिपोर्ट में बगाल में जमीदारी प्रथा को खतम करने की सिफारिश की थी—लेकिन, उसकी राय थी कि जमीदारों को मुआवजा दिया जाय। भारत में जमीदारी प्रथा विदेशी सरकार की पैदा की

हुई चीज है और राष्ट्र की परम्परा में उसका कोई स्थान नही है। जमीदार जो कुछ किसानों से वसूलते हैं, उसके एवज़ में वे किसानों का ज़र्रा बराबर भी फायदा नही करते। लेकिन ज़मीदारी प्रथा को सचमुच मिटाने का तरीक़ा यह नही है कि केवल बाहरी स्वरूप में रस्मी परिवर्तन कर दिया जाय और जमीदारो को "मुआवजा" देने के नये रूप मे किसानो पर आर्थिक बोझ ज्यों का त्यों बना रहे। असल में किसानों को उस आर्थिक बोझे से मुक्त करने की आवश्यकता है, जो ज़मीदारी प्रथा ने किसानों पर लाद रखा है।

साहूकारी प्रथा और कर्ज़े के पहाड़ के बारे में भी यही बात सच है। कर्ज़े की रकम को पहले एकदम कम कर देना और अन्त में बिलकुल मंसूख कर देना लाज़िमी है। लेकिन केवल इतना करने से कुछ लाभ न होगा, या केवल अस्थायी रूप से थोडी सी राहत मिलेगी, यदि इसके साथ-साथ साहूकार की जगह किसानों को कर्जा देने की कोई अन्य व्यवस्था न की जायेगी और यदि कर्ज़े को बढने से रोकने के उपाय न किये जायेंगे।

यह मानना पडेगा कि आशिक उपायों से अस्थायी ढंग की तो कुछ राहत मिल सकती है, और देश के अलग-अलग हिस्सों में ऐसे कुछ उपाय करने का न्यूनाधिक प्रयत्न भी हुआ है, लेकिन किसानों के सवाल का ज्यादा बुनियादी हल निकालने के लिए ज़रूरी है कि पूरी भूमि व्यवस्था का पुन.संगठन किया जाय। यदि ज़मीदारी प्रथा के अभिशाप से देश को मुक्त करने के लिए अधिक सुनियोजित ढंग से प्रयत्न करना है, तो ऐसा केवल एक अधिक व्यापक आर्थिक पुनर्संगठन के अंग के रूप में ही किया जा सकता है। इस आर्थिक पुनर्संगठन के द्वारा न केवल "ज़मीन का मालिक जोतनेवाला" का सिद्धान्त कार्यान्वित किया जायगा, बल्कि उन लाखो और करोडो आदमियो के लिए जीविका कमाने के नये साधन तैयार किये जायेंगे जो आबादी के बोझ से दबी हुई खेती से नाता तोड़कर ही सुखी जीवन विता सकते हैं।` खेती के विकास के लिए और उद्योग-धंधों के विकास के लिए जो उपाय करने हैं, वे यहां आकर एक हो जाते हैं।

बुनियादी प्रश्न केवल जमीदारी प्रथा का सवाल नही है। बुनियादी प्रश्न पूरी भूमि व्यवस्था का पुनःसगठन और जोतो का फिर से बंटवारा करने का है। लेकिन इस तरह का बटवारा, जो बहुसंख्यक जनता के हितो को महत्व देगा और व्यक्तिगत स्वामित्व की अवहेलना करने से न हिचकेगा—ऐसा बटवारा करना नौकरशाही ढंग से काम करनेवाली विदेशी सरकार अथवा विदेशी साम्राज्यवाद से सम्बंध रखनेवाली एकाधिकारी पूजीपतियों की सरकार के बूते के बाहर है। ऐसी किसी सरकार में यदि इस प्रकार का बंटवारा करने की इच्छा भी हो, तो भी उसमें उसकी सामर्थ्य न होगी। ऐसा बंटवारा तो खुद किसान जनता ही अपनी पहल से और अपने हाथों से कर सकती है; और यह

कार्य वह मजदूर वर्ग के सहयोग से तथा मजदूरों-किसानों का प्रतिनिधित्व करने वाली तथा उनके हितों के लिए लड़नेवाली सरकार के नेतृत्व में पूरा करेगी।

लेकिन ज़मीन का फिर से बंटवारा करना सिर्फ पहला कदम है। उसके बाद खेती के विकास की पूरी समस्या को हाथ में लेना होगा, खेती के कौशल को विकसित करके उसे आधुनिक स्तर तक ले जाना होगा, खेती में मशीनों का इस्तेमाल शुरू करना पड़ेगा और खेती के लायक ज़मीन के जो विशाल इलाक़े परती पड़े हैं, उनको तोड़कर खेती का रकबा बढ़ाना होगा।

३. सरकारी सुधारों की असफलता

पहले भारत मे साम्राज्यवादियों का प्रत्यक्ष राज था। फिर उसकी जगह भारत संघ तथा पाकिस्तान की सरकारें क़ायम हुईं, जो अब भी उन्ही पुराने एकाधिकारी पूंजीपतियों और जमींदारों पर आधारित हैं जिन्होंने साम्राज्यवाद से सम्बध बनाये रखा है। पुरानी अंग्रेज़ी सरकार ने और इन नयी भारतीय तथा पाकिस्तानी सरकारों ने खेती मे सुधार करने के जो प्रयत्न किये हैं, उनसे यह बात साबित हो जाती है कि इस ढग के सामाजिक आधार पर टिकी हुई कोई भी सरकार खेती के बढते हुए संकट को हल नही कर सकती।

साम्राज्यवाद के हित एक तरफ जमींदारी प्रथा और सामन्ती तथा अर्ध-सामन्ती संस्थाओं और रीतियों को सुरक्षित रखने के साथ जुडे हुए हैं, क्योकि जनता को दबाकर रखने के लिए उसे इस सामाजिक आधार की सहायता की ज़रूरत होती है। दूसरी तरफ, साम्राज्यवाद के हित इस बात के साथ जुड़े हुए हैं कि इगलैंड की बंक-पूजी भारत का शोषण करती रहे और उसे एक पिछड़ा हुआ खेतिहर उपनिवेश बनाये रहे। इन दोनों बातों की वजह से साम्राज्यवाद के लिए यह नामुमकिन था कि वह खेती की समस्या को हल करने का प्रयत्न करता। साम्राज्यवाद की इस असमर्थता का एक प्रमाण यह है कि १९२७ में खेती की जांच करने के लिए उसने जो शाही कमीशन नियुक्त किया था, उसे भूमि-व्यवस्था को छूने की भी मनाही कर दी गयी थी। और अमली तौर पर इस क्षेत्र मे साम्राज्यवादी सरकार ने जिस दिवालियेपन का परिचय दिया है, उसने साम्राज्यवाद की इस असमर्थता को और भी स्पष्ट कर दिया।

खेतिहरों की सहायता के लिए अनेक कानून बनाये गये, लेकिन उनसे कर्ज़ के बोझे का बढना नही रुका। यह बात कृषि कमीशन की रिपोर्ट मे ही स्वीकार की जा चुकी है। इसी प्रकार, ज़मीन पर किसानों के अधिकारो की रक्षा के लिए भी अनेक कानून बनाये गये; लेकिन उनसे ज़मीदारी प्रथा और शिकमी प्रथा का विकास नही रुका, उनसे हर साल लगान बढते

जाने की क्रिया बन्द नही हुई, और जिन थोड़े से किसानों को कुछ विशेष अधिकार दिये गये थे, वे खुद अक्सर छोटे जमीदार बन गये और अधिकार-विहीन किसानों का शोषण करने लगे।

उन्नीसवी सदी के मध्य से ब्रिटिश सरकार ने सिंचाई की व्यवस्था के सम्बध मे जो थोडा-बहुत काम किया है, उसका बहुधा बडा ढोल पीटा जाता है। लेकिन १६३६–४० मे भी ब्रिटिश भारत के कुल जितने रकबे पर खेती होती थी, उसका केवल २३ प्रतिशत भाग सिचाईवाला रकबा था। और उसमें भी सरकार की तरफ से सिंचाई केवल १० प्रतिशत पर होती थी। १६४६–५० का आकडा यह बताता है कि भारत सघ में कुल जितनी जमीन जोती गयी, उसके केवल १७ ७ प्रतिशत भाग की सिचाई हुई थी।

१६४७ के बाद, भारतीय तथा पाकिस्तानी सरकारो के मातहत जो अनुभव हुआ है, उससे भी यह साबित होता है कि इन नयी सरकारो ने हालाकि भूमि व्यवस्था मे अनेक सुधार किये हैं, मगर चूकि वे उन बडे-बडे एकाधिकारी पूजी-पतियो और जमीदारो के शासन का प्रतिनिधित्व करती हैं जिनका साम्राज्यवाद से घनिष्ठ सम्बध है, इसलिए वे खेती के संकट को हल करने मे असफल रही हैं।

भारत सघ और पाकिस्तान के लगभग सभी प्रदेशो में जमीदारी और जागीरदारी प्रथाओ को खतम करने के लिए रस्मी तौर पर कानून पास हो चुके हैं। इसके साथ–साथ जोतो के विस्तार की हदबन्दी कर दी गयी है। लेकिन इन क़ानूनो से बहुत कम लाभ हुआ है, और व्यावहारिक रूप मे उनसे जमीदारी प्रथा तो हरगिज खतम नही हुई है। न ही इन कानूनो से साधारण किसान और खेत-मजदूर जनता की समस्याए हल हुई हैं।

"जमीदारी उन्मूलन" के इन कानूनो को बनाते समय इस साधारण सिद्धान्त को आधार बनाया गया है कि जमीदारो को लगान की मौजूदा दरो के मुताबिक पूरा मुआवजा दिया जाय। इस मुआवजे के रूप मे जो आर्थिक बोझा किसानों पर पडता है, उसी का यह नतीजा हुआ है कि इनमें से बहुत से कानून व्यवहार मे कार्यान्वित नही किये जा सके हैं, और जहा कही इन कानूनो पर अमल भी हुआ है, वहा किसानो पर लदे हुए आर्थिक बोझ का केवल रूप बदला है, उसमें कोई खास कमी नही आयी है; और कुछ जगहो मे तो वह बढ गया है (पहले जमीदार को जितना लगान देना पड़ता था, अब उससे ज्यादा मुआवजे की क़िस्त के रूप में देना होता है)।

इन कानूनो से केवल थोड़े से धनी किसानों का लाभ हुआ है। अधिकतर गरीब किसानो को, अस्थायी पट्टे वाले काश्तकारों को, बटाईदारों को और खेत मजदूरों को उनसे कोई लाभ नहीं हुआ है। इसके अलावा, जहा कही जमीन के पट्टो पर नामचारे के लिए हद बाध दी गयी है, वहा भी व्यवहार मे जमीदार

अपनी विशाल जमीदारियों को सुरक्षित रखने में कामयाब हुए हैं, क्योंकि उन्होंने दिखावे के लिए अपनी ज़मीन अपने भाई-भतीजो में बाट दी है या ऐसी ही कोई और तरकीब करके या बहाना बनाकर कानून से बच गये हैं।

भारत संघ के विधान में बिना मुआवज़ा दिये किसी की सम्पत्ति लेने पर रोक लगा दी गयी है। १९४८ में भारत सरकार ने आदेश निकाला कि प्रदेशो की दरिद्र सरकारों को ज़मीदारो को मुआवज़ा देना होगा और इस काम के लिए उन्हे केन्द्र से कोई आर्थिक सहायता नही मिलेगी। १९४९ में भारत सरकार के वित्त-मत्री ने इस सिद्धान्त की घोषणा की कि जिस कानून में "सरकारी आय मे से अथवा सच्चा कर्ज़ लेकर मुआवजा देने की व्यवस्था नही हो, उसे रद्द कर देना चाहिए।" मतलब यह हुआ कि ज़मीदारो को उनकी जायदाद के एवज में सूद देनेवाली बौडो के रूप में या सालाना किस्तो के रूप में मुआवज़ा नहीं दिया जाना चाहिए।

इन घातक बन्दिशो का जो नतीजा हुआ, वह होना लाजिमी था। १९५० में भारत के रिजर्व बैंक ने हिसाब लगाया कि केवल सात प्रदेशों में ही ४१४ करोड़ रुपये का मुआवज़ा देना होगा। नवम्बर १९५१ में पश्चिमी बंगाल के मुख्य मत्री डा. विधानचन्द्र राय ने ऐलान किया कि ज़मीदारी उन्मूलन के लिए कोई बिल पेश करना व्यर्थ है, क्योंकि उसका आर्थिक बोझा उठाना नामुमकिन है, और इसलिए ऐसे क़ानूनो से किसानों का कोई लाभ न होगा। उत्तर प्रदेश मे, जहा मुआवज़े की रकम १६० करोड रुपये या १२ करोड़ पौड बैठती थी, यह तरकीब इस्तेमाल की गयी कि किसानों से "ज़मीदारी उन्मूलन कोष" में स्वेच्छा से रुपया जमा करने के लिए कहा गया। इस तरह जो किसान लगान की दस-गुनी रकम जमा कर देता था, उसे लगान पर ली हुई ज़मीन के ऊपर अधिकार मिल जाता था। असल मे केवल धनी किसानो की एक छोटी सी सख्या ही इस व्यवस्था से लाभ उठा सकी। दूसरे प्रदेशों मे किसानो को चालीस साल तक मुआवजा देना पडेगा।

इसलिए, कोई आश्चर्य नही यदि प्रोफ़ेसर बालोग अपनी भारत यात्रा के बाद इस नतीजे पर पहुचे :

> "भूमि-सुधार, विशेषकर व्यक्तिगत जोतों की हदबन्दी का क़ानून, ...देश के काफी बड़े भाग में अमल में नही आ सका।" (न्यूयोर्क नेशन, १२ मार्च १९५५)

श्री विनोबा भावे के नेतृत्व मे चलनेवाले "भूदान" आन्दोलन को सरकार का आशीर्वाद प्राप्त है। यह आन्दोलन सीधे-सीधे तेलंगाना के उन किसानो के विद्रोह से उत्पन्न हुआ है, जिन्होने ज़मीन पर कब्ज़ा कर लिया था। इस आन्दो-

लन का उद्देश्य है किसानों के विद्रोह को रोकना और भूमि-सुधार के क़ानूनों की असफलता से उत्पन्न असंतोष को पथभ्रष्ट कर देना। इसके लिए ज़मींदारों से कहा जाता है कि वे अपनी ज़मीनों का एक हिस्सा स्वेच्छा से दान कर दें। यह लाज़िमी था कि इस प्रकार के आन्दोलन के ठोस नतीजे बहुत कम हों। ऐसा आन्दोलन मूल समस्या के एक नन्हे से अंग पर ही प्रभाव डाल सकता है। लेकिन उसका महत्व उसके नतीजों में नहीं है। भूदान आन्दोलन का असली महत्व इस बात में है कि उसके रूप में अर्ध-सरकारी तौर पर शासकों ने भी यह मान लिया है कि तथाकथित "ज़मींदारी उन्मूलन" क़ानून असफल रहे हैं।

भारत की खेती की समस्या एक सफल जन-क्रान्ति के द्वारा हल होगी, और वह होना अभी बाकी है।

४. किसान आन्दोलन की प्रगति

पिछले कुछ वर्षों में किसान-आन्दोलन में जो प्रगति हुई है, वह इस पृष्ठभूमि में भारत की एक सबसे महत्वपूर्ण घटना बन जाती है।

जब से भारत में अंग्रेजी राज्य कायम हुआ, तभी से किसानों में बार-बार बेचैनी पैदा हुई और किसानों के विद्रोह हुए तथा उनकी संख्या और तेजी बराबर बढ़ती ही गयी। शुरू-शुरू में किसानों का गुस्सा और बेचैनी अलग-अलग साहूकारों और ज़मींदारों से बदला लेने और हिंसा का प्रयोग करने की इक्की-दुक्की कार्रवाइयों का स्वयं-स्फूर्त रूप लेती थी।

उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में जो किसान विद्रोह हुए, उनमें सबसे महत्व-पूर्ण १८५५ का संथाल विद्रोह और १८७५ का दकन विद्रोह थे।

लेकिन, असल में १९१४–१८ के महायुद्ध के बाद और विशेषकर संसार-व्यापी अर्थ-संकट के बाद से, इस आधुनिक काल में ही, किसानों की बेचैनी अभूतपूर्व गति से बढ़ी है और अधिकाधिक उग्र रूप धारण करती गयी है। भारत की खेती की अर्थ-व्यवस्था का पहले से ही दम निकला हुआ था। ऊपर से संसारव्यापी अर्थ-संकट ने तो उसकी कमर ही तोड़ डाली। उसके फलस्वरूप लगान बढ़ाने, कर्ज़दारों को गुलाम बनाने और किसानों की ज़मीन छीनने की जो क्रिया शुरू हुई, उसका परिणाम भारत के सभी भागों में किसान आन्दोलन के जन्म के रूप में प्रकट हुआ। किसान अपने-आप गांव-कमिटियां बनाने लगे। उनके ज़रिए वे बेदख़लियों का विरोध करते थे, कुर्क ज़मीनों के नीलामों का बहिष्कार करते थे और साहूकारों के ख़िलाफ़ अपनी एकता दृढ़ करते थे।

ये किसानों की अपनी मुसीबतें और तकलीफें थीं जो उनको भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिक संघर्ष में खींच लायीं। लेकिन, राजनीतिक संघर्ष

का कभी स्थानीय किसान कमिटी से सीधा सम्बंध नही स्थापित किया गया। धीरे-धीरे किसान इन कमिटियों को विकसित करने और खुद अपने जन-संगठन बनाने की आवश्यकता महसूस करने लगे। किसानों की गांव-कमिटियो ने धीरे-धीरे एक-दूसरे के साथ सम्बंध स्थापित करके जिला कमिटियो की स्थापना की और ये जिला-कमिटिया शुरू में बहुत ढीले-ढाले ढंग से प्रान्तीय संगठनों के रूप में एक-दूसरे से सम्बंधित हो गयीं।

१९३६ में पहला अखिल भारतीय किसान संगठन बना—उसका नाम था अखिल भारतीय किसान सभा। इस संगठन का पहला अखिल भारतीय अधिवेशन दिसम्बर १९३६ मे राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन के साथ-साथ फ़ैजपुर में हुआ। उसमें बीस हजार किसानो ने भाग लिया, जिनमे से बहुत से सैकड़ों मील पैदल चलकर आये थे। इसके साथ-साथ, कांग्रेस ने अपने फ़ैजपुर अधिवेशन में एक खेती-सम्बधी कार्यक्रम पास किया और दोनों संस्थाओं के राजनीतिक भाई-चारे की घोषणा की गयी।

अखिल भारतीय किसान सभा का चौथा अधिवेशन अप्रैल १९३९ में गया में हुआ। वहां बताया गया कि उसके सदस्यों की संख्या ८ लाख हो गयी है।

गया अधिवेशन के कुछ महीने बाद ही दूसरा महायुद्ध छिड़ गया। "भारत रक्षा क़ानून" के नाम पर भारतीय जनता का क्रूर दमन होने लगा। लेकिन तमाम दमन के बावजूद, सारे देश मे किसानो ने साम्राज्यवादी-सामन्ती व्यवस्था के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखा।

१९४२–४५ का काल पूरे किसान आन्दोलन के लिए अग्नि-परीक्षा का काल था। अगस्त १९४२ में साम्राज्यवाद ने पूरे राष्ट्रीय आन्दोलन पर एक क्रूर हमला किया। कांग्रेस के नेताओ की गिरफ्तारी के बाद दमन की चक्की अंधाधुध चलने लगी।

इस समय संगठित किसान आन्दोलन के कधों पर एक बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी आ पड़ी। इस ज़िम्मेदारी को पूरा करने के लिए अखिल भारतीय किसान सभा और उसकी प्रान्तीय शाखाओं ने राष्ट्रीय नेताओ की रिहाई और एक राष्ट्रीय सरकार की स्थापना के लिए दृढ़तापूर्वक आन्दोलन चलाया; सरकार के दमन का बहादुरी से मुकाबला किया; युद्ध-कोष के लिए किसानों से ज़बर्दस्ती पैसा वसूल करने का विरोध किया; अधिक अन्न पैदा करने के लिए एक आत्म-सहायता आन्दोलन संगठित किया; और हर गांव मे नौकरशाहों, अनाजचोरों और चोर-बाज़ारियो को शिकस्त दी।

यह पूरा काल भारतीय किसानो की महान सफलताओं से भरा है। आंध्र में हज़ारो और लाखो एकड़ परती ज़मीन तोड़कर जोती-बोयी गयी। जब बंगाल की जनता को अकाल के दैत्य ने आ दबोचा, तो अखिल भारतीय किसान सभा

के नेतृत्व में सारे देश मे बंगाल की सहायता का आन्दोलन चलाया गया। किसानो ने बंगाल की जनता के प्रति अपना कर्तव्य समझा और देश के कोने-कोने में उन्होंने बंगाल की मदद के लिए धन और अनाज जमा किया। खुद अपने प्रान्तों के अन्दर किसानों ने अनाज-कमिटियां कायम कीं, चोर-बाजारियो का भंडाफोड किया और अनाज के छिपे हुए गोदामो का पता लगाकर उनका अन्न जरूरतमन्द जनता के बीच बांट दिया।

अखिल भारतीय किसान सभा देश की आजादी के लिए और जन-साधारण के अधिकारों के लिए दृढतापूर्वक लड रही थी। इसलिए, वह अधिकाधिक शक्तिशाली और जनप्रिय संगठन बनती गयी। १९४२ मे उसके सदस्यो की संख्या २२५,७८१ थी; १९४४ में वह ५५३,४२७ हो गयी और १९४५ मे ८२६,६८६ तक पहुच गयी। युद्ध समाप्त होने पर भारत की गरीब किसान जनता मे जाग्रति की एक नयी लहर आयी। इस समय अन्न-संकट बहुत तीखा हो गया था और तेजी से बढ रहा था। जीवन के लिए आवश्यक वस्तुओं की बडी कमी थी और और उनके दाम एकदम चढ़ गये थे। गांवो में सरकार की क्रूरता और जमीदारो का अत्याचार सीमा पार कर गया था। ये तमाम बातें भारत के किसानों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अधिकाधिक लडाकू ढंग से संघर्ष करने के वास्ते मजबूर कर रही थी। एक ओर, किसान यह मांग कर रहे थे कि जमीदारी प्रथा को खतम करने के लिए तुरन्त कानून बनाये जाये; दूसरी ओर, वे खुद भी पहल कर रहे थे और किसान सभा के नेतृत्व में जमीदारों की परती जमीन पर क़ब्जा कर रहे थे, और उन्हें बेदखल करने तथा लगान बढ़ाने की कोशिशो का जबर्दस्त मुकाबला कर रहे थे।

हाल के कुछ वर्षों में यह बढता हुआ किसान विद्रोह नयी ऊचाइयों पर पहुंचा है। इसका एक उदाहरण बंगाल का तिभागा आन्दोलन है, और दूसरा सबसे बड़ा उदाहरण हैदराबाद में तेलंगाना का महान आन्दोलन है। तेलंगाना में २,००० गांवों ने निजाम के फासिस्ट गुडों के अत्याचारों से अपनी रक्षा करने के लिए अपनी जन-समितियां बनायीं, जमीन पर अधिकार कर लिया, और १५,००० वर्ग-मील के इलाके में—जो मोटे तौर पर डेनमार्क के रकबे के बराबर होता है—खुद अपना शासन-प्रबंध और सैनिक व्यवस्था कायम की। इन घटनाओं से इस बात की सूचना मिल रही थी कि भारत में परिस्थितियां परिपक्व हो रही हैं और किसान-क्रान्ति की घड़ी नजदीक आ रही है।

दसवां अध्याय

भारत में राष्ट्रीय आन्दोलन का उदय

इसके पहले के तमाम अध्यायो में हमने मुख्यतया इतिहास की वस्तु के रूप में भारतीय जनता की स्थिति और दुखगाथा का वर्णन किया है। अब अधिक सुखदायी अध्याय आरम्भ होता है। आगे हम इतिहास के कर्ता के रूप में भारत की जनता की चर्चा करेंगे।

१. एकता और विविधता

शुरू-शुरू के दिनों में साम्राज्यवाद के समर्थक एक विशेष प्रश्न किया करते थे। वे पूछा करते थे : क्या भारत के लोगों की कोई एक कौम है? क्या भारत में रहनेवाले तरह-तरह की नस्लो और धर्मो के लोगो को, जिनको जात-पांत की दीवारों ने अनेक टुकड़ों में बांट रखा है, जिनमें भाषा के और अन्य अनेक प्रकार के भेद पाये जाते हैं, और जिनके अलग-अलग हिस्सों का सामाजिक तथा सांस्कृतिक स्तर अलग-अलग है—क्या इस पंचमेल खिचड़ी को एक "राष्ट्र" या एक "जाति" कहा जा सकता है, या क्या ये लोग कभी भी एक क़ौम बन सकते हैं?

पुराने मत के साम्राज्यवादी भारत के लोगो को एक जाति समझने की प्रत्येक धारणा को भ्रम और आत्म-प्रवचना कहकर उपेक्षा से ठुकरा दिया करते थे। "भारत नाम की कोई चीज न तो है और न कभी होगी"—यह सर जौन स्ट्रैची की घोषणा थी जो उन्होंने १८८८ में की थी। बीसवीं सदी में राष्ट्रीय आन्दोलन की बढ़ती हुई शक्ति के कारण यह पहले से ज्यादा माना जाने लगा कि भारतीय नाम की भी एक जाति है। कम से कम उदारतावादी मत के साम्राज्यवादियो ने तो यह बात मान ही ली। और तब यह दलील दी जाने लगी कि भारत के लोगों का एक जाति के रूप में संगठित हो जाना अंग्रेज़ी राज की देन है और अंग्रेज़ो के उदारतावादी विचारो के भारत में फैलने का परिणाम है। कहा जाता था कि अंग्रेज़ी राज की इस महान सफलता [illegible]

चलता है कि ब्रिटिश शासन भारतीय जनता के लिए कितना हितकारी साबित हुआ है। पिछले कुछ वर्षों से यह नया प्रचार हो रहा है कि हिन्दुओं और मुसलमानों की दो अलग-अलग जातियां हैं।

भारत की विविधता को अपना आधार बनानेवाली दलील ब्रिटिश शासन के अन्तिम दिनों तक बहुत प्रचलित थी। साइमन कमीशन की रिपोर्ट के "पर्यालोकन खड" में वह आज भी अपनी पूरी शान-शौकत के साथ देखी जा सकती है। साइमन कमीशन की रिपोर्ट का यह खड भारत के बारे मे आधुनिक ब्रिटिश साम्राज्यवाद के प्रचार का मुख्य ग्रंथ है। इस चिरस्मरणीय राजकीय पुस्तक के आरम्भ में ही घोषणा कर दी गयी है कि "जो भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन कहलाता है," वह वास्तव मे "भारत की असंख्य जनता के केवल एक बहुत छोटे भाग की आशा-आकाक्षाओं को ही सीधे-सीधे प्रभावित करता है।" इस घोषणा में कितनी दूर-दर्शिता कूट-कूटकर भरी थी, यह थोड़े दिनों के बाद ही तब एकदम साफ हो गया जब १९३०–३४ के सविनय अवज्ञा आन्दोलन का स्वरूप और १९३७ के आम चुनाव के नतीजे सामने आये। इस घोषणा के बाद रिपोर्ट में भारत का एक प्रचलित चित्र पेश करके पाठको को डराने और आतंकित करने का प्रयत्न किया गया है। हर कदम पर रिपोर्ट के लेखक यह दावा करते जाते हैं कि वे तो विशुद्ध वैज्ञानिक, पूर्णतया तटस्थ और निष्पक्ष दृष्टिकोण से केवल तथ्यों को पाठको के सामने पेश कर रहे हैं जिससे उनका ज्ञान बढ़े। और इसके साथ-साथ वे कभी भारतीय "समस्या" की "विशालता और दुरूहता" से पाठकों को डराते हैं, तो कभी भारत की "विशाल भूमि और विराट जन-सख्या" की चर्चा करते हैं। कभी "२२२ बोलियो" से पैदा होनेवाली "भाषा की समस्या" का जिक्र करते हैं, तो कभी "धार्मिक क्षेत्र में पाये जानेवाले असख्य भेदों" का हवाला देते हैं, और "हिन्दुओ और मुसलमानो के बुनियादी विरोध" का होआ खड़ा करते हैं। "तरह-तरह की नस्लों और धर्मों की पचमेल खिचड़ी," "नस्लों और धर्मों का यह जमाव," "विविध प्रकार के जन-समूहों का यह ढेर"—और इसी प्रकार के अन्य नम्रता और भलमनसाहत से भरे विशेषण इस ग्रंथ में भरे पड़े हैं!

ऊपर से देखने मे भले ही यह लगता हो कि इस ग्रंथ के लिखनेवालों ने तो केवल निष्पक्ष राजनीतिज्ञो की तरह कुछ कड़वे तथ्यों को स्वीकार भर किया है; लेकिन वास्तव में यह केवल मिथ्या और बेशर्म प्रचार है। साइमन कमीशन की रिपोर्ट में जान-बूझकर और एक खास उद्देश्य को सामने रखकर कुछ तथ्यों को छाटा गया है और इन तथ्यों के पीछे जो वास्तविकता थी, उसको तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। भारत की मौजूदा हालत को समझने के लिए जितनी बातें महत्वपूर्ण थी, उन सब पर पर्दा डाल दिया गया है और जितनी बातों मे भारत

के लोगों की बदनामी होती थी और अंग्रेजो के "फूट डालो और राज करो" के सरकारी सिद्धान्त को बल मिलता था, उन सब की बड़े प्रेम और विस्तार के साथ विवेचना की गयी है।

साइमन कमीशन की रिपोर्ट मे जिस भावना के साथ भारत की परिस्थितियों का अवलोकन किया गया है, उसकी एक बडी सुन्दर नकल आर. पेज आर्नोट ने तैयार की है: "सयुक्त राज्य अमरीका के विशाल भूखंड के अलग-अलग हिस्सों मे विभिन्न प्रकार की जलवायु और भौगोलिक विशेषताएं पायी जाती हैं और वहां के रहनेवालो मे इसी प्रकार तरह-तरह के नस्ल और धर्म के भेद पाये जाते हैं ...।" सच तो यह है कि अमरीकी क्रान्ति के कुछ समय पहले अंग्रेज लोग अमरीकी कौम के बारे मे भी इसी तरह के गूढ़ "विश्लेषण" किया करते थे और इस बात के "प्रमाण" दिया करते थे कि अमरीकी कौम का एकताबद्ध होना असम्भव है।

पुराने जमाने मे भारत मे कितनी एकता थी और कितनी नही, यह प्रश्न इतिहासकारो के लिए छोड़ा जा सकता है। यह ध्यान देने की बात है कि आधुनिक काल के इतिहासकार और अनुसंधानकर्ता, यहां तक कि उनमें से साम्राज्यवाद का पक्ष लेनेवाले लोग भी, अब उन बातो का समर्थन नही करते जो कि पचास वर्ष पहले डके की चोट पर कही जाती थी। विंसेंट ए. स्मिथ ने १९१९ मे लिखा था. "समस्त भारत की राजनीतिक एकता हालांकि कभी पूरी तौर पर स्थापित नही हुई है, परन्तु वह सदियो से जनता का आदर्श अवश्य रही है।"

अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न जिस पर विचार करने की आवश्यकता है, यह है कि इस समय भारत मे कितनी एकता है और कितने भेद हैं। और तब उन भेदों के बारे मे कुछ कहना आवश्यक हो जाता है जिनका साम्राज्यवादी प्रचारको ने इतना ढोल पीटा है और जिसकी वजह से, उनका कहना है कि भारत के लोगो को स्वराज्य देना असम्भव हो गया था और अंग्रेजी राज को क़ायम रखना जरूरी हो गया था।

२. जात-पांत, धर्म और भाषा के सवाल

इसमें कोई सन्देह नही कि भारतीय जनता को बीते हुए ज़माने से विरासत के रूप मे तरह-तरह की समस्याएं, उलझनें, भेद और असमानताएं मिली हैं और वे पुराने ज़माने के अवशेष के तौर पर आज भी मौजूद हैं और जिन्हे भारत के लोगों को दूर करना है। हर कौम की कुछ अपनी खास समस्याएं होती हैं जो उसे अपने पुराने इतिहास से विरासत में मिलती हैं। साम्राज्यवाद से पूर्ण

स्वतत्रता प्राप्त करना क्यों आवश्यक है, इसका एक सबसे बडा कारण यह भी है कि तब भारतीय जनता के प्रगतिशील नेताओ को इन समस्याओं मे हाथ लगाने और उन्हे हल करने का मौका मिलेगा और वे भारत के लोगो को जनवादी एवं सामाजिक प्रगति के मार्ग पर ले जा सकेंगे। कारण कि पिछले पचास वर्षों के अनुभव मे खास तौर पर यह बात साबित हो गयी है कि साम्राज्यवाद के पतन के इस आधुनिक काल मे भारत के स्वतत्रता आन्दोलन के प्रतिनिधि अधिकाधिक सक्रिय रूप मे इन बुराइयो पर हमला कर रहे है, जब कि साम्राज्यवाद सुधार की अनेक योजनाओ के रास्ते मे अडगे डालने का काम कर रहा है और इस तरह पेश आ रहा है जिससे ये बुराइया जिन्दा रहती हैं और यहा तक कि और उग्र रूप धारण कर लेती हैं।

ऐसी नीति खुद अपना मुंह काला कर लेती है जो व्यवहार में तो एक पराधीन कौम की फूट और पिछड़ेपन का पोषण करती है और उनको कायम रखती है, और यहां तक कि अपने शासन के तरीकों से उन्हें और बढ़ावा देती है, मगर दिखावे के लिए इस बात का ढोल पीटती है कि इन अफसोसनाक बुराइयों से प्रमाणित हो जाता है कि यह कौम न तो कभी अपने अन्दर एकता स्थापित कर सकती है और न स्वराज्य के योग्य बन सकती है।

वस्तुत स्वय साइमन कमीशन को अपनी रिपोर्ट में यह मानना पडा था कि हिन्दू-मुस्लिम विरोध उन इलाकों की विशेषता है जो सीधे अंग्रेजी राज के मातहत हैं, और यह विरोध अग्रेजी राज में बढा है। इसके कारण उन राजनीतिक बातो मे सम्बधित हैं, जो साम्प्रदायिक निर्वाचन क्षेत्रो की स्थापना के रूप मे प्रकट हुई थी, और अन्त मे जिनका परिणाम भारत के बटवारे के रूप मे सामने आया था।

जहा तक जात-पात और छूत-अछूत के भेदों का सवाल है, हम इस बात की सराहना किये बिना नही रह सकते कि साम्राज्यवादी लोग अछूतों तथा दलित जातों पर इतने दयालु हैं कि वे सदा उनकी सख्या को बढाते रहने का प्रयत्न करते आये हैं! कोई एक पीढी पहले, जब राजनीतिक परिस्थिति ने इतना उग्र रूप धारण नहीं किया था, तब आम तौर पर अछूतों और दलित जातों के लोगों की सख्या ३ करोड़ बतायी जाती थी। १९१० में वैलटाइन चिरोल ने उसे बढाकर ५ करोड़ कर दिया। १९२९ मे हर्स्ट ने उसे ६ करोड़ पर पहुंचा दिया।

अछूत प्रथा के खिलाफ ब्रिटिश सरकार ने नहीं, बल्कि प्रगतिशील राष्ट्रीय आन्दोलन ने सघर्ष चलाया है। पाठकों को वह घटना याद होगी जब महात्मा गाधी के आन्दोलन के प्रभाव से दक्षिण भारत के कुछ प्रसिद्ध मदिरो ने, जिनमें सदियों से अछूतों का प्रवेश वर्जित था, अपने द्वार उनके लिए खोल दिये थे।

तब अछूतों को मन्दिरों में घुसने से रोकने के लिए ब्रिटिश सरकार ने अपनी पुलिस भेजी थी और दलील यह दी थी कि अछूतो के मन्दिर प्रवेश से जनता की धार्मिक भावनाओं को ठेस लगेगी और इसलिए उसे रोकना सरकार का पुनीत कर्तव्य है।

हां, इस बात की ब्रिटिश सरकार को अवश्य चिन्ता थी कि अछूतों या दलित जातों के लोगो की मतदाताओं की सूची अलग से बनायी जाये और उनको अलग से अपने प्रतिनिधि चुनकर भेजने की गारंटी दी जाय, ताकि भारत के लोगो मे फूट का एक और तत्व पैदा हो जाय और कांग्रेस कमजोर पड जाय। खुद अछूत लोगो का सरकार के इस अति-स्नेह के विषय में क्या विचार था, यह अछूत सघ के नेता डॉक्टर अम्बेदकर के मुह से सुनिए, जिनको सरकार भी अछूतो का नेता और प्रवक्ता मानती है

> "अंग्रेज़ लोग हमारी शोचनीय हालत का विज्ञापन इसलिए नही करते कि वे उसे बदलना चाहते हैं, बल्कि वे केवल इसलिए उसका ढोल पीटते हैं कि ऐसा करने पर उन्हे भारत की राजनीतिक प्रगति को रोकने का एक बहाना मिल जाता है।"

दलित जातो के लोगो के हित और उनकी मुक्ति का लक्ष्य अवश्यम्भावी रूप से सम्पूर्ण भारतीय जनता के राष्ट्रीय स्वतत्रता आन्दोलन से जुडा है।

जात-पात की समाज को पगु बनानेवाली प्रथा उपदेश देने या कोसने से नही खतम होगी। वह तो केवल आधुनिक उद्योग-धधो तथा राजनीतिक जनतंत्र के विकास से ही मिटेगी। जैसे-जैसे पुराने सामाजिक बधनो का स्थान नये सामाजिक बधन और समान हित लेते जायेंगे, वैसे-वैसे यह प्रथा भी मिटती जायगी। मार्क्स के शब्दो मे : "आधुनिक उद्योग-धधे उस वश-परम्परागत श्रम-विभाजन को मिटा देंगे जिस पर भारत की जात-पांत की वह व्यवस्था आधारित है जो भारत की उन्नति और शक्ति-वर्धन के रास्ते मे जबर्दस्त अडगा बनी हुई है।" मार्क्स ने सौ वर्ष पहले जो भविष्यवाणी की थी, वह किस प्रकार सच उतर रही है, इसका एक प्रमाण १९२१ की जन-गणना की रिपोर्ट मे मिलता है। उसमे कहा गया है : "जमशेदपुर जैसी जगहो मे, जहा कि आधुनिक परिस्थितियो मे काम हो रहा है, सभी जातो और नस्लो के लोग मिल के अन्दर साथ-साथ काम करते हैं और इस बात की कोई चिन्ता नहीं करते कि उनके बराबर में जो काम कर रहा है, उसकी क्या जात है।"

जहा तक भाषाओं के भेद का सवाल है, यदि हम १९२१ की जन-गणना की, जिसे साइमन कमीशन ने अपना आधार बनाया है, १९०१ की जन-गणना से तुलना करें तो हम इस दिलचस्प नतीजे पर पहुंचते हैं कि १९०१ और १९२१

के बीच आबादी २६ करोड २० लाख से बढ़कर केवल ३१ करोड़ ६० लाख हुई, लेकिन उसी अरसे मे भाषाओं की सख्या १४७ से बढकर २२२ हो गयी।

लेकिन, यदि थोडे और विस्तार से विचार किया जाय तो "२२२ अलग-अलग भाषाओ" की इस पुराण-कथा पर काफी प्रकाश पड़ जाता है। इस सख्या मे १३४ हिन्द-चीनी भाषाएं शामिल हैं, और १९०९ में प्रकाशित भारत का इम्पीरियल गजेटियर हमे बताता है कि इन भाषाओं में से प्रत्येक के कितने बोलनेवाले हैं। उदाहरण के लिए, कुछ भाषाओ के बोलनेवालों की सख्या देखिए कबुइ भाषा को ४ आदमी बोलते हैं, आद्रो को १ आदमी, कसुइ को ११, भ्रानू को १५, आका को २६, ताइरोग को १२, और नोरा को २। अभी तक यह समझा जाता था कि भाषा मनुष्यों के बीच विचारो के आदान-प्रदान का साधन है; लेकिन जब आद्रो भाषा को केवल १ आदमी बोलता है, तो निश्चय ही भाषा के विषय में हमें अपनी धारणा बदलनी होगी। मगर नोरा नामक भाषा के भाषा होने में किसी को सन्देह नहीं हो सकता, क्योकि आखिर उसके बोलनेवालो की सख्या २ है!

उसके बाद जब १९३१ की जन-गणना हुई तो उसमे भाषाओं की सख्या २०३ ही रह गयी। लगता है, जिन भाषाओं के केवल एक, दो, या चार बोलनेवाले थे, उनके बोलनेवाले इस बीच दुर्भाग्यवश मर गये थे और इस प्रकार अपनी नासमझी के कारण भारत के लोगों की स्वराज्य की मांग के खिलाफ साम्राज्यवादियों की दलीलो को कमजोर कर गये थे! १९३७ मे बर्मा के भारत से अलग हो जाने पर तो मानो भाषाओ की सूची में महामारी फैल गयी, क्योकि भारत के लोगो मे फूट साबित करने के लिए जिन सैकड़ो भाषाओं का नाम गिनाया जाता था, उनमें से अधिकतर (१२८) बर्मा की भाषाएं थी।

भारत मे भाषाओ की समस्या व्यावहारिक रूप से १२ या १३ भाषाओं की समस्या है, जिनमे से ९ उत्तर-भारतीय भाषाएं एक-दूसरे से बहुत घनिष्ठ सम्बध रखती है। यहा तक कि १९२१ की जन-गणना की रिपोर्ट को भी यह कहना पडा था:

> "इसमें कोई सन्देह नही कि उत्तर तथा मध्य भारत की मुख्य भाषाओं मे एक समान तत्व है, जिसके कारण उनके बोलनेवाले बिना अपनी बोलचाल में कोई खास परिवर्तन किये एक-दूसरे की बात समझ लेते हैं। इस प्रकार भारत के बहुत बड़े हिस्से के लिए समान भाषा का आधार पहले से ही तैयार है।"

भारतीय नाम की कोई जाति है या नहीं, इसका प्रमाण आकड़ेबाजो के दफ्तरों में या पार्लामेंटो के मत्रणागृहो में नहीं मिल सकता। इसका प्रमाण तो

अमल के मैदान में मिल चुका है। बीसवी सदी का पूरा अनुभव इसका प्रमाण है, क्योंकि भारत के लोगों की विविधता अथवा उनका बहुजातीय स्वरूप इस बुनियादी एकता का खंडन नही करते। वे तो ऐसी समस्याएं हैं जिनको केवल भारत के लोग ही स्वयं हल कर सकते हैं।

३. भारत में राष्ट्रीय आन्दोलन का श्रीगणेश

आधुनिक काल मे, भारत में राष्ट्रीय जनवादी चेतना के अस्तित्व से इनकार करना व्यावहारिक रूप से असम्भव हो गया था। इसलिए साम्राज्यवाद के ज्यादा होशियार प्रतिनिधि एक नयी दलील देने लगे। वह यह कि भारत के लोगों मे जो जातीय अथवा राष्ट्रीय चेतना दिखाई देती है, वह साम्राज्यवाद की देन है, उसे साम्राज्यवाद ने भारत में ब्रिटेन के जनवादी आदर्शों के बीज बोकर पैदा किया है। १९१८ मे मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड रिपोर्ट ने कहा था : "भारत के लोगों का वह हिस्सा जिसमें राजनीतिक चेतना है...बौद्धिक रूप से हमारी सन्तान है।"

आधुनिक साम्राज्यवाद का यह दावा एक पतनोन्मुख शक्ति की निरीह आत्म-प्रवंचना तथा आत्म-परितुष्टि मात्र कदापि नही है। इस तर्क का व्यावहारिक महत्व स्पष्ट है। उसका महत्व यह है कि यदि यह दावा सच है तो भारत की "विवेकशील" तथा "रचनात्मक" राष्ट्रवादिता को चाहिए कि वह साम्राज्यवाद को अपना शत्रु नही समझे। और तब उसे राष्ट्रीय स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करना बन्द करके साम्राज्यवाद से समझौता और सहयोग करना चाहिए, और यहां तक कि कागज़ी "आजादी" की रामनामी की आड़ में या तो ब्रिटिश "राष्ट्र-समूह" अथवा साम्राज्य के अन्दर बने रहना चाहिए, या उससे सम्बंध क़ायम रखना चाहिए।

क्या यह समझना सही होगा कि भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन अंग्रेज़ी राज का फल और परिणाम है? निस्सन्देह, एक अर्थ मे यह बात सही है। भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन चूंकि साम्राज्यवाद से लड़ने के दौरान में पैदा हुआ है और बढ़ा है, इसलिए इस अर्थ में साम्राज्यवाद उसकी भूमिका लिखने तथा उसका सूत्रपात करने का दावा कर सकता है। इसी तरह ज़ारशाही भी रूस में मज़दूर वर्ग की विजय का सूत्रपात करने का दावा कर सकती है और चार्ल्स प्रथम क्रॉमवेल की विजय के लिए परिस्थिति तैयार करने का दावा कर सकता है। और चीन पर हमला करनेवाले जापानी यह दावा कर सकते हैं कि वे अपने हमले से चीनी जनता को राष्ट्रीय एकता क़ायम करने में मदद दे रहे थे।

लेकिन आधुनिक काल के साम्राज्यवादी प्रचारकों का यह मतलब नहीं है। एल एफ. रशब्रुक विलियम्स की तरह वे यह कहते हैं कि : "इगलैंड के इतिहास ने भारत के लोगों को धीरे-धीरे नागरिक अधिकार प्राप्त करने का पाठ पढाया। बर्क और मिल की सीखों के रूप मे इंगलैंड की राजनीतिक विचारधारा ने इस पाठ को और दृढता से उनके मन पर अंकित किया। शिक्षित भारतीयों की बुद्धि बुनियादी तौर पर बड़ी तेज होती है और वे जल्दी से जोश में आ जाते हैं। उनको ऐसा लगा मानो उन्होंने दिव्य ज्ञान प्राप्त कर लिया हो।" (ह्वाट अबाउट इंडिया ?, १९३८)

इस दावे मे सत्य का कितना अश है ?

आधुनिक काल की जनवादी क्रान्ति, जो बहुत से देशों में हो चुकी है और जो इगलैंड मे बहुत शुरू में हुई थी, कोई खास इंगलैंड की चीज नहीं है। न ही यह कहना सही है कि जनवादी क्रान्ति के बीज बोने के लिए किसी देश पर विदेशी राज का होना आवश्यक है। उन्नीसवी सदी के जनवादी आन्दोलन ने अमरीका की स्वतत्रता की घोषणा से और उससे भी अधिक फ्रांस की महान क्रान्ति से जितनी प्रेरणा प्राप्त की थी, उतनी उसने इंगलैंड से नहीं की थी, जहा कि बादशाहत और पार्लमेंट के बीच समझौता हो गया था। और बीसवीं सदी मे दुनिया भर के राष्ट्रीय स्वतत्रता तथा सामाजिक एवं आर्थिक स्वतत्रता के आन्दोलनों को प्रेरणा देने का काम मुख्यतया १९०५ और १९१७ की रूसी क्रान्तियों ने और १९४९ की चीनी क्रान्ति की ऐतिहासिक विजय ने किया है।

भारत में जनता की जाग्रति ससार की इन्हीं धाराओं के साथ-साथ बढी है, यह उसके इतिहास से साबित किया जा सकता है। उन्नीसवी शताब्दी में भारत के पूजीवादी-राष्ट्रवाद के पिता राममोहन राय १८३० में इंगलैंड गये थे। उन्होंने बहुत तकलीफ उठाकर भी एक फ्रासीसी जहाज मे यात्रा की, ताकि इस प्रकार वह फ्रासीसी क्रान्ति के सिद्धान्तों मे अपनी भक्ति तथा निष्ठा को घोषणा कर सके। राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना शुरू में सरकारी प्रेरणा से हुई थी। उसे जनता के उठते हुए आन्दोलन को दबाने तथा अंग्रेजी राज को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से बनाया गया था। वह बीस साल तक इसी हालत में पड़ी सोती रही और अपनी नींद से पहली बार तब जागी जब १९०५ के बाद जनता में बड़े पैमाने पर बेचैनी और हलचल पैदा हुई। उसके बाद जब बेचैनी की लहर दब गयी, तो कांग्रेस फिर नरमदली अंग्रेजपरस्त राजनीति के शान्त सागर में विश्राम करने लगी। और जब १९१७ के बाद दुनिया भर में जन-आन्दोलन की लहर उठी, तब वह भी फिर एक बार जागी और पहले से भी ज्यादा बड़े पैमाने पर आगे बढ़ चली।

क्या भारत मे राष्ट्रीय आन्दोलन इसलिए पैदा हुआ कि यहा के शिक्षित वर्ग को उसके शासकों ने बर्क, मिल और मैकाले की रचनाओ को पढना और ग्लैड्स्टन तथा ब्राइट जैसे वक्ताओ की पार्लमिंटी भाषण-शैली मे रस लेना सिखा दिया था ? साम्राज्यवादियों ने यही कहानी गढ रखी है। कहानी बहुत सरल है। इसी प्रकार यह भी कहा जाता है, कि आधुनिक फ्रास नेपोलियन की इच्छा-शक्ति से उत्पन्न हुआ है; और कैथोलिक कहते हैं कि प्रोटेस्टेंट धर्म लूथर की व्यक्तिगत दुर्भावनाओ से पैदा हुआ है। भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन यहां की सामाजिक परिस्थितियों से पैदा हुआ है। वह साम्राज्यवाद की परिस्थितियों से और उसकी शोषण की व्यवस्था से उत्पन्न हुआ है। वह उन सामाजिक तथा आर्थिक शक्तियों से पैदा हुआ है जो इस शोषण के कारण भारतीय समाज में उत्पन्न हो गयी थी। वह इस कारण पैदा हुआ है कि भारत मे पूजीपति वर्ग *जन्म ले चुका था और शिक्षा की कैसी भी व्यवस्था होती, ब्रिटिश पूजीपति वर्ग* के प्रभुत्व के साथ उसका टकराव होना लाजिमी था।

जब मैकाले ने भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति के समर्थको को हराकर साम्राज्यवाद की तरफ से यहां अग्रेजी ढग की शिक्षा जारी की थी, तो उसका उद्देश्य भारत के लोगों मे राष्ट्रीय चेतना पैदा करना नही, बल्कि उसकी जड तक खोद डालना था। यह साम्राज्यवाद की पूरी व्यवस्था में निहित अन्तर्विरोधों का परिणाम था कि शिक्षा की जो पद्धति साम्राज्यवाद के हितों की रक्षा करने के लिए जारी की गयी थी, उसी ने भारत के लोगो के लिए इगलैंड के जनवादी जन-आन्दोलनों और जन-सघर्षों से, और मिल्टन, शैली तथा बायरन जैसे कवियों से प्रेरणा प्राप्त करने का भी रास्ता खोल दिया। इंगलैंड की यह महान जनवादी धारा उसी प्रकार की निरंकुशता से लड रही थी, जिस प्रकार की निरकुशता भारत मे क़ायम थी, और कभी-कभी तो उसका मुकाबला शासक वर्ग के उन्ही व्यक्तियो से होता था जो भारत को ग़ुलाम बनाये हुए थे और उसका शोषण कर रहे थे, जैसे पिट्ट, हेस्टिंग्ज, और वेलिंग्टन। इस असगति का मूल कारण यह था कि भारत का साम्राज्यवादी शासन एक ऐसे देश का शासक वर्ग चला रहा था, जहा की जनता खुद अपनी आजादी के लिए उससे लड रही थी।

भारत मे अंग्रेजी राज की जो ऐतिहासिक भूमिका रही है, उसे कम करके दिखाने की जरूरत नही है। जिन शक्तियो ने भारत के लोगों को एक राष्ट्र के साचे में ढाला है, उनको पैदा करने में भी अग्रेजी राज ने—चाहे जितनी अनिच्छा-पूर्वक—जो योग दिया, उसे भी कम करके दिखाने की कोई आवश्यकता नही है। मार्क्स बता चुके हैं कि भारत मे अग्रेजी राज की भूमिका के वे कौन से दो तत्व थे जिनके कारण उसने "घोर स्वार्थी तथा नीचतम उद्देश्यो" से प्रेरित होकर भी "अनजाने में" भारत के विकास के लिए "इतिहास के साधन" का काम किया।

भारत में अंग्रेजी राज का पहला और सबसे महत्वपूर्ण परिणाम, या उसकी ध्वंसात्मक भूमिका की देन यह थी कि भारत में पुरानी समाज व्यवस्था का आधार निर्ममतापूर्वक नष्ट कर दिया गया। आगे किसी भी तरह की उन्नति के लिए पहले इस आधार का नाश होना जरूरी था। मगर लाज़िमी तौर पर इसका यह मतलब नहीं होता कि यदि अंग्रेजों ने भारत को न जीता होता तो पुरानी समाज व्यवस्था का आधार मिटता ही नहीं। इसके विपरीत, जितनी सामग्री हमारे सामने मौजूद है, उसके आधार पर यह धारणा बनती है कि जिस समय अंग्रेजों ने भारत को जीता, उस समय यहां का परम्परागत समाज पूंजीवादी क्रान्ति की पहली मंजिल के कगार पर खड़ा कांप रहा था और यह मंजिल वह केवल अपने साधनों के बल पर तै करनेवाला था। लेकिन भारतीय समाज परिवर्तनकालीन अव्यवस्था के दौर में ही था कि ब्रिटेन की पूर्णतया परिपक्व पूंजीवादी क्रान्ति ने उसे आ दबोचा और भारत पर अपना प्रभुत्व जमा लिया। फिर भी इतिहास में यही लिखा जायगा कि भारत की पुरानी समाज व्यवस्था का आधार अंग्रेजी राज ने नष्ट किया था।

अंग्रेजी राज की दूसरी देन यह थी कि उसने भारत में नयी समाज व्यवस्था का भौतिक आधार तैयार किया, हालांकि यह काम उसने उतने पूर्ण रूप में नहीं किया जितने पूर्ण रूप में उसने अपनी ध्वंसात्मक भूमिका अदा की थी।

लेकिन इन दोनों कामों से ही न तो भारतीय जनता को आजादी मिल सकती थी और न ही उसकी हालत में कुछ सुधार हो सकता था।

उसके लिए एक तीसरा कदम जरूरी था। उसके लिए जरूरी था कि भारत की जनता उत्पादन की नयी शक्तियों पर अधिकार कर ले और उनका अपने हित में संगठन करे। और जैसा कि मार्क्स ने बहुत जोर देकर कहा था, यह काम भारत की जनता खुद ही करेगी। जब साम्राज्यवाद के खिलाफ संघर्ष करती हुई वह इतनी शक्ति का संचय कर लेगी कि "अंग्रेजी जुए को एकदम उतार फेंकने में कामयाब हो जाय," तभी यह तीसरा कदम उठाया जा सकेगा।

उन्नीसवीं सदी के पूर्वार्ध में, अंग्रेजी राज के पहले काल में, अंग्रेज शासक भारत में जो तबाही और बरबादी ढा रहे थे, और यहां के उद्योग-धंधों को जिस तरह तहस-नहस कर रहे थे, उसके बावजूद, या कहना चाहिए कि उसी के जरिए, वे कुछ बातों में इतिहास के दृष्टिकोण से एक क्रान्तिकारी भूमिका अदा कर रहे थे। देसी रियासतों को जबर्दस्ती हड़प लेने की उनकी नीति के फलस्वरूप बहुत सी नवाबियां और रियासतें मिटती जा रही थीं और बाकी राजा और नवाब भय से थर-थर कांप रहे थे। वह सामाजिक सुधारों का युग था। अंग्रेजी सरकार ने सती-प्रथा को बन्द कर दिया था (और भारतीय समाज

के प्रगतिशील तत्वों ने इसका पूरे हृदय से समर्थन किया था)। उसने गुलामी की प्रथा को खतम कर दिया था (हालांकि अमल मे यह कुछ रस्मी ढंग की कार्रवाई साबित हुई)। वह शिशु-हत्या और ठगी के खिलाफ जिहाद चला रही थी। उसने देश मे पश्चिमी ढग की शिक्षा जारी की थी और पत्र-पत्रिकाओं को आज़ादी दी थी। शुरू के जमाने के इन अंग्रेज शासकों का दृष्टिकोण बड़ा कट्टर था। भारत की परम्परागत प्रथाओं में जो कुछ भी प्रतिक्रियावादी था, उसके साथ उन्हे जरा भी सहानुभूति न थी। उनका पक्का विश्वास था कि उन्नीसवी सदी की अग्रेजो की पूजीवादी तथा ईसाई धारणाओं को समस्त मानवता की धारणाएं बन जाना चाहिए। फिर भी, ये लोग उस काल के उदीयमान पूजीपति वर्ग की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते थे, और इस रूप में उन्होने भारत में सीमित ढंग के काफी परिवर्तन किये। उस जमाने में भारत के नवजात पूजीपति वर्ग के प्रगतिशील तत्वों का प्रतिनिधित्व राजा राममोहन राय और ब्राह्म-समाजी आन्दोलन के समाज-सुधारक करते थे, और ये सब लोग अग्रेजों की खुलेआम प्रशंसा किया करते थे और उन्हे भारत की प्रगति का समर्थक समझते थे। ये लोग अग्रेजी सरकार के सुधारों का निस्संकोच समर्थन करते थे और उनको एक नयी सभ्यता की भूमिका समझते थे। अग्रेजों के सबसे बडे शत्रु पुराने प्रतिक्रियावादी राजा-रजवाडे थे, जो अग्रेजों के इन क़दमों को अपने अस्तित्व के लिए खतरनाक समझते थे।

१८५७ के विद्रोह के दो पहलू थे। एक ओर उससे पता चलता था कि भारतीय समाज के गर्भ मे जन-विद्रोह की कितनी विराट शक्तिया जन्म ले रही हैं और साम्राज्यवादी शासन का आधार कितना कमजोर और अस्थिर है। लेकिन दूसरी ओर, इस विद्रोह पर पुरानी दकियानूसी और सामन्ती शक्तियों की छाप थी, और उसका नेतृत्व उन राजाओं और नवाबों के हाथ मे था जो अपने विशेषाधिकारों को मिटते हुए देखकर उनकी रक्षा के वास्ते मैदान में उतरे थे। विद्रोह के इस प्रतिक्रियावादी स्वरूप के कारण उसे जनता का अधिक व्यापक समर्थन न मिल सका, और इसलिए यह लाजिमी था कि वह असफल रहता। फिर भी, इस विद्रोह से यह बात साफ हो गयी कि सतह के नीचे-नीचे जनता में असंतोष और बेचैनी की कैसी भयानक आग सुलग रही है, और इसमे अग्रेज शासको में ऐसी घबराहट पैदा हुई जो उसके बाद की उनकी सारी कार्रवाइयों मे दिखाई देती है। लार्ड मैटकाल्फ, जो १८३५–३६ मे भारत के गवर्नर जनरल थे, इसके पहलेवाले काल में ही लिख चुके थे कि "पूरा भारत हर घडी यही मनाया करता है कि हमारा तख्ता उलट जाय। हमारे नाश पर हर जगह लोग खुशिया मनायेंगे, या कम से कम सोचते हैं कि वे खुशिया मनायेंगे। और ऐसे लोगों की भी कमी नही है जो उस घड़ी को नजदीक लाने में अपनी पूरी ताकत लगा देंगे।"

१८५७ के बाद अंग्रेजों की नीति और अंग्रेजी राज के स्वरूप में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ। इसके बाद अंग्रेजों की नीति अधिकाधिक इस बात पर खास ज़ोर देने लगी कि जनता के खिलाफ अपना पक्ष मजबूत करने के लिए किसी तरह भारत के प्रतिक्रियावादी तत्वों का समर्थन प्राप्त किया जाय। इसके साथ-साथ, भारत के नवजात पूंजीपति वर्ग का प्रतिनिधित्व करनेवाली, नयी प्रगतिशील शक्तियों के साथ अंग्रेज शासकों के सम्बधों में भी एकदम परिवर्तन हो गया। पहले दोनों में मैत्रीपूर्ण घनिष्ठता थी, अब उसका स्थान उदासीनता, सन्देह और यहां तक कि शत्रुता ने ले लिया। उसमें थोड़ी कमी कभी आती भी थी तो केवल उस समय जब अंग्रेज शासक मौके से मजबूर होकर जनता के खिलाफ़ उनसे भी अस्थायी गठबंधन कर लेते थे। देशी रियासतों को ज़बर्दस्ती ब्रिटिश भारत में मिला लेने की नीति यकायक त्याग दी गयी। इसके बाद से बचे-खुचे राजाओं और नवाबों को अपनी कठपुतलियां बनाकर जिन्दा रखने की नीति का पालन किया जाने लगा। अंग्रेजों ने उन्हें "पूर्णतया स्वतंत्र" घोषित कर दिया और कहा कि ये हमारे मित्र और सहयोगी हैं। देशी रियासतों में अब अंग्रेज हर तरह के सामन्ती अत्याचार और अनाचार की रक्षा करने लगे। बल्कि सामन्ती अत्याचार अब पहले से भी बढ गये, क्योंकि अब देशी राजा और नवाब एकदम मुफ्तखोर और जनता का खून चूसनेवाली जोंकें बनकर रह गये थे। यह इस नयी नीति का ही नतीजा है कि अंग्रेजों ने भारत के नक्शे में छोटी-छोटी रियासतों के ऐसे पैबन्द लगा रखे थे जिनका कोई सिर-पैर नहीं था। अंग्रेजी राज के हाल के दौर में इन राजाओं और नवाबों को, जो उस समय तक एकदम भ्रष्ट हो गये थे और अपने साम्राज्यवादी आकाओं के इशारे पर नाचनेवाली कठपुतलियां बन गये थे, फिर एक बार भारत के वैधानिक विकास के मामले में राष्ट्रीय स्वतंत्रता की शक्तियों का विरोध करने के लिए सामने लाया गया। १८५७ के बाद अंग्रेजों ने समाज-सुधार के मार्ग पर भी चलना बन्द कर दिया। उसकी जगह वे हर प्रतिक्रियावादी धार्मिक प्रथा और रीति का ज़ोरों से समर्थन करने लगे, और दिन-ब-दिन यह बात अधिक स्पष्ट होती गयी (इस काल का लगभग एकमात्र अपवाद "एज ऑफ कसेंट ऐक्ट" था)। १८५८ में महारानी विक्टोरिया की तरफ से जो घोषणा की गयी, उसमें एक तरफ तो भारत के लोगों और अंग्रेजों को बराबरी का दर्जा देने का रूपक रचा गया था (जिसके बारे में बाद में वायसराय लार्ड लिटन ने कहा था कि "ये दावे और ये उम्मीदें न तो कभी पूरी हो सकती हैं और न पूरी होंगी"), और दूसरी तरफ उसमें सरकार के इस फ़ैसले पर ज़ोर दिया गया था कि आगे से वह "धार्मिक विश्वास और उपासना के मामलों में कभी किसी तरह का हस्तक्षेप न करेगी;" और भारतीय समाज की दक़ियानूसी ताक़तों को यह विश्वास दिलाया गया था कि "भारत के प्राचीन

अधिकारो, रीतियो और रिवाजो का पूरा-पूरा ध्यान रखा जायगा।" १८७६ मे एक शाही उपाधियों का कानून बनाया गया, जिसके मातहत अगले वर्ष महारानी विक्टोरिया को भारत की साम्राज्ञी घोषित कर दिया गया। वायसराय लार्ड लिटन ने कहा कि यह कानून "एक नयी नीति" के आरम्भ होने की सूचना देता है जिसके फलस्वरूप "अब से इगलैड के राज्य-सिहासन को भारत के एक शक्तिशाली देशी अभिजात वर्ग की आशाओ, आकाक्षाओ, उद्देश्यो और हितो का प्रतिनिधि और रक्षक समझा जाने लगेगा।" इस काल से ही अग्रेज़ शासक हिन्दुओ और मुसलमानो को आपस मे भिड़ा देने और भारत के लोगो के अन्य प्रकार के छोटे-मोटे मतभेदो से फ़ायदा उठाने के तरीको का अधिकाधिक ध्यान-पूर्वक अध्ययन करने लगे। यहा तक कि अन्त मे अग्रेज शासक साम्प्रदायिक चुनाव क्षेत्रो की आधुनिक पद्धति के द्वारा इस सवाल को भारत की राजनीति का मुख्य सवाल बनाने मे सफल हो गये। इसके साथ-साथ १८५७ के बाद से, अग्रेज शासको और भारतीय समाज के प्रगतिशील तत्वो का अलगाव बढ़ता गया। दोनो पक्षो के लोग मानते हैं कि १८५७ के बाद से ही अग्रेज़ शासको और प्रगतिशील हिन्दुस्तानियो के सम्बधो मे मौलिक परिवर्तन हो गया।

इस प्रकार ब्रिटेन मे और दुनिया के पैमाने पर पूजीवाद के सामान्य स्वरूप में जो परिवर्तन हुआ था, पूजीवाद की प्रारम्भिक काल की प्रगतिशील भूमिका के स्थान पर जिस प्रकार एक अधिक प्रतिक्रियावादी और पतनोन्मुख भूमिका का श्रीगणेश हो गया था, उसी प्रकार भारत मे अग्रेज़ी राज के स्वरूप मे भी परि-वर्तन हो गया था। जब पूजीवाद ने आधुनिक साम्राज्यवाद अथवा मरनोन्मुख पूजीवाद की अन्तिम अवस्था मे प्रवेश किया, तो उसकी यह प्रतिक्रियावादी भूमिका विशेष रूप से स्पष्ट हो गयी।

दूसरी ओर जहा उन्नीसवी सदी के बाद के दशको में भारत मे अग्रेज़ी राज की भूमिका अधिकाधिक प्रतिगामी बनने लगी थी, वहां भारतीय समाज मे नयी शक्तिया जन्म ले रही थी।

उन्नीसवी सदी के उत्तरार्ध मे भारत का पूजीपति वर्ग सामने आने लगा था। १८५३ मे बम्बई मे पहला कामयाब सूती मिल खुला। १८८० तक भारत मे १५६ सूती मिल चालू हो गये, जिनमे ४४,००० मज़दूर काम करते थे। १९०० तक मिलो की सख्या १९३ और उनमे काम करनेवाले मज़दूरों की सख्या १६१,००० हो गयी। शुरू से ही सूती कपड़े का यह नया उद्योग हिन्दुस्तानियो के हाथ मे था, और उसमे उन्ही की पूजी लगी थी; और इस उद्योग को भारी कठिनाइयो का सामना करना पड़ा था। इसके साथ-साथ नये शिक्षित मध्य वर्ग ने भी जन्म लिया था। वकीलो, डॉक्टरो, शिक्षको और सरकारी नौकरो के इस नये वर्ग को पश्चिमी ढग की शिक्षा मिली थी और वह उन्नीसवी सदी की जन-

वादी धारणाओं के अनुसार नागरिक अधिकारों की मांग कर रहा था। पूंजीवादी उद्योग-धंधे तथा पश्चिमी ढंग का नया बुद्धिजीवी वर्ग, दोनों का ही अभी अपेक्षाकृत कम विकास हुआ था। लेकिन उस नये वर्ग ने जन्म ले लिया था जिसको लाजिमी तौर पर आगे चलकर अपने से ज्यादा ताकतवर प्रतिद्वन्दी और अपनी तरक्की के रास्ते में रोड़े के रूप में ब्रिटिश पूंजीपति वर्ग का मुकाबला करना था और इसलिए जिसके भाग्य में यह लिखा था कि वह भारत की राष्ट्रीय मांग को सबसे पहले बुलन्द करेगा और देश का नेतृत्व करेगा।

भारत के इस नये पूंजीपति वर्ग और ब्रिटेन के पूंजीपति वर्ग के आर्थिक हितों का बुनियादी टकराव १८८२ में ही सामने आ गया था जब कि लंकाशायर की कपड़ा मिलों के मालिकों की मांग पर सरकार ने भारत के बढ़ते हुए कपड़ा उद्योग का गला घोटने के लिए भारत में आनेवाले सूती कपड़े पर से हर तरह की चुंगी हटा ली थी। इसके तीन साल बाद भारत में राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हो गयी।

अन्तिम बात यह कि भारत में अंग्रेज़ी पूंजी के घुसने के परिणामस्वरूप किसानों की गरीबी और तबाही बढ़ रही थी, और उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध तक और ख़ास तौर पर उसके आख़िरी तीस वर्षों में हालत यहां तक पहुंच गयी थी कि किसान सब तरफ़ से निराश हो गये थे और उनकी बेचैनी फूटकर निकलने लगी थी। हम ऊपर बता चुके हैं कि जहां उन्नीसवीं सदी के पूर्वार्ध में सात अकाल पड़े थे और उनमें १५ लाख आदमी मरे थे, वहां उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में चौबीस अकाल पड़े थे और उनमें २ करोड़ ८५ लाख आदमी मरे थे; और इन चौबीस अकालों में से अठारह अकाल उन्नीसवीं सदी के अन्तिम पच्चीस वर्षों में पड़े थे। किसानों में आम पैमाने पर जो बेचैनी बढ़ रही थी, उसकी एक चेतावनी १८७५ में दकन के किसान विद्रोह के रूप में मिली। सरकार को उससे कितनी चिन्ता हुई, यह इस बात से प्रकट होता है कि उसने १८७५ में दकन के उपद्रवों की जांच करने के लिए एक कमीशन नियुक्त किया जिसने देहात की हालत की पूरी जांच की और उपद्रवों के कारणों की छान-बीन की। इसके बाद १८७८ में सरकार ने एक अकाल कमीशन भी नियुक्त किया।

इस प्रकार, उन्नीसवीं सदी का तीन-चौथाई हिस्सा बीतते-बीतते भारत में वे तमाम परिस्थितियां तैयार हो गयी थीं, जो राष्ट्रीय आन्दोलन के आरम्भ होने के लिए आवश्यक थीं, और जो उन्नीसवीं सदी के पहले पचहत्तर वर्षों में यहां मौजूद नहीं थीं।

४. राष्ट्रीय कांग्रेस का अभ्युदय

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना १८८५ मे हुई।

उसके जन्म की कहानी का हवाला देकर अक्सर यह साबित करने की कोशिश की जाती है कि भारत में राष्ट्रवादी आन्दोलन को ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने ही पाल-पोसकर बड़ा किया है। किन्तु वास्तव में, कांग्रेस का जिस तरह जन्म हुआ और बाद मे उसका जिस तरह विकास हुआ, उसके बीच गहरा विरोध है, और यह इस बात का प्रमाण है कि भारत मे राष्ट्रीय जाग्रति की शक्तियां कितनी बलवान थी और साम्राज्यवाद के खिलाफ संघर्ष का बढ़ना अनिवार्य था।

एक सगठन के रूप मे कांग्रेस का जन्म एक अंग्रेज की पहलकदमी पर हुआ था। कांग्रेस की स्थापना ब्रिटिश सरकार की नीति के अनुसार और उसके सीधे नेतृत्व में की गयी थी। उसकी पूरी योजना वायसराय के मशविरे से पहले ही चुपचाप तैयार कर ली गयी थी। इरादा यह था कि अंग्रेजी राज को जनता की बढ़ती हुई बेचैनी और अंग्रेज-विरोधी भावना से बचाने के लिए इस नयी संस्था का इस्तेमाल किया जाय।

लेकिन बाद मे कांग्रेस का जो इतिहास रहा, जिस तरह उसका विकास हुआ, और जिस तरह कांग्रेस साम्राज्यवाद के शुरू के इरादो की सीमाओ को तोड़कर आगे निकल गयी, उससे केवल यही साबित होता है कि राष्ट्रीय आन्दोलन की शक्तियां अबाध गति से आगे बढ़ रही थी और साम्राज्यवाद ने उनको बांधने के लिए जो सकरी नालिया बना रखी थी, उनमे इन शक्तियों को रोक रखना असम्भव था। सच तो यह है कि खुद भारतीय पूंजीपति वर्ग की कार्रवाइयों के फलस्वरूप देश मे राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना का विचार ज़ोर पकड़ने लगा था। (१८२८ में ब्राह्म-समाज की स्थापना होने के समय से लेकर १८८३ में श्री आनन्दमोहन बोस के सभापतित्व में राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाये जाने तक, यह विचार बराबर फैलता गया।) तभी अंग्रेजी सरकार ने बीच में टाग अड़ाने का फैसला किया। लेकिन उसने किसी ऐसे आन्दोलन को जन्म नही दिया जिसका देश में पहले से कोई अस्तित्व या आधार नही था। आन्दोलन तो अपने-आप बढ़ ही रहा था; जब सरकार ने यह देखा कि वह हर हालत में बढ़ता ही जायगा, तब उसने उसकी बागडोर अपने हाथ मे ले ली।

सरकार का दृष्टिकोण यह था कि कांग्रेस की स्थापना से निकट भविष्य में होनेवाली क्रान्ति की सम्भावना मिट जायेगी या उसका खतरा टल जायेगा।

कांग्रेस का संस्थापक मि. ए. ओ. ह्यूम नामक एक अंग्रेज हाकिम को समझा जाता है। १८८२ तक ह्यूम ने सरकारी नौकरी की थी। फिर पेंशन लेकर वह कांग्रेस की स्थापना के काम में लग गये। सरकारी हाकिम होने को

वजह से ह्यूम को पुलिस की कुछ गुप्त और बहुत भारी-भरकम रिपोर्टें देखने को मिली थीं। उनसे यह पता चलता था कि जनता में बेचैनी बहुत बढ़ गयी है और जगह-जगह लोग छिपकर षडयंत्रकारी संगठन बनाने लगे हैं। उन्नीसवीं सदी का आठवां दशक बड़े-बड़े अकालों और भुखमरी का दशक था, और जनता की बढ़ती हुई बेचैनी दकन के किसान विद्रोहों के रूप में फूट भी चुकी थी। १८७७ में एक तरफ भयंकर अकाल पड़ रहा था, तो दूसरी तरफ बड़े ठाठ-बाट से राज-दरबार हो रहा था जिसमें महारानी विक्टोरिया को भारत की साम्राज्ञी घोषित किया गया। दूसरा अफ़गान-युद्ध भी इसी साल हुआ था। जनता की बेचैनी का उत्तर दमन के ज़रिए दिया गया। १८७८ में देशी भाषाओं के अख़बारों का कानून बनाकर पत्र-पत्रिकाओं की आज़ादी छीन ली गयी। अगले वर्ष हथियारों का कानून (आर्म्स ऐक्ट) बनाकर देहात के लोगों से जंगली जानवरों से अपनी रक्षा करने के साधन तक छीन लिये गये। सभा करने के अधिकार पर बन्दिशें लगा दी गयीं। ह्यूम की जीवनी के लेखक सर विलियम वेडरबर्न ने लिखा है :

> "दुर्भाग्य से, सरकार ने जिन प्रतिक्रियावादी उपायों से काम लिया और जिन रूसी तरीकों से पुलिस के ज़रिए दमन किया, उन सबका यह नतीजा हुआ कि लार्ड लिटन के ज़माने में भारत में चन्द दिनों के अन्दर एक क्रान्तिकारी विस्फोट होने की आशंका पैदा हो गयी। यह तो खैरियत हुई कि इसी समय मि. ह्यूम और उनके भारतीय सलाहकारों के मन में बीच में हस्तक्षेप करने का विचार पैदा हुआ और परिस्थिति बच गयी।" सर विलियम ने आगे बताया है कि "मि. ह्यूम को विश्वास हो गया था कि जनता की बढ़ती हुई बेचैनी को रोकने के लिए कोई असली कदम उठाना ज़रूरी है।"

सरकारी आशीर्वाद के साथ कांग्रेस की स्थापना के पहले दमन-चक्र चला। ये दोनों क्रियाएं एक-दूसरे की विरोधी नहीं, बल्कि पूरक थीं। जब तक दमन के ज़रिए क्रान्तिकारी आन्दोलन की आशंका को दूर नहीं कर दिया गया, तब तक नरमदली नेताओं के नेतृत्व में एक कानूनी आन्दोलन शुरू कराना भी खतरे से खाली नहीं समझा जाता था। इसलिए, खूब ज़ोरों से दमन करने के बाद ही "जनता की बढ़ती हुई बेचैनी को रोकने के लिए" यह दूसरा क़दम उठाया गया। बारी-बारी से दमन और समझौता करने का यह दोहरा तरीक़ा, एक हाथ से कट्टर नरमदलों को दबाने और दूसरे हाथ से "वफ़ादार" नरमदली नेताओं को पुचकारने और उनसे गठबंधन करने का यह हथकंडा साम्राज्यवादी राजनीतिज्ञों की पुरानी तरकीब है, जिसका वे आनेवाले ज़माने में भी कई बार इस्तेमाल करनेवाले थे।

पुलिस की रिपोर्टों में मि. ह्यूम को ऐसी कौन सी बातें मिली थी जिनके ग्राधार पर उन्होंने यह लिखा कि "मुझे न तब जरा भी सन्देह था ग्रौर न ग्राज है कि हम उस समय सचमुच एक बहुत ही भयानक क्रान्ति के खतरे का सामना कर रहे थे ग्रौर खतरा हद से ज्यादा बढ चुका था ?" इन बातो को मि. ह्यूम के शब्दो में ही बताना ग्रधिक उपयोगी होगा :

"मुझे सात बड़ी-बड़ी जिल्दे दिखायी गयी ..जिनमें बहुत सामग्री जमा थी। उनमें देशी भाषाग्रो में लिखी गयी किसी न किसी तरह की रिपोर्टों या समाचारो का ग्रग्रेज़ी में साराश या सक्षिप्त ग्रथवा विस्तृत ग्रनुवाद दिया गया था... उस वक्त बताया गया था कि तीस हजार से ज्यादा ग्रलग-ग्रलग सवाददाताग्रो की रिपोर्टे इन जिल्दों मे जमा थी। बहुत सी रिपोर्टों में सबसे नीचे दर्जे के लोगो की बातचीत दर्ज की गयी थी, ग्रौर उन सबसे पता चलता था कि ये गरीब लोग ग्रपनी मौजूदा हालत से एकदम निराश हो गये हैं ग्रौर उन्हे विश्वास हो गया है कि वे भूखों मर जायेंगे, ग्रौर इसलिए वे ग्रब कुछ करना चाहते हैं। वे कुछ करने पर तुल गये हैं ग्रौर एक-दूसरे का साथ देना चाहते हैं, ग्रौर इस कुछ का मतलब हिंसा है। बेशुमार रिपोर्टों मे पुरानी तलवारे, भाले ग्रौर बन्दूकें छिपाकर जमा करने की बात थी कि मौका पडते ही उनमे काम लिया जाय। यह खयाल नही था कि इस सबके परिणामस्वरूप शुरू मे ही हमारी सरकार के खिलाफ बगावत खडी हो जायगी। सबसे नीचे स्तर के ग्राधा पेट खाकर रहनेवाले लोगो की जो हालत थी, उसे देखते हुए यह लगता था कि पहले कुछ छिटपुट ग्रपराध होगे ग्रौर फिर उनके होते ही उसी प्रकार के सैकड़ो ग्रपराधों का ताता लग जायगा, ग्रौर देश मे ऐसी ग्रराजकता फैल जायगी कि ग्रधिकारियो से ग्रौर भद्र वर्गों से कुछ भी करते-धरते न बनेगा। यह भी खयाल था कि... जब बदमाशो के दल काफी मजबूत हो जायेंगे, तो पढे-लिखे वर्गों के भी कुछ लोग उनके साथ हो जायेंगे। पढे-लिखे लोग पहले से ही सरकार से बहुत नाराज थे, भले ही इसका कोई कारण न रहा हो। डर था कि ये लोग ग्रान्दोलन में शामिल होकर कही-कही उसके नेता बन जायेंगे, उपद्रवो को एक सूत्र में बाध देंगे ग्रौर एक राष्ट्रीय विद्रोह के रूप में उनकी रहनुमाई करने लगेंगे।"

१८८५ के शुरू के हिस्से में ह्यूम ने वायसराय लार्ड डफरिन से बातचीत की ग्रौर सारी परिस्थिति उनके सामने रखी। लार्ड डफरिन ग्रनुभवी राजनीतिज्ञ थे। शिमला में साम्राज्यवाद के मुख्य कार्यालय मे इस बातचीत के दौरान में ही

कांग्रेस की रूपरेखा तैयार की गयी। कांग्रेस के पहले अध्यक्ष थी डब्ल्यू. सी. बैनर्जी ने कांग्रेस के जन्म का इस प्रकार वर्णन किया है :

"शायद बहुत लोगों को यह बात मालूम न होगी कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की जिस रूप में शुरू-शुरू में स्थापना हुई और जिस प्रकार वह तब से काम करती आयी है, वह असल में डफ़रिन और आवा के मारक्विस की बनायी हुई है। उस समय वह भद्र पुरुष भारत के गवर्नर-जनरल थे। १८८४ में मि. ए. ओ. ह्यूम के मन में यह विचार पैदा हुआ कि यदि देश के प्रमुख नेताओं को साल में एक बार एक जगह जमा किया जा सके और वहां वे सामाजिक विषयों पर विचार-विनिमय किया करें तथा एक-दूसरे से मित्रता का सम्बंध क़ायम कर सकें, तो देश का बहुत लाभ होगा। मि. ह्यूम यह नहीं चाहते थे कि ये लोग राजनीति पर भी बातचीत करें।... लार्ड डफ़रिन ने मि. ह्यूम से यह शर्त मनवा ली थी कि जब तक वह देश में रहें, तब तक उनका नाम गुप्त रहे।"

शुरू के राष्ट्रीय आन्दोलन का जिन लोगों ने अभी हाल में इतिहास लिखा है (जैसे सी. एफ. ऐण्ड्रयूज़ और जी. सी. मुकर्जी), उन्होंने इस घटना का इस प्रकार वर्णन किया है :

"१८५७ के बाद इतना खतरनाक वक्त कभी नहीं आया था, जितना कांग्रेस की स्थापना के ठीक पहले आया था। अंग्रेज हाकिमों में ह्यूम थे जिन्होंने इस खतरे को देखा और उसको रोकने की कोशिश की। ...इस अखिल भारतीय आन्दोलन के लिए परिस्थिति पूरी तरह परिपक्व हो गयी थी। एक ऐसे किसान विद्रोह की जगह, जिसे पढ़े-लिखे वर्गों की सहानुभूति और समर्थन प्राप्त होता, इसके ज़रिए नये उदीयमान वर्गों को नये भारत का निर्माण करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच मिल गया। कुल मिलाकर यह अच्छा ही हुआ कि देश में एक बार फिर हिंसा पर आधारित क्रान्तिकारी परिस्थिति पैदा होने से रोक दी गयी।"

ध्यान देने की बात है कि कांग्रेस की "हिंसा पर आधारित क्रान्तिकारी परिस्थिति को पैदा होने से रोकने" की भूमिका गांधी जी के आने के बाद नहीं शुरू हुई थी। साम्राज्यवाद ने कांग्रेस के जन्म के समय ही उसे इसकी घुट्टी पिला दी थी।

कांग्रेस की भूमिका के विषय में खुद ह्यूम साहब की क्या धारणा थी, यह उन्हीं के शब्दों में सुनिए :

"हमारे अपने कामों से जो विराट और बढ़ती हुई शक्तियां भारत में पैदा हो गयी थीं, हिफ़ाज़त के साथ उनका सारा जोश बाहर निकाल

देने के लिए एक यंत्र की जरूरत थी; और इस काम के लिए हमारे कांग्रेस आन्दोलन से ज्यादा कारगर कोई यंत्र नही बनाया जा सकता था।"

लार्ड डफरिन का उद्देश्य यह था कि कांग्रेस के जरिए "वफ़ादार" लोगो को "वागियों" से अलग करके सरकार की मदद करने के लिए एक आधार तैयार कर दिया जाय। उन्होंने अपना यह उद्देश्य कांग्रेस की स्थापना के एक साल बाद १८८६ में, शिक्षित वर्गों की मागों के विषय में भाषण करते हुए बहुत ही साफ़ शब्दो में बता दिया था :

> "जिन काले आदमियों से मैं मिला हूं, उनमे काफ़ी लोग योग्य भी हैं और बुद्धिमान भी। इन लोगो की वफादारी और सहयोग पर कोई भी बिला-शक भरोसा कर सकता है। जब ये लोग सरकार का समर्थन करने लगेंगे तो सरकार के बहुत से ऐसे कामो का जनता में प्रचार हो जायगा जो आज उसकी निगाह में धारासभाओ से जबर्दस्ती कानून बनवा कर किये जाते हैं। और अगर इन लोगों के पीछे काले आदमियों की एक पार्टी की ताक़त हो जाती है, तो फिर भारत सरकार आज की तरह अकेली न रह जायेगी। आज तो मालूम होता है कि अग्रेजी सरकार एक अकेली चट्टान की तरह एक तूफ़ानी समुद्र के बीचोबीच खड़ी है और चारों दिशाओं से भयानक लहरें आ-आकर उस पर एक साथ टूट रही हैं।"

लार्ड डफरिन ने जो हिसाब लगाया था, वह बिलकुल साफ था। और शुरू-शुरू में कांग्रेस की स्थापना का जो परिणाम हुआ, उससे लगता था कि डफ़रिन साहब की तरकीब पूरी तरह कामयाब रहेगी। कांग्रेस के पहले अधिवेशन ने परम साम्राज्य-भक्ति का परिचय दिया। उसने नौ प्रस्ताव पास किये। सभी में शासन-प्रबंध में केवल छोटे-मोटे सुधारों की माग थी। राष्ट्र की जनवादी मांगों से कुछ मिलती-जुलती सिर्फ यह प्रार्थना थी कि लेजिस्लेटिव काउंसिलों में कुछ चुने हुए प्रतिनिधि भी ले लिये जायें। अपनी भेड़ों को मनचाहे ढंग से हांकने में ह्यूम साहब को कितनी कामयाबी मिली, यह अधिवेशन समाप्त होने के समय की एक घटना से स्पष्ट हो जाता है। कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन की रिपोर्ट में इस घटना का वर्णन दिया गया है :

> "मि. ह्यूम ने अपने प्रति प्रकट किये गये सम्मान के लिए धन्यवाद देने के बाद कहा : जयकार का काम चूंकि मुझे सौंपा गया है, इसलिए मेरा प्रस्ताव है कि भला काम शुरू में नही, तो बाद में कर लेने के सिद्धान्त का पालन करते हुए, सब लोग तीन बार ही नही, बल्कि तीन तिया नौ बार, और अगर हो सके तो नौ तिया सत्ताइस बार उस व्यक्ति

की जय बोले जिसके जूतों के फीते खोलने के लायक भी मैं नहीं हूं, जो आप सबको प्यार करती हैं, और जो आप सबको अपने बच्चों के समान समझती हैं। मेरा मतलब है कि सब मिलकर बोलिए महामहिम, महा-उदार, महारानी विक्टोरिया की जय !

"वक्ता ने और क्या कहा, यह नहीं सुना जा सका क्योंकि तभी चारों तरफ से जय-जयकार होने लगी और मि. ह्यूम की आवाज़ शोर में डूब गयी। उनकी इच्छानुसार लोगों ने बार-बार जय-जयकार की।"

इस तरह कांग्रेस की शुरुआत जी-हुजूरी से हुई (परन्तु, ध्यान देने की बात है कि इस काम में बाज़ी हिन्दुस्तानियों के नहीं, अंग्रेजों के ही हाथ रही)। लेकिन वही कांग्रेस एक रोज़ गैर-कानूनी करार दे दी गयी। एक दिन आया कि उसी कांग्रेस को अंग्रेज़ी सरकार जहां-तहां ढूंढ़ती फिरती थी, और लाखों आज़ादी के सिपाही उसके इशारे पर लड़ने-मरने को तैयार थे। कांग्रेस के इन दोनों रूपों में यह कितना बड़ा अन्तर है !

कांग्रेस के जन्म के समय ही उसका जो यह दोरंगा रूप प्रकट हुआ था, उसका कांग्रेस के बाद के इतिहास के लिए भी बहुत महत्व था। जब तक कांग्रेस राष्ट्रीय आन्दोलन के अस्त्र के रूप में काम करती रही, तब तक उसकी भूमिका और उसके अस्तित्व का यह दोरंगापन बराबर कायम रहा। यह बात कांग्रेस के पूरे इतिहास में साफ नज़र आती है। एक तरफ तो कांग्रेस जन-आन्दोलन के "खतरे" से बचने के लिए साम्राज्यवाद की ओर सहयोग का हाथ बढ़ाती थी; दूसरी तरफ वह राष्ट्रीय संघर्ष में जनता का नेतृत्व करती थी। कांग्रेस के पुराने युग के नेता गोखले से लेकर, नये युग के नेता गोखले के शिष्य गांधी तक—कांग्रेस के सभी नेताओं की असंगतियों के रूप में यह बात प्रकट होती है (गोखले और गांधी का अन्तर मुख्यतया जन-आन्दोलन की अलग-अलग मंजिलों का अन्तर है, और इसलिए दोनों नेताओं को अलग-अलग ढंग की कार्य-नीति अपनानी पड़ी)। यह दोरंगापन भारत के पूंजीपति वर्ग की दोहरी या ढुलमुल भूमिका का प्रतिबिम्ब है, जिसकी ब्रिटिश पूंजीपति वर्ग से टक्कर होती है और इसलिए जो भारतीय जनता का नेतृत्व करना चाहता है, लेकिन इसके साथ-साथ जिसे सदा यह डर भी बना रहता है कि जन-आन्दोलन की रफ्तार कहीं "इतनी तेज़" न हो जाय कि साम्राज्यवादियों के साथ-साथ उसके विशेषाधिकारों का भी खात्मा हो जाय।

दूसरे महायुद्ध के बाद जब भारत में क्रान्तिकारी उभार आया, तो यह असंगति अपनी चरम सीमा पर पहुंच गयी। कांग्रेसी नेताओं ने भारत के बंटवारे और भारत तथा पाकिस्तान के डोमिनियनों की स्थापना करने की माउंटबेटन

योजना स्वीकार कर ली। ऐलान किया गया कि साम्राज्यवाद से उन्होने यह अन्तिम समझौता किया है। इस समय से कांग्रेस भारत संघ की नयी डोमीनियन सरकार की सरकारी पार्टी बन गयी। बाद में भारत संघ भारतीय प्रजातंत्र बन गया मगर वह इंगलैंड के राजा को "राष्ट्र-समूह का प्रमुख" मान कर ब्रिटिश राष्ट्र-समूह में शामिल रहा। तब से भारत की स्वतन्त्रता का संघर्ष नये रास्तों पर होकर बढ रहा है। लेकिन ऐसा होने के पहले एक लम्बा अरसा गुजरा जिसमें मुख्यतया कांग्रेस के नेतृत्व मे और कांग्रेस के रूप में राष्ट्रीय आन्दोलन बार-बार आगे बढा और पीछे हटा; कभी उसने आगे बढकर साम्राज्य-वाद को चुनौती दी और कभी फिर उससे समझौता कर लिया। इस पूरे काल मे व्यापक राष्ट्रीय आन्दोलन का मुख्य अस्त्र कांग्रेस थी; और इसी मार्ग पर चलकर भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन आगे बढा।

ग्यारहवां अध्याय

राष्ट्रीय आन्दोलन की तीन मंज़िलें

भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन का ऐतिहासिक विकास संघर्ष की तीन बड़ी लहरों से गुज़रा है। इनमें से हर लहर पहले से अधिक ऊंची उठी और हरेक आन्दोलन पर अपनी स्थायी छाप छोड़ गयी तथा नयी लहर के आने के लिए रास्ता खोल गयी। जैसा हम देख चुके हैं कि शुरू-शुरू में भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन केवल बड़े पूंजीपति वर्ग का—ज़मींदारों के प्रगतिशील तत्वों का, नये कारखानेदारों का और धनी बुद्धिजीवियों का—प्रतिनिधित्व करता था। इस निश्चल जल में पहली बार १९१४ के पूर्व के युग में हलचल पैदा हुई जब कि देश में आन्दोलन की पहली बड़ी लहर उठी। यह लहर शहरों में रहनेवाले निम्न पूंजीपति वर्ग के असंतोष को व्यक्त करती थी, लेकिन वह जन-साधारण तक अभी नहीं पहुंच पायी थी। राष्ट्रीय आन्दोलन में साधारण जनता की—किसानों की और कल-कारखानों में काम करनेवाले मज़दूरों की, जो देश में एक नयी शक्ति के रूप में सामने आये थे—इन दोनों ही वर्गों की क्या भूमिका है, यह केवल १९१४-१८ के महायुद्ध के बाद ही स्पष्ट हुआ। युद्ध के बादवाले काल में जन संघर्ष की दो बड़ी लहरें देश में आयीं—पहली युद्ध के बाद फौरन ही, और दूसरी संसारव्यापी अर्थ-संकट के बाद। और यह सब उस निर्णायक परीक्षा की तैयारी मात्र थी जो दूसरे महायुद्ध के साथ आरम्भ हुई और उसके उपसंहार के बाद तक चलती रही।

१. संघर्ष की पहली बड़ी लहर (१९०५-१९१०)

बीस साल तक कांग्रेस उसी रास्ते पर चलती रही जो रास्ता उसके संस्थापकों ने उसके लिए तैयार कर दिया था। इन बीस वर्षों में उसके प्रस्तावों में कभी भी और किसी भी रूप में स्वराज्य की मांग नहीं की गयी। यानी, उसने राष्ट्र

की कोई बुनियादी मांग नहीं उठायी। इन बीस बरसों में वह केवल यही मांग करती रही कि अंग्रेज़ी शासन-व्यवस्था में ही इतना सुधार हो जाय कि हिन्दुस्तानियो को कुछ अधिक प्रतिनिधित्व मिल जाय। शुरू के जमाने के कांग्रेस के नरमदली नेताओं का दृष्टिकोण जानने के लिए रमेशचन्द्र दत्त का एक उदाहरण दिया जा सकता है। रमेशचन्द्र दत्त उस युग के नेताओं में सबसे अधिक योग्य —और सबसे अधिक नरम थे—और १८९० में कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गये थे। उन्होंने १९०१ में "भारत की जनता" की मांग को निम्नलिखित शब्दों में पेश किया था :

> "भारत की जनता यकायक होनेवाले परिवर्तनों और क्रान्तियों को पसन्द नही करती ... वह मौजूदा सरकार को और मजबूत बनाना चाहती है और साधारण लोगों से उसका अधिक घनिष्ठ सम्पर्क कायम करना चाहती है। वह चाहती है कि भारत-मत्री की काउंसिल में और वायसराय की कार्यकारिणी काउसिल में भारत की खेती तथा उद्योग-धधो के प्रतिनिधियों के रूप में कुछ भारतीय सदस्य और लिये जाये। वह हर प्रान्त की कार्यकारिणी समिति में कुछ भारतीय सदस्यों को देखना चाहती है। वह चाहती है कि शासन से सम्बधित हर महत्वपूर्ण सवाल पर विचार करने के समय भारत के लोगो के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग भी मौजूद रहे। वह चाहती है कि साम्राज्य तथा उसके विशाल प्रान्तों का शासन-प्रबंध जनता के सहयोग से चलाया जाय।"

इन मांगों की नरमी शुरू के जमाने के भारतीय पूंजीपति वर्ग की स्थिति को सही तौर पर व्यक्त करती थी। उस जमाने की कांग्रेस पूंजीपति वर्ग के केवल ऊपरी स्तर की, और विशेप रूप से विचारो के क्षेत्र में उसके प्रतिनिधि पढे-लिखे मध्य वर्ग की प्रतिनिधि थी। ब्रिटिश पार्लामेंट के एक अंग्रेज़ सदस्य डब्ल्यू. एस. केन ने कांग्रेस के १८८९ के अधिवेशन में भाग लिया था। उन्होने लिखा था : "मेरे इर्द-गिर्द जो चार हजार भद्र पुरुष बैठे हुए हैं, वे पूरे भारत के वकीलों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और लेखको में से चुने हुए लोग है।" उस काल के नरमदली नेताओं को यह अच्छी तरह मालूम था कि वे लोग जनता के प्रतिनिधि नही हैं और वे जनता के नाम पर उसकी भावनाओं की व्याख्या करने का भले ही प्रयत्न करते हो, पर वे उसकी तरफ से बोलने का दावा नही कर सकते। शुरू के सालों में कांग्रेस के मुख्य मार्ग-प्रदर्शक सर फ़ीरोज़शाह मेहता ने कहा था : "अवश्य ही कांग्रेस जनता की आवाज़ नहीं थी; लेकिन पढ़े-लिखे हिन्दुस्तानियों का फर्ज था कि वे जनता की शिकायतों को पेश करे और उनको दूर करने लिए सुझाव दें।"

उस काल का भारत का प्रारम्भिक पूंजीपति वर्ग अच्छी तरह समझता था कि वह अंग्रेजी राज को चुनौती देने की स्थिति में नहीं है। उल्टे, वह अंग्रेजी राज को अपना मददगार समझता था। उसके लिए मुख्य शत्रु खुद अंग्रेजी राज नहीं था। उसके लिए मुख्य शत्रु थे जनता का पिछड़ापन, देश में विकास की कमी, अज्ञान और अंधविश्वास की शक्तियों की जबर्दस्त ताक़त, और "नौकरशाही" शासन व्यवस्था के वे दोष जिनके कारण यह स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। इन बुराइयों के खिलाफ लड़ने में उन्हें यह आशा थी कि अंग्रेज शासकों से उन्हें सहयोग मिलेगा। कांग्रेस के १८९८ के अधिवेशन के अध्यक्ष श्री आनन्द मोहन बोस ने कहा था : "शिक्षित वर्ग इंगलैंड का शत्रु नहीं, बल्कि मित्र है। इंगलैंड के सामने आज जो काम है, उसमें उसे भारत के पढ़े-लिखे लोगों की आवश्यकता है और वे स्वभावतया उसकी मदद करेंगे।" सर फीरोजशाह मेहता ने १८९० में कहा था : "मुझे इस बात में तनिक भी सन्देह नहीं है कि अन्त में अंग्रेज राजनीतिज्ञ वक्त की पुकार को सुनेंगे।" कांग्रेस के पितामह श्री दादा भाई नौरोजी ने कांग्रेस के दूसरे अधिवेशन के अध्यक्ष-पद से भाषण करते हुए अंग्रेज शासकों से यह अपील की थी : "इस शक्ति को (यानी पढ़े-लिखे हिन्दुस्तानियों को) अपनी तरफ खींचने के बजाय वे उसे अपना दुश्मन न बनायें।" पुराने कांग्रेसी नेताओं में सबसे प्रभावशाली वक्ता सर सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने कांग्रेस के सामने यह आदर्श रखा था कि "वह सदा अंग्रेजों के प्रति अडिग राजभक्ति के साथ काम करे—क्योंकि हमारा उद्देश्य भारत से अंग्रेजी राज को हटाना नहीं, बल्कि उसके आधार को और व्यापक बनाना है। हमारा उद्देश्य अंग्रेजी राज के स्वरूप को और उदार बनाना है और उसे राष्ट्र के स्नेह की अटूट नींव पर खड़ा कर देना है।"

इन घोषणाओं और ऐलानों में जो ध्वनि निकलती है, उससे हमें यह नहीं समझ लेना चाहिए कि शुरू के जमाने के कांग्रेसी नेता विदेशी सरकार के प्रतिक्रियावादी और राष्ट्र-विरोधी चाकर थे। इसके विपरीत, सत्य यह है कि वे उस समय भारतीय समाज की राजनीतिक दृष्टि से संगठित सबसे अधिक प्रगतिशील शक्ति का प्रतिनिधित्व करते थे। जब तक हाल ही में पैदा हुए मजदूर वर्ग ने अपनी आवाज बुलन्द करना शुरू नहीं कर दिया था और जब तक उसका संगठन कायम नहीं हो गया था और किसान असंगठित अवस्था में थे, तब तक भारत का पूंजीपति वर्ग ही यहां की सबसे प्रगतिशील-संगठित शक्ति था। वह समाज सुधार का काम करता था। जनता में जागृति फैलाता था और देश की तमाम दकियानूसी और पिछड़ी हुई चीजों के खिलाफ शिक्षा तथा नयी रोशनी का प्रचार करता था। वह मांग करता था कि उद्योग-धंधों और रोजगार की दृष्टि से भारत का आर्थिक विकास हो।

लेकिन उनका यह विश्वास और यह आशा कि इस काम मे ब्रिटिश साम्राज्यवाद उनकी मदद करेगा, झूठी साबित होनेवाली थी। ब्रिटिश साम्राज्यवाद यह अच्छी तरह समझता था—वल्कि कहना चाहिए कि इन लोगों से भी ज्यादा अच्छी तरह समझता था—कि इस काम का क्या परिणाम होगा। वह जानता था कि इन सब सुधारो का यह मतलब होगा कि अन्त में यह नयी ताकत साम्राज्यवादी शासन तथा शोषण के हितो से टकरायेगी। इसलिए, शुरू में कांग्रेस को सरकार से जो सरपरस्ती मिली थी, वह बहुत जल्द सन्देह और शत्रुता मे बदल गयी। कांग्रेस की स्थापना के तीन साल के अन्दर ही लार्ड डफ़रिन, जिनकी प्रेरणा से कांग्रेस का जन्म हुआ था, बडे निरादर के साथ कांग्रेस की चर्चा करने लगे और कहने लगे कि कांग्रेस तो "केवल मुट्ठी भर लोगों" का ही प्रतिनिधित्व करती है। १८८७ मे जब एक प्रतिनिधि ने अपने ज़िले के कलक्टर के हुक्म की अवहेलना करके कांग्रेस अधिवेशन में भाग लिया, तो उससे २०,००० रुपये का मुचलका माग लिया गया। १८९० में सरकार ने एक गश्ती हुक्म जारी किया कि सरकारी अफसरों को कांग्रेस के अधिवेशनों में दर्शकों की तरह भी भाग नही लेना चाहिए। १९०० में लार्ड कर्जन ने भारत मन्त्री को एक खत में लिखा : "कांग्रेस लड़खडाकर गिरनेवाली ही है, और भारत मे रहते हुए मेरी एक बड़ी महत्वाकांक्षा यह है कि मैं उसे शान्ति से दफ़नाने में मदद करू।"

अतएव, भारतीय राष्ट्रवाद की पुरानी धारा के नेताओं के भाग्य में यही लिखा था कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद से उन्होंने जो आशाए बांध रखी थी, वे धूल में मिल जाये। नरमदली नेताओं के अग्रज श्री गोखले ने अपने अन्तिम वर्षों में बड़े दुख के साथ कहा : "नौकरशाही साफ-साफ स्वार्थी बनती जा रही है और राष्ट्र की आशाओं का खुलकर विरोध कर रही है। पहले वह ऐसी नही थी।"

जैसे-जैसे यह बात साफ़ होती गयी कि पुरानी नीति असफल रही है, वैसे-वैसे एक नयी धारा का उदय होना अवश्यम्भावी होता गया। इस धारा का प्रतिनिधित्व करनेवाले लोग पुराने नेताओ की आलोचना करते थे और माग करते थे कि कोई ऐसा ठोस कार्यक्रम और नीति अपनायी जाय जिसका मतलब साम्राज्यवाद से नाता तोड़ लेना हो। इस नयी धारा का लोकमान्य बालगगाधर तिलक के नेतृत्व से खास सम्बंध था। वैसे तो उन्नीसवी सदी के अन्तिम दशक में ही यह धारा देश के सामने आ गयी थी, लेकिन जब तक परिस्थिति परिपक्व नही हुई, तब तक वह कोई निर्णायक भूमिका अदा न कर सकी। यह बात दस साल बाद हुई। तिलक ने बम्बई प्रान्त में महाराष्ट्र प्रदेश को अपना आधार बनाया था, जहां उन्नीसवीं सदी के आठवें दशक में सबसे तेज किसान विद्रोह हुआ था। तिलक के अलावा नये नेताओं में सबसे अधिक विख्यात बंगाल के विपिनचन्द्र पाल और अरविन्द घोष और पंजाब के लाला लाजपतराय थे।

नयी धारा के नेता अपने को "राष्ट्रवादी" और कभी-कभी "प्रखर राष्ट्रवादी" और "कट्टर राष्ट्रवादी" भी कहते थे। जनता आम तौर पर उन्हें "नरमदली" नेताओं के मुकाबले में "गरमदली" नेता कहती थी। इन नामों से यह समझ लेना गलत होगा कि दोनों पक्षों में केवल इतना ही अन्तर था कि उनमें से एक उग्रवादियों का वामपक्ष था और दूसरा रूढ़िवादियों का दक्षिण पक्ष था। वास्तव में उस समय की परिस्थिति में एक आन्तरिक विरोध था जिससे यह बात झलकती थी कि राष्ट्रीय आन्दोलन का अभी पूरा विकास नहीं हुआ है।

पुराने नेताओं के मुकाबले में विरोधी पक्ष शुरुआत ही इसी बात से करता था कि साम्राज्यवाद से समझौता करने की नीति को त्यागा जाय और उसके खिलाफ डटकर और निर्णायक ढंग से संघर्ष करने की नीति अपनायी जाय। इस हद तक नये नेता एक प्रगतिशील शक्ति का प्रतिनिधित्व करते थे। लेकिन संघर्ष की नीति अपनाने की उनकी यह इच्छा अभी केवल इच्छा ही थी। अभी जन-आन्दोलन का वह आधार नहीं तैयार हुआ था जिसके सहारे ही ऐसा निर्णायक संघर्ष चलाया जा सकता था। इन नेताओं का असर असंतुष्ट निम्न मध्य वर्ग पर था। पढ़े-लिखे नौजवानों के दिलों पर और खास तौर पर ग़रीब विद्यार्थियों तथा बेकार अथवा बहुत ही कम तनखा पर काम करनेवाले बुद्धि-जीवियों के दिलों पर नये नेताओं की बातें जबर्दस्त असर डालती थीं। बीसवीं सदी के शुरू के सालों में ऐसे बुद्धिजीवियों की एक पूरी सेना तैयार हो गयी थी। उनकी हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही थी और यह बात अधिकाधिक साफ होती जा रही थी कि साम्राज्यवादी शासन के रहते हुए इन लोगों के लिए न तो उन्नति का कोई रास्ता खुल सकता है और न ही उनकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है। ऐसी परिस्थिति में समाज में अच्छी तरह से जमे हुए ऊपरी वर्ग के नेता-गण क्रमशः एवं सुगम विकास की जो बातें किया करते थे, वे निम्न मध्य वर्ग के लोगों को पसन्द नहीं आ सकती थीं। सामाजिक परिवर्तन और किसी पुरानी व्यवस्था के ध्वंस के समय इस तरह के लोग जनता की बेचैनी और संघर्ष शक्ति को बढ़ाने में बहुत मददगार साबित हो सकते हैं। लेकिन खुद अपनी परिस्थिति से मजबूर होने के कारण जब तक ये लोग जन-आन्दोलन से अपना सम्बन्ध नहीं जोड़ते, तब तक इन लोगों में अपनी आकांक्षाएं पूरी करने की शक्ति नहीं पैदा होती। तब तक ये या तो बहुत गरम-गरम बातें करके संतोष प्राप्त कर सकते हैं, या अराजकतावादी और व्यक्तिवादी काम कर सकते हैं जिनका अन्त में जाकर राजनीतिक दृष्टि से कोई फल नहीं निकलता।

नये नेताओं का सामाजिक विकास के तथा राजनीति के किसी वैज्ञानिक सिद्धान्त से कोई सम्बंध न था। इसलिए, वे नरमदली नेताओं की समझौतावादी

और असफल नीति का कारण यह समझते थे कि पुराने नेताओं की "भारतीयता" नष्ट हो गयी है और वे देश को पश्चिम के रंग मे रग देना चाहते हैं। इसलिए वे नरमदली नेताओं की इन्ही प्रवृत्तियो का सबसे ज्यादा विरोध करते थे। इस प्रकार गरमदली नेता पुराने नरमदली नेताओं की ठीक उन्ही बातो की सबसे कड़ी आलोचना करते थे जो सचमुच प्रगतिशील बाते थीं। इन प्रगतिशील प्रवृत्तियो के मुकाबले में वे राष्ट्रीय आन्दोलन को सामाजिक रूढिवाद की उन शक्तियों के आधार पर खड़ा करना चाहते थे, जो भारत मे इस समय भी बहुत बलवान थीं। वे राष्ट्रीय आन्दोलन को कट्टर हिन्दुत्व और इस भावना के आधार पर खड़ा करना चाहते थे कि प्राचीन हिन्दू अथवा "आर्य" सभ्यता आध्यात्मिक दृष्टि से "पश्चिम" की आधुनिक सभ्यता से श्रेष्ठतर है। यानी, वे राष्ट्रीय आंदोलन को, जो भारत का सबसे प्रगतिशील आन्दोलन था, एक पुरानपंथी धर्म और घोर अंधविश्वास की नींव पर खड़ा करना चाहते थे। इसी युग से *भारत में उग्रवादी राजनीति और सामाजिक प्रतिक्रियावाद का वह सत्यानाशी* गठबंधन आरम्भ होता है, जिसका राष्ट्रीय आन्दोलन के लिए इतना घातक परिणाम हुआ है, और जिसके प्रभाव को नष्ट करना अभी भी बाकी है।

उग्र राष्ट्रवाद और कट्टर हिन्दुत्व की सबसे प्रतिक्रियावादी शक्तियो के गठबंधन का घटा १८६० में तब बजा जब तिलक ने "एज ऑफ कंसेंट" बिल के खिलाफ़ आंदोलन शुरू किया। यह बिल लड़की की उम्र दस के बजाय बारह वर्ष हो जाने के बाद ही उसके पति को उसके साथ यौन-कर्म करने की इजाजत देता था। रानाडे और पुराने प्रगतिशील राष्ट्रीय नेताओ ने इस बिल का समर्थन किया। तिलक ने उसके खिलाफ धुआंधार आन्दोलन चलाया और हिन्दू समाज के घोर प्रतिक्रियावादी लोगों की मागों को बुलन्द किया। बाद को, उन्होंने "गोरक्षा समिति" का संगठन किया। राष्ट्रीय त्यौहार मनाये जाने लगे—न केवल मराठा जाति के राष्ट्रीय वीर शिवाजी की स्मृति में, बल्कि हिन्दुओं के देवता *गणपति के सम्मान में भी उत्सव होने लगे। बगाल में कुछ विशेष उत्साही* लोगों ने संहार की देवी काली की पूजा बड़े जोरों से शुरू कर दी।

इन धार्मिक उत्सवों और पूजा के पीछे जो राष्ट्रीय उद्देश्य और देशभक्ति की भावना छिपी थी, उसे समझ लेना आवश्यक है। जिस समय साम्राज्यवाद हर तरह के प्रत्यक्ष राजनीतिक प्रचार और संगठन का क्रूर दमन करता था और राष्ट्रीय आन्दोलन को जनता के बीच कोई आधार नही प्राप्त हुआ था, उस समय इस तरह के धार्मिक रूपो का सहारा लेना समझ में आता है। लेकिन यहा सिर्फ यह सवाल नही है कि राजनीतिक प्रचार के लिए धार्मिक उत्सवो की आड़ ली जाती थी। न ही यहां यह सवाल है कि एक राजनीतिक आन्दोलन विशेष प्रकार के रूपों से गुजर कर आगे बढ़ा है। कहा यह जाता था कि प्राचीन हिन्दू धर्म

ही राष्ट्रीय आन्दोलन की जान है। इससे लाज़िमी तौर पर आन्दोलन की वास्तविक प्रगति रुकती थी, आन्दोलन कमज़ोर पड़ता था, और राजनीतिक चेतना कमज़ोर पड़ती थी। मुस्लिम जनता के एक बहुत बड़े भाग के राष्ट्रीय आन्दोलन से अलग रहने का एक कारण यह भी है कि उसमें हिन्दू धर्म पर इतना ज़ोर दिया जाता है।

इन धारणाओं का भारतीय राष्ट्रवाद के विकास पर ज़बर्दस्त असर पड़ा है, क्योंकि आधुनिक काल में ये ही बातें और भी निखरे हुए रूप में गांधीवाद में प्रकट हुई हैं। इसलिए, यह अनुचित न होगा यदि उन पर थोड़े अधिक ध्यान से गौर कर लिया जाय। ये धारणाएं वास्तव में इस विश्वास को व्यक्त करती हैं कि भारत के विकास तथा उसकी स्वतंत्रता का मार्ग सामाजिक विकास और पुरानी कमज़ोरियों, फूट और बुरी परम्पराओं को दूर करने का मार्ग नहीं है, बल्कि वह समाज को पीछे की ओर ले जाने और बीते हुए ज़माने के तौर-तरीकों में और उस काल के अवशेषों में फिर से जान डालने का मार्ग है।

कट्टर राष्ट्रवादी पूंजीवाद के काम करने के ढंग को नहीं समझ सकते थे। वे न तो उसकी अच्छाइयों को देख पाते थे, और न बुराइयों को। इसके परिणामस्वरूप वे यह नहीं समझ पाते थे कि जिस "अंग्रेज़ी" संस्कृति के पीछे वे डंडा लेकर पड़ गये हैं, वह वास्तव में पूंजीवाद की संस्कृति है, और जिस हद तक राष्ट्रीय आन्दोलन का नेतृत्व पूंजीपति वर्ग के हाथ में है, उस हद तक यह आन्दोलन इस सांस्कृतिक आधार से आगे नहीं जा सकता, क्योंकि तथाकथित "अंग्रेज़ी" संस्कृति का प्रगतिशील दृष्टिकोण से विरोध तो अन्त में जाकर केवल मज़दूर वर्ग ही कर सकता था। पूंजीवादी संस्कृति का एकमात्र जवाब मज़दूर वर्ग की संस्कृति है। वही पूंजीवादी संस्कृति की जगह ले सकती है; वही उससे आगे जाती है और उसमें जो कुछ अच्छा है, उसे ले लेती है और बाकी को छोड़ देती है। लेकिन उस समय तक भारत में जितना अनुभव हुआ था, उसके बल पर गरमदली नेता मज़दूर वर्ग के इस दृष्टिकोण तथा संस्कृति की कल्पना भी न कर सकते थे।

इसलिए, जब उन्होंने देखा कि देश में ब्रिटेन की पूंजीवादी संस्कृति तथा विचारधारा की बाढ़ आ गयी है और भारतीय पूंजीपति वर्ग तथा बुद्धिजीवी लोग उसमें बहे जा रहे हैं, तो इस बाढ़ को रोकने के लिए उन्होंने जल्दी-जल्दी हिन्दू संस्कृति एवं विचारों की कमज़ोर दीवार खड़ी करने की कोशिश की, हालांकि जीवन की वास्तविक परिस्थितियों में इस विचारधारा का अब कोई आर्थिक आधार न रह गया था। गरमदली नेताओं में भी जो ज़्यादा कट्टर थे, वे हर तरह के सामाजिक तथा वैज्ञानिक विकास को विदेशियों की संस्कृति कहकर कोसते थे, और हर तरह की पुरानी बातों को और यहां तक कि अंधा-

चार, स्वेच्छाचारिता और अंध विश्वासों को भी श्रद्धा और आदर की वस्तु समझते थे।

यही कारण था कि जनता के ये लड़ाकू राष्ट्रीय नेता, जिनमे से बहुत से बडे निडर और सच्चे देशभक्त थे, व्यवहार में सामाजिक रूढियो और अंध-विश्वासो के समर्थक बन गये थे।

कट्टर राष्ट्रवादियो को विश्वास था कि इस प्रकार वे साम्राज्यवाद के खिलाफ एक राष्ट्रीय जन-आन्दोलन खडा कर रहे हैं। केवल इसी प्रकार यह बात समझ में आती है कि तिलक जैसे मेधावी नेता भी बाल-विवाह तथा गोरक्षा के समर्थन मे क्यो आन्दोलन चलाते थे।

लेकिन यह नीति न केवल सिद्धान्त में घातक थी, बल्कि व्यवहार मे भी गलत थी। उससे न केवल राजनीतिक चेतना लाजिमी तौर पर कमजोर हो जाती थी और आन्दोलन का मार्ग धुंधला पड़ जाता था, बल्कि प्रगति की ओर बढनेवाली शक्तियों में फूट पड जाती थी। यह बात अकारण नही है कि लगभग सभी प्रसिद्ध गरमदली नेता बाद में चलकर या तो न्यूनाधिक मात्रा मे साम्राज्यवाद से सहयोग करने लगे, या राजनीति से सन्यास लेकर दार्शनिक गुत्थिया सुलझाने लगे, और उन्हे आन्दोलन की प्रगति मे कोई दिलचस्पी न रह गयी। इसके अलावा, सामाजिक मामलो मे गरमदली नेताओं का प्रतिक्रियावादी कार्यक्रम देखकर बहुत से ऐसे लोग आन्दोलन से दूर हट गये जो एक लड़ाकू राष्ट्रीय नीति का समर्थन करने को तो तैयार थे, मगर इतने खर-दिमाग नही थे कि उग्रवादी कार्यक्रम के नाम पर प्रतिक्रियावादी गंदगी और दार्शनिक कलाबाजियो की पूजा करने लगते।

कट्टर राष्ट्रवादियो ने अपनी दलीलो के लिए यह धार्मिक आधार तो तैयार कर लिया था, किन्तु व्यावहारिक सघर्ष मे वे उसकी सहायता से कोई नया अस्त्र, कोई नयी कार्य-योजना नही बना सके। उन्होंने कोई अस्त्र खोजकर निकाला भी तो वही व्यक्तिवादी आतकवाद का अस्त्र, जो हर देश मे चारों ओर से निराश किन्तु निष्क्रिय, और हर प्रकार के जन-आन्दोलन से कटे हुए निम्न-पूजीपति वर्ग का अस्त्र रहा है। यहा भी उस बहुत ही धुंधली धार्मिक भावना और प्रेरणा ने बहुत कम काम किया। गुप्त सगठन बनाये गये, लेकिन उन्होने भी कोई खास काम नही किया। बाद में जब आन्दोलन का एक नया युग आरम्भ होने के लिए परिस्थिति तैयार हो गयी, तभी आतकवादी आन्दोलन ने भी एक सहयोगी के रूप में कुछ महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

१९०५ तक आन्दोलन के एक नये युग के लिए परिस्थितिया तैयार हो गयी। उस समय हमारे इन कट्टर राष्ट्रवादियो ने जो मुख्य अस्त्र खोजकर निकाला, वह उनकी तमाम धार्मिक और आध्यात्मिक कलाबाजियों से बहुत दूर

की चीज था और बुनियादी तौर पर एक आधुनिक एवं आर्थिक अस्त्र था। वह था आर्थिक बहिष्कार का अस्त्र। उस समय केवल एक यही कारगर अस्त्र था जिसे अपनाया जा सकता था। उसे अपनाकर गरमदली नेताओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि उनका आन्दोलन पूंजीवादी आन्दोलन है, और बाद में तो नरमदली नेताओं ने भी इस अस्त्र को अपना लिया।

१६०५ में आन्दोलन के नये युग का श्रीगणेश करने के लिए जो शक्तियां एकत्रित हुई थीं, वे वास्तव में प्रगति की उस संसारव्यापी लहर का ही प्रतिबिम्ब थीं, जो जापान के हाथों ज़ारशाही की हार और पहली रूसी क्रान्ति की प्रारम्भिक जीतों के बाद दुनिया में आयी थी। ज़ारशाही पर जापान की विजय आधुनिक काल में योरप की एक शक्ति पर एक एशियाई शक्ति की पहली जीत थी, और भारत पर उसका गहरा प्रभाव पड़ा था। जिस फ़ौरी सवाल पर भारत में संघर्ष शुरू हुआ, वह बंग-भंग का सवाल था। बंगाल उस जमाने में राजनीतिक प्रगति का केन्द्र था। लार्ड कर्जन ने उसके दो टुकड़े कर देने की योजना तैयार की और उनके उत्तराधिकारी ने इस योजना को कार्यान्वित कर दिया। इस बटवारे से सारे देश में गुस्से की लहर दौड़ गयी और ७ अगस्त, १६०५ को उसका विरोध करने के लिए विदेशी माल के बहिष्कार की घोषणा की गयी।

इसके बाद राष्ट्रीय आन्दोलन बड़ी तेजी से आगे बढ़ा। कांग्रेस के १६०५ के अधिवेशन ने केवल आंशिक रूप से बहिष्कार का समर्थन किया था। परन्तु १६०६ के कलकत्ता अधिवेशन ने, जिस पर गरमदली नेताओं की गहरी छाप थी, एक पूर्णतया नवीन कार्यक्रम अपनाया। इस कार्यक्रम को खुद कांग्रेस के पितामह दादाभाई नौरोजी ने पेश किया था। उसमें पहली बार यह घोषणा की गयी कि कांग्रेस का लक्ष्य स्वराज्य प्राप्त करना है। स्वराज्य की परिभाषा यह की गयी कि ब्रिटिश साम्राज्य में रहते हुए भारत को खुद अपना शासन प्रबंध चलाने का अधिकार मिल जाना चाहिए (कार्यक्रम के शब्दों में भारत में ऐसी राज्य-व्यवस्था कायम होनी चाहिए "जैसी अंग्रेजों के अपना शासन-प्रबंध आप चलानेवाले उपनिवेशों में कायम है")। इसके अलावा कार्यक्रम में बहिष्कार आन्दोलन का समर्थन किया गया, "स्वदेशी" अर्थात देशी उद्योग-धंधों को बढ़ावा देने की नीति का समर्थन किया गया, और राष्ट्रीय शिक्षा की योजना स्वीकार की गयी। स्वराज्य, विदेशी माल का बहिष्कार, स्वदेशी, और राष्ट्रीय शिक्षा—कांग्रेस कार्यक्रम के ये चार मूल मंत्र हो गये।

एक वर्ष बाद, १६०७ में सूरत अधिवेशन में कांग्रेस दो टुकड़ों में बंट गयी। गोखले के नेतृत्व में नरमदल और तिलक के नेतृत्व में गरमदल एक-दूसरे से अलग हो गये। इसके बाद, १६१६ तक दोनों दलों का अलग-अलग विकास हुआ। १६१६ में दोनों में एकता हो गयी, लेकिन १६१८ में नरमदली नेताओं

ने कांग्रेस को सदा के लिए त्याग दिया और अपना लिबरल फेडरेशन अलग बना लिया।

नयी जाग्रति के आते ही सरकार के दमनचक्र का चलना भी शुरू हो गया। १९०७ में राजद्रोही सभाओं पर रोक लगानेवाला कानून बनाया गया। १९१० में एक नया प्रेस-क़ानून बनाया गया जो पुराने प्रेस-क़ानून से भी ज्यादा सख्त था (१८७८ का पुराना प्रेस-क़ानून लार्ड रिपन के उदारपंथी शासन के काल १८८२ मे मंसूख कर दिया गया था)। गरमदली नेताओ को बिना मुक़दमा देश से जलावतन करने के लिए १८१८ का एक पुराना रेगुलेशन खोद कर निकाला गया और यह सब उस ज़माने में हुआ जब कि "उदारपंथी" कहलानेवाले लार्ड मोर्ले भारत मंत्री थे। सरकार सबसे ज्यादा तिलक से डरती थी। चुनाचे १९०८ में तिलक को अपने अखबार में एक लेख लिखने के लिए ६ वर्ष की क़ैद की सज़ा सुना दी गयी, और १९१४ में युद्ध आरम्भ होने तक उनको वर्मा में मांडले की जेल में बन्द करके रखा गया। तिलक की गिरफ्तारी पर बम्बई के कपडा मजदूरों ने आम हड़ताल की। यह भारत के मजदूर वर्ग की पहली राजनीतिक हडताल थी और लेनिन ने उसको भविष्य की शुभ सूचना मानकर उसका अभिनन्दन किया था। दूसरे प्रमुख नेताओं को भी या तो सजा सुनाकर जेल में ठूस दिया गया, या बिना मुकदमा चलाये जलावतन कर दिया गया। कुछ लोग सज़ा से बचने के लिए खुद देश छोडकर चले गये। १९०६ और १९०९ के बीच अकेले बगाल मे ५५० राजनीतिक मुक़दमे चलाये गये। पुलिस बड़ी सख्ती से अपनी कार्रवाई कर रही थी। सभाएं तोड़ी जाती थीं। पंजाब में एक किसान विद्रोह का बडी क्रूरतापूर्वक दमन किया गया। स्कूली बच्चों को राष्ट्रीय गीत गाने पर ही पकड़ लिया जाता था।

पहले काल की तरह इस बार भी दमन के बाद सुधारों का नम्बर आया ताकि उनके ज़रिए सरकार को नरमदली नेताओं का समर्थन प्राप्त हो जाय। १९०९ में मोर्ले-मिंटो का सुधार आया जो बहुत ही संकुचित ढंग की योजना थी। १८९२ के इंडियन काउंसिल्स ऐक्ट के द्वारा काउंसिलों में कुछ भारतीय प्रतिनिधि लेने की जिस क्रिया का श्रीगणेश किया गया था, वह क्रिया अब और आगे बढ़ी। मोर्ले-मिंटो सुधार-योजना द्वारा केन्द्रीय लेजिस्लेटिव काउंसिल में कुछ भारतीय प्रतिनिधि ले लिये गये, हालांकि इन प्रतिनिधियों का काउंसिल में अल्पमत था और वे अप्रत्यक्ष रीति से चुने जानेवाले थे। और प्रांतीय काउंसिलों में अप्रत्यक्ष रीति से चुने गये प्रतिनिधियों का बहुमत कर दिया गया। लेकिन इन काउंसिलों को कोई ठोस अधिकार नही दिया गया। उनका काम केवल अंग्रेज गवर्नर को सलाह देना था। कांग्रेस इस समय नरमदली नेताओं के कब्जे में थी। सुधारो का ऐलान होते ही उन्होने घोषणा कर दी कि वे सरकार के

साथ हैं। १६१० में जब नया वायसराय आया तो कांग्रेस के नेताओं ने राज-भक्ति के भावों से भरे एक अभिनन्दन पत्र से उसका स्वागत किया। और जब १६११ में एक शाही फरमान के द्वारा बंग-भंग रद्द कर दिया गया, तो कांग्रेस की तरफ़ से ऐलान किया गया कि "इस समय हरेक भारतीय का हृदय ब्रिटिश सम्राट के प्रति श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत है; और ब्रिटिश राजनीतिज्ञों में हमारा विश्वास फिर से दृढ़ हो गया है और हम उनके अत्यंत कृतज्ञ हैं।"

१६११ में बंग-भंग का रद्द किया जाना बहिष्कार आन्दोलन की एक आंशिक जीत थी। १६०६ से १६११ तक भारत में संघर्ष की जो लहर उठी थी, वह बाद के वर्षों में नीचे गिरने लगी; लेकिन उससे राष्ट्रीय आन्दोलन के बल और विस्तार में जो स्थायी विकास हुआ था, वह क़ायम रहा। १६१४ के पहले के गरमदली नेताओं ने अपने बहुत से दोषों के बावजूद एक महान एवं स्थायी कार्य कर डाला था। उनके कार्य के फलस्वरूप इतिहास में पहली बार भारत की आज़ादी की मांग दुनिया की राजनीति का एक प्रमुख प्रश्न बन गयी; और भारत के राजनीतिक आन्दोलन में पूर्ण राष्ट्रीय स्वतंत्रता के लक्ष्य तथा उसे प्राप्त करने के लिए दृढ़ संघर्ष के बीज पड़ गये, जो आगे चलकर आम जनता से बल प्राप्त करके अंकुरित हुए।

२. संघर्ष की दूसरी बड़ी लहर (१६१६-२२)

पहले संसारव्यापी महायुद्ध ने साम्राज्यवाद की पूरी व्यवस्था पर ऐसा जबर्दस्त प्रहार किया कि वह सदा के लिए कमज़ोर हो गयी; और १६१७ तथा उसके बाद के वर्षों में सारी दुनिया में एक क्रान्तिकारी लहर शुरू हो गयी। इन्हीं दो बातों से भारत में भी पहले जन-आन्दोलन के रूप में विद्रोह का श्रीगणेश हुआ।

जिस प्रकार १६०५ के जागरण पर संसारव्यापी आन्दोलन की छाप थी, ठीक उसी प्रकार, बल्कि उससे भी ज़्यादा उस महान जन-आन्दोलन पर संसार के संघर्ष की छाप थी जिसने कि १६१७ के बाद के वर्षों में अंग्रेज़ों के राज्य-सिंहासन को हिला दिया। भारत के संघर्ष तथा दुनिया की जनता के संघर्ष की एकता को समझना अत्यन्त आवश्यक है। खास तौर पर इसलिए कि भारत के राजनीतिक जीवन में कुछ ऐसी विचारधाराएं भी हैं जो भारत को दुनिया से अलग करके देखती हैं और जिन्होंने यह अवैज्ञानिक समझ बना रखी है कि कुछ महान व्यक्तियों अथवा दलों के नेतृत्व करने या न करने से ही बड़े-बड़े आन्दोलन चलते या ठप हो जाते हैं। इसमें सन्देह नहीं कि १६१७ के बाद के वर्षों में भारत में राजनीतिक आन्दोलन थोड़े से लोगों की चीज़ न रहकर जनता का आन्दोलन बन गया। लेकिन यह परिवर्तन अकेले भारत में ही नहीं हुआ था।

दस साल पहले जापान के हाथों जारशाही रूस की हार के बाद १६१४ के महायुद्ध ने एशिया के लोगो के सामने यह बात और भी साफ कर दी कि पश्चिम के साम्राज्यवादी अजेय नही हैं। जब साम्राज्यवादी शक्तिया खुद एक-दूसरे का गला काटने लगी, तो गुलाम देशो के करोडों लोगो को यह आशा बधने लगी कि साम्राज्यों का सूर्य अब अस्त होनेवाला है।

साम्राज्यवाद ने शुरू से ही परिस्थिति पर काबू पाने के लिए बडी सख्ती से काम किया। उसने नये-नये कानून बनाकर विशेष अधिकार अपने हाथ मे ले लिये। खास तौर पर इसके लिए भारत रक्षा कानून बनाया गया और सबसे ज्यादा डटकर लड़नेवालो को या क्रान्तिकारी दलो के सदस्यो को कैद या नजरबन्द कर दिया गया। युद्ध के शुरू के दिनो मे राजनीतिक आन्दोलन के ऊपरी हिस्सो ने अपनी इच्छा से इस काम मे साम्राज्यवाद की मदद की। काग्रेस नरमदली नेताओ के क़ब्जे मे थी। युद्ध-काल मे उसके जो चार वार्षिक अधिवेशन हुए, उनमें काग्रेस ने अपनी राजभक्ति का ऐलान किया और युद्ध के समर्थन मे प्रस्ताव पास किये। यहा तक कि युद्ध खतम हो जाने के बाद १६१८ में दिल्ली मे जो अधिवेशन हुआ, उसमे भी अग्रेज बादशाह के प्रति वफादारी का ऐलान किया गया और उसे "युद्ध के सफलतापूर्वक समाप्त हो जाने" पर बधाई दी गयी। बदले में सरकार ने भी काग्रेस पर कृपादृष्टि रखी। काग्रेस के १६१४ के अधिवेशन में मद्रास के गवर्नर लार्ड पेटलैंड ने, १६१५ के अधिवेशन मे बम्बई के गवर्नर लार्ड विलिगडन ने, और १६१६ के अधिवेशन मे उत्तर प्रदेश के गवर्नर सर जेम्स मेस्टन ने भाग लिया, और हर बार अग्रेजी सरकार के प्रतिनिधि का बड़ी धूमधाम से स्वागत किया गया। लड़ाई शुरू होने के समय जो जिम्मेदार भारतीय नेता लन्दन में मौजूद थे, उन्होने तुरन्त सरकार की मदद करने का ऐलान किया। उस समय काग्रेस का एक प्रतिनिधि-मंडल लन्दन गया हुआ था, जिसमे लाला लाजपतराय, मि. जिन्ना, लार्ड सिन्हा, आदि थे। इस प्रतिनिधि-मंडल ने भारत-मत्री को एक पत्र लिखकर अपना यह विश्वास प्रकट किया कि "भारत के राजे-रजवाड़े और साधारण जनता बड़ी तत्परता के साथ और स्वेच्छा से भरसक सहयोग करेगी और देश के तमाम साधन सम्राट को अर्पण कर देगी" ताकि "साम्राज्य की शीघ्र विजय हो।"

गाधी जी दक्षिण अफ्रीका से नये-नये लन्दन आये थे। सिसिल होटल में उनका स्वागत किया गया। वहा उन्होने अपने नौजवान भारतीय दोस्तों से कहा कि उन्हे "साम्राज्य के दृष्टिकोण से सोचना चाहिए" और "अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए।" अपने तथा दूसरों के दस्तखतों के साथ उन्होंने भारत मंत्री के पास एक पत्र भेजा और अपनी सेवाओं का वचन दिया। बाद में उन्होने लन्दन में रहनेवाले भारतीयो को भर्ती करके एक डाक्टरी दल संगठित

करने के सिलसिले मे जो काम किया, वह सर्व-विदित है। भारत लौटकर उन्होंने फिर अपनी सेवाएं वायसराय को अर्पण की और कहा कि वह मेसोपोटामिया के युद्ध मे होनेवाले जख्मियों को ढोने के लिए एक टुकड़ी भर्ती करना चाहते हैं। वायसराय ने १९१७ मे जब दिल्ली में एक युद्ध-सम्मेलन बुलाया, तो उसमे गाधी जी भी शरीक हुए। और यहा तक कि जुलाई १९१८ में भी गाधी जी गुजरात में रगरूटो की भर्ती का प्रचार करते घूम रहे थे और गुजराती किसानों से कह रहे थे कि स्वराज्य लेना है तो फ़ौज में भर्ती हो।

नरमदली नेताओं के इन ऐलानों और "राजभक्ति" के प्रदर्शनों का अंग्रेज़ी सरकार ने यह मतलब लगाया कि भारत के नेताओं में अंग्रेज़ी राज के उपकारो को देखकर बडा उत्साह और कृतज्ञता का भाव पैदा हुआ है। लेकिन असलियत कुछ और ही थी। बाद को खुद कांग्रेस के नेताओं ने बात साफ कर दी। असल में उन्होंने यह हिसाब लगाया था कि युद्ध में साम्राज्यवाद की सहायता करने पर सबसे जल्दी स्वराज्य का दरवाज़ा खुल जायगा। चुनाचे १९२२ में गाधी जी ने अपने मुकदमे के दौरान में बयान देते हुए कहा था :

> "साम्राज्य की सेवा करने के ये तमाम प्रयत्न मैंने इस विश्वास के साथ किये थे कि इस प्रकार की सेवाओं के द्वारा मैं अपने देशवासियों के लिए पूर्ण समानता का स्थान प्राप्त कर सकूगा।"

बाद मे इन लोगों ने खुद कहा कि उनकी आशाएं झूठी साबित हुईं।

ऊपरी नेताओं की इस नीति के बावजूद जनता का असंतोष बढ़ने से नही रुका। युद्ध के कारण जनता की हालत बहुत खराब हो गयी थी। युद्ध का खर्चा चलाने के लिए भारत की गरीब जनता से इतना कसकर रुपया वसूला गया था कि उसकी कमर टूट गयी थी। महगाई की मार और अधाधुध नफ़ाखोरी ने लोगों को तबाह और बरबाद कर दिया था। यह इसीका एक नतीजा था कि युद्ध समाप्त होने पर भारत में काले बुखार की ऐसी महामारी फैली, जैसी पहले कभी न आयी थी। १ करोड ४० लाख आदमी इस महामारी के शिकार हो गये। जनता की बढ़ती हुई बेचैनी की एक झलक पंजाब के ग़दर आन्दोलन और फ़ौजों की बगावतों के रूप में दिखायी दी जिनका बड़ी बेरहमी से दमन किया गया और जिनको कुचलने के लिए अनेक लोगों को फांसी और लम्बी कैद की सज़ाएं दी गयीं। १९१७ में इगलैंड के एक जज की मातहती में रौलट कमीशन नियुक्त किया गया। इस कमीशन को आदेश दिया गया कि वह "भारत में चलनेवाले क्रान्तिकारी आन्दोलनों से सम्बन्धित षड्यन्त्रों की जांच" करके सिफ़ारिश करे कि उनका दमन करने के लिए सरकार कौन से नये क़ानून बनाये।

कुछ समय बाद जनता की बढती हुई बेचैनी राजनीतिक आन्दोलन में भी प्रकट होने लगी। १६१६ के बाद से राष्ट्रीय आन्दोलन में कुछ नयी प्रवृत्तिया दिखायी पड़ने लगी। १६१६ में तिलक महाराज ने होम-रूल (स्वराज्य) लीग की स्थापना की। उनके आन्दोलन में श्रीमती एनी बेसेंट नामक एक अंग्रेज़ थियोसोफ़िस्ट महिला भी शामिल हुईं। श्रीमती बेसेंट राष्ट्रीय आन्दोलन को साम्राज्य के प्रति "वफ़ादारी" के मार्ग पर घसीटने का प्रयत्न करती थी। बाद को इन्होंने सक्रिय रूप से असहयोग आन्दोलन का विरोध किया। १६१६ में कांग्रेस का अधिवेशन लखनऊ में हुआ, और इस अवसर पर गरमदली और नरमदली नेताओं में मेल हो गया। इससे भी ज्यादा महत्व की बात यह रही कि कांग्रेस और मुस्लिम लीग (जिसकी स्थापना १६०५ में हुई थी) के बीच समझौता कराने के जिन प्रयत्नो का सूत्रपात १६१३ मे कांग्रेस के कराची अधिवेशन में हुआ था, वे अन्त में १६१६ में आकर सफल हो गये। कांग्रेस और लीग के बीच समझौता होने का एक कारण यह था कि तुर्की के खिलाफ़ अंग्रेज़ों के लड़ाई छेड़ देने की वजह से मुस्लिम जनता मे बडा गुस्सा फैल गया था, और उसकी यह भावना १६१५ में मुस्लिम लीग के सम्मेलन मे व्यक्त भी हो चुकी थी। १६१६ में कांग्रेस और लीग के बीच समझौता हो गया। दोनों ने मिलकर सुधारों की एक संयुक्त योजना तैयार की। इस योजना का आधार साम्राज्य के अन्दर रहते हुए आंशिक स्वराज्य था (उसकी मुख्य बातें ये थीं : काउसिलों में चुने हुए सदस्यों का बहुमत हो, काउसिलों के अधिकार बढ़ाये जाये, वायसराय की कार्यसमिति के आधे सदस्य भारतीय हों)। इसके साथ-साथ दोनों संस्थाओं ने यह ऐलान किया कि भारत का उद्देश्य यह है कि उसे "साम्राज्य के अन्दर खुदमुख्तार डोमीनियनों जैसा बराबरी का दर्जा मिले।"

भारत की यह हालत थी जब कि १६१७ में रूसी क्रान्ति के बाद दुनिया की परिस्थिति में यकायक एक बड़ा परिवर्तन आया, और उसके कारण घटना-चक्र बड़ी तेज़ी से घूमने लगा। यह परिवर्तन ब्रिटेन और भारत के सम्बंधो के क्षेत्र में भी प्रकट हुआ। रूसी क्रान्ति ने राष्ट्रों के आत्म-निर्णय के सवाल को इस तरह दुनिया के सामने लाकर खड़ा कर दिया कि दोनों पक्षों की साम्राज्यवादी शक्तियां बेहद परेशानी में पड़ गयी। ज़ारशाही के पतन को पांच महीने भी नही बीते थे कि ब्रिटिश सरकार ने जल्दी-जल्दी यह ऐलान निकाला कि भारत में अंग्रेज़ी राज्य का उद्देश्य "स्वायत्त शासन की सस्थाओं का धीरे-धीरे विकास करना है ताकि भारत ब्रिटिश साम्राज्य का एक अभिन्न अंग रहते हुए क्रमशः जिम्मेदार हुकूमत की ओर बढ़ सके।" साथ ही इस ऐलान में यह वादा किया गया था कि "जल्द से जल्द इस दिशा में ठोस क़दम उठाये जायेंगे।" (यही वह ऐलान है जो माटेग्यू-घोषणा के नाम से प्रसिद्ध है क्योंकि उस समय माटेग्यू

साहब भारत-मन्त्री थे; हालांकि ग्रसल में इस ऐलान को कर्जन ग्रौर ग्रौस्टेन चेम्बरलेन ने तैयार किया था।) ब्रिटिश सरकार ने कितनी जल्दी में यह ऐलान किया था, यह इस बात से साफ हो जाता है कि ऐलान कर चुकने के बाद ही इस बात की छान-बीन शुरू हुई कि ग्राखिर किस मतलब से यह ऐलान किया गया था। इस छान-बीन के नतीजे के तौर पर, माटेग्यू-चेम्सफोर्ड रिपोर्ट कहीं एक साल बाद जाकर तैयार हुई। उसके ग्राधार पर कानून कहीं १९१९ में बनाया गया। ग्रौर उस पर ग्रमल करना तो १९२० में जाकर शुरू हुग्रा। तब तक भारत की पूरी परिस्थिति बदल गयी थी।

१९१८-१९१९ के सुधारों की मुख्य बात यह थी कि प्रान्तों में "डायर्की" यानी दोहरी हुकूमत कायम कर दी गयी; ग्रर्थात, कुछ विभाग ग्रंग्रेज मन्त्रियों के हाथ में रहे ग्रौर कुछ भारतीय मन्त्रियों के सिपुर्द कर दिये गये। दस साल पुरानी मौर्ले-मिंटो योजना की तरह ये सुधार भी इस माने में कामयाब रहे कि उनसे ऊपरी वर्गों के राष्ट्रीय नेताग्रों में फूट पड़ गयी। लेकिन, इस बार सुधारों के द्वारा जिन नरमदली नेताग्रों का समर्थन साम्राज्यवाद को मिला, उनका देश के राजनीतिक जीवन में कम वजन था। यह इस बात का सूचक था कि राष्ट्रीय ग्रान्दोलन विकास की एक नयी मंजिल में पहुंच गया है। १९१७ के ग्रन्त में कांग्रेस का कलकत्ता ग्रधिवेशन हुग्रा। उसकी ग्रध्यक्ष श्रीमती बेसेंट थीं। उन्होंने वहां एक प्रस्ताव पास कराया जिसमें कहा गया था कि "एकता के सूत्र में बंधी हुई भारत की जनता की ग्रोर से कांग्रेस, महामहिम सम्राट को ग्रत्यन्त ग्रादरपूर्वक ग्रपनी हार्दिक वफ़ादारी ग्रौर गहरे प्रेम का विश्वास दिलाती है तथा निवेदन करती है कि भारत की जनता हर मुसीबत में ग्रौर हर क़ीमत देकर ब्रिटिश साम्राज्य का साथ देगी।" लेकिन जब माटेग्यू-चेम्सफोर्ड रिपोर्ट १९१८ की गरमियों में प्रकाशित हो गयी, तब बम्बई में कांग्रेस का एक विशेष ग्रधिवेशन हुग्रा ग्रौर उसने रिपोर्ट के सुझावों को "निराशाजनक ग्रौर ग्रसंतोषप्रद" बताते हुए उनकी निन्दा का प्रस्ताव पास किया। इस विशेष ग्रधिवेशन के बाद ही गांधी जी के सिवा बाकी सभी नरमदली नेता कांग्रेस से ग्रलग हो गये ग्रौर बाद को उन्होंने भारतीय लिबरल फेडरेशन की स्थापना कर डाली। ये लोग पूंजीपति वर्ग के उन तत्वों का प्रतिनिधित्व करते थे जो साम्राज्यवाद से सहयोग करना चाहते थे। लेकिन दिसम्बर १९१९ में भी कांग्रेस ने फिर सुधारों को स्वीकार करने का ही प्रस्ताव पास किया, हालांकि इस बार इस सवाल को लेकर संगठन में गहरा मतभेद उठ खड़ा हुग्रा। गांधी जी ने श्रीमती बेसेंट के समर्थन से सुधारों को स्वीकार करने पर जोर दिया। विरोधी पक्ष का नेतृत्व श्री सी. ग्रार. दास ने किया। ग्रन्त में जो प्रस्ताव पास हुग्रा, उसमें सुधारों की एक बार फिर ग्रालोचना करने के बाद यह मांग की गयी थी कि "ग्रात्म निर्णय के

सिद्धान्त के अनुसार पूरी तौर पर ज़िम्मेदार हुकूमत कायम करने के लिए फौरन क़दम उठाये जायें।" लेकिन इसके साथ-साथ प्रस्ताव में गांधी जी का यह संशोधन भी जोड दिया गया था कि "जब तक ऐसे कदम नही उठाये जाते, तब तक कांग्रेस यह विश्वास करती है कि जनता जहा तक सम्भव होगा, इन सुधारो से इस तरह काम लेगी कि जल्द ही देश में एक पूरी तौर पर जिम्मेदार हुकूमत क़ायम हो सके।"

गाधी जी का मत १९१९ के अन्तिम दिनो में भी सरकार से सहयोग करने और सुधारो को मजूर करने का था। उन्होने अपने साप्ताहिक पत्र में एक लेख के दौरान मे लिखा था :

> "सरकारी ऐलान के साथ सुधारो का जो कानून पास हुआ है, वह इस बात का सबूत है कि अंग्रेज लोग भारत के साथ न्याय करना चाहते हैं और अब इस बारे में हमारे सन्देह दूर हो जाने चाहिए ... इसलिए हमारा कर्तव्य है कि सुधारो की बेकार नुक्ताचीनी न करके चुपचाप उनसे काम लेना शुरू करे ताकि वे कामयाब हों।"

गांधी जी का यह ऐलान बड़े महत्व का है, क्योंकि रौलट कानूनों के बनने, जलियावाला बाग की घटना और पजाब में मार्शल–लॉ लगने के बाद यह बात कही गयी थी। यानी, यह उन तीनों घटनाओं के बाद का ऐलान है जिनको बाद में असहयोग आन्दोलन छेड़ने का कारण बताया गया था। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि जब अगले साल नेताओं ने असहयोग आन्दोलन छेड़ने का फैसला किया, तब ये तीन घटनाएं नही, बल्कि कुछ और ही बात उनके सामने थी।

वास्तविकता यह थी कि कांग्रेस हालांकि अब भी सरकार से सहयोग कर रही थी, मगर १९१९ में परिस्थिति एकदम बदल गयी थी और कांग्रेस की सहयोग की नीति का सारा आधार नष्ट हुआ जा रहा था। १९१९ में सारे देश में बेचैनी की लहर फैल गयी। १९१८ के अन्तिम और १९१९ के शुरू के महीनो में हडतालों की एक ऐसी लहर शुरू हो चुकी थी, जैसी पहले भारत में कभी नही देखी गयी थी। दिसम्बर १९१८ में बम्बई की मिलो से हड़ताल आरम्भ हुई जो जनवरी १९१९ तक १२५,००० मजदूरों में फैल गयी। १९१९ के आरम्भ मे रौलट क़ानून काउंसिल मे पेश हुए और मार्च के महीने में पास हो गये। इन कानूनो का उद्देश्य यह था कि युद्ध-काल में सरकार ने विशेष कानून पास करके दमन करने के जो असाधारण अधिकार अपने हाथ में ले लिये थे, वे युद्ध समाप्त हो जाने और विशेष क़ानूनो की मियाद खतम हो जाने के बाद भी सरकार के हाथों मे बने रहें, ताकि उन्हें अदालती कार्रवाई करने की ज़रूरत न पड़े और वह लोगो को बिना मुक़दमा जेल में बन्द कर सके। इन क़ानूनो ने यह

बात साफ हो गयी कि सरकार मुह से तो सुधारो की मीठी बातें कर रही है, मगर उसके हाथ मे दमन का डडा है। जनता को यह देखकर बड़ा क्रोध आया। गाधी जी ने दक्षिण अफ्रीका के अपने अनुभव के आधार पर रौलट कानूनो के खिलाफ सत्याग्रह आन्दोलन चलाना चाहा और इसके लिए फरवरी के महीने में उन्होंने एक सत्याग्रह लीग भी बना डाली। जनता से ६ अप्रैल को हडताल करने की अपील की गयी। जनता ने इतने उत्साह से अपील पर अमल किया कि खुद अपील करनेवाले हक्के-बक्के रह गये। मार्च और अप्रैल में देश के अनेक भागो मे बड़े-बड़े जलूस निकले, हडताले हुई, और कही-कही पर जनता की पुलिस से टक्करें हो गयी और जनता ने सरकारी दमन का बहादुरी से मुकाबला किया, हालांकि इसमे बहुत से लोग जख्मी हुए और अनेक मारे गये। इस वर्ष की सरकारी रिपोर्ट में इस बात पर बड़ी हैरानी और घबराहट जाहिर की गयी है कि लोगों मे यकायक ऐसी एकता कैसे कायम हो गयी कि हिन्दू-मुस्लिम विरोध की सारी बातें गायब हो गयी। रिपोर्ट के शब्द हैं :

"इस आम हलचल में एक खास बात यह देखी गयी कि हिन्दुओं और मुसलमानों मे अभूतपूर्व भाईचारा कायम हो गया है। नेताओं ने बहुत दिन पहले हिन्दू-मुस्लिम एकता को राष्ट्रवादी कार्यक्रम का निश्चित अंग बना रखा था। इस आम हलचल के वक्त नीचे के वर्ग भी एक बार अपने भेदभाव भूल गये। भाईचारे के असाधारण दृश्य दिखाई दिये।"

सरकार ने असाधारण ढग का दमन किया। अमृतसर में जलियावाला बाग की घटना इसी समय हुई जहा जनरल डायर ने चारों ओर दीवारों से घिरे हुए एक स्थान मे एकत्रित जनता पर, जिसके बाहर निकलने का कोई मार्ग न था, १,६०० गोलियां बरसायीं। इस हत्याकाड मे (सरकारी आकड़ों के अनुसार) ३७६ आदमी मारे गये और १,२०० जख्मी हुए जो बिना किसी तरह की मरहमपट्टी के घटना-स्थल पर ही पड़े रहे। जनरल डायर ने बाद में कहा कि गोली चलाने का उद्देश्य "वहा पर मौजूद लोगों पर ही नहीं, बल्कि, विशेषतया पूरे पजाब के लोगों पर सैनिक दृष्टि से नैतिक प्रभाव डालना था।" सीधे-सादे शब्दों में कहा जाय तो जनरल डायर के अनुसार जलियावाला बाग के हत्याकाड का उद्देश्य सारी जनता को आतंकित करना था। उस समय भारत पर दमन का कैसा घटाटोप छाया हुआ था, यह इससे जाना जा सकता है कि कांग्रेस के नेताओं को भी इस हत्याकाड का विस्तृत समाचार घटना के चार महीने बाद मिला, और लगभग आठ महीने तक सरकार ने उसकी एक भी खबर समाचार पत्रों में नहीं छपने दी तथा उसे ब्रिटिश पार्लामेंट और अंग्रेज जनता से छिपाये रखा। जब बहुत आन्दोलन हुआ और कांग्रेस ने मामले की जांच करने के लिए

अपनी एक कमिटी नियुक्त कर दी, तब ब्रिटिश सरकार को भी कूटनीति के नाम पर मजबूर होकर घटना की जांच और निन्दा करनी पड़ी। लेकिन जनरल डायर की साम्राज्यवादियों ने बड़ी तारीफें की (और उसे २०,००० पौंड की एक थैली भी दी) और लार्ड-सभा ने उसके काम की बाकायदा प्रशंसा की। पंजाब में मार्शल-लॉ लगा दिया गया। आतंक-राज्य के उस काल में वहां किस बड़े पैमाने पर गोलीकांड हुए, फांसियां दी गयीं, हवाई जहाज़ों से बम गिराये गये, और भयानक सजाएं दी गयीं, इसका पूरा हिसाब अभी तक नहीं लगाया जा सका है। बाद को जो जांच-पड़ताल हुई, उससे भी केवल आंशिक जानकारी ही प्राप्त हो सकी।

ब्रिटिश सरकार का मत था कि इस काल में "आन्दोलन ने निस्सन्देह अंग्रेजी राज के खिलाफ संगठित विद्रोह का रूप ले लिया था।" परिस्थिति को यों बदलते देखकर गांधी जी को घबराहट हुई। कलकत्ता, बम्बई, अहमदाबाद और अन्य कुछ स्थानों में जनता ने शासकों के खिलाफ इक्के-दुक्के हिंसा का प्रयोग किया। इस पर गांधी जी ने ऐलान किया कि मैंने "एक हिमालय जैसी भूल की थी जिससे कुछ ऐसे लोगों को उपद्रव करने का मौका मिल गया जिनका उद्देश्य अच्छा नहीं था और जो सच्चे सत्याग्रही कदापि न थे।" चुनांचे एक हफ्ता हड़ताल चलने के बाद ही गांधी जी ने अप्रैल के बीच में सत्याग्रह आन्दोलन रोक दिया। इस प्रकार ठीक उस समय, जब आन्दोलन शिखर पर पहुंचने ही वाला था, उसे बन्द कर दिया गया। बाद में गांधी जी ने २१ जुलाई को अखबारों के नाम एक खत लिखकर यह बताया कि आन्दोलन इसलिए वापिस ले लिया गया है क्योंकि "सत्याग्रही कभी सरकार को परेशान नहीं करना चाहता।" सत्याग्रह का यह अनुभव आगे चलकर एक बड़े पैमाने पर दुहराया जानेवाला था।

हम ऊपर देख चुके हैं कि दिसम्बर १९१९ में कांग्रेस सुधारों से काम लेने की बात सोच रही थी और गांधी जी कह रहे थे कि राष्ट्रीय आन्दोलन का कर्तव्य है कि "चुपचाप सुधारों से काम लेना शुरू करे, ताकि वे कामयाब हों।" लेकिन अब देश की परिस्थिति ऐसी नहीं रह गयी थी कि यह सपना सच्चा होता। १९१९ में जनता में बेचैनी की जो लहर तेजी से उठी थी, वह १९२० और १९२१ में बराबर आगे बढ़ती रही और १९२० के उत्तरार्ध में जो अर्थ-संकट शुरू हुआ, उससे तो इस लहर का वेग और भी बढ़ गया। १९२० के पहले छः महीनों में हड़तालें सबसे तेज रहीं। इस काल में २०० हड़तालें हुईं जिनमें १५ लाख मजदूरों ने भाग लिया। इस बाढ़ के सामने "चुपचाप सुधारों से काम लेना शुरू करने" की सलाहें एक मखौल बन गयी। सितम्बर १९२० में कांग्रेस का एक विशेष अधिवेशन हुआ। उसके अध्यक्ष लाला लाजपतराय ने कहा :

"इस सत्य की ओर से आंखें मूंद लेने से कोई लाभ नहीं है कि हम लोग एक क्रान्तिकारी जमाने से गुजर रहे हैं...हम स्वभाव और परम्परा से क्रान्तियों के खिलाफ़ हैं। परम्परा से हम धीरे-धीरे चलनेवाले लोग हैं; मगर जब एक बार हम तै कर लेते हैं कि चलना है तो फिर हम बहुत तेजी से चलते हैं और बहुत जल्दी-जल्दी डग भरते हैं। कोई भी सजीव वस्तु अपने जीवन काल में क्रान्तियों से एकदम अछूती नहीं रह सकती।"

कांग्रेस अध्यक्ष के इस विश्लेषण की मूल बात सही थी। उनके ऐलान का असल में यह मतलब था कि जमाना क्रान्तिकारी है, मगर नेता-गण "स्वभाव और परम्परा से क्रान्तियों के खिलाफ हैं," और इसलिए उनके सामने समस्या यह पैदा हो गयी है कि बढ़ते हुए आन्दोलन का आखिर कैसे नेतृत्व किया जाय। युद्ध के बाद भारत में जो राजनीतिक परिस्थिति पैदा हो गयी थी, उसका भीतरी विरोध इसी बात में था। उस समय और भी बहुत से देशों में ऐसी हालत थी कि युद्ध से जो अवसर पैदा हुआ था, उससे लाभ उठाने की परिपक्वता राजनीतिक आन्दोलन में नहीं थी।

इस परिस्थिति में गांधी जी और कांग्रेस के अन्य प्रमुख नेताओं ने (नरम दली नेता तो इस समय तक कांग्रेस छोड़ ही चुके थे) अपना मोर्चा एकदम बदल देने का फ़ैसला किया। १९२० में उन्होंने सुधारों से सहयोग करने की बात छोड़ दी और बढ़ते हुए जन आन्दोलन की बागडोर अपने हाथ में लेने का फ़ैसला किया। इसके लिए उन्होंने तरीक़ा निकाला "अहिंसात्मक असहयोग" का। यहां से जन-आन्दोलन का नेतृत्व कांग्रेस करने लगती है, मगर इसके लिए देश को यह कीमत देनी पड़ती है कि संघर्ष सदा "अहिंसात्मक" रहेगा।

अहिंसात्मक असहयोग की नयी योजना कांग्रेस ने सितम्बर १९२० में कलकत्ते के अपने विशेष अधिवेशन में स्वीकार की। कुछ लोगों ने उसका विरोध किया, लेकिन गांधी जी और पंडित मोतीलाल नेहरू के साथ उग्रवादी मुसलमान नेता अली-बन्धुओं के मिल जाने से एक ऐसा जबर्दस्त मोर्चा कायम हो गया था कि विरोधियों की कुछ न चलने पायी। अली-बन्धु इस समय खिलाफत आन्दोलन की अगुआई कर रहे थे, जो कि नाम को तो टर्की के साथ मित्र-राष्ट्रों की संधि के द्वारा किये गये अन्याय का विरोध करने का आन्दोलन था, मगर व्यवहार में मुस्लिम जनता के असन्तोष को एक सूत्र में बांधने का काम कर रहा था। कलकत्ता अधिवेशन के प्रस्ताव में ऐलान किया गया कि "महात्मा गांधी ने जो उत्तरोत्तर बढ़नेवाला अहिंसात्मक असहयोग आन्दोलन आरम्भ किया है, वह तब तक जारी रहेगा जब तक कि उपरोक्त

अन्याय की बातो का निराकरण नही किया जाता और स्वराज्य नही कायम होता।" असहयोग का यह आन्दोलन कई मंज़िलों में से होकर बढनेवाला था। उसका श्रीगणेश सरकार की दी हुई उपाधियों को त्यागने और तीन तरह के बहिष्कार से होनेवाला था। तीन तरह के बहिष्कार में धारा-सभाओं का, अदालतो और कचहरियो का तथा स्कूलो-कॉलेजों का बहिष्कार शामिल था। उसके साथ ही "हर घर में फिर से चर्खा और करघा चालू करने" की बात थी। आन्दोलन की अन्तिम अवस्था मे कर-बन्दी आरम्भ करने की योजना थी, पर यह निश्चित नही था कि यह समय कब आयेगा। यह बात देखने की है कि तुरन्त जो कदम उठाये जा रहे थे, वे मध्य-वर्ग के क़दम थे; जैसे वकीलों को अदालतों का बहिष्कार करना था और विद्यार्थियों को स्कूलो-कालेजो का, और अफसरों को सरकारी नौकरिया छोड़नी थी। मगर आम जनता से केवल चर्खा कातने के लिए कहा गया था। कर-बन्दी (जो लाज़िमी तौर पर लगान-बन्दी बन जाती) के कार्यक्रम में जनता सचमुच सक्रिय रूप से भाग ले सकती थी, लेकिन वह बाद के लिए टाल दिया गया था।

धारा-सभाओ का चुनाव नवम्बर में होनेवाला था। उसका बहिष्कार बहुत सफल रहा। दो-तिहाई वोटरों ने चुनाव मे भाग नही लिया। स्कूलो, कालेजो का बायकाट भी काफी कामयाब रहा। विद्यार्थियो में बड़ा जोश था। उनकी बहुत बड़ी संख्या असहयोग आन्दोलन मे खिच आयी। अदालतो का वकीलों द्वारा बहिष्कार कम कामयाब रहा। हां, पं. मोतीलाल नेहरू और श्री चितरजनदास जैसे देश के कुछ वकीलों ने ज़रूर मुकदमे लडना छोड दिया।

दिसम्बर १६२० में कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन नागपुर में हुआ। वहा लगभग एकमत से नया कार्यक्रम पास हो गया। इसके पहले कांग्रेस का लक्ष्य साम्राज्य के अन्दर रहते हुए औपनिवेशिक खुदमुख्तार हुकूमत प्राप्त करना था। अब उसे बदलकर "शान्तिपूर्ण तथा उचित उपायो से स्वराज्य प्राप्त करना" कांग्रेस का लक्ष्य बना दिया गया। इसके पहले कांग्रेस का संगठन बड़ा ढीला-ढाला था। नागपुर में एक आधुनिक ढंग की पार्टी का विधान स्वीकार हुआ ताकि कांग्रेस की स्थानीय शाखाएं हर गांव और मुहल्ले में क़ायम हो सकें। पूरे संगठन का संचालन करने के लिए पन्द्रह सदस्यो की एक कार्यसमिति बनायी गयी।

गाधी जी के दिये हुए नये कार्यक्रम और नीति को अपनाकर कांग्रेस ने एक बहुत बड़ा क़दम उठाया था। अब कांग्रेस राष्ट्रीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए सरकार के ख़िलाफ़ संघर्ष में जनता का नेतृत्व करनेवाली राजनीतिक पार्टी बन गयी थी। इस स्थिति से (जिसको देखकर शुरू के ज़माने के उग्र राष्ट्रवादी भी आंख मलते नज़र आते) प्रगति करते-करते कांग्रेस आगे चलकर राष्ट्रीय आन्दोलन का मुख्य केन्द्र बन गयी।

लेकिन इस नये कार्यक्रम और नीति मे एक दूसरा तत्व भी था, जो जन-संघर्ष से मेल नही खाता था। यह मध्य-वर्गी आध्यात्मिकता, नैतिक उधेड़-बुन और मधारपथी शान्तिवाद का तत्व था जो "अहिंसा" के बड़े निर्दोष लगनेवाले शब्द के रूप मे प्रकट हुआ था। गाधी जी के हाथों में यह शब्द एक पूरी धार्मिक एवं दार्शनिक विचारधारा का सूचक बन गया। गाधी जी बहुत प्रभावशाली ढग से और बड़ी लगन के साथ इस विचारधारा का प्रतिपादन और प्रचार कर रहे थे। कुछ बातो में उनकी विचारधारा भारत की पुरानी दार्शनिक चिन्तन-धाराओ से मिलती-जुलती थी, मगर उसका घनिष्ठ सम्बंध पश्चिम के तोल्सतोय, थोरो, और इमेर्सन जैसे आधुनिक विचारकों के चिन्तन के साथ था। जब गाधी जी अपने युवाकाल में विलायत गये थे, तब वहा इन लोगों के विचारो का बडा चलन और प्रभाव था। गाधी जी की चिन्तनधारा के निर्माण में इन विचारो का जबर्दस्त हाथ रहा। गाधी जी के बहुत से सहयोगी उनके दार्शनिक विचारों को नही मानते थे। मगर उन्होने भी अहिंसा शब्द को यह सोचकर ग्रहण कर लिया कि जहा निहत्थी जनता को एक शक्तिशाली सशस्त्र शासक वर्ग से लड़ना है, वहा, कम से कम संघर्ष की शुरुआती अवस्था में, उसके लिए अहिंसात्मक उपायो से काम लेना ही बुद्धिमानी है। लेकिन, जैसा कि बाद की घटनाओं से और इस शब्द की नित नयी और अधिक विस्तृत व्याख्याओं से स्पष्ट हो गया, ऊपर से यह शब्द कितना ही निर्दोष, मानवतावादी और उपयोगी क्यों न लगता हो, वास्तव में, उसके गर्भ में न सिर्फ अन्तिम संघर्ष से भागने की बात छिपी हुई थी, बल्कि उसमें फ़ौरी अथवा तात्कालिक संघर्ष को रोकने की नीति भी निहित थी, क्योंकि अहिंसा के नाम पर आम जनता के हितों को बड़े-बड़े पूंजीपतियों और जमींदारों के हितों से पटरी बैठायी जाती थी, जब कि ये लोग लाज़िमी तौर पर हर तरह के निर्णायक जन-संघर्ष के ख़िलाफ़ थे। यही वह भीतरी विरोध था जिसके कारण आन्दोलन बहुत बड़ी सफलताएं प्राप्त करने के बाद भी न तो पहली बार सफल हुआ, और न दस साल बाद दूसरी बार, जब कि पहले से भी बड़े पैमाने पर संघर्ष छेड़ा गया। नेताओं ने हर किसी को विश्वास दिलाया था कि नयी नीति अपनाने पर बहुत जल्द और निश्चित रूप से स्वराज्य मिल जायगा। इसी भीतरी विरोध के कारण यह आशा पूरी नहीं हो सकी।

अन्त मे जल्द स्वराज्य प्राप्त करने के लिए कांग्रेस ने सरकार के ख़िलाफ़ संघर्ष चलाने का जो नया लड़ाकू कार्यक्रम अपनाया, उसमें जन-आन्दोलन बड़ी तेज़ी से आगे बढ़ चला। गाधी जी ने स्पष्ट और दृढ़ शब्दों में यह भविष्यवाणी की थी कि स्वराज्य बारह महीने के अन्दर मिल जायगा। यहा तक कि उसके लिए उन्होने एक तारीख भी निश्चित कर दी थी — ३१ दिसम्बर, १९२१ के

पहले-पहले स्वराज्य मिल जानेवाला था। बात यहां तक बढ़ गयी थी कि सितम्बर १९२१ मे गाधी जी ने एक सम्मेलन मे कह डाला कि "साल खतम होने के पहले-पहले स्वराज्य प्राप्त कर लेने का मुझे इतना पक्का विश्वास है कि बिना स्वराज्य लिए मैं ३१ दिसम्बर के बाद जीवित रहने की कल्पना नही कर सकता।" लेकिन जाहिर है कि इस तारीख के बहुत वर्ष बाद तक गाधी जी सक्रिय रूप से राजनीति मे भाग लेते रहे और आखीर तक अपनी यह दो-तरफा भूमिका अदा करते रहे।

गाधी जी ने विजय की तिथि को निश्चित कर दी थी, लेकिन उनकी आन्दोलन की योजना उतनी सुनिश्चित नही थी। **कांग्रेस का इतिहास** में यह लिखा गया है :

> "लोग इस बात से आकर्षित हो रहे थे कि इस बार साधारण जनता सत्याग्रह करेगी। यह कैसा सत्याग्रह होगा; यह आन्दोलन क्या रूप धारण करेगा ? खुद गाधी जी ने यह कभी नही बताया था, इसकी कभी विस्तार से व्याख्या नही की थी, और खुद अपने दिमाग मे भी इसका कोई चित्र नही बनाया था।"

सुभाष बोस ने अपनी पुस्तक मे बताया है कि कैसे वह १९२१ के उन ऐतिहासिक दिनो में एक युवा शिष्य के रूप मे बडी उत्सुकता के साथ पहली बार महात्मा जी से मिले थे और कैसे गांधी जी की बात सुनकर उन्हें घोर निराशा हुई थी। सुभाष बोस महात्मा जी से "साफ-साफ और तफ़सील के साथ यह जानना चाहते थे कि उनकी योजना क्या है, वह किन मजिलो मे से होकर बढ़ेगी, और एक-एक कदम रखते हुए अन्त में किस तरह विदेशी नौकरशाही के हाथो से सत्ता छीनी जायेगी।" लेकिन गांधी जी ने उनकी जिज्ञासा शान्त नहीं की। सुभाष बाबू ने लिखा है :

> "मैं यह समझने में असमर्थ रहा कि गाधी जी सचमुच चाहते क्या थे। या तो वह समय से पहले अपना भेद नही देना चाहते थे और या उनके दिमाग में इस बात की कोई साफ समझ न थी कि आखिर किन दावपेचो से सरकार को परास्त किया जायगा।"

श्री जवाहरलाल नेहरू ने गाधी जी की "मजेदार अस्पष्टता" का जिक्र इन शब्दो मे किया है :

> "यह बात साफ थी कि हमारे अधिकतर नेताओ के लिए स्वराज्य का मतलब स्वतत्रता से बहुत छोटी चीज था। गांधी जी इस विषय पर एक मजेदार अस्पष्टता से काम लेते थे, और वह यह भी नही चाहते थे कि दूसरे लोग ही उसके बारे में कोई साफ़ समझ रखें।"

लेकिन फिर भी, जैसा कि श्री जवाहरलाल नेहरू ने लिखा है :

"हम सब यह महसूस करते थे कि वह एक महान और अनोखे व्यक्ति तथा तेजस्वी नेता हैं; और एक बार उनमें विश्वास कर लेने के बाद हमने उन्हें अपनी तरफ से, कम से कम उस समय, सब कुछ करने का अधिकार दे दिया था।"

१६२१ में आन्दोलन की प्रगति केवल इसी बात में नहीं दिखाई देती थी कि लोग बड़े जोश के साथ असहयोग आन्दोलन में भाग ले रहे थे, बल्कि उसके साथ-साथ देश के तमाम भागों में जन-संघर्ष नया और अधिकाधिक उग्र रूप धारण कर रहा था। आसाम-बंगाल रेलवे पर मजदूरों ने हड़ताल कर दी थी। मिदनापुर में कर-बन्दी आन्दोलन चल रहा था। दक्षिण में मलाबार के मोपला किसानों ने विद्रोह कर दिया था। पंजाब में सरकार के दलाल महन्तों के खिलाफ अकालियों का उग्र आन्दोलन चल रहा था।

१६२१ के अन्तिम महीनों में संघर्ष और तेज हो गया। सरकार पूरी परिस्थिति से बहुत अधिक चिन्तित और घबरायी हुई थी। उसने बहुत सोच-विचारकर और बड़ी उम्मीदों के साथ गांधी जी को हराने के लिए अपना तुरप का इक्का फेंका। वर्ष के शुरू में कनाट के ड्यूक को भारत का दौरा करने के लिए भेजा गया था। इस बार सरकार ने खुद युवराज को भारत यात्रा पर भेजा। सरकार को यह आशा तो नहीं थी कि इस तरह जनता खुश हो जायगी, लेकिन पूर्व के रहस्यों का हर अंग्रेज विशेषज्ञ यह समझता था कि पूर्व के लोगों के लिए राजा अथवा युवराज सबसे अधिक श्रद्धा और भक्ति का पात्र होता है। इसलिए, सरकार युवराज को भारत में घुमाकर जनता की भावनाओं को मारना चाहती थी। युवराज के दौरे का परिणाम सरकार की आशाओं से अधिक हुआ—लेकिन उल्टी दिशा में। १७ नवम्बर को जब अंग्रेज युवराज ने भारत में पैर रखा, तो एक देशव्यापी हड़ताल से उनका स्वागत किया गया। जनता के असंतोष का ऐसा जबर्दस्त और कामयाब प्रदर्शन भारत में पहले कभी नहीं हुआ था। एक तरफ जनता का विरोध, दूसरी तरफ क्रोध से भरी सरकार का दमन-चक्र, दोनों में खूनी टक्करें हुईं। गांधी जी ने उन्हें रोकने की कोशिश की, पर वह सफल नहीं हुए। आखिर में उन्होंने ऐलान कर दिया कि उन्हें स्वराज्य शब्द से भी घिन आने लगी है।

इसी समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक दल का संगठन और जोर पकड़ने लगा। अभी भी स्वयंसेवकों का संगठन कांग्रेस या खिलाफत आन्दोलन के मातहत था और उसका आधार "अहिंसात्मक असहयोग" का सिद्धान्त था। लेकिन स्वयंसेवकों की संख्या बहुत बड़ी थी। वे वर्दी पहनते थे, कवायद करते थे और जब वे हड़ताल

कराने ग्रौर विलायती कपड़े की दूकानो पर धरना देने या लोगों को शान्तिपूर्ण ढंग से समझाने के लिए जाते, तो सिपाहियो की तरह लाइन बनाकर चलते।

सरकार ने अपनी पूरी ताकत से सेवादल का दमन किया। **स्टेट्समैन** ग्रौर **इंग्लिशमैन** जैसे सरकारी ग्रखबार चीख रहे थे कि कलकत्ते पर सेवादल के स्वयसेवकों ने कब्ज़ा कर लिया है ग्रौर सरकार खतम हो गयी है। वे मांग कर रहे थे कि सेवादल के खिलाफ़ तुरन्त कार्रवाई की जाय। सरकार ने सेवादल को गैर-क़ानूनी करार दे दिया। हज़ारो स्वयंसेवक गिरफ्तार कर लिये गये। उनकी खाली जगहों को तुरन्त हजारो विद्यार्थियो ग्रौर कारखानो के मज़दूरो ने भर दिया।

दिसम्बर खतम होते-होते एक गांधी जी को छोडकर कांग्रेस के बाकी सभी प्रमुख नेता जेलों में बन्द कर दिये गये। जेलो मे राजबन्दियो की सख्या बीस हजार तक पहुच गयी। ग्रगले वर्ष जब ग्रान्दोलन ग्रपने शिखर पर पहुचा, तो राजबन्दियों की सख्या तीस हज़ार हो गयी। जनता का जोश मानो उबला पड़ रहा था।

सरकार उलझन ग्रौर परेशानी मे थी। उसके हाथ-पैर ढीले पड़ने लगे थे। उसे डर था कि यदि सार्वजनिक विद्रोह की यह बीमारी शहरो से फैलती हुई करोड़ों किसानों के बीच पहुच गयी, तो फिर ग्रंग्रेज़ी राज को कोई नही बचा सकेगा ग्रौर उसके सारे हवाई जहाज़ ग्रौर तोपें भी ३० करोड़ नर-नारियों के क्रोध की धधकती ग्राग को शान्त न कर सकेंगी। वायसराय ने पंडित मदन-मोहन मालवीय को बीच में डालकर जेल में बन्द राजनीतिक नेताग्रो से समझौते की बातचीत शुरू की। वायसराय का सुझाव था कि यदि कांग्रेस ग्रसहयोग ग्रान्दोलन को रोक दे, तो सरकार सेवादल को फिर से क़ानूनी करार दे देगी ग्रौर राजबन्दियो को रिहा कर देगी। बातचीत बीच में ही टूट गयी। समझौता नही हो सका।

इस परिस्थिति में, वर्ष के ग्रन्त में, कांग्रेस का ग्रहमदाबाद ग्रधिवेशन हुग्रा। ग्रब नेताग्रों में ग्रकेले गाधी जी जेल के बाहर थे। ग्रधिवेशन के ग्रध्यक्ष बगाल के वीर नेता चितरंजन दास चुने गये थे, लेकिन वह भी जेल में थे। गांधी जी ग्रधिवेशन की कार्रवाई शुरू करने के लिए एक ग्रग्रेज पादरी को ले ग्राये थे। यह कहा गया कि पादरी साहब कांग्रेस को एक धार्मिक सदेश देंगे। उन्होंने इस ग्रवसर से लाभ उठाया ग्रौर विलायती कपड़ा जलाने के खिलाफ़ एक उपदेश झाड़ दिया।

ग्रहमदाबाद ग्रधिवेशन ने बड़े उत्साह के साथ कुछ प्रस्ताव पास किये। इन प्रस्तावो में "कांग्रेस का यह दृढ़ निश्चय" प्रकट किया गया कि वह "ग्रहिंसात्मक ग्रसहयोग ग्रान्दोलन को ग्रौर भी ज़ोर से चलादेगी ग्रौर उस वक्त

तक जारी रखेगी...जब तक कि भारत सरकार की बागडोर जनता के हाथों में न आ जायगी;" अठारह वर्ष के तमाम लोगों से गैर-कानूनी राष्ट्रीय सेवा दल में भर्ती होने की अपील की गयी; इस लक्ष्य पर जोर दिया गया कि "सारा ध्यान सविनय अवज्ञा आन्दोलन पर दिया जायगा, यह आन्दोलन चाहे सार्वजनिक हो और चाहे व्यक्तिगत, और चाहे बचाव की लड़ाई के रूप में चलाया जाय और चाहे हमले की लड़ाई के रूप में;" और इस उद्देश्य की सिद्धि के लिए सारे अधिकार गांधी जी के हाथों में दे दिये गये जिनको "कांग्रेस का एकमात्र अधिकारी" बना दिया गया।

अब गांधी जी कांग्रेस के डिक्टेटर हो गये थे। आन्दोलन अपने शिखर पर था। कांग्रेस ने सारे अधिकार गांधी जी के हाथों में दे दिये थे ताकि वे आन्दोलन को विजयी बना सकें। अब वक्त आ गया था कि ताक़त की आखिरी आज़माइश हो जाय, और आम सत्याग्रह आन्दोलन छेड़ दिया जाय। पूरा देश गांधी जी की ओर ताक रहा था कि देखें, अब वह क्या करते हैं।

जब सारा राष्ट्र उत्साह और आशा से आन्दोलित हो रहा था, उस समय कांग्रेस के पक्ष में एक व्यक्ति था जो दुखी था और घटना-क्रम को देखकर चिन्तित हो रहा था। वह व्यक्ति थे गांधी जी। उन्हें लग रहा था कि उनका आन्दोलन, वह आन्दोलन जिसकी कल्पना पहले-पहल उन्होंने की थी, उनकी सोची हुई राह पर नहीं बढ़ रहा है। मानो कहीं पर कोई गड़बड़ी हो गयी हो! यह तो वह सुन्दर, मनमोहक, आदर्श "अहिंसात्मक" आन्दोलन नहीं था जिसकी उन्होंने कल्पना की थी। यह तो मानो अनजाने में उन्होंने कोई राक्षस पैदा कर दिया था! मनचाहे लोग आन्दोलन में शरीक हो रहे थे। आगा-पीछा सोचकर न चलनेवाले लोग, खासकर गांधी जी के मुसलमान साथी, यहां तक मांग करने लगे थे कि अब अहिंसा का नियम छोड़ देना चाहिए। १९२१ के अन्त में जब हजारों देशभक्त योद्धा गांधी जी की जय बोलते हुए जेल जा रहे थे, तब गांधी जी अपनी घबराहट और घृणा प्रकट कर रहे थे और कह रहे थे कि उन्हें स्वराज्य शब्द से भी घिन आने लगी है।

अहमदाबाद में कांग्रेस ने पीछे हटना शुरू कर दिया। अभी खुलकर नहीं, क्योंकि देश में निकट भविष्य में होनेवाली लड़ाइयों की आशा से तनाव का वातावरण था और हजारों आदमी लड़ने-मरने को उत्सुक थे। लेकिन पीछे हटने के बहुत से छोटे-छोटे चिन्ह दिखाई देने लगे। अहमदाबाद कांग्रेस एक ऐतिहासिक अवसर था। देश भर में आम सत्याग्रह आन्दोलन छेड़ने के लिए, आखिरी लड़ाई का बिगुल बजाने के लिए—जिसकी सब बाट जोह रहे थे—इससे अच्छा और कोई अवसर नहीं हो सकता था। नवजात भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने अहमदाबाद कांग्रेस के नाम अपने पैगाम में कहा था :

"यदि कांग्रेस उस क्रान्ति का नेतृत्व करना चाहती है जो तमाम भारत को हिलाये डाल रही है, तो उसे केवल प्रदर्शनो और क्षणिक आवेश पर ही भरोसा नही करना चाहिए। उसे मजदूर यूनियनों की तात्कालिक मागो को अपनाना चाहिए; उसे किसान सभाओं के कार्यक्रम को अपने कार्यक्रम के रूप मे स्वीकार करना चाहिए; और तब वह वक्त दूर नही रहेगा जब कि कोई भी बाधा कांग्रेस का रास्ता नही रोक पायेगी; क्योकि तब अपने भौतिक हितो के लिए सचेत होकर लड़नेवाली समस्त जनता की अजेय शक्ति कांग्रेस के पीछे होगी।"

लेकिन अहमदाबाद मे लड़ाई का बिगुल नही बजाया गया। उसकी जगह, देखनेवालो ने देखा कि अहमदाबाद के प्रस्ताव में कर-बन्दी का जरा भी जिक्र नही होने दिया गया है। जहा-जहा आम सत्याग्रह का जिक्र था, वहां उसे भी तरह-तरह की अगर-मगर की शर्तों से घेर दिया गया था। कही कहा गया था : "आवश्यक शर्तों के पूरा होने पर ही" आन्दोलन छेड़ा जायगा; कही पर "आन्दोलन के लिए खास हिदायते" देने की बात थी; और कही पर कहा गया था कि "जब आम जनता अहिंसा के तरीको को अच्छी तरह सीख जायगी," तभी आन्दोलन छेड़ने की इजाजत दी जायगी।...इसके बाद प्रजातन्त्रवादी मुस्लिम नेता मौलाना हसरत मोहानी वाली घटना हुई। उन्होने एक प्रस्ताव पेश किया जिसमे कहा गया था कि स्वराज्य का मतलब ऐसी "पूर्ण स्वतन्त्रता" है "जिसमे हर प्रकार के विदेशी नियन्त्रण से मुक्ति मिल जायगी।" गाधी जी ने इस प्रस्ताव का जोरो से विरोध किया और कहा कि "इस प्रस्ताव से मुझे चोट लगी है क्योकि इससे जिम्मेदारी की भावना का अभाव प्रकट होता है।" अन्त में उन्होंने प्रस्ताव को अस्वीकार करा दिया।

भारत सरकार आखे फाड़कर अहमदाबाद का रवैया देख रही थी। उसने पीछे हटने के छोटे-छोटे चिन्हो को पहचाना और सुख की सास ली। वायसराय ने भारत मत्री के पास इस आशय का तार लन्दन भेजा :

"बड़े दिन की छुट्टियो में कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन अहमदाबाद में हुआ। गांधी जी पर बम्बई के दगों का बड़ा असर पड़ा था। उस वक्त उन्होंने जो बयान दिये थे, उनसे भी यही जाहिर होता था। इन दगो से उनकी समझ में यह आ गया था कि आम सत्याग्रह शुरू करने में क्या-क्या खतरे हैं। अहमदाबाद कांग्रेस के प्रस्तावों से भी यह बात जाहिर होती है। उनमें न सिर्फ खिलाफ़त पार्टी के सबसे ज्यादा उग्रवादी लोगों का यह सुझाव नहीं माना गया है कि कांग्रेस को अहिंसा की नीति को छोड देनी चाहिए; बल्कि उनमें यह ऐलान करते हुए भी कि दिल्ली वाली

शर्तें पूरी हो जाने पर सविनय अवज्ञा आन्दोलन शुरू किया जायगा, कहीं पर भी कर-बन्दी का जिक्र नहीं किया गया है।"

अब गांधी जी क्या करेंगे ? अहमदाबाद अधिवेशन तो बिना कोई योजना बनाये ही खतम हो गया। सारा दारोमदार गांधी जी पर था। जिस तरह पेरिस के घेरे के समय पेरिस-निवासी यह कहकर अपने दिल को तसल्ली दिया करते थे कि जनरल त्रोशू ने जरूर कोई न कोई योजना तैयार कर रखी होगी, उसी तरह साम्राज्यवादी दमन की चक्की में पिसती भारतीय जनता गांधी जी की ओर आशाभरी नजरों से देख रही थी कि बस, अब वह अपनी योजना आरम्भ करने ही वाले हैं।

मगर गांधी जी ने जो कुछ किया वह विचित्र था। एक महीने तक वह इन्तजार करते रहे। पूरे महीने जिलों से गांधी जी के पास दरख्वास्तें आती रहीं कि उन्हें कर-बन्दी शुरू करने की इजाजत दी जाय। एक जिले ने—गुंटूर ने—तो बिना इजाजत पाये ही कर-बन्दी शुरू कर दी। गांधी जी ने तुरन्त वहां के कांग्रेस अधिकारियों को लिखा कि निश्चित तारीख तक सारे कर जमा कर दिये जायें। इसके बाद उन्होंने एक छोटे से इलाके में कर-बन्दी आरम्भ करने का निश्चय किया। यह बारदोली का इलाका था। यहां गांधी जी ने बड़ी एहतियात के साथ पूर्ण अहिंसा की परिस्थितियां तैयार की थीं। जब पूरा देश गांधी जी से नेतृत्व पाने की बाट देख रहा था, तब उन्होंने अपने को केवल बारदोली के उस छोटे से इलाके तक सीमित कर लिया जिसकी आबादी ८७,००० थी, यानी देश की आबादी का चार-हजारवां हिस्सा। १ फरवरी को उन्होंने वायसराय के पास अल्टीमेटम भेजा कि अगर राजबन्दी फौरन रिहा नहीं किये गये और दमन बन्द नहीं हुआ, तो "आम सविनय अवज्ञा आन्दोलन" शुरू कर दिया जायगा—लेकिन केवल बारदोली के तालुके में। उन्होंने अल्टीमेटम भेजा ही था कि चन्द दिन बाद खबर आयी कि उत्तर प्रदेश के चौरीचौरा नामक एक गांव में झुंझलाये हुए किसानों ने एक थाने पर हमला करके उसे जला दिया है और उसमें बाइस पुलिसवालों की जान चली गयी है। इस खबर से प्रकट होता था कि किसानों में बेचैनी कितनी बढ़ गयी है। गांधी जी ने समाचार सुनते ही तै कर लिया कि अब ज्यादा रुकने का समय नहीं है। जल्दी-जल्दी कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक १२ फरवरी को बारदोली में बुलायी गयी। उसने फैसला किया कि "चौरीचौरा में भीड़ के अमानुषिक व्यवहार" को ध्यान में रखते हुए यह जरूरी है कि न सिर्फ आम सविनय अवज्ञा आन्दोलन को, बल्कि उसके प्रचार समेत पूरे आन्दोलन को ही बन्द कर दिया जाय। तै कर दिया गया कि स्वयंसेवकों के जलूस निकालना, सरकारी रोक को तोड़कर सभाएं करना, आदि सब रोक दिये जायं; और इस सबके बदले चर्खा, नशाबन्दी, और शिक्षा का

"रचनात्मक" कार्य किया जाय; यानी, लड़ाई रोक दी गयी। पूरा आन्दोलन खतम हो गया। खोदा पहाड़ निकली चुहिया।

अगर हम यह कहे कि बारदोली के फ़ैसले से कांग्रेस के सभी लोग हक्के-बक्के रह गये, तो इससे उनकी असली भावनाएं प्रकट नहीं होंगी। इंगलैंड निवासियों को समझाने के लिए यह कहा जा सकता है कि भारत में बारदोली के फ़ैसले का १९२२ में वही असर हुआ था, जो १९२६ में इंगलैंड में आम हड़ताल को वापस ले लेने का हुआ था। सुभाष बाबू ने लिखा है :

> "जब जनता का जोश उबला पड़ रहा था, ठीक उस वक्त पीछे हटने का बिगुल बजा देना पूरे राष्ट्र के लिए बहुत बड़ी दुर्घटना थी। महात्मा जी के प्रमुख सहायक देशबंधु दास, पंडित मोतीलाल नेहरू और लाला लाजपतराय, सब के सब जेल के अन्दर थे। साधारण जनता की तरह वे भी इस फ़ैसले को सुनकर बहुत नाराज़ हुए। मैं उस समय देशबंधु के साथ था और यह देख सकता था कि वह क्रोध और दुख से पागल हो रहे हैं।"

पं. मोतीलाल नेहरू, लाला लाजपतराय और दूसरे नेताओं ने जेल से गांधी जी को उनके फ़ैसले का विरोध करते हुए क्रोध से भरे हुए लम्बे-लम्बे खत लिखे। गांधी जी ने उन्हें यह सीधा सा उत्तर दे दिया कि जो लोग जेल में बन्द हैं, वे "नागरिकता की दृष्टि से मर चुके हैं," और नीति के मामले में उन्हें कुछ कहने-सुनने का अधिकार नहीं है।

यह पूरा आन्दोलन एक आदमी की इच्छा के आधीन बना दिया गया था। उसका संगठन ही इस आधार पर हुआ था कि जनता की स्वयं-स्फूर्त क्रियाशीलता को ज़रा भी बढ़ावा न दिया जाय और एक नेता के सभी आदेशों का यंत्रवत पालन किया जाय। इसलिए, बारदोली के फ़ैसले का लाज़िमी तौर पर यह नतीजा हुआ कि पूरा आन्दोलन उलझन, निराशा और पस्तहिम्मती का शिकार हो गया। पं. जवाहरलाल नेहरू ने इस आधार पर बारदोली के फ़ैसले का समर्थन करने की कोशिश की है कि यदि आन्दोलन को रोका न जाता, तो वह हाथ से निकल जाता और हिंसा और खून-खच्चर के रास्ते पर चला जाता; और ऐसा होने से निश्चय ही सरकार की जीत होती। लेकिन जवाहरलाल जी ने भी यह माना है कि जिस ढंग से यह फ़ैसला किया गया, उससे :

> "कुछ पस्तहिम्मती फैली। यह भी मुमकिन है कि इतने बड़े आन्दोलन को इस तरह यकायक बोतल में बन्द कर देने से देश में घटनाओं के शोचनीय रूप पकड़ने में मदद मिली। राजनीतिक संघर्ष में छिट-पुट और अनावश्यक हिंसा की प्रवृत्ति तो रुक गयी, मगर यह दबी हुई हिंसा

शर्तें पूरी हो जाने पर सविनय अवज्ञा आन्दोलन शुरू किया जायगा, यहां पर भी कर-बन्दी का जिक्र नहीं किया गया है।"

अब गांधी जी क्या करेंगे ? अहमदाबाद अधिवेशन तो बिना कोई योजना बनाये ही खतम हो गया। सारा दारोमदार गांधी जी पर था। जिस तरह पेरिस के घेरे के समय पेरिस-निवासी यह कहकर अपने दिल को तसल्ली दिया करते थे कि जनरल त्रोचू ने जरूर कोई न कोई योजना तैयार कर रखी होगी, उसी तरह साम्राज्यवादी दमन की चक्की में पिसती भारतीय जनता गांधी जी की ओर आशाभरी नजरों से देख रही थी कि बस, अब वह अपनी योजना आरम्भ करने ही वाले हैं।

मगर गांधी जी ने जो कुछ किया वह विचित्र था। एक महीने तक वह इन्तजार करते रहे। पूरे महीने जिलों से गांधी जी के पास दरखास्तें आती रहीं कि उन्हें कर-बन्दी शुरू करने की इजाजत दी जाय। एक जिले ने—गुंटूर ने—तो बिना इजाजत पाये ही कर-बन्दी शुरू कर दी। गांधी जी ने तुरन्त वहां के कांग्रेस अधिकारियों को लिखा कि निश्चित तारीख तक सारे कर जमा कर दिये जायें। इसके बाद उन्होंने एक छोटे से इलाके में कर-बन्दी आरम्भ करने का निश्चय किया। यह बारदोली का इलाका था। यहां गांधी जी ने बड़ी एहतियात के साथ पूर्ण अहिंसा की परिस्थितियां तैयार की थीं। जब पूरा देश गांधी जी से नेतृत्व पाने की बाट देख रहा था, तब उन्होंने अपने को केवल बारदोली के उस छोटे से इलाके तक सीमित कर लिया जिसकी आबादी ८७,००० थी, यानी देश की आबादी का चार-हजारवां हिस्सा। १ फरवरी को उन्होंने वायसराय के पास अल्टीमेटम भेजा कि अगर राजबन्दी फ़ौरन रिहा नहीं किये गये और दमन बन्द नहीं हुआ, तो "आम सविनय अवज्ञा आन्दोलन" शुरू कर दिया जायगा—लेकिन केवल बारदोली के तालुके में। उन्होंने अल्टीमेटम भेजा ही था कि चन्द दिन बाद खबर आयी कि उत्तर प्रदेश के चौरीचौरा नामक एक गांव में झुंझलाये हुए किसानों ने एक थाने पर हमला करके उसे जला दिया है और उसमें बाइस पुलिसवालों की जान चली गयी है। इस खबर से प्रकट होता था कि किसानों में बेचैनी कितनी बढ़ गयी है। गांधी जी ने समाचार सुनते ही तै कर लिया कि अब ज्यादा रुकने का समय नहीं है। जल्दी-जल्दी कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक १२ फरवरी को बारदोली में बुलायी गयी। उसने फैसला किया कि "चौरीचौरा में भीड़ के अमानुषिक आचरण" को ध्यान में रखते हुए यह जरूरी है कि न सिर्फ आम सविनय अवज्ञा आन्दोलन को, बल्कि उसके प्रचार समेत पूरे आन्दोलन को ही बन्द कर दिया जाय। तै कर दिया गया कि स्वयंसेवकों के जलूस निकालना, सरकारी रोक को तोड़कर सभाएं करना, आदि सब रोक दिये जायं; और इन सबके बदले चर्खा, नशाबन्दी, और शिक्षा का

"रचनात्मक" कार्य किया जाय, यानी, लडाई रोक दी गयी। पूरा आन्दोलन खतम हो गया। खोदा पहाड़ निकली चुहिया।

अगर हम यह कहे कि बारदोली के फैसले से कांग्रेस के सभी लोग हक्के-वक्के रह गये, तो इससे उनकी असली भावनाए प्रकट नही होंगी। इंगलैंड निवासियो को समझाने के लिए यह कहा जा सकता है कि भारत मे बारदोली के फैसले का १६२२ में वही असर हुआ था, जो १६२६ में इंगलैंड में आम हड़ताल को वापस ले लेने का हुआ था। सुभाष बाबू ने लिखा है :

> "जब जनता का जोश उबला पड़ रहा था, ठीक उस वक्त पीछे हटने का बिगुल बजा देना पूरे राष्ट्र के लिए बहुत बड़ी दुर्घटना थी। महात्मा जी के प्रमुख सहायक देशबधु दास, पडित मोतीलाल नेहरू और लाला लाजपतराय, सब के सब जेल के अन्दर थे। साधारण जनता की तरह वे भी इस फ़ैसले को सुनकर बहुत नाराज़ हुए। मैं उस समय देशबंधु के साथ था और यह देख सकता था कि वह क्रोध और दुख से पागल हो रहे हैं।"

प. मोतीलाल नेहरू, लाला लाजपतराय और दूसरे नेताओ ने जेल से गांधी जी को उनके फ़ैसले का विरोध करते हुए क्रोध से भरे हुए लम्बे-लम्बे खत लिखे। गाधी जी ने उन्हे यह सीधा सा उत्तर दे दिया कि जो लोग जेल में बन्द हैं, वे "नागरिकता की दृष्टि से मर चुके हैं," और नीति के मामले मे उन्हे कुछ कहने-सुनने का अधिकार नही है।

यह पूरा आन्दोलन एक आदमी की इच्छा के आधीन बना दिया गया था। उसका सगठन ही इस आधार पर हुआ था कि जनता की स्वयं-स्फूर्त क्रियाशीलता को जरा भी बढ़ावा न दिया जाय और एक नेता के सभी आदेशों का यंत्रवत पालन किया जाय। इसलिए, बारदोली के फ़ैसले का लाजिमी तौर पर यह नतीजा हुआ कि पूरा आन्दोलन उलझन, निराशा और पस्तहिम्मती का शिकार हो गया। पं. जवाहरलाल नेहरू ने इस आधार पर बारदोली के फ़ैसले का समर्थन करने की कोशिश की है कि यदि आन्दोलन को रोका न जाता, तो वह हाथ से निकल जाता और हिंसा और खून-खच्चर के रास्ते पर चला जाता; और ऐसा होने से निश्चय ही सरकार की जीत होती। लेकिन जवाहरलाल जी ने भी यह माना है कि जिस ढग से यह फ़ैसला किया गया, उससे :

> "कुछ पस्तहिम्मती फैली। यह भी मुमकिन है कि इतने बड़े आन्दोलन को इस तरह यकायक बोतल में बन्द कर देने से देश में घटनाओं के शोचनीय रूप पकड़ने में मदद मिली। राजनीतिक सघर्ष में छिट-पुट और अनावश्यक हिंसा की प्रवृत्ति तो रुक गयी, मगर यह दबी हुई हिंसा

अपने निकलने का रास्ता ढूढती ही रही; और शायद यही कारण था कि आनेवाले वर्षों में साम्प्रदायिक झगडे बहुत बढ गये।"

जब आन्दोलन को इस तरह भीतर से पंगु और पस्तहिम्मत बना दिया गया, तब सरकार ने हिम्मत के साथ वार किया। १० मार्च को गांधी जी को गिरफ्तार करके छः बरस की कैद की सजा सुना दी गयी। लेकिन इससे जन-आन्दोलन में जरा सी हरकततक न आयी। दो वर्ष के भीतर ही गांधी जी रिहा कर दिये गये। संकट की घड़ी खतम हो गयी थी।

बारदोली के फैसले को लेकर बहुत बहसें हुई हैं। उसके जो कटु परिणाम हुए और संघर्ष को रोक देने से आन्दोलन में छः बरस तक जो ढील बनी रही है, उसके बारे में बहुत तेज वाद-विवाद होता रहा है। दलील दी गयी है कि बारदोली के फैसले की असली वजह चौरीचौरा के कांड से ज्यादा गहरी थी; और असलियत यह थी कि "हमारा आन्दोलन ऊपर से तो बहुत ताकतवर दिखाई देता था और जनता में बहुत ज्यादा जोश भी मालूम पड़ता था, पर भीतर से वह छिन्न-भिन्न हुआ जा रहा था," और इसलिए उसे रोक देना जरूरी था। पूछा जा सकता है कि आन्दोलन किस माने में "छिन्न-भिन्न हुआ जा रहा था।" यदि इसका यह मतलब है कि आन्दोलन पर सुधारवादी-शान्तिवादी विचारों का नियन्त्रण ढीला पड रहा था, तो बात बिलकुल ठीक है। लेकिन आन्दोलन की प्रगति के फलस्वरूप यह होना तो लाजिमी था और ऐसा हुए बिना आन्दोलन सफल नहीं हो सकता था (नेहरू जी ने भले ही यह मान लिया हो कि सारे देश में जनता के विद्रोह करने पर सरकार की जीत होगी, लेकिन सरकार को अपनी जीत का इतना भरोसा न था)। दूसरी ओर, यदि आन्दोलन के छिन्न-भिन्न होने का यह मतलब है कि जन-संघर्ष का उठान खतम हो चुका था और अब वह कमजोर पड़ने लगा था, तो निश्चय ही यह दावा झूठा था। सच तो यह है कि खुद बारदोली के निर्णय के समर्थक भी यह दावा नहीं करते थे। इसका सबसे अच्छा प्रमाण यह है कि खुद भारत सरकार ने बारदोली के फैसले के तीन दिन पहले परिस्थिति का बिलकुल दूसरा मूल्यांकन किया था। ९ फरवरी, १९२२ को वाइसराय ने एक तार लन्दन भेजा था, जिसमें उन्होंने यह लिखा था :

"शहरों के निम्न वर्गों पर असहयोग आन्दोलन का गहरा असर पड़ा है...। कुछ इलाकों में, खास कर आसाम घाटी, युक्त प्रदेश, बिहार और उड़ीसा तथा बंगाल में किसानों पर भी असर पड़ा है। जहां तक पंजाब का सम्बन्ध है, वहां अकाली आन्दोलन, देहात में रहनेवाले सिखों तक पहुंच गया है। पूरे देश में मुसलमानों का एक बड़ा हिस्सा रुष्ट हुआ और नाराज बैठा है... किसी भी क्षण खतरनाक हालत पैदा हो

सकती है...भारत सरकार समझती है कि यहां पर अभी तक जैसे उपद्रव हुए हैं, निकट भविष्य में उससे कही अधिक भयंकर उपद्रव हो सकते हैं। सरकार इस बात को जरा भी छिपाना नही चाहती कि वह देश की परिस्थिति को देखकर बहुत अधिक चिन्तित है।"

१२ फ़रवरी को बारदोली के फैसले ने सारे आन्दोलन को रोक दिया। उसके तीन दिन पहले, ९ फ़रवरी को भारत सरकार ने परिस्थिति का यह मूल्याकन किया था।

जनता कैसे अनुशासन के साथ आन्दोलन चला रही थी, और निर्णायक लड़ाई के लिए कितनी तैयार थी, यह गुट्टर के उदाहरण मे स्पष्ट है, जहा गाधी जी के आदेशो के बावजूद एक गलतफहमी के कारण कर-बन्दी आन्दोलन शुरू कर दिया गया था। जब तक गाधी जी के पास से आन्दोलन को रोकने और सरकारी-कर जमा करा देने का आदेश नही आया, तब तक गुट्टर मे सरकार ५ प्रतिशत से ज्यादा कर या लगान नही वसूल कर पायी थी। काग्रेस के केन्द्र से एक इशारा भर मिलने की देर थी कि सारे देश में यह क्रिया आरम्भ हो जाती और जनता सरकारी कर और लगान देने से इनकार कर देती। मगर इस क्रिया के परिणामस्वरूप केवल साम्राज्यवाद का ही नही, बल्कि जमीदारी प्रथा का भी सफाया हो जाता।

बारदोली का फैसला सबसे ज्यादा इन्ही बातो को ध्यान मे रखकर किया गया था। यह खुद फैसले के शब्दों से साफ हो जाता है। १२ फरवरी को काग्रेस कार्यसमिति ने बारदोली में जो फैसला किया था, वह इतना महत्वपूर्ण है कि उसे पूरा उद्धृत कर देना उचित होगा। उसका ध्यानपूर्वक अध्ययन करने पर भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन की शक्तियों और असगतियों को समझने में मदद मिलेगी। बारदोली के प्रस्ताव के मुख्य अंश ये है:

> "धारा १। कार्यसमिति चौरीचौरा मे भीड के इस अमानुषिक आचरण की दुख के साथ निदा करती है कि उसने पुलिसवालो की पाशविक ढग से हत्या कर डाली और अधे होकर पुलिस के थाने को जला दिया।

> "धारा २। जब भी सविनय अवज्ञा का जन-आन्दोलन आरम्भ किया जाता है, तभी हिंसात्मक उपद्रव होने लगते हैं। इससे जाहिर होता है कि देश अभी काफी अहिंसक नही हुआ है। इसलिए, काग्रेस कार्य-समिति फैसला करती है कि आम सविनय अवज्ञा आन्दोलन...फ़िलहाल रोक दिया जाय, और वह स्थानीय कांग्रेस कमिटियों को आदेश देती है कि वे किसानो को सरकार का लगान तथा दूसरे कर अदा कर देने की सलाह दें और हर तरह की हमलावर कारंवाइयों को बन्द कर दें।

"धारा ३। सविनय अवज्ञा का आम आन्दोलन उस समय तक रुका रहेगा जब तक कि देश का वातावरण इतना अहिंसक नहीं हो जायगा कि इस बात की गारंटी हो जाय कि अब गोरखपुर जैसी बर्बरता या १७ नवम्बर की बम्बई और १३ जनवरी की मद्रास जैसी हुल्लड़बाज़ी फिर कभी न हो सकेगी।...

"धारा ५। सरकारी रोक को तोड़कर जलूस निकालना और सभाएं करना बन्द कर देना चाहिए।

"धारा ६। कांग्रेस कार्यसमिति कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व संगठनों को सलाह देती है कि वे किसानों को यह बात बता दें कि ज़मींदारों को लगान न देना कांग्रेस के प्रस्तावों के ख़िलाफ़ है और हानिकर भी है।

"धारा ७। कांग्रेस कार्यसमिति ज़मींदारों को विश्वास दिलाती है कि कांग्रेस के आन्दोलन का उद्देश्य किसी तरह भी उनके क़ानूनी अधिकारों पर चोट करना नहीं है; और जहां किसानों को कुछ शिकायतें हैं, वहां भी कार्यसमिति यही चाहेगी कि आपस के सलाह-मशविरे से और पंचायत करके मामला निपटा दिया जाय।"

प्रस्ताव से जाहिर है कि उसके पेश करनेवालों के मन में जो प्रेरणा काम कर रही थी, वह अहिंसा के सिद्धान्त की प्रेरणा नहीं थी। प्रस्ताव की तीन धाराओं में (जो काली टाइप में छपी हैं) खास तौर पर बहुत ज़ोर देकर, और एक बहुत ही ज़रूरी हिदायत के रूप में यह कहा गया है कि किसानों को ज़मींदारों का और सरकार का लगान अदा कर देना चाहिए। यहां हिंसा या अहिंसा का कोई सवाल नहीं है। सवाल साफ़-साफ़ वर्ग-हितों का है। सवाल शोषितों और शोषकों का है। कोई नहीं कह सकता कि लगान न देना "हिंसक" कार्य है। इसके विपरीत, यह विरोध प्रकट करने का सबसे शान्तिपूर्ण (और साथ ही सबसे शक्तिशाली) ढंग है। तब फिर जो प्रस्ताव "हिंसा" की निन्दा करने चला था, उसमें लगान न देने पर और ज़मींदारों के "क़ानूनी अधिकारों" के सवाल पर इतना ज़ोर क्यों दिया गया? इस सवाल का सिर्फ़ एक ही जवाब हो सकता है। वह यह कि "अहिंसा" की शब्दावली एक सुविधाजनक आड़ मात्र है, जिसे ओढ़कर दरअसल जाने या अनजाने में वर्ग-स्वार्थों का समर्थन किया जाता है और वर्ग-शोषण को कायम रखा जाता है।

कांग्रेस के ज्यादा समझदार नेताओं ने, जो गांधीजी के साथ थे, इसलिए आन्दोलन को रोक दिया था कि वे जनता की बढ़ती हुई क्रियाशीलता से डर गए थे, क्योंकि उससे उन सम्पत्तिवान वर्गों के हितों के लिए खतरा पैदा हो रहा था जिनके साथ नेताओं का घनिष्ठ सम्बन्ध था।

जिस सवाल पर १६२२ में राष्ट्रीय आन्दोलन टूटा, वह "हिंसा" बनाम "अहिंसा" का नही, बल्कि वर्ग-स्वार्थ बनाम जन-संघर्ष का सवाल था। इसी चट्टान पर आन्दोलन टूटा था। अहिंसा का असली मतलब यही था।

३. संघर्ष की तीसरी बड़ी लहर (१६३०-३४)

बारदोली के धक्के के बाद पाच वर्ष तक राष्ट्रीय आन्दोलन को लकवा मारे रहा। कांग्रेस में बडी पस्ती आ गयी। १६२४ में गाधी जी ने बताया कि कांग्रेस अपने एक करोड मेम्बर बनाना चाहती थी, मगर वह दो लाख से ज्यादा मेम्बर नही बना सकी है। उन्होने कहा कि "हम राजनीतिज्ञ लोग सरकार के विरोध के सिवा और किसी बात में जनता का प्रतिनिधित्व नही करते।" गाधी जी ने उस वर्ष कांग्रेस के विधान में चर्खा कातने की शर्त रखवा दी थी, जिसके अनुसार चुनी हुई कमिटियो के सदस्यो को हर महीने दो हजार गज सूत खुद कातकर देना होता था। उसके मातहत, १६२५ के पतझड तक केवल १०,००० मेम्बर ही बन पाये। तब आखिर इस शर्त को हटा लिया गया और सूत कातकर देना सदस्यो की इच्छा पर छोड दिया गया। १६२५ में बम्बई क्रॉनिकल ने लिखा कि "चारो तरफ गतिरोध और जडता फैली हुई है।" उसी वर्ष लाला लाजपतराय ने "अराजकता और मत-भ्रम" का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि "राजनीतिक परिस्थिति आशाजनक और उत्साहप्रद कदापि नही है। जनता मे पस्ती आ गयी है। सिद्धान्त, पार्टिया और राजनीति, हर चीज टूटती-बिखरती दिखाई देती है।" राष्ट्रीय आन्दोलन की पस्ती के इस काल में साम्प्रदायिक झगडों की जहरीली हवा देश में चलने लगी। मुस्लिम लीग ने फिर अपने को कांग्रेस से अलग कर लिया। उसके जवाब में हिन्दू महासभा संकुचित और प्रतिक्रियावादी ढंग का प्रचार करने लगी।

कांग्रेस के नेताओ के एक हिस्से ने, जिसका प्रतिनिधित्व देशबधु चितरंजन दास और प. मोतीलाल नेहरू करते थे, बारदोली के फैसले के बाद एक नया मोड़ लेने की कोशिश की। ये लोग समझते थे कि गाधी जी की नीति अनुपयोगी और अव्यावहारिक है। इसलिए उन्होंने कांग्रेस के अन्दर रहते हुए, चुनाव लडने के लिए और नयी धारासभाओं में वैधानिक मोर्चे पर संघर्ष चलाने के लिए एक नयी पार्टी बनायी। इस पार्टी का नाम स्वराज्य पार्टी रखा गया।

जन-आन्दोलन की कमजोरी को देखते हुए चुनाव और धारासभाओं का बहिष्कार खतम करने का सुझाव निस्सदेह एक प्रगतिशील क़दम था। कांग्रेस के उन पुरानपथी, निष्क्रिय लोगो ने उसका विरोध किया जो "नो-चेंजर" या "अपरिवर्तनवादी" कहलाते थे और चर्खा, शराबबंदी, अछूतोद्धार तथा

ऐसे ही अन्य सामाजिक सुधारों के "रचनात्मक कार्यक्रम" को ही मुक्ति का एकमात्र मार्ग मानते थे। लेकिन ये लोग कांग्रेस के उस हिस्से को रोकने की सामर्थ्य नहीं रखते थे जो एक ज्यादा ठोस नीति अपनाना चाहता था। १६२४ तक कांग्रेस ने स्वराज्य पार्टी के सामने पूरी तरह और बिना शर्त हथियार डाल दिया। कांग्रेस में स्वराज्य पार्टी का बहुमत हो गया। उसके नेताओं ने कांग्रेस की बागडोर अपने हाथों में ले ली और गांधी जी कुछ समय के लिए पृष्ठभूमि में चले गये।

गांधी जी की नीति से आन्दोलन दलदल में फंस गया था। उससे हटना जरूरी था। लेकिन स्वराज्य पार्टी के नेता उससे इस तरह हटे कि जनता से और भी दूर हो गये। गांधी जी की नीति से आगे बढ़ने का केवल यही तरीका था कि जिन ऊपरी वर्गों के हितों के कारण राष्ट्रीय आन्दोलन के साथ विश्वासघात किया गया था, उनके प्रभुत्व को हटाकर राष्ट्रीय आन्दोलन को एक नये आधार पर, राष्ट्र के बहुमत के आधार पर, मजदूरों और किसानों के हितों के आधार पर खड़ा किया जाय, क्योंकि ये ही ऐसे वर्ग थे जिनका साम्राज्यवाद से समझौता करने में कोई लाभ नहीं था। जहां तक हवाई सिद्धान्तों का सवाल है, स्वराज्य पार्टी ने यह बात मान ली थी। देशबन्धु चितरंजन दास ने कहा था कि "हम लोग देश के ६८ प्रतिशत लोगों के लिए स्वराज्य चाहते हैं," और उनके ये शब्द सारे देश में गूंज उठे थे। नये कार्यक्रम में भी मोटे तौर पर मजदूरों और किसानों के संगठनों की आवश्यकता का जिक्र था। लेकिन असली तौर से स्वराज्य पार्टी पूंजीपति वर्ग के ऊपरी स्तर के प्रगतिशील लोगों की पार्टी थी। उसका अस्तित्व इसी स्तर के समर्थन पर निर्भर करता था। उसके प्रमुख नेता इसी वर्ग के थे। और वे लोग मजदूरों और किसानों के हितों के बारे में चाहे कितनी भावुकतापूर्ण बातें करते रहे हों, पर ऊपरी वर्गों का समर्थन प्राप्त करने के लिए उन्हें यह बात बिल्कुल साफ कर देनी पड़ी थी कि जमींदारी प्रथा और पूंजीवाद के लिए उनकी पार्टी से कोई खतरा नहीं है। इसीलिए स्वराज्य पार्टी की स्थापना के समय अपने उद्देश्यों का ऐलान करते हुए उसने पार्टी का एक खास उद्देश्य यह बताया था कि "निजी और व्यक्तिगत सम्पत्ति को मान्यता दी जायगी और उसकी रक्षा की जायगी, और हर आदमी को इस बात का अधिकार होगा कि वह धन और सम्पत्ति दोनों तरह का खासा व्यक्ति-

इसलिए, हालांकि स्वराज्य पार्टी बनाने का उद्देश्य एक प्रगतिशील कदम उठाना था, मगर व्यवहार मे उस पर जन-संघर्षों की लहर के नीचे गिरने की ही छाप थी। स्वराज्य पार्टी उस प्रगतिशील पूजीपति वर्ग की पार्टी थी जो वैधानिकता की ढालू ज़मीन पर बडी तेज़ी से लुढकता हुआ साम्राज्यवाद से सहयोग करने की ओर बढ रहा था। अपने जन्म से ही स्वराज्य पार्टी तथाकथित दुश्मन की ओर खिसकने लगी थी। शुरू में कहा गया था कि काउंसिलो मे जाने का उद्देश्य "केवल हर कदम पर रुकावट डालना" है। इस नीति के आधार पर १६२३ के चुनाव मे पार्टी की काफी बडी जीत हुई और उसने केन्द्रीय असेम्बली में सबसे बडी पार्टी के रूप मे प्रवेश किया। स्वतंत्र या लिबरल (पुराने नरमदली) सदस्यो के साथ मिलकर स्वराज्य पार्टी थोडी खीचतान करके अपना बहुमत भी कायम कर सकती थी। पार्टी के नेता देशबधु चितरजन दास ने असेम्बली में प्रवेश करने के समय ऐलान किया: "मेरी पार्टी यहां सहयोग करने के लिए आयी है। यदि सरकार उनका सहयोग स्वीकार करेगी, तो वह पायेगी कि स्वराज्य पार्टी के लोग उसके अपने आदमी हैं।" और १६२५ तक तो देशबधु यह कहने लगे थे कि उन्हे सरकार में "हृदय परिवर्तन" (यह कहना कितना गैरवाजिब था, इसे तत्कालीन भारत मत्री लार्ड बर्कनहेड के रुख से देखा जा सकता है जिन्होने उन्ही दिनो एक भाषण मे खुलेआम "भारतीय राष्ट्रीयता के भूत" की खिल्ली उडायी थी) के चिन्ह दिखाई दे रहे हैं। यह बात उन्होने फरीदपुर के अपने प्रसिद्ध बयान में कही थी और उसके साथ-साथ उन्होंने कुछ शर्तों के साथ सरकार से सहयोग करने का भी सुझाव रखा था। उनमें से एक शर्त यह थी कि स्वराज्य पार्टी और सरकार दोनों मिलकर क्रान्तिकारी आन्दोलन का विरोध करेंगी। लिबरलो के नेता ने इसके बाद कहा कि अब स्वराज्य पार्टी के साथ हमारा कोई खास मतभेद नही रह गया है। १६२६ के वसन्त में साबरमती के समझौते के रूप में पद-ग्रहण का फ़ैसला होने जा रहा था, लेकिन साधारण कार्यकर्ताओं के विरोध के कारण न हो सका। १६२६ के पतझड़ में नये चुनाव हुए। उनमें मद्रास के सिवा बाक़ी हर जगह स्वराज्य पार्टी को पीछे हटना पडा।

लेकिन साम्राज्यवाद से मधुर सहयोग करने के पूजीपति वर्ग के मीठे सपने पूरे होनेवाले नही थे। उनका भग होना लाजिमी था। जब यह बात साफ हो गयी कि राष्ट्रीय आन्दोलन की शक्तिया कमजोर पड गयी हैं, और जन-आन्दोलन से कटकर स्वराज्य पार्टीवालो के सामने समझौते के लिए गिडगिडाने के सिवा और कोई रास्ता नही रह गया है, तब साम्राज्यवाद ने भी अपने इजिन का मुह मोड़ दिया, और पिछले चन्द सालो में उसने भारत के पूजीपति वर्ग को जो छोटी-मोटी आर्थिक रियायतें दी थी, उन्हे वह वापस छीनने लगा। अब

साम्राज्यवाद ने अपना पूर्ण प्रभुत्व कायम करने के लिए एक बड़ा आर्थिक हमला शुरू किया। १९२७ में, मुद्रा क़ानून बनाकर रुपये की कीमत १ शिलिंग ६ पेंस निश्चित कर दी गयी। सारे देश ने इसका विरोध किया, मगर साम्राज्यवाद ने कोई परवाह न की। १९२७ में ही नया इस्पात संरक्षण क़ानून बनाया गया। १९२४ के क़ानून से भारत के इस्पात उद्योग को जो संरक्षण मिला था, वह इस कानून के द्वारा खतम कर दिया गया और इंगलैंड आनेवाले इस्पात पर चुंगी कम कर दी गयी। १९२७ के अन्त में भारत का भावी विधान बनाने के लिए साइमन कमीशन नियुक्त किया गया जिसमें एक भी भारतीय सदस्य न था।

इस प्रकार भारत के पूंजीपति वर्ग को अनिच्छा रहते हुए भी आखिर इस नतीजे पर पहुंचना पड़ा कि साम्राज्यवाद से सहयोग करने की आशाएं फलीभूत नहीं हो सकतीं और अगर अच्छा सौदा करना है, तो एक बार फिर जनता की शक्तियों को काम में लाना होगा। लेकिन अब दस वर्ष पहले के मुकाबले में परिस्थितियां बहुत ज्यादा कठिन और पेचीदा हो गयी थीं। कारण कि इस बीच जनता की शक्तियों ने नयी करवट लेनी शुरू कर दी थी, वे पृथक स्वतंत्र रूप से और अपने अलग उद्देश्यों के साथ देश के राजनीतिक रंगमंच पर प्रकट होने लगी थीं। उन्होंने न केवल साम्राज्यवाद के खिलाफ, बल्कि भारतीय शोषकों के विरुद्ध भी सक्रिय संघर्ष शुरू कर दिया था। इस प्रकार, अब स्वाधीनता के संघर्ष का तिहरा स्वरूप पहले से कहीं अधिक स्पष्ट हो गया था; या यह कहना चाहिए कि अब साम्राज्यवाद और भारतीय जनता का अधिक गहरा संघर्ष और भारत के पूंजीपति वर्ग की ढुलमुल भूमिका अधिक स्पष्ट हो गयी थी। इसलिए संघर्ष की नयी लहर इस बार एक नये रूप में सामने आयी। इस नयी लहर के प्रथम चिह्न १९२७ के उत्तरार्ध में दिखाई दिये और १९३०–३४ के बीच तक यह अपने पूरे जोर पर पहुंच गयी। यह नया संघर्ष एक तरफ तो पहले से अधिक व्यापक और तेज था और ज्यादा दिनों तक चला था; दूसरी तरफ उसका [illegible] कर, [illegible] के साथ, और उद्देश्यों के मामले में काफी ढुलमुल [illegible] दिखाई पड़ा और [illegible] [illegible] हुआ। बीच-बीच में समझौते की बातचीत शुरू हो जाती थी और बिना कोई समझौता हुए आन्दोलन [illegible] हो जाती थी। और अन्त में [illegible] हो [illegible] गया।

इसके साथ-साथ मजदूर वर्ग की नयी विचारधारा—समाजवाद का भारत में प्रचार होने लगा था। नौजवानों और उग्रवादी राष्ट्रीय कार्यकर्त्ताओं में इस नयी विचारधारा का काफी असर हुआ था, और उससे उन्हें एक नया जीवन, नयी शक्ति और अधिक व्यापक दृष्टिकोण प्राप्त हुए थे। समाजवाद भारत की राजनीति का एक नया तत्व बन गया था। १६२४ के कानपुर षडयंत्र केस से यह बात स्पष्ट हो गयी थी कि साम्राज्यवाद भी चौकन्ना हो गया है और वह मजदूर वर्ग की क्रान्तिकारी राजनीति के पहले अंकुरों को ही कुचल देना चाहता है। १६२६ और १६२७ में मजदूर-किसान पार्टी सामने आयी। उसके विकास ने १६२८ के ट्रेड यूनियन आन्दोलन और हड़तालों की प्रचंड लहर की भूमिका का काम किया। १६२८ में मजदूर हड़तालों की जो लहर आयी, उसमें ३१,६४७,००० काम के दिनों का नुकसान हुआ। पिछले पांच वर्षों की हड़तालों में कुल मिला कर भी इतने दिन जाया नहीं हुए थे। बम्बई के कपड़ा मजदूरों की नयी लड़ाकू यूनियन गिरनी कामगार यूनियन (लाल बावटा) के मेम्बरों की संख्या साल भर के अन्दर, सरकारी रजिस्टरों के अनुसार भी, ६५,००० तक पहुंच गयी। देश भर में मजदूर यूनियनों के मेम्बरों की संख्या में ७० प्रतिशत की बढ़ती हो गयी। इसी साल साइमन कमीशन के विरोध में जो प्रदर्शन हुए, उनमें राजनीतिक दृष्टि से मजदूर वर्ग ने सबसे आगे बढ़कर हिस्सा लिया। मजदूर यूनियनों की लड़ाकू वर्ग चेतना आगे बढ़ी और १६२६ में ट्रेड यूनियन कांग्रेस के अन्दर गरम दल की जीत हो गयी। संघर्ष की नयी लहर के उठने की सूचना इन सभी बातों से मिल चुकी थी। यही वह नयी शक्ति थी जो इस बार भारतीय जनता को संघर्ष के मार्ग पर बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही थी।

इस प्रगति की छाया कांग्रेस में भी दिखाई दी। कांग्रेस के अन्दर एक नया गरम दल बन गया। राष्ट्रीय आन्दोलन में एक नया वामपक्ष प्रकट होने लगा। १६२७ के अन्त में पं. जवाहरलाल नेहरू डेढ़ साल तक योरप का दौरा करने के बाद भारत लौटे। उन्होंने योरप में समाजवादी क्षेत्रों और उनके विचारों से सम्पर्क कायम किया था। १६२७ के आखीर में कांग्रेस का मद्रास अधिवेशन हुआ। उसमें भी नयी वामपक्षी प्रवृत्तियां दिखाई दीं, और यह स्पष्ट हो गया कि खासकर नौजवानों में उनका बहुत असर हो गया है। मद्रास अधिवेशन ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास किया जिसमें राष्ट्रीय आन्दोलन का लक्ष्य पूर्ण स्वाधीनता घोषित किया गया था। ध्यान रहे कि कांग्रेस के नेता अभी तक हमेशा इस तरह के प्रस्तावों का विरोध करते आये थे। इस बार प्रस्ताव के पास हो जाने का एक कारण यह भी था कि गांधी जी मद्रास अधिवेशन में उपस्थित नहीं थे। बाद को उन्होंने प्रस्ताव की निन्दा की और कहा कि यह जल्दी-जल्दी में और बिना सोचे-समझे पास कर दिया गया है। इसी

अधिवेशन में साइमन कमीशन का बहिष्कार करने का निश्चय हुआ; साथ ही यह भी फैसला किया गया कि नये विधान की सरकारी योजना के मुकाबले में भारतीय योजना बनाने के लिए एक सर्वदली सम्मेलन हो और उसमें कांग्रेस भाग ले। कांग्रेस ने अन्तरराष्ट्रीय साम्राज्य-विरोधी लीग में शामिल होना स्वीकार किया। प. नेहरू और सुभाष बोस नौजवानों के और कांग्रेस के अन्दर बढ़ती हुई वामपक्षी प्रवृत्तियों के मुख्य नेता समझे जाते थे। वे कांग्रेस के प्रधान मंत्री नियुक्त कर दिये गये।

ऊपर से देखने में लगता था कि १९२७ के अधिवेशन में वामपक्ष की विजय हुई है। लेकिन असल में, यह जीत एक सतही चीज थी। उसका आधार यह था कि किसी ने मद्रास में वामपक्ष का विरोध नहीं किया था। १९२८ में जैसे-जैसे घटनाचक्र आगे बढ़ा, वैसे-वैसे कांग्रेस के पुराने नेता चौकन्ने होते गये। साइमन कमीशन के विरोध में बड़े सफल प्रदर्शन हुए। हड़तालों की लहर और ऊंची उठी। "इंडिपेंडेंस (स्वाधीनता) लीग" नामक संस्था, जो अभी हाल में कायम हुई थी, और युवकों तथा विद्यार्थियों के संगठन बड़ी तेजी से विकास करने लगे। इन सब बातों से पुराने नेताओं के सामने यह चीज साफ हो गयी कि वामपक्ष एक ऐसी जबर्दस्त ताकत बनता जा रहा है जो पूरी कांग्रेस पर कब्जा कर सकता है। सर्वदली सम्मेलन में पुराने नेताओं ने कांग्रेस के बाहर के नरमदलों या प्रतिक्रियावादी नेताओं के साथ मिलकर एक वैधानिक योजना बनायी (जो कि नेहरू रिपोर्ट के नाम से प्रसिद्ध है, क्योंकि योजना बनानेवाली समिति के अध्यक्ष प. मोतीलाल नेहरू थे)। इस योजना में ब्रिटिश साम्राज्य के अन्दर रहते हुए जिम्मेदार सरकार की माग की गयी थी और इस प्रकार स्वाधीनता की माग को दरकिनार कर दिया गया था। लेकिन जनता की बढ़ती हुई भावनाओं को देखते हुए इसमें शक था कि कांग्रेस नेहरू रिपोर्ट को स्वीकार कर लेगी।

हालत बहुत नाजुक थी। इस साल पहले के मुकाबले में जमाना बहुत आगे बढ़ गया था। और इस परिस्थिति में ऐसा लग रहा था कि बड़े-बड़े [illegible] होकर रहेंगे। ऐसी हालत में, नरमदली नेताओं ने फिर उसी गांधी की शरण ली जिसे उन्होंने गद्दी से हटा दिया था। १९२८ के अन्त में कांग्रेस का अधिवेशन कलकत्ते में हुआ। वहां गांधी जी को फिर कांग्रेस का अगुआ बना दिया गया। उनकी व्यक्तिगत विचारधारा के बारे में नरमदली नेता चाहे कुछ भी सोचते रहे हों, पर इसमें किसी को शक न था कि पुराने नेताओं में सबसे [illegible] और अनुभवी आदमी वही हैं, जिनका जनता पर इतना जबर्दस्त असर है कि कोई उनका मुकाबला नहीं कर सकता, और जिनकी [illegible] ने भारत का सबसे महान व्यक्ति बना दिया है। [illegible] की पूजा और [illegible] के प्रति धार्मिक एवं आदर्शवादी सिद्धान्तों के आधार पर [illegible]

मुनियों की भांति सम्पत्ति का समर्थन करते थे। शास्त्रार्थ में बाल की खाल निकालनेवाले तार्किकों की भांति वह व्याख्याओं और दलीलों का ऐसा जाल फैला सकते थे जिसमें हर अच्छी और बुरी बात सही मालूम पड़े। साधारण मिट्टी के बने हुए आदमियों में यह बात बेईमानी समझी जाती; मगर जब रैमजे मैकडोनल्ड या गांधी जी जैसे महान व्यक्ति इस तरह की दलीलें देते हैं, तो उनकी गिनती ऐसे महात्माओं में होने लगती है जो तर्क और विवेक से ऊपर उठकर केवल अन्तरात्मा की पुकार सुनते हैं। नरमदली नेताओं को यह एक ऐसा मसीहा मिला था जो अपने व्यक्तिगत महात्मापन और त्याग से जनता के हृदय कपाट खोल देता था, जहां से कि नरमदली पूंजीवादी नेता सिर पटक-पटककर लौट आते थे। और यह एक ऐसा नेता था जिसकी रहनुमाई स्वीकार करने पर हर जन-आन्दोलन के ठप हो जाने की गारंटी हो जाती थी। क्रान्ति की नैया को हर बार मझधार में डुबोनेवाला यह खेवनहार मानो पूंजीपति वर्ग के लिए शुभ घड़ी लानेवाला तावीज़ बन गया था, जिसे वह संघर्ष की हर बड़ी लहर के उठने पर पहन लेता था। इसीसे भारतीय राजनीति के इस सम्पूर्ण युग की यह प्रधान विशेषता—हर देशव्यापी आन्दोलन का यह अलिखित नियम—पैदा हुआ कि जब कभी कोई आन्दोलन होता था, तो गांधी जी का नेतृत्व अनिवार्य हो जाता था (वास्तव में, इससे यह प्रकट होता था कि वर्ग-शक्तियों का सतुलन कितना नाज़ुक है)। जब कभी आन्दोलन छेड़ना आवश्यक होता था, तभी पूंजीपति वर्ग की सारी आशाएं (विरोधी लोग कह सकते हैं कि साम्राज्य-वाद की सभी आशाएं) गांधी जी पर केन्द्रित हो जाती थीं, क्योंकि वही एक ऐसे व्यक्ति थे जो आन्दोलन की लहरों पर सवारी गांठ सकते थे, उनको क़ाबू में रख सकते थे, और जिनमें यह सामर्थ्य थी कि बस इतना जन-आन्दोलन छेड़ें जिससे साम्राज्यवाद के साथ सौदा पट जाय और साथ ही जो भारत को क्रान्ति से भी बचा ले जाय।

दिसम्बर १६२८ में, कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में नेहरू रिपोर्ट को स्वीकार कराने में गांधी जी को काफी दिक्क़त हुई। उन्होंने जो प्रस्ताव बनाया था, उसमें कहा गया था कि इस रिपोर्ट का यह मतलब नहीं है कि पूर्ण स्वतं-त्रता का लक्ष्य छोड़ दिया गया है, और अगर सरकार ३१ दिसम्बर, १६२६ तक यह रिपोर्ट नहीं मंज़ूर कर लेती, तो कांग्रेस एक बार फिर अहिंसात्मक असहयोग आन्दोलन छेड़ेगी और इस बार कर-बन्दी से शुरू करेगी। (गांधी जी ने पहले अपने प्रस्ताव में ३१ दिसम्बर, १६३० की तारीख रखी थी और सरकार को दो वर्ष की मुहलत दी थी; लेकिन अधिवेशन ने सिर्फ एक साल की मुहलत देना ही स्वीकार किया।) यह प्रस्ताव भी अपेक्षाकृत कम वोटों से पास हुआ। उसके पक्ष में १,३५० वोट आये, जब कि सुभाष बाबू और पं. जवाहर

लाल नेहरू के उस उग्रवादी संशोधन के पक्ष में ९७३ वोट पड़े, जिसमें नेहरू रिपोर्ट के बदले पूर्ण स्वतंत्रता को अपना तात्कालिक लक्ष्य घोषित किया गया था। इस प्रकार आन्दोलन छेड़ने की बात साल भर के लिए टाल दी गयी, हालांकि १९२८ की घटनाओं ने यह बात साफ हो गयी थी कि जनता की बेचैनी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। साम्राज्यवाद को पहले से बता दिया गया कि साल भर बाद हम आन्दोलन करनेवाले हैं, उसे दबाने के लिए जो तैयारी करना चाहो अभी से कर लो। सुभाष बाबू ने लिखा है: "कलकत्ता कांग्रेस के टालमटूल के प्रस्ताव का सिर्फ यह नतीजा हुआ कि बेशकीमत वक्त हाथ से निकल गया।" इस बीच कांग्रेसी नेताओं को एक चेतावनी भी मिल गयी थी। कलकत्ते के २०,००० मजदूरों ने (कांग्रेस के इतिहास में उनकी संख्या ५०,००० बतायी गयी है) कांग्रेस पंडाल में घुसकर राष्ट्रीय स्वतंत्रता और "स्वतंत्र समाजवादी भारतीय प्रजातंत्र" के नारों के साथ प्रदर्शन किया। वे लोग दो घंटे तक पंडाल पर कब्जा किये रहे। सुधारवादी नेताओं को उनके लिए मंच छोड़ देना पड़ा और राष्ट्रीय स्वतंत्रता के लिए दृढ़ संघर्ष छेड़ने की मजदूर वर्ग की मांग को सुनना पड़ा।

बारह महीने की इस देरी से साम्राज्यवाद को अपनी कमर कसने का मौका मिल गया। उसने इस अवसर को हाथ से नहीं जाने दिया। मार्च १९२९ में उठते हुए मजदूर आन्दोलन के सभी प्रमुख नेताओं को देश के विभिन्न भागों में गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर दूर मेरठ में मुकदमा चलाया गया जहां बिना जूरी के मुकदमे की सुनवाई हो सकती थी। यह मुकदमा चार साल तक चलता रहा और इस दौरान में मजदूर नेता जेल में बन्द रहे। इस बीच जनता की लहर उठी और उतरकर दब भी गयी, मगर इन लोगों को सजाएं तक न सुनायी गयीं। गिरफ्तार नेताओं में मजदूर यूनियनों और मजदूर-किसान पार्टी के प्रमुख नेताओं के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी, यानी कांग्रेस की सबसे ऊंची चुनी हुई कमिटी के तीन सदस्य भी शामिल थे। इस तरह, कांग्रेस के नेतृत्व में संघर्ष छिड़ने के पहले ही मजदूर वर्ग का सिर काट डाला गया और आन्दोलन के सबसे सुलझे हुए और होशियार नेताओं को, जिनका जनता पर सबसे प्रभाव था, जेल में बन्द कर दिया गया। साथ ही, सरकार ने जन-सुरक्षा आर्डिनेंस जारी कर दिया जिसका उद्देश्य भी मजदूर आन्दोलन को कुचलना था।

नेता प. जवाहरलाल नेहरू को, जो समाजवाद से सहानुभूति प्रकट कर चुके थे, नामजद कर दिया। उस समय अपनी पसन्द के हक में दलील देते हुए उन्होंने प. नेहरू के बारे में कहा :

> "देश-प्रेम में कोई भी उनसे आगे नही बढ सकता। वह वीर और भावुक हैं, और इस समय इन गुणों की बडी आवश्यकता है। लेकिन संघर्ष में दृढता और भावुकता का परिचय देने के साथ-साथ उनमें एक राजनीतिज्ञ के विवेक से काम लेने की क्षमता भी है। वह अनुशासन-प्रेमी हैं और अपने कार्यों के द्वारा यह सिद्ध कर चुके हैं कि उनमें असहमत होते हुए भी फैसलो को मानने की क्षमता है। वह विनम्र स्वभाव के हैं और इतने व्यावहारिक भी हैं कि कभी हवा मे नही उडने लगते। उनके हाथों में देश बिलकुल सुरक्षित है।"

नरमदली नेताओं ने साम्राज्यवाद से समझौता करने की एक आखिरी कोशिश की। ३१ अक्तूबर, १६२६ को वायसराय ने एक बहुत ही स्पष्ट किस्म का बयान दिया जिसमे आगे चलकर कभी "डोमीनियन स्टेटस के लक्ष्य" तक पहुंचने का कुछ जिक्र था। लन्दन के टाइम्स तक ने बयान के अगले दिन लिखा कि इस बयान में "न तो कोई वायदा किया गया है और न ही उससे नीति में कोई परिवर्तन मालूम होता है।" लेकिन भारतीय नेताओ ने इस बयान के निकलते ही तुरन्त एक संयुक्त वक्तव्य जारी कर दिया—जो बाद में दिल्ली का घोषणा-पत्र नाम से प्रसिद्ध हुआ। इस बयान में सरकार से हार्दिक सहयोग करने का आश्वासन दिया गया था और कहा गया था कि "हम सरकार के बयान से प्रकट होनेवाली सरकार की सच्ची भावना का आदर करते हैं...। भारत की आवश्यकताओं के अनुकूल डोमीनियन विधान की कोई योजना बनाने के लिए सम्राट की सरकार जो भी प्रयत्न करेगी, हम आशा करते हैं कि हम उसमें सहयोग दे सकेंगे।" इस वक्तव्य पर गांधी जी, श्रीमती बेसेंट, पं. मोतीलाल नेहरू, सर तेजबहादुर सप्रू, प. जवाहरलाल नेहरू, आदि ने हस्ताक्षर किये। जवाहरलाल जी उससे असहमत थे और बाद को उन्होंने लिखा कि यह वक्तव्य "गलत और खतरनाक" था। लेकिन उन्ही के शब्दो में, उस वक्त उनसे "बातों-बातों में बयान पर दस्तखत करा लिये गये।" दलील यह दी गयी कि वह कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गये हैं, इसलिए यदि वह दस्तखत नही करेगे तो एकता भग हो जायगी। और दस्तखत करने के बाद गाधी जी ने उन्हें एक पत्र लिखकर दिलासा दिया जिससे उनका संशय दूर हो गया। साम्राज्यवाद को दिल्ली का घोषणा-पत्र पढ़कर बहुत खुशी हुई। उसने समझा कि नेता कमजोर पड़ रहे हैं। (टाइम्स ने ४ नवम्बर, १६२६ को लिखा : "कल रात को जो बयान प्रकाशित हुआ है,

उसका यह मतलब है कि जिस कार्यक्रम के लिए लाहौर में कांग्रेस का अधिवेशन होनेवाला था, उसे अब रद्द कर दिया गया है।") वक्तव्य से सिवा इसके कोई प्रत्यक्ष लाभ नहीं हुआ कि कांग्रेस-जनों की उलझन बढ़ गयी। लाहौर अधिवेशन के कुछ दिन पहले कांग्रेस के नेता वायसराय से भी मिले; मगर उससे कोई फल नहीं निकला।

चुनांचे १९२९ के आखीर में लाहौर अधिवेशन हुआ और उसमें आन्दोलन छेड़ने का फ़ैसला कर दिया गया। नेहरू रिपोर्ट में डोमीनियन स्टेटस लक्ष्य घोषित किया गया था। लाहौर में ऐलान कर दिया गया कि नेहरू रिपोर्ट का समय बीत गया है, आगे से कांग्रेस का ध्येय "पूर्ण स्वराज्य" रहेगा। कांग्रेस ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी को इस बात का अधिकार दे दिया कि "वह जब भी उपयुक्त समझे, सविनय अवज्ञा आन्दोलन छेड़ दे, जिसमें कर-बन्दी भी शामिल रहे।" आधी रात को जब पुराना साल ख़तम हुआ और १९३० आरम्भ हुआ तो भारतीय स्वाधीनता का तिरंगा झंडा फहराया गया (इस झंडे में पहले लाल, सफ़ेद और हरा, ये तीन रंग थे; बाद को लाल की जगह केसरिया रंग कर दिया गया)। २६ जनवरी, १९३० को सारे देश में पहला स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। हर जगह विराट प्रदर्शन और सभाएं हुईं जिनमें पूर्ण स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने की प्रतिज्ञा की गयी। जनता ने घोषणा की कि अंग्रेज़ी राज को "अब और मानना मनुष्य और भगवान के प्रति पाप करना है;" और अपना विश्वास प्रकट किया कि "यदि हम सरकार से स्वेच्छा-पूर्वक सहयोग करना और उसे कर देना बन्द कर दें और उकसाये जाने पर भी हिंसा न करें, तो यह अमानुषिक राज अवश्य ही ख़तम हो जायगा।"

अब जो संघर्ष शुरू हो रहा था, उसका ध्येय क्या था ? इस आन्दोलन की योजना क्या थी ? कम से कम वे कौन सी मांगें थीं जिन पर सरकार से समझौता करना उचित समझा जाता था ? ब्रिटिश सरकार पर इतना दबाव डालने के लिए कि वह "अमानुषिक राज ख़तम हो जाय," क्या तरीका सोचा गया था ? इन तमाम सवालों पर शुरू में ही कोई सफ़ाई न थी।

किन्तु गाधी जी की धारणा यह नही थी। लाहौर अधिवेशन खतम होते ही न्यूयार्क वर्ल्ड के ६ जनवरी के अंक में उनका एक बयान प्रकाशित हुआ। उसमें कहा गया था कि "स्वतंत्रता के प्रस्ताव से किसी को डरना नही चाहिए।" (मार्च में उन्होंने वायसराय के नाम खत लिखकर इसी बात को फिर दोहराया।) ३० जनवरी को उन्होंने अपने पत्र यंग इंडिया में ग्यारह शर्तें रखी और कहा कि अगर ये शर्तें मान ली जाय तो आन्दोलन नही होगा। इन शर्तों में छोटे-मोटे सुधारो की माग थी (जैसे : रुपये की क़ीमत १ शिलिंग ४ पेंस हो, देश में मुकम्मिल शराबबन्दी हो, मालगुज़ारी और फ़ौजी खर्च घटाया जाय, विदेशी कपडे पर चुंगी लगायी जाय ताकि देशी कपड़े के उद्योग की रक्षा हो सके, आदि)। संघर्ष आरम्भ करने के ठीक पहले इन ग्यारह शर्तों को प्रकाशित करके विरोधी पक्ष के सामने यह बात साफ़ कर दी गयी कि स्वतंत्रता की मांग केवल मोल-भाव करने के लिए है; बाजार में सौदे की बातचीत शुरू होने पर जिस प्रकार आरम्भ में भाव को खूब बढ़ा-चढ़ाकर बताया जाता है, वैसे ही यहां भी देश की माग को एकदम बढाकर रखा गया है, मगर सौदा उससे बहुत कम पर भी पट सकता है।

आन्दोलन की रणनीति भी इतनी ही अस्पष्ट थी। फ़रवरी १९३० में साबरमती में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की बैठक हुई। उसने आन्दोलन चलाने के लिए कोई उप-समिति नही चुनी, बल्कि एक बार फिर आन्दोलन की बागडोर पूरी तरह "महात्मा गाधी और उनके सहयोगियों" के हाथो में सौंप दी। दलील यह दी गयी कि "सविनय अवज्ञा आन्दोलन का श्रीगणेश उन लोगो को करना चाहिए, और उन्ही लोगों के हाथों में उसकी बागडोर रहनी चाहिए जो...एक धार्मिक विश्वास के रूप में अहिंसा में यक़ीन करते हैं।" कांग्रेस के चुने हुए नेताओं ने इस प्रकार आन्दोलन का नेतृत्व दूसरे लोगों के हाथों में सौंप दिया और उन्हे यह हिदायत भी नही दी कि आन्दोलन किस तरह चलाया जाय। तब फिर आखिर संघर्ष किस प्रकार चलाया जानेवाला था? लाहौर अधिवेशन की चर्चा करते हुए सुभाष बाबू ने यह लिखा है :

> "वामपक्ष की ओर से मैंने यह प्रस्ताव रखा था कि कांग्रेस को देश में एक समानान्तर सरकार कायम करना चाहिए और उसके लिए मजदूरो, किसानों और नौजवानों का सगठन करना चाहिए। यह प्रस्ताव गिर गया, और उसका यह परिणाम हुआ कि कांग्रेस ने पूर्ण स्वतंत्रता का ध्येय तो स्वीकार कर लिया, मगर उसे प्राप्त करने की कोई योजना नही बनायी गयी, और न ही आगामी वर्ष के लिए कोई कार्यक्रम तैयार किया गया। इससे अधिक हास्यास्पद दशा और क्या हो सकती थी?"

प. जवाहरलाल नेहरू ने भी यह लिखा है :

"फिर भी आगे के बारे में हमें साफ़-साफ़ कुछ न सूझता था। हालांकि कांग्रेस अधिवेशन में बड़ा जोश दिखाई देता था, मगर कोई नहीं जानता था कि लड़ाई के कार्यक्रम का देश कहां तक साथ देगा। हम इतने आगे बढ़ गये थे कि अब पीछे नहीं लौट सकते थे। लेकिन आगे का रास्ता कैसा है, इसका हमें लगभग तनिक भी ज्ञान न था।"

जो लोग यह मांग कर रहे थे कि उन्हें आन्दोलन की योजना बताई जाय, उनको डांटते हुए, डॉ. पट्टाभि सीतारमय्या ने यह लिखा है :

"साबरमती में जो लोग जमा थे, उन्होंने गांधी जी से पूछा कि आपकी योजना क्या है। उनका पूछना सही ही था, हालांकि महायुद्ध के पहले कोई आदमी लार्ड किचनर या मार्शल फोक अथवा वॉन हिंडेनबर्ग से यह कभी न पूछता कि उनकी युद्ध की योजनाएं क्या हैं। योजनाएं उन सबके पास थीं, परन्तु उनमें से बताता कोई नहीं था। पर सत्याग्रह में यह नहीं होता। हमारी योजनाओं में कोई भी गुप्त बात नहीं थी। लेकिन उनमें कोई स्पष्ट बात भी नहीं थी। हमारा विश्वास था कि हमारे आन्दोलन की योजनाएं तो धीरे-धीरे अपने-आप उसी तरह प्रकट होती जायेंगी, जैसे कोहरे से ढकी हुई सुबह के क्षीण प्रकाश में एक तेज चलती मोटर को आगे का रास्ता धीरे-धीरे, एक-एक गज करके, अपने-आप दिखाई देता जाता है। हमारा विश्वास था कि सत्याग्रही तो मानो अपने मस्तक पर ऐसी रोशनी बांधकर चलता है, जो उसे अगले कदम के लिए रास्ता दिखाती चलती है।" (कांग्रेस का इतिहास)

इस प्रकार सब कुछ इसी पर निर्भर था कि खुद गांधी जी आन्दोलन के बारे में क्या सोचते हैं। देश के भाग्य को पूरी तौर पर उन्हीं के हाथों में छोड़ दिया गया था।

से ही काम चल जाने की उम्मीद की जा सकती थी। जाहिर है कि लाहौर अधिवेशन में पहली तरह के आन्दोलन की बात सोची गयी थी और भारत की साधारण जनता भी उसी की आशा कर रही थी। लेकिन अगर यही उद्देश्य था तो इतने बड़े काम को सभालने के लिए और इतने ताकतवर दुश्मन को पस्त करने के लिए जरूरी था कि अपनी तरफ की ज्यादा से ज्यादा ताकत बटोरकर दुश्मन पर चढ़ाई की जाती, ताकि वह जवाबी हमले की बात सोचने के पहले ही ढेर हो जाता। ऐसा करने पर ही आन्दोलन में किसी सफलता की आशा की जा सकती थी; और इसके लिए आवश्यक था कि देश में आम हड़ताल का नारा दिया जाता और उसके पीछे कांग्रेस तथा मजदूर आन्दोलन की पूरी शक्ति लगा दी जाती, सभी किसानों से लगान और कर देना बन्द कर देने के लिए कहा जाता; और एक समानान्तर सरकार कायम की जाती जिसकी अपनी अदालतें, स्वयंसेवक दल, आदि होते। उस वक्त देश में जैसा वातावरण था और जनता में जैसी भावनाएं थीं, उनको देखते हुए यह आशा की जा सकती थी कि यदि इस प्रकार का आन्दोलन बहुत ही तेजी और दृढता से चलाया जाता, तो वह जनता की जत्थेबन्दी करने में कामयाब होता, साम्राज्यवाद का कोई सहायक न रह जाता (गढवाली सिपाहियों की बगावत तथा पेशावर और शोलापुर के अनुभव से इस बात की पुष्टि होती है) और देश स्वतंत्रता प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ जाता।

परन्तु गाधी जी की धारणा यह नही थी। बल्कि सच तो यह है कि उन दिनों की और बाद की उनकी तमाम बातों से यही जाहिर होता था कि उनको सबसे अधिक चिन्ता इस बात की थी कि आन्दोलन को इस रास्ते पर बढने से कैसे रोका जाय। मई १६३१ में प्रकाशित एक लेख में गांधी जी ने बताया कि यदि अहिंसा के सिद्धान्त से "बाल बराबर भी हटने" से जीत मिलती हो, तो वह जीत से हार ज्यादा पसन्द करेंगे। उनके शब्द थे :

> "अहिंसा से बाल बराबर भी हटकर जो सत्तात्मक सफलता मिलनेवाली हो, उसके मुकाबले में यह ज्यादा पसन्द करूंगा कि अहिंसा पर बट्टा न लगे, भले ही हमारी एकदम हार हो जाय।"

२ मार्च, १६३० को वायसराय के नाम पत्र लिखकर गाधी जी ने यह स्पष्ट कर दिया कि उनके विचार में आगामी संघर्ष के पीछे कौन सी शक्तियां काम कर रही हैं और वह किस उद्देश्य से उसका नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने अपने पत्र में यह लिखा था :

> "हिंसा का पक्ष बलवान हो रहा है और उसका प्रभाव प्रकट होने लगा है। ...मेरा उद्देश्य यह है कि हिंसा के बढ़ते हुए पक्ष को असंगठित

हिंसा के खिलाफ और उसके साथ-साथ अंग्रेजी शासन की संगठित हिंसा के खिलाफ भी मैं उस शक्ति को (अहिंसा की शक्ति को) मैदान में ले आऊं। इस समय चुपचाप बैठे रहना उपरोक्त दोनों शक्तियों को खुल खेलने का मौका देना होगा।"

इस प्रकार, जन-संघर्ष आरम्भ होने के ठीक पहले गांधी जी ने दो मोर्चों पर लड़ने का ऐलान कर दिया। उनका संघर्ष केवल अंग्रेजी राज के ही खिलाफ नहीं था, बल्कि अपने अन्दरूनी दुश्मन के खिलाफ भी था। दो मोर्चों पर लड़ने की यह धारणा भारतीय पूंजीपति वर्ग की भूमिका के सर्वथा अनुकूल थी। यह वर्ग जन-आन्दोलन की साम्राज्यवाद से बढ़ती हुई टक्कर को देखकर दहल सा रहा था। वह देख रहा था कि उसके पैरों तले की जमीन खिसकी जा रही है। इसलिए, मजबूर होकर उसे संघर्ष की बागडोर अपने हाथों में लेनी पड़ी थी। वह जानता था कि इस काम में "भयानक खतरा" है (वायसराय के नाम अपने पत्र में गांधी जी ने इन्हीं शब्दों का प्रयोग किया था)। लेकिन उसके लिए जरूरी हो गया था कि वह आन्दोलन को सीमाओं में बांधकर रखे (क्योंकि "इस समय चुपचाप बैठे रहना उपरोक्त दोनों शक्तियों को खुल खेलने का मौका देना होगा") और अहिंसा के जादू की छड़ी से दोनों शक्तियों को मनाने की कोशिश करे। लेकिन, बाद के दिनों में जिस तरह स्पेन के मामले में दुनिया की जनतांत्रिक सरकारों की "हस्तक्षेप न करने" की बदनाम नीति एकतरफा ढंग से बरती गयी, उसी तरह गांधी जी की यह "अहिंसा" भी "एकतरफा अहिंसा" साबित हुई। भारतीय जनता के लिए तो यह "अहिंसा" थी, लेकिन साम्राज्यवाद के लिए नहीं। वह दिल खोलकर हिंसा करता रहा—और अन्त में जीत भी उसी की हुई।

कल-कारखानों में काम करनेवाले मजदूर संघर्ष में भाग लेंगे। गांधी जी ने अपने हरेक बयान में यह बात साफ़ कर दी थी कि भारत में उन्हें सबसे ज्यादा डर इसी एक वर्ग से लगता है। इस प्रकार के संघर्ष में किसानों का समर्थन प्राप्त करने की क्षमता अवश्य थी, और साथ ही इस बात का भी कोई भय नहीं रहता था कि वे ज़मींदारों के खिलाफ संघर्ष करने लगेंगे। आन्दोलन को सीमाओं में रखने के अपने बन्दोबस्त को और भी मज़बूत करने के लिए गांधी जी ने ऐलान किया कि शुरू में वह खुद और उनके कुछ शिष्यों का एक छोटा सा जत्था ही नमक सत्याग्रह करेगा। उन्होंने लिखा :

> "जहां तक मेरा सम्बंध है, मैं चाहता हूं कि केवल आश्रमवासियों और उन लोगों के ज़रिए यह आन्दोलन शुरू करूं जो आश्रम का अनुशासन स्वीकार कर चुके हैं और जिन्होंने उसकी कार्यप्रणाली हृदयंगम कर ली है।"

इस प्रकार, समुद्र के किनारे-किनारे गांधी जी और उनके ७८ चुने हुए अनुयायियों ने डांडी-यात्रा आरम्भ की। तीन क़ीमती हफ्ते बीत गये। दुनिया के अखबारों के फोटोग्राफ़र तसवीरें खींचते रहे। जनता से कहा गया — अभी इन्तज़ार करो; देखो, क्या होता है। अखबारों, सिनेमाघरों और प्रचार के अन्य साधनों के ज़रिए डांडी-यात्रा का घनघोर प्रचार हुआ। कांग्रेस के नेता समझते थे कि जनता को जगाने और जत्थेबन्द करने के लिए यह नीति खूब सफल रही। इसमें सन्देह नहीं कि इससे जनता के पिछड़े हुए हिस्सों को जगाने में सचमुच मदद मिली थी। लेकिन साथ ही साम्राज्यवादी सरकार ने डांडी-यात्रा का प्रचार करने की जो खुली छूट दे रखी थी, उसकी वजह महज़ सिधाई या नासमझी नहीं थी। आगे चलकर सरकार ने जो रुख अपनाया, वह बहुत भिन्न था। और सुभाष बाबू को तो संघर्ष शुरू होने के पहले, स्वतंत्रता दिवस के पहले ही पकड़ लिया गया था क्योंकि उनको सरकार वामपक्षी राष्ट्रवादियों का नेता समझती थी। साम्राज्यवाद डांडी-यात्रा का महत्व अच्छी तरह समझता था। सरकार ने जान-बूझकर उसके प्रचार में मदद दी ताकि आन्दोलन की गाड़ी *उस लीक में जाकर फंस जाय जो गांधी जी ने उसके लिए तैयार की थी।*

फिर भी, तीन हफ्ते खतम होने पर जब ६ अप्रैल को गांधी जी ने समुद्र के किनारे धूम-धाम से नमक बनाया (और वह पकड़े नहीं गये), तो सारे देश में यकायक जन-आन्दोलन का ऐसा तूफ़ान उठ खड़ा हुआ कि उसे देखकर दोनों तरफ़ के नेता अचम्भे में रह गये। गांधी जी की तरफ़ से बहुत ही सीमित और अपेक्षाकृत अ-हानिकर ढंग का सत्याग्रह करने का आदेश दिया गया था। लोगों से कहा गया था कि वे नमक-क़ानून तोड़ें, विदेशी कपड़ों का बहिष्कार करें,

गांधी जी का प्रत्येक शान्तिवादी भक्त और प्रशंसक इस वाक्य पर विचार करे। बारदोली के फैसले की तरह ही, इस वाक्य से भी "अहिंसा" का असली मतलब एकदम साफ हो जाता है।

जब यह बात साफ हो गयी कि जन-आन्दोलन का वेग उस पर लगायी गयी सीमाओं को तोड़े डाल रहा है, और गांधी जी की बात को लोग कम मानने लगे हैं, तो सरकार ने, जिसने अभी तक गांधी जी को छुट्टा छोड़ रखा था, ५ मई को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सरकारी विज्ञप्ति में गिरफ्तारी का कारण बताते हुए कहा गया :

> "मि. गांधी इन हिंसात्मक उपद्रवों की बराबर निन्दा करते आये हैं, लेकिन अपने अनुशासन-विहीन अनुयायियों के खिलाफ़ उनकी आवाज़ दिन-ब-दिन कमज़ोर पड़ती जा रही है, और यह बात स्पष्ट है कि अब वह उनको काबू में रखने में असमर्थ हैं।...नज़रबन्दी के दौरान में उनके स्वास्थ्य और आराम का पूरा-पूरा ख़याल रखा जायगा।"

गांधी जी की गिरफ़्तारी का देश पर क्या प्रभाव पड़ा था, यह हड़तालों की देशव्यापी लहर से प्रकट हो गया। बम्बई प्रांत के शोलापुर नामक औद्योगिक नगर की आबादी १४०,००० थी। उसमें से ५०,००० कपड़ा-मिलों के मजदूर थे। उन्होंने शहर पर कब्ज़ा कर लिया। पुलिस की जगह मजदूरों ने ले ली और अपना शासन कायम कर लिया। सात दिन तक यही हालत रही। आखिर १२ मई को वहां मार्शल-लॉ जारी हो गया। १४ मई, १९३० को टाइम्स अखबार के संवाददाता ने लिखा, "भीड़ के ऊपर कांग्रेस के नेताओं तक का कोई नियंत्रण नहीं रह गया था। वह खुद अपनी हुकूमत कायम करना चाहती थी।" पूना के स्टार नामक पत्र ने लिखा : "लोगों ने हुकूमत अपने हाथों में ले ली थी और वे अपने कायदे कानून चलाने की कोशिश कर रहे थे।" उस समय के लोगों की गवाहियों से पता चलता है कि विद्रोही जनता ने शोलापुर में पूर्ण व्यवस्था कायम कर रखी थी।

सरकार राजबन्दी मानती थी। राष्ट्रवादियों ने उस जमाने की गिरफ्तारियों का हिसाब बडी तफसील से रखा है। उसके अनुसार ९०,००० लोगो को ग्रान्दोलन के सिलसिले में सजाए दी गयी थी। कांग्रेस का इतिहास में लिखा गया है कि "१९३०–३१ मे दस महीने के भीतर ही ९०,००० मर्दों, औरतो और बच्चों को सजाएं सुना दी गयी।" यह सब ब्रिटेन में "लेबर" (मजदूर-दली) सरकार के रहते हुए हुआ। इसलिए कोई आश्चर्य नही यदि प्रतिक्रियावादी पत्र ओब्ज़र्वर ने २७ अप्रैल, १९३० को यह लिखा : "यह बड़े सौभाग्य की बात है" कि इस वक्त ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सरकार है, और "भारत की हालत को देखते हुए अब यह बात एक सार्वजनिक आवश्यकता बन गयी है कि लेबर मंत्रि-मंडल को क़ायम रखा जाय।"

लोगों को जेलो मे डाल देना दमन का सबसे नरम रूप था। जेलें ठसाठस भर गयी थी, और यह बात साफ हो गयी थी कि जेलें भरने से ग्रान्दोलन नही रुक सकता। इसलिए सरकार जिस मुख्य अस्त्र का उपयोग कर रही थी, वह शारीरिक यातना का अस्त्र था। इस काल मे जितने अधाधुध लाठी-चार्ज हुए, जितने लोगों को बेरहमी से पीटा गया, जितनी बार निहत्थी जनता पर गोली चलायी गयी, जितने मर्दों और औरतो को जान से मार डाला गया और जख्मी किया गया, और जितने गांवो और शहरो पर चढाई की गयी, उन सबका यदि पूरा हिसाब लगाया जाय, तो एक बहुत ही भयानक चित्र उपस्थित होगा। * इन तमाम कार्रवाइयों पर पर्दा डालने के लिए खबरो पर सख्त सेंसर लगा दिया गया था। लेकिन कांग्रेस ने सैकड़ो घटनाओं का ब्यौरा पूरी गवाहियों के साथ इकट्ठा किया है। उससे पता चलता है कि सरकार ने उस दौरान में कितनी अमानुषिकता दिखाई थी।

लेकिन, इस सबके बावजूद, १९३० में ग्रान्दोलन की ताक़त बराबर बढ़ती गयी। सरकारी अधिकारियों का सारा हिसाब उलट गया। दमन भी कुछ काम नही आ रहा था। साम्राज्यवादी पक्ष में बड़ी घबराहट फैलने लगी। १९३० की गरमियों में ही यह बात खुलकर सामने आने लगी थी। खास तौर पर अंग्रेज व्यापारी वर्ग बहुत घबराया हुआ था, क्योकि विलायती कपड़े के बहिष्कार से उसे सख्त धक्का लगा था। बम्बई में यह बात विशेष रूप से देखने में आ रही थी। बम्बई शहर कल-कारखानों में काम करनेवाले मजदूर वर्ग का केन्द्र है। यहा दमन भी सबसे भयानक हुआ था और ग्रान्दोलन भी और सब जगहों से ज्यादा ताक़तवर था। बार-बार पुलिस हमले करती और बार-बार

* १४ जुलाई, १९३० को लेजिस्लेटिव असेम्बली में सरकारी तौर पर एक सवाल का जवाब देते हुए बताया गया था कि १ अप्रैल से लेकर १४ जुलाई तक २४ गोली-कांड हो चुके थे। इनमें १०३ आदमी मारे गये थे और ४२० जख्मी हुए थे।

हुकूमत का उत्तरदायित्व और भार, उसकी कठिनाइयां और उसके खेद के साथ-साथ उनका गौरव और सम्मान भी प्राप्त हो जाय।"

बड़े गोल-मटोल शब्दों में लपेटकर चारा डाला गया था, और जैसा कि बाद की घटनाओं से साबित होनेवाला था, जहां तक ठोस अमल का सम्बन्ध था, इस ऐलान के जरिए ब्रिटिश सरकार ने कोई वायदा नहीं किया था।

२६ जनवरी को गांधी जी और कांग्रेस कार्यसमिति को बिना शर्त रिहा कर दिया गया और उन्हें अपनी बैठक करने की इजाजत भी दे दी गयी। गांधी जी ने ऐलान किया कि वह "बिलकुल खुला हुआ दिमाग" लेकर जेल से निकले हैं। समझौते की लम्बी बातचीत चली। ४ मार्च को गांधी-इरविन समझौते पर दस्तखत हो गये और आन्दोलन अस्थायी रूप से रोक दिया गया।

जिन उद्देश्यों के लिए कांग्रेस ने संघर्ष छेड़ा था, गांधी-इरविन समझौते में उनमें से एक भी पूरा नहीं हुआ। (नमक-कर तक भी रद्द नहीं हुआ।) मगर सत्याग्रह बन्द कर देना पड़ा। जिस गोलमेज सम्मेलन का बहिष्कार करने की कांग्रेस ने कसम खायी थी, अब उसमें शरीक होने का फैसला हुआ। पूर्ण स्वाधीनता या खुदमुख्तार हुकूमत कायम करने की दिशा में एक भी कदम नहीं उठाया गया। तय हुआ कि गोलमेज सम्मेलन में एक संघ-विधान के आधार पर बातचीत चलेगी, जिसमें भारतीयों के हाथों में जिम्मेदारी रहेगी, मगर "भारत के ही हितों को ध्यान में रखते हुए कुछ विशेष अधिकार अंग्रेज अधिकारियों के हाथों में सुरक्षित रहेंगे।"

परन्तु एक बात थी जिससे शुरू में जनता में खुशी और जीत की भावना फैली। जिस कांग्रेस को अंग्रेजी सरकार ने गैर-क़ानूनी करार दे दिया था और जिसे उसने चकनाचूर करने की कोशिश की थी, उसी कांग्रेस के नेता से सरकार को खुलेआम सधि करनी पड़ी। यह निस्सन्देह राष्ट्रीय आन्दोलन की शक्ति का एक महान प्रदर्शन था। राजनीतिक दृष्टि से अधिक सचेत कुछ हिस्सो को छोड कर बाकी सभी लोगो में इस बात से खुशी की लहर दौड़ गयी। थोड़े ही लोग यह समझ पाये कि वास्तव में क्या हुआ और किस तरह उनके सारे सघर्ष एवं बलिदानों को समझौते की बातचीत में भुला दिया गया है। बहुत धीरे-धीरे समझौते की शर्तों का असली मतलब लोगों की समझ में आया, और तब उन्होने समझा कि देश को कुछ भी नही मिला है। पूर्ण स्वतन्त्रता प्राप्त करने और साम्राज्यवाद से समझौता न करने के जो बड़े-बड़े नारे लाहौर में इतने जोर से बुलन्द किये गये थे, वे सब हवा उड गये थे। यहा तक कि गांधी जी ने कांग्रेस की पीठ-पीछे समझौते की जो ग्यारह शर्तें रखी थी, उन सबका भी अब कहीं पता न था। उनमें से एक भी शर्त नही मानी गयी थी। कांग्रेस की यह हालत हो गयी थी कि जिस गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने से उसने इनकार कर दिया था, अब वह उसीमें भाग लेने जा रही थी; हालाकि यह चीज तो उसे बिना आन्दोलन किये भी मिल सकती थी (इस समय अगर कुछ फर्क पडता तो केवल इतना ही कि शुरू में वह चाहती तो उसे कही ज्यादा प्रतिनिधि भेजने का अधिकार मिल सकता था)।

इस प्रकार, गाधी-इरविन समझौते से असल में बारदोली का अनुभव ही बहुत बड़े पैमाने पर दोहराया गया था। एक बार फिर बड़े रहस्यपूर्ण ढग से यकायक ठीक उस समय आन्दोलन रोक दिया गया जब वह अपने शिखर पर पहुच रहा था। (खुद गांधी जी ने फ्रासीसी पत्र मोंद के २० फरवरी, १६३२ के अक में गाधी-इरविन समझौते के समय की भारत की परिस्थिति के विषय में यह कहा था: "यह कहना सरासर झूठ है कि हमारा आन्दोलन ठप होनेवाला था; आन्दोलन के धीमे पड़ने का कोई भी चिन्ह नही दिखाई देता था।") ५ मार्च को लन्दन के अखबार टाइम्स ने लिखा: "ऐसी जीत शायद ही किसी वायसराय को पहले कभी मिली हो!" गाधी जी ने ५ मार्च को आश्चर्यचकित पत्रकारों के बीच समझौते का औचित्य साबित करने की कोशिश की और कहा कि "कांग्रेस ने जीतने की कोशिश ही कब की थी?" अवश्य ही, गाधी जी ने यह बात बिलकुल सच कही थी और इन शब्दो में अपनी रणनीति की असलियत प्रकट कर दी थी। बाद को उन्होंने अपने सोचने का ढग और भी साफ़ किया। जून १६३१ में उन्होंने अपने पत्र यंग इंडिया में यह लिखा: "इस समय हमें स्वराज्य का विधान प्राप्त करने की कोशिश छोड़ देनी चाहिए। हम जो कुछ

चाहते हैं, वह बिना राजनीतिक ताकत के भी मिल सकती है।" एक दूसरे ग्रवसर पर अपनी बात समझाते हुए उन्होंने ६ मार्च को, पत्रकारों से एक भेंट के दौरान में कहा था कि पूर्ण स्वराज्य का असली मतलब "आन्तरिक अनुशासन और आत्म-नियंत्रण" है और "इंगलैंड के साथ सम्बन्ध रखना" उसके बाहर नहीं है ("सम्बन्ध रखने" की भी खूब रही—खास तौर पर जब उसका मतलब संगीन की तेज नोक से "सम्बन्ध रखना" हो!)। इस तरह, एक ओर से रैमजे मैकडोनल्ड और दूसरी ओर से गांधी जी ने शब्दों की तीरों की वर्षा कर-करके ऐसा घटाटोप कर दिया था जिसमें स्वतंत्रता जैसे सीधे और सरल शब्द का अर्थ भी आंखों से ओझल हो गया। लाहौर अधिवेशन ने बहुत स्पष्ट शब्दों में कांग्रेस के ध्येय की घोषणा की थी। (कांग्रेस का ध्येय था "ब्रिटिश प्रभुत्व व ब्रिटिश साम्राज्यवाद से पूर्ण स्वाधीनता" प्राप्त करना।) लेकिन इन दोनों महात्माओं ने इस सीधी सी बात को कानूनी परिभाषाओं और धार्मिक सूत्रों के अम्बार के नीचे छिपा दिया। हालत यहां तक पहुंच गयी कि यह कहना कठिन हो गया कि बाजी किसके हाथ रही—रैमजे मैकडोनल्ड के या गांधी जी के। आत्म-समर्पण और दासता की कड़वी वास्तविकता पर आध्यात्मिक तर्कों और शब्दों के गोरखधंधे का पर्दा डाल देने की कला में दोनों ही सिद्धहस्त थे।

उसी महीने में, जल्दी-जल्दी कांग्रेस का अधिवेशन कराची में बुलाया गया। वहां सर्व-सम्मति से समझौते को स्वीकार किया गया। अधिवेशन के सामने समझौते को पेश करने का काम पं. जवाहरलाल को दिया गया। खुद उन्हीं के शब्दों में, ऐसा नहीं था कि यह काम करते हुए उन्हें "बहुत मानसिक कशमकश और शारीरिक क्लेश का अनुभव न करना पड़ा हो।" उनके मन में सवाल उठ रहा था कि "क्या इसी के लिए हमारे देश के लोगों ने एक साल तक इतनी बहादुरी दिखाई थी? क्या हमारी तमाम बड़ी-बड़ी बातों और बड़े-बड़े कामों का इसी तरह खात्मा होना था?" परन्तु, इसके बावजूद उन्हें लगा कि समझौते से [illegible] "[illegible]" को प्रोत्साहन देना होगा। सुभाष बाबू समझौते के विरुद्ध थे, परन्तु उन्हें लगा कि कांग्रेस अधिवेशन में [illegible] विरोध प्रकट [illegible], क्योंकि

हो गयी। सुभाष बाबू ने बाद को लिखा कि समझौते के विरोधियों को "चुने हुए प्रतिनिधियो से बहुत कम समर्थन प्राप्त होता और कांग्रेस के अधिवेशन में केवल चुने हुए प्रतिनिधि ही वोट कर सकते थे। लेकिन, ग्राम जनता में और खासकर नौजवानो में बहुत लोग उनके साथ थे।" इन "बहुत लोगो" की आवाज़ बुलन्द करनेवाला कांग्रेस में कोई न था। कराची अधिवेशन में वामपंथी राष्ट्रवादिता एकदम भहराकर गिर पड़ी। इससे मालूम होता था कि गाधी जी की स्थिति कितनी मजबूत थी।

बदले मे, उग्रवादियों का दिल रखने के लिए, वहा एक प्रगतिशील सामाजिक और आर्थिक कार्यक्रम पास कर दिया गया। यह कार्यक्रम "मौलिक अधिकारों" वाले प्रस्ताव के रूप में था। उसमें एक काफी उन्नत ढग की बुनियादी जनवादी मागों की तालिका थी, जिसमें मुख्य उद्योगों व यातायात का राष्ट्रीकरण, मज़दूरों के अधिकार, और खेती की व्यवस्था में सुधार की मागे भी शामिल थी। इस कार्यक्रम को कांग्रेस आज भी मानती है। उसे स्वीकार करके कांग्रेस ने एक बड़ा क़दम आगे की ओर उठाया था। लेकिन गाधी-इरविन समझौते के रूप में हुए आत्म-समर्पण से देश को जो नुकसान हुआ था, वह इस कार्यक्रम से पूरा नही हो सकता था।

कांग्रेस के बाहर, युवक आन्दोलन और मजदूर आन्दोलन ने समझौते की तीव्र आलोचना की। युवक संगठनों तथा युवक सम्मेलनों ने उसके ख़िलाफ़ अनेक प्रस्ताव पास किये, और बम्बई के मजदूरो ने गोलमेज सम्मेलन के वास्ते विलायत के लिए रवाना होने के समय गाधी जी के ख़िलाफ़ प्रदर्शन किये। लन्दन के टाइम्स ने लिखा कि दस साल पहले इस तरह के प्रदर्शनों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

जल्द ही और लोगो के भ्रम भी टूटने लगे। १९३१ में लन्दन के गोलमेज सम्मेलन में (और अध्यात्मवाद के भक्तो की उन अनगिनत छोटी-छोटी सभाओं में, जो गोलमेज सम्मेलन की बैठकों के बीच में विश्व-गुरु गांधी का सदेश सुनने के लिए हुआ करती थी) गाधी जी की क्या भूमिका रही, उस पर पर्दा डाले रखना ही अच्छा है। वह दृश्य एक बहुत शोचनीय प्रहसन के समान था। पुराने जमाने में जिस तरह रोमन सम्राट रोमवासियों को दिखाने के लिए विदेशो से क़ैदियो को पकड़कर मगवाया करते थे, उसी तरह ब्रिटिश पार्लामेंट के सदस्यों के मनोरजन के लिए भारत से रग-बिरगी सम्प्रदायी कठपुतलियों को मगवाकर लन्दन में इकट्ठा किया गया था और वे बड़ी स्वामिभक्ति के साथ अपनी बुद्धिहीनता और फूट का प्रदर्शन कर रही थी। और कांग्रेस भी इन्ही कठपुतलियों के बीच बैठी थी। गाधी जी, रास्ते मे मुसोलिनी से मिलते हुए, भारत लौट आये। गोलमेज सम्मेलन से उन्हें कुछ न मिला।

चाहते हैं, वह बिना राजनीतिक ताक़त के भी मिल सकती है।" एक दूसरे ढंग से अपनी बात समझाते हुए उन्होने ६ मार्च को, पत्रकारों से एक भेंट के दौरान में कहा था कि पूर्ण स्वराज्य का असली मतलब "आन्तरिक अनुशासन और आत्म-नियत्रण" है, और "इगलेड के साथ सम्बंध रखना" उसके बाहर नही है ("सम्बंध रखने" की भी खूब ही रही—खास तौर पर जब उसका मतलब सगीन की तेज नोक से "सम्बध रखना" हो!)। इस तरह, एक ओर से रैमज़े मैक्डोनल्ड और दूसरी ओर से गाधी जी ने शब्दों की तीरों की वर्षा कर-करके ऐसा घटाटोप कर दिया था जिसमे स्वतंत्रता जैसे सीधे और सरल शब्द का अर्थ भी आखों से ओझल हो गया। लाहौर अधिवेशन ने बहुत स्पष्ट शब्दो मे काग्रेस के ध्येय की घोषणा की थी। (काग्रेस का ध्येय था "ब्रिटिश प्रभुत्व व ब्रिटिश साम्राज्यवाद से पूर्ण स्वाधीनता" प्राप्त करना।) लेकिन इन दोनो महात्माओ ने इस सीधी सी बात को कानूनी परिभाषाओ और धार्मिक सूत्रों के अम्बार के नीचे छिपा दिया। हालत यहां तक पहुच गयी कि यह कहना कठिन हो गया कि बाजी किसके हाथ रही—रैमज़े मैक्डोनल्ड के या गांधी जी के। आत्म-समर्पण और दासता की कडवी वास्तविकता पर आध्यात्मिक तर्कों और शब्दों के गोरखधंधे का पर्दा डाल देने की कला मे दोनो ही सिद्धहस्त थे।

उसी महीने में, जल्दी-जल्दी काग्रेस का अधिवेशन करांची मे बुलाया गया। वहा सर्व-सम्मति से समझौते को स्वीकार किया गया। अधिवेशन के सामने समझौते को पेश करने का काम पं. जवाहरलाल को दिया गया। खुद उन्ही के शब्दों मे, ऐसा नही था कि यह काम करते हुए उन्हे "सख्त मानसिक कशमकश और शारीरिक क्लेश का अनुभव न करना पड़ा हो।" उनके मन में सवाल उठ रहा था कि "क्या इसी के लिए हमारे देश के लोगो ने एक साल तक इतनी बहादुरी दिखाई थी? क्या हमारी तमाम बड़ी-बडी बातो और बडे-बडे कामों का इसी तरह खातमा होना था?" परन्तु, इसके साथ-साथ उन्हे लगा कि समझौते से अपनी असहमति प्रकट करना "व्यक्तिगत घमड" का परिचय देना होगा। सुभाष बाबू समझौते के तीव्र आलोचक थे, परन्तु उन्हे लगा कि काग्रेस अधिवेशन में उसका विरोध करना सम्भव नही है, क्योकि ऐसा करना राष्ट्रीय एकता को भंग करना प्रतीत होगा। पं. जवाहरलाल नेहरू के अनुसार समझौता "लोकप्रिय नही था।" फिर भी काग्रेस अधिवेशन मे बहुत कम आवाजे उसके खिलाफ उठी। एक प्रतिनिधि ने कहा कि यदि गांधी जी के सिवा किसी और ने इस तरह का समझौता हमारे सामने रखा होता, तो लोग उसे उठाकर समुद्र मे फेंक देते। लेकिन, खुली बैठकों में इस तरह की बात का कहा जाना एक अपवाद मात्र था। काग्रेस के ठस्स सगठन और जनता के व्यापक आन्दोलन के बीच जो घातक खाई पैदा हो गयी थी, वह कराची में प्रकट

हो गयी। सुभाष बाबू ने बाद को लिखा कि समझौते के विरोधियों को "चुने हुए प्रतिनिधियों से बहुत कम समर्थन प्राप्त होता और कांग्रेस के अधिवेशन में केवल चुने हुए प्रतिनिधि ही वोट कर सकते थे। लेकिन, आम जनता में और खासकर नौजवानों में बहुत लोग उनके साथ थे।" इन "बहुत लोगों" की आवाज़ बुलन्द करनेवाला कांग्रेस में कोई न था। करांची अधिवेशन में वामपंथी राष्ट्रवादिता एकदम भहराकर गिर पड़ी। इससे मालूम होता था कि गांधी जी की स्थिति कितनी मजबूत थी।

बदले में, उग्रवादियों का दिल रखने के लिए, वहां एक प्रगतिशील सामाजिक और आर्थिक कार्यक्रम पास कर दिया गया। यह कार्यक्रम "मौलिक अधिकारों" वाले प्रस्ताव के रूप में था। उसमें एक काफी उन्नत ढंग की बुनियादी जनवादी मांगों की तालिका थी, जिसमें मुख्य उद्योगों व यातायात का राष्ट्रीकरण, मजदूरों के अधिकार, और खेती की व्यवस्था में सुधार की मांगें भी शामिल थीं। इस कार्यक्रम को कांग्रेस आज भी मानती है। उसे स्वीकार करके कांग्रेस ने एक बड़ा क़दम आगे की ओर उठाया था। लेकिन गांधी-इरविन समझौते के रूप में हुए आत्म-समर्पण से देश को जो नुकसान हुआ था, वह इस कार्यक्रम से पूरा नहीं हो सकता था।

कांग्रेस के बाहर, युवक आन्दोलन और मजदूर आन्दोलन ने समझौते की तीव्र आलोचना की। युवक संगठनों तथा युवक सम्मेलनों ने उसके खिलाफ़ अनेक प्रस्ताव पास किये, और बम्बई के मजदूरों ने गोलमेज सम्मेलन के वास्ते विलायत के लिए रवाना होने के समय गांधी जी के खिलाफ़ प्रदर्शन किये। लन्दन के टाइम्स ने लिखा कि दस साल पहले इस तरह के प्रदर्शनों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

जल्द ही और लोगों के भ्रम भी टूटने लगे। १९३१ में लन्दन के गोलमेज सम्मेलन में (और अध्यात्मवाद के भक्तों की उन अनगिनत छोटी-छोटी सभाओं में, जो गोलमेज सम्मेलन की बैठकों के बीच में विश्व-गुरु गांधी का संदेश सुनने के लिए हुआ करती थी) गांधी जी की क्या भूमिका रही, उस पर पर्दा डाले रखना ही अच्छा है। वह दृश्य एक बहुत शोचनीय प्रहसन के समान था। पुराने जमाने में जिस तरह रोमन सम्राट रोमवासियों को दिखाने के लिए विदेशों से कैदियों को पकड़कर मंगवाया करते थे, उसी तरह ब्रिटिश पार्लमेंट के सदस्यों के मनोरंजन के लिए भारत से रंग-बिरंगी मनमानी कठपुतलियों को मंगवाकर लन्दन में इकट्ठा किया गया था और वे बड़ी स्वामिभक्ति के साथ अपनी बुद्धिहीनता और फूट का प्रदर्शन कर रही थीं। और कांग्रेस भी इन्हीं कठपुतलियों के बीच बैठी थी। गांधी जी, रास्ते में मुसोलिनी से मिलते हुए भारत लौट आये। गोलमेज सम्मेलन से उन्हें कुछ न मिला।

रास्ते में गांधी जी ने यह आशा प्रकट की कि शायद फिर आन्दोलन शुरू करने की जरूरत न पड़ेगी। पोर्ट सैयद से उन्होंने इंडिया आफ़िस को तार भेजा कि वह अपनी ओर से जहा तक हो सकेगा शान्ति कायम रखने के लिए प्रयत्न करते रहेगे। भारत पहुंचने के तुरत बाद ही उन्होने इस आशय का एक प्रस्ताव भी तैयार कर डाला। लेकिन वह इस बात को भूल गये थे कि सरकार कुछ और ही सोच रही थी।

साम्राज्यवाद का पलडा चूकि इस समय भारी हो गया था, इसलिए उसने बदली हुई परिस्थिति से पूरा-पूरा फ़ायदा उठाने का फैसला किया। काग्रेस और सरकार के बीच जो "अस्थायी सुलह" हुई थी, वह असल में तो शुरू से ही एकतरफा सुलह थी। सरकार की तरफ़ से दमन बराबर जारी था। गाधी जी १९३१ के आखीर के दिनो में स्वदेश लौटे तो अपने सहयोगियों से उन्होने एक करुण कहानी सुनी। उन्होंने तुरन्त वायसराय को तार भेजकर मुलाकात के लिए समय मागा। वायसराय ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया। "अस्थायी सुलह" पर दस्तखत हुए नौ महीने हुए थे। इस बीच लन्दन में तो गोलमेज सम्मेलन का प्रहसन होता रहा, मगर भारत मे साम्राज्यवाद ने एक-एक दिन का इस्तेमाल दमन की तैयारी करने के लिए किया। उसने इस बार फ़ैसलाकुन लड़ाई लड़ने की तैयारी की थी। इसके लिए सर जौन एंडर्सन को खास तौर पर बंगाल का गवर्नर बनाकर भेजा गया था, क्योकि यह महाशय आयरलैंड में विद्रोही देशभक्तो का क्रूर दमन करने में बड़ा नाम कमा चुके थे। इस बार सरकार पहले से ही चौकन्नी थी। उसने काग्रेस की अक्ल ठीक करने का फैसला किया था। उसने तै किया था कि इस बार निपटारे की लडाई होगी और जब तक काग्रेस बिना शर्त सरकार के सामने आत्म-समर्पण न कर देगी, तब तक लड़ाई बन्द नही की जायगी।

४ जनवरी, १९३२ को उसने अचानक और जबर्दस्त हमला किया। समझौते की बातचीत यकायक तोड़ दी गयी। वायसराय ने अपना एक ऐलान प्रकाशित कराया और उसी रोज़ गाधी जी को गिरफ्तार कर लिया गया। बहुत से आर्डिनेंस भी उसी रोज एक साथ जारी हो गये (१९३० की तरह इस बार एक-एक करके आर्डिनेंस नही जारी किये गये, बल्कि पहले ही रोज़ मानो किसी बक्से से निकाल कर सब के सब एक साथ लागू कर दिये गये)। देश भर में काग्रेस के तमाम संगठनकर्ता और प्रमुख नेता पकड़ लिये गये। काग्रेस को और उसके तमाम सहकारी संगठनों को ग़ैर-कानूनी क़रार दे दिया गया। उनके अख़बार बन्द कर दिये गये। दफ्तरों पर ताला डाल दिया गया। उनका रुपया-पैसा, जमीन-जायदाद सब जब्त कर ली गयी। सरकार ने दिखा दिया कि संगठन इसको कहते है!

सरकार ने यह बात साफ़ कर दी कि इस बार वह कांग्रेस को पछाड़ कर ही दम लेगी। सर सैम्युअल होर ने कामंस सभा में बताया कि आर्डिनेंस "बहुत व्यापक और कठोर हैं," और इस बार लड़ाई बीच में नहीं रुकेगी। भारत सरकार के गृह-मंत्री सर हैरी हेग ने कहा कि "हम इस बार नकली क़ायदे मानकर खेलने नहीं उतरे हैं," और जहां तक सरकार का सम्बंध है, उसने अपने लिए वक्त की कोई मियाद नहीं बांधी है। बम्बई सरकार के प्रतिनिधियों ने प्रान्तीय धारासभा में खुलेआम यह ऐलान कर दिया कि "लड़ाई दस्ताने पहन कर नहीं लड़ी जाती।"

कांग्रेसी नेता इस हमले के लिए तैयार नहीं थे। वे हक्के-बक्के रह गये। कहां गोलमेज सम्मेलन का वातावरण और कहां यह भयानक हमला! अचानक पूरी दुनिया बदल गयी थी। उन्होंने कोई तैयारी नहीं की थी। १९३० में कांग्रेस ने हमला शुरू किया था। इस बार उसे बचाव की लड़ाई लड़नी पड़ी। नेताओं ने यह नहीं समझा था कि गांधी-इरविन समझौते की उन्हें क्या कीमत चुकानी पड़ेगी। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य डॉ. सैयद महमूद ने इंडिया लीग के प्रतिनिधि-मंडल को बताया :

> "महात्मा गांधी ने जो प्रस्ताव तैयार करके कार्यसमिति के सामने रखा था, उसके बारे में दुनिया कुछ नहीं जानती। महात्मा जी सहयोग करने पर तुले हुए थे...सरकार सहयोग नहीं चाहती थी। मुझे जो भीतरी जानकारी है, उसके आधार पर मैं कह सकता हूं कि कांग्रेस लड़ाई के लिए तैयार न थी। हम आशा कर रहे थे कि लन्दन से लौटने पर महात्मा जी किसी न किसी तरह शान्ति क़ायम करने में सफल होंगे।"

डॉ. महमूद ने आगे यह भी कहा कि "उन्हें और उनके सहयोगियों को इस बात का पक्का पता है कि सरकार ने दमन की तैयारी नवम्बर में ही कर ली थी, जब कि गांधी जी लन्दन में ही थे। सरकार के इस अचानक हमले को कांग्रेस एकाएक संभाल न सकी।"

१९३२–३३ में जो दमन हुआ, वह १९३०–३१ के दमन से कहीं ज्यादा भयानक था। २ मई, १९३२ को पं. मदनमोहन मालवीय ने दमन की एक गश्ती रिपोर्ट जनता के सामने पेश की। उसमें उन्होंने बताया कि पहले चार महीनों में ८०,००० आदमी गिरफ्तार हो चुके हैं। अप्रैल १९३३ में कलकत्ते में कांग्रेस का ग़ैर-क़ानूनी अधिवेशन हुआ। उसमें बताया गया कि मार्च १९३३ के अन्त तक, पन्द्रह महीने में १२०,००० गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। उसके साथ-साथ, सरकार की तरफ़ से किस बड़े पैमाने पर हिंसा की गयी, लोगों को कैसी-कैसी यातनाएं दी गयीं, किस तरह उन पर गोलियां चलायी गयीं, गांवों और शहरों

पर किस तरह फौज और पुलिस ने धावे बोले, सामूहिक जुर्माने किये और गांव वालों की जमीन-जायदाद जब्त की, इसका कुछ अंदाज इंडिया लीग के प्रतिनिधि-मंडल की १६३३ मे प्रकाशित रिपोर्ट भारत की हालत से लग सकता है।

सरकार ने हिसाब लगाया था कि छः हफ्ते में मामला खतम हो जायगा। लेकिन राष्ट्रीय आन्दोलन इतना ताकतवर निकला कि प्रतिकूल परिस्थितियो में भी २६ महीनो तक लडाई चलती रही और तब जाकर कांग्रेस ने घुटने टेके। लेकिन यह साधारण सिपाहियों की लड़ाई थी, जो सेनापतियों के पथ-प्रदर्शन के बिना ही लड़ रहे थे। उन दिनों सारा काम ग़ैर-क़ानूनी ढंग से करना पडता था और भयानक दमन हो रहा था। ऐसी परिस्थिति में आन्दोलन का नेतृत्व करना हर हालत में बहुत कठिन होता। मगर गाधी जी तथा कांग्रेस कार्य-समिति ने यह काम और भी कठिन बना दिया। उनके सारे काम ऐसे थे, उनकी पूरी भूमिका ऐसी थी, जिसका मतलब यही होता था कि गांधी जी और कार्य-समिति के सदस्य न सिर्फ़ खुद आन्दोलन का नेतृत्व नही करना चाहते थे, बल्कि वे यह भी नही चाहते थे कि दूसरे लोग उसका नेतृत्व करें। उनकी तरफ़ से आदेश जारी कर दिये गये कि गुप्त संगठन नही होना चाहिए, क्योंकि उससे कांग्रेस के सिद्धान्तो की हत्या होती है। ध्यान रहे कि ये आदेश उस वक्त दिये गये थे जब कि कांग्रेस ग़ैर-क़ानूनी करार दी जा चुकी थी और हर काम ग़ैर-कानूनी ढग से करना पड़ता था। जमीदारों को आश्वासन देने के लिए एक प्रस्ताव पास करके ऐलान कर दिया गया कि उनके हितों के खिलाफ़ कोई आन्दोलन करने की इजाजत नही दी जायगी। १६३२ की गरमियो के आते-आते गांधी जी ने राष्ट्रीय संघर्ष मे दिलचस्पी लेना कतई तौर पर बन्द कर दिया और वह हरिजन-उद्धार मे लग गये। सितम्बर मे उन्होंने बडे नाटकीय ढंग से जो "आमरण अनशन" किया, उसका उद्देश्य सरकारी दमन को रोकना नही था। न ही यह अनशन जिन्दगी और मौत की उस लड़ाई को आगे बढाने के लिए किया गया था जिसमें कि उस वक्त देश जूझ रहा था। उसका उद्देश्य केवल इतना ही था कि धारासभाओं में "दलित जातियों" के प्रतिनिधियो को अलग से चुनवाने की योजना अमल में न आने पाये। अनशन न तो आमरण हुआ और न ही उसका कथित उद्देश्य पूरा हुआ। पूना का समझौता हो जाने पर अनशन समाप्त कर दिया गया। इस समझौते के द्वारा "दलित जातियों" के लिए सुरक्षित सीटों की सख्या दुगनी कर दी गयी। हां, इस घटना का यह परिणाम जरूर हुआ कि लोगों का ध्यान राष्ट्रीय आन्दोलन से हट गया, जिसके नेता अब भी गाधी जी ही समझे जाते थे।

मई १६३३ मे गाधी जी ने एक नया अनशन शुरू किया। यह भी सरकार के खिलाफ़ नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य खुद देशवासियों का हृदय परिवर्तन

करना था। गाधी जी ने बताया कि यह व्रत "मेरी अपनी और मेरे सहयोगियों की आत्म-शुद्धि के लिए है, जिससे कि हम लोग हरिजन-उद्धार के लिए और अधिक सचेत और सतर्क हो सकें।" सरकार ने प्रसन्न होकर उन्हें बिना शर्त रिहा कर दिया। गांधी जी के छूटते ही कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष ने उनके परामर्श से छः हफ्ते के लिए सत्याग्रह आन्दोलन स्थगित कर दिया। आन्दोलन इसलिए नही बन्द किया गया था कि सरकार ने कांग्रेस की कोई शर्त मान ली थी या इसकी कोई आशा पैदा हो गयी थी, बल्कि गाधी जी के शब्दो में, वह केवल इसलिए बन्द किया गया था कि जब तक उनका अनशन चलेगा, तब तक देश "बड़ी बेचैनी की हालत" मे रहेगा, और इसलिए इस दौरान मे आन्दोलन को रोक देना ही बेहतर होगा (सरकार ने अपना दमन इस बीच नही रोका, यह दूसरी बात है)।

अनशन के बाद गांधी जी ने फिर वायसराय से मिलने की कोशिश की, मगर उन्होंने जवाब दिया कि जब तक सत्याग्रह आन्दोलन आखिरी तौर पर बन्द नही कर दिया जाता, तब तक वह गाधी जी से मिलने को तैयार नही हैं। चुनांचे जुलाई १९३३ में कांग्रेस के नेताओं ने जन-सत्याग्रह बन्द कर दिया और केवल व्यक्तिगत सत्याग्रह की इजाजत दी। इसके साथ-साथ कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष ने कांग्रेस के सभी सगठनो को भग कर दिया। मगर सरकार तब भी न पसीजी। उल्टे उसने व्यक्तिगत सत्याग्रह करनेवालों पर दमन और तेज कर दिया। अगस्त में गाधी जी फिर गिरफ्तार कर लिये गये, पर उन्होंने फिर अनशन आरम्भ कर दिया, और एक महीने के अन्दर ही वह रिहा कर दिये गये। पतझड़ में उन्होंने यह घोषणा की कि राजनीतिक कामों से वह अपना हाथ खीच लेंगे क्योंकि अब उनकी आत्मा ऐसे कामों के लिए गवाही नहीं देती। यह ऐलान करने के बाद वह हरिजन-उद्धार के लिए देश का दौरा करने निकल पड़े। इधर आन्दोलन घिसटता रहा। उसको न तो खतम किया गया और न ही उसकी रहनुमाई की गयी।

१९३० में जो आन्दोलन इतनी आनबान के साथ शुरू किया गया था, वह आखिरी तौर पर कहीं मई १९३४ में जाकर समाप्त हुआ। अप्रैल में गाधी जी ने एक बयान दिया जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी राय में आन्दोलन की असफलता के क्या कारण थे। उनके विचार में दोष जनता का था। उन्होंने कहा : "मैं समझता हूं कि सत्याग्रह का संदेश जनता तक पहुंचते-पहुंचते अशुद्ध हो जाता है और इसलिए अभी तक जनता उसे ग्रहण नहीं कर पायी है। मेरे सामने यह बात स्पष्ट हो गयी है कि जब आध्यात्मिक अस्त्रों का उपयोग करना, अनाध्यात्मिक साधनों द्वारा सिखाने की कोशिश की जाती है, तब वे अस्त्र कुण्ठित हो जाते हैं.. बहुत से लोगों के अपूर्ण सत्याग्रह में...(इसलिए)...

शासकों का हृदय द्रवित नही हुआ है।" अब जन-सत्याग्रह को छोड़कर व्यक्तिगत सत्याग्रह का तरीक़ा अपना लिया गया था। मगर उससे भी यह समस्या हल नही हुई थी कि तत्कालीन परिस्थितियो में किसी भी जन-आन्दोलन को नियंत्रण मे कैसे रखा जाय। इसलिए गाधी जी ने अकाट्य तर्क-प्रणाली से यह निष्कर्ष निकाला कि "एक समय में केवल एक ही व्यक्ति को सत्याग्रह करना चाहिए और उसे ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जो सत्याग्रह करने के योग्य हो।" "वर्तमान परिस्थितियों में फिलहाल केवल मैं ही सत्याग्रह करने की जिम्मेदारी उठा सकता हूं।" गाधीवादी सिद्धात ने भारत की जनता को आजादी दिलाने के लिए जो "अहिंसात्मक असहयोग" का रास्ता निकाला था, उसका अन्त में जाकर यह रूप हो गया था।

मई १९३४ मे अखिल भारतीय काग्रेस कमिटी का अधिवेशन पटना में होने दिया गया ताकि वह सत्याग्रह आन्दोलन को (गांधी जी के बताये हुए एकमात्र अपवाद को छोड़कर) बिना शर्त समाप्त कर दे। सरकार ने अपनी तरफ़ से न कोई शर्त मानी थी और न कोई रियायत की थी। इसके साथ-साथ कमिटी ने कुछ ऐसे फ़ैसले किये जिनके लिए पहले से ज़मीन तैयार कर ली गयी थी। इन फैसलो का उद्देश्य यह था कि आनेवाले चुनाव सीधे कांग्रेस के नाम पर लड़े जाय।

जून १९३४ में सरकार ने काग्रेस पर लगी हुई रोक हटा ली, हालाकि कांग्रेस के बहुत से सहकारी सगठन, युवक सगठन, किसान सभाएं, और सरहदी सूबे के खुदाई खिदमतगारो की संस्था अब भी ग़ैर-कानूनी बनी रही। जुलाई १९३४ में सरकार ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को ग़ैर-कानूनी करार दे दिया। अब एक नयी मंजिल शुरू हो रही थी।

१९३४ के पतझड़ मे गांधी जी ने काग्रेस की मेम्बरी से इस्तीफा दे दिया। फिलहाल उनका काम पूरा हो चुका था। काग्रेस मे विदा लेते हुए उन्होंने एक बयान दिया। उसमे अपने इस्तीफे की वजह बताते हुए उन्होंने कहा: "मुझ में और बहुत से काग्रेस-जनों में जबर्दस्त मतभेद है और वह बढ़ता जा रहा है।" स्पष्ट है कि "अधिकतर काग्रेस-जनो के लिए" अहिंसा "एक नीति" मात्र है और एक "मौलिक सिद्धान्त" के रूप में उनकी अहिंसा में आस्था नहीं है। इसके अलावा काग्रेस मे समाजवादी तत्वों का प्रभाव और सख्या बढ रही है। "यदि वे काग्रेस पर छा गये, जो असम्भव नहीं है, तो मैं नहीं रहूंगा।" लोगों को इस बात का अहसास होने लगा था कि नयी मंजिल आ गयी है; और पुराने विचार के लोगों को यह बात पसन्द नही थी।

गाधी जी ने काग्रेस को छोड दिया। लेकिन उससे अलग होने के पहले वह काग्रेस के विधान व सगठन में कुछ प्रतिक्रियावादी संशोधन करते गये। इन

संशोधनों से काग्रेस के प्रगतिशील दिशा में आगे बढने में बहुत बाधा पड़ी। अलग होने के बाद भी, गाधी जी पर्दे के पीछे से काग्रेस के सबसे शक्तिशाली पथ-प्रदर्शक बने रहे। इसके अलावा यह बात भी तै थी कि जरूरत पडने पर वह फिर खुलेग्राम कांग्रेस का नेतृत्व करने के लिए तैयार हो जायेंगे। १६३६-४० के सकट में और फिर १६४२ में उन्होंने सीधे-सीधे काग्रेस का नेतृत्व किया।

१६३०-३४ में संघर्ष की जो महान लहर उठी थी, उसका अन्त बड़ा दुखद हुआ। लेकिन इस बात से हमें उसकी महान सफलताओं को नहीं भूल जाना चाहिए। इससे हमें यह न भुला देना चाहिए कि १६३०-३४ के आन्दोलन से जनता ने बहुत गूढ़ और स्थायी महत्व के सबक़ हासिल किये और उससे देश का बहुत भारी स्थायी लाभ हुआ। एक ऐसा आन्दोलन, जिसके लिए जनता के समर्थन, श्रद्धा, भक्ति और त्याग की कोई सीमा नहीं थी, और जो इसमें सन्देह नहीं कि सफलता के बिलकुल निकट पहुच गया था, क्यों अस्थायी रूप से असफल हो गया और नेताओं के किन तरीक़ों और किस कार्यनीति के कारण वह असफल हुआ — इस पर भविष्य के लिए बार-बार विचार करना आवश्यक है। इन प्रश्नों का उत्तर हम घटनाओं का वर्णन करते हुए ऊपर दे चुके हैं। फिर भी उन दिनों जो कुछ हुआ, उस पर राष्ट्रीय आन्दोलन गर्व कर सकता है। साम्राज्यवादी उन दिनों सोचते थे कि दमन के नये-नये तरीक़े ईजाद करके वे भारत की जनता को कुचलकर रख देंगे और स्वतंत्रता के आन्दोलन को जड से नष्ट कर देंगे। वे यह नहीं कर पाये। इस तमाम दमन के बावजूद दो साल के अन्दर ही राष्ट्रीय आन्दोलन पहले से अधिक वेग के साथ आगे बढ़ चला। १६३०-३४ का सघर्ष व्यर्थ नहीं गया था। उसकी भट्टी में तपकर जनता में एक नयी और पहले से अधिक दृढ़ राष्ट्रीय एकता, एक नया आत्म-विश्वास, एक नया गौरव और नयी दृढ़ता उत्पन्न हुई।

बारहवां अध्याय

मजदूर वर्ग का उभार

लेनिन ने १९०८ में ही इस बात का स्वागत किया था कि "भारतीय मजदूर वर्ग अब इतना परिपक्व हो गया है कि वह वर्ग चेतना के साथ राजनीतिक जन-संघर्ष चला सकता है।" उन्होंने यह बात इस आधार पर कही थी कि उस वर्ष लोकमान्य तिलक को छः वर्ष की सजा सुनाये जाने के विरोध में बम्बई के मिल मजदूरों ने राजनीतिक हड़ताल की थी। इस हड़ताल से लेनिन इस नतीजे पर पहुंचे थे कि अब भारत में अंग्रेजी राज के दिन खतम होनेवाले हैं।

आज घटनाओं का वेग लेनिन की दूरदर्शिता को सही साबित कर रहा है। भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन के इतिहास से यह बात स्पष्ट है कि संघर्ष की हर नयी मंजिल के साथ राष्ट्रीय आन्दोलन में मजदूर वर्ग की भूमिका का महत्व और वजन बढ़ता गया है; और समाजवाद या कम्युनिज्म के सवाल भारत में चलनेवाली राजनीतिक बहसों के मुख्य सवाल बन गये हैं।

१९१४ के पहलेवाले काल में मजदूर वर्ग की यह भूमिका पृष्ठभूमि में पड़ी हुई थी। मजदूर वर्ग राष्ट्रीय आन्दोलन के आगे चलने के बजाय, उसके पीछे-पीछे चलता था। उस जमाने में उसने केवल एक ही बड़ा राजनीतिक काम किया। वह था तिलक महाराज को छः साल की सजा सुनाये जाने के विरोध में बम्बई की आम हड़ताल।

पहले महायुद्ध के खतम होने पर भारत में नयी जाग्रति आयी और एक नया दौर शुरू हुआ। इस दौर की शुरुआत १९१८–२१ की जबर्दस्त हड़तालों ने की, और उन्होंने ही अन्त में कांग्रेस को भी मैदान में ला उतारा और उसने १९२०–२२ का असहयोग आन्दोलन छेड़ा।

इसके दस साल बाद मजदूर वर्ग एक स्वतंत्र और संगठित शक्ति बन गया। उसकी अपनी विचारधारा राजनीतिक क्षेत्र को प्रभावित करने लगी, हालांकि अभी उसने राजनीतिक आन्दोलन में नेतृत्व का स्थान प्राप्त नहीं किया था।

१९२८ में हड़तालों की एक जबर्दस्त लहर आयी जिसका नेतृत्व मजदूर वर्ग के लड़ाकू एवं श्रेणी-सजग हिस्सों ने किया। हड़तालो की इस लहर के साथ-साथ नौजवानों और निम्न-पूंजीवादी लोगों में भी नयी जाग्रति आयी, और इस प्रकार मजदूरों की ये हड़तालें राष्ट्रीय आन्दोलन की एक नयी लहर की अग्रदूत बन गयी। राष्ट्रीय संघर्ष की यह नयी लहर १९३० से १९३४ तक रही। इस समय पूंजीवादी नेताओं ने खुलेआम यह कहा कि वे दो मोर्चों पर लड रहे हैं, और जितने वे साम्राज्यवाद के खिलाफ हैं, उतने ही वे नीचे से उठनेवाले जन-विद्रोह के खिलाफ़ भी हैं।

दूसरे महायुद्ध के बाद से यह बात और भी स्पष्ट हो गयी है कि भारत की राजनीति में मजदूर वर्ग ही निर्णायक शक्ति का काम करेगा।

१. औद्योगिक मज़दूरों की बढ़ती

भारतीय मजदूर वर्ग की संख्या का अनुमान लगाने के लिए एक भेद को समझ लेना आवश्यक है। सम्पत्ति-विहीन, सर्वहारा श्रम-जीवियों की संख्या भारत में बहुत बडी है; और आधुनिक ढंग के उद्योगों में काम करनेवाले औद्योगिक मजदूरो की संख्या छोटी है। लेकिन, भारतीय मजदूर वर्ग का सबसे संगठित, सचेतन और निर्णायक हिस्सा, जो दूसरो का नेतृत्व करता है, यही है।

यदि "मजदूर" शब्द का बहुत मोटा अर्थ लगाया जाय, तो १९३८ का एक अनुमान है कि भारत में मजदूरी करके जीनेवालों की संख्या ६ करोड थी। अन्तरराष्ट्रीय मजदूर संगठन (आई. एल. ओ.) ने १९३८ में नीचे लिखे आंकड़े प्रकाशित किये थे:

> "१९२१ में बताया गया था कि खेतिहर मजदूरों की संख्या २ करोड १५ लाख थी। १९३१ की जन-गणना से पता चला कि यह संख्या ३ करोड १५ लाख हो गयी है। भारतीय मताधिकार कमिटी के अनुसार इसमें २ करोड़ ३० लाख 'भूमि-विहीन' खेत-मजदूर थे, और उसी समिति के अनुसार गैर-खेतिहर मजदूरो की कुल संख्या २ करोड़ ५० लाख थी। इस तरह मजदूरी करके जीनेवालों की कुल संख्या क़रीब ५ करोड़ ६५ लाख हो जाती है, जब कि समूचे भारत में सभी तरह के धंधों में लगे हुए कुल आदमियों की तादाद १५ करोड़ ४० लाख है। इसका मतलब यह हुआ कि सभी तरह के धंधों में लगी हुई कुल आबादी का ३६ प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा मजदूरी करके अपनी जीविका का साधन हासिल करता है।"

यदि मजदूर शब्द का सकुचित अर्थ लगाया जाय और केवल आधुनिक उद्योग-धंधो में काम करनेवाले औद्योगिक मजदूरों को ही लिया जाय और छोटे-छोटे कारखानों मे काम करनेवाले मजदूरो को छोड दिया जाय, तो हम देखेंगे कि १९२१ की जन-गणना के अनुसार दस या उससे ज्यादा मजदूरों से काम लेनेवाले कारखानों के मजदूरों की कुल तादाद २६ लाख थी। उसके बाद औद्योगिक जन-गणना कभी नही हुई। लेकिन १९३१ की जन-गणना से पता चला कि ऐसे मजदूरों की कुल तादाद ३५ लाख तक हो गयी है। इस विषय में सही आकडे केवल फैक्टरी ऐक्ट से सम्बधित विभाग मे मिलते हैं। १९३४ के फ़ैक्टरी ऐक्ट के मातहत वे कारखाने आते थे जिनमे भाप या बिजली आदि की ताकत से मशीनें चलती थीं और बीस या उससे ज्यादा मजदूर काम करते थे। कुछ सूबों में दस या दस से ज्यादा मजदूरो से काम लेनेवाले कारखाने भी फैक्टरी ऐक्ट के मातहत आ जाते थे। १९३८ मे कुल १,७३७,७५५ मजदूर इन तमाम कारखानो मे काम करते थे। इनके साथ उन २९९,००३ मजदूरो को जोड़ना पडेगा जो देशी रियासतो के "बड़े कारखानो" मे काम करते थे। इस तरह पता चलता है कि १९३८ में भारत में बड़े पैमाने के आधुनिक उद्योगो में काम करनेवाले मजदूरों की कुल तादाद २,०३६,७५८ थी।

इस संख्या को अपना आधार मानकर हम यह नक्शा बना सकते हैं :

मझोले और बड़े कारखानों के मजदूरों की संख्या

(उपरोक्त आधार पर)	२,०३६,७५८
खान के मजदूर	४१३,४५८
रेलवे मजदूर	७०१,३०७
जल-यातायात के मजदूर (डॉक-मजदूर, जहाज़ी)*	३६१,०००
इन सब का जोड	३,५१२,५२३

इन ३५ लाख मजदूरों को उस औद्योगिक मजदूर वर्ग का सार-तत्व समझना चाहिए जो १९३८ में बड़े पैमाने के आधुनिक उद्योगों मे काम करता था। इस संख्या में वे मजदूर शामिल नही थे जो छोटे (यानी दस से कम मजदूरो से काम लेनेवाले) उद्योगों में काम करते थे, या ऐसे बड़े कारखानों में काम करते थे जिनमें भाप या बिजली, आदि की ताकत का इस्तेमाल नही होता था (मसलन सिगरेट बनाने के कुछ कारखानों में पचास से भी ज्यादा

* यह १९३५ की संख्या है।

आदमी काम करते हैं, मगर वहा पॉवर का इस्तेमाल नही होता)। सगठित मजदूर आन्दोलन की कुल शक्ति कितनी हो सकती है, इसका अनुमान लगाने के लिए हमें इनके साथ उन दस लाख से ज्यादा मजदूरो को और जोडना पडेगा, जो बागानो में काम करते हैं। इन मजदूरो को एक जगह जमा करके उनसे बहुत ही वैज्ञानिक ढंग से कमरतोड मेहनत ली जाती है। अभी तक वे हर तरह के सगठन से अलग, आन्दोलन से दूर और बहुत ही दवाकर रखे गये हैं। फिर भी जब कभी देश मे बेचैनी फैलती है, तो बागानों के मजदूर भी बहुत ऊचे दर्जे की लड़ाकू प्रवृत्ति का परिचय दिये बिना नही रहते। इसके अलावा, छोटे-छोटे उद्योगो के और फैक्टरी ऐक्ट के मातहत न आनेवाले बड़े उद्योगो के मजदूरों के एक हिस्से को भी अपने हिसाब में जोडना पड़ेगा। इस तरह भारत में सगठित किये जाने योग्य मजदूरो की कुल तादाद, दूसरा महायुद्ध शुरू होने तक, ५० लाख से ज्यादा हो गयी थी।

१६५२ मे अनुमान लगाया गया कि "कल-कारखानो, बागानों, खानों, यातायात और सचार-व्यवस्था, आदि में काम करनेवाले औद्योगिक मजदूरो की कुल संख्या" ६५ या ७० लाख है। इनमें म्युनिसिपल बोर्डों, स्थानीय यातायात, भवन-निर्माण और घरेलू उद्योगो में काम करनेवालो को और जोड दिया जाय, तो कुल तादाद १ करोड़ २० लाख हो जाती है।

२. मज़दूर वर्ग की हालत

भारत में औद्योगिक मजदूर वर्ग की क्या हालत है, इसका एक मोटा सा खाका हम दूसरे अध्याय में दे चुके हैं। १६२८ में ब्रिटेन की ट्रेड यूनियन कांग्रेस के प्रतिनिधि-मडल ने भारत का दौरा करके यहा के मजदूरो की हालत की बाबत जो कुछ कहा था, उसकी याद दिला देना भी उपयोगी होगा। उन्होंने कहा था:

> "सारी जाच-पडताल से यही पता चलता है कि भारत के अधिकतर मजदूरों को १ शिलिंग रोज से ज्यादा नहीं मिलता।"

इसी प्रतिनिधि-मडल ने मजदूरों के घरों के बारे में यह लिखा था:

> "हम लोग जहा भी ठहरे, वहा मजदूर बस्तियों को देखने जरूर गये और अगर हम उनको न देखते तो हमें कभी यह यकीन न होता कि दुनिया के पर्दे पर इतनी गदी जगहें भी हैं।"

१६३८ में भारतीय मजदूरो के प्रतिनिधि एस. वी. परुलेकर ने जेनेवा में अन्तरराष्ट्रीय मजदूर सम्मेलन के सामने यह रिपोर्ट दी थी:

"भारत में ज्यादातर मजदूरों को जितनी मजूरी मिलती है, उससे वे जिन्दगी की मामूली से मामूली ज़रूरतों को भी पूरा नहीं कर सकते। १६२१ में मि. फिडले शिरास ने बम्बई के मजदूरो के माहवारी खर्च की जाच की थी। उनका कहना है कि कारखानों मे काम करनेवाला मजदूर उतना ही अन्न खाता है, जितना अकाल के कानून के मातहत सरकार की तरफ से अकाल-पीडितों को दिया जाता है। लेकिन बम्बई के जेल-कानून के मातहत हरएक कैदी को जितना अन्न दिया जाता है, मजदूर को उससे कम मयस्सर होता है। मि. शिरास के रिपोर्ट के प्रकाशित होने के बाद से हालत और खराब हो गयी है, क्योकि अब मजदूरो की कमाई १६२१ से कम हो गयी है...।

"असगठित उद्योगो मे, जिनकी सख्या भारत में बहुत बड़ी है, मजदूरी की दर बयान से बाहर है; उसकी केवल कल्पना ही की जा सकती है...।

"बीमारी, बेकारी, बुढापा और मौत के समय मजदूरो की मदद करने का भारत मे कोई प्रबध नहीं है...।

"१६३१ की जन-गणना की रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के सबसे बडे औद्योगिक केन्द्र बम्बई में लोग जिस तरह के घरो मे रहते हैं, वे किसी भी सभ्य समाज के लिए कलक की बात हैं ..।

"नीचे दिये आकडो से पता चलता है कि बम्बई मे जितने बच्चे पैदा होते हैं, उनमे से कितने बचपन में ही मर जाते है। बाकी आबादी के मुकाबले मे मजदूरो के बच्चे कितने ज्यादा मरते हैं, यह देखकर किसी का भी दिल सहम उठेगा :

१ कोठरी या कम मे रहनेवाले परिवारो में	...	हजार में	५२४	बच्चे	मर गये
२ कोठरियों मे रहनेवाले परिवारो में	...	,, ,,	३८४	,,	,,
३ कोठरियो में रहनेवाले परिवारो मे	...	,, ,,	२५५	,,	,,
४ कोठरियो या ज्यादा में रहनेवाले परिवारों में	...	,, ,,	२४६·५	,,	,,

"तब से आज तक हालत में कोई सुधार नही हुआ है।"

भारत में कहां कितनी मजदूरी मिलती है, इसके कोई आकड़े नहीं मिलते। ऐसा भी नहीं है कि एक औद्योगिक केन्द्र में एक ढग के काम के लिए

एक सी मजदूरी मिलती हो। ह्विटले कमीशन ने मजदूरों के मुआवजा-कानून के मातहत चलनेवाले मुकदमो के आकडो का अध्ययन किया था। उसने १६२५ से लेकर १६२६ तक पांच साल के मुकदमो को लिया। उनसे इस बात का कुछ अन्दाजा मिल गया कि अर्ध-कुशल औद्योगिक मजदूरो को औसतन किन दरो पर मजदूरी मिलती है। अकुशल मजदूरो या कम तनखा पानेवाले मजदूरो के बारे में इन मुकदमों से कुछ नही मालूम हो सकता था, क्योंकि ऐसे मजदूर बहुत लाचार होते हैं और उनमे से बहुतो को तो मुआवजा-कानून की कोई जानकारी तक नही होती और वे कभी मुआवजा मागने कचहरी नहीं जाते। इसके अलावा इन मुकदमो के कागजो से प्राप्त होनेवाले आकडो पर सरकारी अधिकारियो ने भी काफी रग-रोगन चढाया था और उसके बाद उन्हे इस रूप में पेश किया था कि "उनसे सगठित उद्योगो के अर्ध-कुशल मजदूरो की मजूरी की दरो का बहुत मोटा सा अनुमान लग सकता है।" यानी खुद सरकारी अधिकारियो के कथन के अनुसार इन आकडो से बच्चो, अ-कुशल मजदूरों और असगठित उद्योगो के बहुत ही कम मजूरी पानेवाले मजदूरो की हालत के बारे में कुछ पता नही लगता। फिर भी, इन आकडो से प्रकट होता है कि उत्तर प्रदेश में एक चौथाई से ज्यादा अर्ध-कुशल बालिग मजदूरों को प्रति सप्ताह ४ शिलिंग ६ पेंस से कम, और आधे से ज्यादा को ६ शिलिंग से कम मजूरी मिलती थी, मध्य प्रान्त में आधे से ज्यादा अर्ध-कुशल मजदूरों को और मद्रास तथा बिहार और उडीसा में लगभग आधे मजदूरों को ६ शिलिंग से कम मजूरी मिलती थी; बंगाल में आधे मजदूर ७ शिलिंग ६ पेंस से कम पाते थे। और यहा तक कि बम्बई में भी जहा कि रहन-सहन का खर्चा बहुत ज्यादा था, आधे से ज्यादा मजदूर प्रति सप्ताह ६ शिलिंग ६ पेंस से कम ही कमाते थे।

ध्यान रहे कि ये आकड़े अपेक्षाकृत अधिक खाते-पीते मजदूरो के हैं और उनपर कुछ सरकारी रोगन भी चढा है। ये सब मजदूरों के आम आकडे नहीं हैं। इस सदी के चौथे दशक में प्रान्तीय सरकारो के मजदूर-विभागों की देखरेख में मजदूर-परिवारो के माहवारी खर्च की जाच-पड़ताल कई बार हुई थी। उनसे पता चला कि एक औसत परिवार की आय (एक मजदूर की आय नही) बम्बई में ५० रुपये माहवार थी, अहमदाबाद में ४६ रुपये माहवार, शोलापुर में ४० रुपये माहवार, और मद्रास के संगठित उद्योगो में ३७ रुपये और असगठित उद्योगो तथा धधो मे २० से लेकर २७ रुपये माहवार तक थी। बम्बई, शोलापुर और अहमदाबाद की जाच से यह भी मालूम हुआ था कि एक औसत परिवार में चार सदस्य थे, जिनमें से डेढ या दो आदमी काम करते थे। दूसरे महायुद्ध के बाद से चीजों के दाम बहुत ज्यादा बढ गये है, और इस वजह से मजदूरों की असली मजूरी बहुत गिर गयी है।

यह याद रखना भी ज़रूरी है कि कागज़ पर लिखी हुई मजूरी में से तरह-तरह की अनेक कटौतियां हो जाती हैं; कमीशन, जुर्माना, फ़ोरमैन का "हक", मज़दूरों पर लदे हुए क़र्ज़े का कमरतोड़ सूद—इतनी सारी मदों में कटौती होते-होते कागज़ पर लिखी तनखा कुछ की कुछ हो जाती है। (कर्ज़ा लेना हर मज़दूर के लिए ज़रूरी है क्योंकि ज़्यादातर मज़दूरों को माहवार तनखा मिलती है और अक्सर महीना ख़तम हो जाने के भी दस-पन्द्रह दिन बाद उनको पैसे दिये जाते हैं। इस तरह हर मज़दूर को छः हफ्ते उधार लेकर ख़र्च चलाना पड़ता है। थोड़े से भाग्यशाली मजदूर ही ऐसे हैं जिन्हें हर पखवारे तनखा मिल जाती है।) ह्विटले कमीशन ने अनुमान लगाया था कि "अधिकतर औद्योगिक केन्द्रों में कम से कम दो-तिहाई मज़दूर या उनके परिवार ऐसे हैं जो कर्ज़ से लदे हुए हैं," और "उनमें ज्यादातर मज़दूरों का कर्ज़ उनकी तीन महीने की तनखा से ज्यादा है और अक्सर तो वह उससे बहुत आगे निकल जाता है।" बाद में जो जाच-पड़तालें हुईं, उनसे पता चला कि ह्विटले कमीशन ने दो-तिहाई मज़दूरों के कर्ज़दार होने का जो अनुमान लगाया था, असलियत उससे कहीं ज्यादा भयानक है। बम्बई की जिस जांच का हमने ऊपर ज़िक्र किया था, उससे मालूम हुआ था कि ७५ प्रतिशत परिवार कर्ज़ से लदे हैं। मद्रास की जाच से पता चला था कि संगठित उद्योगों के ९० प्रतिशत मज़दूर कर्ज़दार थे और औसतन हरेक का कर्ज़ा छः महीने की तनख़ा से भी ज्यादा बैठता था।

बागानों के मजदूरों की हालत सबसे ख़राब है। श्री शिव राव का कहना है कि "आसाम घाटी के चाय-बागानों में (भारत की ज्यादातर चाय आसाम और बंगाल में पैदा होती है) बसे मज़दूरों में मर्दों की औसत माहवारी आमदनी ७ रुपये १३ आने, औरतों की ५ रुपये १४ आने, और बच्चों की ४ रुपये ४ आने होती है।" इसके अलावा मज़दूरों को जो मुफ्त "घर", दवा-दारू, और दूसरी रियायतें मिली हुई हैं, उनसे यह बात और भी स्पष्ट हो जाती है कि ये लोग ग़ुलामों जैसी हालत में रहते हैं।

इस तरह के क्रूर शोषण से पूंजीपति कैसा बेशुमार मुनाफ़ा कमाते हैं, यह सारी दुनिया में मशहूर है। पहले महायुद्ध के बाद जब व्यवसाय में तेज़ी आयी थी, तब ख़ास तौर पर इन लोगों का मुनाफा आसमान को छूने लगा था। १९२५ में डंडी की जूट मिलों के मज़दूरों के एक प्रतिनिधि-मंडल ने भारत के जूट-उद्योग की जाच करके यह रिपोर्ट दी थी :

> "रिज़र्व फंड और मुनाफ़े को जोड़ने पर पता चलेगा कि १९१५ से १९२४ तक के दस साल में ३० करोड़ पौंड का मुनाफा हिस्सेदारों को मिला है; यानी जूट उद्योग में लगी हुई पूंजी पर ९० प्रतिशत सालाना

का लाभ होता है। इस उद्योग में ३ लाख से लेकर ३ लाख २७ हजार तक मजदूर काम करते हैं और उन्हें १२ पौंड १० शिलिंग सालाना की औसत मजूरी मिलती है। ३ लाख मजदूरों से दस साल में ३० करोड पौंड का मुनाफ़ा चूसने का मतलब यह होता है कि हर मजदूर से साल भर में १०० पौंड चूसे गये। मजदूरों की सालाना मजूरी चूंकि १२ पौंड १० शिलिंग फी आदमी है, इसलिए इससे साबित होता है कि मालिकों का सालाना मुनाफ़ा मजदूरों की सालाना मजदूरी का आठ-गुना होता है।"

सूती उद्योग के बारे में चुंगी बोर्ड ने १९२७ में जांच करके इस आशय का एक रिपोर्ट प्रकाशित कराया था :

"बम्बई की मिलों के आमदनी और खर्च के चिट्ठों को देखने पर पता चलता है कि १९२० में ३५ कम्पनियों ने, जो ४२ मिलों की मालिक थीं, अपने हिस्सेदारों को ४० प्रतिशत या उससे भी अधिक मुनाफ़ा बांटा था। इनमें से दस कम्पनियों ने, जो १४ मिलों की मालिक थीं, १०० प्रतिशत या उससे भी अधिक मुनाफ़ा बांटा था, और दो मिलों ने २०० प्रतिशत से ज्यादा मुनाफा अपने हिस्सेदारों को दिया था। १९२१ में ऐसी कम्पनियों की संख्या ४१ हो गयी थी, जो ४७ मिलों की मालिक थीं। इनमें से ९ कम्पनियों ने, जिनके पास ११ मिलें थीं, १०० प्रतिशत या उससे भी ज्यादा मुनाफ़ा बांटा था।"

३६५ प्रतिशत का मुनाफ़ा बांटनेवाली कम्पनियां भी देखने में आयी हैं। १९२७ में नागपुर की एम्प्रेस मिल ने अपनी स्वर्ण जयंती के अवसर पर एक पुस्तिका निकाली थी। उसमें बड़े गर्व के साथ यह लिखा गया था :

"यह काफ़ी दिलचस्प बात है कि ३० जून, १९२६ तक एम्प्रेस मिल ने कुल ९२,२१४,५२७ रुपये का मुनाफ़ा कमाया है, जो मामूली हिस्सेदारों की कुल पूंजी का क़रीब ६१·४७ गुना होता है। इस तारीख तक कम्पनी मामूली हिस्सेदारों को ५६,४३१,२६७ रुपये का मुनाफ़ा बांट चुकी है। इस तरह मूल पूंजी पर हिस्सेदारों को बांटे गये मुनाफ़े की दर ८०·८६ प्रतिशत सालाना बैठती है... ।"

भारत में मजदूरों के सम्बन्ध में जो क़ानून बने हैं, वे भी बहुत पिछड़े हुए हैं। और काग़ज़ पर ये क़ानून जो कुछ कहते हैं, असल में वे उससे भी बहुत कम फायदा मजदूरों को पहुंचाते हैं। फैक्टरियों के बारे में पहले-पहल १८८१ में क़ानून बना था। उस वक्त लंकाशायर के मिल-मालिक भारतीय मिलों की बढ़ती को देखकर बहुत घबरा गये थे। उनके दबाव से यह फ़ैक्टरी ऐक्ट बना।

पर दसियों बरस तक वह सरकारी फाइलों में ही बन्द पड़ा रहा। हालाकि यह कानून मजदूरों की बहुत ही थोडी बातो मे दखल देता था, मगर उन बातो में भी उस पर अमल नही हुआ, क्योकि कानून मे उसकी धाराओं पर अमल करने की कोई पाबन्दी न थी। श्री शिव राव ने १९३९ मे लिखा था :

> "कारखानों, खानों, बागानो, गोदियो, रेलों, बन्दरगाहों, आदि में काम करनेवाले मजदूरो के लिए जितने क़ानून बने हैं, उन सबको यदि लिया जाय तब भी इसमे सन्देह है कि उनका असर ७० या ८० लाख मजदूरो से ज्यादा पर पडता है। बाकी मज़दूर, जिनकी सख्या इन ७० या ८० लाख से बहुत ज्यादा है, छोटे अथवा तथाकथित अनियमित उद्योगों में काम करते हैं।"

१९४४ मे कारखानों से सम्बधित मुख्य कानून केवल २,५२२,७५३ मजदूरो पर लागू होते थे। यह भारत के मजदूर वर्ग का एक बहुत ही छोटा हिस्सा था। और ये मजदूर भी इन कानूनों से खास फायदा नही उठा पाते थे, क्योकि उनको लागू करनेवाली व्यवस्था बड़ी ढीली और कमजोर थी। १९४४ मे १४,०७१ कारखाने फैक्टरी ऐक्ट के मातहत सरकारी रजिस्टरो में दर्ज थे। उनमें से केवल ११,७१३ यानी ८३·२ प्रतिशत कारखानों की फैक्टरी इंस्पेक्टरो ने जांच की। २,३५८ यानी १६·८ प्रतिशत कारखानो की साल में एक बार भी जाच नही हुई। जिनकी हुई, उनमें से ज्यादातर मे साल भर में केवल एक बार इंस्पेक्टर गया। इससे समझा जा सकता है कि कारखानो के मालिक फैक्टरी ऐक्ट पर कितना अमल करते होंगे। ऐक्ट के मातहत १,७७५ मामलो में मालिको को दड दिया गया। मगर यह दंड केवल जुर्माना था और वह भी इतना हल्का कि उससे ऐसा मालूम होता था कि मालिकों को कानून तोड़ने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है। १९४८ में उत्तर प्रदेश की एक रिपोर्ट में यह मत प्रकट किया गया था कि "इस तरह के जुर्मानो से कानून तोडनेवालो का कोई सुधार नही होगा, क्योकि क़ानून तोड़ने मे जितना नफा होता है, जुर्माने में उससे बहुत कम देना पड़ता है।"

भारत में उद्योग-धधों का अधिकाश भाग ऐसा है जिस पर सरकार के कानून लागू नही होते। ऐसे उद्योगों में छोटे से छोटे बच्चो से मेहनत करायी जाती है। काम के घंटो पर कोई पाबन्दी नहीं है। मजदूरों की स्वास्थ्य-रक्षा के लिए बहुत मामूली इन्तजाम तक नदारद है। १९३८ की मद्रास की रिपोर्ट का कहना है कि उस प्रान्त के असगठित उद्योगो में बच्चो से पहले से ज्यादा मजदूरी करायी जाने लगी है। चमड़ा, दरी और सिगरेट के कारखानों में बच्चे आम तौर पर पाच या छः वर्ष की उम्र मे काम करना शुरू कर देते हैं। उन्हें हफ्ते में एक

दिन की भी छुट्टी नहीं मिलती और रोज दस-दस, बारह-बारह घंटे काम करना पड़ता है। और इतना काम करने पर उन्हे मजूरी मिलती है केवल दो आने।

वर्तमान युग में जिन्हे सामाजिक कानून कहते हैं, उनका लगभग बिलकुल अभाव है। मजदूरों के स्वास्थ का बीमा नही होता, उन्हे बीमारी का भत्ता नही मिलता, बुढापे की पेंशन नही मिलती, बेकार होने पर उनकी कोई मदद नही करता, और उनकी शिक्षा की भी कोई ग्राम व्यवस्था नही है। उन मजदूरो के लिए जो बारहों महीने कारखानों में काम करते हैं, १९४८ में एक राजकीय बीमा कानून बनाया गया। जाहिर है कि ऐसे मजदूरो की सख्या बहुत थोड़ी है। लेकिन १९५२ तक यह कानून भी केवल दो ही स्थानो पर लागू किया गया था —एक कानपुर और दूसरा दिल्ली मे।

३. मज़दूर आन्दोलन का जन्म

भारत में मजदूर आन्दोलन की शुरुआत क़रीब पचास साल पहले हुई थी। लेकिन एक संगठित आन्दोलन के रूप में उसका इतिहास-क्रम पहले महायुद्ध के बाद मे ही आरम्भ होता है।

जब उन्नीसवी सदी के आठवें दशक तक देश में कल-कारखाने खड़े हो गये, तब हड़तालो का होना भी लाजिमी हो गया, हालाकि शुरू-शुरू में उनका रूप आदिम ढंग का और असंगठित था। इतिहास में १८७७ की एक हड़ताल का उल्लेख है जो नागपुर की एम्प्रेस मिल में मजूरी की दर के सवाल पर हुई थी। १८८२ से लेकर १८९० तक के काल में बम्बई और मद्रास प्रान्त के २५ हड़तालो का उल्लेख मिलता है।

साधारण परम्परा के अनुसार यह माना जाता है कि भारत में मजदूर आन्दोलन का इतिहास १८८४ में बम्बई के मजदूरों की एक सभा मे शुरू होता है, जिसे एन. एम. लोखंडे नामक एक स्थानीय सम्पादक ने बुलाया था। इन सज्जन ने मजदूरों की मागों का एक आवेदन-पत्र तैयार किया था, जो बम्बई के मजदूरों की तरफ से फैक्टरी कमीशन को दिया जानेवाला था। इस आवेदन-पत्र में माग की गयी थी कि काम के घंटो पर पाबंदी लगायी जाय, हफ्ते में एक दिन की छुट्टी मिले, दोपहर में खाने-पीने के लिए छुट्टी दी जाय, और चोट-फोट लगने पर मजदूरों को मुआवजा मिले। यह लोखंडे साहब अपने को "बम्बई मिल-मजदूर एसोसिएशन का सभापति" कहते थे।

लोखंडे का भारत के मजदूर इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है; लेकिन यह समझना गलत है कि भारत में मजदूर आन्दोलन लोखंडे के काम से शुरू हुआ है। "बम्बई मिल-मजदूर एसोसिएशन" किसी भी अर्थ में मजदूर सगठन नहीं

पर दसियों बरस तक वह सरकारी फाइलों में ही बन्द पड़ा रहा। हालांकि यह कानून मजदूरों की बहुत ही थोडी बातों मे दखल देता था, मगर उन बातो में भी उस पर अमल नही हुआ, क्योंकि कानून मे उसकी धाराओ पर अमल करने की कोई पाबन्दी न थी। श्री शिव राव ने १६३६ में लिखा था :

"कारखानों, खानों, बागानो, गोदियों, रेलो, बन्दरगाहों, आदि में काम करनेवाले मजदूरों के लिए जितने कानून बने हैं, उन सबको यदि लिया जाय तब भी इसमें सन्देह है कि उनका असर ७० या ८० लाख मजदूरो से ज्यादा पर पड़ता है। बाकी मजदूर, जिनकी सख्या इन ७० या ८० लाख से बहुत ज्यादा है, छोटे अथवा तथाकथित अनियमित उद्योगों में काम करते हैं।"

१६४४ मे कारखानो से सम्बधित मुख्य कानून केवल २,५२२,७५३ मजदूरो पर लागू होते थे। यह भारत के मजदूर वर्ग का एक बहुत ही छोटा हिस्सा था। और ये मजदूर भी इन कानूनो से खास फायदा नही उठा पाते थे, क्योंकि उनको लागू करनेवाली व्यवस्था बड़ी ढीली और कमजोर थी। १६४४ में १४,०७१ कारखाने फैक्टरी ऐक्ट के मातहत सरकारी रजिस्टरों में दर्ज थे। उनमें से केवल ११,७१३ यानी ८३.२ प्रतिशत कारखानो की फैक्टरी इस्पेक्टरों ने जाच की। २,३५८ यानी १६.८ प्रतिशत कारखानो की साल में एक बार भी जांच नही हुई। जिनकी हुई, उनमें से ज्यादातर मे साल भर में केवल एक बार इंस्पेक्टर गया। इससे समझा जा सकता है कि कारखानों के मालिक फैक्टरी ऐक्ट पर कितना अमल करते होंगे। ऐक्ट के मातहत १,७७५ मामलों में मालिकों को दड दिया गया। मगर यह दड केवल जुर्माना था और वह भी इतना हल्का कि उससे ऐसा मालूम होता था कि मालिको को कानून तोड़ने के लिए बढावा दिया जा रहा है। १६४८ में उत्तर प्रदेश की एक रिपोर्ट में यह मत प्रकट किया गया था कि "इस तरह के जुर्मानो से कानून तोड़नेवालों का कोई सुधार नही होगा, क्योंकि कानून तोडने से जितना नफा होता है, जुर्माने में उससे बहुत कम देना पड़ता है।"

भारत में उद्योग-धंधों का अधिकाश भाग ऐसा है जिस पर सरकार के क़ानून लागू नही होते। ऐसे उद्योगो में छोटे से छोटे बच्चो से मेहनत करायी जाती है। काम के घंटों पर कोई पाबन्दी नहीं है। मजदूरों की स्वास्थ्य-रक्षा के लिए बहुत मामूली इन्तजाम तक नदारद है। १६३८ की मद्रास की रिपोर्ट का कहना है कि उस प्रान्त के असगठित उद्योगो में बच्चो से पहले से ज्यादा मजदूरी करायी जाने लगी है। चमड़ा, दरी और सिगरेट के कारखानों में बच्चे आम तौर पर पाच या छः वर्ष की उम्र से काम करना शुरू कर देते हैं। उन्हें हफ्ते में एक

दिन की भी छुट्टी नही मिलती और रोज दस-दस, बारह-बारह घंटे काम करना पड़ता है। और इतना काम करने पर उन्हें मजूरी मिलती है केवल दो आने।

वर्तमान युग में जिन्हें सामाजिक कानून कहते हैं, उनका लगभग बिलकुल अभाव है। मजदूरों के स्वास्थ्य का बीमा नही होता, उन्हें बीमारी का भत्ता नही मिलता, बुढ़ापे की पेंशन नही मिलती, बेकार होने पर उनकी कोई मदद नही करता, और उनकी शिक्षा की भी कोई आम व्यवस्था नही है। उन मजदूरों के लिए जो बारहों महीने कारखानों मे काम करते हैं, १९४८ में एक राजकीय बीमा कानून बनाया गया। जाहिर है कि ऐसे मजदूरो की संख्या बहुत थोडी है। लेकिन १९५२ तक यह कानून भी केवल दो ही स्थानो पर लागू किया गया था—एक कानपुर और दूसरा दिल्ली में।

३. मज़दूर आन्दोलन का जन्म

भारत में मजदूर आन्दोलन की शुरुआत करीब पचास साल पहले हुई थी। लेकिन एक संगठित आन्दोलन के रूप में उसका इतिहास-क्रम पहले महायुद्ध के बाद से ही आरम्भ होता है।

जब उन्नीसवी सदी के आठवें दशक तक देश में कल-कारखाने खड़े हो गये, तब हड़तालों का होना भी लाजिमी हो गया, हालांकि शुरू-शुरू में उनका रूप आदिम ढंग का और असंगठित था। इतिहास में १८७७ की एक हड़ताल का उल्लेख है जो नागपुर की एम्प्रेस मिल में मजूरी की दर के सवाल पर हुई थी। १८८२ से लेकर १८९० तक के काल में बम्बई और मद्रास प्रान्त के २५ हड़तालो का उल्लेख मिलता है।

साधारण परम्परा के अनुसार यह माना जाता है कि भारत में मजदूर आन्दोलन का इतिहास १८८४ में बम्बई के मजदूरो की एक सभा से शुरू होता है, जिसे एन. एम. लोखंडे नामक एक स्थानीय सम्पादक ने बुलाया था। इन सज्जन ने मजदूरों की मांगों का एक आवेदन-पत्र तैयार किया था, जो बम्बई के मजदूरो की तरफ से फैक्टरी कमीशन को दिया जानेवाला था। इस आवेदन-पत्र में मांग की गयी थी कि काम के घंटों पर पाबंदी लगायी जाय, हफ्ते में एक दिन की छुट्टी मिले, दोपहर में खाने-पीने के लिए छुट्टी दी जाय, और चोट-फोट लगने पर मजदूरो को मुआवजा मिले। यह लोखंडे साहब अपने को "बम्बई मिल-मजदूर एसोसियेशन का सभापति" कहते थे।

लोखंडे का भारत के मजदूर इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है; लेकिन यह समझना गलत है कि भारत में मजदूर आन्दोलन लोखंडे के काम से शुरू हुआ है। "बम्बई मिल-मजदूर एसोसियेशन" किसी भी अर्थ में मजदूर संगठन नहीं

पर दसियों बरस तक वह सरकारी फाइलो में ही बन्द पड़ा रहा। हालांकि यह क़ानून मजदूरों की बहुत ही थोडी बातो में दखल देता था, मगर उन बातो में भी उस पर अमल नही हुआ, क्योकि कानून में उसकी धाराओ पर अमल करने की कोई पाबन्दी न थी। श्री शिव राव ने १६३६ मे लिखा था :

"कारखानों, खानों, बागानो, गोदियो, रेलों, बन्दरगाहों, आदि में काम करनेवाले मजदूरो के लिए जितने क़ानून बने हैं, उन सबको यदि लिया जाय तब भी इसमें सन्देह है कि उनका असर ७० या ८० लाख मजदूरो से ज्यादा पर पडता है। बाकी मजदूर, जिनकी सख्या इन ७० या ८० लाख से बहुत ज्यादा है, छोटे अथवा तथाकथित अनियमित उद्योगो में काम करते हैं।"

१६४४ में कारखानों से सम्बंधित मुख्य कानून केवल २,५२२,७५३ मजदूरो पर लागू होते थे। यह भारत के मजदूर वर्ग का एक बहुत ही छोटा हिस्सा था। और ये मजदूर भी इन कानूनों से खास फायदा नही उठा पाते थे, क्योकि उनको लागू करनेवाली व्यवस्था बडी ढीली और कमजोर थी। १६४४ में १४,०७१ कारखाने फैक्टरी ऐक्ट के मातहत सरकारी रजिस्टरों में दर्ज थे। उनमें से केवल ११,७१३ यानी ८३·२ प्रतिशत कारखानों की फैक्टरी इंस्पेक्टरो ने जाच की। २,३५८ यानी १६·८ प्रतिशत कारखानों की साल में एक बार भी जाच नही हुई। जिनकी हुई, उनमें से ज्यादातर में साल भर में केवल एक बार इंस्पेक्टर गया। इससे समझा जा सकता है कि कारखानों के मालिक फैक्टरी ऐक्ट पर कितना अमल करते होंगे। ऐक्ट के मातहत १,७७५ मामलो में मालिकों को दड दिया गया। मगर यह दड केवल जुर्माना था और वह भी इतना हल्का कि उससे ऐसा मालूम होता था कि मालिकों को कानून तोड़ने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है। १६४८ में उत्तर प्रदेश की एक रिपोर्ट में यह मत प्रकट किया गया था कि "इस तरह के जुर्मानों से कानून तोडनेवालो का कोई सुधार नहीं होगा, क्योकि कानून तोडने से जितना नफा होता है, जुर्माने में उससे बहुत कम देना पड़ता है।"

भारत में उद्योग-धंधों का अधिकांश भाग ऐसा है जिस पर सरकार के क़ानून लागू नही होते। ऐसे उद्योगो में छोटे से छोटे बच्चो से मेहनत करायी जाती है। काम के घंटों पर कोई पाबन्दी नही है। मजदूरो की स्वास्थ्य-रक्षा के लिए बहुत मामूली इन्तजाम तक नदारद है। १६३८ की मद्रास की रिपोर्ट का कहना है कि उस प्रान्त के असगठित उद्योगो में बच्चो से पहले से ज्यादा मजदूरी करायी जाने लगी है। चमडा, दरी और सिगरेट के कारखानों में बच्चे आम तौर पर पाच या छः वर्ष की उम्र से काम करना शुरू कर देते हैं। उन्हें हफ्ते में एक

दिन की भी छुट्टी नही मिलती और रोज दस-दस, बारह-बारह घंटे काम करना पड़ता है। और इतना काम करने पर उन्हे मजूरी मिलती है केवल दो आने।

वर्तमान युग में जिन्हे सामाजिक क़ानून कहते हैं, उनका लगभग बिलकुल अभाव है। मजदूरो के स्वास्थ्य का बीमा नही होता, उन्हे बीमारी का भत्ता नही मिलता, बुढ़ापे की पेंशन नही मिलती, बेकार होने पर उनकी कोई मदद नहीं करता, और उनकी शिक्षा की भी कोई आम व्यवस्था नही है। उन मजदूरो के लिए जो बारहों महीने कारखानों मे काम करते हैं, १९४८ मे एक राजकीय बीमा कानून बनाया गया। जाहिर है कि ऐसे मजदूरो की सख्या बहुत थोड़ी है। लेकिन १९५२ तक यह क़ानून भी केवल दो ही स्थानों पर लागू किया गया था—एक कानपुर और दूसरा दिल्ली मे।

३. मज़दूर आन्दोलन का जन्म

भारत में मजदूर आन्दोलन की शुरुआत क़रीब पचास साल पहले हुई थी। लेकिन एक संगठित आन्दोलन के रूप में उसका इतिहास-क्रम पहले महायुद्ध के बाद से ही आरम्भ होता है।

जब उन्नीसवी सदी के आठवें दशक तक देश मे कल-कारखाने खड़े हो गये, तब हड़तालों का होना भी लाज़िमी हो गया, हालाकि शुरू-शुरू में उनका रूप आदिम ढंग का और असंगठित था। इतिहास में १८७७ की एक हड़ताल का उल्लेख है जो नागपुर की एम्प्रेस मिल में मजूरी की दर के सवाल पर हुई थी। १८८२ से लेकर १८९० तक के काल में बम्बई और मद्रास प्रान्त के २५ हड़तालों का उल्लेख मिलता है।

साधारण परम्परा के अनुसार यह माना जाता है कि भारत में मजदूर आन्दोलन का इतिहास १८८४ में बम्बई के मजदूरों की एक सभा से शुरू होता है, जिसे एन. एम. लोखंडे नामक एक स्थानीय सम्पादक ने बुलाया था। इन सज्जन ने मजदूरों की मांगों का एक आवेदन-पत्र तैयार किया था, जो बम्बई के मजदूरों की तरफ से फैक्टरी कमीशन को दिया जानेवाला था। इस आवेदन-पत्र में माग की गयी थी कि काम के घंटों पर पाबंदी लगायी जाय, हफ्ते में एक दिन की छुट्टी मिले, दोपहर में खाने-पीने के लिए छुट्टी दी जाय, और चोट-फेंट लगने पर मजदूरों को मुआवजा मिले। यह लोखंडे साहब अपने को "बम्बई मिल-मजदूर एसोसियेशन का सभापति" कहते थे।

लोखंडे का भारत के मजदूर इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है; लेकिन यह समझना गलत है कि भारत में मजदूर आन्दोलन लोखंडे के काम ने शुरू हुआ है। "बम्बई मिल-मजदूर एसोसियेशन" किसी भी अर्थ में मजदूर सगठन नहीं

था। उसके न तो सदस्य थे, न कायदे-कानून और न ही कोई कोष था। लोखंडे मजदूरों की भलाई चाहनेवाले एक परोपकारी वृत्ति के व्यक्ति थे जो मजदूरों के हित में क़ानून बनवाने का प्रयत्न किया करते थे। वह मजदूरों के संगठन या मजदूरों के संघर्ष का श्रीगणेश करनेवाले व्यक्ति नहीं थे।

भारतीय मजदूर आंदोलन का प्रारम्भिक इतिहास जानने के लिए उन्नीसवीं सदी के नवें दशक और उसके बाद के कागजों को देखना होगा कि उनमें किन हड़तालों का जिक्र मिलता है। हालांकि उस वक्त तक मजदूरों का कोई संगठन नहीं बन पाया था, मगर उस जमाने के मजदूर जिस तरह संघर्ष में एक-दूसरे का साथ देते थे, और उनमें प्राथमिक ढंग की जो वर्ग चेतना उत्पन्न हो गयी थी, उसे कम करके नहीं आंकना चाहिए। बजबज जूट मिल के डायरेक्टरों ने १८९५ में अपनी बजट की रिपोर्ट में लिखा था : "उन्हें इस बात का अफ़सोस है कि इस छमाही में मजदूरों ने एक हड़ताल की और उसकी वजह से मिल छः हफ्ते तक बन्द पड़ी रही।" १८९५ की बम्बई फैक्टरी रिपोर्ट में अहमदाबाद के ८,००० बुनकरों की एक हड़ताल का जिक्र मिलता है, जो अहमदाबाद के मिल मालिक संघ के खिलाफ़ की गयी थी।

डी. एच बुकानन ने अपनी पुस्तक **भारत में पूंजीवादी व्यवसाय का विकास** में लिखा है :

> "१८८० और १९०८ के बीच विभिन्न सरकारी कमीशनों के सामने जितनी भी गवाहियां आयी, लगभग सभी में यह बात कही गयी कि मजदूरों की अभी कोई वास्तविक यूनियन नहीं बनी है। फिर भी बहुत से लोगों ने बताया कि अलग-अलग मिलों के मजदूर अक्सर आपस में एक साथ मिल जाते हैं और एक समूह के रूप में बड़ी आज़ादी का परिचय देते हैं। १८९२ में बॉयलरों के इंस्पेक्टर ने बताया था कि 'मजदूरों में एक अजीब एका दिखाई देता है जिसकी न तो कोई लिखा-पढ़ी हुई है और न ही जिसे कोई खास नाम दिया गया है;' और बम्बई के कलक्टर ने लिखा था कि हालांकि यह एका 'केवल हवा में ही दिखाई देता है, मगर तब भी वह है एक जोरदार चीज।' उसने सरकार को लिखा था : 'मुझे विश्वास है कि इसी एके के कारण मजदूरों ने बहुत दिनों से अपनी मजूरी में कोई हेर-फेर नहीं होने दिया है।'...बम्बई प्रान्त में उद्योगों के संचालक मि. भरुचा ने कहा था कि 'मालिकों के मुक़ाबले में मजदूर सर्व-शक्तिमान मालूम पड़ते हैं, और हालांकि उनकी कोई यूनियन नहीं है, मगर मालिकों के खिलाफ़ एक हो जाने में उन्हें कोई कठिनाई नहीं होती।' इन बयानों में यदि थोड़ी अतिशयोक्ति है, तो

वर्धा के उस अंग्रेज डिप्टी कमिश्नर ने तो हद ही कर दी, जिसने कहा कि 'मजदूरों की तूती बोल रही है; अब सवाल उनकी हिफ़ाजत करने का नहीं है, बल्कि हमें मालिकों की हिफाजत करनी है'।" (पृष्ठ ४२५)

इन शब्दों की ध्वनि बताती है कि भारतीय मजदूरों की नवजात वर्ग चेतना को देखकर उस जमाने में भी मालिकों को डर लगने लगा था।

१६०५–०६ में लड़ाकू राष्ट्रीय आन्दोलन की लहर के उठने के साथ-साथ मजदूर आन्दोलन ने भी उल्लेखनीय उन्नति की। बम्बई की मिलो मे काम के घंटे बढाने के विरोध में एक हड़ताल हुई। रेलों पर, खास तौर पर ईस्टर्न बगाल स्टेट रेलवे पर ज़बर्दस्त हड़तालें हुईं। रेलवे-वर्कशापो में हडतालें हुईं। कलकत्ते के सरकारी प्रेस में हड़ताल हुई। इन हड़तालों से उस समय के वातावरण का पता चलता है। हड़तालों की यह लहर अपने शिखर पर उस समय पहुंची जब १६०८ में तिलक महाराज को छः साल की सज़ा दी गयी और उसके विरोध में बम्बई के मजदूरो ने छः दिन की राजनीतिक आम हड़ताल की।

अभी मज़दूरों का कोई टिकाऊ संगठन बनाना सम्भव नही था। लेकिन इसकी वजह यह नही थी कि भारत के मजदूर पिछड़े हुए थे, या उनमें लड़ाकू मनोभावना की कमी थी। इसकी वजह केवल यह थी कि मजदूर हद से ज्यादा ग़रीब थे, पढ़े-लिखे नहीं थे और उनके पास साधनो का अभाव था।

पहला महायुद्ध खतम होने के बाद भारत में जिस प्रकार की परिस्थितिया पैदा हो गयी थी, और इस देश पर रूसी क्रान्ति तथा उसके बाद सारी दुनिया में उठनेवाली क्रान्तिकारी लहर का जो प्रभाव पड़ा था, उनके कारण भारत का मजदूर वर्ग मानो एक छलांग मारकर कर्म-भूमि मे उतर आया। यहीं से भारत में आधुनिक ढग के मजदूर आन्दोलन का श्रीगणेश हुआ। उस वक्त देश की आर्थिक हालत और राजनीतिक परिस्थिति दोनों ने ही मजदूरो में नयी जाग्रति पैदा करने में मदद दी। लडाई के दिनो में चीज़ों के दाम दुगने हो गये थे। लेकिन मजदूरो की तनखाओं में इस हिसाब से बढ़ती नहीं हुई थी। मिल मालिक अंधाधुध मुनाफ़ा कमा रहे थे। राजनीतिक क्षेत्र में नयी मांगें बुलन्द हो रही थी। देश को तुरन्त स्वराज्य मिले—इस कार्यक्रम के आधार पर कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच एकता स्थापित हो गयी थी। संसारव्यापी क्रान्तिकारी लहर का प्रभाव भारत पर भी पड़ने लगा था।

इस तरह १६१८ में हड़तालों की जो लहर शुरू हुई, वह १६१६ और १६२० में सारे देश में फैल गयी। इस लहर का वेग जबर्दस्त था। १६१८ के आख़ीर में एक बड़े औद्योगिक केन्द्र में पहली बार एक पूरा उद्योग हडताल के कारण ठप हो गया। यह उस वक्त हुआ जब बम्बई की सूती मिलों में हड़ताल शुरू हुई। जनवरी १६१६ तक लगभग सभी मिलों के १२५,००० मजदूर बाहर

निकल आये। १९१९ के वसन्त में रौलट ऐक्ट के खिलाफ हड़ताल हुई। उसमें मजदूरों ने जिस तरह भाग लिया, उससे साफ हो गया कि मजदूर वर्ग राष्ट्रीय संघर्ष में भी सबसे आगे बढ़कर लड़ता है। १९१९ में हड़तालों की लहर सारे देश में फैल गयी। १९१९ के खतम होते-होते और १९२० के पूर्वार्ध में हड़तालों की व्यापकता और तेजी अपनी चरम सीमा पर पहुंच गयी। श्री आर. के. दास ने अपनी पुस्तक **भारत का मजदूर आन्दोलन** में लिखा है :

"इस काल में हड़तालों की तेजी और फैलाव का कुछ अन्दाज़ा नीचे दिये आंकड़ों से लग सकता है : ४ नवम्बर से २ दिसम्बर, १९१९ तक कानपुर की ऊनी मिलों के १७,००० मजदूरों ने हड़ताल की; ७ दिसम्बर, १९१९ से ९ जनवरी, १९२० तक जमालपुर के १६,००० रेलवे मजदूरों ने हड़ताल की; १९२० में ९ से १८ जनवरी तक कलकत्ते के ३५,००० जूट मिलों के मज़दूरों ने काम बन्द रखा; २ जनवरी से ३ फरवरी तक बम्बई में आम हड़ताल रही, जिसमें २ लाख मजदूरों ने भाग लिया; २० से लेकर ३१ जनवरी तक रंगून के २०,००० मिल मजदूरों ने काम बन्द रखा; ३१ जनवरी को बम्बई में ब्रिटिश इंडिया नैवीगेशन कम्पनी के १०,००० मजदूरों ने हड़ताल की; २६ जनवरी से १६ फरवरी तक शोलापुर के १६,००० मिल-मजदूरों ने काम बन्द रखा; २ से १६ फ़रवरी तक इंडियन मैरीन डॉक (गोदी) के २०,००० मज़दूरों ने हड़ताल रखी; २४ फरवरी से २९ मार्च तक टाटा के लोहे और इस्पात के कारखाने के ४०,००० मजदूरों ने हड़ताल रखी; ९ मार्च को बम्बई के ६०,००० मिल मज़दूरों ने काम बन्द रखा; २० से २६ मार्च तक मद्रास के १७,००० मिल मज़दूरों ने हड़ताल की, मई १९२० में अहमदाबाद के २५,००० मज़दूरों ने काम बन्द रखा।"

१९२० के पहले छः महीनों में २०० हड़तालें हुईं और उनमें १५ लाख मजदूरों ने हिस्सा लिया।

इन परिस्थितियों में भारत का ट्रेड यूनियन आन्दोलन पैदा हुआ। खास-खास उद्योगों तथा केन्द्रों की अधिकतर ट्रेड यूनियनें इसी काल में बनीं, हालांकि परिस्थितियों के कारण ये संगठन कभी लगातार कायम न रह सके। भारत के आधुनिक मजदूर आन्दोलन ने इसी जबर्दस्त लड़ाकू जमाने में जन्म लिया था।

इस काल में बीसियों ट्रेड यूनियनें बनीं। बहुतेरी तो बुनियादी तौर पर हड़ताल कमिटियां मात्र थीं, जो फौरी लड़ाई चलाने के लिए बनायी जाती थीं, मगर जिनमें टिकने की शक्ति नहीं होती थी। मजदूर लड़ने के लिए तैयार रहते थे, मगर यूनियन का दफ्तरी काम दूसरे लोग ही कर सकते थे। इसलिए, शुरू-

शुरू के मजदूर आन्दोलन में एक असगति पैदा हो गयी। अभी देश मे समाजवाद के आधार पर, मजदूर वर्ग के विचारों तथा वर्ग सघर्ष के आधार पर, चलनेवाला कोई राजनीतिक आन्दोलन नही था। इसका नतीजा यह हुआ कि विभिन्न कारणों से प्रेरित होकर जो "बाहरी" लोग दूसरे वर्गों से मजदूरों के मगठनो की मदद करने को आये, उनमे मजदूर आन्दोलन के उद्देश्यो तथा जरूरतों की कोई समझ नही थी। उस प्रारम्भिक काल में इन "बाहरी" लोगों की मदद मजदूरो के लिए नितान्त आवश्यक थी, मगर ये लोग अपने साथ मध्य-वर्गी राजनीति के विचार लेकर मज़दूर आन्दोलन मे आये थे। उनमें से कुछ परोपकार की भावना से आये थे, कुछ सिर्फ़ नेता बनना चाहते थे, और कुछ राष्ट्र के राजनीतिक सघर्ष को आगे बढाने के उद्देश्य से मज़दूर आन्दोलन मे आये थे। मगर उनका उद्देश्य कुछ भी रहा हो, वे सब एक गैर-वर्ग का दृष्टिकोण लेकर आये थे और इसलिए वे वर्ग सघर्ष के आधार पर नवजात मजदूर आन्दोलन की रहनुमाई नहीं कर सकते थे, जब कि मज़दूर असल में वर्ग सघर्ष की ही लडाई लड़ रहे थे। भारत के मजदूर आन्दोलन के गले में बहुत दिनों तक यह पत्थर बंधा रहा, और उसने मजदूरो की शानदार लड़ाकू भावना और वीरता के बढने में बहुत बाधा डाली; और उसका असैर अब भी बाकी है।

आम तौर पर समझा जाता है कि भारत में ट्रेड यूनियनों की शुरुआत मद्रास लेबर यूनियन से हुई थी, जिसकी स्थापना थियोसोफिस्ट नेत्री श्रीमती एनी बेसेंट के सहयोगी श्री बी. पी. वाडिया ने १९१८ मे की थी। भारतीय मज़दूर वर्ग के जीवित इतिहास को देखते हुए यह धारणा कुछ भ्रम मे डालनेवाली मालूम होती है। इस काल मे ट्रेड यूनियन बनाने की प्रारम्भिक कोशिशें सारे भारत में हो रही थी। लगता है कि अहमदाबाद की सूती मिलो में "वार्पिंग" का काम करनेवाले मज़दूरो ने १९१७ मे ही अपनी एक यूनियन बना ली थी। लेकिन संगठन का आधार उस वक्त तक बहुत कमज़ोर था और मज़दूर वर्ग के लड़ाकूपन तथा क्रियाशीलता के स्तर को देखते हुए उनका संगठन बहुत पीछे था। इसमें शक नही कि मद्रास लेबर यूनियन के रूप में पहली बार एक बड़े औद्योगिक केन्द्र में मजदूरो की यूनियन बनाने की एक बाकायदा कोशिश हुई थी। वहां यूनियन के मेम्बर बनाये गये थे; उनसे बाकायदा चन्दा वसूल किया गया था। इस सब के लिए मद्रास लेबर यूनियन के सस्थापको को श्रेय दिया ही जाना चाहिए। लेकिन जिस औद्योगिक केन्द्र में यह पहलकदमी शुरू हुई थी, वह खुद अपेक्षाकृत कमज़ोर था। १९२१ से १९२३ तक वहा कुल मिलाकर केवल २८ लाख दिन हड़ताल हुई जब कि इसी काल मे बगाल में २ करोड दिन और बम्बई प्रान्त ६ करोड़ दिन काम बन्द रहा। इससे मालूम होता है कि मद्रास में यह सगठन सयोगवश और किन्ही व्यक्तिगत कारणो से बन गया था; और

भारत के मजदूर आन्दोलन के विकास में उसके महत्व को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर दिखाना सही न होगा। मद्रास लेबर यूनियन के संस्थापक श्री बी. पी. वाडिया का दृष्टिकोण कितना संकुचित और सीमित था, यह जल्द ही मालूम हो गया। अप्रैल १९१८ में उनकी अध्यक्षता मे यूनियन क़ायम करने के बाद मद्रास के मजदूरो ने मालिको के सामने अपनी मांगें पेश की और जब उससे कुछ काम न बना तो उन्होंने मांग की कि अब हड़ताल होनी चाहिए। वाडिया साहब ने हड़ताल का विरोध किया। उन्होने कहा कि हम लोग ब्रिटिश साम्राज्य की राजभक्त प्रजा हैं, हम हड़ताल कैसे कर सकते हैं? यानी श्रीमती एनी बेसेंट राष्ट्रीय आन्दोलन में जो रुख लेती थी, वही उनके सहयोगी श्री वाडिया ने मजदूर आन्दोलन में अपनाया। ३ जुलाई, १९१८ को श्री वाडिया ने एक भाषण के दौरान में कहा :

> "अगर हड़ताल करके तुम लोग सिर्फ विनी एंड कम्पनी का नुकसान करते तो मुझे कोई चिन्ता न होती, क्योकि वह काफ़ी पैसा कमा रही है। लेकिन हड़ताल करके तुम मित्र-राष्ट्रों को हानि पहुचाओगे। हमारे सिपाहियो को परेशानी होगी। हमें उनके लिए कपड़ा तैयार करना है। और सिर्फ़ इसलिए कि मिलो से सम्बंधित कुछ योरोपियन लोगों का और इस सरकार का बरताव ठीक नही है, हमें यह अधिकार नही मिल जाता कि हम उन लोगों को परेशान करें जो हमारे राजा की लड़ाई लड़ रहे हैं। इसलिए, हमे हड़ताल नही करनी चाहिए।"

श्री वाडिया ने हड़ताल तो नही होने दी, लेकिन विनी एंड कम्पनी ने वाडिया साहब के "राजभक्ति" के उपदेश को अनसुना करके कारखाने में ताला डाल दिया। मजदूर इस हमले के लिए तैयार नही थे; और वाडिया साहब की बातो में आकर वे अपना हड़ताल का हथियार पहले से ही त्याग चुके थे। मजबूर होकर कुछ समय के लिए उन्हें अपनी मागों को छोड़ देना पड़ा। मद्रास में असली परीक्षा १९२१ में तब हुई जब मिलों में ताला खुलने के बाद हड़ताल शुरू हुई। कम्पनी ने तब हाईकोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट ने हड़ताल करने को मनाही कर दी। और उसका हुक्म तोड़ने के अपराध में यूनियन को ७,००० पोंड (यानी १ लाख ५ हजार रुपये) जुर्माने की सजा दी गयी। कम्पनी ने कहा कि अगर वाडिया साहब मजदूर आन्दोलन से अलग हो जायें, तो हम जुर्माना वसूल कराने की कार्रवाई नहीं करेंगे। वाडिया साहब ने यह शर्त क़बूल कर ली और मजदूर आन्दोलन से अपना सम्बन्ध तोड़ लिया। शुरू में मजदूर आन्दोलन को कुचलने के लिए भारत में कैसे-कैसे तरीक़े इस्तेमाल किये गये थे, यह इसकी एक बहुत अच्छी मिसाल है।

दूसरे केन्द्रो में मजदूरों के तरह-तरह के मददगार मजदूर संगठनो की बागडोर अपने हाथ में संभालने के लिए आ पहुचे। इनमे से कुछ का मालिको के साथ घनिष्ठ सम्बंध था। अहमदाबाद में गाधी जी ने मालिकों के सहयोग से एक फूटपरस्त संगठन बनाया, जिसका आधार वर्ग-शान्ति क़ायम रखना था। उनका बनाया हुआ यह अहमदाबाद लेबर एसोसियेशन, अथवा "मजूर महाजन संघ" भारत के मजदूर आन्दोलन से हमेशा अलग रहा।

इसी ज़माने में, १६२० मे, अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस की स्थापना हुई। उसका प्रथम अधिवेशन अक्तूबर १६२० में बम्बई मे हुआ। राष्ट्रीय नेता लाला लाजपतराय इसके सभापति थे और श्री जोज़ेफ बैप्टिस्टा उप-सभापति। शुरू-शुरू में यह सस्था केवल ऊपरी नेताओ का सगठन थी; और उसके बहुत से लीडरों का मजदूर आन्दोलन से बहुत कम सम्पर्क था। उसकी स्थापना के पीछे खास तौर पर यह इच्छा काम कर रही थी कि इस बहाने नेताओं को, जेनेवा के अन्तरराष्ट्रीय मजदूर सम्मेलन में कुछ प्रतिनिधियो को नामज़द करके भेजने का अधिकार मिल जायेगा। श्री एन. एम. जोशी अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के सबसे पुराने नेताओं में से थे। उन्होने अपनी पुस्तिका **भारत में ट्रेड यूनियन आन्दोलन** में यह मत प्रकट किया था कि भारत में ट्रेड यूनियन कांग्रेस की स्थापना वाशिंगटन के मजदूर सम्मेलन के प्रभाव से हुई थी। उन्होंने लिखा है : "इससे यह बात स्पष्ट हो गयी कि न सिर्फ मजदूरों के संगठन बनाना आवश्यक है, बल्कि उनके बीच किसी न किसी प्रकार का सहयोग स्थापित करना भी जरूरी है ताकि वे सब एक आवाज़ से अपनी बात कह सकें।" ट्रेड यूनियन कांग्रेस का चौथा अधिवेशन १६२४ में हुआ। उसके सभापति स्वराज्य पार्टी के नेता देशबंधु चितरंजन दास थे। अधिवेशनों में जो भाषण होते थे, उनमें प्राय: वर्ग-शान्ति का उपदेश और मजदूरों के सामाजिक एवं नैतिक सुधार की बातें रहती थी और सरकार से मजदूरों के सम्बंध में कानून बनाने और उनका रहन-सहन सुधारने की माग की जाती थी। प्रारम्भिक वर्षों में ट्रेड यूनियन कांग्रेस के मध्य-वर्गी नेताओ का दृष्टिकोण किस प्रकार का था, इसका एक उदाहरण १६२६ में छठे अधिवेशन के सभापति श्री वी. वी. गिरि का भाषण है। उन्होने कहा था :

> "बम्बई के केन्द्रीय मजदूर बोर्ड के चरित्र-सुधार मडल ने जो सुन्दर काम किया है, मैं बड़े उत्साह से आपका ध्यान उसकी ओर आकर्षित करता हू।...मंडल का काम इस उद्देश्य से शुरू किया गया था कि वह मजदूरो को बुरी आदतें छोडने में मदद दे और उन्हें ईमानदारी, शान्ति और सन्तोष का जीवन बिताने के लिए प्रोत्साहित करे ..

सामाजिक कार्यकर्ता मजदूर बस्तियों में जा-जाकर शराब, जुआ और दूसरी बुरी आदतों के दोष मजदूरो को बताते हैं। मजदूरो को इसी प्रकार की शिक्षा की आवश्यकता है और यही वह चीज है जो उसे सामाजिक और आर्थिक दोनो दृष्टियो से बेहतर इसान बना सकेगी।"

इन नेताओं का हडतालो की तरफ क्या रुख था, यह ट्रेड यूनियन कांग्रेस के प्रधान मंत्री श्री एन. एम. जोशी की उस रिपोर्ट से स्पष्ट हो जाता है जो उन्होने १९२७ में कानपुर में हुए आठवें अधिवेशन के सामने पेश की थी :

"जिस जमाने की यह रिपोर्ट है, उसमें कार्यकारिणी ने कोई भी हडताल करने की इजाजत नही दी। लेकिन भारत के विभिन्न भागो और विभिन्न धधो में मजदूरों की हालत चूकि बहुत खराब थी, इसलिए कुछ हडतालों और तालाबदियो की नौबत आ ही गयी, जिनमें ट्रेड यूनियन कांग्रेस के पदाधिकारियो को भी दिलचस्पी लेनी पड़ी।"

१९२७ तक ट्रेड यूनियन कांग्रेस का मजदूरों के वर्ग संघर्ष से अमली तौर पर बहुत ही थोडा सम्बंध था। फिर भी इसमें शक नही कि इस सस्था के रूप में वह मंच तैयार हो गया था जहा नवजात ट्रेड यूनियनों के नेता जमा होते थे, और इसलिए उसको मजदूर सघर्षो की हवा लगने में सिर्फ़ थोड़े समय की ही देर थी। १९२७ तक ट्रेड यूनियन कांग्रेस में ५७ यूनियनें शामिल हो गयी थी जिनके बाकायदा दर्ज मेम्बरो की सख्या १५०,५५५ थी।

४. राजनीतिक जागरण

शुरू-शुरू में भारत के मजदूर आन्दोलन के नामधारी नेता जिस प्रकार के लोग थे, उनके बावजूद सरकार को यह समझने में बहुत देर न लगी कि मजदूर आन्दोलन के जन्म का क्या महत्व है। उसे कितनी चिन्ता थी, यह इस बात से प्रकट हुआ कि १९२१ में बगाल में औद्योगिक अशान्ति की जाच करने के लिए एक कमिटी नियुक्त की गयी, १९२२ में बम्बई प्रान्त में औद्योगिक झगड़ों की जाच करने के लिए कमिटी बनायी गयी, १९१९–२० में मद्रास प्रान्त में सरकार ने एक मजदूर-विभाग खोला और उसके बाद बम्बई प्रान्त में भी वह विभाग खुल गया। १९२१ में एक ट्रेड यूनियन बिल तैयार किया गया, हालांकि वह पास हुआ कहीं १९२६ में जाकर। १९२१ से औद्योगिक झगड़ों के बाकायदा आकड़े रखे जाने लगे। ये आकड़े महत्वपूर्ण हैं क्योंकि उनसे आन्दोलन की प्रगति का चित्र मिल जाता है।

औद्योगिक झगड़े

वर्ष	हड़तालो और ताला-वदियो की संख्या	उनमें कितने मजदूर शामिल थे	काम के कितने दिनो का नुकसान हुआ
१९२१	३९६	६००,३५१	६,९८४,४२६
१९२२	२७८	४३३,४३४	३,९७२,७२७
१९२३	२१३	३०१,०४४	५,०५१,७०४
१९२४	१३३	३१२,४६२	८,७३०,९१८
१९२५	१३४	२७०,४२३	१२,५७८,१२९
१९२६	१२८	१८६,८११	१,०९७,४७८
१९२७	१२९	१३१,६५५	२,०१९,९७०
१९२८	२०३	५०६,८५१	३१,६४७,४०४
१९२९	१४१	५३२,०१६	१२,१६५,६९१
१९३०	१४८	१९६,३०१	२,२६१,७३१
१९३१	१६६	२०३,००८	२,४०८,१२३
१९३२	११८	१२८,०९९	१,९२२,४३७
१९३३	१४६	१६४,९३८	२,१६८,९६१
१९३४	१५९	२२०,८०८	४,७७५,५५९
१९३५	१४५	११४,२१७	९७३,४५७
१९३६	१५७	१६९,०२९	२,३५८,०६२
१९३७	३७९	६४७,८०१	८,९८२,०००
१९३८	३९९	४०१,०७५	९,१९८,७०८
१९३९	४०६	४०९,१८९	४,९९२,७९५
१९४०	३२२	४५२,५३९	७,५७७,२८१
१९४१	३५९	२९१,०५४	३,३३०,५०३
१९४२	६९४	७७२,६५३	५,७७९,९६५
१९४३	७१६	५२५,०८८	२,३४२,२८७
१९४४	६५८	५५०,०१५	३,४४७,३०६
१९४५	८२०	७४७,५३०	४,०५४,४९९
१९४६	१,५९३	१,९५१,७५६	१२,६७८,१२१
१९४७	१,८११	१,८४०,७८४	१६,५६२,६६६
१९४८	१,६३९	१,३३२,९५६	७,२१४,४५६

१९३७ तक औद्योगिक झगडों मे काम के कुल जितने दिनों का नुकसान हुआ, यदि उसका हिसाब लगाया जाय तो मालूम होता है कि आधे से काफ़ी ज्यादा दिन अकेले कपडा मिलों में ज़ाम हुए थे। इसी तरह यदि बम्बई में होनेवाले औद्योगिक झगडों को लिया जाय, तो मालूम होगा कि १९३७ तक आधे से ज्यादा दिन अकेले बम्बई के झगड़ों के थे।

सरकार बहुत अच्छी तरह जानती थी कि यदि इस बढते हुए मजदूर आन्दोलन ने, जिसकी सघर्ष करने की शक्ति पिछले वर्षों मे प्रमाणित हो चुकी है, एक बार राजनीतिक चेतना प्राप्त कर ली और यदि उसे मजबूत सगठन और वर्ग-चेतन नेता मिल गये, तो साम्राज्यवाद का पूरा आधार खतरे में पड़ जायगा। यही कारण है कि इस दौराम में सरकार मजदूरों की हालत की जाच कराने के लिए बहुत सी कमिटिया और कमीशन नियुक्त कर चुकी है। सरकार के सामने सवाल यह था कि मजदूरों के आन्दोलन को किसी ऐसे रास्ते पर लगाने का क्या तरीका है जिससे साम्राज्यवाद के लिए कोई खतरा न रहे। या जैसा कि एक सरकारी रिपोर्ट में कहा गया था, सरकार की समस्या यह थी कि "सही ढग के ट्रेड यूनियन आन्दोलन" को कैसे बढावा दिया जाय। साम्राज्य-वादी देश के मुकाबले में औपनिवेशिक देश में यह काम ज्यादा कठिन होता है। १९२६ के ट्रेड यूनियन ऐक्ट का यही उद्देश्य था, जिसके द्वारा मजदूर यूनियनो की राजनीतिक कार्रवाइयों पर विशेष रूप से रोक लगा दी गयी थी। यही सोचकर सरकार इस बात से बडी चौकन्नी रहती थी कि मजदूर वर्ग में राज-नीतिक जागरण के तो कोई चिन्ह नही दिखाई दे रहे हैं।

फिर भी, इन सारी बाधाओ और युरू के जमाने की उलझनो के बावजूद लडाई के बाद के वर्षों मे भारत में धीरे-धीरे मजदूरो के राजनीतिक जागरण के प्रारम्भिक चिन्ह दिखाई देने लगे थे और समाजवादी तथा कम्युनिस्ट विचारों का प्रसार होने लगा था। अभी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी बहुत कमजोर थी; मगर उसका साहित्य १९२० मे ही भारत में लोगो तक पहुचने लगा था। बम्बई में १९२४ से सोशलिस्ट ("समाजवादी") नाम की एक पत्रिका निकने लगी थी, जिसके सम्पादक श्रीपाद अमृत डागे थे, जो बाद में चलकर ट्रेड यूनियन कांग्रेस के सहायक मंत्री और अध्यक्ष चुने गये। १९२४ में डागे, शौकत उस्मानी, मुजफ्फर अहमद और दासगुप्ता—इन चार कम्युनिस्ट नेताओ पर कानपुर षडयंत्र केस चलाया गया। उस समय इंगलैंड मे लेबर पार्टी की सरकार थी। चारो नेताओ को चार-चार बरस की सजा सुना दी गयी। भारत के राजनीतिक मजदूर आन्दोलन की अग्नि-परीक्षा इस प्रकार आरम्भ हो गयी।

दमन से जागरण रोका नहीं जा सका। १९२६-२७ तक देश मे समाज-वादी विचारों का व्यापक रूप मे प्रचार हो गया था। मजदूर और किसान

पार्टियो के रूप में मजदूर वर्ग के राजनीतिक और समाजवादी सगठन का एक नया प्रारम्भिक रूप देश में जगह-जगह दिखाई देने लगा था। इन संगठनो में ट्रेड यूनियन आन्दोलन के लड़ाकू कार्यकर्ता और कांग्रेस के उग्रवादी तत्व एक जगह इकट्ठा हो गये थे। पहली मजदूर-किसान पार्टी फ़रवरी १९२६ में बगाल में बनी; फिर बम्बई, उत्तर प्रदेश और पंजाब में भी इस तरह की पार्टियां कायम हो गयी। १९२८ में इन सबको मिलाकर अखिल भारतीय मजदूर-किसान पार्टी कायम की गयी, जिसका पहला अधिवेशन दिसम्बर १९२८ में हुआ। मजदूरो में जिस नयी जाग्रति के पहले चिन्ह १९२७ में प्रकट हुए थे, उसका राजनीतिक रूप इस संगठन के रूप में सामने आया, हालाकि शुरू-शुरू मे वह बहुत सी उलझनो का शिकार बना रहा। इस संगठन से यह जाहिर होता था कि देश मे कौन सी नयी शक्तियां आगे बढ़ रही हैं।

१९२७ के बसन्त में ट्रेड यूनियन काग्रेस का दिल्ली मे अधिवेशन हुआ (जिसमें ब्रिटिश पार्लामेंट के कम्युनिस्ट सदस्य श्री शापुरजी शकलतवाला भी शामिल हुए)। इस अधिवेशन में, और इसी साल आगे चलकर कानपुर अधिवेशन में तो और भी स्पष्ट रूप में यह बात प्रकट हो गयी कि ट्रेड यूनियन आन्दोलन में लड़ाकू नेताओं की चुनौती-भरी आवाजें सुनाई देने लगी हैं। बहुत जल्द यह बात साफ हो गयी कि भारत की अधिकतर ट्रेड यूनियनें मजदूर वर्ग के इन नये नेताओं के साथ हैं, हालांकि ट्रेड यूनियनों की रजिस्टरी कराने में लगनेवाली देरी के कारण बाक़ायदा तौर पर यह बात १९२९ तक नही मानी गयी। १९२७ में पहली बार बम्बई में मई दिवस मजदूरों के त्योहार के रूप में मनाया गया। यह इस बात का चिन्ह था कि भारत के मजदूर आन्दोलन के इतिहास में एक ऐसे नये युग का आरम्भ हो रहा है, जब वह अन्तरराष्ट्रीय मजदूर आन्दोलन के एक सचेत अग के रूप मे काम करेगा।

१९२८ में मजदूर आन्दोलन ने जैसी प्रगति की और जैसी कार्यशीलता का परिचय दिया, वैसी लड़ाई के बाद के काल में कभी देखने में न आयी थी। इस प्रगति का केन्द्र बम्बई था। पहली बार मजदूर वर्ग के ऐसे नेता सामने आये जिनका कारखानों में काम करनेवाले मजदूरो से घनिष्ठ सम्पर्क था, जो वर्ग सघर्ष के सिद्धान्तों को मानकर चलते थे, और जो आर्थिक तथा राजनीतिक दोनो क्षेत्रों में एक अविभाज्य शक्ति की तरह काम करते थे। मजदूरो ने हृदय से इस नये नेतृत्व का स्वागत किया। फ़रवरी में साइमन कमीशन के आने पर जो राजनीतिक हड़तालें और प्रदर्शन हुए, उनमे कुछ समय के लिए मजदूर वर्ग को राष्ट्रीय आन्दोलन में अग्रदल का स्थान मिल गया। कारण कि काग्रेस के नेता और ट्रेड यूनियन आन्दोलन के सुधारवादी नेता दोनों ही इस प्रस्ताव पर नाक-भौं चढ़ा रहे थे कि साइमन कमीशन के खिलाफ़ होनेवाली हड़तालों और प्रदर्शनो में

१९३७ तक औद्योगिक झगड़ों में काम के कुल जितने दिनों का नुकसान हुआ, यदि उसका हिसाब लगाया जाय तो मालूम होता है कि आधे से काफ़ी ज्यादा दिन अकेले कपड़ा मिलों में जाम हुए थे। इसी तरह यदि बम्बई में होनेवाले औद्योगिक झगड़ों को लिया जाय, तो मालूम होगा कि १९३७ तक आधे से ज्यादा दिन अकेले बम्बई के झगड़ों के थे।

सरकार बहुत अच्छी तरह जानती थी कि यदि इस बढ़ते हुए मजदूर आन्दोलन ने, जिसकी संघर्ष करने की शक्ति पिछले वर्षों में प्रमाणित हो चुकी है, एक बार राजनीतिक चेतना प्राप्त कर ली और यदि उसे मजबूत संगठन और वर्ग-चेतन नेता मिल गये, तो साम्राज्यवाद का पूरा आधार खतरे में पड़ जायगा। यही कारण है कि इस दौरान में सरकार मजदूरों की हालत की जांच कराने के लिए बहुत सी कमिटियां और कमीशन नियुक्त कर चुकी है। सरकार के सामने सवाल यह था कि मजदूरों के आन्दोलन को किसी ऐसे रास्ते पर लगाने का क्या तरीक़ा है जिससे साम्राज्यवाद के लिए कोई खतरा न रहे। या जैसा कि एक सरकारी रिपोर्ट में कहा गया था, सरकार की समस्या यह थी कि "सही ढंग के ट्रेड यूनियन आन्दोलन" को कैसे बढ़ावा दिया जाय। साम्राज्यवादी देश के मुकाबले में औपनिवेशिक देश में यह काम ज्यादा कठिन होता है। १९२६ के ट्रेड यूनियन ऐक्ट का यही उद्देश्य था, जिसके द्वारा मजदूर यूनियनों की राजनीतिक कार्रवाइयों पर विशेष रूप से रोक लगा दी गयी थी। यही सोचकर सरकार इस बात से बड़ी चौकन्नी रहती थी कि मजदूर वर्ग में राजनीतिक जागरण के तो कोई चिन्ह नहीं दिखाई दे रहे हैं।

फिर भी, इन सारी बाधाओं और शुरू के ज़माने की उलझनों के बावजूद लड़ाई के बाद के वर्षों में भारत में धीरे-धीरे मजदूरों के राजनीतिक जागरण के प्रारम्भिक चिन्ह दिखाई देने लगे थे और समाजवादी तथा कम्युनिस्ट विचारों का प्रसार होने लगा था। अभी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी बहुत कमज़ोर थी; मगर उसका साहित्य १९२० में ही भारत में लोगों तक पहुंचने लगा था। बम्बई में १९२४ से सोशलिस्ट ("समाजवादी") नाम की एक पत्रिका निकलने लगी थी, जिसके सम्पादक श्रीपाद अमृत डांगे थे, जो बाद में चलकर ट्रेड यूनियन कांग्रेस के सहायक मंत्री और अध्यक्ष चुने गये। १९२४ में डांगे, शौकत उस्मानी, मुजफ्फर अहमद और दासगुप्ता—इन चार कम्युनिस्ट नेताओं पर कानपुर षड्यंत्र केस चलाया गया। उस समय इंगलैंड में लेबर पार्टी की सरकार थी। चारों नेताओं को चार-चार बरस की सज़ा सुना दी गयी। भारत के राजनीतिक मजदूर आन्दोलन की अग्नि-परीक्षा इस प्रकार प्रारम्भ हो गयी।

दमन से जागरण रोका नहीं जा सका। १९२६-२७ तक देश में समाजवादी विचारों का व्यापक रूप से प्रचार हो गया था। मजदूर और किसान

पार्टियो के रूप में मजदूर वर्ग के राजनीतिक और समाजवादी संगठन का एक नया प्रारम्भिक रूप देश में जगह-जगह दिखाई देने लगा था। इन संगठनों में ट्रेड यूनियन ग्रान्दोलन के लड़ाकू कार्यकर्ता और काग्रेस के उग्रवादी तत्व एक जगह इकट्ठा हो गये थे। पहली मजदूर-किसान पार्टी फ़रवरी १९२६ में बंगाल में बनी; फिर बम्बई, उत्तर प्रदेश और पजाब में भी इस तरह की पार्टियां क़ायम हो गयी। १९२८ में इन सबको मिलाकर अखिल भारतीय मजदूर-किसान पार्टी क़ायम की गयी, जिसका पहला अधिवेशन दिसम्बर १९२८ में हुआ। मजदूरों में जिस नयी जाग्रति के पहले चिन्ह् १९२७ में प्रकट हुए थे, उसका राजनीतिक रूप इस संगठन के रूप में सामने आया, हालाकि शुरू-शुरू मे वह बहुत सी उलझनों का शिकार बना रहा। इस संगठन से यह ज़ाहिर होता था कि देश मे कौन सी नयी शक्तिया आगे बढ रही हैं।

१९२७ के वसन्त में ट्रेड यूनियन काग्रेस का दिल्ली में अधिवेशन हुआ (जिसमें ब्रिटिश पार्लमेंट के कम्युनिस्ट सदस्य श्री शापुरजी शकलतवाला भी शामिल हुए)। इस अधिवेशन में, और इसी साल आगे चलकर कानपुर अधिवेशन में तो और भी स्पष्ट रूप में यह बात प्रकट हो गयी कि ट्रेड यूनियन आन्दोलन में लडाकू नेताओ की चुनौती-भरी आवाजें सुनाई देने लगी हैं। बहुत जल्द यह बात साफ हो गयी कि भारत की अधिकतर ट्रेड यूनियनें मजदूर वर्ग के इन नये नेताओं के साथ हैं, हालांकि ट्रेड यूनियनों की रजिस्टरी कराने में लगनेवाली देरी के कारण बाकायदा तौर पर यह बात १९२९ तक नही मानी गयी। १९२७ में पहली बार बम्बई में मई दिवस मजदूरो के त्यौहार के रूप में मनाया गया। यह इस बात का चिन्ह् था कि भारत के मजदूर आन्दोलन के इतिहास में एक ऐसे नये युग का आरम्भ हो रहा है, जब वह अन्तरराष्ट्रीय मजदूर आन्दोलन के एक सचेत अंग के रूप में काम करेगा।

१९२८ में मजदूर आन्दोलन ने जैसी प्रगति की और जैसी कार्यशीलता का परिचय दिया, वैसी लडाई के बाद के काल में कभी देखने मे न आयी थी। इस प्रगति का केन्द्र बम्बई था। पहली बार मजदूर वर्ग के ऐसे नेता सामने आये जिनका कारखानों में काम करनेवाले मजदूरो से घनिष्ठ सम्पर्क था, जो वर्ग संघर्ष के सिद्धान्तों को मानकर चलते थे, और जो आर्थिक तथा राजनीतिक दोनों क्षेत्रो में एक अविभाज्य शक्ति की तरह काम करते थे। मजदूरों ने हृदय से इस नये नेतृत्व का स्वागत किया। फरवरी में साइमन कमीशन के आने पर जो राजनीतिक हड़तालें और प्रदर्शन हुए, उनसे कुछ समय के लिए मजदूर वर्ग को राष्ट्रीय आन्दोलन में अग्रदल का स्थान मिल गया। कारण कि काग्रेस के नेता और ट्रेड यूनियन आन्दोलन के सुधारवादी नेता दोनों ही इस प्रस्ताव पर नाक-भौं चढ़ा रहे थे कि साइमन कमीशन के खिलाफ़ होनेवाली हड़तालो और प्रदर्शनो में

मजदूरों को भाग लेना चाहिए; और इस चीज में जो शानदार कामयाबी मिली, उसे देखकर वे एकदम चौंक पड़े। हड़ताल में भाग लेने के लिए बम्बई के बहुत से म्युनिसिपल मजदूरों को नौकरी से जवाब दे दिया गया। दोबारा हड़ताल करने पर ही उनकी नौकरी उन्हें वापिस मिली।

ट्रेड यूनियनों के संगठन का काम बड़ी तेजी से बढ़ चला। सरकारी आंकड़ों के अनुसार बम्बई में ट्रेड यूनियनों के मेम्बरों की संख्या, जो १९२३ में ४८,६६६ थी और तीन साल में (यानी १९२६ तक) केवल ५६,५४४ तक ही बढ़ पायी थी, वह १९२७ में ७५,६०२ तक पहुंच गयी, मार्च १९२८ में यकायक ९५,३२१ हो गयी और मार्च १९२९ तक तो २००,३२५ पर पहुंच गयी। सब यूनियनों में आगे बम्बई के मिल मजदूरों का गिरनी कामगार यूनियन (लाल बावटा) था, जिसके मेम्बरों की संख्या १९२८ के शुरू में केवल ३२४ थी, मगर सरकार के लेबर गजट में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, दिसम्बर १९२८ में ५४,००० और मार्च १९२९ तक ६५,००० हो गयी थी। इसी बीच बम्बई की पुरानी सूती मजदूर यूनियन, जो १९२६ में कायम हुई थी और जो ट्रेड यूनियन कांग्रेस के मंत्री श्री एन. एम. जोशी के सुधारवादी नेतृत्व में काम कर रही थी, और जिस पर सरकार तथा मिल मालिक दोनों का वरदहस्त था, जहां की तहां पड़ी रही। अक्तूबर १९२८ में उसके ८,४३६ मेम्बर थे, दिसम्बर १९२८ में केवल ६,७४९ रह गये। मजदूरों को कौन सी यूनियन पसन्द थी, यह बात बिल्कुल साफ हो गयी। गिरनी कामगार यूनियन की शक्ति इस बात में थी कि अलग-अलग मिलों में उसकी मिल-कमिटियां थीं और उनका मजदूरों के साथ बहुत नजदीक का सम्पर्क रहता था।

१९२८ में जो हड़तालें हुईं उनमें ३ करोड़ १५ लाख काम के दिनों का नुकसान हुआ। पिछले पांच साल में कुल मिलाकर भी इतने दिन काम नहीं हुए थे। हालांकि इस आन्दोलन का केन्द्र बम्बई की कपड़ा मिलों के मजदूर थे, मगर वैसे यह आन्दोलन समूचे देश में फैला हुआ था। १९२८ में जो २०३ औद्योगिक झगड़े हुए, उनमें से १११ बम्बई में हुए, ६० बंगाल में, ८ बिहार तथा उड़ीसा में, ७ मद्रास में और २ पंजाब में। इनमें से ११० झगड़े सूती और ऊनी कपड़े की मिलों में हुए थे, १९ जूट मिलों में, ११ इंजीनियरिंग कारखानों में, ९ रेलवे व रेलवे वर्कशापों में और १ कोयले की खानों में। सबसे शानदार बम्बई में कपड़ा-मिलों की हड़ताल रही जिसमें बम्बई के सारे के सारे कपड़ा मजदूरों ने, जिनकी संख्या १५०,००० होती थी, छः महीने तक संयुक्त होकर सरकार के हर तरह के दबाव और हिंसा का मुकाबला किया। हड़ताल शुरू हुई रेशनेलाइजेशन और साढ़े ७ प्रतिशत तनखा घटौती के सवालों को लेकर, लेकिन बाद में और बहुत सी मांगें भी जुड़ गयीं। सुधारवादी नेताओं ने शुरू में हड़ताल

का विरोध किया। श्री एन. एम. जोशी ने कहा कि हम लोगों की हैसियत "दर्शकों" की है। लेकिन बाद को ये नेता भी आन्दोलन में खिंच आये। जब हड़ताल तोड़ने की हरेक कोशिश नाकामयाब हो गयी, तो अन्त में सरकार ने फ़ौसेट कमिटी तैनात करने का ऐलान किया। इस कमिटी ने यह कटौती वापिस ले ली और मज़दूरों की कुछ अन्य मांगों को भी पूरा कर दिया।

इस प्रकार, १९२९ के आरम्भ होते-होते एक नाज़ुक हालत पैदा हो गयी थी। मज़दूर आन्दोलन आर्थिक और राजनीतिक दोनों क्षेत्रों में सबसे आगे-आगे चल रहा था। पुराने सुधारवादी नेता रास्ते से हटाये जा रहे थे। १९२७-२८ में ब्रिटिश ट्रेड यूनियन कांग्रेस का एक प्रतिनिधि-मंडल भारत आया। साम्राज्यवाद को उससे बड़ी आशाएं थीं (लन्दन के टाइम्स ने १४ जून, १९२८ को लिखा था कि "ब्रिटिश ट्रेड यूनियन कांग्रेस ने भारत के मज़दूरों की हालत में जो दिलचस्पी लेनी शुरू की है, वह बहुत फायदेमन्द साबित हो सकती है, यदि उससे भारत की मज़दूर यूनियनों का संगठन सुधर जाय और कम्युनिस्ट उनसे निकाल दिये जायं।")। लेकिन सरकार की आशा पूरी नहीं हुई। प्रतिनिधि-मंडल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस का योरप की सुधारवादी ट्रेड यूनियन इंटरनेशनल से सम्बंध स्थापित कराने में असफल रहा। सरकार की घबराहट छिपी न रही। जनवरी १९२९ में लेजिस्लेटिव असेम्बली के सामने भाषण करते हुए वायसराय लार्ड इरविन ने कहा कि "कम्युनिस्ट विचारधारा के प्रचार से बड़ी चिन्ता उत्पन्न हो रही है," और ऐलान किया कि सरकार इसे रोकने के उपाय करेगी। "१९२८-२९ में भारत" शीर्षक सालाना सरकारी रिपोर्ट में बताया गया है कि "कम्युनिस्टों के प्रचार और प्रभाव से, ख़ास तौर पर कुछ बड़े-बड़े शहरों के औद्योगिक मज़दूरों के बीच उनके प्रचार और प्रभाव से, अधिकारियों को बहुत चिन्ता हुई।" इंगलैंड के उदारपंथियों ने भी यही राग अलापा। अगस्त १९२९ में मैंचेस्टर गार्जियन ने लिखा: "पिछले दो वर्षों के अनुभव ने दिखा दिया है कि अच्छे-बुरे का कोई ख़याल न करनेवाले कम्युनिस्टों के फन्दे में बड़े-बड़े केन्द्रों के औद्योगिक मज़दूर बहुत जल्दी फंस जाते हैं।" भारत के राष्ट्रवादी अख़बारों ने भी सुर में सुर मिलाया। मई १९२९ में बम्बे क्रॉनिकल ने लिखा: "देश में आजकल समाजवाद का वातावरण है। कुछ महीनों से भारत में विभिन्न सभा-सम्मेलनों, और ख़ास तौर पर किसानों और मज़दूरों के सम्मेलनों द्वारा समाजवादी सिद्धान्तों का प्रचार हो रहा है।" सुधारवादी नेता अपने पैरों तले की ज़मीन खिसकते महसूस कर रहे थे। उन्होंने मांग की कि अब कम्युनिस्टों के ख़िलाफ़ कोई सख़्त कार्रवाई की जानी चाहिए। ट्रेड यूनियन कांग्रेस की कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष श्री शिव राव ने मई १९२८ में ही कह दिया था कि "अब वक़्त आ गया है जब भारत के ट्रेड यूनियन आन्दोलन

को अपने संगठन में से शरारती लोगों को निकाल देना चाहिए। यह चेतावनी देना इसलिए और भी आवश्यक हो जाता है क्योंकि कुछ लोग हड़ताल की गीता मजदूरों को पढ़ाते फिरते रहे हैं।"

१९२६ में सरकार ने अपनी कारंवाई शुरू की और बढ़ते हुए मजदूर आन्दोलन को रोकने में अपनी पूरी ताक़त लगा दी। सितम्बर १९२८ में सरकार ने एक पब्लिक सेफ्टी (सार्वजनिक सुरक्षा) बिल असेम्बली में पेश किया था। उसका उद्देश्य सरकारी तौर पर "भारत में कम्युनिस्टों की कारंवाइयों को रोकना" बताया गया था। लेकिन लेजिस्लेटिव असेम्बली ने उसे पास नहीं किया। तब १९२९ के बसन्त में वायसराय ने एक विशेष आर्डिनेंस के रूप में उसे लागू कर दिया। फिर मजदूरों की हालत की जाच करने के लिए ह्विटले कमीशन नियुक्त किया गया। मजदूरो और मालिकों के झगड़ों को समझौते के द्वारा सुलझाने की व्यवस्था करने के लिए, दूसरों की हमदर्दी में हड़ताल करने पर बन्दिश लगाने के लिए, और सार्वजनिक आवश्यकता के धंधों में हड़ताल के अधिकार को सीमित करने के लिए एक ट्रेड डिस्प्यूट्स ऐक्ट (औद्योगिक झगडों का क़ानून) बनाया गया। बम्बई में दंगा जाच-समिति बैठायी गयी, जिसने सिफारिश की कि "बम्बई में कम्युनिस्टो की कारंवाइयों को रोकने के लिए सरकार को कोई सख्त क़दम उठाना चाहिए।" इस समिति ने यह सवाल भी उठाया कि ट्रेड यूनियन ऐक्ट में इस तरह का कोई संशोधन क्यों न किया जाय जिससे "रजिस्टरी-शुदा ट्रेड यूनियनो में कम्युनिस्टों को कोई पद न मिलने पाये।"

५. मेरठ का मुक़दमा

मार्च १९२९ में सरकार ने अपना मुख्य अस्त्र चलाया। सारे भारत में मजदूर आन्दोलन के खास-खास सक्रिय नेता पकड़ लिये गये और उन्हें मुक़दमे के लिए औद्योगिक केन्द्रों से दूर मेरठ नामक एक छोटे से शहर मे लाया गया। यह इतिहास के सबसे लम्बे और सबसे विशद सरकारी मुक़दमों में गिना जाता है।

शुरू मे इकतीस नेता पकड़े गये थे। बाद में एक आदमी और जुड़ गया। इन सबके नामों को यहा उल्लेख करना जरूरी है, क्योंकि आगे चलकर चाहे इन लोगों की भूमिका और कारंवाइया कैसी भी क्यों न रही हों, इतिहास की दृष्टि से वे भारत के मजदूर आन्दोलन के जन्मदाता हैं और उनमें से बहुत से आज भी भारतीय मजदूर वर्ग के सबसे अच्छे नेताओं में गिने जाते हैं। इन लोगों के नाम इस प्रकार थे :

एस. ए. डांगे	जी. एम. ग्रधिकारी
किशोरीलाल घोष	एम. ए. मजीद
डी. ग्रार. ठेंगरी	ग्रार. एस निम्बकर
एस. वी. घाटे	विश्वनाथ मुकर्जी
के. एन. जोगलेकर	केदारनाथ सहगल
एस. एच. झाबवाला	राधारमन मैत्र
शौकत उस्मानी	धरनी गोस्वामी
मुजफ्फर ग्रहमद	गौरीशंकर
फिलिप स्प्रैट	शिवनाथ बनर्जी
बी. एफ. ब्रैडले	शम्सुल हुदा
एस. एस. मिरजकर	गोपेन्द्र चक्रवर्ती
पी. सी. जोशी	सोहनसिंह जोश
ए. ए ग्रालवे	एम. जी. देसाई
जी. ग्रार. कासले	ग्रयोध्या प्रसाद
गोपाल बसक	लक्ष्मणराव कदम
धर्मवीर सिंह	

बत्तीसवें ग्रभियुक्त, जो बाद में गिरफ्तार किये गये, लेस्टर हचिसन नामक एक ग्रग्रेज थे, जिन्होंने गिरफ्तारियों के बाद न्यू स्पार्क पत्र के सम्पादन का भार संभाला था। इनको भी मुकदमे में शामिल कर लिया गया।

ग्रभियुक्तों में तीन ग्रग्रेज थे। इंगलैंड के मजदूर ग्रान्दोलन के ये तीन प्रतिनिधि जब भारतीय मजदूरों के साथ ग्रदालत के कटघरे में खड़े हुए ग्रौर बाद को उनके साथ कैद काटने गये, तो दुनिया ने मजदूर वर्ग की ग्रन्तरराष्ट्रीय एकता का एक ऐसा ऐतिहासिक प्रदर्शन देखा, जिसने पुरानी दीवारों को तोड़ दिया ग्रौर जो ब्रिटेन तथा भारत की जनता के भविष्य के भाईचारे के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण मार्ग-चिह्न बन गया।

भारत के मजदूर ग्रान्दोलन के बन्दी नेताग्रों ने जेल ग्रौर ग्रदालत में ग्रपने व्यवहार में यह बात प्रमाणित कर दी कि भारत का मजदूर ग्रान्दोलन हालांकि ग्रभी सगठन की प्रारम्भिक ग्रवस्था में ही है, मगर फिर भी उसने इस बात की पूर्ण चेतना प्राप्त कर ली है कि उसे कैसी गौरवपूर्ण-भूमिका ग्रदा करनी है। ग्रभियुक्तों ने ग्रदालत में जो भाषण दिये, वे भारतीय मजदूर ग्रान्दोलन की सबसे ग्रधिक मूल्यवान दस्तावेजों में गिने जाते हैं। उनमें एक नये भारत के दर्शन होते हैं।

इस मुकदमे में भारत के मजदूर ग्रान्दोलन की जो भूमिका रही, वह ग्रन्तरराष्ट्रीय मजदूर ग्रान्दोलन की सर्वोत्तम परम्पराग्रों के ग्रनुरूप थी। उसमें

उन लोगों को सदा प्रेरणा मिलती रहेगी जिनके कंधों पर अब भारत में सर्वहारा और समाजवाद के झंडे को लेकर आगे बढ़ने की जिम्मेदारी आ पड़ी है।

सरकार ने साढ़े तीन साल तक मुकदमे को खींचा। ये चार साल भारत के इतिहास मे बहुत ही महत्वपूर्ण और नाजुक साल थे। इस अरसे में मजदूर वर्ग के सर्वोत्तम नेता जेलों में बन्द रहे। सरकार भी यह बात मानती थी कि अभियुक्तों पर लगाये गये आरोपो को साबित करने के लिए वह उनके किसी काम का हवाला नही दे सकती थी। हाईकोर्ट के जज ने फ़ैसले में कहा था :

> "यह बात स्वीकार की गयी है कि तथाकथित षड़यंत्र की उद्देश्य-*सिद्धि के लिए कोई ग़ैर-कानूनी काम करने का आरोप अभियुक्तों पर नही लगाया गया है।"*

सरकारी वकील ने कहा था :

> "अभियुक्तों पर यह इलजाम नही लगाया गया है कि वे कम्युनिस्ट विचार रखते हैं। बल्कि, उन पर तो यह इलजाम लगाया गया है कि उन्होंने भारत में बादशाह के सर्वोच्च अधिकार को खतम करने के लिए षड़यंत्र रचा है। मुकदमे के लिए यह साबित करना जरूरी नही है कि अभियुक्तों ने सचमुच कोई चीज की है। उसके लिए तो महज षड़यंत्र साबित कर देना ही काफी है।"

"षडयंत्र" कहीं कुछ न था। अभियुक्त अपने समाजवादी सिद्धान्तों की खुलेआम घोषणा और प्रचार करते थे। मजदूरों के संगठन का काम भी बिलकुल खुला हुआ काम था। "मुजरिमाना बल प्रयोग" की कहीं कोई बात न थी। वे जो कुछ करते थे, वह था मजदूर आन्दोलन का संगठन और उसका नेतृत्व।

असली आरोप अभियोग-पत्र से ही साफ़ हो गया। उसमें कहा गया था कि अभियुक्त *"पूंजी और श्रम का विरोध बढ़ाते हैं," "मजदूर-किसान पार्टियां, यूथ लीग, और यूनियनें, आदि बनाते हैं,"* और *"हड़तालों को बढ़ावा देते हैं।"* सबूत में जो गवाहियां पेश की गयीं, उनका भी पूरा ज़ोर इन्हीं कामों पर, और खास तौर पर ट्रेड यूनियन के कामों पर था। एक अभियुक्त बंगाल के जूट मज़-दूरों की यूनियन का मंत्री था। उसका ज़िक्र करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि वह "षड़यंत्र में उस वक्त से शामिल हुआ जब कि उसने कलकत्ते के भंगियों की हड़ताल में भाग लिया।" इस मुक़दमे के पीछे सरकार का सबसे बड़ा उद्देश्य क्या था, यह जज के शब्दों में स्पष्ट हो गया :

> "शायद इससे ज़्यादा गम्भीर बात यह है कि बम्बई के कपड़ा मज़दूर इन लोगों के असर में आ गये हैं। इसका प्रमाण १९२८ की हड़ताल और गिरनी कामगार यूनियन की क्रान्तिकारी नीति है।"

भारत के बढ़ते हुए मजदूर आन्दोलन को रोकने के लिए इस मुकदमे का वही महत्व था जो ब्रिटिश मजदूर आन्दोलन के इतिहास में सौ वर्ष पुराने डौरचेस्टर के मजदूरों के मुक़दमे का था। और यह मुक़दमा लेबर पार्टी की सरकार के रहते हुए चलाया गया था और लेबर सरकार ने उसकी "पूरी ज़िम्मेदारी" अपने ऊपर ली थी। (१६२६ में ब्राइटन में लेबर पार्टी का सम्मेलन हुआ था; उसमें डॉ. ड्रमंड शील्स ने कहा था: "हम पूरी ज़िम्मेदारी अपने पर लेते हैं; भारत मंत्री पूरी शक्ति से भारत सरकार का समर्थन कर रहे हैं।") २५ जून, १६२६ को डेली हैरल्ड ने कहा था: "क़ानून की मशीन को तो चलना ही चाहिए।" भारत की ट्रेड यूनियन कांग्रेस ने मेरठ के मुकदमे के सिलसिले में ब्रिटेन की ट्रेड यूनियन कांग्रेस से अपील की थी। उसके जवाब में सर वाल्टर सिट्रीन ने १ अक्तूबर, १६२६ को लिखा था: "मुकदमे की कार्रवाई जितनी जल्द हो सके, पूरी हो जानी चाहिए। अभियुक्तों पर जो जुर्म लगाया गया है, वह एक राजनीतिक जुर्म है। जनरल काउंसिल की राय में इस जुर्म से भारतीय ट्रेड यूनियन आन्दोलन का कोई प्रत्यक्ष सम्बंध नहीं है।" बाद को जब मुकदमा खतम हो गया और लेबर पार्टी की सरकार नहीं रही, तब १६३३ में ट्रेड यूनियन कांग्रेस और लेबर पार्टी की संयुक्त राष्ट्रीय समिति ने एक पुस्तिका प्रकाशित की और उसमें कहा कि "शुरू से आखीर तक मुकदमे की पूरी कार्रवाई इस तरह चलायी गयी जिसका एक क्षण के लिए भी समर्थन नहीं किया जा सकता और जो कानून का गला घोटने के समान थी।"

जनवरी १६३३ में बर्बर सजाएं सुना दी गयी: मुजफ्फर अहमद को आजन्म कालापानी; डांगे, घाटे, जोगलेकर, निम्बकर और स्प्रैट को बारह साल का कालापानी; ब्रैडले, मिरजकर और उस्मानी को दस साल का कालापानी; और इसी तरह की और सजाएं दी गयी थीं। सबसे कम सजा ३ साल की थी। पर जब सारी दुनिया में इन सजाओं के खिलाफ आन्दोलन हुआ, तो अपील में सजाएं काफी घटा दी गयीं।

६. मेरठ के बाद मज़दूर आन्दोलन का पुनर्गठन

मेरठ की गिरफ्तारियों के बाद कुछ साल तक भारत के मजदूर आन्दोलन को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हालांकि, जैसा कि हर ऐसी घटना का नतीजा होता है, मेरठ के मुकदमे ने भी आन्दोलन की भावी शक्ति और विजय के बीज बोये। मगर उस समय तो इन गिरफ्तारियों से आन्दोलन को सख्त धक्का ही लगा।

उस वक्त भारत का मजदूर वर्ग अपने विकास की प्रारम्भिक अवस्था में था। वह इस हालत में नहीं था कि जो नेता गिरफ्तार कर लिये गये थे, उनके अभाव को आसानी से पूरा कर लेता। ये अर्थ-संकट के वर्ष थे। इस काल में जो हड़तालें हुईं, उनमें बार-बार मजदूरों की करारी हार हुई। फिर राष्ट्रीय आन्दोलन का नाजुक जमाना आया। उसमें मजदूर वर्ग की राजनीतिक भूमिका कमजोर पड़ गयी — साम्राज्यवाद आखिर यही तो चाहता था।

ट्रेड यूनियन आन्दोलन को भी अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ा। पिछले दो वर्षों में संगठन के व्यावहारिक काम और अपनी बढ़ी हुई शक्ति के बल पर गरम दल ने ट्रेड यूनियन कांग्रेस के अन्दर जो संघर्ष आरम्भ किया था, वह आखिर १६२६ के अन्त में नागपुर अधिवेशन में सफल हुआ और ट्रेड यूनियन कांग्रेस में उसका बहुमत हो गया। पुराने सुधारवादी नेता अल्पमत में रह गये। उन्होंने बहुमत के जनवादी फैसले को मानने से इनकार कर दिया और ट्रेड यूनियन कांग्रेस में फूट डाल दी। सुधारवादी नेता अपने पीछे चलने वाले यूनियनों को लेकर ट्रेड यूनियन कांग्रेस से अलग हो गये और उन्होंने अपना एक अलग ट्रेड यूनियन फ़ेडरेशन बना लिया। सर्वश्री एन. एम. जोशी, शिव राव, गिरि, दीवान चमनलाल, आदि के नाम से एक बयान प्रकाशित हुआ। उसमें कहा गया था : "अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस की कार्यकारिणी की कार्यवाही से यह बात बिलकुल साफ़ हो जाती है कि उसके अधिकतर सदस्य कांग्रेस को ऐसी नीति पर चलाना चाहते हैं जिससे हमारा क़तई मतभेद है। हमें इस बात में सन्देह नहीं है कि कांग्रेस का बहुमत उनके साथ है। ऐसी परिस्थिति में हम कह देना चाहते हैं कि कार्यकारिणी के प्रस्तावों से हमारा कोई सम्बंध नहीं है और हम यह भी महसूस करते हैं कि कांग्रेस की कार्यवाही में अब आगे हिस्सा लेने से कोई फायदा न होगा।"

परन्तु अब जिन गरमदली नेताओं के हाथों में ट्रेड यूनियन कांग्रेस की बागडोर आ गयी थी, उनमें एकता या सहयोग नहीं था। उनमें तरह-तरह के लोग थे, और कुछ समय बाद मजदूर वर्ग की स्वतंत्र राजनीतिक भूमिका के प्रश्न पर ट्रेड यूनियन कांग्रेस में फिर फूट पड़ गयी। कम्युनिस्ट दल का मत था कि मजदूर वर्ग की राजनीतिक भूमिका स्वतंत्र होनी चाहिए। उसने अपनी अलग लाल ट्रेड यूनियन कांग्रेस बना ली।

इस दोहरी फूट से ट्रेड यूनियन आन्दोलन बहुत कमजोर हो गया। लेकिन मजदूर अलग-अलग हड़तालें करते रहे। वे न केवल आर्थिक मांगों के लिए, बल्कि ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं को निकालने के खिलाफ़ भी लड़ते रहे। इस प्रकार उन्होंने संगठन के जनवादी अधिकार के लिए संघर्ष किया। १६२६ में १४१ हड़तालें हुई थीं। १६३० में १४८ हड़तालें हुईं और १६३१ में १६६।

हर साल १ लाख से ज्यादा मजदूरों ने हड़तालों में भाग लिया। इन संघर्षों का नेतृत्व लाल ट्रेड यूनियन कांग्रेस के कम्युनिस्ट कार्यकर्ताओं ने किया। १६३३ तक सरकार को खिसियाकर यह मानना पड़ा कि मेरठ के बन्दी नेता हालांकि अब भी जेल में हैं, फिर भी कम्युनिस्ट "खतरा बना हुआ है और पहले से बढ़ गया है।" (भारत, १६३२–३३)

इन अलग-अलग हड़तालों से १६३४ की बड़ी लहर के लिए आधार तैयार हो गया। यह बड़ी लड़ाई मिल मालिकों की "रैशनेलाइजेशन" योजना के खिलाफ़ लड़ी गयी, जो वास्तव में काम की तीव्रता को बढ़ाने और मजदूरों का और कसकर शोषण करने की योजना थी। हड़तालों की इस लहर की तेजी व फैलाव का पता इससे लगता है कि १६३३ में जहां १४६ हड़तालें हुई थीं, और उनमें सिर्फ १६४,६३८ मजदूरों ने भाग लिया था और कुल २,१६८,६६१ काम के दिन जाम हुए थे, वहां १६३४ में १५६ हड़तालें हुईं और उनमें २२०,८०८ मजदूरों ने भाग लिया और ४,७७५,५५६ काम के दिन जाम हुए। यानी, १६३४ में १६३३ के मुकाबले दुगने काम के दिन जाम हुए। भयानक दमन के बावजूद कपड़ा मजदूरों की आम हड़ताल बम्बई में अप्रैल से जून तक चली और शोलापुर में फ़रवरी से मई तक। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण था कि मजदूर वर्ग ने अपनी बिखरी हुई शक्ति को फिर से बटोर लिया था, अपनी एकता क़ायम कर ली थी, और लड़ाकू नेताओं की एक नयी पीढ़ी को जन्म दिया था।

सरकार ने फिर वार किया। एक संकट-कालीन अधिकार-आर्डिनेंस जारी कर दिया गया और कम्युनिस्ट नेता तथा ट्रेड यूनियन नेताओं को बिना मुक़दमा पकड़कर नजरबन्द कर दिया गया। कम्युनिस्ट पार्टी ग़ैर-क़ानूनी क़रार दे दी गयी। एक दर्जन से ज्यादा रजिस्टरी-शुदा ट्रेड यूनियनों को भी ग़ैर-क़ानूनी क़रार दे दिया गया। यंग वर्कर्स लीग (नौजवान मजदूर सभा) पर रोक लगा दी गयी। मजदूर वर्ग के लड़ाकू तथा क्रान्तिकारी संगठन को कुचलने के लिए बन्दूकों का इस्तेमाल किया गया।

इस जबर्दस्त संघर्ष का नतीजा यह हुआ कि मजदूर संगठनों में फिर से एकता क़ायम करने का विचार पैदा हुआ। १६३५ में दोनों ही ट्रेड यूनियनें फिर से एक हो गयीं, और अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के स्वागताध्यक्ष एस. एच. झाबवाला ने मई १६३६ में बम्बई में हुए पन्द्रहवें अधिवेशन के सामने अपने भाषण में कहा :

> "मैं बिना किसी अतिशयोक्ति के डर के अपने व्यक्तिगत अनुभव से कह सकता हूं कि कम्युनिस्टों के साथ काम करके मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई है और उनमें मुझे मजदूरों के रोजमर्रा के हितों तथा एकता के लिए सबसे डटकर लड़नेवाले कुछ लोग मिले हैं।"

इस अधिवेशन के मंच से राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन फेडरेशन के सुधारवादी नेताओं से अपील की गयी कि उन्हें मजदूरों के केन्द्रीय नेतृत्व में एकता स्थापित करने के लिए रजामन्द हो जाना चाहिए, क्योंकि मालिकों और सरकार ने मजदूरों पर जो हमला शुरू किया है, उसे "मजदूर वर्ग का एक देशव्यापी जवाबी हमला ही रोक सकता है।" ट्रेड यूनियन फेडरेशन नेताओं को विश्वास दिलाया गया कि एकता के लिए उनकी तमाम शर्तें मान ली जायगी, बशर्ते कि वे दो बुनियादी सिद्धान्त स्वीकार कर लें। एक यह सिद्धान्त कि ट्रेड यूनियन आन्दोलन का आधार वर्ग संघर्ष है, और दूसरा यह कि ट्रेड यूनियनों के अन्दर जनवाद होना चाहिए। फ़ेडरेशन के नेताओं ने तुरन्त संगठनात्मक एकता हो जाने का विरोध किया। इसलिए १९३६ में एक संयुक्त बोर्ड बनाया गया और १९३८ में ही नागपुर अधिवेशन के समय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन फ़ेडरेशन, अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस में शामिल हुआ। कांग्रेस की प्रबंध समिति में दोनो हिस्सों को बराबर-बराबर प्रतिनिधित्व दिया गया। एक बार फिर ट्रेड यूनियन कांग्रेस भारत के पूरे ट्रेड यूनियन आन्दोलन को एकजूट करनेवाला संगठन बन गया। केवल अहमदाबाद का लेबर एसोसियेशन (मजूर महाजन) उसके बाहर रहा, जो गाधीवादी प्रेरणा से चल रहा था।

राजनीतिक क्षेत्र में भी नयी घटनाएं हुई। मेरठ के बाद मजदूर-किसान पार्टियां तसवीर से गायब हो गयी। इन पार्टियों का दो-वर्गी रूप था; वे विकास की एक परिवर्तन-कालीन अवस्था में तो कुछ-कुछ काम दे सकती थीं, मगर वे मजदूर वर्ग के राजनीतिक संगठन का कोई पक्का आधार नहीं बन सकती थीं। हालांकि कम्युनिस्ट पार्टी १९३४ में गैर-कानूनी करार दे दी गयी थी, मगर फिर भी इस तरह की कार्रवाइयों से समाजवादी और कम्युनिस्ट प्रभाव का बढ़ना और मार्क्सवादी विचारों का प्रचार नहीं रुका था। १९३०–३४ का सविनय अवज्ञा आन्दोलन बन्द हो जाने के बाद इन विचारों को नया बल मिला, क्योंकि बहुत से युवा राष्ट्रवादी उस संघर्ष से सबक सीखने लगे।

१९३४ में वामपंथी राष्ट्रवादी युवकों के एक दल ने कांग्रेस समाजवादी पार्टी बनायी। यह दल इस काल में आंशिक रूप से मार्क्सवादी विचारों के प्रभाव में आ गया था। कांग्रेस समाजवादी पार्टी की विशेषता यह थी कि उसके सदस्य केवल वे ही लोग हो सकते थे, जो कांग्रेस के मेम्बर थे। इस प्रकार यह पार्टी कांग्रेस का एक अंग थी और साधारण लोगों को बड़ी संख्या में उसका मेम्बर बनने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाता था। पार्टी के संस्थापकों में कुछ प्रगतिशील लोग भी थे। मगर उनके इरादे चाहे जो कुछ रहे हों, पार्टी का कार्यक्रम और विधान ऐसा था जिसमें मजदूर आन्दोलन स्वाभाविक तौर पर कांग्रेस के तत्कालीन नेताओं के नियंत्रण और अनुशासन के आधीन

हो जाता था और उसकी स्वतंत्रता खतम हो जाती थी; और व्यवहार में इसका मतलब यह था कि मजदूर आन्दोलन पूंजीपति वर्ग के अाधीन हो जाता था। कांग्रेस समाजवादी पार्टी की यह असंगति उसके जन्म से ही उसमें पैदा हो गयी थी और उसका सम्पूर्ण इतिहास इसका प्रमाण है। मजदूरों के संघर्ष के हर नाजुक अवसर पर कांग्रेस समाजवादी पार्टी की भूमिका से यह असंगति प्रकट हुई। यह विरोध इस बात में भी प्रकट हुआ कि पार्टी के वामपक्ष और दक्षिण पक्ष के बीच बराबर संघर्ष चलता रहा। वामपक्ष कम्युनिस्ट पार्टी और मजदूर वर्ग के तत्वों से सहयोग करना चाहता था; और प्रतिक्रियावादी दक्षिणपक्ष, जिसका कांग्रेस समाजवादी पार्टी में जोर था, कम्युनिस्ट पार्टी का तथा मजदूर वर्ग की हर प्रकार की स्वतंत्र कार्रवाई का विरोधी था।

७. दूसरे महायुद्ध के पहले का उभार

चुनाव में कांग्रेस की जीत तथा प्रान्तों में कांग्रेसी मंत्रि-मंडलों के क़ायम होने के साथ-साथ ट्रेड यूनियनों के काम में एक नया उभार आया, जिसके परिणाम-स्वरूप १६३७-३८ में हड़तालों की एक बड़ी लहर देश में उठी। युद्ध-सामग्री तैयार करने के लिए पूंजीवादी देशों में जो होड़ लगी थी, उसकी वजह से पूंजीवाद में अस्थायी रूप से फिर थोड़ी जान पड़ गयी थी और इसके परिणाम-स्वरूप सारी दुनिया में हड़तालों की एक बड़ी लहर आयी थी। भारत की ये हड़तालें उस संसारव्यापी लहर की ही एक अंग थी।

ट्रेड यूनियन आन्दोलन बड़ी तेजी से फैला। अनेक नयी यूनियनें बनीं। यहां तक कि मौसमी कारखानों और असंगठित उद्योगों के मजदूर भी आन्दोलन में खिंच आये। १६२८ में रजिस्टरी-शुदा यूनियनों की संख्या केवल २६ थी; १६२६ में वह ७५ हो गयी, और १६३४ में १६१। लेकिन १६३८ तक यह संख्या २६६ पर पहुंच गयी, और यूनियनों के सदस्यों की संख्या २६१,००० हो गयी। वास्तव में, ये ट्रेड यूनियन संगठन मजदूरों की इससे बहुत बड़ी संख्या को मैदान में उतार सकते थे।

१६३७ में हड़तालों की संख्या ३७६ पर पहुंच गयी। १६२१ के बाद से अभी तक किसी वर्ष इतनी हड़तालें नहीं हुई थीं, और १६२१ में भी इससे केवल १७ हड़तालें ज्यादा हुई थीं। इन हड़तालों में ६४७,८०१ मजदूरों ने हिस्सा लिया। इससे अधिक संख्या में मजदूरों ने हड़तालों में कभी हिस्सा नहीं लिया था। और उस वक्त ट्रेड यूनियनों के जितने सदस्य थे, उनसे तो यह संख्या तिगुनी थी। इन हड़तालों में कुल मिलाकर ८,६८२,००० काम के दिन नाम हुए। १६२६ के बाद से कभी इतने दिन हड़तालों में नहीं नाम हुए थे।

मिली-जुली यूनियन की सदस्य-संख्या २०,००० से भी आगे निकल गयी। बी. बी. एंड सी. आई., एम. एंड एस. एम. और साउथ इंडियन रेलवे पर भी यही बात देखने में आयी। लड़ाकू ट्रेड यूनियन आन्दोलन के बढ़ते हुए खतरे का मुक़ाबला करने के लिए रेलवे अधिकारियों ने क्या-क्या दांवपेच चले, इसकी एक मिसाल यह है कि उन्होंने बी. बी. एंड सी. आई. रेलवे की सुधारवादी यूनियन से कहा कि "जब तक श्री जमनादास मेहता का उस यूनियन से सम्बध रहेगा और जब तक कम्युनिस्टों को उससे बाहर रखा जायगा," तब तक उसे रेलवे से मान्यता मिली रहेगी। लेकिन अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस और नेशनल फेडरेशन आफ ट्रेड यूनियन चूंकि मिलकर एक हो गये, और चूंकि रेलवे मजदूरों में एक ही लाइन पर काम करनेवाली अलग-अलग यूनियनों को मिलाकर एक करने की जबर्दस्त इच्छा काम कर रही थी, इसलिए फूट डालने की इस तरह की चालें चल नहीं पायीं।

३० अक्तूबर, १९३८ को ट्रेड यूनियन कांग्रेस की वर्षगांठ थी। उस रोज उसकी सदस्य संख्या ३२५,००० थी। मजदूर वर्ग साम्राज्यवादी कुकर्मों के विरोध में और राष्ट्रीय मांगो के समर्थन में जबर्दस्त राजनीतिक प्रदर्शन और हड़तालें करने लगा था। साम्राज्यवादी दमन का वह दिन-रात डटकर मुक़ाबला कर रहा था। इसलिए सभी लोग यह समझने लगे थे कि वह साम्राज्य-विरोधी शक्तियों का एक मजबूत और संगठित अंग है।

इन सब घटनाओं के साथ-साथ और उनके कारण, राष्ट्रीय आन्दोलन के अन्दर मजदूर आन्दोलन की राजनीतिक भूमिका और प्रभाव महसूस होने लगा था। कम्युनिस्ट पार्टी पर लगी हुई रोक को हटवाने के लिए उग्रवादी कांग्रेस-जनों के नेतृत्व में एक व्यापक आन्दोलन चला जिसका अनेक ट्रेड यूनियनों ने समर्थन किया। कांग्रेसी मन्त्रि-मंडलों के बन जाने पर देश को पहले से अधिक नागरिक स्वतंत्रता मिली थी। उससे यह सम्भव हुआ कि कम्युनिस्ट पार्टी पर क़ानूनी रोक लगी रहने के बावजूद वह नेशनल फ्रंट नामक अपना अंग्रेजी और क्रान्ति नामक मराठी साप्ताहिक पत्र बम्बई में निकालने लगी। बम्बई के अधिकतर मजदूरों की भाषा मराठी है। इन पत्रों ने साम्राज्यवाद के खिलाफ़ तथा फ़ासिज़्म के बढ़ते हुए खतरे के खिलाफ़ संयुक्त राष्ट्रीय मोर्चा बनाने के विचार का प्रचार करने में बहुत मदद मिली। ये अखबार मजदूरों, किसानों तथा रियासती प्रजा के संघर्षों का जनता के हर हिस्से में प्रचार करते थे और उनके लिए जनता का समर्थन-प्राप्त करने की कोशिश करते थे। कम्युनिस्ट विभिन्न कांग्रेस कमिटियों के महत्वपूर्ण पदों पर चुन लिये गये। कांग्रेस की सबसे ऊंची चुनी हुई समिति, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी में २० कम्युनिस्ट थे। कांग्रेस के दक्षिण-पंथी नेताओं की समझौतावादी नीति से लड़ने के लिए

कम्युनिस्टों तथा कांग्रेस समाजवादियों के बीच वामपक्षी एकता स्थापित करने की बार-बार कोशिश की गयी; मगर कांग्रेस समाजवादी पार्टी के नेतृत्व के प्रतिक्रियावादी हिस्से ने इन कोशिशों का जबर्दस्त विरोध किया, जिससे इस काम में केवल सीमित सफलता ही मिल पायी।

८. दूसरे महायुद्ध के काल में मज़दूर वर्ग

सितम्बर, १९३९ मे दूसरा महायुद्ध छिड जाने पर भारत के राष्ट्रीय स्वतत्रता आन्दोलन तथा भारतीय मजदूर वर्ग के इतिहास मे एक निर्णायक अध्याय का श्रीगणेश हुआ।

जब कि राष्ट्रीय आन्दोलन के नेता-गण अभी टालमटोल करने में ही लगे हुए थे, सबसे पहले मजदूर वर्ग ने साम्राज्यवादी युद्ध के खिलाफ लड़ाई का बिगुल बजाया। २ अक्तूबर, १९३९ को साम्राज्यवादी युद्ध के विरोध मे बम्बई के ९०,००० मजदूरों ने हड़ताल की। यह दुनिया की पहली युद्ध-विरोधी मजदूर हड़ताल थी। मजदूर वर्ग, जो अभी तक भारत की साम्राज्य-विरोधी शक्तियों का एक मजबूत और संगठित अंग था, अब इन शक्तियों के अग्रदल के रूप में सामने आ रहा था।

लड़ाई के कारण रहन-सहन का खर्चा बहुत बढ गया, लेकिन मजूरी में उतनी बढ़ती नही हुई। भारत सरकार के सलाहकार डॉ. टी. ई. ग्रेगरी ने भी यह बात मानी जब उन्होने कहा कि यदि सितम्बर १९३९ के दामों को १०० मान लिया जाय, तो दिसम्बर तक "प्राथमिक चीजों के दामों का सूचक अंक १३७ तक पहुंच गया था।"

युद्ध के इस भयानक आर्थिक बोझे के खिलाफ़ मजदूर वर्ग ने ५ मार्च, १९४० को तब संघर्ष का श्रीगणेश किया, जब कि बम्बई के १७५,००० कपडा मजदूरों ने मंहगाई भत्ता पाने के लिए हड़ताल शुरू की। हड़ताल मुकम्मिल थी और नेताओं की आम गिरफ्तारी तथा पुलिस के भयानक दमन के बावजूद, जो मजदूरो के घरों में घुस-घुसकर उनको पीटती घूमती थी, हड़ताल ४० दिनो तक चली। ट्रेड यूनियन कांग्रेस ने हड़ताली कपडा मजदूरो के समर्थन में १० मार्च को आम हड़ताल करने की अपील की। इस हड़ताल में सभी उद्योगों के साढे तीन लाख मजदूरो ने भाग लेकर अपने भाईचारे का प्रदर्शन किया।

बम्बई की इस हड़ताल ने सारे देश में हड़तालों का तांता शुरू कर दिया। कानपुर में २०,००० कपड़ा मजदूरो ने हड़ताल की; कलकत्ते में २०,००० म्युनिसिपल मजदूरो ने, बगाल और बिहार में जूट मजदूरों ने, आसाम में डिगबोई की तेल की खानों में काम करनेवाले मजदूरों ने, धनबाद और झरिया

में कोयला खानों में काम करनेवाले मजदूरों ने, जमशेदपुर में लोहे और इस्पात के कारखाने के मजदूरों ने हड़ताल की। और भी बहुत से उद्योगों में मजदूरों ने महगाई भत्ता पाने के लिए हड़तालें कीं। यह बात साफ़ थी कि पूरा मजदूर-आन्दोलन इस माग के लिए लड़ रहा था।

सरकार ने एक बार फिर हमला किया। नेशनल फ्रंट तथा क्रान्ति पर रोक लगा दी गयी। भारत रक्षा आर्डिनेंस के दमनकारी क़ानून जारी कर दिये गये। देश भर में कम्युनिस्ट तथा अन्य वामपंथी कार्यकर्ताओं को चुन-चुनकर पकड़ लिया गया। और जनवरी १९४१ में सरकार के गृह-सदस्य रेजिनेल्ड मैक्सवेल ने ऐलान किया कि इस समय ७०० आदमी जेलों में बिना मुकदमा नजरबन्द हैं और "उनमें से लगभग ४८० व्यक्ति बिना किसी अपवाद के या तो जाने-माने कम्युनिस्ट हैं या हिंसक जन-क्रान्ति के कम्युनिस्ट कार्यक्रम के सक्रिय समर्थक हैं।" इनके अलावा ६,४६६ व्यक्तियों को विभिन्न दफ़ाओं में सजा हो चुकी थी और १,६६४ के आने-जाने पर बन्दिशें लगा दी गयी थीं; या उन्हें कुछ खास इलाकों में निर्वासित कर दिया गया था, या कुछ खास स्थानों में नजरबन्द कर दिया गया था।

एक तरफ़ सरकार कम्युनिस्ट पार्टी पर हमला कर रही थी। दूसरी तरफ़, कांग्रेस समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भी कम्युनिस्टों के खिलाफ़ जिहाद छेड़ रखा था और अपनी पार्टी के तमाम ऐसे सदस्यों को निकाल बाहर किया था जिन पर कम्युनिस्ट होने का या कम्युनिज्म से सहानुभूति रखने का शक था। निकालने के लिए दलील यह दी गयी कि ये लोग अहिंसा का गांधीवादी सिद्धान्त नहीं मानते। "कुछ गैर-जिम्मेदार लोग हैं... जो बिना सोचे-समझे हिंसा की भावना को बढ़ावा देते हैं... लेकिन गांधी जी जानते थे कि हम सदा शान्ति-पूर्ण एवं सुव्यवस्थित जन-संघर्ष पर जोर देते थे।" (कांग्रेस समाजवादी पार्टी के सदस्यों के नाम पार्टी के प्रधान मंत्री जयप्रकाश नारायण का गश्ती पत्र)। इस साल में कांग्रेस समाजवादी पार्टी के अधिकतर लड़ाकू सदस्य उसे छोड़कर गैर-कानूनी कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हो गये, क्योंकि उनमें समाजवादी पार्टी के इन नेताओं के खिलाफ़ घोर असंतोष था, जिन्होंने इस प्रकार वर्ग संघर्ष का आधार त्याग दिया था और अहिंसा के गांधीवादी सिद्धान्त के सामने आत्म-समर्पण कर दिया था। कांग्रेस समाजवादी पार्टी मुख्यतया केवल नेताओं की पार्टी रह गयी जिनके पास न तो कोई जन-संगठन था और न तो जिनका मजदूर वर्ग में कोई वास्तविक आधार था।

सरकार का हमला कम्युनिस्ट पार्टी का संगठन तोड़ने या उसकी सक्रिय भूमिका को खत्म कर देने में कामयाब नहीं हुआ। पार्टी के लगभग सभी नेता पकड़ लिये गये, फिर भी यह काम रुका नहीं; चन्द नेता पुलिस की पकड़ में

धूल झोककर काम करते रहे और क़ानूनी जन-आन्दोलन के साथ-साथ गैर-कानूनी क्रान्तिकारी प्रचार भी होता रहा। संख्या में पार्टी छोटी थी और उसे तरह-तरह की भयंकर कठिनाइयों का सामना करना पड रहा था, इसलिए वह घटनाओं की दिशा को तो न बदल सकी; लेकिन इसमें किसी को शक न रहा कि कम्युनिस्ट पार्टी मज़दूर वर्ग की सबसे प्रभावशाली पार्टी है और भारतीय राजनीति में वह एक प्रमुख शक्ति बन गयी है।

इसके साथ-साथ, मज़दूर वर्ग के देश भर में मिलकर लडने का यह परिणाम हुआ कि केन्द्रीय ट्रेड यूनियन संगठनो में पूर्ण एकता कायम हो गयी। नेशनल फ़ेडरेशन ग्राफ़ ट्रेड यूनियन्स पूरी तरह अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस मे मिल गयी; मगर मिलने के पहले उसने विधान में यह परिवर्तन करा लिया कि "सभी राजनीतिक सवाल, हड़तालों के प्रश्न और किसी विदेशी संगठन से सम्बंध कायम करने का सवाल तीन-चौथाई बहुमत से तै किये जायेंगे।" उग्रवादी ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं ने एकता के हित मे यह धारा मान ली, हालांकि आनेवाले जमाने में वे इस धारा की वजह से मज़दूरो को स्पष्ट राजनीतिक नेतृत्व नही दे सके।

इस बन्दिश से जो खराबियां पैदा हुई, वे लड़ाई के बढ़ने पर तब सामने आयी जब सोवियत संघ पर नात्सियों ने आक्रमण कर दिया, जापान ने युद्ध में प्रवेश किया और पूरे दक्षिण-पूर्वी एशिया को रौंद डाला, संयुक्त राष्ट्रों का मोर्चा क़ायम हो गया और भारत के सामने जापानी हमले का खतरा बढ़ने लगा; और इन सब बातों के कारण कुछ नयी समस्याएं सामने आयी।

अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस का कानपुर अधिवेशन फरवरी १९४२ में हुआ। इस बीच मज़दूरो की हालत बहुत खराब हो गयी थी। जापानी फ़ौजें मलाया और बर्मा को रौंदने के बाद भारत की तरफ़ बढ़ रही थी।

लेकिन ट्रेड यूनियन आन्दोलन का केन्द्रीय नेतृत्व मज़दूरो को कोई स्पष्ट एवं संयुक्त नेतृत्व न दे सका। बहुमत ने कम्युनिस्टों के प्रस्ताव का समर्थन किया जिसमें देश की रक्षा के वास्ते युद्ध का बिना शर्त समर्थन करने के लिए कहा गया था और मज़दूरो ने अपील की गयी थी कि देश की रक्षा के काम को कारगर बनाने के वास्ते उन्हें राष्ट्रीय मांगों के लिए लड़ना चाहिए। इस प्रस्ताव का बहुमत ने समर्थन किया, मगर उसे विधान की धारा के अनुसार तीन-चौथाई वोट नही मिले। इसलिए ट्रेड यूनियन आन्दोलन में काम करनेवाले हर राजनीतिक दल को छूट मिल गयी कि वह अपनी मनचाही नीति का प्रचार करे।

१९४२-४५ का काल मज़दूर वर्ग तथा पूरे देश के लिए कठिन परीक्षा का काल था। सरकार युद्ध का खर्च निकालने के लिए धड़ाधुड़ नोट छाप

रही थी। जीवन के लिए आवश्यक वस्तुएं चोरबाजार करनेवाले नफ़ाखोरों के चोर-गोदामों में पहुंच गयी थीं। रहन-सहन का खर्चा २०० प्रतिशत बढ़ गया था। ऊपर से सरकार ने राष्ट्रीय नेताओं को गिरफ्तार कर लिया और सारे देश में बहुत ही बेरहमी से दमन-चक्र चलाया। सरकार की नीति से सारा देश क्रोध से पागल हो उठा। ये तमाम बातें ऐसी थीं जिनमें से कोई एक अकेले भी होती तो पूरे मजदूर वर्ग से हड़ताल करा देने के लिए काफ़ी थी। लेकिन मजदूर वर्ग तथा उसका नेतृत्व करनेवाली कम्युनिस्ट पार्टी की स्वस्थ वर्ग भावना और प्रगतिशील अन्तरराष्ट्रीय चेतना का प्रमाण यह है कि उन्होंने बदली हुई परिस्थिति को समझा। उन्होंने यह पहचाना कि जर्मनी, इटली तथा जापान के फ़ासिस्ट त्रिगुट के आक्रमण का मुकाबला करने के लिए, फ़ासिस्ट तख्ते को उलटकर जनता को आज़ाद करने के लिए जो युद्ध चल रहा है और जिसमें सोवियत तथा चीन की जनता भाग ले रही है, उसने एक नयी परिस्थिति पैदा कर दी है। और यह सब समझकर मजदूरों ने हड़तालें करना बन्द कर दिया, हालांकि उनको उकसाकर या घूस देकर हड़ताल कराने की अनेक कोशिशें की गयीं। यह बात भी महत्व से खाली नहीं है कि इस काल में बड़ी हड़तालें केवल दो हुईं—एक अहमदाबाद में जो गांधीवादी ट्रेड यूनियन आन्दोलन का गढ़ था, और दूसरी जमशेदपुर के लोहे और इस्पात के कारखाने में। और इन हड़तालों का जितना श्रेय मजदूरों को था कम से कम उतना ही मालिकों को था।

इस काल में, कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में मजदूर वर्ग ने दृढ़तापूर्वक साम्राज्यवादी दमन का मुकाबला किया। ट्रेड यूनियन कांग्रेस ने २५ सितम्बर, १९४२ को दमन-विरोधी दिवस मनाने की अपील की। उसने देश-रक्षा के विचार का प्रचार किया और जनता की रोजमर्रा की आवश्यकताओं के लिए—जैसे मूल्य-नियंत्रण तथा राशनिंग के लिए—जोरदार आन्दोलन किया और चोरबाजार चलानेवालों तथा अनाज और कपड़ा दबाकर बैठ जानेवालों के खिलाफ़ आन्दोलन चलाया। इसके साथ-साथ उसने जनता को आगाह किया कि उसे साम्राज्यवादी उकसावे में या जापानियों की मीठी बातों के भुलावे में नहीं आना चाहिए।

इस सबसे ट्रेड यूनियन आन्दोलन की बहुत प्रगति हुई और उस पर कम्युनिस्ट पार्टी का प्रभाव बढ़ा। १९४२ में ८ वर्ष तक गैर-क़ानूनी रहने के बाद कम्युनिस्ट पार्टी क़ानूनी क़रार दे दी गयी। यह पूरे मजदूर आन्दोलन के लिए एक फायदे की चीज थी। इस काल में ट्रेड यूनियन आन्दोलन किस तरह बढ़ा, यह अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के सदस्यों की संख्या के इन आंकड़ों से स्पष्ट रूप से मालूम हो जाता है :

वर्ष	ट्रेड यूनियनों की संख्या	रजिस्टरी शुदा सदस्यों की संख्या
१९३८	१८८	३६३,४५०
१९४०	१९५	३७४,२५९
१९४१	१८२	३३७,६९५
१९४२ (फरवरी)	१९१	२९६,८०३
१९४३	२५९	३३२,०७९
१९४४	४१५	५०९,०८४
१९४७	६०८	७२६,०००

१९४२–४५ के संकट-काल में, भयंकर कठिनाइयों के होते हुए भी, कम्युनिस्टों ने जो बहुमुखी कार्य किया, उससे कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों की संख्या बहुत बढ़ गयी। जुलाई १९४२ में वह केवल ४,००० थी, मई १९४३ में वह १५,००० हो गयी; जनवरी १९४४ में ३०,००० और १९४६ की गरमियों में ५३,००० तक पहुंच गयी।

लड़ाई के जमाने में एम. एन. राय के समर्थकों ने ट्रेड यूनियन आन्दोलन में फूट डाल देने का एक असफल प्रयत्न किया। श्री एम. एन. राय ने अपने को पूरी तरह अंग्रेज साम्राज्यवादियों के हितों से मिला दिया था। उनके अनुयायियों ने १९४१ में तथाकथित "इंडियन फेडरेशन आफ लेबर" कायम किया, जिसे सरकार से १३,००० रुपये माहवार की मदद मिलती थी। मगर धुआंधार प्रचार के बावजूद वह मजदूरों के बीच अपनी जड़ें न जमा सका। सितम्बर १९४६ में एक सरकारी जांच से यह बात अन्तिम रूप से सिद्ध हो गयी कि अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस, जिसके उस समय ७ लाख सदस्य थे, भारतीय ट्रेड यूनियन आन्दोलन की निर्णायक रूप से प्रतिनिधि संस्था है।

१९४० के बाद कांग्रेस समाजवादी पार्टी मुख्यतः केवल नेताओं की पार्टी बन गयी थी। अगस्त १९४२ के प्रस्ताव के पास हो जाने तथा कांग्रेस नेताओं के गिरफ्तार हो जाने के बाद उसने अपना गुप्त संगठन बनाने की कोशिश की और कांग्रेसी नेताओं के पकड़ लिए जाने के बाद जनता में अपने-आप जो उभार आया था, उसे संगठित रूप देने की कोशिश की। इन कोशिशों में कांग्रेस समाज-वादी नेता मजदूर वर्ग का सहयोग हासिल नहीं कर पाये। फिर भी, चूंकि उन्होंने जनता की स्वयं-स्फूर्त वीरता की प्रशंसा में बहुत सा गैर-कानूनी साहित्य प्रकाशित किया और कुछ हद तक तोड़फोड़ के कामों का संगठन किया, इसलिए नौजवान राष्ट्रवादियों पर, खासकर विद्यार्थियों पर, उनका प्रभाव बढ़ गया,

हालांकि मजदूरों में यह बात नहीं हुई। लड़ाई खतम हो जाने के बाद उन्होंने बहुत ही तीव्र कम्युनिस्ट-विरोधी एवं सोवियत-विरोधी प्रचार शुरू कर दिया।

युद्ध के काल में मजदूर आन्दोलन ने जो प्रगति की और जो सफलताएं प्राप्त कीं, वे सदा याद रहेंगी। युद्ध समाप्त होते-होते तथा फ़ासिज्म पर विजय प्राप्त होने तक मजदूर आन्दोलन साम्राज्यवाद से लड़नेवाला सबसे संगठित, अनुशासन-बद्ध और दृढ़ दस्ता बन गया था। यह बात लड़ाई के जमाने के महान जन-संघर्षों में भली-भांति प्रकट हो गयी। आम राजनीतिक आन्दोलन के ऊपरी नेताओं में साम्प्रदायिक मतभेद बहुत तेज़ होते गये; लेकिन मजदूर आन्दोलन में हिन्दू, मुसलमान और अछूत सब एकजुट हो गये थे और यह एकता बराबर क़ायम रही। राष्ट्रीय एवं सामाजिक मुक्ति के लिए आगे जो लड़ाइयां होनेवाली थीं, मजदूर वर्ग ने उनमें सबसे आगे बढ़कर लड़नेवाले अग्रदल का स्थान प्राप्त कर लिया था।

दूसरे महायुद्ध के बाद जो तूफानी जमाना शुरू हुआ, जो महान राष्ट्रीय उभार आया और हड़तालों की जो जबर्दस्त लहर उठी, उसमें मजदूर वर्ग का तथा पूरे राष्ट्र का नेतृत्व करने की उसकी भूमिका का विकास एक नये युग में पहुंचा और उसमें नयी समस्याएं पैदा हुईं। अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के विरोध में सरकार तथा बड़े-बड़े मिल-मालिकों की सरपरस्ती में इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस की स्थापना हो गयी। कांग्रेस समाजवादी पार्टी ने हिन्द मजदूर सभा बना डाली। इससे मजदूर वर्ग की एकता को सख्त धक्का लगा। फिर भी तीनों संगठनों के अनुयायियों में यह आन्दोलन ज़ोर पकड़ता गया कि हर विचार के मजदूरों को मिलकर लड़ना चाहिए।

राजनीतिक क्षेत्र में, कम्युनिस्ट पार्टी ने अपना निर्णायक नेतृत्व स्थापित कर लिया, जिसका प्रमाण १९५२ के शुरू में पहले आम चुनाव के समय मिला। यह चुनाव बालिग मताधिकार के आधार पर हुआ और उसमें से कम्युनिस्ट पार्टी तथा उसके समर्थक दल को दूसरे नम्बर की राजनीतिक शक्ति बनकर निकले। समाजवादी पार्टी (जिसने कांग्रेस के सरकारी पार्टी बन जाने के बाद उससे अपना पुराना सम्बन्ध तोड़ लिया था) उस प्रजा पार्टी के साथ मिल गयी, जो कांग्रेस से टूटा हुआ एक दल था। दोनों ने कम्युनिस्टों के बढ़ते हुए प्रभाव का मुक़ाबला करने के लिए प्रजा समाजवादी पार्टी बनायी। इस नयी पार्टी के कार्यक्रम में समाजवाद के लक्ष्य के स्थान पर गांधीवाद के सामाजिक सिद्धान्तों की स्थापना की गयी, और कार्यनीति के क्षेत्र में किसान विद्रोह के मुक़ाबले में भूदान आन्दोलन का समर्थन किया गया (जिसमें कि ज़मींदारों से दया-धर्म के नाम पर गरीब तथा भूमि-हीन किसानों को भूमि-दान करने की अपील की जाती है)। प्रजा समाजवादी पार्टी के दक्षिण-पंथी नेताओं का [illegible]

डेमोक्रेटिक नेताओं और संगठनों से घनिष्ठ सम्बंध है। भारत में अमरीका के घुसने के साथ भी उनका गहरा ताल्लुक है। इन नेताओं को बहुत सफलता नहीं मिली और उनकी पार्टी के साधारण कार्यकर्ता उनका अधिकाधिक विरोध करने लगे। उग्रवादी कार्यकर्ताओं का एक महत्वपूर्ण भाग पार्टी से अलग हो गया और अन्त में कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हो गया। विभिन्न राज्यों के चुनावों में, म्युनिसिपल बोर्डों के चुनावों में और केन्द्रीय पार्लामेंट के उप-चुनावों में, और उसके साथ-साथ बढ़ते हुए जन-संघर्षों में यह बात स्पष्ट हो गयी कि कम्युनिस्ट पार्टी तथा बढ़ते हुए जनवादी मोर्चे के उसके समर्थकों को जनता से अधिकाधिक समर्थन प्राप्त हो रहा है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का कार्यक्रम मौजूदा काल की एक महत्वपूर्ण घटना है। यह कार्यक्रम १९५१ में स्वीकार किया गया था। इसमें उन मार्गों का निर्देश मिलता है जिस पर चलकर भारतीय जनता किसानों के साथ एकताबद्ध मज़दूर वर्ग के नेतृत्व में, साम्राज्यवाद से पूर्ण स्वतन्त्रता प्राप्त करेगी और भारत में जनता का सच्चा जनतंत्र स्थापित करेगी.

तेरहवां अध्याय

भारतीय जनतंत्र की समस्याएं

भारत में जनतंत्र के विकास के रास्ते में साम्राज्यवादी शासन बहुत सी बाधाएं और समस्याएं अपनी विरासत के रूप में छोड़ गया है। भारत की प्रत्येक प्रतिक्रियावादी सामाजिक शक्ति को अपने शासन के स्तम्भ के रूप में जान-बूझ कर पालना-पोसना और राष्ट्रीय क्रान्ति की शक्तियों में फूट डालने के लिए जनता के प्रत्येक मतभेद और विरोध को बढ़ाना ही साम्राज्यवाद की नीति थी। अपने प्रत्यक्ष शासन के पतन तथा खातमे के काल में उसने खास तौर पर इस नीति का प्रयोग किया।

दो क्षेत्रों में यह नीति विशेष रूप से प्रकट हुई : एक तो देशी राजाओं को क़ायम रखने के मामले में; और दूसरे साम्प्रदायिक भेदभावों को, खास तौर पर हिन्दू-मुस्लिम विरोध को बढ़ाने के क्षेत्र में।

१. देशी राजा और नवाब

भारत में कुल ५६३ देशी रियासतें थीं, जिनका कुल रकबा ७१२,००० वर्ग मील और आबादी (१९३१ की जन-गणना के अनुसार) ८ करोड़ १० लाख, यानी कुल आबादी की लगभग चौथाई (२४ प्रतिशत) होती थी। इनमें हैदराबाद जैसी बड़ी रियासतें भी थीं, जिसका आकार इटली के बराबर और आबादी १ करोड़ ४० लाख थी; और लावा जैसी नन्ही रियासतें भी थीं, जिनका रकबा केवल १९ वर्ग मील था। उनमें शिमला की पहाड़ी रियासतें भी थीं जो छोटी-छोटी जमींदारियों से ज्यादा कुछ नहीं थीं। इन रियासतों के दर्जे तथा अधिकारों में इतने भेद हैं कि उनका कोई सामान्य वर्णन नहीं किया जा सकता। उनमें से १०८ बड़ी रियासतें थीं जिनके शासक खुद नरेन्द्र-मंडल के सदस्य थे। १२७ छोटी रियासतें थीं जिनके शासक अपने बारह प्रतिनिधि चुनकर नरेन्द्-

मडल में भेजते थे। बाक़ी ३२८ रियासतें असल में एक तरह की ज़मीदारियां थी जिनको कुछ सामन्ती हक भी मिले हुए थे, मगर जिनके अधिकार बहुत सीमित थे। अधिक महत्वपूर्ण रियासतों में निर्णायक शक्ति अंग्रेज रेजीडेंट के हाथों में रहती थी। छोटी रियासतें अग्रेज पोलिटिकल एजेंटों के मातहत थीं। अलग-अलग इलाक़ों की छोटी रियासतों के समूह को एक-एक पोलिटिकल एजेंट की देखरेख में दे दिया गया था।

इन राजाओं और नवाबो को छोटे-मोटे मामलों में जो चाहे करने की छूट थी। वे जनता पर मनमाना अत्याचार कर सकते थे। उन्हें कानूनों को उठाकर ताक पर रख देने की इजाज़त थी। लेकिन असली और फ़ैसलाकुन राजनीतिक ताक़त अंग्रेजों के ही हाथ में रहती थी। जैसा कि मार्क्स ने १८५३ में ही लिख दिया था :

"देशी राजा और नवाब मौजूदा घृणित अंग्रेजी शासन व्यवस्था के दृढ़ स्तम्भ हैं और भारत की उन्नति के रास्ते की सबसे बड़ी बाधा हैं।"

परन्तु अग्रेजो की हमेशा यह नीति नही थी कि देशी राजाओ को कठपुतलिया बनाकर सदा क़ायम रखा जाय। उन्नीसवी सदी के पूर्वार्ध में जब अंग्रेजी राज बड़े जोर-शोर से आगे बढ़ रहा था और अंग्रेजो को अपनी ताक़त में यक़ीन था, वे सही या गलत किसी भी बहाने से एक के बाद दूसरी रियासत को अपने राज्य में मिला लेने की नीति पर चलते थे। लेकिन १८५७ के विद्रोह के बाद उनकी नीति एकदम बदल गयी। जहा तक १८५७ के विद्रोह के नेतृत्व का प्रश्न है, वह सामन्ती शक्तियों का, देश के पुराने शासकों का विदेशी प्रभुत्व की बढ़ती हुई लहर को रोकने के लिए आख़िरी प्रयत्न था। विद्रोह तो कुचल दिया गया, लेकिन अंग्रेजो ने उससे सबक़ सीख लिया। उसके बाद से ही सामन्ती शासक अंग्रेजी राज्य के मुख्य प्रतिद्वन्दी नही रह गये, बल्कि जागती हुई जनता की प्रगति के मार्ग की मुख्य बाधा बन गये। इस काल में अधिकाधिक सामन्ती तत्वों का सहारा लेने और देशी राजाओ और नवाबो तथा उनकी रियासतों को अंग्रेजी शासन के स्तम्भ के रूप में क़ायम रखने की नीति अपनायी गयी।

१८५८ में महारानी की घोषणा में इस नयी नीति का ऐलान कर दिया गया कि "हम देशी राजाओं और नवाबों के अधिकारों, प्रतिष्ठा और सम्मान का अपने अधिकारों, प्रतिष्ठा और सम्मान जैसा ही आदर करेंगे।" इस नीति का क्या उद्देश्य था, यह लार्ड कैनिंग ने १८६० में बहुत साफ़-साफ़ बता दिया :

"सर जॉन मैलकोल्म ने बहुत पहले यह कहा था कि अगर हमने भारत को केवल अंग्रेजी ज़िलों में बाट दिया, तो कुदरत का तकाज़ा है कि हमारा साम्राज्य पचास साल भी नहीं टिक पायेगा; लेकिन अगर

हमने कुछ देशी रियासतों को बिना राजनीतिक ताकत के अपने शाही हथियारों के रूप में बनाये रखा, तो जब तक समुद्रों पर हमारे जहाज़ों की धाक रहेगी, तब तक हम भारत में भी बने रहेंगे। सर जॉन की इस बात में बहुत तत्व है, इसमें मुझे ज़रा भी शक नहीं है। और हाल की बातों ने तो उनकी बात को और भी ध्यान के योग्य बना दिया है।"

इस प्रकार, देशी रियासतों का क़ायम रहना, जो यदि अंग्रेज़ी राज न होता तो आगे-पीछे कभी न कभी ज़रूर खतम हो जातीं, अंग्रेज़ों की आधुनिक नीति का परिणाम था; और यह समझना बिलकुल गलत है कि इन रियासतों के रूप में भारत की प्राचीन परम्पराओं एवं संस्थाओं के अवशेष जीवित थे। देशी राजाओं और नवाबों के प्रधान सरकारी प्रचारक प्रोफ़ेसर रशब्रुक विलियम्स थे। उन्होंने १९३० में कहा था :

"देशी रियासतों के शासक अंग्रेज़ी हुकूमत के साथ अपने सम्बन्ध के प्रति बहुत वफ़ादार हैं। उनमें से बहुत से तो अंग्रेज़ी इंसाफ़ और अंग्रेज़ी तलवार के बल पर ही ज़िन्दा हैं। अठारहवीं सदी के बाद के और उन्नीसवीं सदी के शुरू के हिस्से में जो लड़ाइयां हुई थीं, उनमें अगर अंग्रेज़ों ने अनेकों देशी राजाओं और नवाबों की मदद न की होती, तो आज कहीं उनका नामोनिशान न होता। आज के इन झगड़ों में और आगे चलकर जो उलट-फेर होगा, उसमें भी इन राजाओं और नवाबों की वफ़ादारी और मुहब्बत से ब्रिटेन को बड़ी मदद मिलेगी।...

"सारे भारत में बिखरे हुए इन सामन्ती राज्यों की भौगोलिक स्थिति हमारे लिए बड़ी हितकर है। उनकी स्थिति ऐसी है मानो लड़ाई के मैदान में हमारे दोस्तों ने पहले से अपने किलों का लम्बा-चौड़ा जाल फैला रखा हो। इन ताक़तवर और वफ़ादार देशी रियासतों के इस जाल के कारण यह बहुत मुश्किल होगा कि अंग्रेज़ों के खिलाफ़ कोई आम विद्रोह पूरे देश में फैल जाय।"

१९२९ की बटलर कमिटी की रिपोर्ट में रस्मी तौर पर भी यह बात साफ़ कर दी गयी कि "विद्रोह अथवा बगावत" से देशी राजाओं की रक्षा करना अंग्रेज़ी सरकार का कर्तव्य है। उसमें यह कहा गया था :

"बादशाह सलामत ने यह वादा किया है कि वह देशी राजाओं के अधिकारों, सम्मान और गौरव को सदा अक्षुण्ण रखेंगे। इस वादे में यह बात भी शामिल है कि अगर किसी देशी राजा को हटाकर उसकी जगह

पर दूसरे ढंग की शासन व्यवस्था क़ायम करने की कोशिश की जाय, तो अंग्रेज़ी सरकार का फ़र्ज़ होगा कि वह उसकी रक्षा करे।"

अंग्रेज़ों की छत्रछाया में भारत के ये कठपुतली राजा और नवाब जिस प्रकार अपना राजकाज चलाते थे, उस प्रकार के राज की इतिहास में कोई और मिसाल भी मिलेगी, इसमें शक है। चन्द देशी रियासतें ऐसी थी जिनके शासन प्रबंध का स्तर ब्रिटिश भारत से कुछ ऊंचा था और जिनके यहां अनिवार्य शिक्षा की योजनाओं पर आंशिक रूप से अमल हुआ था, या जिनके यहां बहुत ही कम अधिकारोंवाली, बहुत ही प्राथमिक ढंग की, सलाहकार परिषदें बना दी गयी थी। लेकिन ये रियासतें अपवाद के रूप में थीं। अधिकतर रियासतों में जो गुलामी, तानाशाही और जुल्म देखने को मिलता था, वह बयान के बाहर है। वैसे तो एशिया के स्वेच्छाचारी राजाओं के इतिहास में भ्रष्टाचार और जुल्म कोई नयी चीज़ नहीं थी; लेकिन उन पुराने राजाओं को कम से कम बाहरी हमले या अन्दरूनी बग़ावत का डर तो लगा ही रहता था। इन नये राजाओं को अंग्रेज़ों की छत्रछाया में इस डर से भी निजात मिल गयी। अंग्रेज़ी सरकार के हाथ में यह अधिकार था कि यदि वह किसी रियासत में सरासर बुरा शासन देखे, तो राजा को गद्दी से उतार दे या उसके अधिकारों पर नियंत्रण लगा दे। लेकिन व्यवहार में इस अधिकार का प्रयोग कुशासन रोकने के लिए नहीं, बल्कि केवल राजाओं को अपना वफ़ादार बनाये रखने के लिए किया जाता था।

अंग्रेज़ी राज ने भारत के ४० प्रतिशत भाग में न केवल इस प्रकार की शासन व्यवस्था को ज़बर्दस्ती क़ायम रखा बल्कि जैसे-जैसे राष्ट्रीय स्वतंत्रता का आन्दोलन प्रगति करता गया, वैसे-वैसे साम्राज्यवाद देशी राजाओं के साथ गठबंधन करने और राष्ट्रीय आन्दोलन के विरोध में उनको खड़ा करने की नीति पर अधिकाधिक ज़ोर देने लगा। १९२१ में नरेन्द्र-मंडल क़ायम हुआ। १९३५ के क़ानून में जिस संघीय विधान की योजना थी, उसकी नींव देशी राजाओं और नवाबों की भूमिका पर रखी गयी थी। उसमें केन्द्र की ऊपरी धारासभा में ४० प्रतिशत सीटें देशी राजाओं को दी गयी थी और निचली धारासभा में एक-तिहाई सीटें उनको दी गयी थीं।

राष्ट्रीय जनवादी आन्दोलन इन कठपुतली रियासतों की सड़ी-गली सीमाओं को तोड़ता हुआ आगे बढ़ा। रियासती प्रजा सम्मेलन की ताक़त तेज़ी से बढ़ी। रियासतों में यही संस्था जन-आन्दोलनों का संगठन किया करती थी। एक के बाद दूसरी रियासतों में प्राथमिक अधिकारों के लिए संघर्ष छिड़ता गया।

रियासतों के जन-आन्दोलन की इस प्रगति के साथ-साथ कांग्रेस की नीति भी बदली। बहुत दिनों तक कांग्रेस सीधे तौर पर देशी रियासतों में

प्रचार या आन्दोलन नहीं करती थी। "हस्तक्षेप न करने" की इस नीति को जान-बूझकर अपनाया गया था, और इस झूठी आशा से अपनाया गया था कि इन कठपुतली राजाओं के साथ कांग्रेस का किसी तरह का संयुक्त मोर्चा बन जायगा। उनके शासन की चक्की में पिसनेवाले आठ करोड़ लोगों के साथ संयुक्त मोर्चा बनाने का खयाल कांग्रेस को नहीं था। गांधी जी ने गोलमेज सम्मेलन में कहा था "अब तक कांग्रेस ने राजाओं की इस तरह सेवा करने की कोशिश की है कि वह उनके घरेलू तथा वैदेशिक मामलों में कोई दखल नहीं देती।"

युद्ध घटनाचक्र ने इस घातक नीति को परास्त कर दिया। किसी भी रियासत में यदि बहुत ही साधारण से आन्दोलन का भी सूत्रपात होता था, या राष्ट्रीय आन्दोलन से थोड़ी भी हमदर्दी प्रकट की जाती थी, तो देशी राजा बड़े हिंसापूर्ण ढंग से उसका दमन करते थे। इससे यह जोरदार मांग उठी कि अब इस लड़ाई को राष्ट्रीय आन्दोलन को अपने हाथ में लेना चाहिए। रियासतों के सविनय अवज्ञा आन्दोलनों का समर्थन किया जाय या नहीं—यह कांग्रेस के सामने एक बड़ा सवाल बन गया।

१९३८ में कांग्रेस के हरिपुरा अधिवेशन ने रियासतों के सम्बन्ध में कांग्रेस की नीति की इन शब्दों में घोषणा की थी :

> "इसलिए कांग्रेस की राय में रियासतों में पूरी तौर पर जिम्मेदार हुकूमत क़ायम होनी चाहिए और नागरिक अधिकारों की गारंटी मिलनी चाहिए; और कांग्रेस इस बात पर खेद प्रकट करती है कि रियासतों की मौजूदा हालत पिछड़ी हुई है और बहुत सी जगहों में आजादी का नामो-निशान तक नहीं है तथा नागरिक अधिकारों का हनन हो रहा है।"

इसके साथ-साथ हरिपुरा के प्रस्ताव ने रियासतों के अन्दर कांग्रेस के कार्य पर कुछ कुछ सीमाएं भी लगा दी थीं :

> "रियासतों में जनता का अन्दरूनी संघर्ष कांग्रेस के नाम से नहीं चलाया जाना चाहिए। इसके लिए स्वतंत्र संगठन बनाया जाना चाहिए और जहां वे पहले से मौजूद हों, उनको क़ायम रखना चाहिए।"

१९३९ के त्रिपुरी अधिवेशन में कांग्रेस ने इस स्थिति में थोड़ा-बहुत संशोधन किया और यह कहा :

> "हरिपुरा की नीति जनता के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखकर अपनायी गयी थी ताकि जनता में आत्मनिर्भरता तथा शक्ति पैदा हो। परिस्थितियों को देखकर यह नीति ठीक भी थी; लेकिन इसका यह मतलब न था कि कांग्रेस सदा इसी नीति पर चलने के लिए मजबूर है।

काग्रेस का हमेशा यह अधिकार रहा है और साथ ही यह उसका कर्तव्य भी है कि वह रियासतों की जनता की रहनुमाई करे और अपने प्रभाव से उनकी सहायता करे। जनता मे जो महान जागरण हो रहा है, उससे कांग्रेस ने अपने ऊपर जो बंधन लगाया था, उसे ढीला या एकदम दूर भी किया जा सकता है, और इसके फलस्वरूप रियासती जनता के साथ कांग्रेस का तादात्म्य अधिकाधिक बढ़ता जायगा।"

इस नीति के अनुसार राष्ट्रीय नेता रियासती जनता के आन्दोलनों में सक्रिय भाग लेते थे। फरवरी १९३९ में अखिल भारतीय रियासती प्रजा सम्मेलन का लुधियाना अधिवेशन हुआ। पं. जवाहरलाल नेहरू उसके अध्यक्ष और डॉ० पट्टाभि सीतारमय्या उपाध्यक्ष चुने गये। सम्मेलन ने "जिम्मेदार सरकार" के संघर्ष में रियासती जनता के आन्दोलन की सफलताओं का स्वागत किया और यह ऐलान किया :

"अब समय आ गया है कि इस संघर्ष को भारतीय स्वतंत्रता के उस अधिक व्यापक संघर्ष के साथ मिलाकर चलाया जाय जिसका कि वह एक अविभाज्य अंग है। इस प्रकार का संयुक्त संघर्ष लाजिमी तौर पर कांग्रेस की रहनुमाई में ही चलाया जाना चाहिए।"

युद्ध के बाद अखिल भारतीय रियासती प्रजा सम्मेलन दिसम्बर १९४५ में उदयपुर में हुआ और उसने घोषित किया कि उसका लक्ष्य "एक स्वतंत्र तथा संघ-बद्ध भारत के अविभाज्य अंग के तौर पर रियासतों में शान्तिपूर्ण तथा उचित उपायों से जिम्मेदार हुकूमत क़ायम करना" है। अपने अध्यक्ष-भाषण में पं. नेहरू ने ऐलान किया :

"यह अनिवार्य है कि अधिकतर रियासतें, जो सम्भवतया आर्थिक इकाइयों के रूप में नहीं रह सकतीं, आस-पास के इलाक़ों में मिला दी जायं।... इस तरह की छोटी रियासतों के शासकों को किसी तरह की पेंशन दी जा सकती है और इसके अलावा अगर वे किसी और काम के काबिल हों, तो उन्हें उसके लिए भी प्रोत्साहन दिया जा सकता है।

"दूसरी पन्द्रह-बीस रियासतें संघ की खुद-मुख्तार इकाइयों के रूप में रहेंगी। उनके शासक जनवादी ढंग की शासन प्रणाली में वैधानिक ढंग के प्रधान के रूप में रह सकते हैं। इनमें से कुछ शासक बहुत पुराने राजवंशों के हैं, जिनका इतिहास और परम्परा से घनिष्ठ सम्बन्ध है।"

देशी राजाओं से समझौता करने की नीति के कारण कांग्रेस नेता जनता के आन्दोलन को निरुत्साहित करने लगे। दूसरे महायुद्ध के बाद, अखिल-

कारी उभार के काल में, रियासती जनता का विद्रोही आन्दोलन जबर्दस्त वेग से आगे बढ़ा। इस जमाने में देशी रियासतें भारत की राजनीति में तूफ़ानी तहरीकों के केन्द्र बन गये। रियासतों में सामन्ती निरंकुशता के विरुद्ध अपने-आप संघर्ष आरम्भ हो गये और उनका बहुत ही हिंसापूर्ण ढंग से दमन किया गया। इन संघर्षों का सबसे ऊंचा उभार १९४६ में कश्मीर में देखा गया जहां डोगरा राज वंश के ख़िलाफ़ जनता ने यह साफ़ और दो-टूक नारा बुलन्द किया था — "कश्मीर को छोड़ दो!"

१९४७ की माउंटबेटन योजना में देशी राजाओं को विशेष अधिकार दिये गये थे। कहा गया कि अब अंग्रेज सरकार का रियासतों पर अधिकार समाप्त हो चुका है, इसलिए जब नयी डोमीनियन सरकारों को सत्ता हस्तांतरित की जायगी, तब उनको रियासतों पर नियंत्रण रखने का कोई अधिकार नहीं मिलेगा, बल्कि कानून की दृष्टि से देशी राजा पूर्णतया स्वतंत्र तथा प्रभुसत्ता सम्पन्न बन जायेंगे और उन्हें इस बात की पूरी आज़ादी रहेगी कि वे चाहें जिन शर्तों पर और चाहें जिस डोमीनियन में शामिल हो जायें, या चाहें तो दोनों से अलग रहें। लेकिन यह क़ानूनी आज़ादी अमल में कायम न रह सकी। एक साल के अन्दर सभी रियासतें किसी न किसी डोमीनियन में शामिल हो गयीं। अलग रहा सिर्फ़ एक हैदराबाद। अन्त में वह भी पुलिस कार्रवाई के बाद भारतीय संघ में शामिल हो गया। कश्मीर को लेकर दोनों डोमीनियनों में झगड़ा चलता रहा। छोटी रियासतों में से अधिकतर को मिलाकर ज्यादा बड़ी इकाइयां बना दी गयीं (इसकी योजना युद्ध साम्राज्यवाद पहले से बना गया था); लेकिन भारत के ४० प्रतिशत भाग में फैले हुए और सभी प्रकार की प्राकृतिक एवं जातीय सीमाओं का उल्लंघन कर बिखरे हुए विशेष क्षेत्र के रूप में रियासतें कायम रहीं। बड़ी-बड़ी रियासतें ज्यों की त्यों क़ायम रखी गयीं।

इस प्रकार, वैधानिक सुधारों की आड़ में देशी राजाओं से समझौता करने और उनको रियासतों का प्रमुख बनाकर कायम रखने की नीति को डोमीनियन सरकारों ने एकदम सुस्पष्ट बना दिया। १६ मार्च, १९४८ को रियासती मंत्रालय के सचिव श्री वी. पी. मेनन ने "वैधानिक शासकों के रूप में देशी राजाओं को जीवित रखने" की नीति की व्याख्या करते हुए कहा:

> "यद्यपि जनता का प्रबल बहुमत शासकों का खात्मा चाहता था, फिर भी सरदार पटेल के नेतृत्व में, जो गांधी जी के मतानुसार चल रहे थे, रियासती मंत्रालय शासकों को यह पद देने के लिए तैयार रहा।"

२८ मार्च को श्री मेनन ने एक और बयान अखबारों में प्रकाशित किया। उसमें उन्होंने कहा कि देशी राजाओं को "बेदखल करने" का कोई

इरादा नहीं है। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि अगर कोई राजा निस्सन्तान मर जायगा, तो उसकी गद्दी समाप्त नहीं कर दी जायगी, बल्कि उसके किसी रिश्तेदार को, या उसी रियासत अथवा डोमीनियन के किसी नागरिक को, जिसने ऊंचे दर्जे की सार्वजनिक सेवा की होगी, 'गद्दी पर बैठा दिया जायगा'। इस प्रकार, एक अस्थायी सहूलियत के रूप में ही देशी राजाओं को कायम रखने की बात नहीं थी, बल्कि उनको हमेशा के लिए बरकरार रखने का इरादा था।

इस प्रकार की नीति भारत के जनवादी विकास की आवश्यकताओं के एकदम खिलाफ़ पड़ती है।

भारतीय राष्ट्र की एकता, भारत के प्रगतिशील विकास, तथा भारत में जनतंत्र स्थापित करने के लिए यह नितान्त आवश्यक है कि देशी रियासतों को पूरी तौर पर खतम कर दिया जाय और सामन्ती प्रत्याचार के इन अवशेषों को साफ़ करके प्राकृतिक-भौगोलिक और आर्थिक एवं सांस्कृतिक समूहों के आधार पर भारतीय जनता को एक वास्तविक संघ में एकताबद्ध किया जाय।

२. साम्प्रदायिक भेदभाव

अंग्रेज साम्राज्यवादियों ने जिस तरह देशी राजाओं के जरिए भारतीय जनता में फूट डाल रखी थी, ठीक उसी प्रकार की नीति वे हिन्दुओं और मुसलमानों के बारे में बरतते थे।

हाल के जमाने में, पाकिस्तान का अलग राज्य बन जाने के साथ, साम्प्रदायिक भेदभाव के सवाल ने जो खास राजनीतिक रूप धारण कर लिए हैं, उनसे इस आम सवाल को अलग करके देखना जरूरी है। इन खास तरह के राजनीतिक रूपों से कुछ महत्वपूर्ण राजनीतिक सवाल पैदा होते हैं, जिन पर हम आगे विचार करेंगे; लेकिन उसके पहले साम्प्रदायिक भेदभाव के, खासकर हिन्दू-मुस्लिम विरोध के आम सवाल पर विचार कर लेना आवश्यक है।

पुराने अविभाजित भारत में करीब दो-तिहाई आबादी हिन्दुओं की थी, एक-चौथाई मुसलमानों की, और कुछ छोटे-छोटे धार्मिक सम्प्रदाय थे जो सब मिलकर आबादी का दसवां भाग होते थे। इसने भारत में जो प्रश्न उठाया है, "साम्प्रदायिक" समस्या के नाम से या अलग-अलग धार्मिक "सम्प्रदायों" के आपसी सम्बंधों के प्रश्न के रूप में जो सवाल सामने आता है, उसकी भारत में कुछ अपनी विशेषताएं हैं। लेकिन यह कोई ऐसा सवाल नहीं है जो सिर्फ़ भारत को ही खासियत हो।

कुछ विशेष परिस्थितियों में, भिन्न-भिन्न नस्लों और धर्मों के लोगों के एक ही देश में रहने से बड़ी कठिनाइयां पैदा हो जाती हैं, और कभी-कभी तो इस

और खून-खच्चर तक की नौबत आ जाती है। पुराने जमाने की मिसालें देने की कोई जरूरत नहीं है। बीसवीं सदी में ही इसकी अनेक मिसालें मिल जाती हैं : जैसे उत्तरी आयरलैंड में ऑरेंजमैन और कैथलिकों का झगड़ा; मैंडेट के जमाने में फिलिस्तीन में अरबों और यहूदियों की कलह; जारशाही रूस में स्लाव लोगों और यहूदियों का विवाद; नात्सी जर्मनी में तथाकथित "आर्यों" व यहूदी लोगों का झगड़ा, योरप में यहूदी-विरोधी भावना; दक्षिण अफ्रीका में काले रंग के लोगों पर होनेवाले अत्याचार, अमरीका में हब्शी-विरोध; या ब्रिटिश साम्राज्य में पाया जानेवाला रंग-भेद — ये सब अलग-अलग ढंग के नस्ल या धर्म पर आधारित भेदभाव तथा विरोध की मिसालें हैं।

ऐतिहासिक अनुभव के आधार पर बहुत स्पष्ट रूप में यह बताया जा सकता है कि इस प्रकार की समस्या किन विशेष परिस्थितियों में पैदा होती है।

फिलिस्तीन के अंग्रेजी संरक्षण में आने के पहले वहां सदियों से अरब व यहूदी शान्ति के साथ रहते चले आये थे। लेकिन जब से अंग्रेजी शासन कायम हुआ, तब से वहां भयानक झगड़े शुरू हो गये। बाद में उन्होंने खुले युद्ध का रूप धारण कर लिया। साम्राज्यवादी कभी इस पक्ष की पीठ ठोकते थे, तो कभी दूसरे पक्ष की; और इस तरह वे फूट कायम रखते थे और जनता को साम्राज्यवाद के खिलाफ एक होकर आगे बढ़ने से रोकते थे।

जारशाही रूस में, खासकर जारशाही के पतन के काल में, यहूदियों के बड़े-बड़े कत्लेआम हुए थे, जिन्होंने जारशाही रूस के इतिहास को कलंकित किया था और जिनके बारे में जानकर सारी दुनिया की आत्मा सिहर उठी थी। अक्सर लोग समझते थे कि रूस के लोग जाहिल और जंगली हैं जो कभी-कभी फिजूल की मारकाट पर तुल जाते थे और उनको रोकना नामुमकिन हो जाता था। बाद में जब खुफिया पुलिस के गुप्त कागजात छपे, तब जाकर यह बात अन्तिम रूप से साबित हुई, जो बहुत दिनों से अभियोग के रूप में कही जाती थी और जिसके सबूत में लोग "असली रूस सभा" नामक "देशभक्त" गुंडा-संगठन के साथ सरकार के अनोखे सम्बन्धों की ओर संकेत किया करते थे। खुफिया पुलिस के कागजों के प्रकाशित होने पर यह बात साबित हुई कि इन हत्याकांडों को सीधे-सीधे सरकार से प्रेरणा मिलती थी, और वही उनको आरम्भ करती थी और उन पर नियन्त्रण रखती थी। जिस रोज रूसी जनता ने सत्ता की बागडोर अपने हाथों में सम्भाली, उसी रोज से ये हत्याकांड एकदम बन्द हो गये। सोवियत संघ में बहुत से भिन्न-भिन्न नस्लों और धर्मों के लोग हंसी-खुशी से एकसाथ रहते हैं।

जर्मनी में, वाइमर प्रजातंत्र के दिनों में, जर्मन और यहूदी लोग शान्ति से साथ-साथ रहते थे। जब जर्मनी में नात्सी राज कायम हुआ, तो ये वाकये जार-शाही रूस के बजाय केन्द्रीय यूरोप में होने लगे।

अतएव भिन्न-भिन्न नस्लों और धर्मों के लोग यदि एक ही देश में रहें भी, तो इस तरह की कठिनाइयों का पैदा होना कोई स्वाभाविक अथवा अनिवार्य बात नहीं है। ये कठिनाइयां सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों से पैदा होती हैं। खास तौर पर ये कठिनाइयां वहां पैदा होती हैं जहां कोई प्रतिक्रियावादी शासन व्यवस्था जनता के आन्दोलन के खिलाफ़ अपने को कायम रखने की कोशिश करती है। जब ऐसी कठिनाइयां पैदा होने लगें, तब ऐसा समझना चाहिए कि अब यह शासन व्यवस्था खतम होने को है।

भारत में इसी तरह की समस्या अंग्रेजों के शासन काल में पैदा हुई।

देश के बंटवारे के पहले भारत में (१९४१ की जन-गणना के आकड़ों के अनुसार) २५ करोड़ ४० लाख से अधिक हिन्दू रहते थे, जो कुल आबादी का ६५.९३ प्रतिशत होते थे। उनमें से १९ करोड़ ब्रिटिश भारत में रहते थे, जहां उनका अनुपात आबादी का ६४·५ प्रतिशत होता था, और ६ करोड़ ५० लाख देशी रियासतों में रहते थे, जहां उनका अनुपात रियासतों की कुल आबादी का ७०·५७ प्रतिशत होता था। मुसलमानों की सख्या ९ करोड़ २० लाख थी, जो कुल आबादी की २३·८१ प्रतिशत होती थी। इसमें से ७ करोड़ ९० लाख मुसलमान ब्रिटिश भारत में रहते थे, जहां उनका अनुपात आबादी का २६·८४ प्रतिशत होता था; और १ करोड़ २० लाख मुसलमान देशी रियासतों में रहते थे, जहां उनका अनुपात आबादी का १३·९३ प्रतिशत होता था।

अंग्रेजी राज के पहले भारत में उस तरह के हिन्दू-मुस्लिम झगड़ों का कोई नामोनिशान तक न था, जिस तरह के झगड़े अंग्रेजी राज में, खास तौर से उसके बिलकुल अन्त के दिनों में देखने को मिले। तब अलग-अलग राज्यों के बीच युद्ध हुआ करते थे। कभी-कभी यह हो सकता था कि एक राज्य का शासक हिन्दू हो और दूसरे का मुसलमान, मगर उनका युद्ध कभी हिन्दू-मुस्लिम झगड़े का रूप नहीं धारण करता था। मुसलमान शासक हिन्दुओं को बेखटके ऊंचे से ऊंचे पदों पर नियुक्त करते थे और हिन्दू शासक मुसलमानों को।

अंग्रेजी राज से पहले के भारत की यह परम्परा देशी रियासतों में इस जमाने में भी देखी जा सकती थी। साइमन-रिपोर्ट में कहा गया था कि "वर्तमान देशी रियासतों में साम्प्रदायिक कलह का अपेक्षाकृत अभाव है।" परन्तु सही बात यह है कि जैसे-जैसे देशी रियासतों में जनता का आन्दोलन फैलने और ताक़त पकड़ने लगा, वैसे-वैसे वहां भी जनता में फूट डालने के प्रतिक्रियावादी हथकंडे दिखाई देने लगे।

जैसा कि हम ऊपर देख चुके हैं, हिन्दू-मुस्लिम विरोध का ज़िक्र करते हुए साइमन कमीशन को अपनी रिपोर्ट में दो अजीब बातों का ज़िक्र करना पड़ा था। एक तो यह कि इस तरह का विरोध उन इलाकों की खास विशेषता है

जिन पर सीधे-सीधे अंग्रेज राज करते हैं, और यह कि देशी रियासतों में यह चीज कम पायी जाती है, हालांकि आबादी दोनों जगह एक ही तरह से मिली-जुली है, और देशी रियासतों तथा ब्रिटिश सूबों की सीमाएं केवल शासन की सुविधा का खयाल रखकर बनायी गयी हैं। दूसरी बात यह कि ब्रिटिश भारत के इलाकों में भी यह विरोध हाल के जमाने में ज्यादा बढ़ गया है और "एक पीढ़ी पहले...ब्रिटिश भारत में नागरिक शान्ति के लिए खतरे के रूप में साम्प्रदायिक कलह बहुत ही कम थी।" अतएव, साम्प्रदायिक कलह अंग्रेजी राज की, खास तौर पर उसके अन्तिम काल की, अर्थात साम्राज्यवादी प्रभुत्व के पतन के काल की विशेष देन है।

शुरू के जमाने में अंग्रेज शासक "फूट डालो और राज करो" के सिद्धान्त की ज्यादा खुलेआम घोषणा किया करते थे। १८२१ में ही एक अंग्रेज अफसर ने एशियाटिक रिव्यू के मई १८२१ के अंक में "कर्नाटिकस" नाम से लिखते हुए कहा था कि "राजनीतिक, नागरिक अथवा सैनिक, हर क्षेत्र में हमारे भारतीय शासन प्रबंध का मूल नियम होना चाहिए : फूट डालो और राज करो!" गांधी जी ने बताया है कि किस प्रकार कांग्रेस के संस्थापक ह्यूम साहब ने उनके सामने साफ-साफ यह बात स्वीकार की थी कि अंग्रेजी हुकूमत "फूट डालो और राज करो की नीति पर टिकी हुई है।"

१९१० में जे० रेमजे मैकडोनल्ड ने मुस्लिम लीग की स्थापना के विषय में यह लिखा था :

> "अखिल भारतीय मुस्लिम लीग ३० दिसम्बर, १९०६ को बनी। मुस्लिम लीग को अपनी कोशिशों में इतनी ज्यादा राजनीतिक सफलताएं मिली हैं...कि लोगों को शक होने लगा है कि उनके पीछे किन्हीं खतरनाक ताकतों का हाथ है। सन्देह किया जाता है कि मुस्लिम नेताओं को कुछ अंग्रेज अफसरों से प्रेरणा मिली थी; शिमला और लन्दन में बैठे ये लोग ही डोरियां खींच-खींचकर कठपुतलियां नचाया करते थे और मुसलमानों के साथ विशेष पक्षपात करके हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच जान-बूझकर झगड़ा बढ़ाया करते थे।"

बाद को जो सबूत मिले, उनसे यह "शक" एकदम पक्का हो गया है।

१९२६ में लार्ड ओलिवियर ने कुछ समय तक भारत मंत्री रह चुकने के बाद और सारे गुप्त कागज-पत्तर देखने के बाद टाइम्स के नाम अपने एक पत्र में लिखा था :

> "जिस किसी को भारत के मामलों की कुछ भी जानकारी है, वह इस बात से इनकार करने को तैयार नहीं होगा कि [illegible] मुसलमान पक्ष

तौर पर मुसलमानों का पक्ष लेते हैं। कुछ हद तक स्वार्थ के कारण ये ऐसा करते हैं, मगर ज्यादातर उनका उद्देश्य हिन्दू राष्ट्रवाद के खिलाफ मुसलमानों को इस्तेमाल करना होता है।'

हाल के ज़माने में यही बुनियादी दृष्टिकोण और खुलकर व्यक्त हुआ है। १९४१ में टाइम्स अखबार ने लिखा था :

> "हिन्दू-मुस्लिम समझौते के बुनियादी महत्व पर ज़ोर देने का मतलब यह नहीं है कि अंग्रेज 'फूट डालो और राज करो' की नीति पर चल रहे हैं। फूट है और जब तक वह रहेगी, तब तक अंग्रेजी राज का रहना भी निश्चित है।"

अतएव, सरकारी नीति क्या है, इसे बहुत ही जिम्मेदार सरकारी मुखियों के अधिकृत बयानों से साबित किया जा सकता है।

लेकिन, इस मान नीति ने शासन व्यवस्था का रूप आधुनिक काल में ही धारण किया है। राष्ट्रीय आन्दोलन के बढ़ने और एक के बाद दूसरे वैधानिक सुधारों के आने के साथ-साथ साम्प्रदायिक फूट को बढ़ाने की कोशिशें भी बढ़ती गयी हैं। इसके लिए एक ऐसी खास तरह की चुनाव प्रणाली का उपयोग किया गया है, जिसे इन वैधानिक सुधारों के साथ जोड़ दिया गया था। यह नया क़दम सबसे पहले १९०६ में उठाया गया था। राष्ट्रीय आन्दोलन की पहली बड़ी लहर भी ठीक उसी समय देश में उठी थी।

इस विरोध की पृष्ठभूमि को समझने के लिए उन सामाजिक-आर्थिक होड़ के बीजों को देखना आवश्यक है जिनका असर हिन्दू और मुसलमान जनता पर तो नहीं, पर उठते हुए मध्य-वर्ग पर जरूर पड़ता है। बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में, अर्थात ऐसे इलाक़ों में जहां हिन्दुओं का बहुमत है, उत्तर के मुस्लिम इलाक़ों के मुक़ाबले में व्यापार, व्यवसाय तथा शिक्षा का चलन बहुत पहले आरम्भ हो गया था। १८८२ में हंटर कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि विश्वविद्यालय की शिक्षा के मामले में मुसलमानों का अनुपात केवल १·६२ प्रतिशत था। आज भी मुसलमानों के मुकाबले हिन्दुओं में साक्षर लोगों की संख्या कहीं ज्यादा है। इसलिए, भारतीय पूंजीपति वर्ग का उदय होने के साथ-साथ ऐसे भेदभावों के लिए परिस्थितियां तैयार हो गयी जो बहुत आसानी से साम्प्रदायिक रूप धारण कर सकती थीं। मुसलमानों के ऊपरी वर्ग का मुख्य आधार बड़े ज़मींदारों में था। उनको व्यापारिक एवं औद्योगिक पूंजीपति वर्ग की उन्नति देखकर बहुत बुरा लगता था, क्योंकि उसे वे हिन्दुओं की ही उन्नति समझते थे। नये मध्य-वर्ग में भी अलग-अलग धार्मिक गुटों के बीच साम्प्रदायिक विरोध का आधार मौजूद था। इसमें मुसलमान लोग ज्यादा पिछड़े

"मैं आपके इस मुस्लिम झगड़े में फिर नहीं पड़ूंगा। बहुत आदर के साथ मैं सिर्फ एक बार और आपको यह याद दिलाना चाहता हूं कि मु. (मुसलमान) खरगोश को आपने ही एक भाषण में उसके विशेषाधिकारों की बात करके दौड़ने के लिए उत्साहित किया है।"

इस तरह, साम्प्रदायिक चुनाव क्षेत्रों और साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व की पूरी ऐसी प्रणाली का श्रीगणेश हो गया, जिसने हर तरह की जनवादी चुनाव प्रणाली पर कुठाराघात किया। साम्प्रदायिक संगठनों तथा साम्प्रदायिक विरोध को बढ़ावा देने के लिए इससे भी अच्छा कोई साधन हो सकता है, यह कल्पना करना कठिन है। और सचमुच मुस्लिम लीग का अलग संगठन दिसम्बर १९०६ से ही क़ायम हो गया।

हिन्दुओं और मुसलमानों में मतभेद पैदा करने के पीछे क्या उद्देश्य था, यह सबसे अधिक स्पष्टता के साथ केवल अलग चुनाव क्षेत्रों और अलग प्रतिनिधित्व की स्थापना से ही नहीं, बल्कि इस बात से भी प्रकट हुआ कि मुसलमानों को खास तौर से ज्यादा प्रतिनिधित्व दिया गया। उनका पलड़ा भारी करने के लिए एक भारी भरकम व्यवस्था बना दी गयी। मोर्ले-मिंटो सुधारों के मातहत वोट देने का अधिकार पाने के लिए मुसलमानों के वास्ते जरूरी था कि वह कम से कम ३ हजार रुपये की आमदनी पर आय-कर देता हो, जब कि गैर-मुसलमानों के लिए कम से कम ३ लाख की आमदनी पर आय-कर देना जरूरी था। इन्हीं सुधारों के मातहत मुसलमानों को ३ साल पुराना ग्रेजुएट होने पर वोट का हक मिल जाता था, जब कि गैर-मुसलमानों के लिए ३० साल पुराना ग्रेजुएट होना जरूरी था। कुल सीटों में भी मुसलमानों को इसी तरह की रियायतें दी गयी थीं। इस तरह सरकार उस अल्पमत का समर्थन प्राप्त करने की आशा करती थी, जिसे उसने विशेष अधिकार दिये थे, और साथ ही यह सोचती थी कि इनसे बहुमतवाले लोग सरकार के बदले इस अल्पमत पर अपना गुस्सा उतारेंगे।

बाद को जो और वैधानिक योजनाएं बनीं, उनमें यह व्यवस्था और व्यापक बनायी गयी। चरम सीमा १९३५ में पहुंची। १९३५ के कानून में न सिर्फ मुसलमानों के लिए, बल्कि सिखों, एंग्लो-इंडियन लोगों, भारतीय ईसाइयों, दलित वर्गों तथा योरोपियनों, जमींदारों और उद्योगपतियों आदि के लिए भी अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों की व्यवस्था कर दी गयी। संघीय धारासभा में कुल २५० सीटें रखी गयी थीं। उनमें से ८२ यानी एक-तिहाई मुसलमानों के लिए सुरक्षित थीं, हालांकि मुसलमानों की आबादी देश की कुल आबादी की चौथाई से भी कम थी। दूसरी ओर आबादी के अधिकतर भाग के लिए केवल १०५,

हुए थे। सरकारी नौकरियों के लिए जो प्रतियोगिता होती थी, उसमें प्रतियोगियों की शिक्षा देखी जाती थी। मुसलमान इस मामले में पीछे रह जाते थे। फिर जब चुनाव की प्रणाली प्रारम्भ हुई और प्रतिनिधि संस्थाओं का विकास होने लगा, तो मुसलमानों को फिर कठिनाई महसूस होने लगी क्योंकि मताधिकार केवल शिक्षा या सम्पत्ति के आधार पर ही मिलता था; और इन दोनों चीजों में मुसलमान हिन्दुओं की बराबरी नहीं कर पाते थे। इसलिए, उनके बीच अलग निर्वाचन की माग को बल मिला। और इस सबसे यह जमीन तैयार हो गयी जिसमें फूट के बीज बोना और अन्तर्निहित विरोधों को उकसाकर उनके सहारे एक पूरी राजनीति रच डालना, सरकार के लिए आसान हो गया।

१८९० में ही सर सैयद अहमद खा के नेतृत्व में मुसलमानों के एक दल ने मुसलमानों के लिए विशेष अधिकारों और पदों की मांग की थी। इस दल का सरकार के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध था। लेकिन जिम्मेदार मुस्लिम लोकमत ने उस मांग का विरोध किया। मुस्लिम हेरल्ड नामक पत्र ने उसकी निन्दा करते हुए कहा कि यह माग "गावों और जिलों के सामाजिक जीवन में जहर फैला देगी और भारत को नरक बना देगी।" मामला वहीं दब गया और उस वक्त उसके बारे में कुछ और सुनने को नहीं मिला।

लेकिन १९०६ में जब अंग्रेजी सरकार को भारत के पहले व्यापक राष्ट्रीय जन-आन्दोलन का सामना करना पड़ रहा था, तब उसने एक ऐसी नीति का श्रीगणेश किया जिससे सचमुच ही "गावों और जिलों में जहर फैल जानेवाला था और भारत नरक बन जानेवाला था।" एक मुस्लिम शिष्ट-मंडल वायसराय से मिला। उसने माग की कि भारत में चुनाव की जो भी प्रणाली जारी की जाय, उसमें मुसलमानों के लिए अलग और ज्यादा सीटों का बन्दोबस्त रहे। वायसराय लार्ड मिंटो ने तुरन्त यह ऐलान कर दिया कि उन्होंने शिष्ट-मंडल की इस माग को मान लिया है :

> "आपकी यह माग बिलकुल सही है कि आप लोगों का महत्व आपकी संख्या से न आंका जाय, बल्कि आपके सम्प्रदाय के राजनीतिक महत्व को देखा जाय; और उसने साम्राज्य की जो सेवाएं की हैं, उनका ख्याल रखा जाय। मैं आपसे पूरी तौर पर सहमत हूं।"

बाद को मुस्लिम नेता मो. मुहम्मद अली ने कांग्रेस के १९२३ के अधिवेशन के अध्यक्ष-पद से भाषण करते हुए कहा कि यह मुस्लिम शिष्ट-मंडल खुद सरकार के इशारे पर वायसराय से मिलने गया था। यह पूरी योजना सरकारी अफसरों के दिमागों में निकली थी, इसका कुछ संकेत लार्ड मोर्ले ने १९०६ के अन्त में लार्ड मिंटो के नाम एक पत्र में दिया था। उन्होंने लिखा था :

"मैं आपके इस मुस्लिम झगडे में फिर नही पड़ूगा। बहुत आदर के साथ मैं सिर्फ़ एक बार और आपको यह याद दिलाना चाहता हू कि मु. (मुसलमान) खरगोश को आपने ही एक भाषण में उसके विशेषाधिकारों की बात करके दौड़ने के लिए उत्साहित किया है।"

इस तरह, साम्प्रदायिक चुनाव क्षेत्रो और साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व की पूरी ऐसी प्रणाली का श्रीगणेश हो गया, जिसने हर तरह की जनवादी चुनाव प्रणाली पर कुठाराघात किया। साम्प्रदायिक सगठनो तथा साम्प्रदायिक विरोध को बढ़ावा देने के लिए इससे भी अच्छा कोई साधन हो सकता है, यह कल्पना करना कठिन है। और सचमुच मुस्लिम लीग का अलग संगठन दिसम्बर १९०६ से ही क़ायम हो गया।

हिन्दुओं और मुसलमानो में मतभेद पैदा करने के पीछे क्या उद्देश्य था, यह सबसे अधिक स्पष्टता के साथ केवल अलग चुनाव क्षेत्रों और अलग प्रतिनिधित्व की स्थापना से ही नहीं, बल्कि इस बात से भी प्रकट हुआ कि मुसलमानों को खास तौर से ज्यादा प्रतिनिधित्व दिया गया। उनका पलडा भारी करने के लिए एक भारी भरकम व्यवस्था बना दी गयी। मोर्ले-मिंटो सुधारों के मातहत वोट देने का अधिकार पाने के लिए मुसलमानो के वास्ते जरूरी था कि वह कम से कम ३ हज़ार रुपये की आमदनी पर आय-कर देता हो, जब कि ग़ैर-मुसलमानो के लिए कम से कम ३ लाख की आमदनी पर आय-कर देना जरूरी था। इन्ही सुधारों के मातहत मुसलमानो को ३ साल पुराना ग्रेजुएट होने पर वोट का हक मिल जाता था, जब कि ग़ैर-मुसलमानो के लिए ३० साल पुराना ग्रेजुएट होना जरूरी था। कुल सीटों में भी मुसलमानों को इसी तरह की रियायतें दी गयी थी। इस तरह सरकार उस अल्पमत का समर्थन प्राप्त करने की आशा करती थी, जिसे उसने विशेष अधिकार दिये थे, और साथ ही यह सोचती थी कि इससे बहुमतवाले लोग सरकार के बदले इस अल्पमत पर अपना गुस्सा उतारेंगे।

बाद को जो और वैधानिक योजनाएं बनीं, उनमें यह व्यवस्था और व्यापक बनायी गयी। चरम सीमा १९३५ में पहुंची। १९३५ के कानून में न सिर्फ़ मुसलमानों के लिए, बल्कि सिखों, एंग्लो-इंडियन लोगों, भारतीय ईसाइयों, दलित वर्गों तथा योरोपियनों, जमींदारों और उद्योगपतियों, आदि के लिए भी अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों की व्यवस्था कर दी गयी। संघीय धारासभा में कुल २५० सीटें रखी गयी थीं। उनमें से ८२ यानी एक-तिहाई मुसलमानों के लिए सुरक्षित थी, हालांकि मुसलमानों की आबादी देश की कुल आबादी की चौथाई से भी कम थी। दूसरी ओर आबादी के अधिकतर भाग के लिए केवल १०५,

यानी ४० प्रतिशत "ग्राम सीटें" रखी गयी थीं और इनमें से भी १९ सीट अछूतों के लिए सुरक्षित थीं।

चुनाव के मामले में जो नीति बरती जा रही थी, उसीके अनुरूप नीति पूरे शासन प्रबंध में बरती जा रही थी। इस चुनाव नीति का परिणाम यह हुआ कि साम्प्रदायिक विरोध हद से ज्यादा बढ़ गया।

साम्प्रदायिक विरोधों को इसलिए बढ़ाया जाता था ताकि शोषण की व्यवस्था और साम्राज्यवादी शासन की रक्षा की जा सके। लेकिन उनके पीछे कुछ सामाजिक और आर्थिक प्रश्न भी थे। जब मध्य-वर्गी सम्प्रदायवादी सरकारी पद या नौकरी के लिए होड़ करता है, तब यह बात साफ तौर पर देखी जा सकती है। लेकिन जहां साम्प्रदायिक कठिनाइयां जनता तक पहुंच गयी हैं, वहां भी यह बात इतनी ही साफ दिखाई देती है। बंगाल और पंजाब के हिन्दुओं में ज्यादा धनी जमींदार, व्यापारी और महाजन भी शामिल हैं, जब कि मुसलमान प्रायः गरीब किसान और महाजनों के कर्जदार होते हैं। दूसरे इलाकों में हिन्दू किसानों के बीच बड़े जमींदारों के रूप में मुसलमान पाये जाते हैं। यह बात बार-बार देखने में आयी है कि जिसे "साम्प्रदायिक" झगड़ा या "साम्प्रदायिक" विद्रोह कहा गया है, उसके पीछे हिन्दू जमींदारों के खिलाफ़ मुसलमान किसानों का कोई संघर्ष, या हिन्दू महाजनों के खिलाफ़ मुसलमान कर्जदारों की कोई लड़ाई, अथवा हड़ताल तोड़ने के लिए बाहर से लाये गये पठानों के खिलाफ़ हिन्दू मजदूरों का कोई संघर्ष छिपा रहता है। यह बात भी मतलब से खाली नहीं है कि जब कभी किसी औद्योगिक केन्द्र में मजदूर आगे बढ़ते हैं, तो कुछ गुमनाम लोग तुरन्त साम्प्रदायिक दंगे करा देते हैं और फिर पुलिस मजदूरों को गोलियों से भूनती हुई मैदान में आ उतरती है। बम्बई में १९२९ की महान हड़ताल के बाद यही हुआ। कानपुर में १९३८ की विजयी हड़ताल के बाद १९३९ में यही हथकंडा चलाया गया। प्रतिक्रियावादियों की चाल और उनका सामाजिक-आर्थिक उद्देश्य स्पष्ट था। उनका उद्देश्य था मजदूरों की एकता को छिन्न-भिन्न कर देना।

भारत की हिन्दू और मुसलमान जनता के दो अलग-अलग राष्ट्र नहीं हैं और न हो सकते हैं। मुसलमानों की गरीबी और गुलामी तथा हिन्दुओं की गरीबी और गुलामी अलग-अलग चीजें नहीं हैं। गरीबी और गुलामी भारत के सभी लोगों के लिए एक सी है। भारत के लाखों गांवों में, मुल्क के काश्तकार हिन्दू और काश्तकार मुसलमान एक समान ही जमींदारी प्रथा के बोझ के नीचे कराह रहे हैं, एक से महाजनों द्वारा लूटे जा रहे हैं, एक से साम्राज्यवाद के नीचे पिस रहे हैं; और इन दोनों के बीच फूट डालने की कोशिश, असल में शोषण की इस व्यवस्था को कायम रखने की कोशिश है।

साम्प्रदायिक समस्या का अन्तिम हल सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति के पथ पर आगे बढ़कर ही हो सकता है। मजदूर यूनियनों और किसान सभाओं में हिन्दू और मुसलमान अपने सारे भेदभाव भूलकर शामिल होते हैं (और वहां वे कभी अलग चुनाव क्षेत्रों की जरूरत महसूस नहीं करते)। वर्गीय एकता और एक जैसी सामाजिक तथा आर्थिक आवश्यकताएं जाति और सम्प्रदाय की बनावटी सीमाओं को तोड डालती हैं। इसी से यह स्पष्ट है कि साम्प्रदायिक समस्या को हल करने का अन्तिम और ठोस मार्ग क्या है। जनता के हितों के आधार पर जब जन-आन्दोलन आगे बढ़ेगा और साधारण जनवादी आन्दोलन की प्रगति होगी, तभी साम्प्रदायिक विरोध भी अन्तिम और पूर्ण रूप से समाप्त किये जा सकेंगे।

लेकिन, इसके साथ-साथ समस्या का पूर्णतया जनवादी हल निकालने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों अथवा जातियों के स्वायत्त शासन या आत्म-निर्णय के अधिकार के दावों के नये उठते हुए सवालों पर विचार करना भी आवश्यक है। हाल के जमाने में ये सवाल अस्थायी तौर पर हिन्दू-मुस्लिम सवाल के साथ उलझ गये थे। मुस्लिम लीग का बढ़कर एक जन-संगठन बन जाना और पाकिस्तान के अलग राज्य की मांग करना, और अन्त में माउटबैटन योजना के द्वारा भारत का बंटवारा हो जाना और पाकिस्तान के डोमीनियन का बन जाना—इन तमाम बातों के पीछे भी इन्हीं सवालों की झलक मिलती है।

३. बहु-जातीयता और पाकिस्तान

बहु-जातीयता और पाकिस्तान के सबसे ताजा सवालों पर आने से पहले संक्षेप में मुस्लिम लीग के विकास तथा कांग्रेस-लीग सम्बन्धों के इतिहास पर एक नजर डाल लेना जरूरी है।

मुस्लिम लीग की स्थापना दिसम्बर १९०६ में हुई थी। कांग्रेस की ही तरह मुस्लिम लीग की स्थापना में भी अंग्रेजों की नीति का काफी बड़ा हाथ था। उस समय एक अंग्रेज अफसर ने वायसराय लार्ड मिंटो को लिखा था :

> "हुजूर लाट साहब की खिदमत में यह रिपोर्ट करना जरूरी है कि आज एक बहुत ही बड़ी घटना हो गयी। राजनीतिक दूरदर्शिता का एक ऐसा काम हुआ जो भारत और उसके इतिहास पर बरसों तक असर डालता रहेगा। यह काम इसके सिवा और कुछ नहीं है कि ६ करोड़ २० लाख लोगों (मुसलमानों) को राजद्रोही और विरोधी दल (कांग्रेस) में मिल जाने से रोक दिया गया है।"

लेडी मिंटो ने (अपनी पुस्तक भारत, मिंटो और मोर्ले में) लिखा है कि लन्दन की सरकार का भी यही विचार था।

अपने शुरू के वर्षों में मुस्लिम लीग एक ऐसी संकुचित सम्प्रदायवादी संस्था थी, जो मुख्यतया ऊपरी वर्ग के मुसलमान जमींदारों को आकर्षित करती थी। लेकिन, जैसा कि कांग्रेस में हुआ, उसी तरह मुस्लिम लीग में भी कुछ दिनों के बाद साम्राज्य-विरोधी राष्ट्रीय भावना अपना प्रभाव दिखाने लगी। १६१३ के आते-आते मुस्लिम लीग ने भारत के लिए "साम्राज्य के अन्दर स्वराज्य" प्राप्त करना और इस उद्देश्य के लिए "दूसरे सम्प्रदायों के साथ सहयोग करना" अपना लक्ष्य घोषित कर दिया। मुस्लिम लीग और कांग्रेस के बीच समझौते की बातचीत शुरू हो गयी और १६१६ में कांग्रेस-लीग एकता का लखनऊ-पैक्ट भी हो गया। इस समझौते में अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों की व्यवस्था को मानने के साथ-साथ यह ऐलान भी किया गया था कि दोनों संस्थाओं का समान उद्देश्य डोमीनियन स्टेटस है, जिसे प्राप्त करने के लिए दोनों कोशिश करेंगी। लखनऊ में कांग्रेस और लीग का एक संयुक्त अधिवेशन हुआ। कांग्रेस के अधिवेशन में लोकमान्य तिलक ने कहा :

> "सज्जनो, कुछ लोगों का कहना है कि हम हिन्दू अपने मुसलमान भाइयों के सामने जरूरत से ज्यादा झुक गये हैं। मेरा विश्वास है कि मैं देश के तमाम हिन्दुओं की तरफ से यह कह सकता हूँ कि हमारा जरूरत से ज्यादा झुक जाना समझदारी था।...जब हमें एक तीसरे पक्ष से लड़ना है तो यह एक बहुत बड़ी बात है, यह एक बड़ी महत्वपूर्ण घटना है कि आज हम इस मंच पर एक साथ खड़े हुए हैं। आज इस मंच पर नस्ल की एकता है, धर्म की एकता है और विभिन्न राजनीतिक विचारों की एकता है।'

इसी प्रकार लीग के नेता मि. जिन्ना ने, जिन्होंने उस समय कांग्रेस-लीग एकता के लिए बड़ी कोशिश की थी, लीग के अधिवेशन में अध्यक्षपद से कहा :

> "मैं जिन्दगी भर पक्का कांग्रेसी रहा हूँ और साम्प्रदायिक नारों से मुझे कभी प्रेम नहीं रहा है। लेकिन मुझे लगता है कि मुसलमानों पर कभी-कभी अलगाव की जो तोहमत लगायी जाती है, वह बिलकुल बेबुनियाद और गलत है, खास तौर पर जब मैं देखता हूँ कि यह महान साम्प्रदायिक संस्था संयुक्त भारत के जन्म के लिए तेजी से एक बड़ी ताकत बनती जा रही है।"

प्रथम महायुद्ध के बाद जो क्रान्तिकारी उभार आया, उसमें हिन्दू-मुस्लिम एकता और मजबूत हुई। गांधी जी के नेतृत्व में खिलाफत और असहयोग आन्दोलनों की

रहनुमाई में खिलाफ़त कमिटी के बीच सयुक्त मोर्चा स्थापित हो गया। खिलाफत कमिटी लड़ाकू मुस्लिम नेताओं का संगठन थी। दोनों सस्थाओं ने मिलकर स्वराज्य प्राप्त करने के लिए सरकार के खिलाफ़ संघर्ष का मोर्चा तैयार किया। सड़कों पर हिन्दू-मुस्लिम एकता के स्वागत में उत्साहपूर्ण जन-प्रदर्शन होने लगे। १९१९ की सरकारी रिपोर्ट को मजबूर होकर यह कहना पड़ा कि "हिन्दुओं और मुसलमानो के बीच अभूतपूर्व भाईचारा क़ायम हो गया है...मेल-मिलाप के असाधारण दृश्य दिखाई देने लगे हैं।"

राष्ट्रीय संघर्ष के इस महान युग में कांग्रेस के साथ-साथ मुस्लिम नेताओं तथा मुस्लिम जनता ने भी अपने लड़ाकूपन का परिचय दिया। मौलाना हुसेन अहमद मदनी और अली-बंधुओं ने फ़ौजियों में राजद्रोह का प्रचार किया और इसके लिए उन्हे छ. बरस कैद की सज़ा सुना दी गयी। मलाबार के मोपला किसान अपने-आप ही जमींदारों तथा साम्राज्यवादियो के अत्याचार के खिलाफ़ उठ खड़े हुए। उन्होने निडर होकर लडाई लडी और आश्चर्यजनक वीरता तथा सघर्ष की क्षमता और त्याग का परिचय दिया।

यह मांग सबसे पहले खिलाफ़ती नेताओ ने उठायी थी कि स्वराज्य का मतलब पूर्ण स्वतंत्रता समझा जाय। मौ. हसरत मोहानी ने १९२१ में कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन में यह माग की थी। और यह बात उल्लेखनीय है कि उसका विरोध गाधी जी ने किया था और यह कहा था कि "इस माग से मुझे सदमा हुआ है, क्योंकि उससे ग़ैर-जिम्मेदारी की भावना प्रकट होती है।"

इसी प्रकार, १९१९ में मुस्लिम लीग ने अपने अमृतसर अधिवेशन में यह प्रस्ताव पास किया था कि भारत के मुसलमानों को फौज में भर्ती नहीं होना चाहिए।

जून १९२२ में लखनऊ में खिलाफत कमिटी और जमीयतुल-उलेमा का एक मिला-जुला अधिवेशन हुआ। उसने यह प्रस्ताव पास किया कि भारत तथा मुसलमानों के सर्वोत्तम हितों का तकाजा यह है कि कांग्रेस के लक्ष्य में "स्वराज्य" शब्द के स्थान पर "पूर्ण स्वतंत्रता" शब्द रख दिये जाय।

दुर्भाग्य से, उन दिनो कांग्रेस के नेताओं ने इस प्रस्ताव का विरोध किया। उनका कहना था कि यह तो "कांग्रेस के विधान में एक मौलिक परिवर्तन" कर देगा।

लेकिन कांग्रेस और खिलाफ़त के आन्दोलन में जो एकता क़ायम हुई थी, वह क़ायम नहीं रही। गाधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस ने आन्दोलन को एकाएक बीच में ही रोक दिया और उनमें आपस में फूट पड़ गयी। जब गाधी जी ने फरवरी १९२२ में असहयोग आन्दोलन बन्द किया, तो खिलाफ़त कमिटी के सभी नेताओं ने इस तरह से सघर्ष रोक देने का विरोध किया था।

लेडी मिंटो ने (अपनी पुस्तक भारत, मिंटो और मोर्ले में) लिखा है कि लन्दन की सरकार का भी यही विचार था।

अपने शुरू के वर्षों में मुस्लिम लीग एक ऐसी संकुचित सम्प्रदायवादी संस्था थी, जो मुख्यतया ऊपरी वर्ग के मुसलमान जमींदारों को आकर्षित करती थी। लेकिन, जैसा कि कांग्रेस में हुआ, उसी तरह मुस्लिम लीग में भी कुछ दिनों के बाद साम्राज्य-विरोधी राष्ट्रीय भावना अपना प्रभाव दिखाने लगी। १९१३ के आते-आते मुस्लिम लीग ने भारत के लिए "साम्राज्य के अन्दर स्वराज्य" प्राप्त करना और इस उद्देश्य के लिए "दूसरे सम्प्रदायों के साथ सहयोग करना" अपना लक्ष्य घोषित कर दिया। मुस्लिम लीग और कांग्रेस के बीच समझौते की बातचीत शुरू हो गयी और १९१६ में कांग्रेस-लीग एकता का लखनऊ-पैक्ट भी हो गया। इस समझौते में अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों की व्यवस्था को मानने के साथ-साथ यह ऐलान भी किया गया था कि दोनों संस्थाओं का समान उद्देश्य डोमीनियन स्टेटस है, जिसे प्राप्त करने के लिए दोनों कोशिश करेंगी। लखनऊ में कांग्रेस और लीग का एक संयुक्त अधिवेशन हुआ। कांग्रेस के अधिवेशन में लोकमान्य तिलक ने कहा :

> "सज्जनो, कुछ लोगों का कहना है कि हम हिन्दू अपने मुसलमान भाइयों के सामने जरूरत से ज्यादा झुक गये हैं। मेरा विश्वास है कि मैं देश के तमाम हिन्दुओं की तरफ से यह कह सकता हूं कि हमारा जरूरत से ज्यादा झुक जाना असम्भव था।...जब हमें एक तीसरे पक्ष से लड़ना है तो यह एक बहुत बड़ी बात है, यह एक बड़ी महत्वपूर्ण घटना है कि आज हम इस मंच पर एक साथ खड़े हुए हैं। आज इस मंच पर नस्ल की एकता है, धर्म की एकता है और विभिन्न राजनीतिक विचारों की एकता है।'

इसी प्रकार लीग के नेता मि. जिन्ना ने, जिन्होंने उस समय कांग्रेस-लीग एकता के लिए बड़ी कोशिश की थी, लीग के अधिवेशन में अध्यक्षपद से कहा :

> "मैं जिन्दगी भर पक्का कांग्रेसी रहा हूं और साम्प्रदायिक नारों से मुझे कभी प्रेम नहीं रहा है। लेकिन मुझे लगता है कि मुसलमानों पर कभी-कभी अलगाव की जो तोहमत लगायी जाती है, वह बिलकुल बेबुनियाद और गलत है, आम तौर पर अब मैं देखता हूं कि यह महान साम्प्रदायिक संस्था संयुक्त भारत के जन्म के लिए तेजी के साथ एक बड़ी ताकत बनती जा रही है।"

पहले महायुद्ध के बाद जो जबर्दस्त उभार आया, उसमें हिन्दू-मुस्लिम एकता और मजबूत हुई। गांधी जी के नेतृत्व में खिलाफत और असहयोग आन्दोलनों को

रहनुमाई में खिलाफ़त कमिटी के बीच संयुक्त मोर्चा स्थापित हो गया। खिलाफ़त कमिटी लड़ाकू मुस्लिम नेताओं का सगठन थी। दोनों संस्थाओं ने मिलकर स्वराज्य प्राप्त करने के लिए सरकार के खिलाफ़ संघर्ष का मोर्चा तैयार किया। सड़कों पर हिन्दू-मुस्लिम एकता के स्वागत में उत्साहपूर्ण जन-प्रदर्शन होने लगे। १९१९ की सरकारी रिपोर्ट को मजबूर होकर यह कहना पड़ा कि "हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच अभूतपूर्व भाईचारा क़ायम हो गया है...मेल-मिलाप के असाधारण दृश्य दिखाई देने लगे हैं।"

राष्ट्रीय संघर्ष के इस महान युग में कांग्रेस के साथ-साथ मुस्लिम नेताओं तथा मुस्लिम जनता ने भी अपने लड़ाकूपन का परिचय दिया। मौलाना हुसैन अहमद मदनी और अली-बंधुओं ने फ़ौजियों में राजद्रोह का प्रचार किया और इसके लिए उन्हें छः बरस कैद की सज़ा सुना दी गयी। मलाबार के मोपला किसान अपने-आप ही ज़मींदारों तथा साम्राज्यवादियों के अत्याचार के खिलाफ़ उठ खड़े हुए। उन्होंने निडर होकर लड़ाई लड़ी और आश्चर्यजनक वीरता तथा संघर्ष की क्षमता और त्याग का परिचय दिया।

यह मांग सबसे पहले खिलाफ़ती नेताओं ने उठायी थी कि स्वराज्य का मतलब पूर्ण स्वतंत्रता समझा जाय। मौ. हसरत मोहानी ने १९२१ में कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन में यह माग की थी। और यह बात उल्लेखनीय है कि उसका विरोध गांधी जी ने किया था और यह कहा था कि "इस माग से मुझे सदमा हुआ है, क्योंकि उससे ग़ैर-जिम्मेदारी की भावना प्रकट होती है।"

इसी प्रकार, १९१९ में मुस्लिम लीग ने अपने अमृतसर अधिवेशन में यह प्रस्ताव पास किया था कि भारत के मुसलमानों को फ़ौज में भर्ती नहीं होना चाहिए।

जून १९२२ में लखनऊ में खिलाफ़त कमिटी और जमीयतुल-उलेमा का एक मिला-जुला अधिवेशन हुआ। उसने यह प्रस्ताव पास किया कि भारत तथा मुसलमानों के सर्वोत्तम हितों का तकाजा यह है कि कांग्रेस के ध्येय में "स्वराज्य" शब्द के स्थान पर "पूर्ण स्वतन्त्रता" शब्द रख दिये जाय।

दुर्भाग्य से, उन दिनों कांग्रेस के नेताओं ने इस प्रस्ताव का विरोध किया। उनका कहना था कि यह तो "कांग्रेस के विधान में एक मौलिक परिवर्तन" कर देगा।

लेकिन कांग्रेस और खिलाफ़त के आन्दोलन में जो एकता क़ायम हुई थी, वह क़ायम नहीं रही। गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस ने आन्दोलन को एकाएक बीच में ही रोक दिया और उससे आपस में फूट पड़ गयी। जब गांधी जी ने फ़रवरी १९२२ में असहयोग आन्दोलन बन्द किया, तो खिलाफ़त कमिटी के सभी नेताओं ने इस तरह से संघर्ष रोक देने का विरोध किया था।

लेडी मिंटो ने (अपनी पुस्तक भारत, मिंटो और मोर्ले में) लिखा है कि लन्दन की सरकार का भी यही विचार था।

अपने शुरू के वर्षों में मुस्लिम लीग एक ऐसी संकुचित सम्प्रदायवादी संस्था थी, जो मुख्यतया ऊपरी वर्ग के मुसलमान जमींदारों को आकर्षित करती थी। लेकिन, जैसा कि कांग्रेस में हुआ, उसी तरह मुस्लिम लीग में भी कुछ दिनों के बाद साम्राज्य-विरोधी राष्ट्रीय भावना अपना प्रभाव दिखाने लगी। १९१३ के आते-आते मुस्लिम लीग ने भारत के लिए "साम्राज्य के अन्दर स्वराज्य" प्राप्त करना और इस उद्देश्य के लिए "दूसरे सम्प्रदायों के साथ सहयोग करना" अपना लक्ष्य घोषित कर दिया। मुस्लिम लीग और कांग्रेस के बीच समझौते की बातचीत शुरू हो गयी और १९१६ में कांग्रेस-लीग एकता का लखनऊ-पैक्ट भी हो गया। इस समझौते में अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों की व्यवस्था को मानने के साथ-साथ यह ऐलान भी किया गया था कि दोनों संस्थाओं का समान उद्देश्य डोमीनियन स्टेटस है, जिसे प्राप्त करने के लिए दोनों कोशिश करेंगी। लखनऊ में कांग्रेस और लीग का एक संयुक्त अधिवेशन हुआ। कांग्रेस के अधिवेशन में लोकमान्य तिलक ने कहा :

> "सज्जनो, कुछ लोगों का कहना है कि हम हिन्दू अपने मुसलमान भाइयों के सामने जरूरत से ज्यादा झुक गये हैं। मेरा विश्वास है कि मैं देश के तमाम हिन्दुओं की तरफ से यह कह सकता हूं कि हमारा जरूरत से ज्यादा झुक जाना असम्भव था।...जब हमें एक तीसरे पक्ष से लड़ना है तो यह एक बहुत बड़ी बात है, यह एक बड़ी महत्वपूर्ण घटना है कि आज हम इस मंच पर एक साथ खड़े हुए हैं। आज इस मंच पर नस्ल की एकता है, धर्म की एकता है और विभिन्न राजनीतिक विचारों की एकता है।"

इसी प्रकार लीग के नेता मि. जिन्ना ने, जिन्होंने उस समय कांग्रेस-लीग एकता के लिए बड़ी कोशिश की थी, लीग के अधिवेशन में अध्यक्ष-पद से कहा :

> "मैं जिन्दगी भर पक्का कांग्रेसी रहा हूं और साम्प्रदायिक नारों से मुझे कभी प्रेम नहीं रहा है। लेकिन मुझे लगता है कि मुसलमानों पर कभी-कभी अलगाव की जो तोहमत लगायी जाती है, वह बिलकुल ग़ैर-वाजिब और ग़लत है, खास तौर पर जब मैं देखता हूं कि यह महान साम्प्रदायिक संस्था संयुक्त भारत के जन्म के लिए तेजी के साथ एक बड़ी ताक़त बनती जा रही है।"

पहले महायुद्ध के बाद जो जबर्दस्त उभार आया, उसमें हिन्दू-मुस्लिम एकता और मजबूत हुई। गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस और अली भाइयों की

रहनुमाई में ख़िलाफ़त कमिटी के बीच संयुक्त मोर्चा स्थापित हो गया। ख़िलाफ़त कमिटी लड़ाकू मुस्लिम नेताओं का संगठन थी। दोनों संस्थाओं ने मिलकर स्वराज्य प्राप्त करने के लिए सरकार के खिलाफ़ संघर्ष का मोर्चा तैयार किया। सड़कों पर हिन्दू-मुस्लिम एकता के स्वागत में उत्साहपूर्ण जन-प्रदर्शन होने लगे। १९१९ की सरकारी रिपोर्ट को मजबूर होकर यह कहना पड़ा कि "हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच अभूतपूर्व भाईचारा क़ायम हो गया है...मेल-मिलाप के असाधारण दृश्य दिखाई देने लगे हैं।"

राष्ट्रीय संघर्ष के इस महान युग में कांग्रेस के साथ-साथ मुस्लिम नेताओं तथा मुस्लिम जनता ने भी अपने लड़ाकूपन का परिचय दिया। मौलाना हुसेन अहमद मदनी और अली-बंधुओं ने फ़ौजियों में राजद्रोह का प्रचार किया और इसके लिए उन्हें छः बरस कैद की सज़ा सुना दी गयी। मलाबार के मोपला किसान अपने-आप ही जमींदारों तथा साम्राज्यवादियों के अत्याचार के खिलाफ़ उठ खड़े हुए। उन्होंने निडर होकर लड़ाई लड़ी और आश्चर्यजनक वीरता तथा संघर्ष की क्षमता और त्याग का परिचय दिया।

यह मांग सबसे पहले खिलाफ़ती नेताओं ने उठायी थी कि स्वराज्य का मतलब पूर्ण स्वतंत्रता समझा जाय। मो. हसरत मोहानी ने १९२१ में कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन में यह मांग की थी। और यह बात उल्लेखनीय है कि उसका विरोध गांधी जी ने किया था और यह कहा था कि "इस मांग से मुझे सदमा हुआ है, क्योंकि उससे ग़ैर-ज़िम्मेदारी की भावना प्रकट होती है।"

इसी प्रकार, १९१९ में मुस्लिम लीग ने अपने अमृतसर अधिवेशन में यह प्रस्ताव पास किया था कि भारत के मुसलमानों को फौज में भर्ती नहीं होना चाहिए।

जून १९२२ में लखनऊ में खिलाफत कमिटी और जमीयतुल-उलेमा का एक मिला-जुला अधिवेशन हुआ। उसने यह प्रस्ताव पास किया कि भारत तथा मुसलमानों के सर्वोत्तम हितों का तकाजा यह है कि कांग्रेस के लक्ष्य में "स्वराज्य" शब्द के स्थान पर "पूर्ण स्वतंत्रता" शब्द रख दिये जाय।

दुर्भाग्य से, उन दिनों कांग्रेस के नेताओं ने इस प्रस्ताव का विरोध किया। उनका कहना था कि यह तो "कांग्रेस के विधान में एक मौलिक परिवर्तन" कर देगा।

लेकिन कांग्रेस और खिलाफ़त के आन्दोलन में जो एकता क़ायम हुई थी, वह कायम नहीं रही। गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस ने आन्दोलन को यकायक बीच में ही रोक दिया और उससे आपस में फूट पड़ गयी। जब गांधी जी ने फ़रवरी १९२२ में असहयोग आन्दोलन बन्द किया, तो खिलाफत कमिटी के सभी नेताओं ने इस तरह से संघर्ष रोक देने का विरोध किया था।

इसके बाद जो निराशा का युग आया, उसने फिर कांग्रेस और लीग के अलगाव तथा हिन्दुओं और मुसलमानों के विरोध का रास्ता खोल दिया। साम्राज्यवादियों ने इस सुअवसर से पूरा-पूरा फायदा उठाया। अगले कुछ वर्षों में यह देखने में आया कि पहले जहां आज़ादी के लिए संयुक्त लड़ाई लड़ी जाती थी, वहां अब ज़बर्दस्त साम्प्रदायिक दंगे होने लगे हैं। सम्प्रदायवादी प्रतिक्रियावाद ने ज़ोर पकड़ लिया। १६२५ में मुस्लिम लीग के विरोध में हिन्दू महासभा अखिल भारतीय पैमाने पर बनायी गयी। उसके अध्यक्ष लाला लाजपतराय हुए। १६२७ में कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने मिलकर साइमन कमीशन का बहिष्कार किया, मगर १६२८ के सर्व-दली सम्मेलन में समझौता कराने की नयी कोशिशें नाकाम रहीं।

इस तरह, जब १६३५ के नये विधान के मातहत पहली बार कुछ अधिक व्यापक मताधिकार के आधार पर प्रान्तीय धारासभाओं के चुनाव १६३७ में हुए, तो कांग्रेस और लीग आमने-सामने मैदान में उतरीं। आम सीटों में से ज़्यादातर और प्रान्तों की साधारण धारासभाओं की कुल सीटों में से लगभग आधी सीटें कांग्रेस को मिलीं, लेकिन मुस्लिम सीटों में उसे विशेष सफलता नहीं मिली। कुल १,५८५ आम सीटों में से ७१५ कांग्रेस को मिलीं, लेकिन ४८२ मुस्लिम सीटों में से उसने केवल ५८ के लिए चुनाव लड़ा और उनमें से भी महज २६ ही वह ले पायी (जिनमें से १५ उसे सरहदी सूबे में और ११ सीटें बाक़ी देश में मिलीं)। दूसरी ओर मुसलमानों के अलग-अलग दलों और हिस्सों में चूंकि गहरी फूट थी, इसलिए मुस्लिम लीग को बहुत कम सफलता मिली। उसे कुल मुसलमान वोटों का केवल ४·६ प्रतिशत भाग ही मिल सका। (चुनाव में कुल मुसलमान वोट ७,३१६,४४५ थे, उनमें से उस समय मुस्लिम लीग को केवल ३२१,७७२ मिले।)

१६३७ के चुनाव के बाद मुस्लिम नेताओं ने ग़ैर-रस्मी तौर पर कांग्रेस के नेताओं से प्रान्तीय मंत्रि-मंडलों के विषय में समझौता करने की कोशिश की। मंत्रि-मंडलों में सीटों का बंटवारा कैसे हो, इस पर बात चलायी गयी। लेकिन कांग्रेस उस समय यह समझती थी कि उसका पाया मज़बूत है। उसने लीग का प्रस्ताव ठुकरा दिया। उसने दावा किया कि कांग्रेस पूरे देश की प्रतिनिधि है और लीग की कोई राजनीतिक भूमिका नहीं है। जनवरी १६३७ में पं. जवाहरलाल नेहरू ने मि. जिन्ना को एक पत्र में लिखा :

> "अन्तिम विश्लेषण में भारत में आज केवल दो ही शक्तियां हैं—ब्रिटिश साम्राज्यवाद और भारतीय राष्ट्र की प्रतिनिधि कांग्रेस।... मुस्लिम लीग कुछ मुसलमानों के एक दल का प्रतिनिधित्व करती है,

जिसमें निस्सन्देह बड़े काबिल लोग हैं, लेकिन उसका काम केवल ऊपरी मध्य-वर्गों के हल्कों तक ही सीमित है और उसका मुस्लिम जनता से कोई आम सम्पर्क नहीं है और निम्न मध्य-वर्ग से तो बहुत कम सम्पर्क है।"

इसके बाद कांग्रेस और लीग का झगड़ा बहुत तेज़ी से बढ़ता गया। मि. जिन्ना के कुशल नेतृत्व में लीग ने अपना संगठन मज़बूत बनाना और मुस्लिम जनता में अपनी जड़े फैलाना शुरू किया। उसने अलग-अलग बिखरे पड़े विभिन्न मुस्लिम दलों और सगठनों को अपने मे मिला लेने की कोशिश की ताकि मुस्लिम लीग भारत के मुसलमानों की मुख्य संस्था बन जाय। यह नीति असफल नहीं रही। १९३७ और १९४५ के बीच मुस्लिम लीग की स्थिति और उसकी तुलनात्मक शक्ति में एक निर्णायक परिवर्तन हो गया। मुस्लिम जनता अधिकाधिक संख्या में उसका समर्थन करने लगी। १९२७ मे मुस्लिम लीग के मेम्बरों की कुल संख्या केवल १,३३० थी। लीग द्वारा प्रकाशित आकड़ों के अनुसार वह संख्या १९३८ में लाखों तक पहुंच गयी और १९४४ में तो लीग ने यह दावा किया कि उसके मेम्बरो की तादाद बीस लाख हो गयी है। १९४६ के आम चुनावों में यह बदली स्थिति स्पष्ट हो गयी। केन्द्रीय और प्रान्तीय धारासभाओं के चुनावों में कुल ५३३ मुस्लिम सीटों में से ४६० पर लीग ने कब्ज़ा जमा लिया। इसमें कोई सन्देह नहीं कि इस दौर में मुस्लिम लीग भारत के मुसलमानों की मुख्य राजनीतिक सस्था बन गयी थी।

इस काल में मुस्लिम लीग का जनता पर असर बढ़ने के क्या कारण थे? इसके कई कारण दिखाई देते हैं।

एक तो यह कि पिछले दस साल की राजनीतिक हलचल का असर यह हुआ था कि जनता के नये हिस्से, जो अभी तक पिछड़े हुए थे, राजनीति में खिंच आये थे, और उनमें राजनीतिक चेतना अपने प्राथमिक रूप में पैदा हो गयी थी। इस काल में कांग्रेस और लीग दोनों की तेज़ी से ताकत बढी थी। १९३५-३६ और १९३८-३९ के बीच कांग्रेस के सदस्यों की संख्या पहले से नौ-गुनी हो गयी और ४४ लाख तक पहुंच गयी। लेकिन इनमें मुसलमानों की सख्या बहुत कम थी। जनवरी १९३८ में प. नेहरू ने एक बयान में बताया था कि कांग्रेस के ३१ लाख मेम्बरों में से केवल १ लाख, यानी ३·२ प्रतिशत मुसलमान हैं। जिन मुसलमानों में नयी-नयी राजनीतिक चेतना पैदा हुई थी, उनमें से ज़्यादातर मुस्लिम लीग को अपना राजनीतिक संगठन मानते थे।

दूसरे, खुद मुस्लिम लीग के अन्दर नौजवानों और उग्रवादियों का एक ऐसा दल पैदा हो गया था जो एक जनवादी कार्यक्रम को लेकर आगे बढ़ रहा था और जिसका ऊपर के प्रतिक्रियावादी नेता विरोध कर रहे थे। कुछ जिलो

और प्रान्तों में, जैसे पंजाब और बंगाल में, ये नौजवान लोग जनता के सामाजिक और आर्थिक सवालों पर सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे थे और उसके जरिए गरीब मुसलमान जनता का समर्थन प्राप्त कर रहे थे। इस नीति की सफलता १६४६ मे हुए पंजाब के चुनाव में प्रकट हुई, जहां मुस्लिम लीग के हमले के सामने पुरानी जमी हुई यूनियनिस्ट पार्टी, जो पहले बहुत प्रभावशाली थी, भरभरा कर गिर पड़ी।

तीसरे, मुस्लिम लीग का जनता पर जो असर बढा और कांग्रेस के अन्दर जो बहुत कम मुसलमान आये, उससे कांग्रेस की कुछ राजनीतिक, संगठनात्मक और कार्यनीति सम्बंधी कमजोरियां भी निस्सदेह रूप से प्रकट हो जाती हैं। कांग्रेस का बुनियादी लक्ष्य यह था कि हिन्दू और मुसलमान दोनो उसके सगठन में आये। लेकिन व्यवहार में, कांग्रेस मेम्बरों के सम्बंध में, यह लक्ष्य कभी पूरा नहीं हुआ। हम यह देख चुके हैं कि १६२२ में जब असहयोग आन्दोलन अपने शिखर पर था, तब उसे यकायक रोक देने से उस एकता पर ज़बर्दस्त आघात हुआ था, जो कांग्रेस और खिलाफ़त कमिटी के सयुक्त मोर्चे से क़ायम हुई थी। प्रान्तो में कांग्रेसी मन्त्रि-मंडल बनने के काल में लीग ने समझौते का प्रस्ताव किया। मगर कांग्रेस ने उसे ठुकरा दिया, क्योंकि उस समय लीग की शक्ति को कांग्रेस बहुत कम करके आकती थी। बाद को यह चीज़ लीग के हाथ में ज़बर्दस्त कांग्रेस-विरोधी प्रचार करने का साधन बन गयी। युद्ध के काल में और उसके ठीक पहले राजनीतिक परिस्थिति बहुत उलझी हुई थी। इस काल में कांग्रेस के नेताओं ने हृद दर्जे की उलझनों, विरोधी प्रवृत्तियो और बुलमुलपन का परिचय दिया। (सुभाष बाबू पहले कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गये, फिर कांग्रेस से ही निकाल दिये गये। जब युद्ध का रूप साम्राज्यवादी था, तब निष्क्रियता की नीति बरती गयी। उस समय कांग्रेस के नेताओ ने यह रुख अपनाया कि हम न तो युद्ध-उद्योग की मदद करेंगे और न उसका विरोध करेंगे। फिर व्यक्तिगत सत्याग्रह आरम्भ किया गया। और जब जापानी बढते चले आ रहे थे, तब वह मशहूर अगस्त प्रस्ताव पास किया गया, जिसके बाद सभी नेता पकड़ लिये गये और कठिन गैर-कानूनी परिस्थितिया पैदा हो गयी और वे छिटपुट उपद्रव शुरू हो गये जिनको बाद में राष्ट्रीय सग्राम के रूप में सराहा गया।) लड़ाई का जमाना आर्थिक कठिनाइयों और अकाल का जमाना था, मगर कांग्रेस के नेताओ ने उस वक्त इन मुसीबतों से छूटने के लिए जनता की रहनुमाई नही की। इसके परिणामस्वरूप युद्ध के अन्तिम दिनों में राजनीतिक विशृंखलता पैदा हो गयी और जनता में कुछ पस्ती आ गयी और इस तरह इस काल में संयुक्त राष्ट्रीय आन्दोलन का मोरचा कमज़ोर हो गया।

मुस्लिम लीग के विकास के पीछे सबसे बड़ी बात यह थी कि कांग्रेस ने मुस्लिम जनता तक पहुचने और उसे अपने साथ लाने की गम्भीर और लगातार कोशिश नही की। इसका सबूत यह था कि सरहदी सूबे में, जहां पर खान अब्दुल गफ़्फ़ार खा के नेतृत्व में खुदाई खिदमतगारों ने जनता के बीच गम्भीरतापूर्वक काम किया, वहां बिलकुल दूसरी परिस्थिति थी। वहां मुसलमान मजबूती के साथ कांग्रेस में थे। इस बात से भी इनकार नही किया जा सकता कि कांग्रेस का कार्यक्रम हालांकि असाम्प्रदायिक था और बहुत से प्रमुख देशभक्त मुसलमान उसमें शरीक थे, फिर भी उसके बहुत से प्रचार में और खास तौर पर दक्षिण-पंथी नेताओं तथा गाधी जी के प्रचार में हिन्दू धर्म की गहरी पुट मिली रहती थी, जो मुसलमान जनता को कांग्रेस की ओर नही खीचती थी।

इसकी बहुत बड़ी जिम्मेदारी राष्ट्रीय आन्दोलन के प्रमुख नेताओं पर है। हम यह देख चुके हैं कि पहले महायुद्ध के पूर्व भारत में राष्ट्रीय जागरण की जो पहली बड़ी लहर आयी थी, उसके नेता तिलक, अरविन्द घोष, आदि ने हिन्दू धर्म को अपने प्रचार का आधार बनाया था और राष्ट्रीय नव-जागरण को हिन्दू धर्म के पुनरुत्थान से मिला देने का प्रयत्न किया था। इसका नतीजा यह हुआ कि मुस्लिम जनता राष्ट्रीय आन्दोलन से कटकर अलग हो गयी और सरकार के लिए यह रास्ता खुल गया कि वह १६०६ में मुस्लिम लीग को जन्म देकर एक नया मुहरा खड़ा कर ले।

और यह भयानक भूल पुराने ज़माने के राष्ट्रवादियों या तथाकथित "उग्रपंथियों" तक ही सीमित नही रही। आधुनिक काल में भी इस भूल का सिलसिला जारी रहा। गाधी जी के पूरे प्रचार और आन्दोलन पर उसकी गहरी छाप थी। गांधी जी के सारे प्रचार में उनकी धार्मिक धारणाएं तथा हिन्दू धर्म का और राजनीतिक उद्देश्यों का प्रचार बुरी तरह उलझा हुआ था। १६२०–२२ में जब असहयोग आन्दोलन अपने चरम शिखर पर था और गांधी जी संयुक्त राष्ट्रीय आन्दोलन के नेता थे, और जब उन पर यह जिम्मेदारी आती थी कि वह जो कहे, वह एक संयुक्त आन्दोलन के नेता के योग्य हो, उस समय उन्होने ऐलान किया था कि वह "सनातनी हिन्दू" हैं। उनके शब्द ये थे :

"मैं सनातनी हिन्दू हूं, क्योकि—

"१) मैं वेद, उपनिषद, पुराण और समस्त हिन्दू शास्त्रो में विश्वास करता हूं और इसलिए पुनर्जन्म तथा अवतारों में भी मेरा विश्वास है।

"२) मैं वर्णाश्रम धर्म मे विश्वास करता हू — उस रूप में, जो मेरी राय में सर्वथा वेद-सम्मत रूप है, न कि उसके मौजूदा प्रचलित और भोंडे रूप में।

"३) मैं प्रचलित अर्थ से कहीं अधिक व्यापक अर्थ में गो-रक्षा में विश्वास करता हूं।

"४) मूर्ति-पूजा में मुझे अविश्वास नहीं है।"

"सनातनी" शब्द का साधारण जनता क्या अर्थ लगाती है, यह जानने के लिए प. नेहरू के शब्दों का स्मरण कर लेना काफी है :

"पीछे की तरफ चलने की इस होड में ... हिन्दू महासभा को मात करनेवाले सनातनी हैं जिनमें हद दर्जे के मजहबी दकियानूसीपन के साथ-साथ अंग्रेजी सरकार के प्रति बहुत तीव्र, या कम से कम बहुत बुलन्द आवाज में प्रकट की जानेवाली राजभक्ति भी होती है।"

हिन्दू-मुस्लिम एकता के लिए अपील करते हुए भी, गाधी जी एक ऐसे राष्ट्रीय नेता के रूप में नहीं बोलते थे जो दोनों सम्प्रदायों में एक होने की भावना पैदा करता हो। वह एक हिन्दू नेता के रूप में बोलते थे, जो हिन्दुओं को "हम लोग" कहता था, और मुसलमानों को "वे लोग"। गाधी जी ने एक बार कहा था :

"यदि हमें मुसलमानों के दिलों को जीतना है, तो हमें आत्म-शुद्धि के लिए तपस्या करनी होगी।"

आधुनिक राष्ट्रीय आन्दोलन के काल में भी, गाधी जी किसी भी समय कांग्रेस की राजनीति को छोड़कर हिन्दू धर्म में सुधार का आन्दोलन आरम्भ कर सकते थे (जैसा कि उन्होंने १९३२–३३ में, आन्दोलन के सकट-काल में किया था); और धार्मिक सुधार के आन्दोलन को छोड़कर फिर कांग्रेस की राजनीति में आ सकते थे।

इस प्रकार, जो कांग्रेस का माना हुआ नेता था और जिसे जनता कांग्रेस का मुख्य प्रतिनिधि समझती थी, वह सदा हिन्दू धर्म तथा हिन्दू-पुनरुत्थान के एक सक्रिय नेता के रूप में लोगों के सामने आता रहता था। तब क्या आश्चर्य है यदि ऐसी परिस्थिति में और कांग्रेस के ऐसे नेताओं तथा ऐसे प्रचार के होते हुए केवल शत्रु-आलोचक ही नहीं, बल्कि साधारण जनमत का भी एक बड़ा भाग कांग्रेस को "हिन्दू आन्दोलन" समझता था? और जहां यह बात सही है कि इस मामले में मुख्य दोष गाधी जी का था, वहा यह बात भी सच है कि कांग्रेस के बहुत से छोटे नेता, खासकर गांधीवाद से प्रेरणा लेनेवाले नेता, इन्हीं तरीकों का प्रयोग करते थे। यदि इस सबके बाद भी कुछ चुने हुए मुस्लिम नेता सदा कांग्रेस के साथ बने रहे, तो इसका श्रेय उनकी राष्ट्रवादिता को है।

लेकिन, इन तरीकों के चलते आम मुसलमान जनता कांग्रेस के साथ नही आ सकती थी।

इसमें सन्देह नही कि अंग्रेजी सरकार ने साम्प्रदायिक भेदभाव से फायदा उठाकर जनता के आन्दोलन के खिलाफ़ एक बहुत घृणित अस्त्र का उपयोग किया। मगर साथ ही यह बात भी सही है कि यह अस्त्र अंग्रेजी सरकार के हाथों में तिलकवाद और गाधीवाद ने दिया था।

लेकिन इन सबके अलावा एक और खास कारण है जिससे जनता पर मुस्लिम लीग का, खास तौर पर १९४० में, पाकिस्तान का कार्यक्रम स्वीकार कर लेने के बाद प्रभाव बढा। पाकिस्तान के कार्यक्रम पर विस्तार से हम बाद में विचार करेंगे। शुरू-शुरू मे उसके द्वारा यह माग की गयी थी कि उत्तर-पश्चिमी और उत्तर-पूर्वी भारत के उन इलाको में, जहां मुसलमानों का बहुमत है, अलग से प्रभुसत्ता सम्पन्न राज्य स्थापित किये जांय। बाद को यह मांग बढकर छः सूबों के एक अलग स्वतत्र मुस्लिम राज्य की माग बन गयी। इस कार्यक्रम की आलोचना के लिए बहुत मजबूत दलीलें थी। लेकिन हाल के जमाने में जिस तरह यह कार्यक्रम राजनीति में सामने आया और इन इलाको की मुसलमान जनता ने उसका जिस तरह समर्थन किया, उससे प्रकट होता है कि बहुत उलझे हुए रूप मे ही सही, पर यह कार्यक्रम एक हद तक जनता की सच्ची भावनाओं और आकांक्षाओं को व्यक्त करता था। पाकिस्तान की माग और जनता से उसको जो जबर्दस्त समर्थन मिला, उसके पीछे भारत के राष्ट्रीय जीवन में एक नये तत्व को काम करते देखा जा सकता था।

जैसे-जैसे राष्ट्रीय आन्दोलन जनता में फैल रहा था, वैसे-वैसे वह राष्ट्रीय चेतना के नये रूपों को धरातल पर ला रहा था। भारतीय कौम के विभिन्न जातीय तत्व इन रूपो में प्रकट हो रहे थे। जिन जातीय समूहो मे मुस्लिम धर्म की प्रधानता थी उनमे, खास तौर पर उत्तर-पश्चिमी तथा उत्तर-पूर्वी भारत के जातीय समूहों में, एक हद तक पाकिस्तान का नारा इस नयी बढ़ती हुई राष्ट्रीय चेतना को एक विकृत रूप में व्यक्त करता था। स्तालिन ने १९१२ में ही यह बात देख ली थी कि राष्ट्रीय आन्दोलन के बढने के साथ-साथ भारतीय कौम का बहु-जातीय स्वरूप अधिकाधिक स्पष्ट होता जायगा। उन्होने लिखा था :

> "सम्भवतः भारत में भी हम यह देखेंगे कि वे असख्य जातियां जो अभी सोती रही हैं, पूजीवादी विकास के आगे बढ़ने पर जाग उठेंगी।"

साम्राज्यवाद के खिलाफ स्वतत्रता के सघर्ष में भारतीय जनता को एकता की आवश्यकता थी। भविष्य का स्वतत्र भारत आर्थिक तथा राजनीतिक दृष्टि से संयुक्त रहे, यह निस्सन्देह एक प्रगतिशील उद्देश्य था। लेकिन इन दोनों बातो

का यह मतलब नहीं कि हम भारतीय क़ौम को कोई एकरूप इकाई समझ बैठें। बल्कि आवश्यकता इस बात की है कि हम भारतीय क़ौम के बहु-जातीय स्वरूप को स्वीकार करें। जिस समय कांग्रेस ने अंग्रेजों के मनमाने ढंग से बनाये हुए प्रान्तों की जगह पर सांस्कृतिक और भाषावार प्रान्तों को मान्यता दी थी, और जब उसने यह माना था कि भविष्य में स्वतत्र भारत के विधान में इन प्रान्तों को स्वायत्त शासन का पूरा-पूरा अधिकार मिलेगा, तब कांग्रेस ने वास्तव में इन जातीय समूहों को ही आंशिक रूप से स्वीकार किया था। लेकिन इस काल में कांग्रेस ने इन समूहो के जातीय स्वरूप को नही माना और उनको आत्म-निर्णय का पूर्ण अधिकार देने का विरोध किया।

मगर भारतीय कौम के बहु-जातीय स्वरूप का यह सवाल और मुस्लिम लीग की पाकिस्तान की मांग, दो बिलकुल अलग-अलग चीजें हैं और उनके भेद को समझना अत्यन्त आवश्यक है।

पाकिस्तान की माग को मुस्लिम लीग ने पहले-पहल १९४० में अपनाया था, हालांकि उस वक्त उसे यह नाम नही दिया गया था। इसके पहले, जब १९३० में कवि इकबाल ने और १९३३ में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के कुछ विद्यार्थियो ने यह प्रस्ताव रखा था, तो मुस्लिम लीग के राजनीतिक नेताओ ने उसे ठुकरा दिया था। १९३३ में वैधानिक सुधारो की सयुक्त समिति के सामने बयान देते हुए उन्होंने कहा था कि यह "विद्यार्थियो का सपना," "अव्यावहारिक" और "हवाई उड़ान" है। १९३७ में भी मुस्लिम लीग के वार्षिक अधिवेशन में यह लक्ष्य स्वीकार किया गया था कि लीग "भारत में स्वतत्र जनवादी राज्यों के एक संघ के रूप में पूर्ण स्वतत्रता की स्थापना" के लिए काम करेगी। लेकिन १९४० में लीग के लाहौर अधिवेशन ने यह प्रस्ताव पास किया :

> "फ़ैसला किया जाता है कि अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के इस अधिवेशन की राय में कोई वैधानिक योजना उस वक्त तक इस देश में कार्यान्वित नहीं की जा सकती, या मुसलमानों को मजूर नहीं हो सकती जब तक कि वह नीचे लिखे बुनियादी सिद्धान्तों के अनुसार नही बनायी जाती : भौगोलिक दृष्टि से एक-दूसरे से सटी हुई इकाइयों को अलग करके और उनमें आवश्यक सीमा-परिवर्तन करके ऐसे प्रदेश बना दिये जाय कि जिन क्षेत्रों में सख्या की दृष्टि से मुसलमानों का बहुमत हो — जैसे कि भारत के उत्तर-पश्चिमी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र — उन मुस्लिम बहुमत के क्षेत्रों को मिलाकर ऐसे स्वतत्र राज्यों की स्थापना की जाय, जिनमें शामिल इकाइयों को स्वायत्त शासन का अधिकार तथा पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त होगी।"

बाद में इस बहुत अस्पष्ट प्रस्ताव की व्याख्या की गयी। १० दिसम्बर, १९४५ को मि. जिन्ना ने लीग की माग की इन शब्दो में व्याख्या की :

"भारत का गतिरोध उतना ज्यादा भारत और अंग्रेजो के बीच में नही है। वह असल मे हिन्दू कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच में है... जब तक पाकिस्तान नही दिया जाता, तब तक कोई चीज़ हल नही हो सकती...। एक नही दो विधान सभाए बनानी होंगी। उनमें से एक हिन्दुस्तान का विधान बनायेगी, दूसरी पाकिस्तान का।

"भारत का मसला हम दस मिनट मे हल कर सकते हैं, बशर्ते मि. गांधी कह दे कि 'मैं राज़ी हू कि पाकिस्तान बन जाय, मैं राज़ी हूं कि एक-चौथाई भारत जिसमें सिंध, बलोचिस्तान, पंजाब, सरहदी सूबा, बगाल और आसाम शामिल हैं, अपनी मौजूदा सीमाओ के साथ पाकिस्तान बन जाय।'

"मुमकिन है कि आबादी की अदला-बदली करनी पडे, बशर्ते लोग अपनी खुशी से इसके लिए तैयार हो। सीमाओ मे भी बिलाशक कुछ रद्दोबदल करना पडेगा।... यह सब हो सकता है, लेकिन पहले यह मानना जरूरी है कि इन सूबो की मौजूदा सीमाएं भावी पाकिस्तान की सीमाएं होंगी। पाकिस्तान की हमारी सरकार सम्भवत एक सघीय सरकार होगी जिसमे प्रान्तो को खुद-मुख्तारी हासिल होगी...।

"व्यक्तिगत रूप से मैं अंग्रेज़ी सरकार की ईमानदारी में शक नही करता। लेकिन मुझे उन लोगों की ईमानदारी मे ज़रूर शक है जो कहते हैं कि भारत के मुसलमानो को पूरा पाकिस्तान दिये बिना भी कोई समझौता हो सकता है।"

अन्त मे, अप्रैल १९४६ में धारासभाओं के मुस्लिम सदस्यो का जो सम्मेलन हुआ, उसने पाकिस्तान की यह व्याख्या की :

"उत्तर-पूर्व मे बंगाल और आसाम का इलाका और उत्तर-पश्चिम भारत में पंजाब, सरहदी सूबे, सिंध और बलोचिस्तान का इलाका — इन पाकिस्तानी इलाको को, जहां मुसलमानो का प्रबल बहुमत है, मिलाकर एक स्वतंत्र प्रभुसत्ता सम्पन्न राज्य बना दिया जाय।"

पाकिस्तान का सिद्धान्त इस कल्पना पर आधारित है कि हिन्दू और मुसलमान दो अलग-अलग "जातियां" हैं। भले ही सारे भारत में और भारत के हर इलाके में हिन्दू और मुसलमान मिले-जुले रहते हों, भले ही हिन्दू और मुसलमान एक ही परिवार के सदस्य हो, लेकिन इस सिद्धान्त के अनुसार वे हैं

दो अलग-अलग "जातियों" के लोग। ज़ाहिर है कि धर्म को (और धर्म से सम्बधित समान सस्कृति को) जातीयता का आधार बनाने की यह कोशिश जातीयता की प्रत्येक ऐतिहासिक तथा अन्तरराष्ट्रीय व्याख्या एवं अनुभव के खिलाफ जाती थी। यह तो उसी तरह की बात हुई मानो योरप में रहनेवाले *कैथोलिक मतावलम्बियो की एक अलग जाति मान ली जाय।* और सचमुच यदि इस तर्क को और आगे बढ़ाया जाय और जाति को इस व्याख्या के अनुसार मुसलमानों की एक अलग जाति मान ली जाय, तो कहना पड़ेगा कि उत्तरी अफ्रीका से लेकर भारत तक के सभी मुसलमानो की एक जाति है और पाकिस्तान के सिद्धान्त की अन्तिम परिणति विश्व इस्लामवाद में हो जायगी।

मार्क्सवाद के अनुसार जाति की व्याख्या क्या है, इसका सार-तत्व स्तालिन ने अपनी पुस्तक **मार्क्सवाद और जातियों के प्रश्न** में दिया है। उनकी दी हुई वह प्रसिद्ध परिभाषा यह है कि "जाति वह है जिसका ऐतिहासिक विकास इस प्रकार हुआ हो कि उसमें भाषा, प्रदेश, आर्थिक जीवन तथा सास्कृतिक एकता के रूप में व्यक्त होनेवाली मानसिक गठन की एकता हो।" इसके बाद स्तालिन ने यह जरूरी शर्त और जोड दी थी कि "इस बात पर जोर देना आवश्यक है कि ऊपर बतायी गयी विशेषताओं में से कोई भी विशेषता ऐसी नही है कि अकेले उससे ही जाति बन जाय। बल्कि अगर इन विशेषताओं में से एक भी गायब है, तो जाति जाति न रहेगी।"

इस कसौटी का इस्तेमाल करने पर यह बात साफ़ हो जाती है कि भारत के मुसलमानो को एक "जाति" नहीं माना जा सकता। उनकी भाषाएं अलग हैं, उनके इलाके अलग है और संस्कृतिया अलग हैं। *नस्ल की दृष्टि से उनमें अनेक* तरह के भेद पाये जाते हैं। पठान और बंगाली मुसलमानों के बीच एकमात्र समानता धर्म की या पुरानी सस्कृति के कुछ अवशेषो की ही होती है। लेकिन इतने से ही तो वे एक जाति के नहीं हो जाते। पुराने रूसी साम्राज्य में रहनेवाले यहूदी लोग अलग-अलग इलाक़ों में रहते थे और अलग-अलग भाषाए बोलते थे। स्तालिन ने उनको एक अलग जाति नहीं माना और उसके लिए यह दलील दी:

> "उनके जीवन में यदि कोई बात समान है तो यह कि उनका धर्म एक है, उनका मूल एक है और जातीय स्वरूप के कुछ अवशेष उनमें पाये जाते हैं। इन सब बातो में कोई सन्देह नही है। लेकिन क्या कोई गम्भीरतापूर्वक यह दावा कर सकता है कि जिस सजीव सामाजिक, आर्थिक एवं सास्कृतिक वातावरण में ये यहूदी रहते है, उनसे ज्यादा ये जड़ धार्मिक रीतियां और मिटते हुए मानसिक अवशेष उनके भाग्य का निर्णय करेंगे?"

यहां पर प्रश्न केवल जाति की रस्मी परिभाषा का नही है। यदि केवल परिभाषा का प्रश्न होता, तो बहस करना बेकार था। लेकिन यदि एक बार जाति का आधार धर्म को मान लिया जाय, तो उससे कुछ बहुत ही गम्भीर राजनीतिक परिणाम निकल आते हैं। ठोस वास्तविकता में चूंकि जाति केवल एक विशेष इलाके में ही रह सकती है, और चूंकि यह सिद्धान्त राजनीतिज्ञो का गढा है और वह धरती से नही उपजा है, इसलिए इस तथाकथित "जाति" के लिए एक इलाक़ा ज़बर्दस्ती बंटवा लेने की भी जरूरत पैदा हो जाती है। मुस्लिम लीग की पाकिस्तान की मांग के भौगोलिक रूप की जांच करते ही इस सिद्धान्त का खोखलापन ज़ाहिर हो जाता है।

शुरू मे, जिन छ: सूबो को, उनकी "मौजूदा सीमाओ के साथ" मिलाकर पाकिस्तान बनाने की बात कही गयी थी, उनकी कुल आबादी १० करोड़ ७० लाख होती थी। इनमें से मुसलमानो की संख्या ५ करोड ६० लाख, यानी ५५% थी और गैर-मुसलमानों की तादाद ४ करोड ८० लाख, यानी ४५% थी। इस प्रकार इस इस्लामी राज्य की लगभग आधी आबादी गैर-मुसलमानों की होती थी और कोई ३ करोड मुसलमान, यानी भारत के कुल मुसलमानों का लगभग ४० प्रतिशत भाग पाकिस्तान के बाहर रह जाता था। इससे साफ़ हो जाता है कि भारत की बहुत ही मिली-जुली हिन्दू-मुस्लिम आबादी की साम्प्रदायिक समस्या को ज़बर्दस्ती इलाके बांटकर हल करने की कोई कोशिश कामयाब नही हो सकती।

जब १६४७ मे माउंटबेटन योजना के अनुसार पाकिस्तान के डोमीनियन की स्थापना हुई, तो भारत के बटवारे के साथ-साथ पजाब और बंगाल का बंटवारा भी करना पड़ा। फिर भी नये "इस्लामी राज्य" में कोई २ करोड़ ऐसे गैर-मुस्लिम लोग रह ही गये जो कि उसकी कुल आबादी का चौथाई से लेकर तिहाई तक होते थे; और कोई ३ करोड मुसलमान, पाकिस्तान के बाहर रह गये। इस परिस्थिति का नतीजा हुआ कि नयी सीमाओं के दोनों ओर खून-खराबी और क़त्लेआम हुए और बड़े पैमाने पर आबादी इधर से उधर गयी; और इसके कारण करोड़ों इनसान बेघरबार हो गये।

इसलिए, भारत का बंटवारा होकर भारतीय सघ तथा पाकिस्तान के डोमीनियनों का बन जाना किसी भी माने में राष्ट्रीय स्वतंत्रता या जातीय आत्म-निर्णय की ओर बढ़ना नही था। असल में इन दोनों राज्यों की स्थापना साम्राज्यवाद के साथ कांग्रेस और लीग के राष्ट्रीय पूंजीवादी नेताओं के समझौता का परिणाम थी। बंटवारे के हथकंडे का प्रयोग करके भारत के जनवादी आन्दोलन को कमजोर कर दिया गया और उसमें फूट डाल दी गयी। दोनो डोमीनियनो में साम्प्रदायिक विरोध को बेहद बढ़ा दिया गया और नयी

बनी दोनों सरकारों में शुरू से ही आपसी वैर पैदा कर दिया गया। इस सबसे जो खूनी फसल तैयार हुई, वह बंटवारे के बाद होनेवाले खूंखार दंगों तथा क़त्लेआम के रूप में प्रकट हुई, जिनके परिणामस्वरूप करोड़ों नर-नारी अपने घरबार छोड़कर शरणार्थी बन गये।

लेकिन, इन तमाम बातों की वजह से हमें इस सत्य की ओर से आंखें नहीं मूंद लेनी चाहिए कि शुरू में पाकिस्तान की मांग के पीछे किसी हद तक जातीयता का सच्चा सवाल भी छिपा हुआ था। पाकिस्तान की मांग को जनता से जो व्यापक समर्थन मिला और जो पाकिस्तान की स्थापना के समय जन-समारोहों के रूप में प्रकट हुआ, उससे जाहिर होता है कि यह केवल साम्प्रदायिक प्रचार का, या सामाजिक तथा आर्थिक सवालों से पैदा होनेवाले जनता के असंतोष को साम्प्रदायिक रूप देने की कोशिशों का नतीजा नहीं था, बल्कि इसके पीछे यह सचाई भी काम कर रही थी कि राष्ट्रीय आन्दोलन के जनता के अधिक गहरे स्तरों में घुसने के फलस्वरूप जातीय चेतना के नये रूप सामने आ गये थे। पाकिस्तान के सवाल से यह बात उभरकर सामने आयी कि भारतीय स्वतन्त्रता के साधारण कार्यक्रम के एक अंग के रूप में जातियों के प्रश्न को हल करना भी अत्यन्त आवश्यक है।

इस प्रश्न का अन्तिम हल केवल जनवादी मार्ग पर चल कर ही हो सकता है। आत्म-निर्णय का जनवादी सिद्धान्त यह बात मानता है कि जिस इलाके में साफ तौर पर आत्म-निर्णय की जातीय मांग उठ रही हो, यानी जिस इलाके के अधिकतर निवासी अपने विशिष्ट जातीय स्वरूप व संस्कृति के आधार पर स्पष्ट रूप से यह मांग कर रहे हों कि उनकी अपनी अलग राजनीतिक संस्थाएं होनी चाहिए, और जहां भौगोलिक तथा आर्थिक दृष्टि से यह चीज सम्भव हो, उस इलाके के निवासियों को अपनी अलग राजनीतिक संस्थाएं कायम करने का अधिकार है, क्योंकि उनकी इच्छा के विरुद्ध उन पर कोई राजनीतिक संस्था लादने को किसी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। भारत की बहु-जातीय समस्या को हल करने का सबसे उपयोगी ढंग यही है कि आत्म-निर्णय के इस जनवादी सिद्धान्त पर सुसंगत ढंग से अमल किया जाय। और इसी ढंग पर चलकर सभी जातियों के स्वेच्छापूर्वक मिलने के लिए सबसे अच्छी परिस्थितियां पैदा हो सकती हैं। बहु-जातीय सोवियत संघ में और हाल के दिनों में चीनी जनता के जनतंत्र में जातियों का सवाल इसी तरह सफलता के साथ हल किया जा चुका है।

इस सिद्धान्त को मानने का अर्थ यह होगा कि भारतीय जनता का प्रत्येक ऐसा हिस्सा जिसके रहने का एक मिला-जुला इलाक़ा है, जिसकी एक समान ऐतिहासिक परम्परा है, जिसकी एक समान भाषा, संस्कृति, मानसिक गठन और

समान आर्थिक जीवन है, उसे इस बात का अधिकार होगा कि वह स्वतंत्र भारत में एक स्पष्ट जाति के रूप में जीवन बिताये, और चाहे तो स्वतंत्र भारतीय संघ के अन्दर एक खुद-मुख्तार राज्य के रूप मे रहे (जिसे संघ से अलग हो जाने का भी अधिकार होगा)।

इस प्रकार कल को जो स्वतंत्र भारत बनेगा, वह पठान, पंजाबी, सिंधी, हिन्दुस्तानी, राजस्थानी, गुजराती, बंगाली, आसामी, बिहारी, उड़िया, आंध्र, तामिल, करेल, कन्नड़, मराठा, आदि विभिन जातियों के खुद-मुख्तार राज्यो के संघ (फेडरेशन या यूनियन) का रूप धारण कर सकता है। इस तरह जो नये राज्य बनेंगे, उनमे जो अल्पसंख्यक जातियो के लोग बिखरे हुए रह जायगे, उनके संस्कृति, भाषा तथा शिक्षा सम्बंधी अधिकार कानून द्वारा सुरक्षित रहेंगे, उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव नही किया जायेगा और उनका उल्लघन करनेवालों को कानूनन दंड मिलेगा।

आत्म-निर्णय के अधिकार को, जिसमें अलग होने का अधिकार भी शामिल है, मान लेने का क़तई यह मतलब नही होता कि अलग हो जाना सही है। इसके विपरीत, भारत के जनवादी विकास के हित में यह अत्यन्त आवश्यक है कि भारत की एकता क़ायम रहे। भारत की एकता इसलिए खास तौर पर जरूरी है *कि उसके विभिन्न हिस्से परस्पर सहयोग के द्वारा तेजी से उन्नति कर* सकें और पूरे भारत की आर्थिक उन्नति की योजना बनायी जा सके, उसके अनुसार पूरे देश का विकास किया जा सके और उसका सामाजिक स्तर ऊपर उठाया जा सके। लेकिन यह एकता स्वेच्छा से ही हो सकती है। भारतीय संघ *स्वेच्छा से ही बन सकता है।*

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ने यह नीति सबसे पहले १९४२ के एक प्रस्ताव में पेश की थी, जिसमे भारतीय कौम के बहु-जातीय स्वरूप से पैदा होनेवाली नयी समस्याओ पर पहली बार गम्भीरतापूर्वक विचार किया गया था। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यक्रम मे, जो १९५१ में स्वीकार हुआ, इस नीति की अधिक विशद व्याख्या इस प्रकार की गयी है :

> " सभी जातियों के लिए आत्म-निर्णय का अधिकार हो। भारतीय प्रजातंत्र भारत की विभिन्न जातियों की जनता को बलपूर्वक नही, बल्कि राजी-खुशी से दी गयी उनकी राय के अनुसार एक संयुक्त राज्य की स्थापना के लिए एकत्रित करे।
>
> " भारत संघ के वर्तमान प्रान्तों की सीमाओं को फिर से निर्धारित किया जाय और समान भाषा के सिद्धान्त के आधार पर प्रान्तों का फिर से निर्माण किया जाय। देशी राज्यों को, जो अभी मौजूद हैं, बग़ल के

उपर्युक्त जातीय प्रान्तों में मिला दिया जाय और विदेशी साम्राजियों के अधीनस्थ इलाकों को देश में मिला लिया जाय और उनका पुनर्गठन भी इसी सिद्धान्त के आधार पर हो। आदिवासी क्षेत्रों को, या उन क्षेत्रों को जहां खास ढंग के लोग रहते हैं, और जहां खास तरह की सामाजिक परिस्थितियां हैं, या जहां की आबादी किसी अल्पसंख्यक जाति की है, क्षेत्रीय स्वायत्त शासन का पूर्ण अधिकार होगा और वे अपनी क्षेत्रीय सरकारें बना सकेंगे तथा उनके विकास के लिए पूरी-पूरी मदद दी जायेगी।"

इसी दृष्टिकोण से इन समस्याओं को सबसे ज्यादा उपयुक्त ढंग से हल किया जा सकता है।

चौदहवां अध्याय

दूसरे महायुद्ध में भारत

१९३०–३४ के महान जन-संघर्षों से लेकर दूसरे महायुद्ध तक भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन के इतिहास को साफ-साफ तीन युगों में बांटा जा सकता है। पहले, संगठन को फिर से दुरुस्त किया गया जो दमन से छिन्न-भिन्न हो गया था, और नयी नीति निश्चित की गयी, जिसके बाद १९३७ के चुनावो में राष्ट्रीय आन्दोलन की जीत हुई, जिसको इस्तेमाल करके दक्षिण-पंथी नेताओं ने ब्रिटिश भारत के अधिकतर प्रान्तों में कांग्रेसी मंत्रि-मंडल क़ायम कर लिया। १९३४ से १९३७ तक के काल की ये सफलताएं हैं। उसके बाद संकट तेज़ होने लगा, कांग्रेसी मंत्रिमंडलों के अनुभव से जनता के भ्रम टूटने के परिणामस्वरूप दक्षिण-पक्ष और वाम-पक्ष के मतभेद बहुत तीखे हो गये, और प्रारम्भिक रूप में १९३८–३९ में ही नये संघर्षों की ओर बढने के चिन्ह दिखाई देने लगे। युद्ध की हालतो ने इस क्रिया को तेज़ कर दिया और पेचीदा बना दिया। युद्ध से भारत के लिए और भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन के लिए बहुत गम्भीर सकट पैदा हो गया था। उसका परिणाम दूसरे महायुद्ध के बाद एक विराट क्रान्तिकारी उभार के रूप में देखने को मिला।

दूसरे महायुद्ध की घटनाओं ने भारत को अन्तरराष्ट्रीय राजनीति की भंवर के बीचोबीच लाकर खड़ा कर दिया।

१. अंग्रेज़ों की अन्तरराष्ट्रीय रणनीति और भारत

दूसरे महायुद्ध के विशेष प्रश्नों पर विचार करने से पहले यह जान लेना उपयोगी होगा कि अंग्रेजो की अन्तरराष्ट्रीय रणनीति में भारत का शुरू में क्या स्थान था और उसमें किस प्रकार के परिवर्तन हो चुके थे तथा वैदेशिक नीति के सवालों पर राष्ट्रीय आन्दोलन का क्या रुख था।

पिछले दो सौ वरसों में यह बात अधिकाधिक स्पष्ट होती गयी है कि अंग्रेजों ने भारत को अपनी अन्तरराष्ट्रीय रणनीति की धुरी बना रखा था। अठारहवीं सदी में ऊपर से देखने में योरप की बदलती हुई परिस्थितियां और नित नये बनते हुए ग्रुट ब्रिटेन और फ्रांस की लड़ाइयों का कारण मालूम पड़ते थे। मगर वास्तव में उनका मुख्य कारण अमरीका को हथियाने और भारत पर प्रभुत्व जमाने का संघर्ष था। जब ब्रिटेन के हाथ से संयुक्त राष्ट्र अमरीका निकल गया तो भारत का महत्व और बढ गया। मिश्र और निकट-पूर्व पर चढ़ाई करने के समय असल में नेपोलियन भारत की तरफ बढने का सपना देख रहा था। उन्नीसवीं सदी में ब्रिटेन को सदा रूस का हौआ सताता रहता था। डर था कि रूस कहीं एशिया में बढ़ता न चला जाय और अन्त में भारत का दरवाजा खटखटाने लगे। बीसवीं सदी शुरू होने पर, जब ब्रिटेन ने उदासीनता की नीति छोड़ी, तो इस सिलसिले में उसने पहला काम यह किया कि जापान से दोस्ती की, और जब संशोधित जापान-ब्रिटेन संधि को दुहराया गया, तो उसमें एक यह शर्त भी रखी गयी कि भारत पर अंग्रेजी हुकूमत बनाये रखने में जापान मदद करेगा। जर्मनी के साथ ब्रिटेन के झगड़े का खास कारण यह प्रश्न था कि मध्य-पूर्व पर किसका नियंत्रण रहेगा, क्योंकि उससे भारत तक पहुंचने का रास्ता खुलना था।

अंग्रेजों के लिए भारत ने हमेशा कुबेर के ऐसे खजाने का काम किया है, जिससे उन्हें मनचाहे सिपाही और मनचाहा धन मिल सकता था। इसी धन-जन से अंग्रेजों ने भारत को जीता। इसीसे उन्होंने एशिया में अपने साम्राज्य का विस्तार किया। भारत सरकार पर जो कर्जा लदा हुआ था, उसका एक बहुत बड़ा भाग इन युद्धों के कारण ही उस पर चढ़ा था। ब्रिटेन अपनी नीति के उद्देश्यों के लिए दूसरे एशियाई देशों में, और एशिया की सीमाओं से दूर लड़ाइयां लड़ता था और उन सबका खर्च भारत के मत्थे मढ दिया जाता था।

भारत की फ़ौज का जो इतना विस्तार किया गया था और उस पर जो बेशुमार रुपया खर्च किया जाता था, उसकी वजह सिर्फ यह नहीं थी कि भारत की जनता को दबाकर रखने के लिए एक बहुत बड़ी फ़ौज की आवश्यकता थी; उसकी वजह यह भी थी कि अंग्रेजी सरकार हमेशा यह हिसाब लगाती रहती थी कि अपना युद्ध चलाने के लिए और भारत की सीमाओं के बाहर साम्राज्य का विस्तार करने के लिए कितनी बड़ी फ़ौज की जरूरत होगी।

दो महायुद्धों के बीच ब्रिटेन के लिए भारत का फ़ौजी महत्व और बढ़ गया। मध्य-पूर्व में अंग्रेजों का नया साम्राज्य और प्रभाव-क्षेत्र भारत के ही आधार पर बनाया गया था। भूमध्य सागर पर नियंत्रण खो बैठने की स्थिति के लिए पहले से तैयार रहने के वास्ते अंग्रेजों ने दक्षिण अफ्रीका का चक्कर

काटकर आनेवाले मार्ग पर तथा साइमंसटाउन के नये जहाज़ी अड्डे पर ज़ोर देना, और प्रशान्त महासागर से हिन्द महासागर में प्रवेश करने के मार्ग पर नियंत्रण रखने के लिए सिंगापुर के तथाकथित अजेय जहाज़ी अड्डे पर ज़ोर देना — इन दोनो बातों से यही ज़ाहिर होता है कि अंग्रेज लोग भारत को अपने साम्राज्य की धुरी समझते थे और भारत जानेवाले तमाम रास्तो को अपने हाथ में रखना और भारत में अपनी हुकूमत को सुरक्षित रखना अपनी नीति का मुख्य ध्येय मानते थे। जैसे-जैसे भूमध्य सागर और स्वेज नहर का रास्ता अधिकाधिक ख़तरे में पडता गया, वैसे-वैसे ही ब्रिटिश साम्राज्य की जीवन-नाडी के रूप में ब्रिटेन को आस्ट्रेलिया से जोडनेवाले हवाई जहाज़ों के रास्ते का महत्व बढ़ता गया। यह रास्ता बगदाद, कराची, कलकत्ता और सिंगापुर होकर जाता था और ब्रिटेन को भारत तथा स्याम के ज़रिए सुदूर-पूर्व से जोड़ता था। जैसे-जैसे जापान प्रशान्त महासागर के क्षेत्र पर और चीन के समुद्र-तट तथा नदियों पर अपना अधिकार जमाता गया, वैसे-वैसे बर्मा के ज़रिए चीन जानेवाली सड़क का महत्व बढ़ता गया।

अंग्रेज़ो के साम्राज्यवादी प्रभुत्व तथा प्रभाव के दो खास क्षेत्र हैं : एक मध्य-पूर्व का क्षेत्र; दूसरा दक्षिण-पूर्वी एशिया का क्षेत्र। इन दोनो क्षेत्रों के बीच में भारत धुरी का काम करता है। जहां तक अंग्रेज़ो की रणनीति का सम्बंध है, भारत एक ऐसा अड्डा है जिसके बिना उनका काम ही नही चल सकता। एशिया के राष्ट्रीय आन्दोलनों के खिलाफ ब्रिटेन की लड़ाई बहुत नाज़ुक थी। इस लड़ाई के लिए अंग्रेज़ों ने भारत का सदा अपने मुख्य फ़ौजी अड्डे के रूप में इस्तेमाल किया। बर्मा, मलाया और इंडोनीशिया के पड़ोसी देशों में आज़ादी के आन्दोलनों को दबाने के लिए और इन देशों पर फिर से साम्राज्यी शासन कायम करने के लिए अंग्रेज़ी साम्राज्यवाद ने न केवल भारत का माल लिया, बल्कि अपनी फ़ौजों के लिए वहां से रंगरूट भी भरती किये (इंडोनीशिया के विरुद्ध युद्ध चलाने के लिए वह बहुत दिनों तक रंगरूट भर्ती नही कर पाया, क्योकि राष्ट्रीय आन्दोलन ने उसे यह नही करने दिया)।

२. भारत और युद्ध (१६३६–४२)

१६३६ मे जब ब्रिटेन ने जर्मनी के खिलाफ जग का ऐलान किया तो वह भारत को उसी तरह इस्तेमाल करना चाहता था जिस तरह उसने १६१४ में किया। वह चाहता था कि भारत ब्रिटेन के पीछे कठपुतली बना घिसटता चले और वहा की जनता की राय पूछने की भी कभी नौबत न आये। युद्ध की घोषणा के चन्द घंटों के अन्दर ही वायसराय ने भारत को भी युद्ध में शामिल कर लिया।

मगर घटनाओं ने बहुत जल्द यह दिखा दिया कि १९१४ के मुक़ाबले भारत की परिस्थिति बहुत बदल गयी है। १४ सितम्बर को कांग्रेस की कार्य-समिति ने युद्ध पर अपना बयान निकाला। उसमें कहा गया था कि "कार्य-समिति किसी ऐसे युद्ध में सहयोग नहीं दे सकती, जो साम्राज्यवादी ढंग पर चलाया जा रहा हो और जिसका उद्देश्य भारत में और दूसरी जगहों में साम्राज्यवाद को दृढ़ करना हो।" चुनाचे कांग्रेस ने सीधे तौर पर ब्रिटिश सरकार को यह चुनौती दी :

> "इसलिए कार्यसमिति अंग्रेजी सरकार को इस बात की दावत देती है कि वह स्पष्ट शब्दों में यह ऐलान करे कि इस लड़ाई में जनतंत्र और साम्राज्यवाद के विषय में उसके क्या उद्देश्य हैं।... क्या उसके उद्देश्यों में साम्राज्यवाद को खतम करना और भारत के साथ एक आजाद देश जैसा बरताव करना भी शामिल है? क्या भारत की नीति उसकी जनता की इच्छा के अनुसार निर्धारित हुआ करेगी?"

कांग्रेस के इस सीधे सवाल के जवाब में अंग्रेजी सरकार ने जितना कहा, वह न कहने के ही बराबर था। इसके परिणामस्वरूप अक्तूबर १९३९ में सभी कांग्रेसी मंत्रि-मंडलों ने इस्तीफ़ा दे दिया। १९४० की गरमियों में, योरप में नात्सियों के बढ़ाव के बाद, कांग्रेस ने युद्ध में सहयोग देने का एक नया प्रस्ताव पेश किया, बशर्ते कि भारत की आजादी मान ली जाय और "केन्द्र में एक अस्थायी राष्ट्रीय सरकार क़ायम हो जाय।" लेकिन, एक बार फिर अंग्रेजी सरकार ने कोरा जवाब दे दिया। उस पर कांग्रेस ने गांधी जी के नेतृत्व में व्यक्तिगत सत्याग्रह का आन्दोलन आरम्भ करने का निश्चय किया, जो अक्तूबर १९४० में शुरू हुआ।

जिस समय कांग्रेस के नेता वायसराय के साथ यह मोलभाव कर रहे थे, उस समय तक जनता मैदान में उतर आयी थी। २ अक्तूबर, १९३९ को बम्बई के ९०,००० मजदूरों ने युद्ध तथा साम्राज्यवादी दमन के खिलाफ़ एक दिन की राजनीतिक हड़ताल की। जितने देश युद्ध में शरीक थे, उनमें यह पहली युद्ध-विरोधी आम हड़ताल थी। हड़ताल के दिन शाम को बम्बई के कामगार मैदान में एक विराट सभा हुई जिसमें एक प्रस्ताव पास हुआ। उसमें कहा गया था :

> "यह सभा ऐलान करती है कि वह अन्तरराष्ट्रीय मजदूर वर्ग और संसार की जनता के साथ है, जिसे साम्राज्यवादी ताक़तें इस भयानक विनाशकारी युद्ध में जबर्दस्ती खींच रही हैं।"

देश में उन ताक़तों का जोर बढ़ रहा था जो यह चाहती थीं कि साम्रा-ज्यवाद से एक निर्णायक युद्ध किया जाय। इसका एक नमूना यह था कि १९३९

और १९४० में मजदूर-किसान शक्तियों तथा उग्रवादी राष्ट्रवादियों पर सरकार निर्ममता से प्रहार कर रही थी। इसके अलावा, अक्तूबर १९४० में गाधी जी ने जिस अत्यन्त सीमित ढंग का और तरह-तरह की शर्तों के बंधनों में जकड़ा हुआ आन्दोलन चलाया, उससे भी यही मालूम पड़ता था। सत्याग्रहियो की सूची तैयार करके गांधी जी के पास जाच और अनुमति के लिए भेज दी जाती थी। जिन सत्याग्रहियो को गांधी जी अनुमति दे देते थे, उनके लिए जरूरी होता था कि वे पुलिस को पहले से यह सूचना दे दें कि वह किस स्थान पर और कब युद्ध के विरोध मे प्रतीकात्मक सत्याग्रह करेंगे। फिर भी आनेवाले महीनों में व्यापक पैमाने पर गिरफ्तारियां हुईं और जेलखाने भर दिये गये।

जब १९४१ के उत्तरार्ध की घटनाओ ने युद्ध के स्वरूप में एकदम मौलिक परिवर्तन ला दिया, तो देश इसी प्रकार के गतिरोध में फंसा हुआ था। सोवियत संघ पर जर्मनी ने चढाई कर दी। ब्रिटेन और सोवियत के बीच समझौता हो गया। उधर सुदूर-पूर्व में जापानियों ने हल्ला बोल दिया और ब्रिटेन व सोवियत संघ का संयुक्त मोर्चा विशाल हो गया और वह ब्रिटेन, अमरीका, सोवियत संघ और चीन का फासिस्ट-विरोधी मोर्चा बन गया। इस सबके कारण युद्ध का मौलिक स्वरूप बदल गया। भारत के राष्ट्रवादी लोकमत पर इसका तुरन्त प्रभाव पड़ा—हालाकि उसके सब हिस्सो पर नही। पं. नेहरू ने १९४१ में कहा: "अब दुनिया की प्रगतिशील ताक़तें उस पक्ष के साथ हैं जिसका प्रतिनिधित्व रूस, ब्रिटेन, अमरीका और चीन करते हैं।" इस प्रकार, १९४१ के उत्तरार्ध से अंग्रेज़ी सरकार के सामने राष्ट्रीय नेताओ से समझौता कर लेने का एक नया अवसर पैदा हो गया।

लेकिन, अंग्रेज़ी सरकार की तरफ़ से कांग्रेस को नकारात्मक जवाब मिला। प्रधान मंत्री चर्चिल ने खास तौर पर ऐलान किया कि भारत, वर्मा तथा साम्राज्य के अन्य हिस्सो पर अटलांटिक चार्टर लागू नही होता। इससे भारत के राष्ट्रवादियों को बहुत क्रोध हुआ और फासिस्ट-विरोधी संयुक्त मोर्चे की मुख़ालफ़त करनेवाली प्रवृत्तियों को बल मिला।

फिर भी, दिसम्बर १९४१ में सरकार ने कांग्रेस के प्रमुख नेताओं को जेल से रिहा कर दिया। यह नये सिरे से बातचीत खोलने की दिशा में पहला क़दम था। दिसम्बर १९४१ के अन्त में कांग्रेस ने बारदोली का वह प्रस्ताव पास किया, जिसमें उसने ऐलान किया था कि वह संयुक्त राष्ट्रो के मित्र के रूप में हथियार हाथ में लेकर फासिस्ट देशों का मुक़ाबला करेगी, बशर्ते भारत एक राष्ट्रीय सरकार के नेतृत्व में अपनी जनता को गोलबन्द कर सकने की स्थिति में हो। भारत के बाहर अमरीका, ऑस्ट्रेलिया और चीन की सरकारें अंग्रेज़ी सरकार पर नयी नीति अपनाने के लिए दबाव डालने लगी। राष्ट्रपति रूज़वेल्ट

मगर घटनाओं ने बहुत जल्द यह दिखा दिया कि १६१४ के मुकाबले भारत की परिस्थिति बहुत बदल गयी है। १४ सितम्बर को कांग्रेस की कार्य-समिति ने युद्ध पर अपना बयान निकाला। उसमे कहा गया था कि "कार्य-समिति किसी ऐसे युद्ध मे सहयोग नही दे सकती, जो साम्राज्यवादी ढंग पर चलाया जा रहा हो और जिसका उद्देश्य भारत में और दूसरी जगहों में साम्राज्यवाद को दृढ करना हो।" चुनाचे कांग्रेस ने सीधे तौर पर ब्रिटिश सरकार को यह चुनौती दी :

> "इसलिए कार्यसमिति अंग्रेजी सरकार को इस बात की दावत देती है कि वह स्पष्ट शब्दों में यह ऐलान करे कि इस लड़ाई में जनतंत्र और साम्राज्यवाद के विषय में उसके क्या उद्देश्य हैं। ... क्या उसके उद्देश्यों में साम्राज्यवाद को खतम करना और भारत के साथ एक आज़ाद देश जैसा बरताव करना भी शामिल है ? क्या भारत की नीति उसकी जनता की इच्छा के अनुसार निर्धारित हुआ करेगी ?"

कांग्रेस के इस सीधे सवाल के जवाब में अंग्रेज़ी सरकार ने जितना कहा, वह न कहने के ही बराबर था। इसके परिणामस्वरूप अक्तूबर १६३६ में सभी कांग्रेसी मंत्रि-मंडलों ने इस्तीफ़ा दे दिया। १६४० की गरमियों में, योरप में नात्सियों के बढ़ाव के बाद, कांग्रेस ने युद्ध में सहयोग देने का एक नया प्रस्ताव पेश किया, बशर्ते कि भारत की आज़ादी मान ली जाय और "केन्द्र में एक अस्थायी राष्ट्रीय सरकार क़ायम हो जाय।" लेकिन, एक बार फिर अंग्रेज़ी सरकार ने कोरा जवाब दे दिया। उस पर कांग्रेस ने गाधी जी के नेतृत्व में व्यक्तिगत सत्याग्रह का आन्दोलन आरम्भ करने का निश्चय किया, जो अक्तूबर १६४० में शुरू हुआ।

जिस समय कांग्रेस के नेता वायसराय के साथ यह मोलभाव कर रहे थे, उस समय तक जनता मैदान में उतर आयी थी। २ अक्तूबर, १६३६ को बम्बई के ६०,००० मजदूरों ने युद्ध तथा साम्राज्यवादी दमन के ख़िलाफ़ एक दिन की राजनीतिक हड़ताल की। जितने देश युद्ध में शरीक थे, उनमें यह पहली युद्ध-विरोधी आम हड़ताल थी। हड़ताल के दिन शाम को बम्बई के कामगार मैदान में एक विराट सभा हुई जिसमें एक प्रस्ताव पास हुआ। उसमें कहा गया था :

> "यह सभा ऐलान करती है कि वह अन्तरराष्ट्रीय मजदूर वर्ग और संसार की जनता के साथ है, जिसे साम्राज्यवादी ताक़तें इस भयंकर विनाशकारी युद्ध में जबर्दस्ती खींच रही हैं।"

देश में उन ताक़तों का ज़ोर बढ़ रहा था जो यह चाहती थीं कि साम्रा-ज्यवाद से एक निर्णायक युद्ध किया जाय। इसका एक सबूत यह था कि १६३६

और १६४० में मजदूर-किसान शक्तियों तथा उग्रवादी राष्ट्रवादियों पर सरकार निर्ममता से प्रहार कर रही थी। इसके अलावा, अक्तूबर १६४० में गांधी जी ने जिस अत्यन्त सीमित ढंग का और तरह-तरह की शर्तों के बंधनों में जकड़ा हुआ आन्दोलन चलाया, उससे भी यही मालूम पड़ता था। सत्याग्रहियों की सूची तैयार करके गांधी जी के पास जांच और अनुमति के लिए भेज दी जाती थी। जिन सत्याग्रहियों को गांधी जी अनुमति दे देते थे, उनके लिए जरूरी होता था कि वे पुलिस को पहले से यह सूचना दे दे कि वह किस स्थान पर और कब युद्ध के विरोध में प्रतीकात्मक सत्याग्रह करेंगे। फिर भी आनेवाले महीनों में व्यापक पैमाने पर गिरफ्तारियां हुईं और जेलखाने भर दिये गये।

जब १६४१ के उत्तरार्ध की घटनाओं ने युद्ध के स्वरूप में एकदम मौलिक परिवर्तन ला दिया, तो देश इसी प्रकार के गतिरोध में फंसा हुआ था। सोवियत संघ पर जर्मनी ने चढ़ाई कर दी। ब्रिटेन और सोवियत के बीच समझौता हो गया। उधर सुदूर-पूर्व में जापानियों ने हल्ला बोल दिया और ब्रिटेन व सोवियत संघ का संयुक्त मोर्चा विशाल हो गया और वह ब्रिटेन, अमरीका, सोवियत संघ और चीन का फासिस्ट-विरोधी मोर्चा बन गया। इस सबके कारण युद्ध का मौलिक स्वरूप बदल गया। भारत के राष्ट्रवादी लोकमत पर इसका तुरन्त प्रभाव पड़ा—हालांकि उसके सब हिस्सो पर नही। पं. नेहरू ने १६४१ में कहा : "अब दुनिया की प्रगतिशील ताकतें उस पक्ष के साथ हैं जिसका प्रतिनिधित्व रूस, ब्रिटेन, अमरीका और चीन करते हैं।" इस प्रकार, १६४१ के उत्तरार्ध से अंग्रेजी सरकार के सामने राष्ट्रीय नेताओं से समझौता कर लेने का एक नया अवसर पैदा हो गया।

लेकिन, अंग्रेजी सरकार की तरफ से कांग्रेस को नकारात्मक जवाब मिला। प्रधान मंत्री चर्चिल ने खास तौर पर ऐलान किया कि भारत, बर्मा तथा साम्राज्य के अन्य हिस्सों पर अटलांटिक चार्टर लागू नही होता। इससे भारत के राष्ट्रवादियों को बहुत क्रोध हुआ और फासिस्ट-विरोधी सयुक्त मोर्चे की मुखालफ़त करनेवाली प्रवृत्तियो को बल मिला।

फिर भी, दिसम्बर १६४१ में सरकार ने कांग्रेस के प्रमुख नेताओं को जेल से रिहा कर दिया। यह नये सिरे से बातचीत खोलने की दिशा में पहला क़दम था। दिसम्बर १६४१ के अन्त में कांग्रेस ने बारदोली का वह प्रस्ताव पास किया, जिसमें उसने ऐलान किया था कि वह संयुक्त राष्ट्रों के मित्र के रूप में हथियार हाथ में लेकर फासिस्ट देशों का मुकाबला करेगी, बशर्ते भारत एक राष्ट्रीय सरकार के नेतृत्व में अपनी जनता को गोलबन्द कर सकने की स्थिति में हो। भारत के बाहर अमरीका, ऑस्ट्रेलिया और चीन की सरकारें अंग्रेजी सरकार पर नयी नीति अपनाने के लिए दबाव डालने लगीं। राष्ट्रपति रूजवेल्ट

ने ऐलान किया कि अटलांटिक चार्टर "सारी दुनिया" पर लागू होता है। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री ने कहा कि भारत को लड़ाई के दौरान में ही खुद-मुख्तार हुकूमत बनाने का अधिकार मिल जाना चाहिए। च्यांग काई-शेक १९४२ में भारत आये।

इस प्रकार, १९४२ के वसन्त के आते-आते भारत में राष्ट्रीय सरकार की स्थापना के आधार पर फासिस्ट-विरोधी युद्ध में कांग्रेस के सहयोग करने का सवाल सबके सामने उभर कर आ गया था। अंग्रेज अधिकारी अब भी विरोध कर रहे थे। इसी बीच मार्च में जापानियों के रंगून आ पहुंचने से फौरन कुछ करने की आवश्यकता पैदा हो गयी।

८ मार्च को रंगून का पतन हुआ।

११ मार्च को क्रिप्स-मिशन का ऐलान हो गया।

लेकिन क्रिप्स का प्रस्ताव इस बात पर आकर टूट गया कि कांग्रेस लड़ाई के दौरान में ऐसी राष्ट्रीय सरकार चाहती थी जिसके हाथ में काफ़ी ताकत हो, लेकिन अंग्रेजी सरकार इसके लिए क़तई तैयार नहीं थी। बातचीत टूट जाने पर कलकत्ते के स्टेट्समैन ने भी यही कहा था :

> "दोष इंडिया आफिस और भारत सरकार के नौकरशाही हिस्से का है।"

३. अगस्त प्रस्ताव और उसके बाद (१९४२-४५)

कांग्रेस फासिस्ट-विरोधी युद्ध में सहयोग करना चाहती थी। जब उसकी कोशिशें असफल हो गयीं तो कुछ समय तक आगा-पीछा करने और कोई सुनिश्चित फैसला न करने के बाद वह देश की मांग को पूरा कराने के उद्देश्य से असहयोग के मार्ग पर बढ़ चली।

असहयोग के विषय में कांग्रेस का प्रस्ताव पहले जुलाई में प्रकाशित हुआ और फिर संशोधित रूप में वह अन्तिम रूप से ८ अगस्त को स्वीकार हुआ (उसके खिलाफ १३ वोट पड़े थे। खिलाफ़ में वोट देनेवालों का नेतृत्व कम्युनिस्ट पार्टी ने किया था। उसे २२ जुलाई को क़ानूनी करार दिया गया था, जो उसके बढ़ते हुए प्रभाव तथा शक्ति का सूचक था)।

इस प्रस्ताव में एक बार फिर संयुक्त राष्ट्रों के साथ हमदर्दी जाहिर की गयी थी और यह मांग दोहरायी गयी थी कि भारत को एक स्वतंत्र सहयोगी के रूप में स्वीकार किया जाय ताकि वह अपनी राष्ट्रीय सरकार के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्रों के सहयोग से फासिज्म का हथियारबन्द विरोध कर सके। लेकिन प्रस्ताव

के अन्तिम अश मे यह कहा गया था कि यदि राष्ट्र की माग को नही माना जाता है, तो जनता असहयोग करे। प्रस्ताव में कहा गया था :

> "इसलिए समिति तै करती है कि भारत की स्वतत्रता तथा स्वाधीनता के अधिकार को मनवाने के लिए अधिक से अधिक व्यापक पैमाने पर जन-संघर्ष आरम्भ किया जाय ताकि पिछले २२ वर्षों में देश ने शान्तिपूर्ण संघर्ष चलाकर जितनी भी अहिसक शक्ति सचित की है, उसका वह उपयोग कर सके।"

अगस्त प्रस्ताव को लेकर बहुत तीखी बहस चली है। उसकी कोई भी आलोचना करने से पहले यह समझना आवश्यक है कि कांग्रेसी नेता स्वतंत्रता के आधार पर सहयोग करने की हरेक कोशिश करके हार गये थे और उन्होने निराश और विवश होकर यह रास्ता अपनाया था। फिर भी, यदि यह देखा जाय कि अगस्त प्रस्ताव का भारत के अन्दर और दुनिया के जनवादी लोकमत पर क्या प्रभाव पड़ा, तो इसमे कोई सन्देह नही कि दोनों ही दृष्टि से यह प्रस्ताव अविवेकपूर्ण था। राजनीतिक दृष्टि से प्रस्ताव में एक ऐसी घातक असंगति थी जिससे यह ज़ाहिर होता था कि प्रस्ताव तैयार करनेवालों के मन में उद्देश्य स्पष्ट नही था। प्रस्ताव की भूमिका कुछ कहती थी और निष्कर्ष कुछ कहता था; और दोनो के बीच ऐसा विरोध था जिस पर किसी तरह की व्याख्या से लीपापोती नही की जा सकती थी। एक तरफ तो प्रस्ताव यह मानता था कि १६४१ से युद्ध का स्वरूप साम्राज्यवादी नही रह गया है। वह कहता था कि अब इस युद्ध को दो प्रतिद्वन्दी साम्राज्यवादी गुटों का ऐसा युद्ध नही माना जा सकता जिसके परिणाम के प्रति कांग्रेस उदासीन रह सकती हो। प्रस्ताव ने साफ़-साफ कहा था कि अब यह ऐसा युद्ध बन गया है जिसमें कांग्रेस संयुक्त राष्ट्रों की विजय चाहती है। प्रस्ताव का यह उद्देश्य बताया गया था कि "सयुक्त राष्ट्रों के पक्ष की जीत हो" और "भारत उनका सहयोगी बने।" उसमें यह ख़ास तौर पर ऐलान किया गया था कि कांग्रेस को इस बात की बड़ी चिन्ता है कि "चीन या रूस की हिफाजत का इन्तज़ाम किसी तरह कमज़ोर न होने पाये" और "सयुक्त राष्ट्रो की हिफ़ाज़त करने की ताक़त किसी तरह ख़तरे में न पड़े।" मगर प्रस्ताव के अन्त में जो कार्यक्रम पेश किया गया था, वह ऐसा था जिसे कार्यान्वित करने पर संयुक्त राष्ट्रों के पक्ष के एक बड़े देश में भयानक अन्दरूनी कलह और अव्यवस्था शुरू हो जाती, और इससे अमल में सयुक्त राष्ट्रो की हिफाजत करने की ताक़त निस्सदेह ख़तरे में पड़ जाती और फासिस्ट ताक़तों की जीत होने में मदद मिलती। और ध्यान रहे कि यह एक ऐसा कार्यक्रम था जिसे १६३६-४० में तब ग़लत समझा गया था,

जब युद्ध (कांग्रेस के शब्दों में) "साम्राज्यवादी उद्देश्यों के लिए" लड़ा जा रहा था। उस वक्त जन-आन्दोलन या आम सत्याग्रह के हर प्रस्ताव का सख्ती से विरोध किया जाता था और दलील दी जाती थी कि उससे ब्रिटिश साम्राज्यवाद के युद्ध-प्रयत्नों में बाधा पड़ेगी।

यह सच है कि इस तरह का संघर्ष छेड़ने का कोई गम्भीर इरादा नहीं था। न ही उसके लिए नेताओं ने कोई तैयारी की थी। उन्होंने तो सिर्फ़ समझौते की बातचीत छेड़ने के लिए संघर्ष की धमकी दी थी। अपनी नीति के समर्थन में नेताओं ने बार-बार यह दलील पेश की है, जिससे सिर्फ़ यही प्रकट होता है कि *उनका दृष्टिकोण कितना अगम्भीर और दिवालिया था। युद्ध* की नाजुक परिस्थिति में वे कोरी गीदड़भभकी की नीति पर चलना चाहते थे। इसे दाव लगाना ही कहा जा सकता है।

दावपेंच की दृष्टि से भी प्रस्ताव अत्यन्त अविवेकपूर्ण था। उससे साम्राज्यवादी प्रतिक्रियावादियों को हमला करने के लिए वह बहाना मिल गया जिसके लिए वे बहुत दिनों से इन्तजार कर रहे थे। कांग्रेस की पुरानी फ़ासिस्ट-विरोधी परम्परा बेदाग़ थी। उधर साम्राज्यवाद का पुराना इतिहास फ़ासिस्टों का साथ देने का था। इसलिए जब तक कांग्रेस भारत की ऐसी निर्णायक राजनीतिक शक्ति के रूप में दुनिया के सामने आती रही, जो फासिज्म के खिलाफ़ सारे संसार की जनता के युद्ध में भाग लेने के लिए भारत की जनता को भी संगठित करना चाहती थी, तब तक साम्राज्यवाद का हथकंडा नहीं चल पाया। लेकिन जैसे ही अगस्त प्रस्ताव पास हुआ, वैसे ही साम्राज्यवाद को यह कहने का मौक़ा मिल गया कि वह तो जापानी फ़ासिज्म के हमले से भारत की हिफ़ाजत करना चाहता है, लेकिन कांग्रेस हिफ़ाजत की कोशिशों में गड़बड़ी पैदा कर रही है। उसे भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन को फासिस्ट-परस्त, जापान-परस्त और संयुक्त *राष्ट्रों की जनता के युद्ध-उद्योग में तोड़फ़ोड़ करनेवाला आन्दोलन बताकर बदनाम* करने का मौक़ा मिल गया। और इस आरोप को अपना राजनीतिक आधार बनाकर साम्राज्यवाद ने राष्ट्रीय आन्दोलन का दमन करने की अपनी प्रतिक्रियावादी नीति चालू कर दी। अतएव, अगस्त प्रस्ताव स्वतंत्रता प्राप्त करने का हथियार नहीं था। वह साम्राज्यवादियों के उकसावे में आ जाने और उनके बिछाये हुए जाल में फंस जाने का तरीक़ा था।

कांग्रेस के जिस अल्प-संख्यक भाग (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी) ने इस प्रस्ताव का विरोध किया, वह बराबर नेताओं को यह चेतावनी देता आ रहा था कि इस प्रस्ताव का क्या फल होगा। राष्ट्रीय आन्दोलन के जिन फासिस्ट-विरोधी मजदूर-वर्गीय हिस्सों का प्रतिनिधित्व कम्युनिस्ट पार्टी करती थी, वे शुरू से ही स्वतंत्रता संग्राम के विषय में एक स्पष्ट तथा सुसंगत नीति देश के

सामने रख रहे थे। उनका कहना था कि इस युद्ध से जो नये काम और ज़िम्मेदारियां पैदा हुई हैं, उनको आगे बढ़कर संभाला जाय। उस नाज़ुक स्थिति में असहयोग के बदले उन्होंने एक ठोस कार्यक्रम देश के सामने रखा :

> १. फासिज़्म का मिलकर मुक़ाबला करने के एक समान कार्यक्रम के आधार पर कांग्रेस, मुस्लिम लीग और अन्य सभी राजनीतिक पार्टियों को मिलाकर भारत में संयुक्त राष्ट्रीय मोर्चा बनाना।
>
> २. इस तरह के राष्ट्रीय मोर्चे के आधार पर, सभी हिस्सों के समर्थन से अंग्रेज़ी सरकार पर यह दबाव डालना कि वह समझौता करे और राष्ट्रीय सरकार बनने दे।
>
> ३. इस न्यायोचित राजनीतिक मांग पर ज़ोर देने के साथ-साथ युद्ध-उद्योग में पूरे जोश से भाग लेना, जनता को गोलबन्द करना और जनता के युद्ध-उद्योग को मज़बूत करने के लिए तथा फासिज़्म के खिलाफ राष्ट्रीय प्रतिरोध को बढ़ाने के लिए, राष्ट्रीय आन्दोलन के नेतृत्व में ग़ैर-सरकारी तौर पर जनता को जत्थेबन्द करना।
>
> ४. असहयोग की नीति को भारतीय जनता के हितों के लिए घातक समझकर दृढ़तापूर्वक अस्वीकार करना।

लेकिन उस वक्त देश में चूंकि बहुत गुस्सा था और ब्रिटेन का शासक वर्ग राष्ट्रीय सरकार की मांग को पूरा करने के लिए तैयार नहीं था, इसलिए यह नीति राष्ट्रीय आन्दोलन के अधिकांश भाग का समर्थन न प्राप्त कर सकी।

कांग्रेस का प्रस्ताव ८ अगस्त को पास हुआ। ९ अगस्त की सुबह को सभी प्रमुख कांग्रेस नेता गिरफ्तार कर लिये गये। इस पर देश भर में प्रदर्शन हुए और असंगठित एवं आंशिक रूप से जहां-तहां मुठभेड़ें और टक्करें हुईं, जिनका पुलिस और फ़ौज ने अत्यन्त क्रूरतापूर्वक दमन किया। बहुत से मारे गये। हज़ारों ज़ख्मी हुए।

९ अगस्त, १९४२ और ३१ दिसम्बर, १९४२ के बीच, सरकारी बयानों के अनुसार ६२,२२९ आदमी गिरफ्तार किये गये; १८,००० भारत रक्षा क़ानून के मातहत बिना मुक़दमा जेलों में बन्द कर दिये गये; ९४० आदमी पुलिस या फ़ौज की गोलियों से मारे गये; और १,६३० ज़ख्मी हुए।

राष्ट्रीय नेताओं की गिरफ्तारी के बाद देश में जो गुस्सा फैला और जनता ने जो प्रदर्शन किये, वे अत्यन्त व्यापक और स्वयं-स्फूर्त थे। लेकिन इस तरह जो छिट-पुट टक्करें हुईं, बेचैनी फैली या अलग-अलग गुटों और दलों की तरफ़ से जो परस्पर-विरोधी हिदायतें जारी हुईं, वे कांग्रेस के किसी संगठित आन्दोलन का प्रतिनिधित्व नहीं करती थीं। कांग्रेस ने उनके लिए कभी अनुमति नहीं दी

थी। आन्दोलन छेड़ने का अधिकार केवल गांधी जी को दिया गया था; लेकिन उन्होंने खुलेआम ऐलान किया था कि इन झगड़ों का कांग्रेस से कोई सम्बंध नही है। यह तो बाद की बात है कि एक अस्थायी और संकीर्ण राजनीतिक मक़सद के लिए अगस्त १९४२ और उसके बाद के महीनो की नेता-विहीन उलझी हुई घटनाओ को "अगस्त संग्राम" का नाम देने की कोशिश की गयी, जो बहुत चतुराई की कोशिश नही थी।

अगस्त की घटनाओं के बाद राष्ट्रीय आन्दोलन अव्यवस्थित हो गया। कोई संगठित नेतृत्व और स्पष्ट नीति नही रह गयी। इसका परिणाम यह हुआ कि आनेवाले वर्षों में राजनीतिक गतिरोध के साथ-साथ निराशा और उलझन का दौर-दौरा रहा। मुस्लिम लीग की ताक़त इसी दौर में तेज़ी से बढ़ी।

६ मई, १९४४ को अस्वस्थ हो जाने के कारण गांधी जी रिहा कर दिये गये। उन्होंने बाहर आते ही ऐलान किया कि ८ अगस्त, १९४२ के प्रस्ताव का जन-सत्याग्रह सम्बंधी भाग स्वयं रद्द हो गया है, क्योंकि १९४४ में वह १९४२ की तरफ़ लौटकर नही जा सकते। लेकिन गतिरोध क़ायम रहा।

१९४५ की गरमियों में गतिरोध दूर करने की फिर एक कोशिश की गयी। केन्द्रीय धारासभा में कांग्रेस पार्टी और मुस्लिम लीग पार्टी के दो नेताओं के बीच एक अस्थायी समझौता हो गया। समझौते का आधार यह था कि सरकार में कांग्रेस और लीग के बराबर-बराबर सदस्य रहें। यह प्रस्ताव वायसराय लार्ड वेवेल के सामने रखा गया। वह सलाह लेने उड़कर लन्दन गये और वहा से अंग्रेज़ी सरकार का एक नया ऐलान लेकर लौटे। कांग्रेस और लीग के प्रतिनिधियों ने जिस शर्त को मंज़ूर किया था, उसमें इस ऐलान ने बहुत होशियारी से एक तब्दीली कर दी। उनके समझौते में कांग्रेस और लीग की बराबरी की बात थी। सरकारी ऐलान में उसे "सवर्ण हिन्दुओ और मुसलमानो की बराबरी" में बदल दिया गया। यानी अब समस्या साम्प्रदायिक बन गयी और इस तब्दीली की वजह से समझौते की बातचीत का टूट जाना निश्चित हो गया। कांग्रेस, मुस्लिम लीग और अन्य पार्टियों के प्रतिनिधियों का सम्मेलन, जो जून १९४५ में शिमला में बुलाया गया था, असफल रहा।

इस तरह, युद्ध समाप्त होने पर जब सारी दुनिया की कौमें आज़ादी की ओर बढ़ रही थीं, भारत वैसा ही गुलाम बना रहा, जैसा कि वह युद्ध के पहले था। लेकिन भारतीय जनता के एक ऐसे नये और विराट उभार के लिए परिस्थितिया परिपक्व हो गयी थीं, जो भारत में अंग्रेज़ी शासन की नींव को चकनाचूर कर देनेवाला था।

पन्द्रहवां अध्याय

भारत में अंग्रेजी शासन का अन्त

स्वातंत्र्य-युद्ध में फासिज्म पर विजय होने के फलस्वरूप सारी दुनिया में जनता की शक्तियां प्रगति के मार्ग पर बढ़ चलीं।

योरप में नात्सी क़ब्ज़ा खतम हो जाने के बाद प्रगतिशील जनवादी सरकारें बनीं, जिनका आधार फासिज्म से लोहा लेनेवाली लड़ाकू शक्तियां थीं, और जिनमें कम्युनिस्ट पार्टियां भी शामिल थीं। ब्रिटेन का विकास अपेक्षाकृत धीरे-धीरे हो रहा था। मगर वहां भी मतदाताओं ने टोरी पार्टी को सरकार से निकाल बाहर किया और पार्लमेंट का पूर्ण बहुमत पहली बार लेबर पार्टी को सौंप दिया। १९४७ तक पश्चिमी योरप में अमरीकी हस्तक्षेप मार्शल योजना और आर्थिक सहायता के ज़रिए इस जनवादी विकास को रोकने में कामयाब हो गया; मगर पूर्वी योरप के नये जनवादी राज्यों में जनता आगे बढ़ती गयी; उसने जनता के सच्चे जनतन्त्र की स्थापना की जिसमें मेहनतकशों का राज कायम हुआ और ज़मींदारी प्रथा तथा बड़े पूंजीपतियों के प्रभुत्व का खातमा कर दिया गया; और फिर वह समाजवाद के निर्माण की ओर आगे बढ़ चली।

एशिया में राष्ट्रीय स्वतंत्रता के क्रान्तिकारी संग्रामों की लहर इस तरह उठी, जैसी आज तक इतिहास में कभी नहीं देखी गयी थी। १९४९ में चीनी क्रान्ति ने अन्तिम रूप से और पूर्ण विजय प्राप्त कर ली और साम्राज्यवादियों तथा उनके दलालों को चीन की भूमि से साफ़ कर दिया। दक्षिण-पूर्वी एशिया में स्वतंत्रता आन्दोलनों तथा उनकी सेनाओं ने नये आज़ाद राज्य क़ायम कर दिये। इन सेनाओं ने पश्चिमी ताकतों की साम्राज्यवादी फ़ौजों के पहुंचने के पहले ही जापानी फ़ौजों को अपने देशों से मार भगाया था। पर बाद को पश्चिमी ताकतों की फौजों ने वहां पहुंचकर लम्बे औपनिवेशिक युद्ध आरम्भ कर दिये। उनका उद्देश्य यह था कि इन देशों की जनता ने जो नयी आज़ादी

हासिल की थी, उसे खतम कर दिया जाय और या तो सीधे तौर पर, या फिर अपनी कठपुतलियों की आड़ में इन मुल्कों पर फिर से औपनिवेशिक शासन थोप दिया जाय। लेकिन वियतनाम, मलाया और बर्मा में साम्राज्यवादियों तथा उनकी कठपुतलियों की सेनाओं के हमले के मुक़ाबले में जनता के स्वातंत्र्य-मोर्चे ने मैदान नहीं छोड़ा। कोरिया पर अमरीका के नेतृत्व में सभी साम्राज्यवादियों ने मिलकर हमला किया। वे पूरे कोरिया को अमरीकी उपनिवेश बना देना चाहते थे। यह युद्ध तीन वर्ष तक चलता रहा। अमरीकी सेना ने पूरे देश को तबाह कर दिया और साधारण नागरिकों का क़त्लेआम किया; मगर साम्राज्यवादी कामयाब नहीं हुए।

भारत अधिक पेचीदा रास्तों से आज़ादी की ओर आगे बढ़ा। चीन और दक्षिण-पूर्वी एशिया के देशों की तरह भारत पर न तो जापानियों का क़ब्ज़ा हुआ था और न ही वहां आज़ादी के लिए जनता का हथियारबन्द आन्दोलन चला था। युद्ध समाप्त होने पर सब देशों की तरह यहां भी राष्ट्रीय विद्रोह की ज़बर्दस्त लहर उठी। लेकिन, दूसरी तरफ़, यहां चूंकि लड़ाई के ज़माने में साम्राज्यवादी मशीन ज्यों की त्यों बनी रही थी, और राष्ट्रीय आन्दोलन पर बड़े पूंजीपतियों के उन नेताओं का प्रभुत्व अब भी क़ायम था जिन्होंने युद्ध के बाद जनता के क्रान्तिकारी उभार का सक्रिय विरोध किया और यहां तक कि उसके खिलाफ साम्राज्यवाद के सेनानायकों और गवर्नरों के साथ सहयोग किया, इसलिए भारत में एक खास तरह के समझौते की सम्भावना पैदा हो गयी। १९४७ के समझौते से भारत में अंग्रेजों के औपनिवेशिक शासन का अन्त हो गया, लेकिन साथ ही उससे भारत में जन-क्रान्ति के बढ़ाव को रोकने के लिए दोनों पक्षों के ऊपरी वर्गों की शक्तियों का एक संयुक्त मोर्चा भी क़ायम हो गया।

१. १९४५-४६ का राष्ट्रीय उभार

१९४५ में शिमला सम्मेलन की असफलता से यह स्पष्ट हो गया था कि ब्रिटेन की साम्राज्यवादी नीति किस दलदल में फंस गयी है। लेकिन, साथ ही उससे यह बात भी ज़ाहिर हो गयी थी कि कांग्रेस और मुस्लिम लीग के नेताओं के बीच एक बहुत ही गहरी खाई है जो ऊपर से देखने में लगता है कि कभी नहीं भरेगी। परन्तु जनता में साम्राज्यवाद के खिलाफ एक होकर लड़ने की ज़बर्दस्त इच्छा थी। यह बात कलकत्ता, बम्बई और अन्य बड़े शहरों के प्रदर्शनों से स्पष्ट हो गयी थी। इन प्रदर्शनों में जनता कांग्रेस और मुस्लिम लीग दोनों के झंडों को साथ लेकर चलती थी और बहुत से शहरों में तो उनके हाथ में कम्युनिस्ट

पार्टी के झंडे भी देखे गये थे। दुर्भाग्य से जनता की इस एकता को देखकर भी ऊपरी नेताओं ने एकता क़ायम नहीं की।

फिर भी, आन्दोलन आगे बढ़ता ही गया—न केवल नागरिक बल्कि फ़ौज के लोग भी उसमें खिंच आये। यह भारत के लिए एक नयी घटना थी। उसके क्रान्तिकारी महत्व को समझने मे न तो साम्राज्यवादी शासको ने भूल की और न राष्ट्रीय आन्दोलन के उच्च-वर्गीय नेताओं ने। इसके पहले, १९३० में गढ़वाली सिपाहियों ने गोली चलाने से इनकार किया था। पर अब तो फ़ौजों में और खासकर हवाई सेना तथा समुद्री बेड़े में बड़े पैमाने की हड़तालें हो रही थी, जिनसे यह पता चलता था कि अंग्रेज़ी ताक़त का आधार और उसका यंत्र ही छिन्न-भिन्न हो रहा है।

१९४६ में भारत की समुद्री सेना की बगावत ने मानो बिजली की तरह चमककर भारतीय क्रान्ति की परिपक्व होती हुई समस्त शक्तियों को खोलकर सामने रख दिया। १९०५ में रूस के पोतेम्किन जहाज़ के नाविकों ने विद्रोह किया था। १९१७ में वहां क्रोंसतात के मल्लाहों ने बगावत का झंडा बुलन्द किया था। १९१८ में जर्मनी मे कील के जहाज़ियो ने विद्रोह किया था। इन सब विद्रोहो की स्मृति बताती है कि समुद्री सेनाओं के विद्रोह महान जन-क्रान्तियो के लिए अग्रदूत का काम करते आये हैं। १९४६ में भारत के समुद्री बेड़े में जो विद्रोह हुआ, उसके समर्थन में देश में जो जन-आन्दोलन उठा और बम्बई के मेहनतकशों ने जिस बहादुरी के साथ उनका साथ दिया—ये सारी घटनाएं भारत के इतिहास में एक नया युग आरम्भ होने की सूचना दे रही थी। फरवरी के उन ऐतिहासिक दिनो में यह बात स्पष्ट हो गयी कि भारत मे जनता की प्रगति के मित्र कौन हैं और शत्रु कौन हैं।

विद्रोही जहाज़ियों ने शुरू से ही कांग्रेस और मुस्लिम लीग के नेताओं से सम्पर्क बना रखा था। लेकिन उनसे उन्हें कोई मदद नही मिली। जहाज़ियों ने एक केन्द्रीय हड़ताल-कमिटी बना ली और पूर्ण अनुशासन क़ायम रखा। इस विद्रोह का केन्द्र बम्बई था। बम्बई की जनता ने दिल खोलकर विद्रोहियों की मदद की और जहाजों में खाना पहुंचाया। अंग्रेज अधिकारी आन्दोलन के विस्तार को देखकर हक्के-बक्के रह गये। घबराकर उन्होंने क्रूर दमन का सहारा लिया। जल्दी-जल्दी फ़ौजें और जंगी जहाज़ बम्बई और कराची भेजे गये। जब भारतीय सिपाहियों ने गोली चलाने से इनकार कर दिया, तो अंग्रेज फ़ौजों को बुलाया गया और २१ फरवरी को कैसिल बारिक के बाहर सात घंटे तक लड़ाई चलती रही। २१ तारीख को तीसरे पहर ऐडमिरल गोडफ्रे ने रेडियो पर विद्रोहियों को धमकी दी कि "सरकार के पास प्रचंड ताकत है; वह उसका पूरा-पूरा इस्तेमाल करेगी... भले ही समुद्री बेड़ा नेस्तनाबूद क्यों न हो जाय [illegible] [illegible]

इसके जवाब में केन्द्रीय जहाज़ी हड़ताल-कमिटी ने शहर की जनता से शान्तिपूर्ण हड़ताल करने की अपील की। हालांकि उस वक्त यह ज़रूरी था कि गोरे ऐडमिरल की इस धमकी को चलने न दिया जाय और विद्रोही जहाज़ियों की जान बचायी जाय, मगर कांग्रेस के नेतृत्व की तरफ़ से सरदार वल्लभभाई पटेल ने हड़ताल का समर्थन करने से इनकार किया और उसके ख़िलाफ़ हिदायतें जारी कर दीं। बम्बई की ट्रेड यूनियनों ने और कम्युनिस्ट पार्टी ने हड़ताल का समर्थन किया और सरदार पटेल की हिदायतों के बावजूद बम्बई की मेहनतकश जनता ने केन्द्रीय जहाज़ी हड़ताल-कमिटी की अपील पर २२ फरवरी को ज़बर्दस्त हड़ताल की। अंग्रेज़ अधिकारियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर आन्दोलन का दमन करने की कोशिश की। सरकारी आंकड़ों के अनुसार २१ से २३ फरवरी तक, तीन दिन के भीतर २५० नर-नारी मारे गये।

अन्त में, २३ फरवरी को सरदार पटेल के दबाव से केन्द्रीय हड़ताल-कमिटी ने आत्म-समर्पण का निश्चय कर लिया। सरदार पटेल ने जहाज़ियों को आत्म-समर्पण कर देने की सलाह दी थी और आश्वासन दिया था कि "कांग्रेस इस बात की भरसक कोशिश करेगी कि हड़तालियों से बदला न लिया जाय।" इसी तरह का आश्वासन मुस्लिम लीग ने भी दिया था। लेकिन, दो दिन के भीतर ही हड़ताल के नेता पकड़ लिये गये। हड़ताल-कमिटी के अध्यक्ष ने अपने आख़िरी बयान में कहा था "हम भारत के सामने आत्म-समर्पण कर रहे हैं, ब्रिटेन के सामने नहीं।"

फरवरी के दिनों में जहाज़ियों की बग़ावत और बम्बई की जनता के संघर्ष से यह बात एकदम स्पष्ट हो गयी कि १९४६ के शुरू में भारत में जो विस्फोटक स्थिति पैदा हो रही थी, उसमें कौनसी शक्तियां किधर थीं। उससे एक तरफ़ आन्दोलन का ऊंचा स्तर, जनता का साहस और दृढ़ निश्चय, और हिन्दू-मुस्लिम एकता तथा कांग्रेस-लीग एकता के लिए जनता की ज़बर्दस्त भावना प्रकट हुई थी। उससे मालूम होता था कि यह आन्दोलन फ़ौजों तक में पहुंच गया है और इसलिए अब अंग्रेज़ी शासन का आधार सुरक्षित नहीं रह गया है। मगर दूसरी तरफ़, इन घटनाओं से यह भी प्रकट हुआ था कि कांग्रेस और मुस्लिम लीग के उच्च-वर्गीय नेता जन-आन्दोलन के ख़िलाफ़ थे और क़ानून और व्यवस्था के प्रतिनिधि के रूप में जनता के ख़िलाफ़ अंग्रेज़ी साम्राज्यवाद के साथ मिले हुए थे। उनकी तरफ़ से बयान पर बयान निकाले गये जिनमें उन साम्राज्यवादी अधिकारियों की हिंसा की निन्दा नहीं की गयी थी जिन्होंने तीन दिन के भीतर सैकड़ों को गोलियों से भून दिया था, बल्कि उस निहत्थी जनता की "हिंसा" की निन्दा की गयी थी जो गोरी फ़ौज की गोलियों का शिकार हुई थी। कांग्रेस के अध्यक्ष मौलाना आज़ाद ने ऐलान किया था :

"मजदूरों या शहरियों की हड़तालों का और देश की अस्थायी हुकूमत को हुक्म-उदूली का अब कोई मौक़ा नही है। इस वक्त विदेशी शासक अस्थायी तौर पर देश की रखवाली कर रहे है। उनसे लड़ने की अभी हाल मे कोई वजह नही पैदा हुई है।"

गांधी जी ने भी एक महत्वपूर्ण बयान में हिन्दुओ और मुसलमानो की "अपवित्र एकता" की निंदा की क्योंकि वह अहिसा के सिद्धान्त को ठुकराकर स्थापित हुई थी।

इस प्रकार, जन-आन्दोलन और बडे पूजीपति वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले उस राष्ट्रीय नेतृत्व के बीच की वह खाई, जो चौरीचौरा काड के बाद १६२२ में और गाधी-इरविन समझौते के समय १६३१ मे पहले भी प्रकट हो चुकी थी, इस बार और भी ऊचे स्तर पर प्रकट हुई।

अंग्रेज शासको को राष्ट्रीय मोर्चे की इस कमजोरी को समझने मे देर न लगी और उन्होने उससे पूरा-पूरा फायदा उठाया। जैसा कि बाद को कैबिनेट मिशन की कार्रवाइयों से पता चला, अब ब्रिटिश साम्राज्यवाद की पूरी नीति कांग्रेस और मुस्लिम लीग के नेताओं को इस्तेमाल करने की हो गयी। अंग्रेज शासक एक तरफ उनको यह आशा बंधाते थे कि शासन की बागडोर शान्तिपूर्ण ढंग से उनके हाथों में आ जायेगी और दूसरी तरफ उनको जनता का डर दिखाते थे और साथ ही उनके आपसी मतभेद और विरोध से फायदा उठाते थे।

१८ फरवरी को बम्बई में जहाजियों की हड़ताल शुरू हुई।

१६ फरवरी को मि. एटली ने कामस-सभा में ऐलान किया कि ब्रिटिश मंत्रि-मंडल का एक प्रतिनिधि-मंडल भारत भेजा जायगा।

२. कैबिनेट मिशन और माउंटबैटन समझौता

१६४६ के उत्तरार्ध तथा १६४७ के शुरू के महीनों में साम्राज्यवाद के प्रतिनिधियों तथा कांग्रेस और लीग के नेताओ के बीच बातचीत चलती रही (कैबिनेट मिशन के लौट जाने के बाद साम्राज्यवाद की तरफ से वायसराय लार्ड वैवेल बातचीत चलाने लगे)। एक तरफ यह कभी खतम न होनेवाली बातचीत चल रही थी; दूसरी तरफ भारत मे संकट अधिकाधिक गहरा होता जा रहा था।

कल-कारखानों के मजदूरों की हड़तालों की लहर बराबर ऊपर उठती जा रही थी। १६४५ में कुल ७४७,००० मजदूरों ने हड़तालों में हिस्सा लिया था और उनमें ४,०५४,००० काम के दिन जाया हुए थे। १६४६ में १,६४१,००० मजदूरो ने हड़तालो मे हिस्सा लिया और उनमें १२,६७८,००० यानी १६४५

के तिगुने दिन जाम हुए। १९४७ के पहले आठ महीनों में १,३२३,००० मजदूरों ने हड़तालों में हिस्सा लिया और उनमें ११,१९५,८६३ यानी १९४६ के लगभग बराबर काम के दिन जाम हुए। इस प्रकार जब साम्राज्यवाद से समझौते की बातचीत में लगे हुए नेताओं की नीति के कारण राष्ट्रीय आन्दोलन का बड़ा हिस्सा असंगठित और पंगु होकर पड़ा हुआ था, तब मजदूर वर्ग का संघर्ष बराबर जोर पकड़ रहा था।

इसके साथ-साथ, देशी राजाओं के शासन के खिलाफ रियासती जनता का आन्दोलन नयी ऊंचाइयों पर पहुंच गया था। खास तौर पर त्रावणकोर और हैदराबाद में, और सबसे अधिक तो कश्मीर में यह बात प्रकट हुई, जहां महाराजा के शासन को खतम करने के लिए शेख अब्दुल्ला तथा नेशनल कानफ्रेंस के नेतृत्व में चलनेवाले "कश्मीर छोड़ो" आन्दोलन का जवाब क्रूर दमन, जेल, लाठी-गोली और आतंक-राज से दिया गया।

दूसरी ओर, साम्राज्यवादी साजिश के सामने नेताओं के आत्म-समर्पण से आन्दोलन में जो अव्यवस्था पैदा हो गयी थी, उसका प्रभाव भी दिखाई देने लगा था। मजदूर वर्ग तथा रियासती जनता के आन्दोलन के साथ-साथ प्रतिक्रियावादी तथा फूटपरस्त शक्तियों का हमला भी बढ़ रहा था। १९४५ के अन्त में और कैबिनेट मिशन के आने से पहले १९४६ के शुरू में देश में जो महान राष्ट्रीय उभार आया था, साम्प्रदायिक एकता उसकी एक खास विशेषता थी। कैबिनेट मिशन ने फूट डालने की नीति अपनायी और लगातार हिन्दुओं और मुसलमानों के मतभेदों को बढ़ाने की कोशिश की। उनको मदद मिली कांग्रेस और लीग के उन नेताओं से जो अंग्रेज साम्राज्यवादियों से समझौता करने और एक-दूसरे को किसी भी तरह नीचा दिखाने की नीति पर चल रहे थे। नतीजा यह हुआ कि एक बार फिर देश में साम्प्रदायिक कलह की आग भड़क उठी। जून १९४६ में साम्प्रदायिक झगड़े फिर शुरू हो गये जिससे यह पता चलता है कि कैबिनेट मिशन भारत में क्या काम कर गया था। १९४६ का पतझड़ आते-आते साम्प्रदायिक कलह ने खून-खराबी और हत्याकांडों का रूप धारण कर लिया। अगस्त में मुस्लिम लीग ने कलकत्ते में "सीधी कार्रवाई" का दिन मनाया, तो वहां ऐसा भयंकर दंगा हुआ जैसा पहले कभी नहीं हुआ था। और फिर तो ऐसे दंगों का तांता लग गया। कलकत्ते के बाद अक्तूबर में पूर्वी बंगाल में दंगे हुए। फिर बिहार में मुस्लिम-विरोधी दंगे हुए। इन साम्प्रदायिक दंगों में हजारों आदमी मौत की घाट उतार दिये गये, लाखों हजार जख्मी और बेघरबार हो गये, अनेक जगहों में बड़े पैमाने पर हत्याकांड रचे गये और आग लगाने, लूटने और तरह-तरह के अत्याचार करने की तो कोई सीमा ही न रही।

"अहिंसा" के सिद्धान्त ने जनता की क्रान्तिकारी शक्ति को कुंठित और पंगु किया था और साम्राज्यशाही के खिलाफ उसे उभरने से रोका था। अब इस भयानक हिंसा और खून-खच्चर के रूप में उसका बदला मिल रहा था। प्रतिक्रियावादी नेताओं ने जनता की शक्तियो को विकृत और पथभ्रष्ट करके, असली दुश्मनों की तरफ से उनका ध्यान हटाकर, उन्हें भाई-भाई की लड़ाई तथा एक-दूसरे के विनाश मे लगा दिया था। साम्प्रदायिक भावना का ज़ोर पहले मुस्लिम लीग में था। अब हिन्दू महासभा तथा अन्य सम्प्रदायवादी हिन्दू सगठनो के तेजी से बढने के साथ-साथ, कांग्रेस के कार्यकर्ताओ में भी साम्प्रदायिक विष फैल गया और उसका कांग्रेस के मेरठ अधिवेशन पर जबर्दस्त प्रभाव पड़ा। वहा सरदार पटेल ने ज़ोरदार तालियो की आवाज़ के बीच ऐलान किया: "तलवार का जवाब तलवार से दिया जायगा!" यह साम्राज्यवाद से लडने का आवाहन नही था, बल्कि मुसलमानों से लड़ने की गुहार थी।

साम्राज्यवाद के सामने वडा भयानक सकट था, जो दिन-ब-दिन और ज्यादा गहरा होता जा रहा था। एक तरफ़ मज़दूर वर्ग तथा किसानो के सघर्ष और देशी राजाओ के शासन के ख़िलाफ़ जनता के विद्रोह बढ रहे थे, तो दूसरी तरफ़ राजनीतिक विश्रृखलता और प्रतिक्रियावादी साम्प्रदायिक कलह तथा अराजकता भी बढ़ रही थी। इन दोनों ही बातो से यह प्रकट हो रहा था कि सकट गहरा हो रहा था। अतएव, साम्राज्यवाद ने राजनीतिक समझौते की क्रिया को तेज करने की कोशिश की। अगस्त १९४६ में कांग्रेसी और मित्र नेताओं को शामिल करके एक नयी अन्तरिम सरकार बनायी गयी। नेहरू उसके प्रमुख थे। इस सरकार को अब भी वायसराय की कार्यकारिणी काउंसिल के रस्मी ढाचे के अन्दर ही काम करना था। अक्तूबर में उसमें मुस्लिम लीग के प्रतिनिधि भी शामिल कर लिये गये। लेकिन यह अन्तरिम सरकार सयुक्त मत्रि-मडल के रूप में काम न कर सकी। दोनो दलों के नेताओ के बीच खुलेआम विरोध चलता रहा और केन्द्रीय सरकार के पूर्णतया निष्क्रिय हो जाने का खतरा पैदा हो गया।

दिसम्बर १९४६ में अंग्रेजी सरकार तथा भारतीय नेताओं का एक सम्मेलन लन्दन मे बुलाया गया। उसमें एटली, वेवेल, नेहरू और जिन्ना शरीक हुए। इस सम्मेलन से भी गतिरोध का कोई हल न निकला। लेकिन सम्मेलन के निष्कर्ष की घोषणा करते हुए अंग्रेज़ी सरकार ने जो बयान जारी किया, उसके अन्त मे एक अर्थभरी धारा जोड़ दी गयी:

"यदि ऐसी विधान परिषद ने, जिसमें भारत की आबादी के एक बड़े भाग के प्रतिनिधि शरीक नहीं हों, कोई विधान बनाया तो ज़ाहिर

के तिगुने दिन ज़ाम हुए। १९४७ के पहले आठ महीनों में १,३२३,००० मज़दूरों ने हड़तालों में हिस्सा लिया और उनमें ११,१९५,८६३ यानी १९४६ के लगभग बराबर काम के दिन ज़ाम हुए। इस प्रकार जब साम्राज्यवाद से समझौते की बातचीत में लगे हुए नेताओं की नीति के कारण राष्ट्रीय आन्दोलन का बड़ा हिस्सा असंगठित और पंगु होकर पड़ा हुआ था, तब मजदूर वर्ग का संघर्ष बराबर ज़ोर पकड़ रहा था।

इसके साथ-साथ, देशी राजाओं के शासन के खिलाफ़ रियासती जनता का आन्दोलन नयी ऊंचाइयो पर पहुच गया था। खास तौर पर त्रावणकोर और हैदराबाद में, और सबसे अधिक तो कश्मीर में यह बात प्रकट हुई, जहा महाराजा के शासन को खतम करने के लिए शेख अब्दुल्ला तथा नेशनल कानफ्रेंस के नेतृत्व में चलनेवाले "कश्मीर छोड़ो" आन्दोलन का जवाब क्रूर दमन, जेल, लाठी-गोली और आतंक-राज से दिया गया।

दूसरी ओर, साम्राज्यवादी साजिश के सामने नेताओं के आत्म-समर्पण से आन्दोलन में जो अव्यवस्था पैदा हो गयी थी, उसका प्रभाव भी दिखाई देने लगा था। मजदूर वर्ग तथा रियासती जनता के आन्दोलन के साथ-साथ प्रतिक्रियावादी तथा फूटपरस्त शक्तियों का हमला भी बढ़ रहा था। १९४५ के अन्त में और कैबिनेट मिशन के आने से पहले १९४६ के शुरू में देश में जो महान राष्ट्रीय उभार आया था, साम्प्रदायिक एकता उसकी एक खास विशेषता थी। कैबिनेट मिशन ने फूट डालने की नीति अपनायी और लगातार हिन्दुओ और मुसलमानों के मतभेदों को बढ़ाने की कोशिश की। उनको मदद मिली कांग्रेस और लीग के उन नेताओं से जो अंग्रेज साम्राज्यवादियो से समझौता करने और एक-दूसरे को किसी भी तरह नीचा दिखाने की नीति पर चल रहे थे। नतीजा यह हुआ कि एक बार फिर देश में साम्प्रदायिक कलह की आग भड़क उठी। जून १९४६ में साम्प्रदायिक झगड़े फिर शुरू हो गये जिससे यह पता चलता है कि कैबिनेट मिशन भारत मे क्या काम कर गया था। १९४६ का पतझड आते-आते साम्प्रदायिक कलह ने खून-खराबी और हत्याकांडों का रूप धारण कर लिया। अगस्त में मुस्लिम लीग ने कलकत्ते में "सीधी कार्रवाई" का दिन मनाया, तो वहा ऐसा भयंकर दगा हुआ जैसा पहले कभी नहीं हुआ था। और फिर तो ऐसे दंगों का ताता लग गया। कलकत्ते के बाद अक्तूबर में पूर्वी बंगाल में दगे हुए। फिर बिहार में मुस्लिम-विरोधी दगे हुए। इन साम्प्रदायिक दंगों में हज़ारों आदमी मौत की घाट उतार दिये गये, दसियों हज़ार जख्मी और बेघरबार हो गये, अनेक जगहों में बडे पैमाने पर हत्याकांड रचे गये और आग लगाने, लूटने और तरह-तरह के अत्याचार करने की तो कोई सीमा ही न रही।

"अहिंसा" के सिद्धान्त ने जनता की क्रान्तिकारी शक्ति को कुंठित और पंगु किया था और साम्राज्यशाही के खिलाफ उसे उभरने से रोका था। अब इस भयानक हिंसा और खून-खच्चर के रूप में उसका बदला मिल रहा था। प्रतिक्रियावादी नेताओं ने जनता की शक्तियों को विकृत और पथभ्रष्ट करके, असली दुश्मनों की तरफ से उनका ध्यान हटाकर, उन्हें भाई-भाई की लड़ाई तथा एक-दूसरे के विनाश में लगा दिया था। साम्प्रदायिक भावना का ज़ोर पहले मुस्लिम लीग में था। अब हिन्दू महासभा तथा अन्य सम्प्रदायवादी हिन्दू संगठनों के तेज़ी से बढ़ने के साथ-साथ, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में भी साम्प्रदायिक विष फैल गया और उसका कांग्रेस के मेरठ अधिवेशन पर जबर्दस्त प्रभाव पड़ा। वहां सरदार पटेल ने ज़ोरदार तालियों की आवाज़ के बीच ऐलान किया : "तलवार का जवाब तलवार से दिया जायगा।" यह साम्राज्यवाद से लड़ने का आवाहन नहीं था, बल्कि मुसलमानों से लड़ने की पुकार थी।

साम्राज्यवाद के सामने बड़ा भयानक संकट था, जो दिन-ब-दिन और ज्यादा गहरा होता जा रहा था। एक तरफ मज़दूर वर्ग तथा किसानों के संघर्ष और देशी राजाओं के शासन के खिलाफ जनता के विद्रोह बढ़ रहे थे, तो दूसरी तरफ राजनीतिक विश्रृंखलता और प्रतिक्रियावादी साम्प्रदायिक कलह तथा अराजकता भी बढ़ रही थी। इन दोनों ही बातों से यह प्रकट हो रहा था कि संकट गहरा हो रहा था। अतएव, साम्राज्यवाद ने राजनीतिक समझौते की क्रिया को तेज़ करने की कोशिश की। अगस्त १६४६ में कांग्रेसी और सिख नेताओं को शामिल करके एक नयी अन्तरिम सरकार बनायी गयी। नेहरू उसके प्रमुख थे। इस सरकार को अब भी वायसराय की कार्यकारिणी काउंसिल के रस्मी ढांचे के अन्दर ही काम करना था। अक्तूबर में उसमें मुस्लिम लीग के प्रतिनिधि भी शामिल कर लिये गये। लेकिन यह अन्तरिम सरकार संयुक्त मंत्रि-मंडल के रूप में काम न कर सकी। दोनों दलों के नेताओं के बीच खुलेआम विरोध चलता रहा और केन्द्रीय सरकार के पूर्णतया निष्क्रिय हो जाने का खतरा पैदा हो गया।

दिसम्बर १६४६ में अंग्रेज़ी सरकार तथा भारतीय नेताओं का एक सम्मेलन लन्दन में बुलाया गया। उसमें एटली, वेवेल, नेहरू और जिन्ना शरीक हुए। इस सम्मेलन से भी गतिरोध का कोई हल न निकला। लेकिन सम्मेलन के निष्कर्ष की घोषणा करते हुए अंग्रेज़ी सरकार ने जो बयान जारी किया, उसके अन्त में एक अर्थभरी धारा जोड़ दी गयी :

> "यदि ऐसी विधान परिषद ने, जिसमें भारत की आबादी के एक बड़े भाग के प्रतिनिधि शरीक नहीं हों, कोई विधान बनाया तो ज़ाहिर

है कि बादशाह सलामत की सरकार ऐसे विधान को देश के उन भागों पर लादने की बात नही सोच सकती जो उससे असहमत हों।"

ऐलान का मतलब साफ था। "भारत की आबादी के एक बड़े भाग" से यहां देश की उस तीन-चौथाई आबादी से मतलब नही था जिसे अंग्रेज़ी सरकार ने वोट देने का हक भी नही दिया था और जिसने उन प्रान्तीय धारासभाओं के चुनाव मे कोई भाग नही लिया था जिनको प्रस्तावित "विधान परिषद" के सदस्यों को चुनना था। उसका मतलब केवल मुस्लिम लीग से था जिसने विधान परिषद के बहुमत के फ़ैसलों को मानने से इनकार कर दिया था। और सबने उसका यही मतलब लगाया भी। इस बयान मे पहली बार इस बात की साफ़ झलक मिली कि अंग्रेज़ी सरकार भारत की समस्या को उसका बटवारा करके "हल" करने जा रही है। इस बयान से मुस्लिम लीग को मुकम्मिल वीटो करने का अधिकार मिल जाता था, और पहले से इस बात की गारटी हो जाती थी कि यदि मुस्लिम लीग ने इस वीटो का इस्तेमाल किया, तो अंग्रेज़ी सरकार जबर्दस्ती देश का बंटवारा कर देगी।

१९४७ के शुरू के महीनो में सकट बराबर गहरा होता गया और उसके साथ-साथ सरकारी दमन भी तेज होता गया। जनवरी १९४७ में कम्युनिस्ट पार्टी के दफ्तरो पर सारे देश में एक साथ छापे मारे गये और सैकडों कम्युनिस्ट नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। ये गिरफ्तारियां साम्राज्यवाद की साधारण पुलिस ने की थीं, मगर थोडा हीला-हवाला करने के बाद अन्त मे उनकी ज़िम्मेदारी केन्द्रीय सरकार की तरफ से गृह-मंत्री सरदार पटेल ने अपने ऊपर ले ली। २१ फरवरी को उन्होंने केन्द्रीय धारासभा के सामने बयान देते हुए स्वीकार किया कि १,९६० कम्युनिस्ट गिरफ्तार हुए हैं। ब्रिटिश प्रतिनिधियों ने लन्दन भेजी जानेवाली रिपोर्टों में इस बात पर ज़ोर दिया कि परिस्थिति हाथ से निकली जा रही है और सरकारी महकमों में अव्यवस्था फैल जाने का ख़तरा पैदा हो गया है, इसलिए जल्द से जल्द राजनीतिक समझौता हो जाना चाहिए।

फरवरी १९४७ मे, अंग्रेज़ी सरकार ने जल्दी समझौता कराने के उद्देश्य से कुछ नये क़दम उठाये। वायसराय लार्ड वेवेल को वापिस बुला लिया गया और उनकी जगह लार्ड माउंटबैटन को नियुक्त किया गया। वह लडाई के जमाने मे दक्षिण-पूर्वी एशिया में मित्र राष्ट्रों की सेनाओ के प्रधान सेनापति थे (अपनी युवावस्था में वह १९२१ में ब्रिटिश युवराज के साथ भारत का दौरा भी कर चुके थे)। लार्ड माउंटबैटन को जल्दी से समझौता कराने के लिए नयी हिदायतें दी गयी जिनका असली मतलब यह था कि भारत का बंटवारा कर

दिया जाय। इसके साथ-साथ प्रधान मन्त्री मि. एटली ने २० फरवरी का कामंस-सभा में एक नया ऐलान किया। उसमें कहा गया था :

> "बादशाह सलामत की सरकार यह बात साफ़ कर देना चाहती है कि जून १९४८ के पहले-पहले जिम्मेदार भारतीय हाथों में सत्ता सौंप देने के लिए जरूरी क़दम उठाने का उसका पक्का इरादा है।"

साथ ही साथ इस ऐलान में यह चेतावनी दी गई कि बर्तानवी सरकार किसी विधान सभा द्वारा बनाये गये ऐसे किसी विधान को स्वीकार नहीं करेगी जो कैबिनेट मिशन योजना के "सुझावों के अनुसार" न हो और "एक पूर्णतया प्रतिनिधि विधान सभा द्वारा न बनाया गया हो," यानी, मुस्लिम लीग की सहमति के साथ न बनाया गया हो; और यह कि यदि मुस्लिम लीग ने मंजूरी नहीं दी, या भारतीय विधान सभा के बहुमत प्रतिनिधियों ने एक ऐसा विधान बनाया जिसे बर्तानिया का अनुमोदन प्राप्त न हो, तो :

> "बादशाह सलामत की सरकार को यह तय करना होगा कि निश्चित तिथि पर ब्रिटिश भारत में केन्द्रीय सरकार की सत्ता किसके हाथों में सौंपी जाय; पूर्ण रूप से ब्रिटिश भारत के लिए किसी प्रकार की केन्द्रीय सरकार को दे दी जाय, या कुछ इलाकों में वर्तमान प्रान्तीय सरकारों को सौंप दी जाय अथवा किसी ऐसे तरीके से हस्तांतरित किया जाय जो सबसे अधिक युक्तिसंगत और भारतीय जनता के श्रेष्ठतम हित में हो।"

देशी राज्यों के बारे में ऐलान में यह कहा गया था :

> "देशी राज्यों के बारे में बादशाह सलामत की सरकार सर्वोच्च सत्ता के अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को ब्रिटिश भारत की किसी भी सरकार को सौंपना नहीं चाहती। सत्ता हस्तांतरित होने की अन्तिम तारीख के पहले सर्वोच्च सत्ता की व्यवस्था को खतम करने का कोई इरादा नहीं है; लेकिन यह इरादा जरूर है कि बीच के काल के लिए अलग-अलग रियासतों के साथ अंग्रेजी सत्ता के सम्बन्धों में समझौते के जरिए जरूरी रद्दोबदल कर लिये जाय।"

३. १९४७ के समझौते का स्वरूप

फरवरी १९४७ का यह ऐलान उन शर्तों को समझने की कुंजी है जिनके अनुसार नयी शासन व्यवस्था का श्रीगणेश होनेवाला था। इसलिए उस पर अच्छी तरह

गौर कर लेना ज़रूरी है। भारत की जनता को अपनी इच्छा के अनुसार नयी सरकार का स्वरूप तै करने का कतई कोई अधिकार नही दिया गया था। इस बात का भी कोई सवाल नही था कि बालिग मताधिकार के आधार पर भारत की जनता द्वारा स्वतंत्रतापूर्वक चुनी हुई किसी स्वतत्र विधान परिषद् को बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के जनता की तरफ़ से विधान बनाने का पूर्ण अधिकार रहेगा। सही माने मे प्रभुसत्ता सम्पन्न जनवादी राज्य सदा इसी प्रकार स्थापित होता है। मगर यहां ऐसी कोई बात नही थी।

इसके विपरीत, अंग्रेज़ी सरकार ने पहले से ही इसके बहुत ही सख्त और साफ नियम बना दिये थे कि वह किस प्रकार के विधान की इजाज़त देगी। यह बात भी साफ कर दी गयी थी कि यदि साम्राज्यवादी सरकार द्वारा एकदम एकतरफा ढंग से बनाये गये इन नियमो और शर्तों को नही माना गया, तो फ़ैसला केवल साम्राज्यवादी सरकार के हाथो में रहेगा और वही एकतरफा ढंग-से यह फ़ैसला करेगी कि वह "सत्ता" को किन "जिम्मेदार भारतीय हाथों में" "हस्तातरित" करेगी। दूसरे शब्दो में, इस प्रारम्भिक अवस्था में **अभी कोई स्वतंत्र प्रभुसत्ता सम्पन्न राज्य नहीं क़ायम हो रहा था, बल्कि साम्राज्यवाद ऐसे अधिकारियों के हाथों में ताक़त सौंप रहा था जो उसे अपने लिए हितकारी प्रतीत होते थे।** यानी, माउटबैटन समझौते के द्वारा अंग्रेज़ो के औपनिवेशिक शासन के खातमे से स्वतत्रता की ओर भारत की प्रगति केवल आरम्भ हो रही थी।

कैबिनेट मिशन की पुरानी योजना की जगह पर जो नयी माउटबैटन योजना बनायी गयी, वह बहुत तेज़ी से तैयार की गयी और जून में प्रकाशित कर दी गयी। और अगस्त १९४७ तक वह अमल में भी आ गयी, हालाकि इसके लिए पहले जून १९४८ की तारीख तै की गयी थी। इतनी जल्दी इसलिए की गयी क्योकि सकट बहुत गहरा हो गया था और सरकारी अधिकारी भी यह मानते थे कि यदि भारत में साम्राज्यवाद की सत्ता को भरभराकर गिर पड़ने से बचाना है और संकट का कोई क्रान्तिकारी हल निकलने से रोकना है, तो जरूरी है कि समझौता जल्द से जल्द हो जाय। जैसा कि **संडे टाइम्स** के संवाददाता ने ४ मई, १९४७ को लिखा था कि ब्रिटिश अधिकारी यह देख रहे थे कि "सम्भव है कि जून १९४८ आने के पहले ही भारत में अराजकता फैल जाय।"

माउटबैटन योजना मे इस बात की पूरी तफसील मौजूद थी कि भारत का बंटवारा किस तरह होगा और बटे हुए भारत के दो अलग-अलग हिस्सों की अलग-अलग सरकारों को डोमीनियन स्टेटस के रूप में जिम्मेदारी किस तरह बहुत जल्दी से सौंप दी जायगी।

भारत के बड़े राजनीतिक संगठनों के नेताओं ने माउटबेंटन योजना को स्वीकार किया। कांग्रेस और मुस्लिम लीग के राजनीतिक नेताओं को योजना के बारे में काफ़ी सन्देह थे, पर उन्होंने उसे मंज़ूर कर लिया।

भारत के वामपक्षियों ने, जिनमें सोशलिस्ट, कम्युनिस्ट और उग्र राष्ट्रवादी सभी शामिल थे, इस योजना की सख्त आलोचना की, क्योंकि वह देश के टुकड़े करने की योजना थी और उससे सचमुच जनता के हाथों में सत्ता नही पहुचती थी। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा :

"स्वतंत्रता आन्दोलन पूरे देश की मुकम्मिल आज़ादी चाहता है। भारत के बटवारे की नयी अंग्रेजी योजना के ज़रिए उस पर हताश हमला किया गया है।... माउंटबेटन योजना 'भारत छोड़ो' की योजना नही है; वह तो वास्तव में एक ऐसी योजना है जिसके ज़रिए ज्यादा से ज्यादा आर्थिक तथा फ़ौजी नियंत्रण अंग्रेजों के हाथों में रखने की कोशिश की गयी है।"

ब्रिटेन में टोरी और लेबर पार्टी, दोनों ने योजना का समर्थन किया।

अन्तरराष्ट्रीय दुनिया में, अमरीकी सरकार का मत प्रकट करनेवाले अख़बारों ने योजना की बड़ी तारीफ़ें कीं। अधिकतर देशों के दक्षिण-पंथी अख़बारों का भी यही रुख रहा। मगर, रायटर के शब्दों में, "वामपंथी अख़बारों ने सभी देशों में योजना की आलोचना की।" सोवियत आलोचना ज़ुकोव के शब्दों में इस प्रकार प्रकट हुई :

"ब्रिटेन को मजबूर होकर अमरीका से सबक सीखना पड़ा है और फ़िलीपाइंस के विषय में उसकी इस नीति की नकल करनी पड़ी है कि नाममात्र की झूठी आज़ादी दे दो। यानी भारत से इस तरह हटो कि वहीं बने रहो।"

माउंटबेटन योजना की नयी और केन्द्रीय विशेषता भारत का बंटवारा कर देना था। अन्य सब बातों में वह केवल भारत के बड़े पूंजीपति वर्ग के साथ साम्राज्यवाद के संयुक्त मोर्चे के उस सिद्धान्त को ही और आगे ले जाती थी, जो कैबिनेट मिशन की योजना के रूप में पहले ही सामने आ चुका था।

कई पीढ़ियों से अंग्रेजी सरकार इस बात की खास तौर पर शेखी बघारती आयी थी कि उसने भारत को एकता के सूत्र में बांधा है। पर वही भारत जो दो हज़ार वर्ष पहले अशोक और चन्द्रगुप्त के काल में और साढ़े तीन सौ वर्ष पहले अकबर के काल में एकताबद्ध हो चुका था, अंग्रेजों के दो सौ वर्ष के राज के बाद अन्त में दो विरोधी टुकड़ों में खंडित होकर पराश्रित भारतीय शासकों

को सौंप दिया गया। भारत के लिए जरूरी बना दिया गया कि वह "फूट डालो और राज करो" की इस घातक साम्राज्यवादी विरासत को दूर करने के लिए एक लम्बा और तकलीफ़देह रास्ता तै करे।

माउंटबैटन योजना के अनुसार भारत का बंटवारा हो जाने से बहुत बड़ी खराबियां पैदा हो गयी।

एक तो इस योजना के मातहत राज्यो की सीमाएं भाषा, संस्कृति या जाति के आधार पर नही तै की गयी, बल्कि धर्म के आधार पर तै की गयी। इसका सिर्फ यही मतलब नही हुआ कि सीमाएं मनमाने ढग से बनायी गयी, जिनको लेकर और झगडे बढ गये, बल्कि इसका यह भी नतीजा हुआ कि जिन राज्यो को एक विशेष धर्म का बहुमत होने के आधार पर बनाया गया था, उनमे दूसरे धर्म के बहुत बडे अल्पमत को भी शामिल कर लिया गया। इससे न सिर्फ धर्म के भेद पर आधारित दो अलग-अलग राज्यों में भारत खंडित हो गया; बल्कि राजनीतिक बंटवारे का आधार चूंकि धार्मिक भेदो को बनाया गया था, इसलिए भारत के हर शहर और गाव मे, हर क्षेत्र मे ये भेद पैदा हो गये और पहले से कई गुना बढ गये। भारत मे अन्दरूनी झगड़ो को स्थायी बना देने का इससे अच्छा कोई तरीका नही हो सकता था। माउटबैटन योजना के अमल मे आते ही बहुत खौफनाक दगे और कत्लेआम शुरू हो गये और करोड़ों शरणार्थी घर-द्वार छोड़कर एक देश से दूसरे देश को भागने लगे। भारत के इतिहास मे यह सब पहले कभी नही हुआ था।

दूसरे, एक संयुक्त भारतीय सरकार के बदले, एक-दूसरे के मुक़ाबले मे खड़ी हुई दो भारतीय सरकारो को ताकत सौंपने का यह परिणाम हुआ कि दोनों सरकारो के बीच हमेशा कलह रहने लगी और बराबर झगड़े होने लगे। देशी रियासतो ने इस परिस्थिति मे और पेचीदगी पैदा कर दी, क्योंकि हर सरकार चाहती थी कि रियासतें उसके साथ आयें, और उनको साथ लेने के लिए दोनों सरकारो मे होड चलती थी। एक बरस के अन्दर दोनों राज्य सीधे-सीधे एक-दूसरे के खिलाफ़ फौजी कार्रवाई करने लगे। साथ ही, हर राज्य इस कोशिश में लग गया कि उसे सयुक्त राष्ट्र सघ के जरिए दूसरे राज्य के खिलाफ साम्राज्यवादी अधिकारियो की मदद मिल जाय। इस बात से झगड़ा कम नही हुआ कि दोनो डोमीनियनो की सेनाओं के प्रधान सेनापति अंग्रेज थे, और दोनों मे बहुत से अंग्रेज अफसर थे, बल्कि इससे पेचीदगियां और बढ गयी। जैसा कि ३ अगस्त, १९४८ को मंचेस्टर गार्जियन ने लिखा था :

> "कश्मीर की लड़ाई मे पाकिस्तान के सरकारी तौर पर भाग लेने से पूरे ब्रिटिश कॉमनवेल्थ के लिए गम्भीर समस्याएं पैदा हो गयी हैं।

यह पहला मौका है कि दो डोमीनियनों की फौजों ने आपस में जंग किया है... ।

"इसके अलावा, पाकिस्तानी तथा भारतीय दोनों ही सेनाओं के प्रधान सेनापति अंग्रेज हैं, दोनों के सलाहकार अंग्रेज हैं, और भारतीय फ़ौज में हालांकि बहुत थोड़े अंग्रेज अफ़सर हैं, मगर पाकिस्तानी फौज में कई सौ अंग्रेज अफ़सर हैं। इस तरह अंग्रेज ही परस्पर विरोधी पातों में खड़े हैं।"

तीसरे, भारत का बटवारा इस तरह किया गया कि आर्थिक तथा राजनीतिक सम्बंध तोड़ डाले गये, एक-दूसरे पर निर्भर करनेवाले उद्योग-प्रधान तथा कृषि-प्रधान क्षेत्रों को काट दिया गया, रेल और नहरों की व्यवस्थाओं को अधाधुंध ढंग से छिन्न-भिन्न कर दिया गया, और इससे अखिल भारतीय आर्थिक विकास के रास्ते में और विकास की एक अखिल भारतीय योजना बनाने के रास्ते में, जो भारत की भावी समृद्धि के लिए अत्यन्त आवश्यक है, एक बड़ी भारी रुकावट खड़ी हो गयी। इस प्रकार, बटवारे से जनवादी आन्दोलन और मजदूर-किसान आन्दोलनों के विकास के रास्ते में ज्यादा से ज्यादा कठिनाइयां पैदा हो गयीं। इन सारे आन्दोलनों और उनके संगठनों का अखिल भारतीय आधार पर विकास हुआ था। पर अब नये राज्यों के बन जाने के परिणाम-स्वरूप एक तो इन आन्दोलनों और संगठनों के दो टुकड़े हो गये; और दूसरे, अब उनके लिए साम्प्रदायिक कलह के उस संतान से लड़ना जरूरी हो गया जिसे साम्राज्यवादी योजना ने पैदा किया था।

माउंटबेटन योजना को बहुत ही तेज़ी के साथ अमल में लाया गया। १५ अगस्त, १९४७ को भारत और पाकिस्तान के दो नये डोमीनियनों की घोषणा हो गयी।

१९४७ का समझौता निस्सन्देह स्वतन्त्रता के मार्ग पर प्रगति में एक ऐतिहासिक मंजिल का प्रतिनिधित्व करता है। उससे भारत में ब्रिटेन का दो सौ वर्ष पुराना औपनिवेशिक शासन समाप्त हो गया—और यह चीज़ अंग्रेज शासकों की दया से नहीं, बल्कि भारतीय जनता के संघर्षों की ताकत से हुई। फिर भी, इस समझौते में अनेक भारी-भरकम दुर्गुण थे। उससे भारत का बटवारा हो गया था, शासन-सत्ता भारत के उन ऊपरी वर्गों को सौंप दी गयी थी जिनका साम्राज्यवाद से सम्बंध था, और उससे भारत पर साम्राज्यवाद का आर्थिक तथा सामरिक प्रभुत्व बना रहता था। अतः पूर्ण स्वतन्त्रता के मार्ग पर भारतीय जनता की प्रगति को बाद के वर्षों में और भी अनेकों महान परिवर्तनों से गुज़रना था।

सोलहवां अध्याय

नवीनतम चरण

साम्राज्यवाद की हर प्रकार की दासता का अन्त करने तथा राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्वतत्रता की समस्याओ को हल करने के लिए भारतीय जनता की आज़ादी की लड़ाई १९४७ के बाद और आगे बढी है और नयी परिस्थितियों मे लड़ी जा रही है।

पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं से यह बात भलीभाति स्पष्ट हो गयी है कि ब्रिटिश साम्राज्य के भीतर भारत तथा पाकिस्तान के डोमीनियनों की स्थापना के रूप में अंग्रेज़ी साम्राज्यवाद और भारत के ऊपरी वर्गों के बीच १९४७ में जो समझौता हुआ था, उससे भारत की आज़ादी की लड़ाई समाप्त नही हो गयी थी, बल्कि, इसके विपरीत, वह समझौता एक अस्थायी परिवर्तनकालीन अवस्था का प्रतिनिधित्व करता था जिसके बाद भारत की आज़ादी की लड़ाई एक नयी और पहले से ऊची अवस्था में प्रवेश करनेवाली थी। यह वह अवस्था है जिसमें भारत का मज़दूर वर्ग, कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में, अधिकाधिक आगे आता है और बड़े पूजीपति वर्ग तथा उसके सहयोगियों से राष्ट्र का नेतृत्व अपने हाथ में लेता है और अन्तिम विजय की ओर अग्रसर होता है।

अग्रेज़ी साम्राज्य के भीतर भारत तथा पाकिस्तान के डोमीनियनों की स्थापना रस्मी तौर पर स्वतंत्र तथा सर्वसत्ता सम्पन्न राज्यों के रूप में हुई थी। १९५० के आते-आते भारत का डोमीनियन भारत का प्रजातंत्र बन गया और ब्रिटेन के राजा को "कामनवेल्थ के प्रमुख" के रूप में मानने लगा। लेकिन, व्यवहार मे अभी भारत तथा पाकिस्तान पर साम्राज्यवाद का आर्थिक और सैनिक शिकंजा टूटा नही था। भारत के आर्थिक साधन तथा उसकी जनता की मेहनत अभी भी अंग्रेज़ी बंक-पूजी के नागफास में कसी हुई थी; और ऊपर से अमरीकी बंक-पूजी भी भारत में घुस रही थी; और जनता का जीवन-स्तर औपनिवेशिक शोषण के निम्नतम स्तर पर पड़ा हुआ था।

भारत अभी साम्राज्यवाद से पूर्णतया स्वतंत्र नही हुआ था। उसकी स्वतंत्रता की अनेक सीमाएं थी। उसको ध्यान में रखते हुए ही भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ने १९५१ में प्रकाशित अपने कार्यक्रम में भारत को १९४७ के बाद भी एक "अर्ध-उपनिवेश" कहा था ("एशिया के सबसे बड़े देशों में अन्तिम, पराधीन अर्ध-औपनिवेशिक देश") और उसके विधान को, जिससे जनता को कुछ आंशिक जनवादी अधिकार ही प्राप्त हुए थे, "विदेशी साम्राज्यवादी हितो, मुख्यतया अंग्रेजी साम्राज्यवादी हितो से बंधे हुए एक जमीदार-पूजीपति राज्य" का विधान बताया था। पाकिस्तान के लिए तो यह वर्णन और भी अधिक उपयुक्त था। वहां अत्यंत सीमित ढग के जनवादी अधिकारों को भी मनमाने तानाशाही फ़रमानों के जरिए कुचला जा रहा था। और १९५४ में पाकिस्तान तथा अमरीका के बीच जो फ़ौजी समझौता हुआ, उसने तो पाकिस्तान को सीधे अमरीकी साम्राज्यवाद के दायरे में लाकर पटक दिया।

लेकिन, इस सबके बावजूद, अंग्रेजी और अमरीकी दोनों साम्राज्यो से आजाद होने की जनता की लड़ाई और बहुत ही प्राथमिक ढग की आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक मांगों को प्राप्त करने का संघर्ष तथा शान्ति की रक्षा का आन्दोलन बराबर आगे बढ़ते गये। १९४९ में चीनी जन-क्रान्ति की अन्तिम विजय के बाद, जनता का यह संघर्ष खास तौर पर तेजी से आगे बढ़ा। संसार की राजनीति में भारत नया रुख अपनाने लगा। वह शान्ति की रक्षा के लिए अधिकाधिक सक्रिय भूमिका अदा करने लगा। देश की अन्दरूनी राजनीतिक स्थिति में भी नयी धाराएं नजर आने लगी। पुराना कांग्रेसी नेतृत्व कमजोर पड़ने लगा और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में जनता की जनवादी शक्तियां आगे आने लगी। पाकिस्तान में भी जनवादी शक्तियों का बल बढ़ा, जैसा कि १९५४ में पूर्वी पाकिस्तान के आम चुनावों में प्रकट हुआ, हालांकि वहा उन्हें अत्यंत क्रूर दमन का सामना करना पड़ा।

१. नयी सरकारें

१९४७ के माउंटबेटन समझौते के जरिए जो नयी सरकारे स्थापित हुई थीं, शुरू में उनकी खास बात यह थी की पुरानी साम्राज्यवादी शासन-व्यवस्था से उनकी शासन-व्यवस्था में कोई खास अन्तर नही पड़ा था। साम्राज्यवाद के पुराने शासन-यंत्र को ज्यों का त्यों अपना लिया गया था। वही नौकरशाही थी; वे ही अदालतें थी; वही पुलिस थी; और दमन के तरीके भी वही थे। निहत्थी जनता पर पुलिस अब भी पहले की तरह ही गोली चलाती थी, लाठी-चार्ज करती थी। अब भी पहले की तरह ही सभा पर रोक लगायी जाती थी, अखबार

बन्द किये जाते थे, लोगो को बिना मुकदमा जेलो में बन्द किया जाता था, मज़दूर यूनियनों और किसान संगठनो का दमन किया जाता था; और जेलों में हजारों उग्रवादी राजनीतिक कार्यकर्ता भरे हुए थे। भारत में साम्राज्यवाद के आर्थिक हितो की, उसकी पूजी की, उसकी अतुलित सम्पत्ति की बड़ी वफ़ादारी के साथ रक्षा की जाती थी; और साम्राज्यवादी शोषण का चक्र अबाध गति से घूम रहा था। सैनिक नियंत्रण अब भी व्यवहार में साम्राज्यवादियो की फ़ौजी कमान के हाथों में था। शुरू-शुरू में तो अंग्रेज गवर्नर-जनरल को ही सघ-राज्य के सर्वोच्च अधिकारी के रूप मे क़ायम रखा गया। दोनो डोमीनियनों के खास-खास प्रान्तो मे अग्रेज़ गवर्नर रखे गये। दोनों राज्यो की सेनाओं के प्रधान सेनापति, सैनिक सलाहकार और ऊचे अफसर भी अग्रेज़ थे।

नयी शासन व्यवस्था के शुरू के सालो में जन-आन्दोलन का, और विशेष कर मजदूर आन्दोलन का दमन चरम सीमा पर पहुच गया। १९४८ में कम्युनिस्ट पार्टी और अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन काग्रेस के खिलाफ, किसानो तथा विद्यार्थियो के संगठनो के खिलाफ और उग्रवादी अखबारों के खिलाफ भी, एक आम हल्ला बोल दिया गया। पश्चिमी बगाल मे, और उसके बाद मद्रास मे भी, कम्युनिस्ट पार्टी गैर-कानूनी करार दे दी गयी। दूसरे प्रान्तो में पार्टी का खुलकर काम करना असम्भव बना दिया गया। मजदूर वर्ग के लगभग सभी प्रमुख नेता या तो गिरफ्तार कर लिए गये या उनके नाम वारट जारी हो गये। जेलो के बाहर निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर और जेलों के अन्दर राजनीतिक कैदियों पर पुलिस ने गोलियां चलायी जिससे बहुत से लोग मारे गये। साम्राज्यवाद ने जनता का दमन करने के लिए जितने क़ानून बनाये थे, नयी सरकारे उन सबका उपयोग कर रही थी, दूसरे नये क़ानून बनाकर उन्होने दमन के हथियारों को और तेज़ बना लिया था। १९४९ में अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन काग्रेस ने बताया कि उस वक्त कुछ नही तो २५,००० मजदूर और किसान नेता जेलो में बन्द थे, जिनमे से अधिकतर बिना मुकदमा नज़रबन्द थे। नयी भारत सरकार द्वारा प्रकाशित सरकारी आंकडो के अनुसार, उसके शासन के पहले तीन वर्षो मे, यानी १५ अगस्त, १९४७ से १ अगस्त, १९५० तक उसकी पुलिस और फौज ने जनता पर १,९८२ बार गोली चलायी, ३,७८४ आदमियो को जान से मारा, लगभग १०,००० को ज़ख्मी किया, ५०,००० को जेल में बन्द किया और जेलों के अन्दर ८२ राजबन्दियो को गोली से उड़ा दिया।

भयानक दमन के इस प्रारम्भिक काल के बाद ही कही भारत मे एक नया परिवर्तन आया। और १९५० के नये विधान के द्वारा (उसकी कुछ गैर-जनवादी बातो के बावजूद) जनता को कुछ जनवादी अधिकार दिये गये और

जनवरी १९५२ में बालिग मताधिकार के आधार पर पहला आम चुनाव हुआ। लेकिन इसके बाद भी जनवादी अधिकारों के लिए सदा संकट बना रहा। इसके बाद भी अक्सर सरकार संकट-कालीन अधिकारों का प्रयोग करती रही, दमनकारी क़ानूनों को काम में लाती रही और लाठी-गोली का इस्तेमाल करती रही।

पाकिस्तान में तानाशाही तरीके अमल में क़ायम रहे, और जनवादी राजनीतिक एवं मजदूर संगठनों का क्रूर दमन जारी रहा। एक गुप्त "षड्यन्त्र" केस के बहाने प्रमुख कम्युनिस्ट, मजदूर तथा जनवादी नेताओं को जेल में डाल दिया गया और लम्बी-लम्बी सजाएं सुना दी गयीं। १९५४ में पूर्वी पाकिस्तान में आम चुनाव हुआ और उसमें क्रुद्ध जनता ने बदनाम मुस्लिम लीगी नेताओं को उठाकर पटक दिया और ९३% वोट उस संयुक्त मोर्चे को दिये जिसने एक प्रगतिशील कार्यक्रम के आधार पर चुनाव लड़ा था। मगर इस चुनाव के आधार पर जो मंत्रि-मंडल बना, उसे ऊपर से (बाल्डविन की टोरी सरकार के बनाये हुए १९३५ के भारत-सरकार क़ानून की ९२ वीं धारा के मातहत) एक तानाशाही फरमान निकालकर बर्खास्त कर दिया गया और पूर्वी बंगाल में फौजी तानाशाही क़ायम कर दी गयी।

आर्थिक नीति का दर्जा भी कम महत्वपूर्ण नहीं था। कांग्रेस के पुराने कार्यक्रम में सभी प्रमुख आर्थिक साधनों तथा उद्योगों के राष्ट्रीकरण की बात थी। कांग्रेस यह बात मानती थी कि इस प्रकार बड़े पैमाने पर राष्ट्रीकरण करना न सिर्फ प्रगतिशील पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक है, बल्कि भारतीय अर्थ-व्यवस्था को विदेशी पूंजी के प्रभुत्व से मुक्त करने के लिए भी जरूरी है। लेकिन डोमीनियन सरकार की स्थापना के बाद यह कार्यक्रम दाखिल दफ्तर कर दिया गया।

१७ फरवरी, १९४८ को प्रधानमंत्री पं० नेहरू ने ऐलान किया :

> "आर्थिक व्यवस्था में कोई आकस्मिक परिवर्तन नहीं होगा। जहां तक सम्भव होगा, मौजूदा उद्योगों का राष्ट्रीकरण नहीं किया जायगा।"

रॉयटर की व्यापारिक समाचार सर्विस के आर्थिक विभाग ने १ अप्रैल को नयी दिल्ली से समाचार भेजा :

> "भारत सरकार की अगले दस वर्षों की औद्योगिक एवं आर्थिक नीति में मौजूदा उद्योगों को बड़े पैमाने पर राष्ट्रीकरण करने का कोई स्थान नहीं होगा।"

६ अप्रैल, १९४८ को आर्थिक नीति के सम्बंध में सरकार का प्रस्ताव प्रकाशित हुआ, जिससे ये सारी भविष्यवाणियां सही साबित हुई। इस प्रस्ताव मे कहा गया था कि उद्योगो पर सरकार का स्वामित्व केवल तीन क्षेत्रों तक सीमित रहेगा : अस्त्र-शस्त्र, एटम शक्ति और रेलवे (इन क्षेत्रों मे पहले से ही सरकार का स्वामित्व था)। कोयला, लोहा, इस्पात तथा अन्य प्रमुख उद्योगों के बारे में सरकार ने ऐलान किया कि उसने "इन क्षेत्रो मे मौजूदा कम्पनियो को अगले दस वर्ष तक विकसित होने देने का निश्चय किया है;" बिजली पर सरकार का नियंत्रण रहेगा और "बाकी सारा औद्योगिक क्षेत्र सामान्यतया निजी व्यवसाय के लिए खुला रहेगा।" इस प्रकार, पहले से जमी हुई बडी इजारेदारियो के हित मे, जिनमे साम्राज्यवादी इजारेदारियां भी शामिल थी, राष्ट्रीकरण के कार्यक्रम की बलि चढ़ा दी गयी।

आर्थिक नीति सम्बधी इस प्रस्ताव के साथ-साथ उसकी एक व्याख्या भी प्रकाशित हुई थी। वह विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उसमे कहा गया था :

"भारतीय बाजारों में हाल में यह डर पैदा हुआ था कि सरकार अनेक उद्योगों का राष्ट्रीकरण करने का प्रयोग करनेवाली है, और इस प्रकार इन उद्योगो की कार्यक्षमता और साख को खतरे में डालनेवाली है। अब यह डर एकदम दूर हो गया है। यह आशा की जाती है कि सरकारी नीति के ऐलान से, सरकारी हुंडियो के दाम फिर अपने पुराने स्तर पर पहुच जायेंगे।

"जानकार हल्को में उम्मीद की जा रही है कि अब चूकि सरकारी नीति मे पुन' विश्वास कायम हो गया है, इसलिए अब पुनर्निर्माण के लिए बड़े-बड़े कर्जे जुटाने के लिए सरकार का रास्ता साफ हो गया है।"

आगे इस व्याख्या में यह आश्वासन दिया गया था कि मुनाफों की हदबदी या नियत्रण का कोई डर नही है ·

"बाजारो में इस बात की बड़ी आशंका थी कि कही सरकार निजी व्यवसायो के मुनाफों की हदबंदी या नियंत्रण न करने लगे। मगर सरकारी नीति का जो ऐलान हुआ है, उसमें इस बात का कोई सकेत नही है और इसलिए अब कम्पनियो के हिस्सों की कीमतो में लाजिमी तौर पर चढाव आयेगा। इससे निजी व्यवसाय को प्रोत्साहन मिलेगा।"

इस बात में भी कोई सन्देह नही रहा कि किस प्रकार के "निजी व्यवसाय" को यह प्रोत्साहन खास तौर पर दिया जा रहा था। यह प्रोत्साहन खास तौर पर साम्राज्यवाद को, यानी अंग्रेजी-अमरीकी पूजी को दिया जा रहा था।

सरकारी प्रस्ताव के साथ जो सरकारी व्याख्या प्रकाशित हुई थी, उसके अन्तिम अंश में सरकारी नीति का यह उद्देश्य बताया गया था :

"प्रस्ताव भारतीय उद्योगों में विदेशी पूंजी तथा विदेशी व्यवसाय को पूर्ण स्वतंत्रता देना चाहता है और साथ ही राष्ट्रीय हित में उस पर नियंत्रण भी रखना चाहता है। प्रस्ताव के इस अंश से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि सरकार औद्योगिक प्रबंध एवं टेक्निकल शिक्षा और पूजी दोनो ही क्षेत्रो में विदेशी मदद की आवश्यकता महसूस करती है और इसलिए यह जरूरी समझती है कि भारतीय व्यवसाय की मदद के लिए विदेशी पूजी तथा विदेशी कौशल का भारत में स्वागत किया जाय।"

"विदेशी पूजी को पूर्ण स्वतंत्रता"—माउंटबैटन समझौते से साम्राज्यवाद को सचमुच बडा ठाठदार मुनाफा हो रहा था !

इसलिए कोई आश्चर्य नही यदि ब्रिटिश पत्र इकोनौमिस्ट ने माउटबैटन समझौते के समय ही यह लिखा था :

"यदि डोमीनियन स्टेटस को तिलांजलि नही दे दी जाती, तो हो सकता है कि कुछ रस्मी नाता भी कायम रह जाय; और अगर कोई नया राजनीतिक रूप अपनाया गया तो भी ब्रिटेन और भारत के बुनियादी सामरिक तथा आर्थिक सम्बंध तो हर हालत मे बने रहेगे।" (७ जून, १९४७)

भारत का साम्राज्यवाद के साथ सम्बध अब भी किस हद तक कायम था, यह बात सैनिक, सामरिक एवं वैदेशिक नीति के क्षेत्र मे और साफ हो गयी, हालाकि बाद की घटनाओं से उसमें कुछ अन्तर पड़ने वाला था।

भारत पाकिस्तान और लंका के डोमीनियनों के सैनिक सगठन तथा सामरिक योजनाओ का नियंत्रण तथा नेतृत्व अंग्रेजों के हाथ में था। यहा तक कि शुरू के काल में उनकी सेनाओं के प्रधान सेनापति भी अंग्रेज थे। उनके अलावा भारतीय तथा पाकिस्तानी सेनाओं मे सैकडों अंग्रेज अफसर काम कर रहे थे। भारतीय समुद्री बेड़े तथा हवाई फौज पर अंग्रेजों का खास तौर पर मजबूत नियंत्रण था। समुद्री बेडे के अफसरो की शिक्षा, सचालन और अस्त्र-शस्त्रों की व्यवस्था सब ब्रिटेन के साथ जुड़ी हुई थी और हवाई फ़ौज के अड्डों का संचालन अंग्रेजी हवाई बेड़े के सहयोग से होता था। लका की त्रिकोमाली की समुद्री चौकी को अब भी अंग्रेजी साम्राज्य की एक मुख्य फौजी चौकी के रूप में बढाया और फैलाया जा रहा था। भारत की धरती पर अब भी अंग्रेजी

फौज के भर्ती के दफ्तर काम कर रहे थे, जहा मलाया की जनता के खिलाफ लडाई चलाने के लिए गुरखा सिपाही भर्ती किये जाते थे।

वैदेशिक नीति के मामले में भारत के बड़े पूंजीपतियों ने साम्राज्यवाद के साथ गठबंधन कर लिया था। भारतीय पूंजीपतियों के प्रमुख पत्र **ईस्टर्न इकोनौमिस्ट** ने ३१ दिसम्बर, १६४८ को स्पष्ट रूप में लिखा था :

> "बाल की खाल निकालनेवाले राजनीतिज्ञ कुछ भी कहें, व्यवहार मे हमारी वैदेशिक नीति ने अब एक निश्चित दिशा पकड़ ली है। अब हम एक ऐसी वैदेशिक नीति अपना रहे हैं जो प्रधानतया कॉमनवेल्थ के साथ हमारी मित्रता बनाये रहेगी।...सोवियत संघ के मुकाबले अमरीका से कॉमनवेल्थ की ज्यादा दोस्ती है। इसलिए उसके साथ सहयोग रखने का मतलब यह होगा कि हम असल मे अमरीका की तरफ झुकेंगे। इस राजनीतिक तथ्य से क्या तार्किक परिणाम निकलेगा, यह अभी से स्पष्ट हो जाना चाहिए। इसका मतलब यह है कि किसी छोटे-मोटे सवाल को छोड़कर हम राष्ट्र सघ मे या कही और कॉमनवेल्थ और अमरीका के रुख के विपरीत रुख नही अपना सकते।"

अप्रैल १६४६ मे लन्दन में डमीनियनों के प्रधान मंत्रियों का एक सम्मेलन हुआ। उसकी ओर से एक घोषणापत्र प्रकाशित हुआ। उसमें भारत को ब्रिटिश कॉमनवेल्थ के भीतर एक स्वतत्र प्रजातंत्र मान लिया गया। ऐलान किया गया कि भारतीय प्रजातत्र ब्रिटेन के राजा को भारत के शासक के रूप में नही, बल्कि "कॉमनवेल्थ के प्रमुख" के रूप में मानेगा। इस ऐलान मे कहा गया था :

> "भारत सरकार ने घोषणा की है कि भारत कॉमनवेल्थ की अपनी पूर्ण सदस्यता बनाये रखना चाहता है और बादशाह को कॉमनवेल्थ के सदस्य स्वतंत्र राष्ट्रों के स्वतत्र सहयोग के प्रतीक के रूप में और इसलिए कॉमनवेल्थ के प्रमुख के रूप में मानता है।"

लन्दन के इस घोषणापत्र का साम्राज्यवादियो ने स्वागत किया क्योंकि उससे अमली शकल मे अंग्रेज़ी साम्राज्य के साथ भारत का सम्बंध बना रहता था। अंग्रेज और अमरीकी साम्राज्यवादियों को भारत से क्या आशाए थी, यह बात १६४६ के पतझड़ में और स्पष्ट हो गयी जब पडित नेहरू अमरीका गये। अक्तूबर १६४६ में **न्यू यौर्क टाइम्स** ने लिखा :

> "एशिया में जनवादी शक्तियों के केन्द्र-बिन्दु के रूप में वाशिंगटन की आशाए भारत पर केन्द्रित हैं, जो एशिया का दूसरे नम्बर का राष्ट्र

है और उस व्यक्ति पर केन्द्रित है जो भारत की नीति को निश्चित करता है। हमारा मतलब प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू से है।"

और अगस्त १६५० में उसने फिर लिखा था :

"एक अर्थ में वह (नेहरू) जनवादी पक्ष के लिए माओ त्से-तुंग का जवाब है, एशिया का समर्थन प्राप्त करने के संघर्ष में पंडित नेहरू को अपने मददगार के रूप में पा जाना कई डिवीजन फ़ौज पा जाने के बराबर है।"

अंग्रेज-अमरीकी साम्राज्यवाद के साथ भारत का सहयोग १६५० की गरमियों में तब चरम सीमा पर पहुंच गया, जब राष्ट्रसंघ में अमरीका ने कोरिया पर अपने फ़ौजी हमले को उचित ठहराते हुए एक ग़ैर-क़ानूनी प्रस्ताव पेश किया और भारत सरकार ने उसका समर्थन किया। लेकिन एशियाई देशों पर पश्चिमी साम्राज्यवादी जो हमले कर रहे थे और जैसी बरबादी ला रहे थे, उसमें उनको भारत का किसी भी प्रकार का सहयोग मिले—इसके खिलाफ़ भारतीय जनता में बहुत ज़बर्दस्त भावना थी। दूसरी ओर, चीनी जनतंत्र की विजय से एशिया में एक नया शक्ति-संतुलन पैदा हो गया था। इन दोनो बातों के कारण इसी समय से नये विरोध पैदा होने लगे और भारत की वैदेशिक नीति में एक नया, महत्त्वपूर्ण परिवर्तन दिखाई देने लगा।

इस आधार पर शुरू में कुछ अस्थायी सफलता प्राप्त कर लेने के कारण अंग्रेज और अमरीकी साम्राज्यवादियों की हिम्मत बढ़ी और वे भारत, पाकिस्तान, और लंका को अपने मुख्य अड्डे के रूप में और एशिया में क्रान्ति-विरोधी शक्तियो के केन्द्र के रूप में इस्तेमाल करने की योजनाएं बनाने लगे। वे चाहते थे कि इन देशों को आधार बनाकर दूसरे एशियाई देशों की जनता के स्वतंत्रता आन्दोलनों पर हमला बोलें।

भारत के बड़े पूंजीपतियों के कुछ खास-खास हल्कों से भी इन योजनाओं को समर्थन मिला। ये लोग एशिया में जन-क्रान्ति के बढ़ाव को देखकर बदहवास थे। इसके साथ ही कुछ उनके अपने आर्थिक हितों का भी सवाल था। वे भारत के बाहर एशिया के अन्य देशों तक फैला हुआ कैसा खुला क्रान्ति-विरोधी मोर्चा बनाना चाहते थे, इसकी एक झलक उप-प्रधान मंत्री स्वर्गीय सरदार पटेल के उस रेडियो भाषण में मिली, जो उन्होंने १५ अगस्त, १६४८ को दिया था :

"एक समय समझा जाता था कि एशिया का नेतृत्व चीन करेगा। मगर वह भयानक घरेलू झगड़ों में फंसा हुआ है।...मलाया, हिन्द-चीन

और वर्मा में भी परिस्थिति चिन्ताजनक है... यदि भारत में अवांछित तत्वों को तुरत सख्ती से नही दबाया गया तो निश्चय ही वे यहां भी वैसी ही अराजकता पैदा कर देंगे जैसी उन्होंने एशिया के कुछ अन्य देशों में पैदा कर दी है।"

"अवांछित तत्व"—"सख्ती से दबाना"—इतिहास का चक्र मानो एकदम घूम गया था। भारत की पूजीवादी राष्ट्रवादिता का दक्षिण-पंथी नेतृत्व भारतीय नव-साम्राज्यवाद के रूप में प्रस्फुटित हो रहा था और अंग्रेज़-अमरीकी साम्राज्यवाद का छोटा साझीदार बनने की कोशिश कर रहा था।

मगर वह आधार गायब था जिसके सहारे यह बात हो सकती। शीघ्र ही घटना-चक्र यह बात स्पष्ट कर देनेवाला था। अगली अवस्था में भारत एक नये तथा भिन्न पथ पर अग्रसर होने की तैयारी कर रहा था।

२. भारत में अंग्रेज़-अमरीकी साम्राज्यवाद

भारत पर आज भी अंग्रेजी साम्राज्यवाद का प्रभुत्व बहुत हद तक कायम है। अमरीकी साम्राज्यवाद का प्रभुत्व उससे कम है, मगर वह बढ रहा है।

राजनीतिक परिवर्तन के बावजूद, भारत की अर्थ-व्यवस्था पर अंग्रेजी बंक-पूजी का प्रभुत्व आज भी सबसे अधिक है। भारत की कोयला खानो पर, चाय और रबड के बागानों पर, तेल के कुओ और तेल साफ़ करने के कारखानो पर और बहुत से इंजीनियरिंग के कारखानों पर आज भी मुख्यतया अंग्रेज पूजीपतियो का स्वामित्व अथवा नियंत्रण है। भारत के विदेशी व्यापार और भारतीय बैंकों के नियंत्रण में निर्णयकारी भूमिका अंग्रेजी पूजी की है। जिन कम्पनियो के मालिक नाम के लिए भारतीय है, उनमें से भी अनेको वास्तव में अंग्रेज मैनेजिग एजेसियो की मातहती में हैं। अंग्रेज और अमरीकी इजारेदारों ने भारतीय इजारेदारों के साथ मिलकर मिली-जुली कम्पनियां खोली हैं, जो नाम के लिए तो भारतीय हैं, मगर उन पर असल में विदेशी पूजी का नियंत्रण है। इन मिली-जुली कम्पनियों के ज़रिए अंग्रेज और अमरीकी इजारेदारो ने भारतीय इजारेदारो को अपने छोटे साझीदारो के रूप में अपने आधीन कर रखा है।

भारत के रिजर्व बैंक ने हिसाब लगाया है कि ३० जून, १९४८ को भारत में ५९६ करोड रुपये की निजी विदेशी पूजी लगी हुई थी। इसमें से ५१६ करोड की दीर्घ-कालीन पूंजी थी। असल में, यह संख्या भी वास्तविक सख्या से कम है क्योंकि उसमे केवल वही व्यापारिक पूजी शामिल है जो सरकारी

कागज़ों में दर्ज है, और उसमें न सिर्फ सरकारी तथा म्युनिसिपल कर्जों के रूप में लगी हुई निजी पूजी शामिल नही है, बल्कि विदेशी बैंकों की सारी पूजी भी उसमें से छोड़ दी गयी है। विदेशी बैंको की पूजी भारत मे बहुत ताकतवर है और देश का अधिकतर वैदेशिक व्यापार उसी की सहायता से चलता है।

भारत सरकार के अर्थ-मत्री श्री चिन्तामण देशमुख ने १६ जून, १९५२ को पार्लामेंट में बताया था कि जुलाई १९४७ से दिसम्बर १९५१ तक ५२ करोड़ ६० लाख रुपये की विदेशी पूजी भारत मे वापिस चली गयी और ११ करोड़ की नयी विदेशी पूजी यहा लगायी गयी। इसका मतलब यह हुआ कि इस काल में भारत में लगी हुई विदेशी पूजी मे ४२ करोड ६० लाख रुपये की कमी आ गयी। इसी बयान में अर्थ-मत्री ने रिजर्व बैंक के आकडो का हवाला देते हुए यह भी बताया था कि जून १९४८ मे भारत में कुल ६१३ करोड १० लाख रुपये की दीर्घ-कालीन विदेशी पूजी लगी हुई थी, जिसमे से २६२ करोड़ ६० लाख रुपये की पूजी सरकारी हुडियो की शक्ल मे थी (इसमें से २५० करोड़ ५० लाख रुपये की पूजी ब्रिटेन की थी और ३२० करोड ४० लाख रुपये की पूजी व्यवसाय में लगी हुई थी (इसमें से २३० करोड १० लाख की पूजी ब्रिटेन की थी; जिसकी बाजार में कीमत ३७५ करोड ६० लाख रुपये होती थी)।

इन आकड़ों में भारत मे लगी नयी विदेशी पूजी को कम करके आका गया है। फिर भी, उनके अनुसार, माउंटबैटन समझौते के बाद साढे चार वर्ष बाद कुल विदेशी पूंजी का केवल पन्द्रहवां हिस्सा भारत से वापिस गया। भारत सरकार की हुडियों में जो विदेशी पूजी लगी हुई थी, उसका ८५ प्रतिशत भाग, यानी १८ करोड़ ८० लाख पौड ब्रिटेन का था, और भारत मे लगी हुई दीर्घ-कालीन विदेशी पूजी का ७० प्रतिशत भाग, यानी बाजार भाव के अनुसार, २८ करोड़ २० लाख पौंड की पूजी अग्रेज़ी पूजी थी। यानी, वास्तविकता को कम करके आंकनेवाले इन आकडों के अनुसार भी, भारत में कुल ४७ करोड पौंड की दीर्घ-कालीन अग्रेज़ी पूजी लगी हुई थी। १९४८ मे ब्रिटेन के बाहर कुल १९६ करोड पौंड की अग्रेजी पूजी लगी हुई थी। उसका एक-चौथाई भारत में लगा हुआ था। ब्रिटिश साम्राज्य में कुल १११ करोड १० लाख पौंड की पूजी लगी हुई थी। उसका ४० प्रतिशत से अधिक भाग भारत मे लगा हुआ था। निश्चय ही सत्ता-परिवर्तन से अग्रेज़ी पूजीवाद के लिए भारत के महत्व मे कोई कमी नही आयी थी।

१९४७-४८ में भारत में कुल जितनी भारतीय ज्वाइंट स्टाक कम्पनियां रजिस्टर्ड थी, उनमें कुल ५९९ करोड़ ५० लाख की पूजी लगी हुई थी। इसमें १४५ करोड़ ८० लाख की वह विदेशी पूजी और जोड़नी चाहिए जो विदेशो में रजिस्टर्ड मगर भारत में काम करनेवाली कम्पनियों की शाखाओं मे लगी हुई

थी। इस प्रकार, भारत की विभिन्न कम्पनियों में लगी हुई निजी पूजी कुल मिलाकर ७१५ करोड़ ३० लाख की होती थी। इसका मतलब यह हुआ कि भारत मे लगी हुई कुल पूजी का ४४·७ प्रतिशत भाग विदेशी पूजी का था।

लेकिन यह ४४ प्रतिशत भाग भारत की अर्थ-व्यवस्था पर कितना जबर्दस्त नियंत्रण रखता है, यह बात और भी महत्वपूर्ण है। भारत में जो ३८ करोड ४० लाख पौंड की कुल निजी दीर्घ-कालीन विदेशी पूजी व्यवसाय में लगी हुई है (जिसमे से अधिकाश अंग्रेजी पूजी है), उसका ८४ प्रतिशत भाग ऐसी पूजी का है जिसका सम्बंधित व्यवसायों पर स्वामित्व अथवा नियंत्रण है। रिजर्व बैंक ने ५ लाख रुपये या उससे ज्यादा पूजी वाली १०६२ कम्पनियो मे लगी हुई विदेशी तथा भारतीय पूजी के अनुपात का एक विश्लेषण तैयार किया था। इन १०६२ कम्पनियो मे से ९३ ऐसी विदेशी कम्पनियां थी जो विदेशो में रजिस्टर्ड हुई थी, ३०६ विदेशी नियंत्रण में चलने वाली भारतीय कम्पनिया थी और ६६३ भारतीय नियत्रण मे चलनेवाली भारतीय कम्पनिया थी। इस विश्लेषण से नीचे दिया हुआ चित्र सामने आया :

१९४८ में भारत में काम करनेवाली बड़ी कम्पनियों में कुल पूंजी के किस अनुपात में विदेशी पूंजी लगी हुई थी (प्रतिशत)

१. पेट्रोलियम	९७	१०. फ़ाइनेंस	४६
२ रवड़ के कारखाने	९३	११. बिजली	४३
३. लाइट रेलवे	९०	१२. कॉफी	३७
४. माचिस	९०	१३. इंजीनियरिंग	३३
५ जूट	८९	१४ खाद्य पदार्थ	३२
६ चाय	८६		
७. कोयले के अलावा अन्य खानें	७३	१५ कागज	२८
		१६. चीनी	२४
८. कोयला	६२	१७. कपड़ा-मिलें	२१
९. रवड के बागान	५४	१८. सीमेंट	५

ऊपर की तालिका से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि १९४८ में पहले ९ उद्योगो मे विदेशी पूजी ५० प्रतिशत मे अधिक थी, अगले ६ उद्योगो मे २५ प्रतिशत से अधिक होने के कारण उसकी स्थिति इतनी मजबूत थी कि वह पूरे उद्योग पर अपना प्रभुत्व बनाये रख सकती थी, और केवल कपड़ा-मिल, चीनी और सीमेंट ही तीन ऐसे उद्योग थे जिनमे भारतीय पूजी की सचमुच प्रमुख भूमिका थी। इनमें से कपडा-उद्योग भारतीय पूजी का परम्परागत गढ़ है।

विदेशी साम्राज्यवादी भारत से अब भी कितना खिराज हर साल वसूलते थे ? एक भारतीय अर्थ-शास्त्री का अनुमान यह है :

"रिजर्व बैंक ने भारत में विदेशी पूंजी के जो आंकड़े जमा किये हैं, उनसे पता चलता है कि सूद और मुनाफ़े के रूप में विदेशी लोग हर साल ४० करोड़ रुपया वसूलते हैं। 'भुगतान के हिसाब' की रिजर्व बैंक ने जो अनेक व्याख्याएं की हैं, उनसे प्रकट होता है कि 'हमारे देश में आने वाला ज्यादातर सामान चूंकि विदेशी कम्पनियां ढोती हैं, या वे ही उसका बीमा करती हैं,' इसलिए यह मुमकिन है कि हम विदेशियो को हर साल औसतन ५० या ६० करोड़ रुपया देते हों। हमारे देश से बाहर जानेवाले माल के बारे में भी यही बात सच है। उस पर दसियो करोड़ रुपये सालाना विदेशी लोग हड़प जाते हैं।

"पिछले सप्ताह अर्थ-मन्त्री ने पार्लामेंट के सामने जो बयान पेश किया था, उसके अनुसार हमें ब्रिटेन में रहनेवाले १६,६०५ व्यक्तियो को पेंशन देनी पड़ती है। १६४८-४६ और १६५०-५१ के बीच इस मद में कुल २८ करोड़ ६२ लाख रुपये दिये गये थे। यानी पेंशन की शक्ल में हर साल साढ़े ६ करोड़ रुपये देने पड़ते हैं।

"अन्त में, विदेशी बैंकों को दिया जानेवाला कमीशन भी इस हिसाब में जोड़ना पड़ेगा। भारत का सारा विदेशी व्यापार चन्द विदेशी बैंको के हाथों में है। उनको कितना कमीशन दिया जाता है, इसके अधिकृत आंकड़े फ़िलहाल नही मिलते, लेकिन यदि तमाम पुराने अनुमानो को ध्यान में रखा जाय और विदेशी व्यापार में आजकल जो बढती हो गयी है, उसका भी खयाल रखा जाय तो इस मद में २५ से ३० करोड़ रुपये तक रखे जा सकते हैं।" (क्रौस रोड्स, बम्बई, १४ सितम्बर, १६५१)।

यदि ऊपर दिये गये तमाम आंकडों को जमा किया जाय (और भारत से बाहर जानेवाले माल पर होनेवाली "दसियो करोड़ रुपये" सालाना की कमाई उसमें से छोड़ दी जाय), तो पता चलता है कि औपनिवेशिक शासन का अन्त हो जाने के बाद भी, साम्राज्यवाद भारत से १२४ करोड़ ५० लाख रुपये से लेकर १३६ करोड ५० लाख रुपये तक का खिराज, हर साल वसूल करता है।

हाल के जमाने में अमरीकी पूंजी ने भी भारत मे घुसने की सक्रिय कोशिश की है, हालाकि भारत मे लगी हुई अमरीकी पूंजी अभी अपेक्षाकृत कम है। फिर भी अंग्रेजी पूंजी के बाद उसी का नम्बर आता है। १६४८ मे रिजर्व

बेंक ने विदेशी पूंजी के जो आकड़े जमा किये थे (जिनका हम ऊपर जिक्र कर चुके हैं), उनसे पता चला था कि भारत में जो कुल ५१६ करोड़ रुपये की दीर्घ-कालीन निजी पूजी लगी हुई थी, उसमें से ३६६ करोड रुपये की पूजी, यानी ७० प्रतिशत अंग्रेजी पूजी थी, और ३० करोड़ रुपये की पूंजी, यानी ६ प्रतिशत से कम अमरीकी पूजी थी। मगर हमे यह ध्यान में रखना चाहिए कि भारत में लगी हुई अमरीकी पूजी अक्सर फासीसी, बेल्जियन, या भारतीय नामों के पीछे छिपी रहती हैं, जिसकी वजह से सरकारी आकडो से सही स्थिति का ज्ञान नही होता।

साथ ही, अमरीका भारतीय बाजार को जीतने और ब्रिटेन को हटाकर उसकी जगह लेने की भी जोरदार कोशिश कर रहा है। नीचे दिये गये आंकड़ो से यह बात साफ हो जाती है :

भारत में आने वाला माल
(लाख रुपयों में)

	१९४८–४९	१९५०–५१
ब्रिटेन से आने वाला माल	१५,३००	१२,२७०
अमरीका से आने वाला माल	१०,८७०	१५,५८०
कुल	५४,२६०	५६,५५०
वाहर से आनेवाले कुल माल में ब्रिटेन का हिस्सा	२८·२%	२१·७%
वाहर से आनेवाले कुल माल में अमरीका का हिस्सा	२०%	२७·६%

इस प्रकार १९४८–४९ में तो भारतीय बाजार में ब्रिटेन का नम्बर पहला था, लेकिन १९५०–५१ में पहला नम्बर अमरीका का हो गया था।

अमरीकी बंक-पूजी और अमरीकी सरकार ने पहले भारतीय बाजार को हथियाने पर ही जोर दिया है, और पूजी निर्यात करने में थोड़ी हिचकिचाहट दिखाई है। मगर, इसके साथ-साथ वे बड़े पैमाने पर पूजी भेजने के लिए भी जमीन तैयार करती रही हैं। इसका प्रमाण यह है कि भारत में अमरीकी कूटनीति और अमरीकी प्रचार बहुत सक्रिय है। अमरीकी सेठ भारतीय अखबारों को खरीद रहे हैं। तरह-तरह के टेक्निकल मिशन अमरीका से भारत आते रहे हैं। यह बात उल्लेखनीय है कि चौथे सूत्रवाले कार्यक्रम (प्वाइंट फोर प्रोग्राम) का ऐलान करते समय विदेश-मंत्री मि० एचीसन और राष्ट्रपति ट्रूमन दोनों ने

भारत पर जोर दिया था और कहा था कि इस कार्यक्रम पर सबसे पहले भारत में अमल किया जायगा।

भारत में अंग्रेज-अमरीकी वक-पूंजी के घुसने की क्रिया १९५१ के अन्त में उस समय एक नयी मंजिल पर पहुंच गयी जब कि भारत सरकार और अमरीका तथा ब्रिटेन की प्रमुख तेल-कम्पनियों के बीच भारत में तेल साफ़ करने के कारखाने खोलने के सम्बंध में चन्द समझौते हुए।

न्यू यौर्क की वैकुअम तेल कम्पनी के साथ नवम्बर १९५१ में समझौता हुआ। उसमें तै हुआ कि कम्पनी ३५० लाख डालर (या १२० लाख पौंड) की पूंजी से अपनी एक भारतीय शाखा खोलेगी और १० लाख टन सालाना तेल साफ़ करने का कारखाना भारत में खड़ा करेगी। यह भी तै हुआ कि नयी कम्पनी की २५ प्रतिशत पूंजी भारतीय नागरिकों से ली जा सकेगी, मगर उनको केवल ऐसे प्रिफ़रेंस शेयर लेने का अधिकार होगा जिनके खरीदने से उनको वोट देने का हक़ नहीं मिलेगा। साधारण शेयर सारे के सारे न्यू यौर्क की कम्पनी के हाथ में रहेंगे। ४ दिसम्बर, १९५१ को हिन्दुस्तान टाइम्स ने लिखा :

> "इस देश के नागरिकों का कम्पनी की साधारण पूंजी में कोई हाथ नहीं रहेगा और इसलिए साधारण मुनाफ़े में भी उनका कोई हिस्सा नहीं होगा।"

कॉमर्स ने ८ दिसम्बर, १९५१ को लिखा :

> "इस कम्पनी के प्रबंध तथा नियंत्रण में भारत के लोगों की कोई आवाज़ नहीं होगी।"

भारत सरकार ने यह वचन दिया कि पच्चीस वर्ष तक वह कम्पनी का राष्ट्रीकरण नहीं करेगी, सालाना मुनाफ़ों को भारत के बाहर भेजने के लिए पूरी सुविधा देगी, दस वर्ष तक बाहर से आनेवाले तेल पर चुंगी लगाकर कम्पनी की मदद करेगी और उद्योग-नियंत्रण कानून की कई धाराओं से कम्पनी को मुक्त रखेगी।

दिसम्बर १९५१ में बरमा-शेल तेल कम्पनी से समझौता हुआ। यह अंग्रेजी कम्पनी है। इसके साथ भी उसी तरह का अहदनामा किया गया। तै हुआ कि बरमा-शेल २२ करोड़ की पूंजी से भारत में एक ऐसी कम्पनी खोलेगी जो १५ लाख टन सालाना तेल साफ़ करनेवाला कारखाना खड़ा करेगी। २२ करोड़ रुपये की कुल पूंजी में से २ करोड़ के प्रिफ़रेंस शेयर भारत के लोग खरीद सकेंगे, मगर उनको वोट देने का अधिकार नहीं मिलेगा।

तीसरा समझौता एक और अमरीकी कम्पनी से हुआ। इस तरह कुल मिलाकर ४ करोड़ पौंड की विदेशी पूंजी भारत में आयी और उससे ऐसी कम्पनियां खुली जो पूरी तरह अंग्रेज और अमरीकी इजारेदारों के हाथ में थी और जिनका उद्देश्य केवल उनकी थैलियां भरना था।

बडे पैमाने पर अमरीकी बंक-पूंजी के भारत में घुसने की क्रिया १९५२ के शुरू में तब और आगे बढी जब भारत सरकार तथा अमरीकी सरकार के बीच भारत-अमरीकी टेक्निकल सहयोग कोष स्थापित करने का समझौता हुआ। दिसम्बर १९५० मे अमरीका के साथ भारत उसी प्रकार का एक "प्वाइंट फोर" समझौता कर चुका था जैसा समझौता फ़िलीपाइंस और थाइलेंड ने अमरीका से किया था। १९५१ में भारत ने अमरीका की आर्थिक सहयोग एजेंसी से १९ करोड़ डालर का अनाज उधार लिया था।

१९५२ के शुरू में टेक्निकल सहयोग के बारे में जो समझौता हुआ, उसके मातहत यह तै पाया कि जून १९५२ तक अमरीका भारत को ५ करोड़ डालर देगा जिनसे भारत-अमरीका टेक्निकल सहयोग कोष क़ायम किया जायगा, और अगले पांच बरस में उसमें २५ करोड़ डालर तक और अमरीका जमा कर देगा। यह रुपया भारत के औद्योगीकरण के लिए नही, बल्कि ऐसी योजनाओं के लिए इस्तेमाल किया जानेवाला था "जिनका मुख्य उद्देश्य खेती की कार्यक्षमता को बढ़ाना होगा।" (हिन्दुस्तान टाइम्स, ६ जनवरी, १९५२)। इस कोष का प्रबंध टेक्निकल सहयोग के अमरीकी डायरेक्टर और भारत सरकार के अर्थ-विभाग के एक अफ़सर के हाथ मे रहनेवाला था। तै पाया था कि डायरेक्टर एक अमरीकी अफ़सर होगा जिसे अमरीकी सरकार नियुक्त करेगी और जो अमरीकी राजदूत के मातहत काम करेगा। इसके साथ-साथ यह भी तै हो गया था कि इस अमरीकी डायरेक्टर और उसके तमाम कर्मचारियों को वे तमाम विशेष अधिकार प्राप्त होगे जो भारत में अमरीकी सरकार के प्रतिनिधियों को प्राप्त हैं और उनकी तरह इन लोगों पर भी भारतीय कानूनों के मातहत और भारतीय अदालतो में मुकदमा नही चलाया जा सकेगा।

इस सबके बावजूद, बाद के जमाने में जब भारत सरकार की वैदेशिक नीति मे नया मोड आया, तो अंग्रेजी और अमरीकी पूंजी पर एकतरफा ढंग से निर्भर रहने की इस नीति का अधिकाधिक विरोध होने लगा। चीन और सोवियत सघ के साथ अधिक घनिष्ठ आर्थिक सम्बध स्थापित हुए। इस नये रुख का एक महत्वपूर्ण संकेत उस समय मिला जब फरवरी १९५५ में भारत सरकार और सोवियत सरकार के बीच एक इस्पात का कारख़ाना खोलने के सम्बंध में समझौता हुआ। यह कारख़ाना सोवियत की मदद से खोला जायगा।

उसके लिए सारी मशीनें और तमाम सामान सोवियत संघ से आयेगा। उसमे कुल ३३० लाख पौंड की पूंजी लगेगी और यह कारखाना हर साल दस लाख टन इस्पात तैयार करेगा। जिन शर्तों पर यह समझौता हुआ, वे भारत के लिए बहुत फ़ायदेमन्द थीं। साथ ही, बहुत कम समय के अन्दर पूरा काम खतम हो जानेवाला था। जिस वक्त इस समझौते की बातचीत चल रही थी, उसी वक्त ब्रिटेन के कुछ पूंजीपति भी भारत सरकार से बातचीत चला रहे थे, मगर भारत सरकार को सोवियत संघ की शर्तें ही पसन्द आयी।

एक तरफ़ ब्रिटेन और अमरीका की बैंक-पूंजी भारत और पाकिस्तान की अर्थ-व्यवस्थाओं में घुसने की कोशिश कर रही थी। दूसरी तरफ़, इन देशों की राजनीतिक तथा सामरिक व्यवस्थाओं में भी पैठने के प्रयत्न हो रहे थे। भारत के बटवारे से न केवल भारत और पाकिस्तान की अर्थ-व्यवस्था और शासन प्रबंध छिन्न-भिन्न हो गये थे, बल्कि साम्प्रदायिक कलह और झगड़े हद से ज्यादा बढ़ गये थे। नयी शासन व्यवस्था के कायम होते ही खून-खच्चर शुरू हो गया था, बड़ी भारी संख्या में आबादी इधर से उधर आयी-गयी थी, शरणार्थियों के रूप में दोनों देशों के लिए एक विकट समस्या खड़ी हो गयी थी और भारत तथा पाकिस्तान की सरकारों के बीच तनाव एक स्थायी चीज बन गया था।

साम्राज्यवादी इस परिस्थिति से पूरा फायदा उठा रहे थे और दोनो देशों में हस्तक्षेप कर रहे थे। कश्मीर के सवाल को लेकर भारत और पाकिस्तान की सरकारों के बीच एक लम्बा विवाद उठ खड़ा हुआ और कुछ समय तक दोनों देशों की फ़ौजों के बीच लड़ाई भी चली (हालांकि लड़ाई के समय दोनो देशों की फौजों के प्रधान सेनापति और ऊंचे अफसर अंग्रेज थे)। ब्रिटेन और अमरीका दोनों के साम्राज्यवादियों ने इस झगड़े में अपनी टांग अड़ायी। अमरीकी साम्राज्यवादियों ने खास तौर पर राष्ट्र संघ के संगठन को इस्तेमाल किया और तरह-तरह के पंच, मध्यस्थ, समझौता करानेवाले, सीमा-निरीक्षक व सैनिक विशेषज्ञ कश्मीर भेजे। कश्मीर में साम्राज्यवादियों की इतनी गहरी दिलचस्पी इसलिए थी कि एक तो कश्मीर और उसके आर्थिक साधनों का खुद अपना महत्व था; और दूसरे, सोवियत संघ की सीमा पर स्थित होने के कारण उसका सामरिक महत्व विशेष रूप से बढ़ गया था।

जब पाकिस्तान के साथ अमरीका का फौजी समझौता हुआ और १९५४ में अमरीकी हथियार पाकिस्तान आने लगे, तो पाकिस्तान की सैनिक-व्यवस्था में अमरीका का जबर्दस्त हाथ हो गया।

एक तरफ़, भारत और पाकिस्तान के बीच फ़ौजी तनाव था। दूसरी तरफ़, दोनों देशों की सरकारों को जनता का दमन करने के लिए भी अपनी

फौजी ताकत बढानी पड रही थी। इसका नतीजा यह हुआ कि दोनों देशों मे फौजी खर्चा बेहद बढ गया। दोनों सरकारों के बजट का आधा भाग इसी मद मे खर्च होने लगा। पुलिस का खर्चा उससे अलग था। इस बोझे ने दोनो देशो की अर्थ-व्यवस्था को पंगु बना दिया। भारत और पाकिस्तान की प्रतिक्रिया-वादी सामाजिक एव आर्थिक व्यवस्था पहले ही से उनका आर्थिक विकास नही होने देती थी। फौजी खर्चे के बोझे ने विकास और पुनर्निर्माण के काम को अत्यन्त कठिन बना दिया।

लेकिन, वैदेशिक नीति मे नया मोड आने पर, इस क्षेत्र मे भी महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। १९५३ मे अमरीका ने कश्मीर के प्रधान मंत्री को अपने कूट-जाल मे फसाकर कश्मीर को भारत से अलग करना चाहा। भारत ने और कश्मीर नेशनल कान्फ्रेंस की कार्यसमिति के बहुमत ने इस कोशिश का सक्रिय विरोध किया। कश्मीर के प्रधान मत्री को अपने पद से हटा दिया गया और कश्मीर पूर्ण रूप से भारतीय सघ का भाग बन गया। भारत सरकार ने अमरीकी एडमिरल निमिन्ज को वापिस भेज दिया। वह १९४९ से ही राष्ट्र-सघ के मत-गणना प्रबंधक के रूप मे कश्मीर मे काम कर रहे थे। इसके अलावा, अमरीका के बहुत से अफसर भी सैनिक तथा गैर-सैनिक "दर्शकों" के रूप मे कश्मीर मे जमे हुए थे। वे १९५४ मे वापिस भेज दिये गये।

३. आर्थिक समस्याएं

प्रत्यक्ष साम्राज्यवादी शासन की विरासत के रूप में, भारत और पाकिस्तान की अर्थ-व्यवस्थाओं को जो अन्तरविरोध मिले थे, वे केवल शासन-परिवर्तन से हल नही हो सकते थे। उन्हे हल करने के लिए जरूरी था कि औपनिवेशिक अर्थ-व्यवस्था का अन्त हो। इसलिए, १९४७ के बाद के कुछ वर्षों मे भारत और पाकिस्तान की आर्थिक हालत बराबर बिगड़ती ही गयी। पहली पंच-वर्षीय योजना के काल में भी भारत में आर्थिक प्रगति का श्रीगणेश मात्र ही हुआ।

अर्थ-व्यवस्था का औपनिवेशिक रूप १९४७ के बाद भी बना रहा। इसका सबूत यह था कि न सिर्फ देश के आर्थिक साधनो पर विदेशी बैंक-पूंजी का शिकंजा बदस्तूर कायम रहा, बल्कि जैसा कि हम ऊपर देख चुके हैं, वह और भी फैला। इसके अलावा, और इसके नतीजे के तौर पर, यह बात भी देखने में आयी कि भारी उद्योगों का बहुत धीरे-धीरे विकास हो रहा है और सारा जोर हल्के उद्योगों पर तथा पहले से ही आबादी के बोझ से दबी हुई खेती पर दिया जा रहा है। १९५१ के अन्त तक इस्पात का उत्पादन केवल १० लाख टन तक ही बढ़ पाया। और सरकारी योजना के अनुसार १९५६ तक भी वह केवल १६

लाख टन तक ही बढ़ पायेगा। पहली पंच-वर्षीय योजना (१९५१–५६) में केवल ८·४ प्रतिशत धन उद्योगों में लगाने की बात थी।

खेती का संकट किस प्रकार बराबर गहरा होता जा रहा है और भूमि-सुधार के सरकारी क़ानून किस तरह असफल रहे हैं, इसकी चर्चा हम पहले कर चुके हैं (देखिए आठवां अध्याय)। १९४३–४४ में अनाज की पैदावार फ़ी एकड़ ६०७ पाउंड थी। १९४८–४९ में वह ५२० पाउंड रह गयी और १९५०–५१ में तो केवल ४८० पाउंड फी एकड़ पर आ गयी।

जैसे-जैसे चीज़ों के दाम बढ़ते गये, वैसे-वैसे आम जनता की वास्तविक आय भी गिरती गयी। १९३७ में थोक दामों के सूचक अंक को यदि १०० माना जाय, तो १९४७ में, सत्ता-परिवर्तन के समय, वह ३०३·३ था और मई १९५१ तक वह ४५६·८ पर पहुंच गया। बम्बई में १९३४ के रहन-सहन के खर्च के सूचक अंक को यदि १०० माना जाय, तो १९४७ में वह २७९ था और १९५३ में बढ़कर ३६३ पर पहुंच गया। १९३९ के सभी उद्योगों के मुनाफ़े के सूचक अंक को यदि १०० माना जाय तो १९४७ में १९१ था और १९५१ में बढ़कर ३१० हो गया (ईस्टर्न इकोनोमिस्ट, बजट-अंक, १९५४)। बढ़ते हुए दामों के कारण असली मजदूरी बराबर गिरती गयी और उससे निम्न-मध्यम वर्ग के लोग तबाह हो गये। भारत के विभिन्न भागों में मज़ूरी और दामों का काफ़ी विशद अध्ययन करने के बाद प्रोफ़ेसर राधाकमल मुकर्जी अपनी पुस्तक "भारतीय मजदूर वर्ग" में इस नतीजे पर पहुंचे हैं

> "युद्ध के पहले भारतीय मजदूर वर्ग का जितना बड़ा हिस्सा दरिद्रता के दायरे में आता था, अब उससे कहीं बड़ा हिस्सा इस दायरे में आता है। भारत के ज्यादातर मजदूर दरिद्रता के स्तर के भी नीचे रहते हैं।"

यदि १९३८–३९ के दामों को स्थिर मान लिया जाय, तो भारत की फ़ी आदमी राष्ट्रीय आय, जो १९३१–३२ में ८३ रुपये थी, १९४५–४६ में केवल ७७ रुपये रह गयी, १९४६–४७ में ७५ रुपये हो गयी और १९४८–४९ में ७० रुपये पर पहुंच गयी ("एशिया और सुदूर पूर्व का आर्थिक सिंहावलोकन," राष्ट्र-संघ का १९५० का प्रकाशन। यह अनुमान बटवारे के पहले के भारतीय प्रान्तों के लिए है)। जैसा कि हम दूसरे अध्याय में बता चुके हैं, भारत सरकार ने राष्ट्रीय आय का हिसाब लगाने के लिए एक राष्ट्रीय आय समिति नियुक्त की थी, जिसकी रिपोर्ट १९५१ में प्रकाशित हुई। इस कमिटी ने १९४८–४९ की फी आदमी राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाया था। वह १९३० के साइमन कमीशन के अनुमान से कम था।

१९५१ में पहली पंच-वर्षीय योजना शुरू हुई। उससे भारत में सीमित आर्थिक प्रगति का श्रीगणेश हुआ। १९५१ और १९५४ के बीच औद्योगिक पैदावार ३७ प्रतिशत बढ़ गयी और खेती की पैदावार में १५ प्रतिशत की बढ़ती हो गयी। १९५०-५१ में ५४० लाख टन अनाज भारत में पैदा हुआ था। १९५३-५४ में ६५४ लाख टन पैदा हुआ। यानी, अनाज की पैदावार में ११४ लाख टन की बढ़ती हो गयी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, १९५०-५१ में जब कि हर भारतीय औसतन १३९८ कैलोरी की शक्ति देने वाला भोजन करता था, तब १९५३-५४ में वह १६२३ कैलोरी का भोजन करने लगा। लेकिन खुद सरकार भी यह मानती थी कि खेती की पैदावार में जो बढ़ती हुई है, उसकी आधी बढ़ती अच्छे मौसम के कारण हुई है, और कुछ बढ़ती इसलिए दिखाई देती है कि औसत निकालने के ढंग में कुछ परिवर्तन हो गया है। इसके अलावा, १९५०-५१ की पैदावार से तुलना करना भी सर्वथा उचित नहीं है, क्योंकि उस साल फसल अपेक्षाकृत कम हुई थी। १९४३-४४ में फसल सबसे अच्छी हुई थी (उस साल खेती की पैदावार का साधारण सूचक अंक १०६ था, मगर वह १९५०-५१ में केवल ९४ रह गया था)। यदि उस साल की पैदावार से १९५३-५४ की पैदावार की तुलना की जाय, तो पता चलेगा कि उसमें २ प्रतिशत से भी कम की ही बढ़ती हुई थी, जब कि इस बीच आबादी में इससे ज्यादा बढ़ती हो गयी थी।

यह बात काफी महत्व की है कि पहली पंच-वर्षीय योजना ने अपने सामने केवल यह उद्देश्य रखा था कि १९५५ तक राष्ट्रीय आय फिर से पहले के स्तर पर पहुंच जाय। और असल में तो उसका लक्ष्य इससे भी नीचे रह जाता था। १९५०-५१ में भारत की कुल राष्ट्रीय आय ९०० अरब रुपये थी। पहली पंच-वर्षीय योजना उसे बढ़ाकर १९५५-५६ में १००० अरब रुपये कर देना चाहती थी; यानी वह उसमें ११ प्रतिशत की बढ़ती करना चाहती थी, इस बीच में आबादी में सवा छः प्रतिशत की बढ़ती हो जाने की उम्मीद थी। इसलिए, पंच-वर्षीय योजना से फ़ी आदमी राष्ट्रीय आय में केवल ५ प्रतिशत की ही बढ़ती होनेवाली थी। लेकिन फी आदमी राष्ट्रीय आय में चूंकि राष्ट्र संघ के आंकड़ों के अनुसार, १९३१-३२ और १९४८-४९ के बीच १६ प्रतिशत की कमी हो गयी थी, इसलिए ५ प्रतिशत की बढ़ती से वह १९३१-३२ के स्तर पर भी नहीं पहुंच सकती थी। और १९३१-३२ में राष्ट्रीय आय का स्तर भुखमरी का स्तर था!

इसलिए पंच-वर्षीय योजना के पहले तीन वर्षों में उसके लक्ष्य से अधिक प्रगति हुई। १९५३-५४ तक राष्ट्रीय आय १०६० अरब रुपये तक पहुंच गयी; यानी उसमें १८ प्रतिशत की बढ़ती हो गयी। फी आदमी राष्ट्रीय आय १९५३

–५४ तक २८३·६ रुपये हो गयी; यानी १९४८–४९ के मुकाबले उसमें ८ प्रतिशत की बढ़ती हो गयी। लेकिन इससे भी वह १६ प्रतिशत की कमी पूरी नहीं हुई, जो १९३१–३२ और १९४८–४९ के बीच आ गयी थी।

इस बीच, बड़े-बड़े इजारेदारों के मुनाफे बराबर बढ़ते गये। चोर-बाजारी और घूसखोरी हर तरफ फैल गयी। भारत में शासक पार्टी कांग्रेस के संगठन में और पाकिस्तान में मुस्लिम लीग के संगठन में भी चोर-बाजारियों और घूसखोरों का बोलबाला हो गया।

ऐसी परिस्थितियों में, जनता का असंतोष बढ़ना स्वाभाविक था। देश की अन्दरूनी राजनीतिक परिस्थिति में अनेक ऐसे चिन्ह दिखाई देने लगे जिनसे पता चलता था कि नयी सरकारों में और कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग के नेताओं में जनता का विश्वास खतम होने लगा है।

४. वैदेशिक नीति में नयी प्रवृत्तियां

अभी हाल के जमाने में भारत में जो सबसे बड़ा परिवर्तन आया है, वह यह है कि प्रधान मंत्री नेहरू के नेतृत्व में भारत शान्ति की रक्षा के लिए दुनिया की राजनीति में अधिकाधिक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने लगा है। अमरीकी साम्राज्यवाद की युद्ध छेड़ने की आक्रमणकारी योजनाओं के खिलाफ एशियाई राष्ट्रों की आवाज को बुलन्द करने और उनको एकजुट करने में चीन के साथ-साथ भारत ने भी प्रमुख भाग लिया है। चीन के साथ-साथ उसने भी शान्ति की रक्षा के लिए प्रयास किया है; और शान्ति की रक्षा का लक्ष्य राष्ट्रीय स्वतंत्रता के लक्ष्य से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। १९५५ में बाडुंग में एशियाई और अफ्रीकी राष्ट्रों का सम्मेलन हुआ, और उसके द्वारा एशिया, मध्यपूर्व, और अफ्रीका की कौमें इस शान्ति प्रयास में खिंच आयीं।

दुनिया की राजनीति में भारत की यह ऐतिहासिक भूमिका खुद इस बात का प्रमाण है कि एशिया में कैसा विराट परिवर्तन हो रहा है और इस महाद्वीप के शक्ति-संतुलन में कितनी बड़ी तब्दीली आ गयी है। इस नये युग का श्रीगणेश निर्णायक रूप में उस समय हुआ जब चीन में जन-क्रान्ति की विजय-दुंदभि बजी। अमरीकी हथियारों से लैस और अमरीकी धन पर पलनेवाली क्रान्ति-विरोधी सेनाओं को चीन की भूमि से खदेड़ देने के बाद १९४९ के पतझड़ में चीनी जनतंत्र की स्थापना का ऐलान हुआ। चीन उस समय भी एशिया का और दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्र था। अब नया, जनवादी चीन एशिया के पराधीन अथवा औपनिवेशिक देशों के सामने सफल स्वतंत्रता संग्राम के एक ऐसे प्रमुख प्रतिनिधि के रूप में आ गया, जो सामन्तवाद और साम्राज्य-

वादी शोषण के बंधनों को तोड कर सामाजिक और आर्थिक प्रगति क पथ पर तीव्र गति से अग्रसर हो रहा था। नया, जनवादी चीन दुनिया की एक प्रमुख शक्ति बन गया। उसकी अटूट एकता और शक्ति को अब साम्राज्यवादी संसार अनदेखा नही कर सकता था।

एशिया मे इस प्रकार जो नयी परिस्थिति पैदा हो गयी थी, उसकी भारत सरकार पर तुरंत प्रतिक्रिया हुई। पहले उसकी नीति का झुकाव मुख्यतया साम्राज्यवादी खेमे की ओर था। अब वह चीनी जनतंत्र से भी अच्छे सम्बध स्थापित करने का प्रयत्न करने लगी। चीन में नयी सरकार की स्थापना होने के थोड़े ही दिन बाद भारत सरकार ने उसे मान्यता प्रदान कर दी और शीघ्र ही दोनो के बीच राजदूतो का आदान-प्रदान भी हो गया। भारतीय जनता की भावना से इस नये रुख को जबर्दस्त बल मिला। भारत के सभी लोगों मे चीनी जन-क्रान्ति की विजय से प्रवल उत्साह पैदा हुआ था, और पश्चिमी साम्राज्य-वादियो ने एशिया मे जो लूटमार और क़त्लेआम मचा रखा था, उससे सारी जनता नफरत करती थी।

जब कोरिया पर अमरीका ने चढाई की तो नयी परिस्थिति यकायक परि-पक्व हो उठी। राष्ट्र संघ में भारत सरकार के प्रतिनिधि ने शुरू में उस ग़ैर-कानूनी और बदनाम प्रस्ताव के पक्ष में मत दिया, जिसके मातहत कोरियाई जनतंत्र के प्रतिनिधियों की बात सुने बिना ही अमरीकी फौजी गुट को कोरिया पर चढाई करने की अनुमति दे दी गयी थी। भारत सरकार ने बिना पूरी सामग्री पर विचार किये ही अमरीका और उसके पिछलग्गू सियमन-री के कहने को सच मान लिया था। प्रधानमंत्री नेहरू ने ७ जुलाई, १९५० को एक प्रेस सम्मेलन मे कहा कि "जब उत्तरी कोरिया ने दक्षिणी कोरिया पर हमला किया, तो बहुत लम्बी-चौड़ी जांच के बगैर भी यह बात साफ थी कि पहले से खूब तैयारी करके और बहुत बड़े पैमाने पर यह हमला किया गया था।" एक एशियाई देश पर पश्चिमी साम्राज्यवादियों के इस हमले में भारत सरकार ने भी आंशिक रूप से मदद की। उसने हमला करनेवालों की मरहम-पट्टी करने के लिए एक डाक्टरी दल कोरिया भेजा।

लेकिन इस पाप के काम से भारतीय जनमत के सभी क्षेत्रों मे बड़ा क्रोध पैदा हुआ। पश्चिम के सभी साम्राज्यवादी देशो की फौजों, समुद्री बेड़ों और वायु-सेनाओं के सयुक्त बर्बर आक्रमण का कोरियाई जनता जिस वीरता और शौर्य के साथ मुकाबला कर रही थी, उसे देखकर भारत की जनता मे जबर्दस्त उत्साह पैदा हुआ।

कोरिया पर अमरीकी आक्रमण शुरू होने के पन्द्रह दिन के अन्दर ही प्रधानमंत्री नेहरू ने प्रधानमत्री स्तालिन को एक सदेश भेजा और उसमें बताया

कि भारत सरकार कोरिया के झगड़े को शान्तिपूर्वक ढंग से हल करना चाहती है। उन्होंने कहा :

"भारत का उद्देश्य यह है कि इस झगड़े को एक स्थानीय झगड़े तक ही सीमित कर दिया जाय और उसको शान्तिपूर्वक ढंग से हल करने की कोशिश की जाय। उसके लिए सुरक्षा-समिति के वर्तमान गतिरोध को दूर किया जाय, ताकि चीन की जनवादी सरकार का प्रतिनिधि सुरक्षा समिति में अपना स्थान ग्रहण कर सके और सोवियत संघ उसमें वापिस लौट आये; और या तो सुरक्षा समिति के ढांचे के भीतर, या उसके बाहर, सोवियत सघ, अमरीका तथा चीन के बीच ग़ैर-रस्मी तौर पर सम्पर्क स्थापित करके, और अन्य शान्तिप्रेमी राज्यों की सहायता और सहयोग से, इस लडाई को बन्द करने का कोई आधार निकाला जाय और कोरिया की समस्या का कोई अन्तिम हल खोजा जाय।"

तत्कालीन प्रधानमंत्री स्तालिन ने इसका यह उत्तर दिया :

"मै शान्ति के लिए आपकी इस पहल का स्वागत करता हू। मै आपके इस मत से पूर्णतया सहमत हू कि कोरिया के सवाल को सुरक्षा समिति के जरिए शान्तिपूर्वक ढंग से सुलझाना उचित होगा और इसके लिए यह नितान्त जरूरी है कि पाच बडी शक्तियो के, जिनमे चीन की जनवादी सरकार भी शामिल है, प्रतिनिधि इस काम मे भाग लें।"

चीन की सरकार ने यह चेतावनी दी थी कि यदि पश्चिम की हमलावर फौजें अड़तीसवें अक्षांश से आगे बढ़ीं और यदि उन्होंने पूरे कोरिया पर कब्जा करने की कोशिश की, तो चीन चुपचाप तमाशा नहीं देखेगा। मैकार्थर जैसे लोगों ने इस चेतावनी की खिल्ली उडायी और अमरीकी अधिकारियो ने उसे केवल एक गीदड़भभकी समझा। मगर भारत सरकार ने उसकी गम्भीरता को महसूस किया और उसने राष्ट्र सघ में अक्तूबर १९५० के उस प्रस्ताव के पक्ष मे वोट नहीं दिया जिसे अमरीका अपने नये हमले पर पर्दा डालने के लिए पास कराना चाहता था।

इसके बाद अनेकों बार ऐसे मौके आये जब अमरीका ने अपनी युद्ध-नीति को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्र-संघ मे अपने प्रस्ताव पास कराये और भारत उन पर वोट लिए जाने के समय तटस्थ रहा। कई बार तो उसने अमरीकी प्रस्तावों का विरोध भी किया। धीरे-धीरे राष्ट्र-संघ मे अरब और एशियाई सरकारों का एक अलग गुट बन गया। यह इस बात का सूचक था कि इन सरकारों ने साम्राज्यवादियों के युद्ध के खेमे की आक्रमणकारी नीतियों से अपने को कुछ

हद तक अलग कर लिया था। इसी कारण साम्राज्यवादी शक्तियों के प्रवक्ता इन सरकारों पर "तटस्थता" का इलजाम लगाते थे।

भारत की वैदेशिक नीति मे जो यह नया मोड आया था, उसका यह मतलब नही था कि भारत सरकार ने साम्राज्यवादी खेमे से अपना नाता तोड लिया था। न ही इसका यह मतलब था कि अब भारत सरकार यकायक युद्ध की नीतियो का और साम्राज्यवादी हमलो का पूर्ण और सुसंगत ढंग से विरोध करने लगी थी। साम्राज्यवादी खेमे के साथ उसका व्यावहारिक सहयोग अब भी जारी था। मिसाल के लिए, उसने अंग्रेजो के साथ मिल कर नू सरकार को बर्मी जनता के खिलाफ लडाई चलाने के लिए हथियार और रुपये दिये। १९५४ तक वह फ्रांसीसियों को भारत से होकर अपनी फौज और लड़ाई का सामान वियतनाम लेजाने की सुविधा देती रही। मलाया की जनता के खिलाफ युद्ध चलाने के लिए उसने अंग्रेजी सरकार को भारत की भूमि पर गुरखा सिपाहियों की भर्ती करने की सुविधा दी (हालांकि इस मामले मे कम्युनिस्ट पार्टी ने सरकार का भंडाफोड किया और उससे मजबूर होकर भारत सरकार ने १९५२ में ब्रिटिश सरकार से इस सम्बंध में नये सिरे से बातचीत शुरू की जिसके नतीजे के तौर पर १९५४ में एक नया समझौता हुआ। इस समझौते के मातहत गुरखा सिपाहियों की भर्ती के डिपो भारत से हटाकर नेपाल में खोल दिये गये, मगर सिपाहियो को भारत मे होकर मलाया ले जाने की सुविधा कायम रही)।

साम्राज्यवाद के साथ व्यावहारिक आर्थिक सहयोग और भी घनिष्ठ हो गया। उदाहरण के लिए, १९५१ में अंग्रेज और अमरीकी इजारेदार कम्पनियो को भारतीय कानूनो से स्वतंत्र होकर भारत में व्यवसाय खोलने की इजाजत दे दी गयी और १९५२ मे भारत-अमरीकी टेक्निकल सहयोग कोष कायम किया गया। राष्ट्र संघ में भारत सरकार अमरीकी प्रस्तावों पर तटस्थ रुख अपना रही थी और कभी-कभी तो उनके विरुद्ध मत दे रही थी, मगर विदेशों में भारतीय राजदूत इसका महत्व कम करके बता रहे थे। उदाहरण के लिए अमरीका में भारत के राजदूत (जो बाद में राष्ट्र-संघ की अध्यक्ष चुनी गयीं) श्रीमती पंडित ने १९ सितम्बर, १९५१ को न्यूयोर्क में कहा :

> "जब हमारे बारे में यह कहा जाता है कि हम 'तटस्थता'-रुख अपना रहे हैं, तो हमें यह सुनकर बडा अफसोस होता है। राष्ट्र-संघ की साधारण सभा के हाल के अधिवेशनों में हमने इस साल में से अड़तीस बार आपके साथ वोट दिया, ग्यारह बार किसी तरफ वोट नहीं दिया और केवल दो बार आपसे मतभेद प्रकट किया।"

फिर भी, परिवर्तन के चिन्ह स्पष्ट थे और वे अधिकाधिक एक नयी और ठोस शान्ति की नीति का रूप धारण कर रहे थे। १६५४ में दक्षिण-पूर्वी एशिया के संकट के बाद तो यह बात और भी साफ हो गयी। यह बात तो सच थी कि अभी भारत सरकार की वैदेशिक नीति जनता की साम्राज्य-विरोधी भावना को केवल आंशिक रूप में ही व्यक्त कर रही थी, लेकिन राष्ट्र-संघ में उसके तटस्थ रह जाने या किसी भी तरफ वोट न देने से भी साम्राज्यवादी बड़ी परेशानी में पड़ जाते थे। उससे यह बात स्पष्ट हो जाती थी कि दुनिया की आबादी का बहुमत अमरीकी और उसके जंगबाज अटलांटिक गुट के खिलाफ है। साम्राज्यवादियों के सामने यह बात साफ होती जा रही थी कि जहां तक उनकी युद्ध की योजनाओं का सम्बंध है, भारत के ऊपर भरोसा नहीं किया जा सकता; वह युद्ध-नीति में उनका साझीदार बनने को तैयार नहीं है। साम्राज्यवादियों की समझ में यह बात भी आ रही थी कि यह नयी राजनीतिक प्रवृत्ति शीघ्र ही एक निर्णायक नीति-परिवर्तन का रूप भी धारण कर सकती है, और भारत साम्राज्यवादी खेमे के साथ सहयोग करने की नीति को एकदम त्याग दे सकता है।

१६५४ में दक्षिण-पूर्वी एशिया का संकट सामने आने पर यह नयी प्रवृत्ति और बलवती हो गयी। १६५४ के आरम्भ में अमरीका और पाकिस्तान का सैनिक गठबंधन हुआ। भारत और पाकिस्तान को खुल्लमखुल्ला जंग की अमरीकी साजिशों में घसीटने की इस कोशिश से भारतीय जनता में बड़ा क्रोध पैदा हुआ। उसके बाद १६५४ के बसन्त में, वियतनाम में युद्ध के सवाल पर यह टकराव और भी तेज हो गया। अमरीका इस बात के लिए ज़ोर दे रहा था कि सभी साम्राज्यवादी सरकारें मिलकर वियतनाम में फौजी कार्रवाई करें और दक्षिण-पूर्वी एशिया में तुरंत एक सैनिक समझौता किया जाय। ब्रिटिश सरकार ने अप्रैल १६५४ में इसका विरोध किया। तभी भारत ने पांच कोलम्बो शक्तियों का (भारत, पाकिस्तान, लंका, बर्मा और इंडोनेशिया का) सम्मेलन बुलाने के लिए पहल की। इस सम्मेलन का उद्देश्य यह था कि ये पांचों देश वियतनाम में हस्तक्षेप न करने और वियतनाम की स्वतंत्रता के आधार पर वहां शान्ति स्थापित करने के लिए एक होकर प्रयास करें। इस सम्मेलन में पाकिस्तान और लंका की सरकारों ने ऐसा रुख लिया जिससे मालूम होता था कि उनकी नीति अमरीका की नीति से बहुत मिलती-जुलती है। फिर भी सम्मेलन ने शान्ति के पक्ष में ही निर्णय किया। जेनेवा में भी भारतीय कूटनीति ने शान्ति के पक्ष में सक्रिय भूमिका अदा की। तिब्बत के सवाल पर भारत और चीन के बीच समझौता हो जाने के बाद जून १६५४ में नई दिल्ली में चीनी प्रधानमंत्री चाऊ एन-लाई और प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की मुलाकात

हुई। अन्तरराष्ट्रीय राजनीति मे इस मुलाकात को उतना ही महत्वपूर्ण माना गया है जितना राष्ट्रपति आइजनहावर और प्रधानमंत्री चर्चिल की उस भेट को माना गया था, जो ठीक उसी समय वाशिंगटन में हुई थी। २८ जून, १९५४ को नेहरू और चाऊ का सयुक्त बयान प्रकाशित हुआ। उसमें कहा गया था:

(१) दोनों प्रधान मंत्रियो की बातचीत का उद्देश्य यह था कि जेनेवा तथा अाम जगहों मे शान्तिपूर्ण समझौते के जो प्रयास हो रहे हैं, उनको और आगे बढाया जाय।

(२) उनका मुख्य मकसद यह था कि एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझें और एक-दूसरे के सहयोग से और अन्य देशो के सहयोग से शान्ति कायम रखने की चेष्टा करे।

(३) दोनो प्रधान मत्री यह बात मानते है कि एशिया तथा ससार में अलग-अलग ढग की सामाजिक एव राजनीतिक व्यवस्थाए हैं, मगर यदि पचशील को माना जाय, तो उनके बीच शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व और मित्रता के सम्बंध रह सकते हैं।

(४) दोनो प्रधान मंत्रियों ने यह विश्वास प्रकट किया कि भारत और चीन की मित्रता से एशिया मे शान्ति का पक्ष बलवान होगा।

(५) यह तै पाया कि दोनों देश एक-दूसरे के साथ घनिष्ठ सम्पर्क रखेंगे ताकि उनके बीच पूर्ण सहयोग क़ायम हो सके।

तिब्बत सम्बधी समझौते की भूमिका मे जिन पाच सिद्धान्तो की घोषणा की गयी थी, वे इस प्रकार थे :

(१) एक-दूसरे की भौगोलिक अखडता और सार्वभौम सत्ता का आदर करना;

(२) एक-दूसरे पर आक्रमण नही करना;

(३) एक-दूसरे के अन्दरूनी मामलो में हस्तक्षेप न करना;

(४) समानता और पारस्परिक लाभ,

(५) शान्तिपूर्ण सह-अस्तित्व।

भारत और चीन की सरकारो की इस सयुक्त शान्ति-घोषणा से एशिया के विकास मे एक नये ऐतिहासिक युग का आरम्भ हुआ।

शान्ति के ये नये प्रयास १९५४ के पतझड़ में और आगे बढ़े जब कि प्रधानमत्री नेहरू चीन की यात्रा को गये। उसके बाद १९५५ की गरमियो में वह सोवियत सघ की यात्रा करनेवाले थे। भारत ने दक्षिण-पूर्वी एशिया की

सैनिक संधि (सियाटो) का जोरदार विरोध किया। इस संधि में अमरीका के साथ ब्रिटेन भी शामिल था। १९५५ के प्रारम्भ में लन्दन में कॉमनवेल्थ के देशों के प्रधान मंत्रियों का जो सम्मेलन हुआ, उससे प्रकट हुआ कि भारत और ब्रिटेन का यह मतभेद दूर नहीं हुआ है।

शान्ति के लिए सहयोग करनेवाले क्षेत्र का और विस्तार करने के उद्देश्य से एक नया और महत्वपूर्ण कदम बांडुंग सम्मेलन के रूप में उठाया गया। १९५४ के अन्त में पांच कोलम्बो शक्तियों ने बोगोर की बैठक में यह निश्चय किया कि अप्रैल १९५५ में बांडुंग में एशिया और अफ्रीका के देशों का एक अफ्रीकी-एशियाई सम्मेलन बुलाया जाय। कोलम्बो शक्तियों के अलावा इसमें २५ सरकारें और बुलायी गयी थीं जिनमें चीनी जनतंत्र की सरकार भी थी। इस प्रकार बांडुंग सम्मेलन में एशिया और अफ्रीका के कुल २९ देशों की सरकारों के नेता जमा हुए (इन देशों के नाम थे: अफगानिस्तान, बर्मा, कम्बोडिया, लंका, चीन, मिश्र, इथियोपिया, गोल्ड कोस्ट, भारत, इंडोनीशिया, इराक़, जापान, जोर्डन, लाओस, लेबनान, लाइबीरिया, लिबिया, नेपाल, पाकिस्तान, फिलीपाइंस, ईरान, सऊदी अरब, सूडान, सीरिया, थाइलैंड, तुर्की, वियतनामी जनतंत्र, दक्षिण वियतनाम, और यमन)। इस सम्मेलन में लगभग डेढ़ अरब लोगों के प्रतिनिधि शरीक हुए थे। इस प्रकार, यह अनोखा सम्मेलन राष्ट्र-संघ का मुकाबला कर सकता था, क्योंकि उसमें तो अभी तक संसार की आबादी के एक काफी बड़े हिस्से के प्रतिनिधि अनुपस्थित थे। इस सम्मेलन का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता था कि दुनिया के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी तादाद में उसमें ऐसे देश शरीक हुए थे जो कुछ समय पहले तक दूसरे देशों के गुलाम थे। बल्कि उनमें से कुछ देश तो इस समय भी पराधीन थे। साम्राज्यवादी क्षेत्रों से प्रेरणा लेनेवाले अनेक लोगों ने सम्मेलन में फूट डालने की कोशिश की। उसके बावजूद सम्मेलन कामयाब हुआ, यह बात भी कम महत्वपूर्ण न थी। बांडुंग सम्मेलन ने सर्व सम्मति से पंचशील का समर्थन किया और अपने घोषणापत्र में उन्हें फैलाकर दस सिद्धान्तों का रूप दे दिया। उसने राष्ट्रीय स्वाधीनता के सिद्धान्त का समर्थन किया और उपनिवेशवाद तथा रंग-भेद का विरोध किया। उसने एटम और हाइड्रोजन अस्त्रों पर रोक लगाने की मांग की। उसने एशिया और अफ्रीका के राष्ट्रों के बीच आर्थिक तथा सांस्कृतिक सहयोग को दृढ़ करने का निश्चय किया। इसके अलावा उसने पश्चिमी इरियन, फिलस्तीन, अदन और उत्तरी अफ्रीका के देशों के सम्बंध में भी सर्व-सम्मति से फैसले किये।

१९५५ का यह अफ्रीकी-एशियाई सम्मेलन, जिसमें भारत और चीन ने प्रमुख भूमिका अदा की, और जिसमें दुनिया की आबादी के बहुमत के प्रतिनिधि

शान्ति तथा राष्ट्रीय स्वतंत्रता के उद्देश्यों को आगे बढाने के लिए जमा हुए थे— यह सम्मेलन इस बात का ज़बर्दस्त प्रमाण था कि दुनिया में एक नया शक्ति-संतुलन स्थापित हुआ है, और यह कि मानवता के भविष्य के लिए इतना महत्व रखनेवाला यह नया परिवर्तन लाने और उसे आगे बढाने मे प्रधान भूमिका भारत अदा कर रहा है।

५. भारतीय जनता—प्रगति के पथ पर

अन्तरराष्ट्रीय राजनीति में भारत ने जो नया रुख अपनाया था, दरअसल वह उन नये और गम्भीर परिवर्तनों का ही एक पहलू था जो चीनी जन-क्रान्ति की विजय के बाद से ही भारत की अन्दरूनी राजनीति मे उत्पन्न होने शुरू हो गये थे।

हाल के ज़माने का अनुभव अधिकाधिक स्पष्टता से बता रहा है कि भारत में पुरानी शक्तियां जर्जर हो रही हैं और जनता की नयी शक्तियां सामने आ रही हैं, हालांकि वैदेशिक नीति की प्रगतिशील दिशा और अन्दरूनी राजनीतिक स्थिति का विरोध अभी भी हल होने को बाकी है।

१९४७ के पहले कांग्रेस राष्ट्रीय आन्दोलन का परम्परागत मंच तथा उसका जन-संगठन थी, हालांकि उस पर ऊपरी वर्गों के ढुलमुल तत्वों का प्रभुत्व था। १९४७ में सत्ता-परिवर्तन के बाद, वह सरकारी पार्टी बन गयी और उस पर स्थिर स्वार्थों का, इजारेदारों, बड़े जमीदारों, मुनाफाखोरों और सट्टेबाजों का प्रभुत्व हो गया। मगर इसका यह मतलब नहीं था कि कांग्रेस का जन-आधार खतम हो गया था। जनता पर कांग्रेस का असर घट रहा था; मगर फिर भी अभी उसका काफ़ी असर था। अपने पुराने काम और पुरानी साख की दुहाई देकर और नेहरू जैसे नेताओं के आकर्षण को इस्तेमाल करके, जिन्होंने बरसो साम्राज्यवाद से सघर्ष किया था और लम्बी कैद काटी थीं, कांग्रेस ने अब भी काफी हद तक अपना असर जमा रखा था। जब प्रधानमंत्री नेहरू की प्रगतिशील अन्तरराष्ट्रीय नीति का और विकास हुआ और १९५१ में कुछ हद तक आर्थिक क्षेत्र में भी प्रगति हुई, और साथ ही कांग्रेस ने बहुत ही अस्पष्ट ढग से "समाजवाद" को अपना लक्ष्य घोषित किया, तो रहन-सहन की बिगड़ती हुई परिस्थितियों के कारण मजदूरों, किसानों, और निम्न-मध्यम वर्गी लोगों में बहुत असतोष होने के बावजूद कांग्रेस के विघटन और पतन की क्रिया रुक गयी और उसका पुराना असर काफ़ी हद तक नष्ट होने मे बच गया। फिर भी कांग्रेस के दक्षिण-पंथी नेताओं और उसके सगठन पर हावी बड़े पूंजीवादी हितों के ख़िलाफ़ जनता का असतोष अधिकाधिक व्यक्त होता रहा।

इस परिस्थिति से घोर प्रतिक्रियावादियो ने फ़ायदा उठाने की कोशिश की। उन्होने साम्प्रदायिक संगठन खड़े करने और जनता पर उनका असर जमाने की चेष्टा की। लेकिन पानी की तरह रुपया बहाने के बाद भी उनको बहुत सफलता नही मिली। जनता की बढती हुई चेतना उसे वामपक्ष की तरफ़ ले जा रही थी। इस काल में मजदूरों तथा किसानों के संघर्षों ने भीषण दमन के बावजूद बड़े लड़ाकूपन तथा ऊंचे स्तर का परिचय दिया (इस सम्बध में दक्षिणी भारत मे तेलंगाना का किसान-विद्रोह विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जहां २,००० से अधिक गावो के रकबे मे ज़मीदारों की ज़मीनो पर क़ब्ज़ा करके उन्हे किसानो मे बांट दिया गया था, जहां जनता की चुनी हुई समितियों का शासन क़ायम किया गया था, और जहा जनता ने पहले निज़ाम और बाद में भारत सरकार की आक्रमणकारी सेनाओ का हथियारबन्द मुक़ाबला किया था)। इसके अलावा, शान्ति आन्दोलन के विकास मे भी जनता की उग्रवादी भावना प्रकट हुई।

१९५१ में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का नया कार्यक्रम प्रकाशित हुआ। यह पूरे वामपक्षी आन्दोलन की प्रगति के लिए एक अत्यन्त महत्वपूर्ण मोड़ था। इस कार्यक्रम ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता प्राप्त करने तथा अंग्रेज़ी साम्राज्य से अलग होने के लिए, ज़मीदारी प्रथा खतम करने, जनवादी सुधार करने तथा सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति के लिए, और भारत मे जनता का सच्चा जनतंत्र कायम करने के लिए मजदूर वर्ग और किसानो की एकता स्थापित करने और जनता का एक व्यापक जनवादी मोर्चा बनाने का रास्ता दिखाया।

१९५१ के अन्त में और १९५२ के शुरू मे बालिग मताधिकार के आधार पर भारत में आम चुनाव हुआ। उससे यह बात साफ हो गयी कि देश की राजनीति में कौन सी नयी तब्दीलियां आ रही हैं। १९४६ के आम चुनाव में कांग्रेस ने ८० से लेकर ९० प्रतिशत तक वोट प्राप्त किये थे। मगर इस बार उसे केवल अल्पमत का वोट मिला। उसने सिर्फ ४२ प्रतिशत वोट पाये; हालांकि ग़ैर-जनवादी "अंग्रेज़ी" चुनाव-प्रणाली के कारण कम वोट पाने के बाद भी ज्यादातर सीटें कांग्रेस को ही मिली। कम्युनिस्ट पार्टी तथा सयुक्त जनवादी मोर्चे के उसके सहयोगियो को ६० लाख वोट, और केन्द्रीय पार्लमेंट मे ३७ सीटें और प्रान्तीय धारा सभाओ में २३६ सीटें मिली। इस प्रकार, कम्युनिस्ट पार्टी मुख्य विरोधी दल और कांग्रेस के जवाब के रूप मे देश के सामने आयी। यदि "समाजवादी पार्टी" के नेताओं ने फूट का रास्ता न अपनाया होता, तो कांग्रेस को हराना भी सम्भव था। मगर "समाजवादी पार्टी" ने वामपक्ष के साथ हाथ मिलाने से इनकार किया और इस तरह कांग्रेस को बचा लिया (उसने अपने १ करोड वोट ज़ाया किये और उनके बदले मे पायी केवल बारह सीटें)।

कम्युनिस्टो और उनके सहयोगियो ने मद्रास, हैदराबाद, त्रावणकोर-कोचीन, बंगाल और त्रिपुरा में विशेष रूप से महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त की। आंध्र में पिछले काल में किसान-संघर्ष निर्णायक रूप से आगे बढ़ा था। कांग्रेस के नेताओं ने भी ऐलान किया था कि आंध्र के नतीजे यह बतलायेंगे कि उन्हें जनता का कितना समर्थन प्राप्त है। वहां कम्युनिस्टो ने ६३ सीटों पर चुनाव लड़ा था। इन सीटों के चुनाव मे कम्युनिस्टों को १,४५२,५१६ वोट मिले और कांग्रेस को ९९८,५३०।

चुनाव के नतीजों से यह मालूम हुआ कि कम्युनिस्ट पार्टी की पहलक़दमी से और उसके नेतृत्व में जनता का जो व्यापक जनवादी मोर्चा बना था, उसने देश के कई इलाकों मे जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त कर लिया है और वह पूरे देश के पैमाने पर अपना विकास करके कांग्रेसी सरकार को निर्णायक चुनौती देने तथा भारतीय जनता के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व करने की क्षमता प्राप्त कर सकता है।

१९५२ के आम चुनाव के बादवाले काल मे भी यह विकास-क्रम जारी रहा। प्रतिक्रियावादियों ने कम्युनिस्टों की प्रगति को रोकने के लिए हर तरह की कोशिश की। पुराने कांग्रेसी नेता, श्री राजगोपालाचारी ने, जो १९४८–५० में लार्ड माउंटबैटन के उत्तराधिकारी के रूप में भारत के गवर्नर-जनरल रह चुके थे, अब मद्रास के प्रधान मंत्री का पद सभाला। उन्होने ऐलान किया कि कम्युनिस्ट पार्टी मेरी "पहले नम्बर की शत्रु है—और यही मेरा कार्यक्रम है।" समाजवादी पार्टी का नेतृत्व अब अधिकाधिक खुले ढंग से अमरीकी प्रभाव को प्रतिबिम्बित करने लगा था। यह पार्टी चुनाव के बाद उस किसान-मजदूर प्रजा पार्टी में मिल गयी जो चुनाव के पहले कांग्रेस से अलग हो गयी थी। दोनो पार्टियों को मिलाकर प्रजा समाजवादी पार्टी क़ायम हुई। उम्मीद की जाती थी कि यह नयी पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी तथा सयुक्त जनवादी मोर्चे के उसके सहयोगियों को हटाकर मुख्य विरोधी दल का स्थान ले लेगी। मगर उसके बाद जो उप-चुनाव हुए हैं, या अलग-अलग राज्यों में जो आम चुनाव हुए हैं, उनसे पता चलता है कि कम्युनिस्ट पार्टी तथा जनवादी मोर्चा बराबर प्रगति कर रहे हैं। १९५२ के आम चुनाव के बाद, अठारह महीनो के अन्दर कुल ११४ प्रान्तीय उप-चुनाव हुए थे। उनके नतीजों का एक विश्लेषण सितम्बर १९५३ में कांग्रेस की ओर से प्रकाशित हुआ था। उससे पता चला कि १९५२ के आम चुनाव में जहा कम्युनिस्ट पार्टी और उसके सहयोगियो को ७·४ प्रतिशत वोट मिले थे, वहा इन ११४ उप-चुनावों में उन्हें १३·२ प्रतिशत वोट मिले। उत्तर प्रदेश कांग्रेस का पुराना गढ़ समझा जाता था। वहा १९५२ के पतझड़ में म्युनिसिपल बोर्डों के चुनाव हुए। उनमें ३९ म्युनिसिपल बोर्डों के अध्यक्ष कांग्रेसी चुने

गये और कांग्रेस को ४३०,००० वोट मिले, २६ म्युनिसिपल बोर्डों के अध्यक्ष कम्युनिस्ट पार्टी तथा उसके सहयोगियों के जनवादी मोर्चे के उम्मीदवार चुने गये और उन्हें २२३,००० वोट मिले; और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार १२ बोर्डों के अध्यक्ष चुने गये और उन्हें ६७,००० वोट मिले।

१९५५ के वसन्त में नव-निर्मित आंध्र प्रान्त में चुनाव हुए। कांग्रेस ने सारे देश से अपनी ताक़त बटोरकर वहां लगा दी थी। इसके अलावा, कम्युनिस्ट पार्टी और उसके सहयोगियों को जीतने न देने के उद्देश्य से वहां कांग्रेस ने दूसरी पार्टियों के साथ संयुक्त मोर्चा बनाया था। फिर भी, कम्युनिस्टों को २,६९६,००० वोट मिले, जो कुल वोटों के ३१ प्रतिशत होते थे। इसके मुकाबले में कांग्रेस को ४,२६६,००० वोट मिले।

कम्युनिस्ट पार्टी के १९५१ के कार्यक्रम में जो रणनीति तथा कार्यनीति निर्धारित की गयी थी, उसे पार्टी की तीसरी कांग्रेस में और विकसित किया गया। यह पार्टी कांग्रेस दिसम्बर १९५३ में हुई थी। उसमें मजदूर वर्ग तथा किसानों के संघर्ष को और आगे बढ़ाने, मजदूर संगठनों को मजबूत बनाने, मजदूर एकता को दृढ़ करने, शान्ति और राष्ट्रीय स्वाधीनता के संघर्ष को आगे बढ़ाने और जनवादी मोर्चा बनाने का रास्ता दिखाया गया और अलग-अलग राज्यों में, तथा अखिल भारतीय पैमाने पर जनवादी एकता की सरकार स्थापित करने का लक्ष्य जनता के सामने रखा गया, जिसको प्राप्त करके भारत में जनता का सच्चा जनतंत्र स्थापित करने के लक्ष्य की ओर बढ़ा जा सकता था।

जनवादी विकास और भारत की लोकप्रिय शक्तियों की अन्तिम विजय के मार्ग में अभी अनेक कठिनाइयां मौजूद हैं। यह नहीं हो सकता कि अन्तरराष्ट्रीय नीति का रुख प्रगतिशील बना रहे और अन्दरूनी राजनीति में प्रतिक्रियावादी पूंजीपतियों का बोलबाला रहे और इस विरोध से गम्भीर पेचीदगियां न पैदा हों। भारत में प्रतिक्रियावादी अभी बहुत ताक़तवर हैं। साम्राज्यवादियों की घुसपैठ और साजिशें कभी भी ऐसे खतरे पैदा कर दे सकती हैं जिनका मुक़ाबला करने के लिए जनतंत्र और शान्ति के समर्थकों की अधिक से अधिक जोरदार एकता और सहयोग की आवश्यकता होगी।

लेकिन दीर्घ-कालीन दृष्टिकोण से, यह बात बिलकुल साफ़ है कि भारत में किस मार्ग पर चलकर राजनीतिक विकास होगा। भारत में जिस मार्ग पर राजनीतिक विकास हो रहा है, उसका बुनियादी लक्ष्य वही है जो चीनी जन-क्रान्ति का लक्ष्य था, यानी साम्राज्यवाद तथा उसके सहयोगियों से मुक्ति प्राप्त करना। भारत में यदि विकास अपेक्षाकृत धीरे-धीरे हो रहा है, तो उसका कारण यह है कि भारत और चीन की ठोस परिस्थितियों में कुछ अन्तर है। लेकिन की बुनियादी समस्याएं एक सी हैं और उनको हल करने के लिए जैसा

की आवश्यकता है, उनमे भी समानता है; मगर इसके साथ-साथ दोनो देशों में कुछ अन्तर भी हैं जिनके कारण भारत मे राजनीतिक विकास एक भिन्न ढंग और भिन्न गति से हो रहा है ·

(१) चीन एक अर्ध-औपनिवेशिक देश था। साम्राज्यवाद कभी चीन के अन्दर नही घुस पाया था; वह केवल समुद्री किनारों पर जमा हुआ था, जहां से वह व्यापार के ज़रिए अपने पजे देश के अन्दर गड़ाने की कोशिश किया करता था।

भारत दो सौ बरस तक एक पूर्ण उपनिवेश रह चुका था। भारत में साम्राज्यवाद ने ऐसा शासन-यत्र गढकर तैयार कर दिया था जो देश के कोने-कोने में, ज़िन्दगी के छोटे से छोटे पहलू को भी अपनी मुट्ठी में रखता था, बल्कि सच तो यह है कि साम्राज्यवाद ने इस तरह जो शासन-यत्र कायम किया था, उसे भारत के वर्तमान शासक भी इस्तेमाल कर रहे हैं।

(२) भारत का सम्बध केवल एक साम्राज्यवाद से था—यानी, ब्रिटिश साम्राज्यवाद से।

चीन मे साम्राज्यवादियो में फूट थी। कई साम्राज्यवादी ताकतें चीन को आपस में बाट लेने की कोशिश कर रही थी, मगर अपने झगड़ो के कारण कामयाब नही हो पाती थी। इससे चीन के राष्ट्रीय आन्दोलन को जल्दी प्रगति करने और साम्राज्यवाद को सीधे चुनौती देने में मदद मिली।

(३) चीनी क्रान्ति शुरू से ही सशस्त्र सघर्ष के मार्ग पर बढी थी। इसका कारण उपरोक्त परिस्थितियां थी। इसलिए स्तालिन ने चीनी क्रान्ति की यह खास विशेषता बतायी थी कि वहा सशस्त्र क्रान्ति सशस्त्र प्रतिक्रान्ति का मुकाबला कर रही है। वहा यह नहीं हुआ था कि पहले पूजीवादी नेतृत्व में अहिंसक राजनीतिक संघर्ष चला हो और उसके बाद चीनी कम्युनिस्टों ने सशस्त्र संघर्ष शुरू किया हो। इसके विपरीत, वहा कम्युनिस्टों ने सशस्त्र राष्ट्रीय संघर्ष को ही आगे बढ़ाया था, जिसे कुओमिन्ताग के नेताओं ने बीच में ही ठप कर दिया था।

(४) भारत में चूकि साम्राज्यवादी शासन एक लम्बे काल तक रहा था, इसलिए यहा एक काफी विकसित पूंजीपति वर्ग, और यहा तक कि बड़े पूंजीपतियों का वर्ग भी तैयार हो गया था। यह चीन के दलाल पूंजीपति वर्ग से बिलकुल भिन्न था। इसकी देश में बड़ी मजबूत जड़ें थी और इसका जनता पर प्रभाव था और यह राष्ट्रीय आन्दोलन का नेतृत्व

करने की क्षमता रखता था। साथ ही, उसने, विशेषकर इजारेदारी अवस्था में, साम्राज्यवादी आर्थिक हितो के साथ घनिष्ठ आर्थिक सम्बंध स्थापित कर लिये थे।

लेकिन, इस तमाम अन्तर के बावजूद, इन दो सबसे बडे राष्ट्रो के हित न सिर्फ घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं, और उनकी मित्रता तथा सहयोग एशिया और सारे ससार की शान्ति के लिए भारी महत्व रखते हैं, बल्कि दोनो देशों में साम्राज्यवाद से मुक्ति प्राप्त करने के संघर्ष की और आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक पुनर्निर्माण की बुनियादी समस्याए भी एक-दूसरे से बहुत मिलती-जुलती हैं। चीनी जन-क्रान्ति की विजय तथा चीनी जनतत्र की स्थापना के कुछ ही समय बाद, नवम्बर १९४९ में, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष माओ त्से-तुंग ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नाम एक संदेश भेजा था। उसमें उन्होने कहा था :

> "भारतीय कौम एशिया की एक महान कौम है जिसका एक लम्बा इतिहास और विशाल जन-सख्या है। इस देश का पुराना इतिहास और भावी मार्ग बहुत सी बातो में चीन से मिलता-जुलता है।
>
> "स्वतंत्र चीन की तरह, एक रोज स्वतत्र भारत भी समाजवादी तथा जनवादी देशो के परिवार के एक सदस्य के रूप में दुनिया के सामने आयेगा। उस रोज मानवता के इतिहास का प्रतिक्रियावादी साम्राज्यवादी युग समाप्त हो जायगा।"

भारतीय जनता के संघर्ष को अभी चाहे जितनी कठिनाइयो और परीक्षाओं से गुजरना पड़े, लेकिन वर्तमान काल मे भारत मे जो घटनाएं हो रही हैं, उनसे यह साबित हो रहा है और आगे और साबित होगा कि माओ त्से-तुग की यह भविष्यवाणी सर्वथा सत्य थी।

अनुक्रमणिका